जैन-लक्षणावली

(जैन पारिभाषिक शब्द-कोश)

तृतीय भाग (प्रस्तावना)

बालचन्द सिद्धान्त-शास्त्री

वीर सेवा मन्दिर प्रकाशन

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

जैन-लक्षणावली

(जैन पारिभाषिक शब्द-कोश)

तृतीय भाग (प्रकरणसमाजाति-ह्रस्व तक)

सम्पादक
बालचन्द्र सिद्धान्त-शास्त्री

वीर सेवा मन्दिर प्रकाशन

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

प्रकाशक
वीर-सेवा-मन्दिर
२१, दरियागंज
नई दिल्ली-२

मूल्य
रु० ४०-००

वी. नि. सं० २५०५
विक्रम संवत् २०३६
सन् १९७९

मुद्रक
प्रिंट आर्ट प्रेस
नवीन शाहदरा, दिल्ली-३२
कम्पोजिंग गीता प्रिंटिंग एजेंसी

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

JAINA LAKṢAṆĀVALI

(An authentic discriptive dictionary of Jaina philosophical terms)

Vol. III

★

EDITED BY

BĀLCHANDRA SIDDHĀNTA SHĀSTRI

★

VIR SEWA MANDIR
21, Daryaganj, New Delhi-2

Vir Samvat 2505
V. Samvat 2036
A. D. 1979

Rs. 40-00

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

प्रकाशकीय

"जैन लक्षणावली" जैसे महत्त्वपूर्ण ग्रन्थ का प्रकाशन इस युग की एक अभूतपूर्व घटना है। ग्रन्थ के पूर्ण हो जाने पर अब उसके इस अन्तिम तृतीय भाग को पाठकों के सन्मुख प्रस्तुत करते हुए 'वीर सेवा मन्दिर" गौरव का अनुभव करता है। ग्रन्थ की उपयोगिता व महत्त्व पर अन्यत्र प्रकाश डाला गया है। उससे यह स्पष्ट है कि इस तरह का ग्रन्थ न तो अब तक छपा है और न निकट भविष्य में उसके छपने की कुछ सम्भावना ही है।

ग्रन्थ के संकलन, सम्पादन, मुद्रण इत्यादि में जिन विद्वानों, सोसायटी के अधिकारियों व अन्य महानुभावों का किसी भी रूप में योगदान रहा उनका उल्लेख प्रथम व द्वितीय भाग में किया जा चुका है। सोसायटी की ओर से मैं उन सबका पुनः आभार मानता हूं। प्रमुख रूप में ग्रन्थ के संयोजन' सम्पादन, मुद्रण व प्रकाशन में जिन चार महानुभावों का महत्त्वपूर्ण योगदान रहा है वे इस प्रकार हैं--



१. **स्व० श्री आचार्य जुगलकिशोर जी मुख्तार**—यद्यपि ग्रन्थ की मूल परिकल्पना मुख्तार साहब की थी तथा इसकी रचना में वही मूल प्रेरणा-स्रोत थे तथापि उनके जीवनकाल में ग्रन्थ से सम्बन्धित सामग्री व्यवस्थित नहीं हो सकी थी। इसके लिए यद्यपि समय-समय पर कई विद्वानों का सहयोग भी प्राप्त हुआ, फिर भी वह संकलित सामग्री अव्यवस्थित ही रही दिखती है—उसमें एकरूपता नहीं रही तथा सम्भवतः त्रुटियां भी अधिक रहीं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org



२. पं. बालचन्द्रजी सिद्धान्तशास्त्री—

स्व. मुख्तार साहब के पश्चात् ग्रन्थ का व्यवस्थित सम्पादन कर उसे पूर्ण करा देने के लिए उपयुक्त विद्वान् के खोजने में संस्था को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ा। अन्ततः इसे मैं 'वीर सेवा मन्दिर' व इस ग्रन्थ का सौभाग्य ही मानता हूं कि पं० बालचन्द्र जी सिद्धान्तशास्त्री ने ग्रन्थ के सम्पादन के भार को उठाना स्वीकार कर लिया और तदनुसार कार्य को पूर्ण करने के लिए सबके आग्रह पर स्वास्थ्य की शिथिलता व अवस्थागत कठिनाइयों के बावजूद वे तैयार हो गये। जिन कठिनाइयों का प्रथम भाग के सम्पादकीय में उल्लेख किया गया है और जिनको कुछ पिछले कई वर्षों में मैंने देखा और समझा है उस आधार पर यह कहना अतिशयोक्तिपूर्ण न होगा कि इस श्रम व समय-साध्य तथा कठिन ग्रन्थ की रचना के, जिसके लिए एक उच्चकोटि का प्रतिभावान विद्वान् भी होना आवश्यक है, पं० जी मूलाधार हैं।




३. स्व० श्री छोटेलाल जी जैन—

ग्रन्थ के संकलन, सम्पादन के कार्य में कुछ आरम्भिक कठिनाइयां उत्पन्न हो गई थीं, जिनको स्व० श्री छोटेलाल जी ने सुलझाया तथा ग्रन्थ की रचना को गति प्रदान की। अन्यथा एक स्थिति पर आकर तो कार्य प्रायः बिल्कुल ही रुक गया था।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

४. **स्व० श्री साहू शान्तिप्रसाद जी जैन**—स्व० साहू जी न केवल इस ग्रन्थ की रचना में निरन्तर प्रेरणा, सुझाव व सहायता देते रहे; अपितु "वीर सेवा मन्दिर" के अध्यक्ष के पद पर सदा



सोसायटी के मन-प्राण ही रहे। आर्थिक योगदान "जैन लक्षणावली" के प्रकाशन में मूलरूप से उन्हीं का रहा। यहां तक कि इस अन्तिम भाग के प्रकाशन में भी उनकी प्रेरणा से "भारतीय ज्ञानपीठ ट्रस्ट" से दस हजार रुपये की राशि प्राप्त हुई, जिसके बिना कार्य में अवरोध उत्पन्न होना अवश्यम्भावी था।

मेरे पास शब्द नहीं हैं कि मैं इन चार महान् व्यक्तियों का समुचित रूप से आभार प्रकट कर सकूं। 'वीर सेवा मन्दिर' चिरकाल तक इनका हृदय से आभारी रहेगा।

महेन्द्र सेन
महासचिव

नई दिल्ली
७-४-७९

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सम्पादकीय

प्रस्तुत जैन लक्षणावली का दूसरा भाग लगभग ५ वर्ष पूर्व (१९७३) में प्रकाशित हुआ था। अब उसका यह अन्तिम तीसरा भाग कुछ विलम्ब से जिज्ञासु पाठकों के हाथों में पहुंच रहा है। इतना लम्बा समय लग जाने का कारण यह है कि सितम्बर १९७४ में मैं अस्वस्थ हो गया था। दिल्ली में अकेले रहते हुए स्वास्थ्यसुधार की आशा कुछ कम रह गई थी। इससे मुझे दिल्ली छोड़कर घर चला जाना पड़ा। इधर प्रस्तुत लक्षणावली के शेष कार्य के कराने की कोई अन्य व्यवस्था नहीं हो सकी। इसके लिए मुझे प्रेरणा की गई। इस सम्बन्ध में मुझे जो स्व. साहू शान्तिप्रसाद जी जैन (अध्यक्ष वीर सेवा मन्दिर) का दि. १८-११-७४ का पत्र मिला, उससे मुझे यह निश्चय करना पड़ा कि स्वास्थ्य के कुछ ठीक होते ही मुझे दिल्ली पहुंच कर जिस किसी भी प्रकार से उसके शेष कार्य को पूरा अवश्य करा देना है। तदनुसार स्वास्थ्य के कुछ ठीक हो जाने पर मैं दि. १३ नवम्बर १९७५ को पुनः दिल्ली पहुंचा और लगभग १० मास वहां रहकर उसके शेष कार्य को सम्पन्न करते हुए उसकी पाण्डुलिपि तैयार करा दी। मुद्रण कार्य में विलम्ब होते देख मैं पुनः घर वापिस चला आया। मुद्रण कार्य के चालू हो जाने पर उसके दूसरे प्रूफों को मैं यहां मंगाकर देखता रहा तथा प्रथम और अन्तिम प्रूफों को वहीं देखकर श्री पं. पद्मचन्द्रजी शास्त्री मुद्रण का कार्य सुचारु रूप से कराते रहे। इस प्रकार से उसके इस अन्तिम भाग का कार्य सम्पन्न हो सका।

इस समय मुझे उन स्व. साहू शान्तिप्रसाद जी का विशेष स्मरण हो रहा है, जिनकी सद्भावनापूर्ण प्रेरणा से मैं इस कार्य को सम्पन्न करा सका। दुःख इस बात का है कि जिनका इस कार्य के कराने में इतना महत्त्वपूर्ण योगदान रहा वे साहू जी इसे सम्पन्न होता न देख सके और बीच में ही कालकवलित हो गये।

जैसी कि प्रथम भाग की प्रस्तावना में (पृ. ६९) सूचना की गई थी, इस भाग की प्रस्तावना में शेष ग्रन्थों का परिचय कराना अभीष्ट था, पर स्वास्थ्य की शिथिलता और यहां (हैदराबाद) उन ग्रन्थों की अनुपलभ्यता के कारण उनका परिचय नहीं कराया जा सका।

इस भाग में नयविवरण, रयणसार और वसुदेवहिंडी जैसे २-४ ग्रन्थों को छोड़कर अन्य नये ग्रन्थों का उपयोग नहीं हुआ है। इसी से इस भाग के अन्त में प्रथम और द्वितीय भाग के समान ग्रन्थ और ग्रन्थकारों की अनुक्रमणिका नहीं दी गई है।

आभार—

इस भाग के सम्पादन कार्य में श्री पन्नालाल जी अग्रवाल और पं. परमानन्द जी शास्त्री का सहयोग पूर्ववत् रहा है। बीच में परिस्थिति वश कार्य के कुछ रुक जाने पर उसे पूरा करा देने के सम्बन्ध में अग्रवाल जी के तो मुझे कई प्रेरणात्मक पत्र भी मिले हैं।

स्व. साहू शान्तिप्रसाद जी की सद्भावनापूर्ण प्रेरणा के अतिरिक्त वीर सेवा मन्दिर के उपाध्यक्ष ला. इन्द्रसेन जी, महासचिव श्री महेन्द्रसेन जी और साहित्यसचिव श्री गोकुलप्रसाद जी एम्. ए., साहित्यरत्न की अत्यधिक प्रेरणा से जो मुझे बल मिला उसके आश्रय से ही मेरे द्वारा यह रुका हुआ कार्य सम्पन्न हो सका है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

श्री प्रकाशचन्द्र जी एम. ए. प्राचार्य समन्तभद्र विद्यालय से पाण्डुलिपि के तैयार करने में सहयोग मिला है।

श्री विद्यावारिधि डा. ज्योतिप्रसाद जी जैन लखनऊ ने हमारे निवेदन पर अंग्रेजी में फोरवर्ड लिख देने की कृपा की है। आपने यह महत्त्वपूर्ण सुझाव भी दिया है कि जो बहुत से लक्ष्य शब्द इस संस्करण में संगृहीत नहीं हो सके हैं उनका संकलन करके परिशिष्ट के रूप में एक पुस्तिका को प्रकाशित कराया जाय, जिसमें जिन शेष ग्रन्थों का परिचय नहीं कराया जा सका है उनके परिचय के साथ ग्रन्थकारों के संशोधित समय आदि के सम्बन्ध में भी प्रकाश डाला जाय। आपका यह सुझाव बहुत उपयोगी है, पर उसके लिये अनुकूल कभी वैसी परिस्थिति निर्मित होगी, इस विषय में अभी कुछ कहा नहीं जा सकता।

श्री पं. पद्मचन्द्र जी शास्त्री एम्. ए. ने पहिले और अन्तिम प्रूफों को देखकर मुद्रण के कार्य में सहायता की है, साथ ही प्रसंगवश यदि कभी किसी ग्रन्थ के सन्दिग्ध स्थलविशेष को देखना पड़ा तो वे उसे यथासम्भव देखकर उसकी सूचना मुझे करते रहे हैं।

श्री सत्यनारायण जी शुक्ला (कंपोजिंग गीता प्रिंटिंग एजेंसी) ने ग्रन्थ के मुद्रण कार्य में काफी रुचि दिखलायी है। यदि कभी संशोधन कार्य कुछ बढ़ भी गया तो इसके लिये उन्होंने कभी विमनस्कता नहीं प्रगट की।

इस प्रकार इन उपर्युक्त सभी महानुभावों के यथायोग्य सहयोग के बल पर ही यह कार्य सम्पन्न हुआ है। अतः मैं इन सभी का हृदय से आभार मानता हूं।

महावीर जयन्ती
१०-४-७९

बालचन्द्र शास्त्री
हैदराबाद

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

FOREWORD

Jainism represents a fully developed, very comprehensive and one of the oldest living religious and cultural systems indigenous to India. It possesses a vast and varied literature of its own, most of the early and basic works being composed in the Prakrit language; supplemented by those in Sanskrit and Apabhramsha. Thanks to the patient and painstaking work done by a number of eminent orientalists, both Indian and Western, during the past two hundred years or so, Jainology has now come to be recognised as a distinct, rich and important branch of Indology or oriental studies. In the Indian, as also in several foreign universities, dozens of scholars have done research work or undertaken specialised studies in various aspects of the Jaina religion, philosophy, culture, tradition, history, art and literature, during the past several decades, and the number is daily on the increase. If no more in its infancy, Jainology is still in its adolescence; there is yet immense scope and new vistas open to those who delve deeper in any of its branches.

Most of the available ancient works, written in different languages have been published. Many of these are well-edited, are often accompanied by vernacular or English translations and commentaries, useful appendices and indices, and usually carry a learned and critical introduction. But all the manuscripts preserved in the numerous Jaina Shastra Bhandars, which are scattered over the country, have not been exhausted, and of the published ones many are such as need be produced in revised, improved and standard editions by specialists in the subjects concerned. The number of independent modern treatises and dissertations is also not small, but some aspects or branches still remain unrepresented or poorly represented.

In order to facilitate the work of the students and researchers of Jainology, what are most needed are the suitable, authentic and up-to-date reference books of different categories, such as, reports of manuscript libraries, catalogues of manuscripts and of published books, comprehensive index of authors and works, classified histories of literature, bibliographies, well-edited collections of Pattavalis (pontifical genealogies), colophons, other historical documents and inscriptions, reports of the survey of Jaina archaeological sites and cultural and pilgrim centres, regionwise and periodwise catalogues of Jaina antiquities, art and architecture, directories, geographical and biographical dictionaries, index of verses of the ancient texts, topical dictionaries, dictionaries of technical terms and a good encyclopaedia Jainica.

Considerable work has been already done in this sphere and we do not now suffer from a lack of reference books, one or more of which are available in all but a few of the categories hinted above. But not all of these books are complete, com-

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

prehensive, systematic, authentic or of the requisite standard, wherefor much has yet to be done.

In the present context, we are chiefly concerned with the glossaries or the dictionaries of technical terms. Every science, art, skill, profession or department of knowledge possesses its own set of technical terms which have a significance peculiar to that subject, different from their ordinary dictionary meanings or common usages. Naturally, therefore, a well-developed and comprehensive religious, cultural and philosophical system with a long standing tradition as Jainism is, possesses numerous technical terms, related to its metaphysics, ontology, cosmology, mythology, epistemology, psychology, philosophy, diolectics, dogmatics, ethics and ritual. One not knowing the real import of such a term with reference to the context will find great difficulty in grasping the meaning of the text and is likely to misunderstand and misinterpret it.

There are certain terms which are exclusively used in the Jaina system, some others are such as are common to both, the Jaina and non-Jaina systems, but are used in the Jaina in an altogether different sense, or even if the sense is the same or similar, the philosophical concept implied in the term differs materially, and there are also terms which are current in common usage but have been adopted in Jainism and given a peculiar meaning. Moreover, there are certain terms, each conveying more than one sense which differ from context to context, in Jainism itself; and cases are not wanting when the definitions of the same term, given by several ancient writers, differ from one another. Many a time this helps in tracing the development in the meaning of a term and consequently in the concept, philosophical or otherwise, implied by that term. Then there are also some terms the definitions of which have a wider import and are interesting as well as valuable for the cultural, social, economic and even political history of ancient India. Hence the need for compilation of glossaries containing independent definitions and precise explanations of the words and expressions used in the Jaina system with technical and specialised meaning has been imperative.

Happily, it was early realised by the pioneers of the Jaina renaissance in the modern age. As early as 1909, Pt. Gopaldas Baraiya published his glossary, the **Jain Siddhanta Praveshika**, in 1908 J.L. Jaini brought out his **Jaina Gem Dictionary** and in 1925, Bihari Lal Chaitanya's **Jain Shabda Maharnava**, Part I, was published from Barabanki, the second part of which was compiled by Br. Sital Prasad and published from Surat in 1934. In the mean time, Vijaya Rajendra Suri's famous **Abhidhana-Rajendra,** in seven volumes, was published from Ratlam in 1913-34, the **Ardhmagadhi Kosha** of Ratanchandra Shatavadhani from Ajmer-Bombay in 1923-32 and the **Paiya-sadda-mahannavo** of Hargovindadas, T. Shah from Calcutta in 1928. The **Alpa-parichita-saiddhantic-sabda-Kosha,** Part I, of Anandsagar Suri came out from Surat in 1954 and the two excellent topical dictionaries, the **Leshya Kosha** and the **Kriya-Kosha,** by the joint efforts of Mohanlal Banthia and Srichand Chorariya from Calcutta, in 1966 and 1969 respectively. **A Dictionary of Prakrit Proper Names,** Part I (1970) and Part II (1972), has been published by the L.D. Institute of Indology, Ahmedabad, and the four volumes of Jinendra Varni's **Jainendra Siddhanta Kosha,** by the Bharatiya Jnanpith, New Delhi in 1970-73.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

All these works have proved very useful for the students of Jainology, and will remain so for time to come. But whereas the **Abhidhana Rajendra** and the **Jainendra Siddhanata Kosha** aim at being veritable encyclopaedias, the former drawing upon mainly the Shvetambara literature and tradition and the latter upon the Digambara, the other dictionaries are either incomplete, partial, sectarian, or confined to a particular topic or section of literature. The need for a comprehensive, methodical, authentic and precise dictionary giving original definitions, in chronological sequence, of each of the Jaina technical terms, gleaned from a wide range of literature including almost all the ancient Jaina works, both Digambara and Shvetambara, and accepted as basic and authentic, therefore, remained unfulfilled.

It was the late Pt. Jugal Kishore Mukhtar (1877-1968) who, as early as 1932, conceived the idea of and later chalked out a detailed scheme for the compilation of exactly such a dictionary under the title **Jaina Lakshanavali**. He was a doyen of learning and an eminent pioneer researcher in the field of Jainology, who devoted the major part of his ninety-one years' life to the service of Jaina literature, and produced many valuable works including critical editions, translations and commentaries of several old texts, a number of scathing critiques, lists of mss., collections of colophons, a valuable index of verses of 64 important Prakrit texts, and historical discussions on most of the ancient authors and their works. In 1936, he founded the Vir Sewa Mandir, started its research journal the **Anekant**, and began in right earnest, work on his cherished scheme of the **Jaina Lakshanavali**. For about a year the work went on smoothly, but thereafter laxity crept in and, for several reasons, it was ultimately put off, though not wholly given up. After the Vir Seva Mandir was shifted, in the fifties, from Sarsawa to Delhi and a new registered society was formed to run it, Babu Chhote Lal Jain, its chairman, who had great respect for and interest in the work of Mukhtar Sahib, revived the scheme.

The task of compiling the dictionary was stupendous and required the devoted services of a very mature, experienced and learned scholar, quite at home with the whole range of ancient Jaina literature. Fortunately, the man most suited to this undertaking was Pt. Balchandra Shastri who had been associated with this work in its early stages in the late thirties. During the intervening 25 years or so, he had ably assisted in the editing and translating of the Dhavala volumes (VI to XVI), and himself edited and translated about a dozen other important Sanskrit and Prakrit texts. He was, therefore, entrusted, in the early sixties, with the completion and finalisation of the **Jaina Lakshanavali**. He took it as a labour of love. The result was that the first volume saw the light of the day in 1972, the second in 1973, and the present is the third and last volume.

This marvellous dictionary amply illustrates all the characteristics of Jaina technical terms, as indicated above. Each term, its Sanskrit form, carries with it its definitions in the original, with reference to the texts from which they have been gleaned, followed by an illuminating substance in Hindi, which enhances the usefulness of the work. Moreover, volume I also contains a list of the 390 texts used for the purpose. Their approximate chronology, a descriptive account of 102

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

of them, and a very learned introduction, running into 87 pages and yet incomplete, is completed in the present volume. A perusal of the introduction reveals the difficulties and stupendousness of task, the method adopted in the compilation, and the value and importance of the glosses, through a critical discussion of some 25 typical specimens.

This is, no doubt, a monumental work, an authentic reference book, extremely useful not only for the students of Jainology, but also those of Indology and of philosophy, eastern and western, in general, All those associated with the initiation, preparation and publication of the work : Pt. Jugal Kishore Mukhtar, B. Chhote Lal Jain, Sahu Shanti Prasad Jain, the authorities of the Vir Seva Mandir, and Pt. Balchandra Shastri, its very competent editor, deserve our warm thanks. Unfortunately, B. Chhote Lal Jain (died 1966) and Mukhtar Sahib (died 1968) could not live to see it in print, and Sahu Shanti Prasad (died 1977) could have the satisfaction of seeing only the first two volumes published. We gratefully cherish the memory of all these noble servers of the cause of Jainology.

Jyoti Nikunj,
Charbagh, Lucknow-1
24 December, 1978

—*Jyoti Prasad Jain*

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

प्रस्तावना

प्रस्तुत 'जैन लक्षणावली' भाग १ की प्रस्तावना में उस भाग में संग्रहीत लक्ष्य शब्दों में से कुछ के अन्तर्गत विशिष्ट लक्षणों के सम्बन्ध में आलोचनात्मक दृष्टि से 'लक्षण वैशिष्ट्य' शीर्षक में पृ. ७०–८५ में विचार किया गया है। अब यहां भाग २ व ३ में संग्रहीत लक्ष्य-शब्दों में से कुछ चुने हुए लक्ष्य शब्दों के अन्तर्गत विशिष्ट लक्षणों के सम्बन्ध में प्रकाश डाला जा रहा है। यह स्मरण रहे कि विवक्षित लक्ष्य शब्द के अन्तर्गत जितने ग्रन्थों से लक्षणों का संग्रह किया जा सका है उनके अतिरिक्त अन्य ग्रन्थों में भी जो पीछे प्रकृत लक्षण दृष्टिगत हुए हैं, समीक्षात्मक दृष्टि से विचार करते हुए यहां उन लक्षणों को तथा उनके पूर्वापर सम्बन्ध को भी विचार कोटि में ले लिया गया है।

कपित्थ दोष—इसका लक्षण मूलाचार वृत्ति (७-१७) और प्रवचनसारोद्धार आदि में उपलब्ध होता है। मूलाचार वृत्ति के रचयिता आ. वसुनन्दी और प्रवचनसारोद्धार के निर्माता नेमिचन्द्र हैं। दोनों का समय वि. की १२वीं शती रहा दिखता है। उनमें पूर्वोत्तर समयवर्ती कौन है, इसका निर्णय नहीं किया जा सकता। वसुनन्दी के द्वारा जो उसका लक्षण वहां निबद्ध किया गया है उसमें कहा गया है कि जो कपित्थ (कैथ) के फल के समान मुट्ठी को बांधकर कायोत्सर्ग से स्थित होता है वह कायोत्सर्ग के इस कपित्थ नामक दोष का भागी होता है।

प्रवचन सारोद्धार (२५६) में उसके विषय में कहा गया है कि जो षट्पदों (मधुमक्खियों) के भय से शरीर को कपित्थ के समान वस्त्र से वेष्टित करके कायोत्सर्ग में स्थित होता है वह प्रकृत कपित्थ दोष का भाजन होता है। इसकी वृत्ति में और योगशास्त्र के स्वो. विवरण में भी मतान्तर को प्रगट करते हुए किंचित् अभिप्रायभेद के साथ यह विशेष निर्देश किया गया है कि मधुमक्खियों के भय से कपित्थ के समान चोलपट्ट से शरीर को ढककर व उसे मुट्ठी में ग्रहण करके अथवा जंघा आदि के मध्य में करके स्थित होना, यह कपित्थदोष का लक्षण है। अन्य आचार्यों के मत का उल्लेख करते हुए यहां यह भी निर्देश किया गया है—इसी प्रकार मुट्ठी को बांधकर स्थित होना, इसे अन्य आचार्य कपित्थ दोष का लक्षण कहते हैं।

श्वेताम्बर सम्प्रदाय में चूंकि प्रायः वस्त्र का विधान है, अतः वहां उसका उक्त प्रकार का लक्षण संगत ही प्रतीत होता है। मूला. वृत्ति और अनगारधर्मामृत में जो लक्षण निर्दिष्ट किया गया है उसका आधार सम्भवतः शीत आदि की वेदना रहा होगा।

पर्व-पर्वांग—ये काल विशेष हैं। इनके विषय में भाग १ की प्रस्तावना पृ. ७१-७२ पर 'अटटांग' शब्द को देखिये।

काङ्क्षा व कांक्षा—यह सम्यग्दर्शन का एक अतिचार है। तत्त्वार्थाधिगमभाष्य (७-१८) में इसके लक्षण का निर्देश करते हुए यह कहा गया है कि इस लोक और पर लोक सम्बन्धी विषयों की इच्छा करना, इसका नाम कांक्षा है। हरिभद्र सूरि और सिद्धसेन गणि विरचित उसकी वृत्तियों में विकल्प रूप में यह भी कहा गया है—अथवा विभिन्न दर्शनों (सम्प्रदायों) को स्वीकार करना, इसे काङ्क्षा कहा जाता है। इसकी पुष्टि में वहां 'तथा चागमः' ऐसा निर्देश करते हुए **'कंखा अण्णण्णदंसणग्गाहो'** इस आगमवाक्य को भी उद्धृत किया गया है। यह आगमवाक्य श्रावकप्रज्ञप्ति की ८७वीं गाथा के अन्तर्गत है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

रत्नकरण्डक (१२) में प्रकृत कांक्षा के विपरीत अनाकांक्षा या निःकांक्षित अंग के लक्षण में कहा गया है कि जो सांसारिक सुख कर्म के अधीन, विनश्वर एवं दुख का कारण है उस पाप के बीजभूत सुख में आस्था न रखना—उसकी स्थिरता पर विश्वास न करते हुए अभिलाषा न करना—इसका नाम निःकांक्षित है। इससे यह फलित हुआ कि ऐसे सांसारिक सुख की इच्छा करना, यह उक्त कांक्षा का लक्षण है। भगवती आराधना की विजयो. टीका (४४) में आसक्ति को कांक्षा कहा गया है। आगे इसे स्पष्ट करते हुए वहां यह कहा गया है कि दर्शन, व्रत, दान, देवपूजा एवं दान से उत्पन्न पुण्य के प्रसाद से मेरे लिए यह कुल, रूप, धन और स्त्री-पुत्रादि अतिशय को प्राप्त हों; इस प्रकार की जो अभिलाषा होती है उसे कांक्षा कहा जाता है। तत्त्वार्थवार्तिक (६, २४, १) में निःकांक्षित अंग के स्वरूप को प्रगट करते हुए कहा गया है कि उभय लोक सम्बन्धी विषयोपभोग की आकांक्षा न रखना अथवा मिथ्या दर्शनान्तरों की अभिलाषा न करना, इसे निःकांक्षित अंग कहा जाता है। तदनुसार उभय लोक सम्बन्धी विषयोपभोग की इच्छा को अथवा मिथ्या दर्शनों के ग्रहण की अभिलाषा को कांक्षा अतिचार समझना चाहिए।

इस प्रकार तत्त्वार्थाधिगम भाष्य में जहां केवल विषयोपभोग की आकांक्षा को कांक्षा का लक्षण निर्दिष्ट किया गया है वहां उसकी वृत्ति में हरिभद्र सूरि और सिद्धसेन गणि ने इस लोक व परलोक सम्बन्धी विषयों की इच्छा के साथ विकल्प रूप में पूर्वोक्त आगमवचन के अनुसार विभिन्न दर्शनों के ग्रहण की अभिलाषा को भी कांक्षा कहा है। जैसा कि ऊपर संकेत किया गया है, उक्त आगम वाक्य श्रावकप्रज्ञप्ति की ८७वीं गाथा के अन्तर्गत उपलब्ध है जो किसी अन्य प्राचीन ग्रन्थ का होना चाहिए।

जैसा कि ऊपर कहा जा चुका है तत्त्वार्थवार्तिककार को कांक्षा के लक्षण में विषयोपभोग की इच्छा और दर्शनान्तरों के ग्रहण की इच्छा दोनों ही अभिप्रेत रहे हैं। अमृतचन्द्र सूरि को तत्त्वार्थवार्तिककार के समान कांक्षा के लक्षण स्वरूप इस भव में वैभव आदि की अभिलाषा तथा पर भव में चक्रवर्ती आदि पदों की अभिलाषा के साथ एकान्तवाद से दूषित अन्य सम्प्रदायों के ग्रहण की अभिलाषा भी अभीष्ट रही है (पु. सि. २४)। उक्त त. वा. का अनुसरण चारित्रसार (पृ. ३) में भी किया गया है।

उक्त त. भा. को छोड़कर जहां प्रायः अन्य श्वेताम्बर ग्रन्थकारों को कांक्षा से विभिन्न दर्शनों का ग्रहण अभीष्ट रहा है वहां अधिकांश दि. ग्रन्थकारों को उससे विषयोपभोगाकांक्षा अभिप्रेत रही है। श्वे. ग्रन्थों में इसके दो भेद निर्दिष्ट किये गये हैं—देशकांक्षा और सर्वकांक्षा। देशकांक्षा से उन्हें बौद्धादि किसी एक ही दर्शन की अभिलाषा अभिप्रेत रही है (देखिए दंशवै. नि. १८२ की हरि. वृत्ति, श्रा. प्र. की टीका ८ और धर्मबिन्दु की वृत्ति २-११ आदि)।

गच्छ व गण—धवला (पु. १३, पृ. ६३) के अनुसार तीन पुरुषों के समुदाय का नाम गण और इससे अधिक पुरुषों के समुदाय का नाम गच्छ है। मूलाचार की वृत्ति (४-३२) में तीन पुरुषों के समुदाय को गण और सात पुरुषों के समुदाय को गच्छ कहा गया है। तत्त्वा. भाष्य की सिद्धसेन विरचित वृत्ति (९-२४) व योगशास्त्र के स्वो. विवरण (४-९०) में एक आचार्य के नेतृत्व में रहने वाले साधुओं के समूह को गच्छ कहा गया है।

सर्वार्थसिद्धि (९-२४), तत्त्वार्थाधिगम भाष्य (९-२४) और तत्त्वार्थवार्तिक (९, २४, ८) आदि के अनुसार स्थविरों की सन्तति को गण कहा जाता है। आवश्यक निर्युक्ति (२११) की हरिभद्र व मलयगिरि विरचित वृत्ति के अनुसार एक वाचना, आचार व क्रिया में स्थित रहने वालों के समुदाय का नाम गण है। औपपातिक सूत्र की अभय. वृत्ति (२०) और योगशास्त्र के स्वो. विवरण (४-९०) में कुलों के समुदाय को गण कहा गया है।

ग्रन्थि—विशेषावश्यक भाष्य (११९३) में ग्रन्थि के लक्षण का निर्देश करते हुए यह कहा गया है कि जिस प्रकार वृक्ष या रस्सी की कठोर व सघन गांठ अतिशय दुर्भेद्य होती है उसी प्रकार जीव का जो कर्मजनित राग-द्वेषरूप परिणाम अतिशय दुर्भेद्य होता है उसे उक्त ग्रन्थि के समान होने से ग्रन्थि कहा गया है। जब तक इस ग्रन्थि को नहीं भेदा जाता है तब तक जीव को सम्यक्त्व प्राप्त नहीं होता।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

इस ग्रन्थि का भेदन अपूर्वकरण परिणामों के द्वारा होता है। यथाप्रवृत्तकरण जीव के अनादि काल से प्रवृत्त रहता है। जिस प्रकार नदी में पड़े हुए पत्थरों में से कोई घिसते-घिसते स्वयमेव गोल हो जाता है उसी प्रकार अनादि से प्रवृत्त इस करण में घर्षण-घूर्णन के निमित्त से ज्ञानावरणादि कर्मों की स्थिति में केवल एक कोड़ाकोड़ि को छोड़ शेष समस्त कोड़ाकोड़ियां क्षय को प्राप्त हो जाती हैं। पश्चात् शेष रही उस एक कोड़ाकोड़ि मात्र स्थिति में भी जब पल्योपम का असंख्यातवां भाग और भी क्षीण हो जाता है तब तक पूर्वोक्त ग्रन्थि अभिन्नपूर्व ही रहती है। उसका भेदन अपूर्वकरण परिणाम के द्वारा होता है। अनन्तर अनिवृत्तिकरण के अन्त में जीव को मोक्षपद के कारणभूत उस सम्यक्त्व का लाभ होता है। इस ग्रन्थि का प्रसंग विशेषा. भाष्य (११८८-१२१५) व अन्य भी श्वे. ग्रन्थों में उपलब्ध होता है। पर वह किसी दि. ग्रन्थ में मुझे दृष्टिगोचर नहीं हुआ।

तत्त्वार्थवार्त्तिक (९, १, १३) में यथाप्रवृत्त के समानार्थक 'अधाप्रवृत्त' का निर्देश करते हुए कहा गया है कि जीव कर्मों को अन्तःकोड़ाकोड़ि प्रमाण स्थिति से युक्त करके कालादिलब्धिपूर्वक अधाप्रवृत्त करण के प्रथम समय में प्रविष्ट होता है। यह करण चूंकि पूर्व में उस प्रकार से कभी भी प्रवृत्त नहीं हुआ, अतः उसकी 'अधाप्रवृत्त' यह सार्थक संज्ञा है।

दि. ग्रन्थों में 'षट्खण्डागम' यह एक प्राचीनतम ग्रन्थ है। उसके प्रथम खण्डभूत जीवस्थान की नौ चूलिकाओं में आठवीं चूलिका के द्वारा सम्यक्त्व की उत्पत्ति की प्ररूपणा की गई है (देखिए पु. ६, पृ. २०३ से २६७)। उसके अनुसार पंचेन्द्रिय, संज्ञी, मिथ्यादृष्टि, पर्याप्तक सर्वविशुद्ध जीव जब कर्मों की शेष स्थिति को क्षीण करके उसे संख्यात हजार सागरोपमों से हीन अन्तःकोड़ाकोड़ि प्रमाण कर देता है तब वह प्रथम सम्यक्त्व के उत्पादन में समर्थ होता है (सूत्र १, ९-८, ३-५)। सर्वार्थसिद्धि (२-३) और तत्त्वार्थवार्तिक (२, ३, २) में प्रायः उक्त षट्खण्डागम के सूत्रों का शब्दशः अनुसरण किया गया है। जैसा कि पूर्व में निर्देश किया गया है त. वा. (९, १, १३) में सूचित 'कालादिलब्धि' की विशेष प्ररूपणा यहां की जा चुकी है।

उस समय उसके क्षयोपशम, विशुद्धि, देशना, प्रायोग्य और करण ये पांच लब्धियां होती हैं। इनमें प्रथम चार लब्धियां तो साधारण हैं—वे भव्य के समान अभव्य के भी हो सकती हैं, किन्तु अन्तिम करणलब्धि सम्यक्त्व के उन्मुख हुए भव्य जीव के ही होती है। इस करणलब्धि में क्रम से अधःप्रवृत्तकरण, अपूर्वकरण और अनिवृत्तिकरण इन तीन करणों को करते हुए जीव के अनिवृत्तिकरण के अन्तिम समय में प्रथम सम्यक्त्व का लाभ होता है (इन लब्धियों का स्वरूप धवला पु. ६, पृ. २०४-३० पर देखा जा सकता है)।

छेद—आचार्य कुन्दकुन्द ने छेद के अभिप्राय को प्रगट करते हुए प्रवचनसार (३-१६) में कहा है कि शयन, आसन, स्थान और गमनादि कार्यों में जो श्रमण की प्रयत्न से रहित चर्या—असावधानतापूर्ण प्रवृत्ति—होती है उसका नाम छेद है। यद्यपि मूल गाथा में प्रकृत छेद शब्द का प्रयोग न करके पूर्वोक्त प्रवृत्ति को हिंसा कहा गया है, तो भी उसकी व्याख्या करते हुए अमृतचन्द्र सूरि ने यह स्पष्ट कहा है कि अशुद्ध उपयोग का नाम छेद है, और चूंकि अनाचारपूर्ण प्रवृत्तिरूप मुनि का वह अशुद्ध उपयोग श्रमणधर्म का छेदन करता है—उसका विनाशक है, इसलिए उसे छेद कहना युक्तिसंगत है।

त. सूत्र (९-२२) और स. सि. आदि ग्रन्थों के अनुसार छेद यह नौ प्रकार के अथवा मूलाचार (५-१६५) के अनुसार दस प्रकार के प्रायश्चित्त के अन्तर्गत है। स. सि. में उसके लक्षण का निर्देश करते हुए कहा गया है कि अपराध के होने पर साधु की दीक्षा को यथायोग्य एक दिन, पक्ष व मास आदि से हीन कर देना, इसका नाम छेद प्रायश्चित्त है। त. वा. और (धवला पु. १३, पृ. ६१) आदि में प्रायः इसी का अनुसरण किया गया है। विशेषरूप से धवला में यह कहा गया है कि दिवस, पक्ष, मास, ऋतु, अयन और संवत्सर आदि प्रमाण दीक्षापर्याय को छेदकर अभीष्ट पर्याय से नीचे की भूमि में स्थापित करना, यह छेद नाम का प्रायश्चित्त है। यह प्रायश्चित्त अपराध करने वाले उस अभिमानी साधु के

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

होता है जो उपवास आदि के करने में समर्थ, साधारणतः बलवान् और शूर होता है। धवलाकार के इस अभिप्राय को चारित्रसार (पृ. ६२) में प्रायः शब्दशः आत्मसात् किया गया है। आचारसार (६, ४७ व ४८) में उसे कुछ और विशद किया गया है।

तत्त्वा. भाष्य (९-२२) के अनुसार छेद, अपवर्तन और अपहार ये समानार्थक शब्द हैं। यह छेद दीक्षा सम्बन्धी दिवस, पक्ष, मास और संवत्सर इनमें से किसी एक का होता है। दशवैकालिक चूर्णि (पृ. २६) में इसी का अनुसरण किया गया दिखता है। त. भाष्यगत उक्त लक्षण का स्पष्टीकरण करते हुए उसकी व्याख्या में सिद्धसेन गणि ने कहा है कि वह छेद महाव्रतों के आरोपणकाल से प्रारम्भ करके गिना जाता है। जिस दिन महाव्रतों का आरोपण किया गया है वह उसकी आदि पर्याय कहलाती है। उसमें पंचकादि पर्याय से लेकर दस वर्ष पर्यन्त आरोपित महाव्रत का अपराध के अनुसार कभी पंचक का छेद और कभी दशक का इस प्रकार छह मास तक की पर्याय का लघु अथवा गुरु रूप में छेद किया जाता है। इस प्रकार के छेद से छेदा जाकर प्रव्रज्यादिवस को भी अपहृत करता है। योगशा. के स्वो. विवरण (४-९०) में संक्षेप में यही अभिप्राय देखा जाता है।

भगवती आराधना की विजयोदया टीका (गा. ६) में इस छेद के हेतु को दिखलाते हुए कहा गया है कि प्रव्रज्या की हानिरूप वह छेद असंयम से घृणा प्रगट करने के हेतु किया जाता है।

छेदोपस्थापक, छेदोपस्थापन, छेदोवस्थापनशुद्धिसंयम और छेदोपस्थापना—ये शब्द प्रायः समान अभिप्राय के द्योतक हैं। प्रवचनसार (३, ८-९) में श्रमण के २८ मूल गुणों का निर्देश करते हुए यह कहा गया है कि जो श्रमण उनमें प्रमाद से युक्त होता है—उनके परिपालन में असावधान रहता है—वह छेदोपस्थापक होता है। व्याख्याप्रज्ञप्ति (खण्ड ४, पृ. २६२) में विशेषरूप से यह कहा गया है कि जो पुरातन पर्याय को छेदकर अपने को पंचयामरूप धर्म में स्थापित करता है वह छेदोपस्थापक होता है। इस अभिप्राय की बोधक जो गाथा उक्त व्याख्याप्रज्ञप्ति में अवस्थित है वह यत्किंचित् शब्दपरिवर्तन के साथ दि. पंचसंग्रह (१-१३०) में भी उपलब्ध होती है, अभिप्राय समान ही है। इसके अतिरिक्त उसे धवला (पु. १, पृ. ३७२) में उद्धृत किया गया है तथा गोम्मटसार—जीवकाण्ड (४७०) में उसी रूप में उसे आत्मसात् किया गया है। उपर्युक्त अभिप्राय को हरिभद्र सूरि ने आवश्यक नि. (२१४) की वृत्ति और अनुयोगद्वार (पृ. १०४) की वृत्ति में तथा मलयगिरि ने आवश्यक नि. (११४) की वृत्ति में भी प्रगट किया है।

धवला (पु. १, पृ. २६९-७०) में अपने भीतर समस्त संयमभेदों को अन्तर्गत करने वाले एक ही यमस्वरूप सामायिकशुद्धिसंयम का निर्देश करते हुए यह कहा गया है कि इसी एक व्रत के छेद से—दो-तीन आदि भेदों के निर्देशपूर्वक—व्रतों के उपस्थापन (आरोपण) को छेदोपस्थापनशुद्धिसंयम कहते हैं। धवलाकार के इस अभिप्राय का अनुसरण करते हुए तत्त्वार्थसार (६-४६) और अमितगतिश्रावकाचार (१-२४०) में कहा गया है कि जिस संयम में हिंसादि के भेद के साथ सावद्य कर्म का परित्याग अथवा व्रत का विलोप होने पर उसकी शुद्धि की जाती है उसे छेदोपस्थापन कहा जाता है। यहां छेद का अर्थ भेद अभीष्ट रहा है। इसी अभिप्राय को कुछ विस्तार के साथ बृहद्द्रव्यसंग्रह की टीका (३५) और गो. जीवकाण्ड की जी. प्र. टीका (४७१) में भी व्यक्त किया गया है।

धवलाकार के उपर्युक्त अभिप्राय की पुष्टि मूलाचार (७, ३३-३८) से होती है। वहां कहा गया है कि भगवान् अजितनाथ से लेकर पार्श्वनाथ पर्यन्त बाईस तीर्थंकर एक सामायिक संयम का ही उपदेश करते हैं। परन्तु भगवान् ऋषभदेव और महावीर ये दो तीर्थंकर छेदोपस्थापनसंयम का प्रतिपादन करते हैं। पांच महाव्रतों की जो प्ररूपणा की गई है वह दूसरे को प्रतिपादन करने के लिए और एक सामायिक संयम के सुबोध के लिए की गई है। ये दो तीर्थंकर छेदोपस्थापन का उपदेश क्यों करते हैं, इसे स्पष्ट करते हुए वहां यह कहा गया है कि प्रथम तीर्थंकर के तीर्थ में शिष्य जन अतिशय सरल स्वभावी होने से कष्ट के साथ व्रत का शोधन करते हैं तथा अन्तिम तीर्थंकर के तीर्थवर्ती शिष्य कुटिल

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

होने से दुख के साथ उसका परिपालन करते हैं। इन उभय तीर्थंकरों के तीर्थवर्ती शिष्य कल्प्याकल्प्य—योग्य-अयोग्य आचरण—को नहीं जानते हैं।

लगभग यही अभिप्राय उत्तराध्ययन (२३, २६-२७) में भी व्यक्त किया गया है। वहां केशि-गौतम संवाद के प्रसंग में केशी के द्वारा पूछे गये चातुर्याम व पंचयाम विषयक प्रश्न के समाधान में गौतम के द्वारा कहा गया है कि प्रथम तीर्थंकर के शिष्य ऋजु जड़ होने से दुर्विशोध्य और अन्तिम तीर्थंकर के शिष्य वक्रजड़ होने से दुरनुपाल्य—कष्ट के साथ व्रत का पालन करने वाले थे। मध्यवर्ती बाईस तीर्थंकरों के शिष्य ऋजुप्रज्ञ—स्वभाव से सरल और बुद्धिमान् थे। इसीलिए मध्यवर्ती बाईस तीर्थंकरों के द्वारा चातुर्याम का तथा आदि व अन्त के तीर्थंकरों के द्वारा पंचयाम का उपदेश किया गया है।

'छेदोपस्थापना' के अन्तर्गत सर्वार्थसिद्धि (९-१८) में भी यही कहा गया है कि प्रमाद के वशीभूत होकर जो अनर्थ—विरुद्ध आचरण—किया गया है उससे सदाचरण का लोप होने पर जो सम्यक् प्रतीकार किया जाता है उसे छेदोपस्थापना कहते हैं। तत्त्वार्थवार्तिक (९, १८, ६-७) में इसको कुछ विशेष स्पष्ट करते हुए यह कहा गया है कि प्रमाद से किये गये अनर्थ से निरवद्य क्रिया (सदाचरण) का विलोप होने पर उसके द्वारा उपार्जित कर्म का जो सम्यक् प्रतीकार किया जाता है उसे छेदोपस्थापना जानना चाहिए। अथवा सावद्यकर्मस्वरूप हिंसादि के विकल्पपूर्वक जो संयम ग्रहण किया जाता है उसे छेदोपस्थापना समझना चाहिए। इसमें पूर्वोक्त मूलाचार (७, ३६-३८) का ही अनुसरण किया गया प्रतीत होता है।

तद्भवमरण—उत्तरा. चूर्णि (५, पृ. १२७) के अनुसार जीव जिस भवग्रहण में मरता है—जैसे नारकभवग्रहणादि, उसे तद्भवमरण कहा जाता है। त. वार्तिक (७, २२, २) में सल्लेखना के प्रसंग में कहा गया है कि भवान्तर की प्राप्ति के अनन्तर उपश्लिष्ट पूर्व भव के विनाश का नाम तद्भवमरण है। यही अभिप्राय प्रायः शब्दशः भ. आ. की विजयोदया टीका (२५) और चारित्रसार (पृ. २३) में भी प्रगट किया गया है। भ. आ. की टीका में 'उपश्लिष्ट' के स्थान में 'उपसृष्ट' तथा इन दोनों में ही 'प्राप्त्यनन्तरो' के स्थान में 'प्राप्तिरनन्तरो-'पाठ उपलब्ध है। प्रवचनसारोद्धार (१०१२) और स्थानांग की अभयदेव विरचित वृत्ति (१०२) में इसे कुछ और विकसित करते हुए कहा गया है कि अकर्मभूमिज मनुष्य व तिर्यंच, देवगण और नारकी इनको छोड़कर शेष जीवों में किन्हीं का तद्भवमरण होता है। उक्त स्थानांग की वृत्ति में आगे (१०२, पृ. ८९) में यह भी स्पष्ट किया गया है कि जीव जिस भव में हैं उस भव के योग्य आयु को बांधकर जब मरण को प्राप्त होता है तब उसके मरण को तद्भवमरण कहा जाता है। यह तद्भवमरण संख्यातवर्षायुष्क मनुष्य और तिर्यंचों का ही होता है, क्योंकि उन्हीं के उस भव की आयु का बन्ध होता है। भ. आ. की मूलाराधनादर्पण टीका (२) के अनुसार भुज्यमान आयु के अन्तिम समय में होने वाले मरण को तद्भवमरण कहा जाता है। इस प्रकार स्थानांग के टीकाकार अभयदेव सूरि को जहां तद्भवमरण कर्मभूमिज मनुष्य-तिर्यंचों के ही अभीष्ट है वहां अन्यों को जीव जिस किसी भी भव में मरण को प्राप्त होता है वही तद्भवमरण के रूप में अभीष्ट रहा है, ऐसा प्रतीत होता है।

त्रस—सर्वार्थसिद्धिसम्मत सूत्रपाठ के अनुसार तत्त्वार्थसूत्र (२, १३-१४) में पृथिवी, अप्, तेज, वायु और वनस्पति इनको स्थावर तथा द्वीन्द्रिय-त्रीन्द्रिय आदि जीवों को त्रस कहा गया है। परन्तु त. भाष्यसम्मत सूत्रपाठ के अनुसार उक्त तत्त्वार्थसूत्र (२, १३-१४) में ही पृथिवी, अम्बु और वनस्पति इन जीवों को स्थावर तथा तेज, वायु और द्वीन्द्रिय आदि जीवों को त्रस कहा गया है।

उक्त त. सू. की स. सि. (२-१२) त. वा. (२, १२, १) और त. श्लो. वा. (२-१२) आदि व्याख्याओं में तथा धवला (पु. १, पृ. २६५-६६) में त्रसनामकर्म के वशीभूत प्राणियों को त्रस कहा गया है। इसी त. सू. की व्याख्यास्वरूप त. भा. में त्रस जीवों के स्वरूप का कहीं (२, १२-१४) कोई निर्देश नहीं किया गया है। आगे वहां त्रसनामकर्म के प्रसंग (८-१२) में भी केवल त्रसभाव के निव-

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

र्तक कर्म को त्रसनामकर्म कहा गया है। यहां भी त्रसभाव का कोई असाधारण लक्षण नहीं प्रगट किया गया। पर त. सू. की पूर्वोक्त स. सि. (८-११) आदि व्याख्याओं में त्रसनामकर्म उसे कहा गया है जिसके कि उदय से प्राणी का जन्म द्वीन्द्रिय आदि जीवों में होता है।

त. भा. की हरिभद्र विरचित वृत्ति (२-१२) में 'त्रस्यन्तीति त्रसाः' ऐसी निरुक्ति करते हुए त्रस नामकर्म के उदय से परिस्पन्दन आदि से युक्त जीवों को त्रस कहा गया है। आगे उसी त. भाष्य की हरिभद्र व सिद्धसेन विरचित वृत्ति (८-१२) में 'त्रस्यन्तीति त्रसाः' इस प्रकार की निरुक्ति के साथ द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय, चतुरिन्द्रिय और पंचेन्द्रिय लक्षण प्राणियों को त्रस कहा गया है। कारण का निर्देश करते हुए वहां यह भी कहा गया है कि क्योंकि उस (त्रस) कर्म के उदय से उपर्युक्त प्राणियों में परिस्पन्दन देखा जाता है। जिस कर्म के उदय से गमनादि क्रिया रूप उस प्रकार की विशेषता होती है वह त्रसभाव का निर्वर्तक त्रसनामकर्म कहलाता है। श्रावकप्रज्ञप्ति की टीका (२२) में भी यही निर्देश किया गया है कि जिसके उदय से चलन वा स्पन्दन होता है वह त्रसनामकर्म कहलाता हैं। दशवैकालिक की चूर्णि में (४-१, पृ. १३६) 'तसंतीति तसा' ऐसी निरुक्ति मात्र की गई है। सूत्रकृतांग की शीलांक वृत्ति (२, ६, ४, पृ. १४०) में भी लगभग पूर्वोक्त अभिप्राय को ही व्यक्त किया गया है।

दशवैकालिक सूत्र (४-१, पृ. १३६) में छठे जीवनिकायस्वरूप त्रस जीवों के स्वरूप को स्पष्ट करते हुए अण्डज, पोतज, जरायुज, रसज, संस्वेदिम, सम्मूच्छिम, उद्भिज और औपपातिक जीवों का निर्देश किया गया है। आगे वहां कहा गया है कि जिन किन्हीं त्रस प्राणियों का ज्ञान उनके अभिमुख गमन, प्रतिकूल गमन, संकोचन, प्रसारण, रुत (शब्द), भंत (भ्रमण), पीड़ित होकर पलायन एवं गमनागमन से होता है। साथ ही यह भी कहा गया है कि कीट-पतंग, कुन्थु, पिपीलिका, सब दो इन्द्रिय, सब तीन इन्द्रिय, सब चार इन्द्रिय, सब पंचेन्द्रिय ये सब तिर्यंच; सब नारक, सब मनुष्य, सब देव और परमाधार्मिक प्राणी; इस छठे निकाय को त्रसकाय कहा जाता है। जीवाभिगम की वृत्ति (९) में कहा गया है कि जो जीव उष्ण आदि की वेदना से सन्तप्त होकर विवक्षित स्थान से छाया आदि के आसेवनार्थ अन्य स्थान को प्राप्त होते हैं वे त्रस कहलाते हैं। आगे इसे और भी स्पष्ट करते हुए विशेष रूप से यह निर्देश किया गया है कि (त्रसन्ति ··· इति त्रसाः) इस व्युत्पत्ति से त्रसनामकर्म के उदय के वशवर्ती जीवों को ही त्रस जानना चाहिए, शेष जीवों को त्रसरूप में नहीं ग्रहण करना चाहिए।

इस प्रकार दशवैकालिक सूत्र में कुछ त्रस जीवों का नामोल्लेख करते हुए उनका परिज्ञान गमनागमनादि क्रियाओं से कराया गया है। श्वे. मान्य तत्त्वार्थसूत्र (२, १३-१४) में पृथिवी, जल और वनस्पति जीवों को स्थावर बतलाते हुए तेज, वायु और द्वीन्द्रिय जीवों को त्रस कहा गया है। यहां तेज और वायु जीवों का निर्देश जो त्रस जीवों के अन्तर्गत किया गया है वह सम्भवतः क्रिया के आश्रय से किया गया है, न कि त्रसनामकर्म के उदय के आश्रय से। कारण यह कि उक्त दोनों प्रकार के जीवों के त्रसनामकर्म का उदय न रहकर स्थावरनामकर्म का ही उदय रहता है। यही कारण प्रतीत होता है जो उसकी व्याख्या में सिद्धसेन गणि ने क्रिया के आश्रय से तेज और वायु जीवों को त्रस बतलाते हुए लब्धि से स्थावरनामकर्म के उदय के वशीभुत होने से उन्हें भी उक्त पृथिवी आदि के साथ स्थावर बतलाया है। अन्यथा, पूर्वोक्त सूत्रकृतांग और स्थानांग की वृत्तियों में द्वीन्द्रियादि जीवों को ही त्रस बतलाना असंगत ठहरेगा।

दि. मान्य त. सू. (२, १३-१४) के पाठ के अनुसार पृथिवी, जल, तेज, वायु और वनस्पति इनको स्थावर और द्वीन्द्रिय आदि जीवों को त्रस कहा गया है। यहां त्रसनाम के अन्तर्गत ग्रन्थों का सन्दर्भ भी द्रष्टव्य है।

दर्शन—दर्शन शब्द से यहां उपयोगविशेष विवक्षित है। सन्मतिसूत्र (२-१), त. भा. की हरिभद्र विरचित वृत्ति (२-९), अनुयोगद्वार की हरिभद्र विरचित वृत्ति (पृ. १०३), पंचास्तिकाय की अमृत-

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

चन्द्र विरचित वृत्ति (४१), अमितगति विरचित पंचसंग्रह (१-२४६), स्थानांग की अभयदेव विरचित वृत्ति (२-१०५) औपपातिक की अभयदेव विरचित वृत्ति (१०, पृ. १५), आवश्यक निर्युक्ति की मलयगिरि विरचित वृत्ति (पृ. २७७ व पृ. ५६८ निर्युक्ति १०५१ की वृत्ति), प्रवचनसारोद्धार की वृत्ति (१२४६) और जीवाभिगम की मलय. वृत्ति (१-१३, पृ. १८) आदि ग्रन्थों में प्रकृत दर्शन का लक्षण सामान्यग्रहण निर्दिष्ट किया गया है।

तत्त्वार्थवार्तिक (२, ६, १), महापुराण (२४, २०१-२), अष्टसहस्री (१५, पृ. १३२), त. भा. की सिद्धसेन विरचित वृत्ति (२-६), तत्त्वार्थसार (२-१२), सन्मतिसूत्र वृत्ति (२-१, पृ. ४५८), स्याद्वादरत्नाकर (२-१०), मोक्षपंचाशिका (३) और प्रतिष्ठासार (२-६०) में उक्त दर्शन का लक्षण अनाकार या निराकार कहा गया है।

उक्त तत्त्वार्थवार्तिक में आगे (६, ७, ११) तथा पूर्वनिर्दिष्ट तत्त्वार्थसार में भी आगे (२-८६) दर्शनावरण के क्षयोपशम से प्रादुर्भूत आलोचन को दर्शन कहा गया है।

ललितविस्तरा में (पृ. ६३) इस दर्शन के स्वरूप का निर्देश करते हुए यह कहा गया है कि सामान्य को प्रधान और विशेष को गौण करके जो पदार्थ का ग्रहण होता है उसे दर्शन कहा जाता है।

प्रकृत दर्शन का विचार आ. वीरसेन के द्वारा धवला टीका में यथाप्रसंग अनेक स्थलों में शंका-समाधानपूर्वक विस्तार से किया गया है। यथा— पु. १, पृ १४५ पर 'दृश्यते अनेनेति दर्शनम्' इस निरुक्ति के साथ जिसके द्वारा देखा जाता है उसे दर्शन कहा गया है। इस सामान्य लक्षण के निर्देश से नेत्र व प्रकाश में जो अतिव्याप्ति का प्रसंग प्राप्त था उसका निराकरण करते हुए वहीं पर आगे अन्तर्मुख चित्प्रकाश को दर्शन कहा गया है। इसी पुस्तक में आगे (पृ. १४७) अनेक शंका-समाधानपूर्वक सामान्य-विशेषात्मक आत्मा के स्वरूप के ग्रहण को दर्शन सिद्ध किया गया है। ऐसी स्थिति में "जं सामण्णं गहणं तं दंसणं" इस आगमवचन के साथ जो विरोध की सम्भावना थी उसका निराकरण करते हुए उसका समन्वय किया गया गया है। वह सम्पूर्ण आगमवचन इस प्रकार है—

जं सामण्णं गहणं भावाणं णेव कट्टुमायारं।
अविसेसिऊण अत्थे दंसणमिति भण्णदे समए ॥[1]

इसके साथ समन्वय करते हुए वहां यह कहा गया है कि 'सामान्य' शब्द से यहां समस्त बाह्य पदार्थों में साधारण होने से आत्मा को ग्रहण किया गया है। उक्त गाथा की व्याख्या करते हुए वहाँ यह सूचित किया गया है कि गाथागत 'भाव' शब्द से बाह्य अर्थ विवक्षित हैं। उन बाह्य अर्थों के प्रतिकर्मव्यवस्थारूप आकार को ग्रहण न करके तथा 'यह अमुक पदार्थ है' इस प्रकार से पदार्थों की विशेषता को न करके जो सामान्य का—सामान्य-विशेषात्मक आत्मस्वरूप का—ग्रहण होता है उसे आगम में दर्शन कहा गया है। आगे यहीं पर (पृ. १४८) विकल्प रूप में आलोकनवृत्ति को दर्शन कहते हुए उसका स्पष्टीकरण इस प्रकार किया गया है—'आलोकते इति आलोकनम्' इस निरुक्ति के अनुसार आलोकन का अर्थ आत्मा और वृत्ति का अर्थ वर्तन है। तदनुसार आलोकन की वृत्ति को—स्वात्मसंवेदन को—दर्शन समझना चाहिए।

आगे यहां (पृ. १४६) प्रकारान्तर से प्रकाशवृत्ति को दर्शन कहते हुए प्रकाश का अर्थ ज्ञान किया गया है। तदनुसार उस प्रकाश के निमित्त आत्मा की जो प्रवृत्ति होती है उसे दर्शन कहा गया है जो विषय और विषयी के सम्पात से पूर्व की अवस्थारूप है। इसी पुस्तक में आगे (पृ. ३८४-८५) पुनः स्वरूपसंवेदन को दर्शन स्वीकार करने की प्रेरणा करते हुए अपने से भिन्न वस्तु के परिच्छेद को ज्ञान और अपने से अभिन्न वस्तु के परिच्छेद को दर्शन कहा गया है। इस प्रकार से ज्ञान और दर्शन में भेद भी प्रगट कर दिया गया है।

---

१. यह गाथा अनुयोगद्वार की हरिभद्र विरचित वृत्ति (पृ. १०३) में उद्धृत है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

प्रकृत धवला में ही आगे (पु. ६, पृ. ९) में पुनः आत्मविषयक उपयोग को दर्शन बतलाते हुए ज्ञान के बाह्य पदार्थविषयक होने से इसकी भिन्नता भी प्रगट कर दी गई है। इसी पुस्तक में आगे (पु. ६, ३२-३३) ज्ञानोत्पादक प्रयत्न से अनुगत आत्मसंवेदन को दर्शन कहा है, जिसका अभिप्राय आत्मविषयक उपयोग ही रहा है। इस प्रकार से विचार करते हुए यहां (पृ. ३४) आत्मा को समस्त पदार्थों में साधारण होने से सामान्य सिद्ध करके तद्विषयक उपयोग को ही दर्शन कहा है। इससे ज्ञान और दर्शन में यह भेद भी प्रगट हो जाता है कि ज्ञान जहां बाह्य पदार्थों को विषय करता है वहां दर्शन अन्तरंग (आत्मा) को विषय करता है।

पूर्व में (पु. १, पृ. १४९) प्रकाशवृत्ति को दर्शन कहा जा चुका है। उसे पु. ७ (पृ. ७) में पुनः दोहराया गया है। पूर्व पु. १ (पृ. १४७) के समान इस पुस्तक (७, पृ. १००) में भी 'सामण्ण' शब्द को आत्मार्थक बतलाते हुए पूर्वोक्त 'जं सामण्णग्गहणं' आदि आगमवाक्य के साथ प्रसंगप्राप्त विरोध को परिहार करके उसके साथ समन्वय प्रगट किया गया है।

प्रकृत धवला में ही आगे (पु. १३, पृ. २०७) अनाकार उपयोग को दर्शन बतलाते हुए आकार का अर्थ कर्म-कर्तृभाव प्रगट किया गया है और यह निर्देश किया गया है कि इस आकार के साथ जो उपयोग रहता है उसे साकार उपयोग (ज्ञान) कहा जाता है। इस साकार उपयोग से भिन्न—अनाकार उपयोग—दर्शन कहलाता है। यहीं पर आगे (पु. १३, पृ. २१६) विषय और विषयी के सन्निपातरूप ज्ञानोत्पत्ति से पूर्व की अवस्था को दर्शन कहते हुए उसका काल अन्तर्मुहूर्त निर्दिष्ट किया गया है आगे पु. १५ (पृ. ६) में भी यह निर्देश किया गया है कि बाह्य अर्थ से सम्बद्ध आत्मस्वरूप के संवेदन का नाम दर्शन है।

दिव्यध्वनि—इस दिव्य वाणी की विशेषता को प्रगट करते हुए आ. समन्तभद्र ने उसे सर्वभाषास्वभाववाली कहा है। वे अपने स्वयम्भूस्तोत्र में (९६) अर जिनकी स्तुति करते हुए कहते हैं कि हे भगवन्! समस्त भाषाओं के स्वभाव से परिणत होने वाली आपकी दिव्यवाणी समवसरण सभा में व्याप्त होकर प्राणियों को अमृत के समान प्रसन्न व सुखी करती है। उक्त स्वामी समन्तभद्र ने उसकी अलौकिकता को दिखलाते हुए अन्यत्र (रत्नकरण्डक ८) भी यह कहा है—जिस प्रकार वादक के हाथ के स्पर्श से ध्वनि करता हुआ मृदंग बिना किसी प्रकार के स्वार्थ या अनुराग के ही श्रोताजनों को मुग्ध किया करता है उसी प्रकार वीतराग सर्वज्ञ प्रभु आत्मप्रयोजन और जनानुराग के बिना ही अपनी दिव्यवाणी के द्वारा सत्पुरुषों को हित का उपदेश किया करते हैं।

तिलोयपण्णत्ती (१-७४) में अर्थकर्ता के प्रसंग में कहा गया है कि छद्मस्थ अवस्था से सम्बद्ध मति, श्रुत, अवधि और मनःपर्यरूप ज्ञान के विनष्ट हो जाने तथा अनन्तज्ञान (केवलज्ञान) के उत्पन्न हो जाने पर अरहंत की जो दिव्यध्वनि—अलौकिक वाणी—निकलती है वह नौ प्रकार के पदार्थों के रहस्य को सूत्र के रूप में निरूपण करती है। प्रकृत तिलोयपण्णत्ती में ही आगे (४, ९०१-५) केवलज्ञान के साथ प्रगट होने वाले ग्यारह अतिशयों का निरूपण करते हुए कहा गया है कि अरहंत देव अक्षर-अनक्षरस्वरूप अठारह महाभाषाओं और सात सौ क्षुद्र भाषाओं में तालु, दांत, ओष्ठ और कण्ठ के व्यापार से रहित होते हुए जिस दिव्य भाषा के द्वारा भव्य जीवों को उपदेश करते हैं वह दिव्यध्वनि के नाम से प्रसिद्ध है। स्वभावतः स्खलन से रहित वह दिव्य वाणी तीनों सन्ध्याकालों में नौ मुहूर्त निकलती है जो एक योजन तक फैलती है। गणधर, इन्द्र और चक्रवर्ती के प्रश्न के अनुसार वह दिव्यध्वनि उक्त तीन सन्ध्याकालों के अतिरिक्त अन्य समयों में भी सात भंगों के आश्रय से अर्थ का व्याख्यान करती है।

धवला (पु. १, पृ. ६४) में भी तिलोयपण्णत्ती के ही समान अभिप्राय प्रगट करते हुए वहां जो गाथा उद्धृत की गई है वह तिलोयपण्णत्ती की उस गाथा (१-७४) से प्रायः मिलती-जुलती ही है। इस धवला के निर्माता आ. वीरसेन उस दिव्यध्वनि के स्वरूप को प्रगट करते हुए जयधवला (१, १२६) में कहते हैं कि समस्त भाषास्वरूप वह दिव्यध्वनि अक्षर-अनक्षरात्मक होती हुई अनन्त अर्थ से गर्भित बीज पदों के द्वारा तीनों सन्ध्याकालों में छह घड़ी निरन्तर प्रवर्तमान होकर अर्थ का निरूपण करती है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

इसके अतिरिक्त संशय, विपर्यय व अनध्यवसाय को प्राप्त गणधर को लक्ष्य कर अन्य समय में भी प्रवृत्त होती है। विशद स्वरूप वाली वह दिव्य वाणी शंकर-व्यतिकर दोष से रहित उन्नीस धर्मकथाओं का निरूपण करती है।

भक्तामर स्तोत्र (३५) में उक्त दिव्यध्वनि की विशेषता को प्रगट करते हुए कहा गया है कि वह जिनेन्द्र की अनुपम वाणी स्वर्ग और मोक्ष को प्राप्त कराने वाले मार्ग के खोजने में कुशल होकर तीनों लोकों के प्राणियों को समीचीन धर्म का निरूपण करती है। विशद अर्थ की प्ररूपक उस वाणी का गुण समस्त भाषाओं में परिणत होने का है। भक्तामर का यह कथन पूर्वोक्त स्वयंभूस्तोत्र से प्रभावित रहा प्रतीत होता है।

हरिवंशपुराण (५८-९) में इस अनुपम जिनवाणी को मधुर, स्निग्ध, गम्भीर, दिव्य, उदात्त एवं स्पष्ट अक्षरस्वरूप निर्दिष्ट किया गया है। जीवन्धरचम्पू (६-१९) में इस दिव्य भाषा को समस्त वचन-भेदों की अकारक कहा गया है।

जिनेन्द्र का उपदेश अर्धमागधी भाषा में होता है। निशीथचूर्णि के अनुसार आधे मगध देश से सम्बद्ध भाषा को अर्धमागधी कहा जाता है, अथवा अठारह देशी भाषाओं में नियत भाषा अर्धमागधी कहलाती है। समवायांग की अभयदेव विरचित वृत्ति (३४, पृ. ५९) के अनुसार प्राकृत आदि छह भाषा-भेदों में मागधी नाम की भाषा है। (यह सम्भवतः समस्त मगध देश की भाषा रही होगी)। र के स्थान में ल और श, ष एवं स इन तीनों के स्थान में एक मात्र स; इत्यादि व्याकरण नियमों से युक्त वह मागधी भाषा अपने समस्त नियमों का आश्रय न लेने से अर्धमागधी कही जाती है।

धर्म—आ. कुन्दकुन्द ने प्रवचनसार (१, ७-८) में चारित्र को धर्म कहा है जो समस्वरूप है। इस सम को उन्होंने मोह (दर्शनमोह) और क्षोभ (चारित्रमोह) से रहित आत्मपरिणति बतलाया है। आगे उन्होंने 'जो द्रव्य जिस रूप से परिणत होता है वह उस काल में तन्मय कहा जाता है' इस नियम के अनुसार धर्मस्वरूप से परिणत आत्मा को धर्म कहा है। यहीं पर आगे (१-११) उन्होंने यह भी कहा है कि इस प्रकार के धर्म से परिणत आत्मा यदि शुद्धोपयोग से सहित होता है तो वह निर्वाणसुख को प्राप्त करता है और यदि शुभोपयोग से संयुक्त होता है तो फिर स्वर्गसुख को प्राप्त करता है। उक्त कुन्द-कुन्दाचार्य ने सागार और निरागार के भेद से संयमचरण को दो प्रकार का बतलाकर (चा. प्रा. २१) उनमें सागार संयमचरण को श्रावकधर्म और शुद्ध (निरागार) संयमचरण को यतिधर्म कहा है (चा. प्रा. २७)। उक्त आ. कुन्दकुन्द ने भावप्राभृत (८३-८५) में भी प्रवचनसार के समान पुनः मोह और क्षोभ से रहित आत्मा के परिणाम को धर्म कहा है। यहां इतना विशेष कहा गया है कि व्रत सहित पूजा आदि में जो प्रवृत्ति होती है उससे उपार्जित पुण्य भोग का कारण होता है, कर्मक्षय का कारण वह नहीं होता। मोक्ष का कारण तो वह आत्मा है जो समस्त दोषों से रहित होता हुआ रागादि में निरत न होकर आत्मा में ही रत होता है। ऐसे आत्मा को ही यहां धर्म कहा गया है। इन्हीं आ. कुन्दकुन्द ने बोधप्राभृत (२४) में दया से विशुद्ध आचरण को भी धर्म कहा है। पूर्वोक्त प्रवचनसार (३, ४५-५४) में आ. कुन्दकुन्द ने श्रमणों को शुद्धोपयोग और शुभोपयोग इन दोनों से युक्त बतलाते हुए अरहन्तादि में जो भक्ति और प्रवचनाभियुक्तों में जो वात्सल्यभाव होता है उसे शुभोपयोगयुक्त चर्या बतलाया है। आचार्य आदि को आते देखकर वन्दना व नमस्कार के साथ उठकर खड़े हो जाना, पीछे-पीछे चलना और श्रमणों के श्रम को पादमर्दनादि के द्वारा दूर करना; इस सबको यहां सराग चारित्र में निन्द्य नहीं कहा गया, अतः उसे उपादेय ही समझना चाहिए। इतना यहां विशेष कहा गया है कि वैयावृत्त्य में उद्यत होकर श्रमण यदि प्राणियों को पीड़ा पहुंचाता है तो वह श्रमण नहीं रहता, किन्तु गृहस्थ हो जाता है; क्योंकि वह श्रावकों का धर्म है। श्रमणों की अथवा गृहस्थों की इस प्रशस्तभूत चर्या को यहां 'पर (उत्कृष्ट)' कहा गया है, कारण यह कि उससे साक्षात् अथवा परम्परा से मोक्षसुख प्राप्त होता है। आगे उन्होंने यहां (३-६०) यह भी स्पष्ट कह दिया है कि अशुभोपयोग से रहित होकर जो शुद्धोपयोग अथवा शुभोपयोग से युक्त होते

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

हैं वे लोक का कल्याण करते हैं। उनकी भक्ति करने वाला प्रशस्त (पुण्य) को प्राप्त करता है।

इस प्रकार आ. कुन्दकुन्द के उपर्युक्त विवेचन को देखते हुए हम इस निष्कर्ष पर पहुंचते हैं कि वे व्यवहार धर्म के सर्वथा विरुद्ध नहीं रहे। उनकी दृष्टि में जो शुद्धोपयोग की भूमिका पर आरूढ़ होने में असमर्थ हैं वे उसके ऊपर आरूढ़ होने की उत्कट अभिलाषा रखते हुए शुभोपयोगी होकर सम्यग्दर्शन के साथ उस व्यवहार धर्म का भी आचरण कर सकते हैं जो परम्परया मोक्षसुख का साधक है। इसी अभिप्राय को हृदयंगम करते हुए अमृतचन्द्र सूरि ने भी समयसारकलश (६) में प्राक्पदवी में—शुद्धोपयोग से पूर्व की शुभोपयोगरूप भूमिका में—व्यवहारनय को भी सहारा देने वाला बतलाया है। यह अवश्य है कि शुद्धोपयोग की उपेक्षा कर जो शुभोपयोग में ही निमग्न रहना चाहता है वह परम्परा से भी मोक्षसुख को प्राप्त नहीं कर सकता।

रत्नकरण्डक (३), धवला टीका (पु. ८, पृ. ९२) और तत्त्वानुशासन (५१) में जो सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान और सम्यक्चारित्र को जो धर्म कहा गया है वह प्रवचनसार (१-७) का ही अनुसरण है। तत्त्वानुशासन (५१) में तो उक्त रत्नकरण्डक के श्लोक ३ के पूर्वार्द्ध को जैसा का तैसा आत्मसात् किया गया है।

विमलसूरि ने अपने पउमचरिउ (२६-३४) में मुनिजन के द्वारा निर्दिष्ट जीवदया और कषायों के निग्रह को धर्म बतलाते हुए यह भी कहा है कि इन प्रवृत्तियों में रत हुआ प्राणी सघन कर्मबन्ध से छूटता है—मुक्ति प्राप्त कर लेता है।

दशवैकालिक (१-१), सर्वार्थसिद्धि (६-१३ व ९-७) तत्त्वार्थवार्तिक (६, १३, ५) और तत्त्वार्थश्लोकवार्तिक (६-१३) आदि में धर्म का लक्षण अहिंसा कहा गया है। स. सि. (९-२) और त. वा. (९, २, ३) आदि में 'इष्टस्थाने धत्ते इति धर्मः' इस निरुक्ति के साथ यह कहा गया है कि जो जीवों को इष्ट स्थान (मोक्ष) को प्राप्त कराता है उसे धर्म कहते हैं। यहां त. वा. में 'इष्ट स्थान' को स्पष्ट करते हुए स. सि. से इतना विशेष कहा गया है कि जो आत्मा को चक्रवर्ती, देवेन्द्र और मुनीन्द्र आदि के पद को प्राप्त कराता है उसका नाम धर्म है। इस निरुक्ति में पूर्वोक्त रत्नक. (२) का अनुसरण किया गया प्रतीत होता है। आगे रत्नक. (३) में धर्म को सम्यग्दर्शनादि स्वरूप बतलाकर सम्यग्दर्शन के माहात्म्य को दिखलाते हुए उसे इन्द्रादि पदों का प्रापक भी कहा गया है (४१)। उक्त त. वा. (९, २, ३) का अनुसरण करते हुए चारित्रसार (पृ. २) में नरेन्द्र (चक्रवर्ती) पदादि के साथ 'मुक्तिस्थान' को भी ग्रहण कर लिया है जो त. वा. में नहीं है। त. वा. (९, ७, १२) में अनुप्रेक्षा के प्रसंग में धर्म के लक्षण का निर्देश करते हुए कहा गया है कि जीवस्थान और गुणस्थान इनके स्वतत्त्व का गति-इन्द्रियादि मार्गणास्थानों में जो विचार किया जाता है वह धर्म का लक्षण है। इस प्रकार के लक्षणयुक्त धर्म को भगवान् अरहन्त ने मोक्ष का हेतु कहा है। इसका अनुसरण त. श्लो. वा. (९-७) और चा. सा. (पृ. ८९) में भी किया गया है।

दशवै. चूर्णि में (पृ. १५) धर्म के लक्षण का निर्देश करते हुए कहा गया है कि जो नारक, तिर्यंच, कुमानुष और कुदेव पर्यायों में पड़ते हुए जीव का उनसे उद्धार करता है वह धर्म कहलाता है। रत्नक. (२) में निर्दिष्ट धर्म के लक्षण से इसके अभिप्राय में बहुत कुछ समानता है। इस कथन की पुष्टि वहां (द. चूर्णि) किसी प्राचीन ग्रन्थगत एक श्लोक को उद्धृत करते हुए उसके द्वारा की गई है। ललितविस्तरा (पृ. ९०), स्थानांग की अभयदेव विरचित वृत्ति (१-४०, पृ. २१) और आव. निर्युक्ति की मलयगिरि विरचित वृत्ति (पृ. ५९२) में भी उक्त श्लोक को उद्धृत करते हुए उसी अभिप्राय को व्यक्त किया गया है। ललितविस्तरा में उसके पूर्व (पृ. १६) धर्म को सम्यग्दर्शनादि स्वरूप तथा दान, शील एवं तपोभावनारूप भी बतलाते हुए उसे आस्रव से सहित और उससे रहित भी निर्दिष्ट किया गया है।

इस प्रकार विविध ग्रन्थकारों ने अपनी रुचि के अनुसार प्रकृत धर्म को प्रायः अपने पूर्ववर्ती ग्रन्थों

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

का अनुसरण करते हुए कहीं मैत्री आदि भावनाओं स्वरूप, कहीं अभ्युदय व निश्रेयस का साधक, कहीं उत्तमक्षमादिरूप, कहीं श्रुत-चारित्रस्वरूप, कहीं दयाप्रधान और कहीं वस्तुस्वभावरूप कहा है।

नय—यह जैनागम का एक दृढ़तम आधार रहा है। विविध ग्रन्थों में इसके स्वरूप का विचार अनेक प्रकार से किया गया है व उपयोगिता भी उसकी अत्यधिक प्रगट की गई है। यथा—स्वयम्भूस्तोत्र (५२) में श्रेयान् जिनकी स्तुति करते हुए आ. समन्तभद्र ने कहा है—प्रतिषेधसापेक्ष विधि प्रमाण है। उक्त विधि व प्रतिषेध में एक प्रधान व दूसरा गौण हुआ करता है। उनमें को मुख्य का नियमन करता है उसे नय कहा जाता है। इसी स्तुति में आगे (६५) यह भी कहा गया है कि 'स्यात्' पद से चिह्नित वे नय यथार्थ होते हुए इस प्रकार अभीष्ट गुणवाले हैं जिस प्रकार कि रसायन से अनुविद्ध लोह धातु प्रयोक्ता को अभीष्ट गुणवाली हुआ करती है। इसके पूर्व प्रकृत स्तुति में ही (६१) उसकी उपयोगिता और अनुपयोगिता को प्रगट करते हुए यह भी सूचित कर दिया गया है कि ये द्रव्यार्थिक व पर्यायार्थिक नय तभी स्व-पर के लिए उपकारक होते हैं जब वे परस्पर सापेक्ष हुआ करते हैं। इसके विपरीत—परस्पर की अपेक्षा के बिना—वे यथार्थता से दूर रहते हुए स्व-पर के घातक ही हुआ करते हैं। उक्त समन्तभद्राचार्य ने अपनी आप्तमीमांसा (१०६) में हेतुपरक नय के स्वरूप को दिखलाते हुए कहा है कि साध्य का सधर्मा होने से जो बिना किसी प्रकार के विरोध के स्याद्वादस्वरूप नीति से विभक्त अर्थविशेष (साध्य) का व्यंजक होता है वह नय कहलाता है। लगभग इसी अभिप्राय को प्रगट करते हुए सर्वार्थसिद्धि (१-३३) में कहा गया है कि वस्तु अनेकान्तात्मक—नित्यत्व-अनित्यत्व, एकत्व-अनेकत्व, भावरूप-अभावरूप और भिन्नत्व-अभिन्नत्व आदि परस्पर विरुद्ध प्रतीत होने वाले अनेक धर्मोंस्वरूप है। उनमें जो प्रयोग बिना किसी प्रकार के विरोध के हेतु की मुख्यता से साध्यविशेष की यथार्थता की प्राप्ति में कुशल होता है उसे नय कहा जाता है।

तत्त्वार्थाधिगम भाष्य (१-३५) में नय के प्रापक, कारक, साधक, निर्वर्तक, उपलम्भक और व्यंजक इन समानार्थक नामों का निर्देश करते हुए कहा गया है कि जो जीवादि पदार्थों को ले जाते हैं, प्राप्त कराते हैं, कारक हैं, सिद्ध कराते हैं, निर्वर्तित करते हैं, उपलब्ध कराते हैं और व्यक्त कराते हैं उनका नाम नय है। लगभग इसी अभिप्राय को उत्तराध्ययन चूर्णि (पृ. ४७) में भी प्रगट किया गया है। आवश्यक नि. (१०६६) और दशवैकालिक नि. (१४६) में नय के स्वरूप को प्रगट करते हुए कहा गया है कि ग्रहण करने योग्य अथवा नहीं ग्रहण करने योग्य ज्ञात पदार्थ के विषय में प्रयत्न करना चाहिए, इस प्रकार का जो उपदेश है उसे नय कहा जाता है। न्यायावतार (२६) के अनुसार जो एक देश विशिष्ट पदार्थ को विषय करता है उसे नय माना गया है।

भट्टाकलंकदेव ने सिद्धिविनिश्चय (१०,१-२), लघीयस्त्रय (५२) और प्रमाणसंग्रह (८७) में ज्ञाता के अभिप्राय को नय कहा है। इसके पूर्व लघीयस्त्रय (३०) में वे प्रकारान्तर से यह भी कहते हैं कि प्रमाण के विषयभूत (ज्ञेय) वस्तु भेदाभेदात्मक—सामान्य-विशेषस्वरूप है उसके विषय में पुरुषों के जो अपेक्षा और उसके बिना सामान्य व विशेष विषयक अभिप्राय हुआ करते हैं उन्हें यथाक्रम से नय और दुर्नय कहा जाता है। इस कारिका की स्वो. वृत्ति में भी उन्होंने ज्ञाता के अभिप्राय को नय कहा है। इसी अभिप्राय को उन्होंने आगे भी इस लघीयस्त्रय की स्वो. वृत्ति (७१) में पुनः प्रगट किया है। उक्त लघीयस्त्रय की ६२वीं कारिका में उन्होंने श्रुत के दो उपयोग (व्यापार) बतलाये हैं—एक स्याद्वाद और दूसरा नय। इनमें स्याद्वाद को—अनेकान्तात्मक पदार्थ के कथन को—सकलादेश—सम्पूर्ण पदार्थ का कथन करने वाला—और नय को विकलसंकथा—वस्तु के एक देश का कथन करने वाला—कहा है। प्रकृत लघीयस्त्रय में आगे (६६) उन्होंने कहा है कि श्रुत के भेदभूत जो नय हैं वे नैगम-संग्रहादि के भेद से सात हैं। उनका मूल आधार द्रव्य व पर्याय है। इसका अभिप्राय यह है कि मूल में नय के दो भेद हैं—एक द्रव्यार्थिक नय और दूसरा पर्यायार्थिक नय। पूर्वनिर्दिष्ट नैगमादि सात में पूर्व के तीन द्रव्यार्थिक और अन्तिम चार पर्यायार्थिक नय के अन्तर्गत हैं। यह पूर्वोक्त

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

ज्ञाता के अभिप्रायस्वरूप नय के लक्षण का स्पष्टीकरण है। इन्हीं अकलंकदेव ने अपने तत्त्वार्थवार्तिक (१, ६, ३) में नय के लक्षण में कहा है कि जो अवयव को विषय करता है उसका नाम नय है। यह लघीयस्त्रय की ६२वीं कारिका में निर्दिष्ट 'विकलसंकथा' का ही स्पष्टीकरण है। यहीं पर आगे (१, ६, ६) उन्होंने सम्यक् एकान्त को नय का लक्षण कहा है। हेतुविशेष के सामर्थ्य की अपेक्षा रखकर जो प्रमाण के द्वारा प्ररूपित पदार्थ के एक देश का कथन किया करता है उसे सम्यक् एकान्त कहा जाता है। यहीं पर आगे (१, ३३, १) प्रकारान्तर से पुनः यह कहा गया है कि जो प्रमाण से प्रकाशित अस्तित्व-नास्तित्वादिरूप अनन्तधर्मात्मक जीवादि पदार्थों के विशेषों (पर्यायों) का निरूपण करने वाला है उसे नय कहा जाता है।

उत्तरा. चूर्णि (पृ. ६) और आव. निर्युक्ति की हरिभद्र विरचित वृत्ति (७६) में वस्तु की पर्यायों के अधिगम को नय का लक्षण निर्दिष्ट किया गया है। दोनों में प्रायः शब्दशः समानता है। अनुयो. की हरिभद्रविरचित वृत्ति (पृ. २७ व ६६) में अनन्तधर्मात्मक वस्तु के एक अंश के ग्रहण करने को नय कहा गया है। इसी वृत्ति में आगे (पृ, १०५) प्रकारान्तर से यह भी निर्दिष्ट किया गया है कि जो अनेक धर्मात्मक वस्तु को विवक्षित किसी एक धर्म से ले जाता है उसे नय कहते हैं।

धवला (पु. १, पृ. ८३ व पु. ६, पृ. १६४) में कहा गया है कि प्रमाण से परिगृहीत वस्तु के एक देश में जो वस्तु का निश्चय होता है उसे नय कहा जाता है। आगे इस धवला (पु. ६, पृ. १६२ व १६३) में लघीयस्त्रय की ५२वीं कारिका के अनुसार ज्ञाता के अभिप्राय को नय का लक्षण बतलाते हुए उसके स्पष्टीकरण में कहा गया है कि प्रमाण से परिगृहीत पदार्थ के एक देश में जो वस्तु का अध्यवसाय होता है, इसे नय जानना चाहिए। लघीय. की प्रकृत कारिकागत 'युक्तितोऽर्थपरिग्रहः' इसे हृदयंगम कर कहा गया है कि युक्ति का अर्थ प्रमाण है, इस प्रमाण से जो अर्थ का परिग्रह होता है—द्रव्य और पर्याय में से विवक्षा के अनुसार जो किसी एक का वस्तु के रूप में ग्रहण होता है उसे नय कहते हैं। यहीं पर आगे (पु. ६, पृ. १६५-६६) पूज्यपाद भट्टारक द्वारा निर्दिष्ट लक्षण को उद्धृत करते हुए यह कहा गया है कि प्रमाण से प्रकाशित अनेकधर्मात्मक पदार्थों के विशेषों (पर्यायों) की जो प्ररूपणा किया करता है उसे नय कहते हैं। इसे वीरसेनाचार्य ने धवला में जहां पूज्यपाद के अभिप्रायानुसार सामान्य नय का लक्षण बतलाया है वहीं उन्होंने उसे जयधवला (१, पृ. २१०) में तत्त्वार्थभाष्यगत (त. वा. १, ३३, १) वाक्यनय का लक्षण कहा है। त. वा. में उसकी उत्थानिका में उसे सामान्य नय का ही लक्षण निर्दिष्ट किया गया है—तत्र सामान्यनयलक्षणमुच्यते। इसी पु. ६ में आगे (पृ. १६६) प्रभाचन्द्र भट्टारक के द्वारा निर्दिष्ट 'प्रमाणव्यपाश्रय' इत्यादि वाक्य को उद्धृत करते हुए कहा गया है कि प्रमाण के आश्रय से होने वाले परिणामविकल्पों के—अभिप्रायविशेषों के—वशीभूत पदार्थगत विशेषों के निरूपण में जो प्रयोग अथवा प्रयोक्ता समर्थ होता है उसे नय समझना चाहिए। आगे (पृ. १६७) आ. पूज्यपाद विरचित सारसंग्रहगत 'अनन्तपर्यायात्मकस्य' इत्यादि वाक्य को उद्धृत करते हुए तदनुसार यह कहा गया है कि अनन्तपर्यायस्वरूप वस्तु की उन पर्यायों में से किसी एक पर्याय को ग्रहण करते समय उत्तम हेतु की अपेक्षा करके जो निर्दोष प्रयोग किया जाता है उसका नाम नय है। जयधवला (१, पृ. २१०) में पूर्वोक्त धवला (पु. ६, पृ. १६६-६७) के ही अभिप्राय को व्यक्त करते हुए जहां धवला में सारसंग्रहोक्त नय के उस लक्षण को विशेषरूप में वाक्यनय का लक्षण कहा गया है। इसी प्रसार प्रभाचन्द्र के द्वारा निर्दिष्ट पूर्वोक्त नय के लक्षण को धवला में जहां सामान्य से नय का लक्षण निर्दिष्ट किया गया है वहां जयधवला में उसे प्रभाचन्द्रीय वाक्यनय का लक्षण कहा गया है।

तत्त्वार्थश्लोकवार्तिक (१, ६, ४) और नयविवरण (४) में स्वार्थ के—प्रमाण के विषयभूत पदार्थ के—एक देश के निर्णय को नय का लक्षण प्रगट किया गया है। यहां आगे (१, ३३, २) नय के लक्षण में जो यह कहा गया है कि स्याद्वाद से विभक्त अर्थविशेष का जो व्यंजक होता है वह नय कहलाता है, यह शब्दशः आप्तमीमांसा १०६ का अनुसरण है। यहां आगे (१, ३३, ६ व नयवि. १८) यह

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

निर्देश किया गया है कि श्रुत के विषयभूत अर्थ के एक देश को जो ग्रहण किया करता है उसका नाम नय है। सम्भवतः इसी का अनुसरण करते हुए प्रमाणनयतत्त्वालोक (७-१) में यह कहा गया है कि जो श्रुत नामक प्रमाण के विषयभूत पदार्थ के अन्य अंशों की ओर से उदासीन होकर एक अंश को ले जाता है उस प्रतिपत्ता के अभिप्रायविशेष को नय कहते हैं। यह पूर्वोक्त त. श्लोकवार्तिक (१, ३३, ६) के उस संक्षिप्त लक्षण का ही स्पष्टीकरण दिखता है।

नयचक्र (२) और द्रव्यस्वभावप्रकाशनयचक्र (१७४) में कहा गया है कि वस्तु के अंश को ग्रहण करने वाला जो श्रुत का भेदभूत ज्ञानियों का विकल्प (अभिप्राय) है उसे नय कहा गया है। इसका अभिप्राय पूर्वोक्त त. श्लो. वा. (१, ३३, ६) में निर्दिष्ट लक्षण से भिन्न नहीं है। लगभग यही अभिप्राय आलापपद्धति (पृ. १४५) में निर्दिष्ट नय के लक्षण में देखा जाता है। विकल्परूप में यहां इतना विशेष कहा गया है कि अथवा जो वस्तु को नाना स्वभावों से पृथक् करके एक किसी विवक्षित स्वभाव में ले जाता है—प्राप्त कराता है उसे नय जानना चाहिए।

सूर्यप्रज्ञप्ति की मलयगिरि विरचित वृत्ति (१-७, पृ. ३६) में कहा गया गया है कि वक्ता का जो विशेष अभिप्राय वस्तु के प्रतिनियत एक अंश को विषय करता है उसका नाम नय है। इसकी पुष्टि में वहां **समन्तभद्रादि** के नाम निर्देशपूर्वक 'नयो ज्ञातुरभिप्रायः' (लघीय. ५२) इस वाक्य को उद्धृत किया गया है।

इस प्रकार विविध ग्रन्थकारों ने अपनी रुचि के अनुसार पूर्ववर्ती ग्रन्थों का अनुसरण कर प्रकृत नय के लक्षण को व्यक्त किया है। निष्कर्ष रूप में कुछ लक्षण इस प्रकार हैं—

१ समन्तभद्र—विधि-प्रतिषेध में मुख्य का नियामक।
,, स्याद्वाद से विभक्त अर्थ के विशेष का व्यंजक।
२. पूज्यपाद—अनेकान्तात्मक वस्तु में विना किसी विरोध के हेतु की प्रमुखता से साध्यविशेष
,, की यथार्थता प्रगट करने वाला प्रयोग।
,, अनन्तपर्यायात्मक वस्तु की अन्यतम पर्यायविषयक अधिगम के समय निर्दोष हेतु अपेक्षा निरवद्य प्रयोग (सारसंग्रह)।
,, प्रमाणप्रकाशित अर्थ के विशेष (नित्यानित्यत्वादि) का प्ररूपक।
३ तत्त्वार्थाधिगमभाष्यकार—प्रापक, कारक, साधक, निर्वर्तक, निर्भासक, उपलम्भक अथवा व्यंजक।
४ निर्युक्तिकार—ग्राह्याग्राह्य अर्थ के विषय में यत्नविषयक उपदेश।
५ उत्तरा. चूर्णिकार—वस्तु की पर्यायों में सम्भव पर्याय की अपेक्षा वस्तु का अधिगमन।
६ सिद्धसेन दिवाकर—एकदेशविशिष्ट अर्थ को विषय करने वाला।
७ अकलंकदेव—भेदाभेदात्मक ज्ञेय के विषय में भेदाभेदविषयक सापेक्ष अभिप्राय।
,, ज्ञाता का अभिप्राय।
,, अवयव को विषय करने वाला।
,, सम्यक् एकान्त।
,, प्रमाणप्ररूपित अर्थ की पर्यायों का प्ररूपक।
८ हरिभद्र सूरि—अनन्त पर्यायात्मक वस्तु के एक अंश का परिच्छेद।
,, अनेक धर्मात्मक ज्ञेय के अध्यवसायान्तर का हेतु।
९ वीरसेन—प्रमाणपरिगृहीत अर्थ के एक देश में वस्तु का अध्यवसाय।
१० विद्यानन्द—स्वार्थ के एकदेश का निर्णय।
,, श्रुतार्थांश का ज्ञापक।
११ स्वामिकुमार—लोकव्यवहार का प्रसाधक श्रुतज्ञान का विकल्प।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

१२ प्रभाचन्द—प्रतिपक्ष का निराकरण न करके वस्त्वंश का ग्राहक ज्ञाता का अभिप्राय ।

१३ मलयगिरि—विशेषाकांक्ष सामान्य का ग्राहक अथवा सामान्यापेक्ष विशेष का ग्राहक ।

(लघीयस्त्रयगत कारिका ३० का फलितार्थ) ।

इन नयलक्षणों में उत्तरोत्तर कुछ विकास हुआ प्रतीत होता है । अन्य ग्रन्थकारों के द्वारा निर्दिष्ट लक्षण इन्हीं लक्षणों में से किसी के आधार पर होना चाहिए ।

नाग्न्यपरीषहजय—सर्वार्थसिद्धि (९-९) और तत्त्वार्थवार्तिक (९, ९, १०) आदि में प्रार्थना की सम्भावना से रहित; याचना (दीनता), रक्षण व हिंसा आदि दोषों से विहीन तथा परिग्रह से रहित होने के कारण निर्वाणपद की प्राप्ति के प्रति अद्वितीय साधनभूत ऐसे बाधा से रहित बालक की नग्नता के समान स्वाभाविक नग्नवेष को धारण करने वाला साधु मानसिक विकार से युक्त हो जाने के कारण स्त्रियों के रूप को अपवित्र व घृणास्पद देखता हुआ दिन-रात अखण्डित ब्रह्मचर्य पर अधिष्ठित रहकर निर्दोष अचेलव्रत को जो धारण करता है उसे उसका नाग्न्यपरीषहजय कहा गया है ।

उत्तराध्ययन (२-१३) में इसके स्वरूप का विचार करते हुए कहा गया है कि तत्त्वज्ञानी साधु कभी अचेल (निर्वस्त्र) और कभी सचेल (सवस्त्र) होता है । पर निर्वस्त्र होने पर जो अनेक प्रकार की शैत्य आदि की उसे बाधा होती है उससे वह खेद को प्राप्त नहीं होता व उसे धर्म के लिए हितकर मानता है । यदि वह सवस्त्र है, पर वस्त्र अनुकूल नहीं है अथवा वह जीर्ण हो गया है तो उसके लिए याचना करते हुए वह दीनता को प्रगट नहीं करता । इस प्रकार से वह उपर्युक्त दोनों ही अवस्थाओं में खेदखिन्न नहीं होता । यह उसके नाग्न्यपरीषह या अचेलपरीषहजय का लक्षण है । आव. निर्युक्ति की हरिभद्र विरचित वृत्ति (९१८, पृ. ४०३) में परीषहों से सम्बद्ध श्लोकों को किसी पूर्वकालीन ग्रन्थ से उद्धृत कर प्रकृत परीषह के विषय में कहा गया है कि लाभ-अलाभ की विचित्रता को जानता हुआ साधु नग्नता से उपद्रवित होकर 'मेरा वस्त्र अशुभ या नहीं' इस विचार से उत्तम या निकृष्ट वस्त्र की इच्छा न करे । त. भा. की सिद्धसेन विरचित वृत्ति (९-९) में कहा गया है कि दिगम्बर या भौत आदि के समान उपकरणों से रहित होना ही नाग्न्यपरीषह नहीं है । तो फिर वह क्या है, इसके उत्तर में वहां कहा गया है कि प्रवचन में उसका जो विधान कहा गया है तदनुसार नग्नता को जानना चाहिए ।

इस नग्नता का पर्यायवाची शब्द अचेलकता है । प्रकृत लक्षणावली के प्रथम भाग की प्रस्तावना में (पृ. ७०-७१) आचारांग आदि के आश्रय से अचेलकता के विषय में विशेष विचार किया जा चुका है । विशेष जिज्ञासुओं को उसे वहां पर देखना चाहिए ।

निगोदजीव—धवला पु. ३ (पृ. ३५७) में निगोद जीवों के स्वरूप को दिखलाते हुए कहा गया है कि जिन अनन्तानन्त जीवों का साधारणरूप से एक ही शरीर होता है उन्हें निगोदजीव कहा जाता है । इसी धवला में आगे (पु. ७, पृ. ५०६) कहा गया है कि जो जीव निगोदों में अथवा निगोदभाव से जीते हैं वे निगोदजीव कहलाते हैं । यहीं पर आगे (पु १४, पृ. ८५ और पृ. ४९२) पुलवियों को निगोद कहा गया है । इसी पुस्तक में पृ. ८६ पर पुलवियों के स्वरूप को प्रगट करते हुए कहा गया है कि स्कन्ध, अण्डर, आवास, पुलविया और निगोदशरीर ये पांच होते हैं । यहां पृथक्-पृथक् पांचों के स्वरूप का भी निर्देश किया है । पूर्व में यहां (धवला पु. ३, पु. ३५७) में निगोद जीवों के स्वरूप को दिखलाते हुए उन अनन्तानन्त जीवों का एक ही साधारण शरीर निर्दिष्ट किया गया है । ऐसे साधारण शरीर वाले जीव नियम से वनस्पतिकायके अन्तर्गत हैं (षट्खं. ५, ६, १२०—पु. १४, पृ. २२५) । इन साधारण जीवों के लक्षण का निर्देश करते हुए कहा गया है कि साधारण जीव वे हैं जिनका आहार और आन-पानग्रहण साधारण है, अर्थात् एक जीव के द्वारा आहार ग्रहण करने पर सभी अनन्तानन्त जीवों का वह साधारण आहार होता है । यही प्रक्रिया उनके श्वासोच्छ्वास की भी जानना चाहिए (षट्खं. ५, ६, १२२—पु. १४, पृ. २२६) । जहां एक का मरण होता है वहां एक साथ अनन्त साधारण जीवों का मरण होता है, इसी प्रकार जहां एक उत्पन्न होता है वे वहां सभी एक साथ उत्पन्न होते

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

हैं। धवलाकार ने साधारण जीवों का लक्षण एक शरीर में निवास करने वाले निर्दिष्ट किया है (पु. १४, पृ. २२७)। एक ही शरीर में अवस्थित ये साधारण बादर व सूक्ष्म निगोदजीव एकमेक के साथ परस्पर में बद्ध और स्पृष्ट होते हैं। उदाहरण यहां मूली व थूहर आदि का दिया गया है। इन निगोद जीवों में ऐसे भी अनन्त (नित्यनिगोद) जीव हैं जिन्होंने संक्लेश की प्रचुरता के कारण कभी त्रस पर्याय को नहीं प्राप्त किया है (षट्खं. ५, ६, १२६-२७—पु. १४, पृ. २२६-३४ द्रष्टव्य हैं)।

जीवाजीवाभिगम की मलयगिरि विरचित वृत्ति (५, २, २३८, पृ. ४२३) में जीवों के आश्रय-विशेषों को निगोद कहा गया है।

गो. जीवकाण्ड की जीवतत्त्वप्रदीपिका टीका (१९१) और कार्तिकेयानुप्रेक्षा की टीका (१३१) में समानरूप से 'नियतां गां भूमिं क्षेत्रं निवासं अनन्तानन्तजीवानां ददातीति निगोदम्' इस प्रकार की निरुक्ति के साथ यह अभिप्राय प्रगट किया गया है कि जो अनन्तानन्त जीवों को नियमित निवास देता है उसका नाम निगोद है।

ये निगोदजीव दो प्रकार के माने गये हैं—नित्यनिगोदजीव और अनित्यनिगोदजीव। तत्त्वार्थ-वार्तिक २, ३२, २७) में योनिभेदों की प्ररूपणा के प्रसंग में इन दो प्रकार के निगोदजीवों के स्वरूप का निर्देश करते हुए कहा गया है कि जो जीव तीनों ही कालों में त्रस पर्याय प्राप्त करने के योग्य नहीं हैं उन्हें नित्यनिगोत और जो त्रस पर्याय को प्राप्त कर चुके हैं तथा आगे भी उसे प्राप्त करने वाले हैं उन्हें अनित्यनिगोत कहा जाता है। यहां 'निगोत' शब्द का उपयोग 'निगोद' के समानार्थक रूप में हुआ है। इसे प्राकृत 'णिगोद' का संस्कृत में रूपान्तर हुआ समझना चाहिये। इस निगोत शब्द का उपयोग अनगारधर्मामृत की स्वो. टीका (४-२२) में उद्धृत एक श्लोक में भी हुआ है।

धवला (पु. १४, पृ. २३६) में 'अनित्यनिगोत' के स्थान में 'चतुर्गतिनिगोद' शब्द का उपयोग हुआ है। वहां इनके स्वरूप का निर्देश करते हुए कहा गया है कि चतुर्गतिनिगोद जीव वे हैं जो देव, नारक, तिर्यंच और मनुष्यों में उत्पन्न होकर पुनः निगोदों में प्रविष्ट होकर रहते हैं तथा जो जीव सदा निगोदों में ही रहते हैं उन्हें नित्यनिगोदजीव जानना चाहिए। यही अभिप्राय अनगारधर्मामृत की स्वो. टीका (४-२२) में भी प्रगट किया गया है।

पूर्वोक्त षट्खण्डागम के जिस गाथासूत्र (५, ६, १२७) के अनुसार ऐसे अनन्त जीवों का उल्लेख किया गया है जिन्होंने कभी त्रस पर्याय को प्राप्त नहीं किया, उस गाथासूत्र को गो. जीवकाण्ड में (१९१) उसी रूप में आत्मसात् किया गया है'। उसकी जी. प्र. टीका में यह अभिप्राय प्रगट किया गया है कि प्रकृत गाथा में उपयुक्त 'प्रचुर' शब्द एकदेशाभाव से विशिष्ट समस्त अर्थ का वाचक है। अतः उसके आश्रय से यह सूचित किया गया है कि आठ समय अधिक छह मासों के भीतर चतुर्गतिरूप जीवराशि से निकल कर छह सौ आठ जीवों के मुक्त हो जाने पर उतने (६०८) ही जीव नित्यनिगोदभव को छोड़कर चतु-र्गतिभव को प्राप्त होते हैं। उपर्युक्त आठ समय अधिक छह मासों में छह सौ आठ जीवों के मुक्त (क्षपक-श्रेणिप्रायोग्य) होने का उल्लेख धवला (पु. ३, पृ. ९२-९३) में भी किया गया है।

निर्ग्रन्थ—नाग्न्यपरीषहजय के प्रसंग में निर्ग्रन्थता अपेक्षित है, यह पूर्व में स्पष्ट किया जा चुका है। प्रकृत में निर्ग्रन्थ की विशेषता को प्रगट करते हुए सूत्रकृतांग (१, १६, ४) में कहा गया है कि जो एक है, एकवित्—एक आत्मा को ही जानता है, प्रबुद्ध है, कर्मागम के स्रोतों (आस्रवों) को नष्ट कर चुका है, अतिशय संयत है, समितियों का दृढ़ता से पालन करता है, सुसामायिक—शत्रु-मित्रादि के विषय में समभाव रखता है, आत्मवाद को प्राप्त है, विज्ञ है, द्रव्य व भावरूप दोनों स्रोतों को नष्ट कर चुका है, पूजा-सत्कार की अपेक्षा नहीं करता है, धर्मार्थी है, धर्म का वेत्ता है और नियागप्रतिपन्न है—मोक्ष-मार्ग को प्राप्त है; उसे निर्ग्रन्थ कहा जाता है। ऐसा निर्ग्रन्थ इन्द्रियों व कषायों का दमन करके शरीर से निःस्पृह होता हुआ समित—समतास्वरूप आचरण करता है। इस प्रकार यहां बाह्य व अभ्यन्तर परिग्रह से रहित साधु की सामान्य से प्रशंसा की गई है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

तत्त्वार्थसूत्र (दि. ९-४६, श्वे. ९-४८) में इन पांच निर्ग्रन्थों का निर्देश किया गया है—पुलाक बकुश, कुशील, निर्ग्रन्थ और स्नातक। इनमें निर्ग्रन्थों के स्वरूप को दिखलाते हुए उसकी व्याख्यास्वरूप सर्वार्थसिद्धि, तत्त्वार्थवार्तिक व त. श्लोकवार्तिक तथा हरिवंशपुराण (६४-६३) आदि में कहा गया है कि जिनके कर्मों का उदय पानी में लकड़ी से खींची गई रेखा के समान अव्यक्त है तथा जिनके अन्तर्मुहूर्त में केवलज्ञान व केवलदर्शन प्रगट होने वाला है वे निर्ग्रन्थ कहलाते हैं। त. भाष्य में भी लगभग इसी प्रकार के अभिप्राय को व्यक्त करते हुए कहा गया है कि जो वीतराग होकर छद्मस्थ हैं, अर्थात् दोनों प्रकार के मोहनीयकर्म से रहित हो जाने पर भी जिनके अभी केवलज्ञान व केवलदर्शन प्रगट नहीं हुआ है, तथा जो ईर्यापथ को प्राप्त हो चुके हैं, उन्हें निर्ग्रन्थ कहा जाता है। यहां 'ईर्या' का अर्थ योग और 'पथ' का अर्थ संयम करके उसका यह अभिप्राय सूचित किया गया है कि वे योग व संयम को प्राप्त हो चुके हैं। आराधनासार (३३) के अनुसार शरीर बाह्य ग्रन्थ और इन्द्रियविषयों की अभिलाषा अभ्यन्तर ग्रन्थ है, इन दोनों का परित्याग हो जाने पर क्षपक परमार्थ से निर्ग्रन्थ होता है। तत्त्वसार (१०) के अनुसार जिसने मन, वचन व काय से बाह्य और अभ्यन्तर परिग्रह को छोड़ दिया है तथा जिनलिंग का आश्रय ले लिया है उस श्रमण को निर्ग्रन्थ कहा जाता है।

आवश्यकसूत्र की हरिभद्रविरचित वृत्ति (अ. ४, पृ. ७६०) और दशवैकालिक नि. की भी हरिभद्रविरचित वृत्ति (१५८) में भी कहा गया है कि जो बाह्य और अभ्यन्तर परिग्रह से रहित हो चुके हैं वे निर्ग्रन्थ कहलाते हैं। लगभग यही अभिप्राय त. भाष्य की सिद्धसेन विरचित वृत्ति (९-४८) में भी व्यक्त किया गया है। वहां ग्रन्थ शब्द से आठ प्रकार के कर्म के साथ मिथ्यात्व, अविरति, कषाय और दुष्प्रणिधान युक्त योग को ग्रहण किया गया है। यहीं पर आगे (९-४९) उपशान्तमोह और क्षीणमोह संयतों को निर्ग्रन्थ कहा गया है। प्रवचनसारोद्धार (७३१) में निर्ग्रन्थ, शाक्य, तापस, गैरुक और आजीव इन पांच को श्रमण कहा गया है। इनमें निर्ग्रन्थ मुनि उन्हें कहा गया है जो जिनशासन में ही सम्भव हैं।

निर्विचिकित्स—निर्विचिकित्सता और निर्विचिकित्सा ये दोनों शब्द भी प्रकृत निर्विचिकित्स के समानार्थक हैं। सम्यग्दर्शन के आठ अंगों में तीसरा अंग निर्विचिकित्सा है। इसकी प्रतिपक्षभूत विचिकित्सा यह उस सम्यग्दर्शन को मलिन करने वाला उसका एक अतिचार है। समयप्राभृत (२४९) में निर्विचिकित्स सम्यग्दृष्टि उसे कहा गया है जो सभी धर्मों में—सब ही वस्तु स्वभावों के विषय में—घृणा नहीं करता है। इस कारण उसके जुगुप्सा के आश्रय से होने वाला कर्मबन्ध नहीं होता। रत्नकरण्डक (१३) में निर्विचिकित्सता अंग के लक्षण का निर्देश करते हुए कहा गया है कि शरीर यद्यपि स्वभावतः अपवित्र है, फिर भी उसे (मनुष्य शरीर को) रत्नत्रय की प्राप्ति का कारण होने से पवित्र भी माना गया है। अतएव उससे घृणा न करके गुणों के आश्रय से जो प्रीति हुआ करती है, इसका नाम निर्विचिकित्सा अंग है, जो सम्यग्दर्शन का पोषक है। तत्त्वार्थवार्तिक (६, २४, १) और चरित्रासार (पृ. ३) में इस अंग के लक्षण का निर्देश करते हुए कहा गया है कि शरीर आदि के अशुचि स्वभाव को जानकर 'वह शुचि है' इस प्रकार के मिथ्या संकल्प को दूर करना, इसका नाम निर्विचिकित्सता है। अथवा, जिनागम में यदि यह घोर कष्ट देने वाला विधान न होता तो सब संगत था, इस प्रकार का विचार न आने देना, इसे निर्विचिकित्सता का लक्षण जानना चाहिये। पुरुषार्थसिद्ध्युपाय (२५) में प्रकृत निर्विचिकित्सता के विपरीत विचिकित्सा का निषेध करते हुए कहा गया है कि क्षुधा, तृषा, शीत और उष्ण आदि जो अनेक प्रकार के भाव हैं उनमें तथा विष्टा आदि द्रव्यों के विषय में घृणा नहीं करना चाहिये। इसका अभिप्राय यही हुआ कि क्षुधा-तृषादि के होने पर संक्लेश को प्राप्त न होना तथा मल-मूत्रादि घृणित समझे जाने वाले पदार्थों से घृणा न करना, यह उक्त निर्विचिकित्सता का लक्षण है। कार्तिकेयानुप्रेक्षा (४१७) व अमितगतिश्रावकाचार (३-७५) में दस प्रकार के धर्म के धारक तपस्वियों के स्वभावतः दुर्गन्धित व अपवित्र शरीर को देखकर उनके प्रति घृणा न करना, इसे निर्विचिकित्सा गुण—सम्यग्दर्शन का अंग—कहा गया है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पश्चात्कालीन ग्रन्थकारों ने प्रायः पूर्वोक्त रत्नकरण्डक, पु. सिद्धुपाय, कार्तिकेयानुप्रेक्षा अथवा अमितगतिश्रा. का अनुसरण किया है। समयप्राभृत में जो कुछ इस प्रसंग में कहा गया है वह आध्यात्मिक दृष्टि की प्रधानता से कहा गया है। त. वार्तिक में विकल्प रूप से उक्त निर्विचिकित्सता के लक्षण में जो यह कहा गया है कि इस अंग से युक्त सम्यग्दृष्टि यह विचार नहीं करता कि 'जिन शासन में यदि यह कष्टप्रद विधान न होता तो सब युक्तिसंगत था' उसका अनुसरण चारित्रसार (पृ.३), बृहद्द्रव्यसंग्रह टीका (४१) कार्तिकेयानुप्रेक्षा की टीका (३२६) में भी लगभग उन्हीं शब्दों में किया गया है,। अन्य कौन से दि. ग्रन्थों में विकल्प रूप से इस लक्षण का अनुसरण किया गया है, यह अन्वेषणीय है।

दशवैकालिक नि. (१८२) की हरिभद्र विरचित वृत्ति में तथा धर्मबिन्दु (२-११) की मुनिचन्द्र विरचित वृत्ति में समान शब्दों में 'विचिकित्सा' का अर्थ मतिभ्रम करते हुए यह निर्देश किया गया है कि जिसका वह मतिभ्रम निकल चुका है उसको निर्विचिकित्स कहा जाता है। दशवै. नि. के वृत्तिकार उक्त हरिभद्र सूरिने श्रावकप्रज्ञप्ति (८७) की टीका में भी 'विचिकित्सा' का अर्थ मतिभ्रम किया है व उसको स्पष्ट करते हुए यह कहा है कि युक्ति और आगम से संगत भी अर्थ के विषय में फल के प्रति यह सन्देह होता है कि बालुकणों के भक्षण के समान इन कनकावली आदि तपों के क्लेश जनक परिश्रम का मुझे कुछ फल प्राप्त होगा या नहीं, क्योंकि कृषकों की क्रियायें सफल और निष्फल दोनों ही प्रकार की देखी जाती हैं। इस प्रकार के सन्देह का नाम ही विचिकित्सा है। आगे इसका शंका से भेद दिखलाते हुए कहा गया है कि शंका जहां समस्त व असमस्त पदार्थों को विषय करने के कारण द्रव्य और गुण को बिषय करती है वहां यह विचिकित्सा केवल क्रिया को विषय करती है। वस्तुतस्तु मिथ्यात्वमोहनीय के उदय से होने वाले प्रायः ये सभी जीवपरिणामविशेष सम्यक्त्व के अतिचार कहे जाते हैं, अतः सूक्ष्म विचार नहीं करना चाहिये। पक्षान्तर में यहां यह भी कहा गया है—अथवा विचिकित्सा से विद्वज्जुगुप्सा को ग्रहण करना चाहिए। 'विद्वान्' से यहाँ उन साधुओं को ग्रहण किया गया है जो संसार के स्वभाव को जानकर समस्त परिग्रह से विरत हो चुके हैं, ऐसे विद्वानों की जो जुगुप्सा (निन्दा) की जाती है कि उनका शरीर स्नान न करने के कारण पसीना से मलिन व दुर्गन्धित रहता है, यदि वे प्रासुक जल से शरीर को धो लिया करें तो क्या दोष होगा ? सूत्रकृतांग की शीलांक विरचित वृत्ति (सू. २, ७, ६९) में भी अतिशय संक्षेप में विचिकित्सा के इसी अर्थ को निर्दिष्ट किया गया है। अन्यत्र भी यहां (सू. १०-३ की वृत्ति) प्रस्तुत विचिकित्सा को चित्तविप्लुति अथवा विद्वज्जुगुप्सा मात्र कहा गया है। योगशास्त्र के स्वो. विवरण (२-१७) में भी कुछ ही शब्दपरिवर्तन के साथ इसी अभिप्राय को व्यक्त किया गया है।

इस प्रकार समयप्राभृत में विचिकित्सा के अभाव स्वरूप निर्विचिकित्सा के लक्षण में जो यह कहा गया है कि निर्विचिकित्स सम्यग्दृष्टि वस्तु के अनिष्ट प्रतीत होने वाले किसी भी धर्म से घृणा नहीं करता वह अध्यात्म को लक्ष्य कर निश्चय नयकी प्रधानता से कहा गया है। त. वार्तिक आदि में शरीर आदि की स्वाभाविक अशुचिता को देखकर उसके विषय में शुचिता की मिथ्या कल्पना के परित्याग की प्रेरणा की गई है। आगे चलकर इस व्यापक लक्षण को कुछ संकुचित कर कार्तिकेयानुप्रेक्षा और अमितगतिश्रावकाचार में दस प्रकार के धर्म के धारक तपस्वियों के संस्कार विहीन अशुचि शरीर की निन्दा करने का निषेध किया गया है। बृहद्द्रव्यसंग्रह की टीका (४१) में प्रकृत निर्विचिकित्सा के दो भेदों का उल्लेख करते हुए रत्नत्रय के धारक भव्य जीवों के स्नानादि से रहित दुर्गन्धयुक्त शरीर से घृणा न करने को द्रव्य निर्विचिकित्सा गुण तथा 'जैन समय (आगम) में सब समीचीन है, किन्तु वहां वस्त्र के पहिरने व स्नान आदि का जो निषेध किया गया है वही दूषण है' इत्यादि मलिन विचार का विवेक बुद्धि के बल से परित्याग करना, इसे भाव-निर्विचिकित्सा गुण कहा गया है।

त. वा. आदिमें द्वितीय विकल्प के रूप में जैन शासनविषयक अस्थिरचित्तता का जो निषेध किया गया है लगभग वैसा ही अभिप्राय अनेक श्वे. ग्रन्थों—जैसे दशवैकालिकवृत्ति, श्रावकप्रज्ञप्तिकी टीका और सूत्रकृतांग की शीलांक वृत्ति आदि—में भी व्यक्त किया गया है (देखिये 'विचिकित्सा' शब्द)। विशेषता वहां यह है कि

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

दशवैकालिक वृत्ति आदि में मतिभ्रम या चित्तविप्लुतिको प्रथम विकल्प के रूप में निर्दिष्ट किया गया है और विद्वज्जुगुप्सा या साधुजुगुप्सा को द्वितीय विकल्प के रूप में निर्दिष्ट किया गया है। जैसा कि पूर्व में निर्देश किया जा चुका है आ. अमितगति और भट्टारक शुभचन्द्र (कार्ति. टीकाकार) ने भी निर्विचिकित्सा के प्रसंग में साधुजुगुप्सा का निषेध किया है। हरिभद्र सूरि ने तो विचिकित्साविषयक इन दोनों अभिप्रायों की पुष्टि में पृथक्-पृथक् दो कथानक भी दिये हैं (श्रा. प्र. टीका ९३)।

परिभोग—श्रावक के १२ व्रतों में एक भोगोपभोगपरिमाण या उपभोग-परिभोगपरिमाण व्रत भी है। तत्त्वार्थसूत्र (दि. ७-२१, श्वे. ७-१६) में इस व्रतका उल्लेख जहां उपभोग-परिभोगपरिमाण व्रत के नाम से किया गया है (श्वे. त. सू में 'उपभोग-परिभोगव्रत' के नाम से ही उसका निर्देश किया गया है) वहां रत्नकरण्डक (८२) में उसका निर्देश भोगोपभोगपरिमाण व्रत के नाम से किया गया है। तदनुसार भोग, उपभोग व परिभोग के लक्षण में भी भेद रहा है। यथा—त.सू. की व्याख्या स्वरूप सर्वार्थसिद्धि में अशन, पान, और गन्ध-माल्यादि को उपभोग तथा आच्छादन, प्रावरण, अलंकार, शयन, आसन, गृह और वाहन आदि को परिभोग कहा गया है। त. भाष्य में भी लगभग इसी अभिप्राय को प्रकट करते हुए अशन, पान खाद्य, स्वाद्य और गन्धमाल्य आदि के साथ आच्छादन, प्रावरण, अलंकार, शयन, आसन, गृह, यान और वाहन आदि में जो बहुत सावद्य से युक्त हैं उनके परित्याग को उपभोग-परिभोगव्रत कहा गया है। इसके साथ वहां यह सूचना की गई है कि उनमें जो अल्प सावद्य से युक्त हैं उनका परिमाण करना भी इस व्रत में अभिप्रेत है। यहां 'गन्धमाल्यादि' तथा 'वाहनादि' में जो 'च' शब्द के साथ पृथक् पृथक् षष्ठी बहुवचन का निर्देश किया गया है उससे यही प्रतीत होता है कि भाष्यकार को अशन-पान आदि भोगरूप से और आच्छादन-प्रावरण आदि परिभोग रूप से अभिप्रेत हैं। यहां स. सि. से यह विशेषता रही है कि स. सि. में उपभोग के लक्षण में जिन खाद्य व स्वाद्य शब्दों का निर्देश नहीं किया गया है वे यहाँ उसके अन्तर्गत उपलब्ध होते हैं। इसी प्रकार परिभोग के लक्षण में यहां स. सि. की अपेक्षा 'गृह' और 'वाहन' के मध्य में 'यान' शब्द अधिक पाया जाता है।

त. वा. (७, २१, ८) में 'उपेत्य भुज्यते इत्युपभोगः' इस निरुक्ति के साथ जिन अशन-पानादि को आत्मसात् करके भोगा जाता है उन्हें उपभोग तथा 'परित्यज्य भुज्यते इति परिभोगः' इस निरुक्ति के साथ जिन आच्छादन-प्रावरण आदि को एक बार भोगकर पुनः भोगा जाता है उन्हें परिभोग कहा गया है। श्रावकप्रज्ञप्ति (२८४) की टीका में भी उक्त दोनों शब्दों की इसी प्रकार से निरुक्ति करते हुए लगभग इसी अभिप्राय को व्यक्त किया गया है। त. वा. से यहां इतनी विशेषता है कि विकल्प रूप में यहां 'उप' शब्द को अन्तर्वचन मानकर तदनुसार विषय और विषयी में अभेदोपचार से अन्तर्भोगको उपभोग और 'परि' शब्द को बहिर्वाचक मानकर तदनुसार बहिर्भोगको परिभोग कहा गया है। इसके पूर्व इसी श्रा. प्र. (२६) टीका में भोगान्तराय और उपभोगान्तराय के प्रसंग में एक बार भोगे जाने वाले आहार आदि को भोग और पुनः पुनः भोगे जाने वाले भवन-वलय आदि को उपभोग कहा गया है। अपने इस अभिप्राय की पुष्टि में वहां "सइभुज्जइत्ति भोगो" आदि एक गाथा भी उद्धृत की गई है। इस प्रकार एक ही ग्रन्थ में यह अभिप्राय भेद देखा जाता है।

रत्नकरण्डक (८२-८३) आदि में जहां इस व्रत को भोगोपभोगपरिमाण व्रत के नाम से निर्दिष्ट किया गया है वहां एक ही बार भोगे जाने वाले आहार आदि को भोग और पुनः पुनः भोगे जानेवाले वस्त्रादि को उपभोग कहा गया है। इस प्रकार से यदि कहीं (स. सि. आदि) एक ही बार भोगे जाने वाले भोजन आदि को उपभोग और पुनः-पुनः भोगे जाने वाले आच्छादन व प्रावरण आदि को परिभोग के अन्तर्गत किया है तो अन्यत्र (रत्नक. आदि में) उन्हें क्रम से भोग और उपभोग के अन्तर्गत किया गया है।

प्रकृत उपभोग-परिभोगपरिमाण व्रत के प्रसंग में श्वे. सम्प्रदाय के श्रावकाचारविषयक ग्रन्थों में—जैसे उवासगदसाओ (५१) और श्रावकप्रज्ञप्ति (२८५ व २८७-८८) आदि में—एक यह विशेषता देखी जाती है कि वहां इस व्रत के भोजन व कर्म की अपेक्षा दो भेद निर्दिष्ट किये गये हैं। उनमें कर्म की अपेक्षा

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

इस व्रत में अंगार, वन, शकट, भाटक, स्फोटन तथा दांत, लाख, रस, केश और विष विषयक व्यापार; यंत्र-पीडन, निर्लांछन, दवदान, तालाब-ह्रद-तडाग का शोषण और असतीपोष इन पन्द्रह सावद्य कर्मों को निषिद्ध प्रगट किया गया है।

दि. सम्प्रदाय के श्रावकाचारविषयक ग्रन्थों में इनका उल्लेख किया गया नहीं दिखता। हां, पं. आशाधर विरचित सागारधर्मामृत (५, २१-२३) में इनका निर्देश तो किया गया है, पर वह पूर्वोक्त मान्यता के निराकरण के रूप में किया गया है। पं. आशाधर का कहना है कि ऐसे सावद्य कर्म निषिद्ध तो हैं, पर जब वे अगणित हैं तब वैसी अवस्था में पूर्वोक्त पन्द्रह कर्मों का ही परित्याग कराना उचित प्रतीत नहीं होता। अथवा, अतिशय मन्दमतियों को लक्ष्य करके यदि उनका परित्याग कराया जाता है तो वह अनुचित भी नहीं है। यहां यह स्मरणीय है कि श्रावकप्रज्ञप्ति की टीका में हरिभद्र सूरि ने भी इसी प्रकार के अभिप्राय को प्रगट करते हुए यह कहा है कि इन बहुसावद्य कर्मों का यहां प्रदर्शन मात्र किया गया है, क्योंकि इनके अतिरिक्त अन्य भी कितने ही ऐसे सावद्य कर्म हो सकते हैं जिनकी गणना नहीं की जा सकती है। अतएव उनकी यहां गणना की गई नहीं समझना चाहिये।

इसी प्रकार प्रकृत व्रत के अतिचारों के विषय में भी मतभेद देखा जाता है। यथा—त. सू. (दि. ७-३५ और श्वे. ७-३०) में उक्त व्रत के ये पांच अतिचार निर्दिष्ट किये गये हैं—सचित्ताहार, सचित्तसंबद्धाहार, सचित्तमिश्राहार, अभिषवाहार और दुष्पक्वाहार। किन्तु रत्नकरण्डक (९०) में विषयरूप विष की उपेक्षा न करना, विषयों का पुनः पुनः स्मरण करना, उनके सेवन में अतिशय लोलुपता, उनके सेवन की अतिशय आकांक्षा और अतिशय आसक्ति के साथ उनका उपभोग; ये पांच अतिचार निर्दिष्ट किये गये हैं। श्रा. प्र. (२८६) में उसके जो अतिचार निर्दिष्ट किये गये हैं उनमें तीन अतिचार तो त. सू. के समान हैं, पर दो में कुछ उससे भिन्नता है। यथा—सचित्ताहार, सचित्तप्रतिबद्धाहार, अपक्वभक्षण, दुष्पक्वभक्षण और तुच्छौषधिभक्षण। पं. आशाधर ने अपने सा. ध. (५-२०) में त. सू. के समान उसके अतिचारों का निर्देश करके स्वो. टीका में 'अत्राह स्वामी' ऐसा कहते हुए रत्नक. में निर्दिष्ट पूर्वोक्त अतिचारों का भी निर्देश कर दिया है व उनकी व्याख्या भी की है। यहीं पर उन्होंने 'तद्वच्चेमेऽपि श्रीसोमदेवविबुधाभिमताः' ऐसी सूचना करके प्रकृतव्रतातिचारविषयक उपासकाध्ययन के श्लोक (७६३) को भी उद्धृत कर दिया है। तदनुसार वे अतिचार ये हैं—दुष्पक्वभक्षण, निषिद्धभक्षण, जन्तुसम्बद्धभक्षण, जन्तुसम्मिश्रभक्षण और अवीक्षितभक्षण। इस प्रकार उक्त व्रत के जो भी अतिचार निर्दिष्ट किये गये हैं वे सब भोजन से ही सम्बद्ध हैं, कर्म से सम्बन्धित अतिचारों का कहीं कोई निर्देश नहीं किया गया। यह व्रत बहुत व्यापक है। यही कारण है जो रत्नक. (८४-८९) में त्रसघात के परिहार के लिये इस व्रत में मद्य-मांस आदि कितने ही अन्य विषयों का भी नियम कराया गया है।

पादपोपगमन—आगम में त्यक्त शरीर के प्रायोपगमन, इंगिनीमरण और भक्तप्रत्याख्यान ये तीन भेद निर्दिष्ट किये गये हैं। प्राकृत में प्रायोपगमन के वाचक पाओवगमण, पाओवगमन और पाउग्गमण ये शब्द उपलब्ध होते हैं। इनके संस्कृत रूप भी अनेक हुए हैं। जैसे—पादपोपगमन, पादोपगमन, प्रायोगमन, प्रायोग्यगमन और प्रायोपगमन। शब्दभेद होने से कुछ अर्थभेद भी हुआ है, पर अभिप्राय प्रायः सबका समान ही रहा है। यथा—

पण्डित मरण के प्रसंग में भगवती आराधना (२०६८-६९) में कहा गया है कि क्षपक (आराधक) शरीर से निर्ममत्व होकर उसे जहां जिस प्रकार से रखता है जीवन पर्यन्त वह उसे स्वयं नहीं चलाता है—हलन-चलन क्रिया से रहित उसी प्रकार से उसे स्थिर रखता है। इस प्रकार निष्प्रतिकर्म—स्व-परप्रतीकार से रहित—मरण को प्रायोपगमन मरण कहा जाता है। इसी भ. आ. की विजयोदया और मूलाराधना-दर्पण टीकाओं (२९) में इसके स्वरूप को दिखलाते हुए कहा गया है कि संघ को छोड़कर अपने पावों से अन्यत्र चले जाने पर आराधक का जो अपनी व अन्य की वैयावृत्ति से रहित मरण होता है उसे पादोपगमन मरण कहते हैं। यह उसकी सार्थक संज्ञा है। प्रकारान्तर से वहां यह भी संकेत किया गया है—अथवा

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

'पाउग्गगमण मरण' ऐसा पाठ है। तदनुसार 'प्रायोग्य' शब्द से संसार का अन्त करने योग्य संहनन और संस्थान को ग्रहण किया गया है तथा 'गमन' का अर्थ प्राप्ति है, इस प्रकार के संहनन और संस्थान की प्राप्ति के आश्रय से जो मरण होता है वह प्रायोग्य मरण कहलाता है। यह भी उसकी सार्थक संज्ञा है। मूलाराधनादर्पण में इतना विशेष कहा गया है कि इसे 'प्रायोगमन' भी कहा जाता है। तदनुसार वहां 'प्राय' शब्द से संन्यास युक्त अनशन को ग्रहण किया गया है। प्रकृत मरण चूंकि संन्यास युक्त अनशन की प्राप्ति होने पर सिद्ध किया जाता है, इसीलिए उसे 'प्रायोगमन' कहा गया है। यह नाम भी उसका सार्थक है।

पुलाक—तत्त्वार्थसूत्र (दि. ९-४६, श्वे. ९-४८) में जिन पांच निर्ग्रन्थों का निर्देश किया गया है उनमें पुलाक प्रथम हैं। उसके स्वरूप का निर्देश करते हुए स. सि. और त. वा. (९, ४६, १) आदि में कहा गया है कि जिन निर्ग्रन्थ मुनियों का मन उत्तरगुणों की भावनाओं से दूर रहता है तथा जो कहीं व कभी व्रतों की परिपूर्णता से भी रहित होते हैं उन्हें पुलाक निर्ग्रन्थ कहा जाता है। पुलाक नाम तुच्छ धान्य का है। ये निर्ग्रन्थ चूंकि शुद्धि से रहित होते हुए उस तुच्छ धान्य के समान होते हैं, इसीलिए उनका उल्लेख 'पुलाक' नाम से किया गया है। त. भाष्य (९-४८) में पुलाक उन निर्ग्रन्थों को कहा गया है जो जिनप्रणीत आगम से निरन्तर विचलित नहीं होते। इसी भाष्य में आगे (९-४९) प्रतिसेवना के प्रसंग में यह भी कहा गया है कि जो दूसरे के अभियोग (आक्षेप या कहने) से अथवा दबाव से पांच मूलगुणों और छठे रात्रि-भोजनव्रत इनमें से किसी एक का सेवन करता है उसे पुलाक कहते हैं। यहां मतान्तर को प्रगट करते हुए यह भी कहा गया है कि किन्हीं आचार्यों के अभिमतानुसार पुलाक नाम उसका है जो मैथुन का प्रतिसेवन करता है। इस भाष्य की सिद्ध. वृत्ति (९-४९) में भाष्योक्त इस लक्षण को स्पष्ट करते हुए कहा गया है कि 'सम्यग्दर्शनपूर्वक होने वाले ज्ञान और चारित्र मोक्ष के हेतु हैं' इस प्रकार के आगम से जो कभी भ्रष्ट न होकर—उसपर दृढ़ रहते हुए—ज्ञान के अनुसार क्रिया का अनुष्ठान करते हैं, साथ ही जो तप और श्रुत के आश्रय से उत्पन्न हुई लब्धि (ऋद्धि) को उपजीवित रखते हुए—उसमें अनुरक्त रहकर—सकल संयम (महाव्रत) के गलने से अपने आपको तन्दुल कणों से शून्य धान्य के समान निःसार करते हैं उन्हें पुलाक कहा जाता है। कारण यह कि ज्ञान, दर्शन और चारित्र ये सारभूत हैं, उनके विनाश से ही उक्त पुलाक निर्ग्रन्थों को निःसार कहा गया है। लगभग यही अभिप्राय प्रवचनसारोद्धार की वृत्ति (७२३) में भी प्रगट किया गया है।

प्रवचनवत्सलत्व—सर्वार्थसिद्धि (६-२४) और तत्त्वार्थवार्तिक (६, २४, १३) आदि में इसके लक्षण में यह कहा गया है कि जिस प्रकार गाय अपने बछड़े से स्नेह करती है उसी प्रकार से साधर्मी जन के साथ जो स्नेह किया जाता है उसका नाम प्रवचनवत्सलत्व है। त. भा. (६-२३) में उसके स्वरूप को दिखलाते हुए कहा गया है कि जो जिनशासन में विहित अनुष्ठान के करने वाले व श्रुत के पारंगत हैं उनका तथा बाल, वृद्ध, तपस्वी, शैक्ष और ग्लान आदिकों का संग्रह, उपग्रह और अनुग्रह करना; यह प्रवचनवत्सलत्व का लक्षण है। स. सि. की अपेक्षा इस भाष्य में 'सधर्मा' को उक्त प्रकार से स्पष्ट किया गया है। धवला (पु. ८, पृ. ९०) व चारित्रसार (पृ. ३६) में समान रूप से कहा गया है कि प्रवचन तथा देशव्रती, महाव्रती और सम्यग्दृष्टि इनके विषय में जो अनुराग, आकांक्षा एवं ममेदंभाव होता है उसका नाम प्रवचनवत्सलता है।

बकुश—पांच प्रकार के निर्ग्रन्थ मुनियों में बकुश दूसरे हैं। सर्वार्थसिद्धि में उनके लक्षण का निर्देश करते हुए कहा गया है कि जो निर्ग्रन्थता के प्रति स्थित [प्रस्थित] हैं—उसपर आरूढ़ हैं—व अखण्डित (निरतिचार) व्रतों का पालन करते हैं, पर जो शरीर और उपकरणों (पीछी. व कमण्डलु) की विभूषा की अपेक्षा रखते हैं तथा जिनका परिवार से मोह नहीं छूटा है; ऐसे मोह की विचित्रता से युक्त निर्ग्रन्थ बकुश कहलाते हैं। 'बकुश' शब्द का अर्थ विचित्र है। उनका यह लक्षण कुछ विशेषता के साथ तत्त्वार्थभाष्य (९-४८) और तत्त्वार्थवार्तिक (९, ४६, २) इन दोनों में प्रायः शब्दशः समान पाया जाता है। वहां कहा गया है की जो निर्ग्रन्थता के प्रति प्रस्थित हैं—प्रस्थान कर चुके हैं (उसपर आरूढ़ है), शरीर और उपकरणों की विभूषा (संस्कार या स्वच्छता) की अपेक्षा करते हैं, ऋद्धि व यश के अभिलाषी हैं, सात गौरव के आश्रित हैं, परिवार

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

के मोह से रहित नहीं हुए हैं, तथा छेद (प्रायश्चित्तविशेष) की विचित्रता से संयुक्त होते हैं; उन्हें वकुश कहा जाता है। स. सि. की अपेक्षा इनदोनों में 'ऋद्धि-यशस्कामाः, सातगौरवाश्रिताः, छेदशबलयुक्ताः' (स. सि. में 'मोहशबलयुक्ताः' ऐसा विशेषण है) ये विशेषण अधिक हैं। त. वा. में 'अखण्डितव्रताः' यह पद भी स. सि. के समान है, पर वह त. भाष्य में नहीं है। प्रकृत लक्षण के प्रसंग में स. सि. में 'नैर्ग्रन्थ्यं प्रति स्थिताः' त. भा. में 'नैर्ग्रन्थ्यं प्रति प्रस्थिताः' और त. वा. में 'नैर्ग्रन्थ्यं प्रस्थिताः' ऐसा पाठभेद पाया जाता है। इनमें त. भा. का पाठ अधिक संगत दिखता है। सम्भवतः प्रतिलेखकों के आश्रय से यह पाठभेद हुआ है।

ब्रह्मचर्यअणुव्रत—श्रावक के पांच अणुव्रतों में यह चौथा है। इसके स्वरूप का निर्देश करते हुए चारित्रप्राभृत (२३) में कहा गया है कि परसे प्रेमका परिहार करना—उससे निवृत्त होना—इसका नाम ब्रह्मचर्य अणुव्रत है। रत्नकरण्डक (३-१३)के अनुसार जो पाप के भय से—न कि राजदण्डादि के भय से—न तो स्वयं परस्त्री के साथ समागम करता है और न उसके लिए दूसरे को प्रेरित करता है, इसे परदार-निवृत्ति कहा जाता है। दूसरे नाम से इसे वहां स्वदार सन्तोष भी कहा गया है। सर्वार्थसिद्धि (७-२०) के अनुसार जिसका अनुराग उपात्त और अनुपात्त अन्य स्त्री के संग से हट चुका है ऐसा गृहस्थ प्रकृत अणुव्रत का धारक होता है। लगभग यही अभिप्राय प्रायः उन्हीं शब्दों में त. वार्तिक (७, २०, ४), त. श्लोकवार्तिक और चरित्रसार (पृ. ६) में भी प्रगट किया गया है।

श्रावकप्रज्ञप्ति (२७०) और पंचाशक प्रकरण (१-१५) में पर-स्त्री के परित्याग और स्वदार-सन्तोषको चतुर्थ (ब्रह्मचर्य)अणुव्रत का लक्षण निर्दिष्ट किया गया है। यहां औदारिक और वैक्रियिक के भेद से पर-स्त्री को दो प्रकार कहा गया है। श्रा. प्र. की प्रकृत टीका में वैक्रियिक से विद्याधरी आदि को ग्रहण किया गया है।

पुरुषार्थसिद्ध्युपाय (१०७-१०) में अब्रह्म के स्वरूप को दिखलाकर उसे हिंसा का कारण बतलाते हुए यह कहा गया है कि जो मोह के वश अपनी स्त्री मात्र को नहीं छोड़ सकते हैं उन्हें भी अन्य सभी स्त्रियों का सेवन नहीं करना चाहिए। कार्तिकेयानुप्रेक्षा (३३७-३८) में कहा गया है कि जो अशुचिस्वरूप व दुर्गन्धित स्त्री के शरीर की ओर से विरक्त होता हुआ उसके रूप-लावण्य को भी मन के मोहित करने का कारण मानता है तथा जो मन, वचन व काय से परस्त्री को माता, बहिन और पुत्री के समान मानता है वह स्थूल ब्रह्मचारी—ब्रह्मचर्य अणुव्रत का धारक—होता है। यही अभिप्राय सुभाषितरत्नसन्दोह (७७८) में भी प्रगट किया गया है।

योगशास्त्र (२-७६) में प्रकृत अणुव्रत के लक्षण का निर्देश करते हुए यह कहा गया है कि ब्रह्मचर्याणुव्रती गृहस्थ को अब्रह्म के फलभूत नपुंसकता और इन्द्रियछेद को देखकर स्व-स्त्री में सन्तुष्ट रहते हुए अन्य स्त्रियों का परित्याग करना चाहिये। इसके स्वो. विवरण में विशेष रूप से यह निर्देश किया गया है कि अपनी धर्मपत्नी में सन्तुष्ट रहना, गृहस्थ का यह एक ब्रह्मचर्य है तथा अन्य से सम्बन्धित स्त्रियों का छोड़ना, यह उसका दूसरा ब्रह्मचर्य है।

सागारधर्मामृत (४, ५१-५२) में स्वदारसन्तोष अणुव्रत (ब्रह्मचर्याणुव्रत) के प्रसंग में रत्नकरण्डक का अनुसरण करते हुए कहा गया है कि स्वदारसन्तोषी वह गृहस्थ होता है जो पाप के भय से—न कि राजदण्डादि के भय से—अन्य स्त्रियों और प्रगट स्त्रियों के साथ न तो स्वयं समागम करता है और न दूसरों को कराता है। इसकी स्वो. टीका में अन्य स्त्री और प्रगट स्त्री का स्पष्टीकरण करते हुए कहा गया है कि अन्य स्त्री से अभिप्राय उन परस्त्रियों से है जो चाहे परिगृहीत हों और चाहे अपरिगृहीत हों। इनमें परिगृहीत स्त्रियां वे हैं जो स्वामी से सनाथ है। स्वेच्छाचारिणी, जिसका पति प्रवास में है अथवा अनाथ कुलांगना इनको अपरिगृहीत माना जाता है। भविष्य में पति से सम्बद्ध होने के कारण अथवा पिता आदि के अधीन होने के कारण कन्या को भी सनाथ माना जाता है—उसे अनाथ नहीं माना जा सकता।

यहां आ. कुन्दकुन्द ने प्रकृत ब्रह्मचर्याणुव्रत के प्रसंग में जो संक्षेप से 'परिहारो परपिम्मे' इतना मात्र कहा है उसमें उनका यही अभिप्राय रहा दिखता है कि परस्त्रीविषयक प्रेम को छोड़ना, यह ब्रह्मचर्य

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अणुव्रत का लक्षण है। रत्नकरण्डककार को इस अणुव्रत में कृत व कारित रूप में पर स्त्री संसर्ग का परित्याग अभीष्ट रहा है। वह राजदण्डादिके भय से न होकर पाप के भय से होना चाहिये। इसका उन्होंने दूसरा नाम स्वदारसन्तोष भी दिया है। कारण यह कि स्वदारसन्तोष होने के बिना परदारपरित्याग सम्भव नहीं है। सर्वार्थसिद्धिकार ने अन्य स्त्री को स्पष्ट करते हुए उसे उपात्त और अनुपात्त विशेषणों से विशिष्ट किया है। उपात्त-अनुपात्त से उनका क्या अभिप्राय रहा है, यह प्रकृत में स्पष्ट नहीं है। फिर भी आगे उसके अतिचारों के प्रसंग (७-२८) में सूत्रनिर्दिष्ट इत्वरिका के परिगृहीत व अपरिगृहीत विशेषण दृष्टिगोचर होते हैं। सम्भव है सर्वार्थसिद्धिकारका अभिप्राय उपात्त से परिगृहीत और अनुपात्त से अपरिगृहीत अन्य स्त्री का रहा हो। यहां परिगृहीत और अपरिगृहीत को स्पष्ट करते हुए स. सि. में परिगृहीत उस स्त्री को कहा गया है जिसका एक पुरुष भर्ता (पति) है। स्वामिविहीन वेश्या अथवा दुष्चरित्र होने से स्वभावतः पर पुरुष से समागम करने वाली स्त्री का निर्देश यहां अपरिगृहीता के रूप में किया गया है। सर्वार्थसिद्धिकारका 'अन्य स्त्री' से अभिप्राय विधिपूर्वक परिणीत अपनी पत्नी से भिन्न स्त्री मात्र का रहा है, ऐसा प्रतीत होता है; उससे उनका अभिप्राय 'अन्य की स्त्री' नहीं रहा।

जैसा कि ऊपर कहा जा चुका है हरिभद्र सूरि ने परस्त्री के दो भेद निर्दिष्ट किये हैं—औदारिक और वैक्रियिक। औदारिक से उन्होंने मनुष्यनी व तिर्यंचनी तथा वैक्रियिक से विद्याधरी आदि को ग्रहण किया है। हरिभद्र के पूर्व इन भेदों का उल्लेख कहां व किसके द्वारा किया गया है, यह अन्वेषणीय है। इसके अतिरिक्त हरिभद्र सूरिने इत्वरपरिगृहीतागमन और अपरिगृहीतागमन इनको प्रकृत व्रत का अतिचार माना है। इनमें इत्वरपरिगृहीतागमन को स्पष्ट करते हुए उन्होंने अपनी टीका में कहा है कि जिस वेश्या को भाड़ा देकर कुछ काल के लिए अपने वश कर लिया है उसका सेवन करने पर व्रत भंग न होकर इत्वरपरिगृहीतागमन नाम का अतिचार ही होता है। जिस वेश्या ने किसी दूसरे से भाड़ा नहीं ग्रहण किया है उसको तथा स्वामिविहीन कुलांगना को उन्होंने अपरिगृहीता माना है। इनके साथ समागम करने पर भी उक्त व्रत का अतिचार ही होता है। प्रकृत व्रत को हरिभद्र सूरिने परदारपरित्याग और स्वदारसन्तोष के भेद से दो प्रकार का निर्दिष्ट किया है। तदनुसार इस चतुर्थ अणुव्रत का धारी गृहस्थ इस व्रत को विकल्प के रूप में स्वीकार करता है—वह या तो परस्त्री का ही त्याग करता है या फिर केवल स्वदारसन्तोष को ही स्वीकार करता है। यही कारण है जो उन्होंने आगे प्रकृत व्रत के पांच अतिचारों के प्रसंग (२७३) में उपर्युक्त इत्वरपरिगृहीतागमन अतिचार को स्वदारसन्तोषी के लिए और अपरिगृहीतागमन अतिचार को परदारपरित्यागी के लिये निर्दिष्ट किया है। इन अतिचारों के सम्बन्ध में लगभग इसी अभिप्राय को विशेष विशदीकरण के साथ हेमचन्द्र सूरिने अपने योगशास्त्र के स्वो. विवरण (३-९४) में तथा पं. आशाधर ने अपने सा. ध. की स्वो. टीका (४-५८) में भी व्यक्त किया है।

भोगोपभोगपरिमाणव्रत—देखिये पीछे पृ. १८-२० 'परिभोग' शब्द।

यथाप्रवृत्तकरण—इसके अथाप्रवृत्तकरण और अधःप्रवृत्तकरण ये अन्य पर्यायनाम भी उपलब्ध होते हैं। प्रथम सम्यक्त्वकी प्राप्ति के प्रसंग में षट्खण्डागम (१, ९-८, ३-४, पु. ६, पृ. २०३ ब २०६) में कहा गया है कि जीव जब कर्मों की अन्तःकोड़ाकोड़ि प्रमाण स्थिति को बांधता है तब वह उस प्रथम सम्यक्त्व को प्राप्त करता है—उसकी प्राप्ति के योग्य होता है। यह सम्यक्त्व को प्राप्त करने वाला जीव कैसा होना चाहिये, इसे स्पष्ट करते हुए वहां यह कहा गया है कि वह पंचेन्द्रिय, संज्ञी, मिथ्यादृष्टि, पर्याप्तक और सर्वविशुद्ध—अधःप्रवृत्तकरण, अपूर्वकरण और अनिवृत्तिकरण रूप तीन प्रकार की विशुद्धियों से परिणत—होना चाहिए। षट्खण्डागमगत इस अभिप्राय को सर्वार्थसिद्धि (२-३) और तत्त्वार्थवार्तिक (२, ३, २) में भी प्रायः वैसे ही शब्दों द्वारा व्यक्त किया गया है। त. वा. (९, १, ११) में 'सर्वविशुद्ध' पद के स्पष्टीकरण में जिन तीन प्रकार की विशुद्धियों का उल्लेख किया गया है उनमें प्रकृत अथाप्रवृत्त (अधःप्रवृत्त) करण प्रथम है। वहां सामान्य से अथाप्रवृत्त, अपूर्वकरण और अनिवृत्तिकरण इन तीनों करणों को समस्त ही कर्म

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

प्रकृतियों की स्थिति को हीन करने वाले तथा अशुभ प्रकृतियों के अनुभागबन्ध को हीन और शुभ प्रकृतियों के अनुभागबन्ध को वृद्धिगत करनेवाले कहा गया है। वहां यह स्पष्ट किया गया है कि प्रथम सम्यक्त्व के अभिमुख हुआ जीव कर्मों को अन्तःकोड़ाकोड़ि प्रमाण स्थिति से युक्त करके कालादिलब्धि को प्राप्त होता हुआ अथाप्रवृत्तकरण के प्रथम समय में प्रविष्ट होता है। यह करण चूंकि पूर्व में कभी प्रवृत्त नहीं हुआ, इसीलिए इसका 'अथाप्रवृत्त' यह सार्थक नाम है। इस अथाप्रवृत्तकरण के अन्तिम समय तक नाना जीवों के अधस्तन व उपरिम परिणाम सम भी होते हैं और विषम भी। इन असंख्यात लोक प्रमाण परिणामों के समुदाय का नाम अथाप्रवृत्त है। लगभग इसी अभिप्राय को अमितगति विरचित पंचसंग्रह (पृ. ३०) में भी प्रगट किया गया है। इतनी यहां विशेषता है कि विकल्प के रूप में उसके 'अधःप्रवृत्तकरण' इस नामान्तर का भी निर्देश किया गया है। इस करण में चूंकि उपरितन जीवों के परिणाम अधस्तन समयवर्ती जीवों के परिणामों से समान प्रवृत्त होते हैं, इस प्रकार से उसकी उक्त संज्ञा की भी यहां सार्थकता दिखलायी गई है।

धवला (पु. ६, पृ. २१७) के अनुसार उत्तरोत्तर अनन्तगुणित अधःप्रवृत्त रूप विशुद्धियों का नाम अधःप्रवृत्तकरण है। इस करण में चूंकि ऊपर के परिणाम नीचे के परिणामों में प्रवृत्त होते हैं, अतएव यह उनका सार्थक नाम है। इन परिणामों का उल्लेख 'करण' नाम से क्यों किया गया, इसे स्पष्ट करते हुए यह कहा गया है कि इन परिणामों में तलवार व वसूला आदि के समान करण का लक्षण (साधकतमत्व) पाया जाता है, इसीसे उन्हें करण कहा गया है। पूर्वोक्त पंचसंग्रह में विकल्प रूप में 'अधःप्रवृत्तकरण' इस नाम का भी जो निर्देश किया गया है उसे प्रकृत धवला का अनुसरण समझना चाहिये। सामान्य से इसी प्रकार का अभिप्राय जो गो. जीवकाण्ड (४८) और लब्धिसार (३५) में प्रगट किया गया है वह भी धवला का अनुसरण है।

सम्यक्त्वकी प्राप्ति के प्रसंग में विशेषावश्यक भाष्य में कहा गया है कि आयु को छोड़कर शेष सात कर्मों की उत्कृष्ट अथवा जघन्य स्थिति के होने पर सम्यक्त्व, श्रुत, देशव्रत और सर्वव्रत इन चार सामायिकों में से कोई भी नहीं प्राप्त होता। उन कर्मो की स्थिति जब अन्तःकोड़ाकोड़ि प्रमाण होकर उसमें भी पल्योपम के असंख्यातवें भाग से हीन हो जाती है तब कहीं उसकी प्राप्ति सम्भव है। कर्मों की इस स्थिति तक घन राग-द्वेष परिणाम स्वरूप ग्रन्थि अभिन्न ही रहती है। उसका भेदन जब अपूर्वकरण परिणाम के द्वारा कर दिया जाता है तब कहीं उक्त सम्यक्त्व आदि का लाभ हो सकता है। अथाप्रवृत्त, अपूर्व और अनिवृत्ति के भेद से करण तीन प्रकार का है। इनमें अथाप्रवृत्तकरण भव्य और अभव्य दोनों के सम्भव है, किन्तु अपूर्वकरण और अनिवृत्तिकरण ये दोनों भव्य के ही सम्भव हैं, अभव्य के नहीं। प्रथम अथाप्रवृत्तकरण अनादि काल से रहकर उक्त ग्रन्थिस्थान तक रहता है। जिस प्रकार पहाड़ी नदी के भीतर पड़े हुए पत्थर प्रवाह में परस्पर के संघर्षण से स्वयमेव अनेक आकारों में परिणत हो जाते हैं उसी प्रकार अनादिसिद्ध उस अथाप्रवृत्तकरण के आश्रय से उक्त ग्रन्थिस्थान तक पूर्वोक्त कर्मों की स्थिति स्वयमेव हीन हो जाती है। उक्त सम्यक्त्व आदि की प्राप्ति के विषय में वहाँ पल्य, गिरिसरित्पाषाण एवं पिपीलिका आदि के कितने ही उदाहरण भी दिये गये हैं। विशेष के लिए देखिये विशेषावश्यक भाष्य (द. ला. भारतीय विद्यामन्दिर, अहमदाबाद) ११८८-१२१३ आदि। विशेषावश्यकभाष्यगत सम्यक्त्व प्राप्ति विषयक इस अभिप्राय का अनुसरण संक्षेप में श्रावकप्रज्ञप्ति (३१-३७) में भी किया गया है। गाथा ३२ की टीका में वहां विशेषावश्यक भाष्य की 'गंठित्ति सुदुब्भेओ' आदि गाथा (११९३) को भी उद्धृत किया गया है।

आवश्यक निर्युक्ति की मलयगिरि विरचित वृत्ति (१०६) में यथाप्रवृत्तकरण के लक्षण का निर्देश करते हुए कहा गया है कि अनादिसिद्धि प्रकार से जो करण प्रवृत्त है उसका नाम यथाप्रवृत्त है, 'क्रियते कर्मक्षपणमनेनेति करणम्' इस निरुक्ति के अनुसार जिसके द्वारा कर्म का क्षय किया जाता है उसे यहां करण कहा गया है। अभिप्राय यह हुआ कि पहाड़ी नदी में अवस्थित पाषाणों की घोलना के समान जो अध्यवसायविशेष अनादि काल से कर्मक्षय में प्रवृत्त है उसे यथाप्रवृत्तकरण जानना चाहिये।

याचनापरीषहजय—प्रकृत परीषह के स्वरूप का विचार करते हुए सर्वार्थसिद्धि (९-९) और

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

तत्त्वार्थवार्तिक (९, ९, १९) में कहा गया है कि बाह्य और अभ्यन्तर तप का आचरण करते हुए साधु का शरीर यद्यपि अतिशय दुर्बल व कान्ति से हीन हो जाता है, फिर भी वह प्राण निकल जाने पर भी दीन वचन कहकर या मुख की विवर्णता को प्रगट करके भोजन, वसति और औषध आदि की याचना नहीं करता तथा भिक्षा के समय भी वह दुरुपलक्ष्य रहकर शीघ्रता से निकल जाता है—किसी गृहस्थ के द्वार पर विशेष रुकता नहीं है। इस प्रकार से वह याचनापरीषह पर विजय प्राप्त करता है।

आव. निर्युक्ति की हरिभद्र विरचित वृत्ति (९१८) में कहा गया है कि साधु दूसरों के द्वारा दिये गये भोजन आदि पर जीवित रहता है। उसे चूंकि बिना याचना के कुछ प्राप्त होता नहीं है, इसीलिए उसे याचनाजनित दुख को सहन करना चाहिये और गृहस्थपने की इच्छा नहीं करना चाहिये। यह अभिप्राय हरिभद्र सूरि ने वहां एक प्राचीन पद्य को उद्धृत कर उसके आश्रय से प्रगट किया है। यहीं पर उन्होंने आगे चतुर्थ अध्ययन की वृत्ति (पृ. ६५७) में पुनः यह कहा है कि याचना का अर्थ अन्वेषण है। भिक्षु को वस्त्र, पात्र, अन्न-पान एवं वसति आदि सब दूसरों से प्राप्त करना पड़ते हैं। जो शालीन—धृष्टता से रहित—होता है वह याचना के प्रति आदरभाव नहीं रखता, पर प्रतिभासम्पन्न साधु को कार्य के उपस्थित होने पर अपने धर्म और शरीर के संरक्षण के लिये याचना अवश्य करना चाहिये। इस प्रकार से याचना करता हुआ साधु याचनापरीषह पर विजय प्राप्त करता है।

यहां सर्वार्थसिद्धि के कर्ता आ. पूज्यपाद और आव. निर्युक्ति के वृत्तिकार हरिभद्र सूरि के अभिप्राय में यह विशेषता है कि पूज्यपाद जहां भोजन आदि के अलाभ में कष्ट के होने पर साधु के लिए किसी भी प्रकार की याचना न करने की प्रेरणा करते हैं वहां हरिभद्र सूरि याचना को अनिवार्य बतलाकर उसके लिए प्रेरित करते हुए साधु को तज्जन्य दुख के सहन करने का उपदेश करते हैं।

रसत्याग, रसपरित्याग—यह अनशन आदि छह बाह्य तपों में चौथा है। इसके स्वरूप को प्रगट करते हुए मूलाचार (५-१५५) में कहा गया है कि दूध, दही, घी, तेल, गुड़ और नमक इनका तथा तिक्त, कटुक, कषाय, आम्ल और मधुर इन रसों का जो परित्याग किया जाता है उसका नाम रसपरित्याग तप है। इसी अभिप्राय को भगवती आराधना (२१५-१७) में भी कुछ विस्तार से प्रगट करते हुए वहां इतना विशेष निर्देश किया गया है कि इस तप का आराधन विशेष कर सल्लेखना करने वाले के लिए समझना चाहिये।

त. भाष्य (९-१९) में रसपरित्याग को अनेक प्रकार का कहा गया है। जैसे—मद्य रस के विकृतिभूत मांस, मधु और नवनीत आदि का परित्याग करते हुए नीरस व रूखे भोजन का नियम करना आदि। इसका कुछ स्पष्टीकरण योगशास्त्र के स्वो. विवरण में किया गया है। वहां यह अभिप्राय प्रगट किया गया है कि 'रसपरित्याग' के अन्तर्गत 'रस' शब्द से रसवान् अभिप्रेत है, कारण कि यहां 'मतुप्' प्रत्यय का लोप हो गया है। तदनुसार विशिष्ट रस से संयुक्त गरिष्ठ व विकार के हेतुभूत मद्य, मांस, मधु और नवनीत तथा अभिग्रह के योग्य दूध, दही, तेल व गुड़ आदि के परित्याग को रसपरित्याग तप जानना चाहिये।

यहां यह विचारणीय है कि जिन मद्य, मांस और मधु आदि से गृहस्थ भी परहेज करता है उनका परित्याग साधु के द्वारा अनुष्ठेय प्रकृत रसपरित्याग तप के अन्तर्गत क्यों कराया गया। आ. समन्तभद्र ने तो रत्नकरण्डक (६६) में उक्त मद्य, मांस और मधुके परित्याग को श्रावक के मूलगुणों में गर्भित किया है। इसके अतिरिक्त भोगोपभोगपरिमाणव्रत के प्रसंग में भी उन्होंने उनके परित्याग को अनिवार्य समझते हुए कहा है कि श्रावक को त्रसहिंसा के परिहारार्थ मधु और मांस का तथा प्रमादपरिहार के लिए मद्य का भी परित्याग करना चाहिये (रत्नक. ८४)। इसी प्रकार अमृतचन्द्र सूरि ने भी अपने पुरुषार्थसिद्ध्युपाय में उक्त मद्य, मांस और मधु के साथ पांच उदुम्बर फलों के भी दोषों को दिखलाते हुए उनका परित्याग गृहस्थ को अहिंसाणुव्रत के अन्तर्गत कराया है। उन्होंने तो यहां तक कह दिया है कि जो निर्मलबुद्धि भव्य जीव दुस्तर पाप के स्थानभूत उन आठों का परित्याग कर देते हैं वे ही जिनधर्मदेशना के पात्र होते हैं (पु. सि. ६१-७४)। इसी प्रकार हेमचन्द्र सूरि ने भी अपने योगशास्त्र (३,६-७) में उक्त मद्य, मांस, मधु और नवनीत को हेय बतलाकर उनके परित्याग के लिये गृहस्थ को प्रेरित किया है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

वलन्मरण, वलाकामरण, बलायमरण—ये प्रायः समान अभिप्राय के सूचक हैं। इनके लक्षण का निर्देश करते हुए उत्तराध्ययनचूर्णि (५ पृ., १२८) में कहा गया है कि जो संयमयोग से—संयम के सम्बन्ध से अथवा संयम व योग (ध्यान-समाधि) के अनुष्ठान से—विषाद को प्राप्त होकर मरते हैं उनके इस मरण को वलायमरण या वलाकामरण कहा जाता है। अभिप्राय यह है कि जिनके संयमयोग है वे मरण को तो स्वीकार करते हैं, किन्तु संयम को सर्वथा नहीं छोड़ते, यह वलायमरण का लक्षण है। अथवा क्षुधादिपरीषहों से वलते हुए—भ्रष्ट होकर—जो मरते हैं उनके मरण को वलायमरण समझना चाहिये। उपसर्गमरण को वलायमरण नहीं कहा जा सकता। भ. आ. की विजयोदया टीका (२५, पृ. ८६) के अनुसार जो विनय व वैयावृत्य आदि के विषय में आदर नहीं करते, प्रशस्त योग के धारण करने में आलस्य करते हैं, प्रमाद से युक्त रहते हैं; व्रतों, समितियों एवं गुप्तियों के परिपालन में अपनी शक्ति को छिपाते हैं; तथा धर्म के चिन्तन में निद्रा से झूमते हुए के समान उपयोग से रहित होकर ध्यान व नमस्कार आदि से दूर भागते हैं, उनके मरण को वलायमरण कहा जाता है। प्रवचनसारोद्धार (१०१०) में उक्त उत्तरा. चूर्णि के समान ही अभिप्राय को व्यक्त किया गया है। स्थानांगकी अभयदेव विरचित वृत्ति (१०२) और समवायांग की भी अभयदेव विरचित वृत्ति (१७) में प्रायः समान रूप से यह कहा गया है कि परीषहादि से पीड़ित होकर जो संयम से निवर्तमान होते हैं उनके मरण को वलन्मरण कहते हैं।

पं. आशाधर ने भ. आ. की मूलाराधनादर्पण टीका (२५) में पार्श्वस्थ रूप से होने वाले मरण को वलाकामरण कहा है।

विहायोगति नामकर्म—स. सिद्धि (८-११) त. वा. (८, ११, १८), धवला (पु. ६, पृ. ६१) और मूलाचार वृत्ति (१२-१६५) में कहा गया है कि विहायस् नाम आकाश का है, जिस नामकर्म के उदय से जीव का आकाश में गमन होता है उसे विहायोगति नामकर्म कहा जाता है। धवला में आगे (पु. १३, पृ. ३६५) कुछ विशेष रूप में यह कहा गया है कि जिसके उदय से पृथ्वी का आश्रय लेकर अथवा बिना उसका आश्रय लिये भी जीवों का आकाश में गमन होता है वह विहायोगति नामकर्म कहलाता है।

त. भाष्य (८-१२) के अनुसार जो कर्म लब्धिनिमित्तक, शिक्षानिमित्तक अथवा ऋद्धिनिमित्तक आकाशगमन का कारण है उसे विहायोगति नामकर्म कहते हैं। समवायांग की वृत्ति (४२) में कहा गया है कि जिसके आश्रय से जीव शुभ या अशुभ गति से युक्त होता है उसका नाम विहायोगति नामकर्म है।

वृत्तिपरिसंख्यान तप—यह छह बाह्य तपों में तीसरा है। मूलाचार (५-१५८) में कहा गया है कि गोचर (गृह) के प्रमाण के साथ दाता—जैसे पुरुष, स्त्री, वृद्ध अथवा युवक आदि; पात्र और भोजनविषयक विशेषता के नियम को ग्रहण करके तदनुसार भोजन के प्राप्त होने पर उसे ग्रहण करना, अन्यथा उपवास करना, इसका नाम वृत्तिपरिसंख्यान तप है। लगभग इसी प्रकार का अभिप्राय स. सि. (६-१६) व त. वा. (६, १६, ४) आदि में भी प्रगट किया गया है।

भगवती आराधना (२१८-२१) में इसके लक्षण को प्रगट करते हुए ऋजु व गोमूत्रिका आदि अनेक प्रकार की वीथी (गली) की विशेषता; पाटक, णियंसण एवं भिक्षा के प्रमाण और ग्रास के प्रमाण, इत्यादि कितनी ही विशेषताओं को प्रगट करते हुए तदनुसार ही भोजन के प्राप्त होने पर उसके ग्रहण करने को वृत्तिपरिसंख्यान तप कहा गया है।

त. भाष्य (६-१६) में प्रकृत तप को अनेक प्रकार का बतलाया गया है। जैसे—उत्क्षिप्तचर्या, अन्तचर्या अथवा प्रान्तचर्या आदि में तथा सत्तू, कल्माष अथवा ओदन आदि में से किसी एक का नियम करके शेष सबका परित्याग करना।

व्यवहारनय—स. सिद्धि (१-३३), त. वा. (१, ३३, ६), धवला (पु. १, पृ. ८४ व पु. ६, पृ. १७१), त. श्लो. वा. (१, ३३, ५८), नयविवरण (७४), ह. पुराण (५८-४५) और त. सार (१-४६) आदि में प्रकृत नय के लक्षण का निर्देश करते हुए प्रायः समान रूप में यही कहा गया है कि संग्रहनय के द्वारा गृहीत पदार्थों का जो विधिपूर्वक अवहरण (विभाग) किया जाता है, इसे व्यवहारनय कहते हैं। आगे धवला में (पु. ६,

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पृ. १७१) इतना विशेष कहा गया है कि पर्यायरूप कलंक से रहित शुद्ध द्रव्यार्थिक स्वरूप संग्रहनय के विषयभूत अद्वैत से शेष दो-तीन आदि अनन्त विकल्परूप संग्रह प्रस्तार का आलम्बन लेने वाला जो व्यवहारनय है उसे पर्यायरूप कलंक से दूषित होने के कारण अशुद्ध द्रव्यार्थिक जानना चाहिये। यही अभिप्राय जयधवला (१, पृ. २९९) में भी प्रगट किया गया है।

आव. निर्युक्ति (७५६) में उसके स्वरूप को दिखलाते हुए कहा गया है कि जो विनिश्चयार्थ—सामान्याभाव के निमित्त—जाता है, अर्थात् सामान्याभावस्वरूप विशेष को विषय करता है, उसे व्यवहारनय कहते हैं। इस निर्युक्ति (वच्चइ विणिच्छयत्थं ववहारो सव्वदव्वेसु।) की व्याख्या करते हुए आ. मलयगिरि ने 'विनिश्चय' के अन्तर्गत 'निर्' का अर्थ अधिकता किया है, इस प्रकार अधिकता से होनेवाले चय को निश्चय मानकर उन्होंने यह अभिप्राय प्रगट किया है कि जो उस निश्चय (सामान्य) से विगत है—सामान्य को विषय न करके उसके अभावस्वरूप विशेष को विषय करता है—उसका नाम व्यवहारनय है। आगे उन्होंने 'विशेषतोऽवह्रियते निराक्रियते सामान्यमनेनेति व्यवहारः' ऐसी निरुक्ति करते हुए निष्कर्ष रूप में उसी अभिप्राय को व्यक्त किया है कि जो नय विशेष के प्रतिपादन में तत्पर रहता है उसे व्यवहारनय समझना चाहिए।

त. भाष्य (१-३५) में उक्त नय के लक्षण को प्रगट करते हुए प्रारम्भ में यह कहा गया है कि जो नय लौकिक जन के समान उपचारप्राय विस्तृत अर्थ को विषय करता है वह व्यवहारनय कहलाता है। तत्पश्चात् प्रसंगानुरूप एक शंका का समाधान करते हुए वहां उसके लक्षण में पुनः यह कहा गया है कि नाम-स्थापनादि विशेषणों से विशिष्ट वर्तमान, अतीत और भविष्यत् कालीन एक अथवा बहुत से घट जो संग्रहनय के विषयभूत रहे हैं, लौकिक (व्यवहारी) जन और परीक्षक जन के द्वारा ग्राह्य उपचारगम्य उन्हीं घटों के विषय में स्थूल पदार्थों के समान जो बोध होता है उसे व्यवहारनय समझना चाहिये।

अमृतचन्द्र सूरि प्रसंगानुसार प्रकृत व्यवहारनय के लक्षण में यह कहते हैं कि पुद्गलपरिणामरूप जो आत्मा का कर्म है वह पुण्य और पाप के भेद से दो प्रकार का है। उस पुद्गलपरिणाम का कर्ता आत्मा उसको ग्रहण करता है व छोड़ता है, इस प्रकार से जो अशुद्ध द्रव्य का निरूपण किया करता है उसे व्यहारनय जानना चाहिये (प्रव. सा. वृत्ति २-९७)। तत्त्वानुशासन (२९) के अनुसार व्यवहारनय वह है जो भिन्न कर्ता व कर्म आदि को विषय करता है।

सूत्रकृतांग की शीलांक विरचित वृत्ति (२, ७, ८१, पृ. १८८) में कहा गया है कि जो लोकव्यवहार के अनुसार वस्तु को ग्रहण किया करता है उसका नाम व्यहारनय है। स्थानांगकी अभयदेव विरचित वृत्ति (१८६) में सम्भवतः आव. निर्युक्ति का अनुसरण करते हुए निरुक्तिपूर्वक यही कहा गया है कि जो सामान्य का निराकरण करके विशेष रूप से वस्तु को ग्रहण करता है उसका नाम व्यवहारनय है। अथवा लोकव्यवहार में तत्पर होकर विशेष मात्र को जो स्वीकार करता है उसे व्यवहारनय समझना चाहिये।

श्रमण—प्राचीन काल में जैन ऋषियों के लिए श्रमण शब्द का उपयोग होता रहा है। प्रवचनसार (३, ४०-४१) के अनुसार पांच समितियों और तीन गुप्तियों का पालन करने वाले, पांचों इन्द्रियों व कषायों के विजेता, दर्शन व ज्ञान से परिपूर्ण तथा शत्रु व मित्र, सुख व दुख, प्रशंसा व निन्दा, मिट्टी व सोना एवं जीवन व मरण; इनमें सम—राग-द्वेष से रहित—होते हैं ऐसे मुनियों को श्रमण कहा गया है।

सूत्रकृतांग (१, १६, २) में श्रमण की अनेक विशेषताओं को प्रगट करते हुए कहा गया है कि जो शरीर आदि विषयक प्रतिबन्ध से व निदान से रहित होता है, आदान, अतिपात, मृषावाद, बहिद्ध (मैथुन), क्रोध, मान, माया, लोभ, राग और द्वेष इत्यादि जो स्व और पर का अहित करनेवाले हैं उनको ज्ञ परिज्ञा से जानकर प्रत्याख्यान परिज्ञा से जो परित्याग करता है; इसके अतिरिक्त जो जिस जिस अनुष्ठान से अपने प्रद्वेष के कारणों को देखता है—उस सबसे विरत होता है; तथा जो दान्त, द्रविक (संयमी) व शरीर से निःस्पृह होता है, उसे श्रमण जानना चाहिये। उत्तरा. चूर्णि (पृ. ७२) के अनुसार जिसका मन सर्वत्र—शत्रु-मित्र आदि के विषय में, सम—राग-द्वेष से रहित—होता है वह समण (श्रमण) कहलाता है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पद्मपुराण (१४-५८) में श्रमण उन्हें कहा गया है जो सब प्रकार के परिग्रह से रहित होकर घोर तपश्चरण में निरत होते हुए तत्त्व के चिन्तन में परायण रहते हैं। ऐसे श्रमणों को उत्कृष्ट पात्र समझना चाहिये।

भ. आराधना की विजयोदया टीका (७१), सूत्रकृ. की शीलांक विरचित वृत्ति (२, ६, ४) और योगशास्त्र के स्वो. विवरण (३-१३०) में लगभग समान रूप से 'श्राम्यति तपस्यतीति श्रमणः, इस प्रकार की निरुक्तिपूर्वक यह कहा गया है कि जो तपश्चरण में तत्पर रहता है उसे श्रमण कहा जाता है। उपासकाध्ययन (८५९) में कहा गया है कि जो भ्रान्ति से श्रान्त नहीं होता उसे श्रमण जानना चाहिये। 'भिक्षु' को श्रमण का ही पर्यायवाची समझना चाहिए। सूत्रकृतांग (१, १६, ३) और उत्तराध्ययन (१५, १ से १६) में इसी प्रकार के अनेक महत्त्वपूर्ण विशेषणों द्वारा भिक्षु की विशेषता प्रगट की गई है (देखिये 'भिक्षु' शब्द)।

सत्य—यह दस प्रकार के धर्म तथा पांच प्रकार के अणुव्रत और पांच प्रकार के महाव्रत के अन्तर्गत है। द्वादशानुप्रेक्षा में (७४) इसके स्वरूप का निर्देश करते हुए कहा गया है कि जो वचन दूसरों के सन्ताप का कारण न होकर स्व और पर के लिये हितकर हो उसका नाम सत्य है। सत्यधर्म का धारक भिक्षु ऐसे ही वचन को बोलता है। स. सिद्धि (९-६) और त. वार्तिक (९, ६, ९) आदि में कहा गया है कि प्रशस्त जनों के मध्य में जो साधु (उत्तम या निरवद्य) वचन बोला जाता है उसे सत्य कहते हैं।

त. भाष्य (९-६) में इसके लक्षण का निर्देश करते हुए 'सत्यार्थे भवं वचः सत्यम्, सद्भ्यो वा हितं सत्यम्' इस प्रकार की निरुक्ति के साथ कहा गया है कि जो वचन यथार्थ वस्तु को विषय करता है अथवा सत्पुरुषों के लिए हितकर होता है उसका नाम सत्य है। वह असत्यता, कठोरता, पिशुनता, असभ्यता, चपलता, कलुषता और भ्रान्ति से रहित होता हुआ मधुर, अभिजात—कुलीनता का सूचक, असंदिग्ध, स्पष्ट, औदार्य गुण से सहित, ग्राम्य दोष से रहित और राग-द्वेष से मुक्त होता है। इसके अतिरिक्त आगमानुसार प्रवृत्त होने वाला वह वचन यथार्थ, श्रोता जनों के लिये अभिप्राय के ग्रहण कराने में समर्थ, अपना व दूसरों का अनुग्राहक, उपाधि से रहित, देश-काल के योग्य, निर्दोष, जैनागम में प्रशस्त, संयत, मित, वाचन, पृच्छन और प्रश्न के अनुसार समाधान करनेवाला होता है। वसुदेवहिंडी (पृ. २६७) में सत्य-वचन उसे कहा गया है जो भावतः विशुद्ध, यथार्थ, अहिंसा से अनुगत तथा पिशुनता व कठोरता से रहित होता है।

भ. आ. की विजयोदया टीका (५७) में असत् (असमीचीन) वचन से विरत होने को सत्य कहा गया है। यह तत्त्वार्थसूत्र का (७-१४) का अनुसरण है।

मूलाचार (५-१११) में भाषा समिति के प्रसंग में सत्य वचन के ये दस भेद निर्दिष्ट किये गये हैं—जनपद, सम्मत, स्थापना, नाम, रूप, प्रतीत्य, सम्भावना, व्यवहार, भाव और औपम्य सत्य। आगे वहां (५,,११२-१६) सोदाहरण पृथक्-पृथक् उनके लक्षणों का भी निर्देश कर दिया गया है। इनसे बहुत कुछ मिलते जुलते उस सत्य वचन के दस ही भेद सत्यप्रवाद पूर्व के प्रसंग में त. वार्तिक (१, २०, १२) में भी उपलब्ध होते हैं जैसे—नाम, रूप, स्थापना, प्रतीत्य, संवृति, संयोजना, जनपद, देश, भाव और समय सत्य। यहां भी उनके पृथक्-पृथक् लक्षण निर्दिष्ट किये गये हैं। पूर्वोक्त मूलाचार के समान उसके वे दस भेद योग मार्गणा के प्रसंग में गो. जीवकाण्ड (२२१-२३) में भी उदाहरणपूर्वक कहे गये हैं।

असत्य—पूर्वोक्त सत्य का प्रतिपक्षी अनृत या असत्य है। तत्त्वार्थसूत्र (७-१४) में इसके पर्यायवाची 'अनृत' शब्द का उपयोग करते हुए असत् वचन के बोलने को अनृत कहा है। उसकी व्याख्या करते हुए स. सिद्धि आदि में 'सत्' शब्द को प्रशंसावाची मानकर 'असत्' का अर्थ अप्रशस्त किया गया है। ऋत का अर्थ सत्य और अनृत का अर्थ असत्य है। त. भाष्य (७-९) में असत् शब्द से सद्भाव के प्रतिषेध, अर्थान्तर और गर्हा को ग्रहण किया गया है। इनका विशेष विचार प्रस्तुत जैन लक्षणावली के प्र. भाग की प्रस्तावना पृ. ७९ में 'अनृत'क अन्तर्गत किया जा चुका है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

भगवती आराधना (८२५-२९) में असत्य के चार भेद कहे गये हैं—(१) द्रव्य, क्षेत्र, काल और भाव से पदार्थ के सत् होते हुए भी अपनी बुद्धि से विचार न करके उसका प्रतिषेध करना। जैसे—यहां घट नहीं है। इत्यादि प्रकार के वचन को प्रथम असत्य जानना चाहिये। इसे भूतनिह्नव या सदपलाप कहा जा सकता है। (२) जो असद्भूत है—जिसका होना सम्भव नहीं है—उसके उद्भावन को द्वितीय असत्य कहा गया है। जैसे—देवों का अकाल में मरण होता है। अथवा जो द्रव्य, क्षेत्र, काल और भाव से असत् (अविद्यमान) है उसका विचार न करके उसके अस्तित्व को प्रगट करना। जैसे—यहां घट है। इत्यादि प्रकार का वचन। इसे अभूतोद्भावन या असदुद्भावन कहा जा सकता है। (३) एक जाति का जो पदार्थ विद्यमान है उसे अविचारपूर्वक अन्य जाति का बतलाना। जैसे—गाय को घोड़ा कहना। इत्यादि प्रकार के वचन को तीसरा असत्य कहा गया है। इसे अर्थान्तर वचन कहा जा सकता है। जो वचन गर्हित, सावद्य संयुक्त अथवा अप्रिय है उसे चौथा असत्य माना गया है। इन गर्हित आदि वचनों का सोदाहरण लक्षण भी वहां प्रगट किया गया है।

ध्यानशतक की हरिभद्र सूरि विरचित वृत्ति (२०) में द्वितीय रौद्र ध्यान के प्रसंग में पिशुन, असभ्य, असद्भूत और भूतघात इन असत्य वचनों की व्याख्या करते हुए पूर्वोक्त त. भाष्य (देखिये प्र. भाग की प्रस्तावना पृ. ७९) के अनुसार असद्भूत को अभूतोद्भावन, भूतनिह्नव, और अर्थान्तर के भेद से तीन प्रकार का निर्दिष्ट किया गया है। यहां क्रम से उन तीनों के लिए ये उदाहरण दिये गये हैं—यह आत्मा सर्वगत है, आत्मा है ही नहीं, तथा गाय को अश्व कहना। इनके अतिरिक्त यहां मूल में निर्दिष्ट पूर्वोक्त पिशुन, असभ्य और भूतघात इन असत्य वचनों के स्वरूप को भी प्रगट किया गया है।

पूर्वोक्त भ. आराधना के अनुसार पुरुषार्थसिद्ध्युपाय (९१-१००) में भी प्रकृत असत्य वचन के वे ही चार भेद स्वरूपनिर्देश के साथ उपलब्ध होते हैं। विशेष इतना है कि भ. आ. में जहां प्रथम व द्वितीय असत्य वचनों का स्वरूप दो दो विकल्पों में निर्दिष्ट किया गया है वहां पु. सि. में उनके विषय में कोई विकल्प न करके सामान्य से भ. आ. गत द्वितीय विकल्प को ही अपनाया गया है तथा उदाहरण भी क्रम से देवदत्त व घट के दिये गये हैं। इतनी विशेषता यहां और भी है कि प्रकृत असत्य वचन व चौर्य कर्म आदि सभी पापों को वहां हिंसा का रूप दिया गया है।

सागारधर्मामृत (४, ३९-४५) में सत्याणुव्रत के प्रसंग में सत्याणुव्रती को कन्यालीक, गायविषयक अलीक, पृथिवी विषयक अलीक, कूटसाक्ष्य और न्यासापलाप इन पांच असत्य वचनों के परित्याग के साथ जो सत्य वचन स्व और पर को आपत्ति जनक है ऐसे सत्य वचन का भी परित्याग कराया गया है। इसमें जो कन्यादिविषयक पांच असत्य वचनों का परित्याग कराया गया है उसका आधार सम्भवतः श्रावक-प्रज्ञप्ति की २९०वीं गाथा रही है। इस प्रसंग में यहां सामान्य से वचन के इन चार भेदों का निर्देश किया गया है—सत्य-सत्य, सत्याश्रित असत्य, असत्याश्रित सत्य और असत्यासत्य। इनका स्वरूप वहां संक्षेप में इस प्रकार कहा गया है—जो वस्तु जिस देश, काल, प्रमाण और आकार में प्रतिज्ञात है उसके विषय में उसी प्रकार के कथन को सत्यसत्य कहा जाता है। वस्त्र बुनो, भात पकाओ, इत्यादि प्रकार के वचन को सत्याश्रित असत्य माना गया है। विवक्षित वस्तु को प्रयोजनवश किसी अन्य से लेकर जितने समय में उसे वापिस कर देने की प्रतिज्ञा की थी उतने समय में न देकर कुछ काल के बाद उसे वापिस करने पर तीसरा असत्याश्रितसत्य वचन होता है। जो वस्तु अपने पास नहीं है 'उसे मैं कल दूंगा' इस प्रकार के वचन का नाम असत्यासत्य है। यह वचन लोक व्यवहारका विरोधी होने से सत्याणुव्रती के लिये सर्वथा हेय कहा गया है, शेष प्रथम तीन वचनों का प्रयोग वह कर सकता है।

समभिरूढ़नय—जैन सम्प्रदाय में नयों को महत्त्वपूर्ण स्थान प्राप्त है। विविध जैन ग्रन्थों में उनका विस्तार से विवेचन किया गया है। कहीं-कहीं तो वह जटिल और दुरूह भी हो गया है। इसके अतिरिक्त तद्विषयक मतभेद भी कुछ परस्पर में हो गया है। प्रकृत में समभिरूढ़नयविषयक विचार विविध ग्रन्थों में जिस प्रकार से किया गया है उसका दिग्दर्शन यहां कराया जाता है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

स. सिद्धिसम्मत सूत्रपाठ के अनुसार त. सू. (१-३३) में नैगम, संग्रह, व्यवहार, ऋजुसूत्र, शब्द समभिरूढ़ और एवंभूत ये नय के सात भेद निर्दिष्ट किये गये हैं। पर त. भाष्य सम्मत सूत्रपाठ के अनुसार उसी त. सू (१-३४) में उसके ये पांच भेद कहे गये हैं—नैगम, संग्रह, व्यवहार, ऋजुसूत्र और शब्द। उसके भाष्य (१-३५) में देशपरिक्षेपी और सर्वपरिक्षेपी के भेद से नैगमनय को दो प्रकार का तथा साम्प्रत, समभिरूढ़ और एवंभूत के भेद से शब्दनय को तीन प्रकार का कहा गया है।

प्रकृत समभिरूढ़नय के लक्षण का निर्देश करते हुए स. सि. (१-३३) में कहा गया है कि जो शब्द के अनेक अर्थों को छोड़कर प्रमुखता से एक ही अर्थ में रूढ़ होता है उसे समभिरूढ़नय कहते हैं। जैसे—'गो' शब्द के वाणी व इन्द्रिय आदि अनेक अर्थ हैं, फिर भी वह इस नय की अपेक्षा अन्य अर्थों की उपेक्षा करके पशुविशेष (गाय) में रूढ़ है। जैसा कि ऊपर कहा जा चुका है, त. भाष्यसम्मत सूत्रपाठ में यद्यपि इस नय को प्रमुख स्थान प्राप्त नहीं है, फिर भी उसे शब्दनय के एक भेद के रूप में स्वीकार किया हो गया है। वहां उसके लक्षण में कहा गया है कि अनेक अर्थों के होने पर भी इस नय की अपेक्षा उनमें संक्रमण नहीं होता—अनेक अर्थों में प्रवृत्त न होकर वह प्रमुखता से एक ही अर्थ को स्वीकार करता है। आगे यहीं पर वहां एक प्रसंगप्राप्त शंका का समाधान करते हुए यह स्पष्ट किया गया है कि साम्प्रत शब्दनय के विषयभूत उन्हीं साम्प्रत (वर्तमान) घटों में जो अध्यवसाय का असंक्रमण होता है उसे समभिरूढ़नय समझना चाहिए। इसका स्पष्टीकरण करते हुए वहां वितर्क ध्यान का उदाहरण देकर यह अभिप्राय प्रगट किया गया है कि जिस प्रकार वितर्क—एकत्ववितर्क शुक्लध्यान का—अर्थ, व्यंजन और योगों में संक्रमण नहीं होता, किन्तु उनमें से किसी एक के ऊपर ही वह आरूढ़ रहता है, उसी प्रकार प्रकृत समभिरूढ़नय का शब्द के अनेक अर्थों में संक्रमण नहीं होता—एक ही अर्थ को वह प्रमुखता से ग्रहण करता है।

यहां यह स्मरणीय है कि धवला (पु. १, पृ. ८५-८६) में अर्थनय और व्यंजननय के भेद से पर्यायार्थिकनय को दो प्रकार का निर्दिष्ट किया गया है। उनमें ऋजुसूत्र को अर्थनय तथा शब्द, समभिरूढ़ और एवंभूत को शब्दनय कहा गया है।

आगे इसी धवला (पु.९, पृ. १८१) और नयविवरण (९५) में नैगम, संग्रह, व्यवहार और ऋजुसूत्र इन चार को अर्थनय तथा शेष तीन को शब्दनय कहा गया है।

विशेषा. भाष्य (२७२७) के अनुसार शब्द जिस जिस अर्थ को कहता है, शब्दान्तर के अर्थ से विमुख होकर वह चूंकि उसी अर्थ पर आरूढ़ रहता है, इसीलिए उसका समभिरूढनय यह सार्थक नाम है।

त. वार्तिक (१, ३३, १०), त. भाष्य की हरि. वृत्ति (१-३५), अनुयोग. की हरि. वृत्ति (पृ. १०८), धवला (पृ. १, पृ. ८९ व पु. ९, पृ. १७९), जयध. (१, पृ. २४०), हरिवंशपुराण (५८-४८), त. श्लो. वार्तिक (१, ३३, ७६), सूत्रकृतांग की शीलांक. वृत्ति (२, ७, ८१, पृ. १८८) और प्रमेयकमलमार्तण्ड (६-७४, पृ. ६८०) आदि में प्रायः सवार्थसिद्धि के लक्षण (नानार्थसमभिरोहणात् समभिरूढः) का अनुसरण किया गया है। त. वा. में विशेषता यह है कि वहां पूर्वोक्त त. भा. के समान वस्त्वन्तर में असंक्रमण तो बतलाया गया है, पर वहां तृतीय अवितर्क व अविचार सूक्ष्मक्रिय नामक शुक्लध्यान का उदाहरण दिया गया है। त. वा. का यह विवेचन उक्त त. भा. से प्रभावित रहा दिखता है। त. भा. में जहां सामान्य से अवितर्क ध्यान का उदाहरण दिया गया है वहां त. वा. में सामान्य से 'अवितर्क ध्यानवत्' ऐसा निर्देश करके भी आगे उसे स्पष्ट करते हुए तीसरे सूक्ष्मक्रिय-अवितर्क-अविचार शुक्लध्यान की ही सूचना की गई है।

लघुनयचक्र (४२) द्रव्यस्व. प्र. नयचक्र (२१४) और आलापपद्धति (पृ. १४६) के अनुसार जिस नय के आश्रय से अर्थ शब्द में और शब्द अर्थ में रूढ़ होता है वह समभिरूढ़नय कहलाता है।

स्थानांग की अभय. वृत्ति (१८६) में कहा गया है कि समभिरूढनय वह है जो प्रत्येक वाचक के आश्रय से वाच्यभेद का आश्रय लेता है वह अनन्तर उक्त विशेषण से युक्त भी वस्तु के शक्र व पुरंदर आदि वाचकों के भेद से भेद को स्वीकार करता है, जैसे घट-पटादि विभिन्न शब्द। जैसे—'घटते चेष्टते इति घटः' इत्यादि शब्दार्थ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सम्यक्त्व—दर्शन, सद्दर्शन, सद्दृष्टि, सम्यग्दर्शन और सम्यग्दृष्टि ये प्रायः प्रकृत सम्यक्त्व के समानार्थक शब्द हैं। बोधप्राभृत (१४) में दर्शन के लक्षण का निर्देश करते हुए कहा गया है कि जो सम्यक्त्व, संयम और उत्तम धर्मस्वरूप मोक्षमार्ग को दिखलाता है तथा परिग्रह से रहित होता हुआ ज्ञानस्वरूप है उसे जैन मार्ग में दर्शन कहा गया है। पंचास्तिकाय (१०७)में भावों--जीव-अजीव आदि नौ पदार्थों--के श्रद्धान को सम्यक्त्व कहा गया है। आगे इसी पंचास्तिकाय की गा. १६० और तत्त्वानुशासन (३०) में धर्मादिकों के श्रद्धान को सम्यक्त्व का लक्षण प्रगट किया गया है। समयप्राभृत (११) में सम्यग्दृष्टि उसे कहा गया है जो भूतार्थ (शुद्धनय) के आश्रित हैं। आगे इसी समयप्राभृत (१५) और मूलाचार (५-६) में भी समान शब्दों में भूतार्थस्वरूप से अधिगत जीव, अजीव, पुण्य, पाप, आस्रव, संवर, निर्जरा, बन्ध और मोक्ष इनको ही अभेद विवक्षा से सम्यक्त्व कहा गया है। आगे उक्त समयप्राभृत (१६५) मेंजीवादि के श्रद्धान को भी सम्यक्त्व का लक्षण प्रगट किया गया है। नियमसार गा. ५ में आप्त, आगम और तत्त्वों के श्रद्धान को; गा. ५१ में विपरीत अभिप्राय से रहित श्रद्धान को, तथा गा. ५२ में चल, मलिन और अगाढता दोषों से रहित श्रद्धान को सम्यक्त्व कहा गया है। दर्शनप्राभृत (१९)में छह द्रव्य, नौ पदार्थ,पांच अस्तिकाय और सात तत्त्व इनके स्वरूप के श्रद्धान करने वाले को सम्यग्दृष्टि तथा यहीं पर आगे (गा. २०) जीवादि के श्रद्धान को व्यवहार से सम्यक्त्व एवं आत्मा के श्रद्धान को निश्चय से सम्यक्त्व कहा गया है। मोक्षप्राभृत (१४) के अनुसार सम्यग्दृष्टि वह श्रमण होता है जो स्वद्रव्य में निरत रहता है। आगे इस मोक्षप्राभृत (३८) और उपासकाध्ययन (२६७)में तत्त्वरुचि को तथा उसके आगे इसी मोक्षप्राभृत की गा. ९० और भावसंग्रह की गा. २६२ में समान शब्दों द्वारा हिंसा से रहित धर्म,अठारह दोषों से रहित देव, निर्ग्रंथ गुरु और प्रावचन —प्रवचन से होने वाले ज्ञान अथवा द्रव्यश्रुत—विषयक श्रद्धान को सम्यक्त्व का लक्षण कहा गया है। यहां यह स्मरणीय है कि मूलाचार, उपासकाध्ययन और भावसंग्रह को छोड़कर उपर्युक्त सभी ग्रन्थ कुन्दकुन्दाचार्य के द्वारा रचे गये हैं।

जैसा कि पूर्व में निर्देश किया जा चुका है, मूलाचार (५-६) में समयप्राभृत की १५वीं गाथा को आत्मसात् कर तदनुसार भूतार्थस्वरूप से अधिगत जीवादि नौ पदार्थों को ही सम्यक्त्व कहा गया है। इसके पूर्व (५-५) यहां मार्ग (मोक्षमार्ग) को भी सम्यक्त्व कहा जा चुका है। आगे यहां (५-६८) यह भी कहा गया है कि 'जो जिन देव के द्वारा उपदिष्ट है वही यथार्थ है', इस प्रकार भावतः—परमार्थ से-ग्रहण करना, यह सम्यग्दर्शन का लक्षण है। वृत्तिकार ने इसे आज्ञा सम्यक्त्व का लक्षण कहा है। ध्यान रहे कि ये लक्षण यहां दर्शनाचार के प्रसंग में निर्दिष्ट किये गये हैं। इस प्रकार यहां सम्यग्दर्शन के लिये दर्शन (५-३) सम्यक्त्व (५,५-६) और सम्यग्यदर्शन (५-६८) ये तीन शब्द प्रयुक्त हुए हैं।

उत्तराध्ययन (२८-१४-१५) में कहा गया है कि जीव, अजीव, बन्ध, पुण्य, पाप, आस्रव, संवर, निर्जरा और मोक्ष ये नौ पदार्थ जिस रूप में अवस्थित हैं उसी रूप में उनका जो श्रद्धान करता है उसके वह सम्यक्त्व जानना चाहिए। यहां यह विशेष ध्यान देने योग्य है कि पूर्वोक्त समयप्राभृत (१५) में जहां भूतार्थ से अधिगत इन्हीं नौ पदार्थों को ही अभेदविवक्षा से सम्यक्त्व कहा गया है वहां प्रकृत उत्तराध्ययन में उनके श्रद्धान को सम्यक्त्व का लक्षण निर्दिष्ट किया गया है। प्रकृत उत्तरा. की चूर्णि (पृ. २७२) में कहा गया है कि शुद्ध पदार्थों के विषय में जो निसर्ग अथवा अधिगम से रुचि होती है उसका नाम सम्यग्दर्शन है। यह स्पष्टतः त. सू. (१,२-३) का अनुसरण है।

तत्त्वानुशासन (२५) के अनुसार जो जीवादि नौ पदार्थ जिन देव के द्वारा जिस प्रकार से उपदिष्ट हैं वे उसी प्रकार हैं, ऐसी जो श्रद्धा होती है उसे सम्यग्दर्शन माना गया है। इसमें सम्भवतः मूलाचार (५-६८) का अनुसरण किया गया है। लगभग यही अभिप्राय धर्मपरीक्षा (१९-१०) में भी प्रगट किया गया है, जो शब्द और अर्थ से भी प्रकृत तत्त्वानुशासन से बहुत कुछ मिलता-जुलता है।

तत्त्वार्थसूत्र १-२ में तत्त्वार्थश्रद्धान को सम्यग्दर्शन का लक्षण कहा गया है। इसके भाष्य (१-१) में प्रशस्त अथवा संगत दर्शन को सम्यक्त्व कालक्षण निर्दिष्ट किया गया है। आगे इसी भाष्य (१-२)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

में तत्त्वार्थश्रद्धान को स्पष्ट करते हुए कहा गया है कि तत्त्वों के अर्थों के श्रद्धान अथवा तत्त्व रूप से अर्थों के श्रद्धान का नाम तत्त्वार्थश्रद्धान है और यही तत्त्वार्थश्रद्धान उस सम्यग्दर्शन का लक्षण है जो प्रशम, संवेग, निर्वेद, अनुकम्पा और आस्तिक्य स्वरूप है। प्रशमरतिप्रकरण(२२२)में जीवादिकों के विषय में जो निश्चय से 'तत्त्व' इस प्रकार का अध्यवसाय होता है उसे सम्यग्दर्शन कहा गया है। बृहत्कल्पसूत्र (१३४) के अनुसार सुन करके·····जो तत्त्वरुचि होती है उसे सम्यक्त्व कहा जाता है। पउमचरिउ(१०२,१२१) में सम्यग्दृष्टि उसे कहा गया है जो लौकिक श्रुतियों से रहित होकर जीवादि नौ पदार्थों का श्रद्धान करता है।

रत्नकरण्डक(४) के अनुसार परमार्थभूत आप्त, आगम और गुरु का जो तीन मूढ़ताओं से रहित, आठ अंगों से सहित एवं आठ मदों से रहित श्रद्धान होता है उसका नाम सम्यग्दर्शन है। परमात्मप्रकाश (१-७६) के अनुसार सम्यग्दृष्टि वह जीव होता है जो आत्मा को आत्मा मानता है। योगसार(८९)में भी लगभग इसी अभिप्राय को प्रगट करते हुए कहा गया है कि जो सब व्यवहार को छोड़कर आत्मस्वरूप में रमता है उसे सम्यग्दृष्टि समझना चाहिए, ऐसा सम्यग्दृष्टि जीव शीघ्र ही संसार के पार को पा लेता है—वह मुक्त हो जाता है। दि. पंचसंग्रह (१-१५९) और भावसंग्रह (२७८) में प्रायः समान रूप में यह कहा गया है कि जिन भगवान् के द्वारा उपदिष्ट छह, पांच और नौ प्रकार के पदार्थों का आज्ञा और अधिगम से जो श्रद्धान होता है उसे सम्यक्त्व कहते हैं। तत्त्वार्थवार्तिक (१, १, १) में कहा गया है कि उपयोगविशेष से प्रादुर्भूत निसर्ग व अधिगम रूप दो प्रकार के व्यापार से युक्त जो तत्त्वार्थश्रद्धान होता है उसका नाम सम्यग्दर्शन है। इसका अनुसरण करते हुए त. श्लो. वार्तिक (१, १, १) में भी प्रायः इसी अभिप्राय को व्यक्त किया गया है।

श्रावकप्रज्ञप्ति (६२) में पूर्वोक्त तत्त्वार्थसूत्र और उसके भाष्य का अनुसरण करते हुए तत्त्वार्थ-श्रद्धान को सम्यक्त्व का लक्षण बतलाकर यह कहा गया है कि उसके होने पर नियम से प्रशम आदि (संवेग, निर्वेद, अनुकम्पा और आस्तिक्य) प्रगट होते हैं।

धवला(पु. १, पृ. १५१ व पु. ७, पृ. ७)तथा मूलाचार की वृत्ति (१२-१५६) में प्रशम, संवेग, अनुकम्पा और आस्तिक्य इनकी अभिव्यक्ति को सम्यक्त्व का लक्षण प्रगट किया गया है। आगे इस धवला (पु. ६, पृ. ३८ तथा पु. १३, पृ. ३५७-५८) में आप्त, आगम और पदार्थ विषयक रुचि को दर्शन का लक्षण बतलाते हुए रुचि, प्रत्यय, श्रद्धा और स्पर्शन इन शब्दों को समानार्थक निर्दिष्ट किया गया है। यहीं पर (पु. ७, पृ. ७) तत्त्वार्थश्रद्धान को सम्यग्दर्शन अथवा तत्त्वरुचिको सम्यक्त्व कहा गया है। पु. १३ (पृ. २८६-८७) में 'सम्यग् दृश्यन्ते परिच्छिद्यन्ते जीवादयः पदार्थाः अनया इति सम्यग्दृष्टिः' इस निरुक्ति के साथ यह अभिप्राय प्रगट किया गया है कि जिस दृष्टि के द्वारा जीवादि पदार्थ यथार्थ रूप में जाने जाते हैं उस दृष्टि का नाम सम्यग्दृष्टि है। प्रकारान्तर से यहां यह भी कहा गया है कि अथवा सम्यग्दृष्टि के अविनाभाव से सम्यग्दृष्टि जानना चाहिये। पु. १५(पृ. १२)में छह द्रव्य और नौ पदार्थ विषयक श्रद्धान को सम्यग्दर्शन कहा गया है।

वरांगचरित (२६-९१) में सम्यग्दृष्टि उन्हें कहा गया है जो जिनप्रणीत प्रवचन पर श्रद्धा करते हैं, भावतः वृद्धिगत होते हैं और प्रत्यय भी करते हैं। हरिवंशपुराण (५८-१९) में तत्त्वार्थसूत्र के अनुसार तत्त्वार्थश्रद्धानको तथा महापुराण (९-१२१ व २४-११७) में धवला (पु. ६, पृ. ३८) के अनुसार आप्त, आगम और पदार्थ विषयक रुचि या श्रद्धान को दर्शन या सम्यग्दर्शन का लक्षण कहा गया है।

त. भाष्य (१-१, पृ. २६) की सिद्धसेन विरचित वृत्ति में कहा गया है कि सम्यग्दर्शन के घातक मिथ्यादर्शन और अनन्तानुबन्धी कषायों के क्षय आदि से जिनदेव के द्वारा उपदिष्ट समस्त द्रव्यों और पर्यायों को विषय करने वाली जो जीव की रुचि प्रादुर्भूत होती है उसे सम्यग्दर्शन कहते हैं। आगे यहां (पृ. ३०) यह भी कहा गया है कि अविपरीत (यथार्थ) पदार्थों को ग्रहण करने वाली जो दृष्टि जीवादि विषय का उल्लेख करती हुई सी प्रवृत्त होती है उसका नाम सम्यग्दर्शन है। यहीं पर आगे (१-७, पृ. ५५) मुख्य वृत्ति से जो रुचि—श्रद्धा-संवेगादि रूप ज्ञानलक्षण आत्मपरिणाम—होता है उसे सम्यग्दर्शन कहा

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

गया हैं। यहां सम्यग्दृष्टि उस जीव को कहा गया है जिसकी सुन्दर दृष्टि समीचीन पदार्थों का अवलोकन किया करती है। आगे इसी वृत्ति (२-३) में तत्त्वरुचि को और तत्त्वार्थश्रद्धान (७-६ व ८-१०) को भी सम्यक्त्व का लक्षण कहा गया है। सूत्र ६-४ की वृत्ति में प्रशम, संवेग, निर्वेद, अनुकम्पा और आस्तिक्य की अभिव्यक्ति को सम्यग्दर्शन का लक्षण बतलाया गया है।

भ. आराधना की विजयोदया टीका (१६) के अनुसार वस्तु की यथार्थता के श्रद्धान का नाम दर्शन है। पुरुषार्थसिद्ध्युपाय (२१६) में आत्मविनिश्चिति—पर से भिन्न आत्मा के निर्णय—को दर्शन कहा गया है। तत्त्वार्थसार १-४ व २-६१ में तत्त्वार्थश्रद्धान को क्रम से दर्शन व सम्यक्त्व कहा गया है। पंचास्तिकाय की अमृतचन्द्र विरचित वृत्ति (१६०) में द्रव्य व पदार्थ के विकल्प युक्त धर्मादिकों के श्रद्धान नामक तत्त्वार्थश्रद्धानभावस्वभाव भावान्तर को सम्यक्त्व का लक्षण निर्दिष्ट किया गया है। योगसारप्राभृत (१-१६) के अनुसार जिसके आश्रय से जैसी वस्तु है उसका उसी रूप में जो ज्ञान होता है उसे जिन भगवान् के द्वारा सम्यक्त्व कहा गया है, वह सिद्धि (मुक्ति) के सिद्ध करने में समर्थ है। उपासकाध्ययन (२६७) में सम्यक्त्व का लक्षण तत्त्वविषयक रुचि कहा गया है। सावयधम्मदोहा (१६) व वसुनन्दिश्रावकाचार (६) में प्रायः समान शब्दों में यह कहा गया है कि आप्त, आगम और तत्त्वों का शंकादि दोषों से रहित जो निर्मल श्रद्धान होता है उसे सम्यक्त्व जानना चाहिये। जीवन्धरचम्पू (७-६) में आप्त, आगम और पदार्थों के श्रद्धान को दर्शन का लक्षण कहा गया है। जैसा कि धवला (पु. ६, पृ. ३८) में निर्दिष्ट किया जा चुका है तदनुसार आचारसार (३-३) में भी आप्त, आगम और पदार्थ विषयक रुचि को सम्यक्त्व कहा गया है। द्रव्यसंग्रह (४१) में सम्यक्त्व का लक्षण जीवादि का श्रद्धान प्रगट किया गया है।

स्थानांग की अभय. वृत्ति (१-४३) में 'दृश्यन्ते श्रद्धीयन्ते पदार्था अनेनास्मादस्मिन् वेति दर्शनम्' इस निरुक्ति के अनुसार दर्शनमोहनीय के क्षय या क्षयोपशम को तथा 'दृष्टिर्वा दर्शनम्' इस निरुक्ति के अनुसार उक्त दर्शनमोहनीय के क्षय आदि के आश्रय से प्रादुर्भूत तत्त्वश्रद्धानरूप आत्मपरिणाम को दर्शन कहा गया है। लगभग इसी अभिप्राय को व्यक्त करते हुए आव. निर्युक्ति की मलयगिरि विरचित वृत्ति (१२१) में भी आत्मपरिणतिस्वरूप तत्त्वार्थश्रद्धान को सम्यग्दर्शन का लक्षण प्रगट किया गया है।

इस प्रकार संक्षेप में उक्त सम्यग्दर्शन के लक्षणों को निम्न रूपों में देखा जा सकता है—

१. सम्यक्त्व, संयम या उत्तम धर्मस्वरूप मोक्षमार्ग का दर्शक (बोधप्राभृत)
२. जीवादि नौ पदार्थों का श्रद्धान (पंचास्तिकाय)
३. धर्मादिकों का श्रद्धान (पंचास्तिकाय)
४. भूतार्थ का आश्रय (समयप्राभृत)
५. भूतार्थ स्वरूप से अधिगत जीवादि (समयप्राभृत)
६. जीवादि का श्रद्धान (समयप्राभृत)
७. आप्त, आगम और पदार्थों का श्रद्धान (समयप्राभृत)
८. आप्त, आगम और तत्त्वों का श्रद्धान (नियमसार)
९. विपरीत अभिनिवेश से रहित श्रद्धान (,,)
१०. चल, मलिन और अगाढ़ता से रहित श्रद्धान (नियमसार)
११. छह द्रव्य, नौ पदार्थ, पांच अस्तिकाय और सात तत्त्व इनके स्वरूप का श्रद्धान (दर्शनप्राभृत)
१२. जीवादिका श्रद्धान (व्यवहार सम्यग्दर्शन), आत्मा का श्रद्धान (निश्चय सम्यग्दर्शन)—दर्शनप्राभृत
१३. तत्त्वरुचि (मोक्षप्राभृत व बृहत्कल्प)
१४. हिंसारहित धर्म, अठारह दोषरहित देव, निर्ग्रन्थ गुरु और प्रवचन विषयक श्रद्धान (मोक्षप्राभृत)
१५. जिनोपदिष्ट ही यथार्थ है, ऐसा भावतः ग्रहण (मूलाचार)
१६. मार्ग ही सम्यक्त्व है (मूलाचार)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

१७. यथावस्थित जीवादिकों का भावतः श्रद्धान (उत्तराध्ययन)
१८. यथार्थ शुद्ध भावों की निसर्ग अथवा अधिगम से होनेवाली रुचि (उत्तराध्ययन चूर्णि)
१९. तत्त्वार्थ श्रद्धान (तत्त्वार्थसूत्र)
२०. निश्चय से यही तत्त्व है, ऐसा अर्थविषयक अध्यवसाय (प्रशमरति प्रकरण)
२१. परमार्थभूत आप्त, आगम और गुरु का निर्दोष श्रद्धान (रत्नकण्डक)
२२. आत्मा को आत्मा समझना (परमात्मप्रकाश)
२३. जिनोपदिष्ट छह, पांच और नौ प्रकार के पदार्थों का आज्ञा व अधिगम से होनेवाला श्रद्धान (दि. पंचसंग्रह)
२४. प्रणिधानविशेष से आहित निसर्ग व अधिगम रूप दो प्रकार के व्यापार से होने वाला श्रद्धान (तत्त्वार्थवार्तिक)
२५. प्रशम, संवेग, अनुकम्पा और आस्तिक्य की अभिव्यक्ति (धवला)
२६. जिस दृष्टि से भली भांति जीवादि पदार्थों का श्रद्धान होता है वह दृष्टि (धवला)
२७. जिनप्रणीत प्रवचन पर श्रद्धा (वरांगचरित)
२८. दर्शनविघातक कर्मों के क्षयादि से होनेवाली जिनोपदिष्ट समस्त द्रव्य-पर्यायविषयकरुचि (त. भा. सिद्ध. वृत्ति)
२९. अविपरीत पदार्थों को ग्रहण करने वाली दृष्टि (त. भा. सिद्ध. वृत्ति)
३०. आत्मविनिश्चिति (पुरुषार्थसिद्ध्युपाय)
३१. द्रव्य व पदार्थ के विकल्प युक्त धर्मादिकों के तत्त्वार्थश्रद्धानभावस्वभाव श्रद्धान नामक भावान्तर (पंचा. अमृत. वृत्ति)
३२. शुद्ध नय की अपेक्षा एकत्व में नियत, व्यापक एवं पूर्ण ज्ञानघनस्वरूप आत्मा को द्रव्यान्तरों से पृथक् देखना (समयसारकलश)
३३. जैसी वस्तु है उसी प्रकार का ज्ञान जिसके आश्रय से आत्मा के होता है (योगसारप्राभृत)
३४. विपरीतता से रहित जिन प्रणति तत्त्वप्रतिपत्ति (प्रज्ञापना मलय वृत्ति)

संग्रहनय—इसके लक्षण का निर्देश करते हुए सर्वार्थसिद्धि (१-३३) में कहा गया है कि जो अपनी जातिका विरोध न करके अनेक भेद युक्त पर्यायों को सामान्य से एक रूप में ग्रहण करता है उसे संग्रहनय कहते हैं। समस्तको ग्रहण करने के कारण इसका संग्रहनय यह सार्थक नाम है।

त. भाष्य (१-३५, पृ. ११८) के अनुसार पदार्थों का जो सर्वदेश अथवा एकदेश रूप से संग्रहण होता है उसका नाम संग्रहनय है। यहीं पर आगे (पृ. १२३) एक शंका के समाधान रूप में पुनः यह कहा गया है कि नाम-स्थापनादि से विशिष्ट एक अथवा बहुत साम्प्रत, अतीत व अनागत घटों में जो सम्प्रत्यय—सामान्य बोध—होता है उसे संग्रहनय कहा जाता है। आगे वहाँ नयविषयक विरोध की आशंका का निराकरण करते हुए 'आह च' ऐसा निर्देश करके ४ कारिकायें उद्धृत की गई हैं। उनमें से दूसरी कारिका में संग्रहनय के लक्षण का निर्देश करते हुए कहा गया है कि जो सामान्यविषयक अथवा देशतः विशेषविषयक संगृहीतवचन है उस संग्रहनय से नियत ज्ञान को संग्रहनय जानना चाहिए।

अनुयोगद्वार गाथा १३७ (पृ. २६४) व आव. निर्युक्ति १३७ के अनुसार जो संग्रहवचन पदार्थों को पिण्डित रूप में ग्रहण करता है उसे संग्रहनय जानना चाहिये। विशेषा. भाष्य (७६ व २६९९) में भावसाधन, कर्तृसाधन और करणसाधन के आश्रय से कहा गया है कि सामान्य से भेदों के पिण्डित अर्थ के रूप में होने वाले संग्रह को, जो उनका संग्रह करता है, अथवा जिसके द्वारा उनका संग्रह किया जाता है उसका नाम संग्रहनय है। यह उसका सार्थक नाम है।

त. वार्तिक (१, ३३, ५) में पूर्वोक्त सर्वार्थसिद्धिगत लक्षण को स्पष्ट करते हुए कहा गया है कि अपनी चेतन-अचेतन रूप जाति से च्युत न होकर जो एकता को प्राप्त कराकर भेदों का संग्रह—समस्त रूप

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

ग्रहण होता है, इसका नाम संग्रहनय है। जैसे—'सत् द्रव्य' ऐसा कहने पर द्रव्य, पर्याय व उनके भेद-प्रभेद जो सत्ता सम्बन्ध के योग्य हैं उन सबको द्रव्यत्व से अविरुद्ध होने के कारण एक रूप में ग्रहण किया गया है। अतएव इसे संग्रहनय जानना चाहिये। दूसरा उदाहरण यहां घट का दिया गया है, 'घट' ऐसा कहने पर यद्यपि प्रकृत घट नाम-स्थापनादि के भेद से, सुवर्ण व मिट्टी आदि उपादान के भेद से, रक्त-पीतादिरूप वर्ण के भेद से, तथा आकार के भेद से अनेक प्रकार के हैं; तो भी वे सब ही 'घट' शब्द के द्वारा ग्रहण किये जाते हैं। अतः वाचक के अभिन्न होने से उन सबको यह नय एक रूप में ग्रहण करता है। यहां जो 'सत् द्रव्य व घट' ये दो उदाहरण दिये गये हैं उन्हें क्रम से पूर्वोक्त त. भाष्य में निर्दिष्ट सर्वदेश व एकदेश के स्पष्टीकरण स्वरूप समझना चाहिए।

पूर्वोक्त त. भाष्यगत 'अर्थानां सर्वैकदेशग्रहणं संग्रहः' इस लक्षण को स्पष्ट करते हुए उसकी हरि. वृत्ति में 'सर्व' शब्द से सामान्य और 'देश' शब्द से विशेष को ग्रहण करके उसका यह अभिप्राय प्रगट किया है कि पदार्थों का सामान्य व विशेष रूप से जो एक रूप में ग्रहण होता है उसे संग्रहनय कहा जाता है। यही अभिप्राय प्रायः उन्हीं शब्दों में उक्त त. भाष्य की अपनी वृत्ति में सिद्धसेन गणि ने भी व्यक्त किया है। अनुयोगद्वार की हरि. वृत्ति (पृ. ३९) में प्रकृत संग्रहनय को स्वभावतः सामान्य मात्र को ग्रहण करने वाला निर्दिष्ट किया गया है।

धवला (पु. १, पृ. ८४) में प्रकृत संग्रहनय के स्वरूप को दिखलाते हुए कहा गया है कि विधि को छोड़कर चूंकि प्रतिषेध उपलब्ध नहीं है, इसलिये 'विधि मात्र ही तत्त्व है' इस प्रकार का जो अध्यवसाय होता है उसे समस्त को ग्रहण करने के कारण संग्रहनय कहा जाता है, अथवा द्रव्य को छोड़कर पर्याय चूंकि पाई नहीं जाती, इसलिए 'द्रव्य ही तत्त्व है' इस प्रकार का जो अध्यवसाय होता है उसे संग्रहनय समझना चाहिये। अन्यत्र यहीं पर (पु. ९, पृ. १७०) पर्याय कलंक से रहित होने के कारण जो सत्तादि के द्वारा सबमें अद्वैतता—द्वैत के अभाव स्वरूप एकत्व—का अध्यवसाय होता है उसे शुद्ध द्रव्यार्थिक संग्रहनय का लक्षण कहा गया है।

पश्चात्कालीन ग्रन्थों में प्रायः सर्वार्थसिद्धिगत लक्षण का अथवा त. भाष्यगत लक्षण का ही हीनाधिक रूप में अनुसरण किया गया है।

संयम—प्राकृत पंचसंग्रह (दि. १-१२७) में व्रतों के धारण, समितियों के पालन, कषायों के निग्रह, दण्डों के त्याग और इन्द्रियों के जय को संयम का लक्षण कहा गया है। प्रकृत पंचसंग्रह की यह गाथा धवला (पु. १, पृ. १४५) में उद्धृत की गई है तथा गो. जीवकाण्ड (४६५) में वह उसी रूप में आत्मसात् की गई है। उक्त लक्षण का अनुसरण प्रायः उन्हीं शब्दों में त. वार्तिक (९, ७, ११), धवला (पु. १, पृ. १४४ व पु. ७, पृ. ७), उपासकाध्ययन (९२४), चारित्रसार (पृ. ३८) अमितगति विरचित पंचसंग्रह (१-२३८), मूलाचार वृत्ति (१२-१५६) और कार्तिकेयानुप्रेक्षा की टीका (३९९) में किया गया है। सर्वार्थसिद्धि (६-१२) के अनुसार प्राणियों और इन्द्रियविषयों में जो अशुभ प्रवृत्ति हुआ करती है उससे निवृत्त होने का नाम संयम है। इसका अनुसरण त. वार्तिक (६, १२, ६), तत्त्वार्थसार (२-८४) और पद्मनन्दिपंचविंशति (१-९६) में किया गया है।

त. भाष्य (९-६) में योगों के निग्रह को संयम का लक्षण निर्दिष्ट किया गया है। यहां यह स्मरणीय है कि मूल तत्त्वार्थसूत्र (९-४) में सम्यक् प्रकार से किये जाने वाले योगनिग्रह को गुप्ति कहा गया है। प्रकृत भाष्य में संयम को सत्तरह प्रकार का निर्दिष्ट किया गया है—१-५ पृथिवीकायिकादि के भेद से (पृथिवीकायिकसंयम आदि) ६-९ द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय, चतुरिन्द्रिय और पंचेन्द्रिय के भेद से, १० प्रेक्ष्यसंयम, ११ उपेक्ष्यसंयम, १२ अपहृत्यसंयम, १३ प्रमृज्यसंयम, १४ कायसंयम, १५ वाक्संयम १६ मनसंयम १७ उप-

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

करणसंयम ।

त· वार्तिक में अन्यत्र (९, ६, १४) संयम के लक्षण में यह भी कहा गया है कि समितियों में प्रवर्तमान मुनि उनके परिपालन के लिए जो प्राणिपीड़ा और इन्द्रियविषयों का परिहार करता है वह संयम कहलाता है । इसका अनुसरण मूलाचार की वृत्ति (११-५) और तत्त्वार्थवृत्ति (९-६) में भी किया गया है ।

ध्यानशतक की हरि. वृत्ति (६८) में प्राणातिपातादिकी निवृत्ति को संयम का लक्षण कहा गया है । इसका अनुसरण त· भाष्य (६-१३ व ६-२०) की वृत्ति में भी किया गया है । उक्त हरिभद्र सूरि के द्वारा दशवै. की वृत्ति (१-१ पृ· २१) में आस्रवद्वारों के उपरम को तथा त. भाष्य (६-२०) की वृत्ति में विषय-कषायों की उपरति को संयम का लक्षण निर्दिष्ट किया गया है ।

धवला में इसका लक्षण पांच स्थलों पर उपलब्ध होता है—जैसा कि ऊपर संकेत किया जा चुका है, पु·१, पृ· १४४ पर व्रत, समिति, कषाय, दण्ड और इन्द्रिय इनके यथाक्रम से धारण, अनुपालन, निग्रह, त्याग और जय को संयम कहा गया है । यहीं पर आगे (पृ· १७६) गुप्तियों और समितियों से अनुरक्षित मुनि जो हिंसादि पांच पापों से विरत होता है, इसे संयम का लक्षण प्रगट किया गया है । आगे (पृ· ३७४) कहा गया है कि बुद्धिपूर्वक सावद्य से विरत होने का नाम संयम है । पु· ७, पृ· ७ पर पूर्वोक्त व्रतादि के रक्षण आदि को संयम का लक्षण कहा गया है । पु· १४, पृ· १२ पर विपाकप्रत्ययिक जीवभावबन्ध के प्रसंग में संयम और विरति में भेद को दिखलाते हुए कहा गया है कि समितियों के साथ महाव्रतों और अणुव्रतों को संयम और समितियों के बिना उक्त महाव्रतों और अणुव्रतों को विरति कहा जाता है ।

भ· आराधना की विजयो· टी· (६) में कर्मादान की कारणभूत क्रियाओं से उपरत होना, इसे संयम का लक्षण कहा गया है । यही अभिप्राय उसकी मूलाराधनादर्पण टीका (४) में भी व्यक्त किया गया है । अमितगतिश्रावकाचार (३-६१) के अनुसार धार्मिक, उपशान्त, गुप्तियों से सुरक्षित और परीषहों का विजेता अनुप्रेक्षाओं में तत्पर होता हुआ जो कर्म का संवरण करता है वह संयम कहलाता है, प्रवचनसार की जय· वृत्ति (१-७९) में कहा गया है कि बाह्य इन्द्रियों व प्राणों के संयम के बल से अपनी शुद्ध आत्मा में संयमन होने के कारण जो समरसीभाव से परिणमन होता है उसे संयम कहते हैं । आचारसार (५-१४८) में निरुक्तिपूर्वक संयम के लक्षण का निर्देश करते हुए कहा गया है कि सम्यग्दर्शन व सम्यग्ज्ञान से पवित्र व पाप का विघातक जो द्वन्दद्वितय—प्राणिपीडा व इन्द्रियविषय इन दोनों का—यम (त्याग) किया जाता है उसका नाम संयम है ।

प्रज्ञापना की मलयगिरि विरचित वृत्ति (३१६ की उत्थानिका) में निरवद्य योग में प्रवृत्ति और इतर (सावद्य) योग से निवृत्ति को संयम कहा गया है । आव. निर्युक्ति की मलय· वृत्ति (८३१) के अनुसार समीचीन अनुष्ठान (सदाचरण) का नाम संयम है ।

संसारपरीत—संसारपरीत और परीतसंसार ये दोनों शब्द समान अभिप्राय के बोधक हैं । मूलाचार (२-३६) के अनुसार जो जिनागम में अनुरक्त रहते हैं, गुरु की आज्ञा का भावतः परिपालन करते हैं, तथा अशबल—मिथ्यात्व की कलुषता से रहित—होते हुए संक्लेश से रहित होते हैं वे परीतसंसार—परिमित संसार वाले होते हैं । प्रज्ञापना (१८-२४७) में संसारपरीत का स्वरूप क्या है, इस गौतम गणधर के प्रश्न का समाधान करते हुए श्रमण महावीर के द्वारा कहा गया है कि संसारपरीत का अभिप्राय है संसार का कम से कम अन्तर्मुहूर्त मात्र और अधिक से अधिक अपार्ध पुद्गलपरिवर्त मात्र शेष रह जाना । प्रकृत सूत्र के अभिप्राय को व्यक्त करते हुए मलयगिरि ने अपनी वृत्ति में कहा है कि जिसने सम्यक्त्व आदि के द्वारा संसार को परिमित कर दिया है वह संसारपरीत है । ऐसा जीव जघन्य से अन्तर्मुहूर्त मात्र संसार में रहता है, तत्पश्चात् अन्तकृत्केवलित्व के योग से वह मुक्त हो जाता है । उत्कर्ष से वह अनन्त काल—अपार्ध पुद्गलपरिवर्त प्रमाण—संसार में रहता है, तत्पश्चात् वह नियम से मुक्ति को प्राप्त हो जाता है ।

धवला (पु· ४, पृ· ३३५) में सादि-सपर्यवसित मिथ्यादृष्टि के काल की प्ररूपणा के प्रसंग में अपरीतसंसार और परीतसंसार का विवेचन करते हुए कहा गया है कि एक अनादि मिथ्यादृष्टि अपरीत-

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

संसारी जीव अधःप्रवृत्तकरण, अपूर्वकरण और अनिवृत्तिकरण इन तीन करणों को करके सम्यक्त्वग्रहण के प्रथम समय में ही उस सम्यक्त्व गुण के द्वारा पूर्व के अपरीत संसार से हटकर अर्धपुद्गलपरिवर्त मात्र परीतसंसारी होता हुआ उतने काल ही उत्कर्ष से संसार में रहता है। जघन्य से वह अन्तर्मुहूर्त मात्र ही संसार में रहता है।

सामायिक—इसका विधान मुनियों के छह आवश्यकों, चारित्रभेदों, प्रतिमाओं, शिक्षाव्रतों तथा संयतभेदों या संयमभेदों के अन्तर्गत उपलब्ध होता है। पर उसके स्वरूप का विचार करते हुए तदनुसार उसका पृथक्-पृथक् विश्लेषण नहीं किया गया है—सर्वत्र उसका स्वरूप प्रायः समान रूप में ही दृष्टिगोचर होता है।

नियमसार के नौवें परमसमाधि अधिकार (१२५-३३) में सामायिकव्रत के योग्य कौन होता है, इसका विचार करते हुए कहा गया है कि जो समस्त जीवों में सम—राग-द्वेष से रहित, संयम, नियम और तप में निरत; राग-द्वेषजनित विकार से विहीन, आर्त व रौद्र रूप दुर्ध्यान से दूरवर्ती, पुण्य-पापरूप कर्म के विकार से विमुक्त, हास्यादि रूप नोकषायों से रहित, निरन्तर धर्म व शुक्लरूप प्रशस्त ध्यानों का ध्याता और ज्ञान एवं चारित्र में बुद्धि को लगाने वाला है उसके जिनशासन में सामायिकव्रत कहा गया है, अर्थात् उपर्युक्त विशेषताओं से विशिष्ट जीव ही उस सामायिक का अधिकारी होता है।

मूलाचार (१-२३) में मुनि के २८ मूलगुणों के अन्तर्गत सामायिक आवश्यक के लक्षण का निर्देश करते हुए कहा गया है कि साधु जो जीवित और मरण, लाभ और अलाभ, संयोग और वियोग, मित्र और शत्रु तथा सुख और दुःख आदि में समता—राग-द्वेष से रहित समानता—का भाव रखता है, इसका नाम सामायिक है। यहीं पर आगे (७,१८-३२) मुनि के छह आवश्यकों के अन्तर्गत उस सामायिक का पुनः विस्तार से विवेचन करते हुए कहा गया है कि सम्यक्त्व, ज्ञान, संयम और तप के साथ जो जीवका प्रशस्त समागम—उनके साथ एकरूपता—होती है उसे समय कहा गया है; इस समय को ही सामायिक जानना चाहिए। यह सामायिक का निरुक्त लक्षण है। जो जीव उपसर्ग व परीषहों पर विजय प्राप्त करके भावनाओं और समितियों में उपयुक्त होता हुआ यम व नियम में बुद्धि को संलग्न करता है वह सामायिक से परिणत होता है, जो श्रमण स्व व पर में सम—राग-द्वेष से रहित—होता है, माता और समस्त महिलाओं के विषय में सम होता है—उन्हें माता के समान मानता है, तथा अप्रियव प्रिय एवं मान व अपमान में समण (समान) रहता है उसे ही सामायिक जानना चाहिए। जो द्रव्य, गुण और पर्यायों के समवाय को—उनकी अपेक्षाकृत समानता को—जानता है उसे उत्तम सामायिक जानना चाहिए। राग और द्वेष का निरोध करके समस्त कर्मों में जो समता और सूत्रों में—द्वादशांग श्रुत के विषय में—जो परिणाम होता है उसे उत्तम सामायिक जानना चाहिए। समस्त सावद्य से विरत, तीन गुप्तियों से सुरक्षित और जितेन्द्रिय जीव का नाम ही सामायिक है जो उत्तम संयमस्थानस्वरूप है। जिसकी आत्मा संयम, नियम और तप में स्थित है; जो त्रस और स्थावर समस्त जीवों के विषय में सम—राग-द्वेष से रहित है, जिसके राग और द्वेष विकार को उत्पन्न नहीं करते, जिसने क्रोधादि चारों कषायों को जीत लिया है, जिसके आहारादि संज्ञायें और कृष्णादि लेश्यायें विकार को उत्पन्न नहीं करतीं, जो रस व स्पर्शस्वरूप काम को तथा रूप, गन्ध और शब्दरूप भोगों को सदा छोड़ता है, तथा आर्त-रौद्र रूप दुर्ध्यानों को छोड़कर सदा धर्म व शुक्ल रूप समीचीन ध्यानों को ध्याता है उसके जिनागम के अनुसार सामायिक स्थित रहती है[1]। योगींदु विरचित योगसार (९९-१००) में उक्त नियमसार के समान संक्षेप में समभाव को सामायिक का लक्षण निर्दिष्ट किया गया है।

---

१. इस प्रसंग से सम्बद्ध नियमसार के पद्य १२५-२९ व १३३ और मूलाचारगत पद्य क्रम से २३, २५,२४,२६,३१ और ३२ ये उभय ग्रन्थों में समान रूप में उपलब्ध होते हैं। (नि. सा. के पद्य १२५ और मूला. के पद्य २३ का उत्तरार्ध भिन्न है)। नि. सा. के पद्य १२६ व १२७ तथा आवश्यक नि. के पद्य ७९७ व ७९६ भी परस्पर में समान हैं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

रत्नकरण्डक (४-७) में शिक्षाव्रत के प्रसंग में नियमित समय पर्यन्त पांचों पापों के पूर्णतया परित्याग को सामायिक का लक्षण निर्दिष्ट किया गया है। आगे यहां (४-८) उपर्युक्त समय को स्पष्ट करते हुए कहा गया है कि बालों के बन्धन, मुट्ठी के बन्धन और वस्त्र के बन्धन को अथवा स्थान (कायोत्सर्ग) व उपवेशन को आगम के ज्ञाता समय—काल अथवा आचारविशेष—जानते हैं। यहीं पर आगे (५-१८) तीसरी सामायिक प्रतिमा के प्रसंग में कहा गया है कि जो गृहस्थ यथाजात—बालक के समान दिगम्बर वेष में स्थित होकर अथवा समस्त प्रकार की परिग्रह की ओर से निर्ममत्व होकर—चार वार तीन-तीन आवर्त पूर्वक कायोत्सर्ग में स्थित होता हुआ चार प्रणाम करता है तथा दो उपवेशन से युक्त होकर तीनों योगों से शुद्ध होता हुआ तीनों सन्ध्याकालों में देववन्दना किया करता है उसे सामयिक—तीसरी सामायिक प्रतिमा का धारक श्रावक—जानना चाहिए।

सर्वार्थसिद्धि (७-२१) में शिक्षाव्रतों के प्रसंग में निरुक्तिपूर्वक सामायिक के लक्षण को दिखलाते हुए कहा गया है कि 'सम्' का अर्थ एकीभाव और 'अय' का अर्थ गमन है, तदनुसार एकीभाव स्वरूप से जो गमन (प्रवृत्ति) होता है उसका नाम समय है और उस समय को ही सामायिक कहा जाता है। अथवा 'समयः प्रयोजनमस्येति वा विगृह्य सामायिकम्' इस प्रकार के विग्रहपूर्वक यह भी निर्देश किया गया है कि उक्त प्रकार का 'समय' हो जिसका प्रयोजन है उसे सामायिक जानना चाहिए। सर्वार्थसिद्धिगत इस लक्षण को कुछ स्पष्ट करते हुए तत्त्वार्थवार्तिक (७, २१, ६) में कहा गया है कि प्रतिनियत काय, वचन और मन की क्रिया रूप पर्याय से निवृत्त होकर द्रव्यार्थस्वरूप से जो आत्मा का एकीभाव (अभिन्नता) को प्राप्त होना है, यह सामायिक का लक्षण है। सर्वार्थसिद्धिगत शेष सभी अभिप्राय को यहां प्रायः शब्दशः आत्मसात् किया गया है। आगे यहां चारित्र के प्रसंग में (९,१८,२) में कहा गया है कि समस्त सावद्य योग का जो अभेद रूप से—हिंसा आदि भेदों के बिना—प्रत्याख्यान का आश्रय लेकर प्रवृत्त होता है, इसका नाम सामायिक चारित्र है। सर्वार्थसिद्धि (९-१८) में इस सामायिक को नियतकाल और अनियतकाल के भेद से दो प्रकार कहा गया है। इनमें स्वाध्यायादि रूप सामायिक को नियतकालिक और ईर्यापथ आदि रूप सामायिक को अनियतकालिक जानना चाहिए।

तत्त्वार्थाधिगमभाष्य (७-१६) में शिक्षाव्रत के प्रसंग में कहा गया है कि कालका नियम करके जो तब तक के लिए समस्त सावद्य योग का परित्याग किया जाता है उसे सामायिक कहते हैं। प्रकृत त. भा. (९.१८) में चारित्र के प्रसंग में उस सामायिक संयम के नाम मात्र का निर्देश किया गया है, स्वरूप के सम्बन्ध में वहां कुछ नहीं कहा गया। आवश्यकसूत्र (अ. ६) के अनुसार सावद्य योग के परित्याग और निरवद्य योग के प्रतिसेवन का नाम सामायिक है। आवश्यक भाष्य (१४९) में कहा गया है कि सावद्य योग से विरत, तीन गुप्तियों से विभूषित, छह काय के जीवों के विषय में संयत—उन्हें पीड़ा न पहुंचाने वाला, उपयुक्त एवं प्रयत्नशील आत्मा ही सामायिक होता है (पूर्वोक्त नि. सा. गत पद्य १२५-२६ और आव. भाष्य का प्रकृत पद्य ये परस्पर एक-दूसरे से कुछ प्रभावित रहे प्रतीत होते हैं)। विशेषावश्यकभाष्य (४२२०-२६) में सामायिक के लक्षण का निर्देश निरुक्तिपूर्वक अनेक प्रकार से किया गया है। यथा—'सम' का अर्थ राग-द्वेष से रहित और 'अय' का अर्थ गमन है, इस प्रकार समगमनका नाम 'समाय' और यह समाय ही सामायिक है। अथवा उक्त 'समाय' में होनेवाली, उससे निर्वृत्त, तन्मय अथवा उक्त प्रयोजनन की साधक सामायिक जानना चाहिए। अथवा 'सम' से सम्यक्त्व, ज्ञान और चारित्र अभिप्रेत हैं; उनके विषय में या उनके द्वारा जो अय—गमन या प्रवर्तन है—उसका नाम 'समय' और उस समय को ही सामायिक कहा जाता है। अथवा समके—राग-द्वेष से रहित जीव के—जो आय—गुणों की प्राप्ति होती है—उसका नाम समय है, अथवा समों का—सम्यक्त्व, ज्ञान और चारित्र का—जो आय (लाभ) है उसे सामायिक जानना चाहिए। अथवा 'साम' का अर्थ मैत्रीभाव और 'अय' का अर्थ गमन है, इस प्रकार उस मैत्रीभाव में या उसके द्वारा जो प्रवृत्ति होती है उसे सामायिक कहा जाता है। अथवा उक्त मैत्रीभावरूप जो साम है उसके आय (लाभ) को सामायिक जानना चाहिए। इस प्रकार यहां सामायिक शब्द की निष्पत्ति की प्रमुखता से अर्थ को बैठाया गया है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

त. भाष्य (९-१८) की हरिभद्र व सिद्धसेन विरचित वृत्तियों में तथा अनुयोगद्वार की हरिभद्र विरचित वृत्ति में (पृ. १०३) में पूर्वोक्त त. वार्तिक के समान समस्त सावद्य योग से विरत होने को सामायिक कहा गया है। इसके पूर्व उस अनुयोगद्वार की हरि. वृत्ति (पृ. २६) और आवश्यकसूत्र (६,९,पृ. ८३१) की भी हरि. वृत्ति में पूर्वोक्त विशेषावश्यकभाष्य के समान निरुक्त्यर्थ को भी प्रगट किया गया है। इसी अभिप्राय को हरिभद्र सूरि ने अपने पंचाशक (४९९) में भी संक्षेप में व्यक्त किया है। श्रावकप्रज्ञप्ति (२९२) में शिक्षाव्रत के प्रसंग में पूर्वोक्त आवश्यकसूत्र के समान सावद्य योग के परित्याग और निरवद्य योग के आसेवन को सामायिक का लक्षण प्रगट किया गया है। इसकी टीका में हरिभद्र सूरिने 'एत्थ पुण सामायारी' ऐसा निदश करते हुए श्रावक को सामायिक कहां, कब और किस प्रकार से करना चाहिए; इत्यादि बातों का स्पष्टीकरण करते हुए ऋद्धिप्राप्त और अनृद्धिप्राप्त इन दो प्रकार के श्रावकों के आश्रय से विचार अभिव्यक्त किया है। तत्पश्चात् यहां यह शंका उठाई गई है कि सामायिक में अधिष्ठित श्रावक जब साधु ही होता है तब वह उतने काल के लिए पूर्ण रूप से समस्त सावद्य योग का परित्याग मन, वचन व काय से क्या नहीं करता है ? करता ही है। इस शंका के समाधान में वहां श्रावक के लिए मन, वचन व काय से पूर्णतया उस समस्त सावद्य योग के परित्याग को असम्भव बतलाकर साधु और श्रावक इन दोनों में अनुमति की प्रधानता से दो प्रकार की शिक्षा, गाथा (सामाइयंमि उ कए ····॥२९९॥), उपपात, स्थिति, गति, कषाय, बन्ध, उदय, प्रतिपत्ति और अतिक्रम इन अधिकारों के आश्रय से भेद प्रगट किया गया है (श्रा, प्र. २९३-३११)।

वरांगचरित (१५, १२१-२२) में शिक्षाव्रत के प्रसंग में सामायिक के लक्षण का निर्देश करते हुए कहा गया है कि व्रत की वृद्धि के लिए निरन्तर दोनों सन्ध्याकालों में नमस्कारपूर्वक हृदय में शरण, उत्तम और मांगल्य इनका ध्यान करना चाहिए। सब जीवों में समता—राग-द्वेष का अभाव, संयम, उत्तम भावनाएं और आर्त-रौद्र रूप दुर्ध्यानों का परित्याग; यह सामायिक शिक्षाव्रत का लक्षण है। जयधवला (१, पृ. ९८) के अनुसार तीनों सन्ध्याकालों में, अथवा पक्ष, मास व सन्धिदिनों में, अथवा अपने अभीष्ट समयों में बाह्य और अभ्यन्तर समस्त पदार्थविषयक जो कषाय का निरोध किया जाता है उसका नाम सामायिक है। कार्तिकेयानुप्रेक्षा (३५६-५७) में कहा गया है कि जो पल्यंक आसन बांधकर अथवा खड़ा होकर काल के प्रमाण को करके इन्द्रियों के व्यापार से रहित होता हुआ जिनागम में मन को लीन करता है तथा शरीर को स्थिर रखता हुआ अंजलिपूर्वक—मुकुलित दोनों हाथों के साथ—आत्मस्वरूप में लीन होता है व वन्दना के अर्थ का चिन्तन करता है; इस प्रकार से जो देश प्रमाण को करके सामायिक को करता है वह तब तक के लिए मुनि जैसा होता है। सागारधर्मामृत (५-२८) में सामायिक शिक्षाव्रत के स्वरूप को दिखलाते हुए कहा गया है कि एकान्त स्थान में बालों के बन्धन आदि के छूटने तक मुनि के समान आत्मा का ध्यान करते हुए जो समस्त हिंसादि पापों का त्याग किया जाता है, यह सामायिक शिक्षाव्रत का लक्षण है।

यहां सागारधर्मामृत में जो बालों के बन्धन आदि के छूटने रूप समय का निर्देश किया गया है वह स्पष्टतया पूर्वोक्त रत्नकरण्डक (४-८) के आधार से किया गया है। पर जैसे रत्नकरण्डक मूल व उसकी प्रभाचन्द्र विरचित टीका में भी उसके अभिप्राय को स्पष्ट नहीं किया गया है वैसे ही इस सागारधर्मामृत व उसकी स्वो. टीका में भी उसका कुछ स्पष्टीकरण नहीं किया गया। प्रकृत में 'समय' से काल अभिप्रेत है या आचारविशेष अभिप्रेत है, इसका स्पष्ट बोध नहीं होता। पूर्वोक्त कार्तिकेयानुप्रेक्षा (३५६) में भी जो 'बंधित्ता पज्जंकं अहवा उड्ढेण उब्भओ ठिच्चा' यह कहा गया है वह भी पूर्वोक्त रत्नक. के 'पर्यङ्कबन्धनं चापि। स्थानमुपवेशनं वा' से प्रभावित रहा ही प्रतीत होता है। पर यहां रत्नकरण्डक के 'मूर्द्धरुह-मुष्टि-वासोबन्धं' को सम्भवतः बुद्धिपुरस्सर छोड़ दिया गया है जबकि सागारधर्मामृत में 'केशबन्धादिमोक्षं' के रूप में उसे ग्रहण कर लिया गया है। पर उसका स्पष्टीकरण नहीं किया गया।

इनके अतिरिक्त अन्य ग्रन्थों में जो प्रकृत सामायिक का लक्षण उपलब्ध होता है उसमें नियमसार, मूलाचार, सर्वार्थसिद्धि, अथवा विशेषावश्यकभाष्य इनमें से किसी न किसीका अनुसरण किया गया है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सामायिक प्रतिमा—इसके स्वरूप का निर्देश करते हुए रत्नकरण्डक (५-१८) में कहा गया है कि जो श्रावक तीन-तीन आवर्तों को—मन, वचन व काय के संयमनरूप तीन-तीन शुभ योगरूप प्रवृत्तियों को—चार बार करता है, चार प्रणाम करता है, यथाजात रूप से—दिगम्बर होकर अथवा समस्त परिग्रह की ओर से निर्ममत्व होकर—कायोत्सर्ग में स्थित होता है व दो उपवेशन करता है; इस प्रकार की क्रिया को करता हुआ तीनों सन्ध्याकालों में तीनों योगों से शुद्ध होकर वन्दना किया करता है वह सामयिक—तीसरी सामायिक प्रतिमा का अनुष्ठाता—होता है।

षट्खण्डागम (५,४,४—पु. १३, पृ. ३८) में निर्दिष्ट दस कर्मभेदों में ९वां क्रियाकर्म है। इसके स्वरूप का निर्देश करते हुए वहां आत्माधीन, प्रदक्षिण, त्रिःकृत्वा (तीन बार करना), तीन अवनमन, चार शिर और बारह आवर्त; इस सबको क्रियाकर्म (कृतिकर्म) कहा गया है (५,४,२७-२८—पु. १३, पृ. ८८) पूर्वोक्त रत्नकरण्डक में जो बारह आवर्त (४-३) और चार प्रणामों का उल्लेख किया गया है सम्भव है वह इस षट्खण्डागम के ही आधार से किया गया हो। दोनों ही ग्रन्थों में 'आवर्त' शब्द तो समान रूप से व्यवहृत हुआ है, पर षट्खण्डागम में जहां 'चतुःशिरस्' का उपयोग किया गया है वहां रत्नकण्डक में 'चतुःप्रणाम' का उपयोग किया गया है। वीरसेनाचार्य विरचित इस षट्खण्डागमसूत्र की टीका (पु. १३, पृ.९१ व ९२) में 'चतुःशिर' का स्पष्टीकरण करते हुए यह कहा गया है कि समस्त क्रियाकर्म चतुःशिर होता है। वह इस प्रकार से—सामायिक के आदि में जो जिनेन्द्र के प्रति शिर नमाया जाता है वह एक शिर है, उसी के अन्त में जो शिर नमाया जाता है वह दूसरा शिर है, 'थोस्सामि' दण्डक के आदि में जो शिर नमाया जाता है, वह तीसरा शिर है तथा उसीके अन्त में जो नमन किया जाता है वह चौथा शिर है। इस प्रकार एक क्रियाकर्म चार शिर से युक्त होता है। यहीं पर आगे प्रकारान्तर से उस चतुःशिर' को स्पष्ट करते हुए यह भी कहा गया है कि अथवा सब ही क्रियाकर्म चतुःशिर—चतुःप्रधान (चार की प्रधानता से)—होता है, क्योंकि अरहंत, सिद्ध, साधु और धर्म को ही प्रधानभूत करके सब क्रियाकर्मों की प्रवृत्ति देखी जाती है। बारह आवर्तों को स्पष्ट करते हुए यहां यह कहा गया है कि सामायिक और थोस्सामि दण्डक के आदि और अन्त में मन, वचन व काय की विशुद्धि के परावर्तन के बार (आवर्त) बारह (३+३+१+३) होते हैं।

मूलाचार के अन्तर्गत षडावश्यक अधिकार में बन्दना का विवेचन करते हुए नामवन्दना के प्रसंग में कृतिकर्म, चितिकर्म, पूजाकर्म और विनयकर्म इनको वन्दना का समानार्थक कहा गया है। इस प्रसंग में वहां ये प्रश्न उठाये गये हैं—वह कृतिकर्म किसके द्वारा किया जाना चाहिए, किसके प्रति किया जाना चाहिए किस प्रकार से किया जाना चाहिए, कहां किया जाना चाहिए, कितने बार किया जाना जाहिए, कितने उसमें अवनत—हाथ जोड़कर शिर से भूमिका स्पर्श करते हुए नमस्कार—किये जाने चाहिये, कितने शिर—हाथ जोड़कर शिर को नमाते हुए नमस्कार—किये जाने चाहिये; तथा वह कितने आवर्त्तों से शुद्ध और कितने दोषों से रहित होना चाहिए (७, ७८-८०)। इन प्रश्नों का वहां यथाक्रम से समाधान करते हुए वह कितने अवनत, कितने आवर्त और कितने शिर से युक्त होना चाहिए; इन प्रश्नों के समाधान में वहां यह कहा गया है—उस कृतिकर्म का प्रयोग दो अवनतों से सहित, यथाजात रूप से संयुक्त, बारह आवर्त्तों से युक्त, चार शिर से सहित और मन, वचन और काय रूप तीनों योगों से शुद्ध किया जाना चाहिए (७-१०४) यह मूलाचार का विवरण निश्चित ही पूर्वोक्त षट्खण्डागम से प्रभावित रहा प्रतीत होता है। विशेष इतना है कि षट्खण्डागम में जहां तीन 'अवनत' का निर्देश किया गया है वहां मूलचार में 'दो अवनत' का निर्देश किया गया है।

पूर्वोक्त रत्नकरण्डक का वह अभिप्राय मूलाचार के इस कथन से अत्यधिक प्रभावित रहा प्रतीत होता है। दोनों ग्रन्थों में बारह (४×३) आवर्त, चार प्रणाम (शिर), यथाजात, दो निषद्य (अवनत) और त्रियोगशुद्ध (त्रिशुद्ध) इनका समान रूप में व्यवहार हुआ है। यथा—

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

दोणदं तु जधाजादं वारसावत्तमेव य ।
चदुसिरं तिसुद्धं च किदियम्मं पउंजदे ।। मूला. ७-१०४.
चतुरावर्त्तत्रितयश्चतुःप्रणामः स्थितो यथाजातः ।
सामयिको द्विनिषद्यस्त्रियोगशुद्धस्त्रिसन्ध्यमभिवन्दी ।। रत्नकरण्डक, १३९

मूलाचारगत प्रकृत पद्य से अतिशय समान यह पद्य समवायांग में भी उपलब्ध होता है—

दुओणयं जहाजायं किदिकम्मं बारसावयं ।
चउसिरं तिगुत्तं च दुपवेसं एगणिक्खमणं ।। समवायांग. १२.

धवला (पु. ९, पृ. १८७-८९) में चौदह प्रकार के अनंगश्रुत के नामोल्लेखपूर्वक कृतिकर्म के प्रसंग में मूलाचारगत उपर्युक्त पद्य को 'एत्थुववुज्जंती गाहा' ऐसा निर्देश करते हुए यत्किंचित् वर्णभेद के साथ उद्धृत किया गया है।

उपर्युक्त प्रसंग से सम्बद्ध मूलाचार और रत्नकरण्डक में इतनी विशेषता रही है कि मूलाचार का वह प्रसंग जहां मुनि के छह आवश्यकों के अन्तर्गत वन्दना आवश्यक से सम्बद्ध है वहां रत्नकरण्डक में वह श्रावक के ग्यारह पदों में से तीसरे पदभूत सामायिक प्रतिमा के धारक से सम्बन्ध रखता है। किन्तु ऐसा होने पर भी उसमें कुछ विरोध नहीं समझना चाहिए। कारण यह कि उसके पूर्व उक्त रत्नकरण्डक (४-१२) में ही यह कहा जा चुका है कि श्रावक के सामायिक में अवस्थित होने पर चूंकि वह उस समय समस्त आरम्भ और परिग्रह से रहित होता है, इसीलिये वह उपसर्ग के वश वस्त्र से आच्छादित मुनि के समान यतिभाव को—महाव्रतित्व को—प्राप्त होता है। यह अभिप्राय केवल रत्नकरण्डक में ही नहीं, बल्कि उक्त मूलाचार (७-३४), आवश्यकनिर्युक्ति (५८४), विशेषावश्यकभाष्य (३१७३) और श्रावकप्रज्ञप्ति (२९९) में भी समानरूप से व्यक्त किया गया है। इतना ही नहीं, इन चारों ग्रन्थों में प्रकृत गाथा भी अभिन्न रूप में ही उपलब्ध होती है।

रत्नकरण्डक में निर्दिष्ट उपर्युक्त सामायिक प्रतिमाधारी के स्वरूप को कार्तिकेयानुप्रेक्षा (३७१ व ३७२) और वामदेव विरचित भावसंग्रह (५३२-३३) में भी समान रूप से प्रगट किया गया है।

सावयधम्मदोहा (१२) में भी पूर्वाचार्यपरम्परा के अनुसार तीनों संन्ध्याकालों में बत्तीस दोषों से रहित जिनवन्दना का विधान किया गया है।

वसुनन्दिश्रावकाचार (२७४-७५) में उक्त सामायिक के प्रसंग में कहा गया है कि स्नानादि से पवित्र होकर चैत्यालय में व अपने गृह में प्रतिमा के अभिमुख होकर अथवा अन्यत्र पवित्र स्थान में पूर्वाभिमुख या उत्तराभिमुख होकर जिनवाणी, धर्म, चैत्य, परमेष्ठी और जिनालय की जो तीनों कालों में वन्दना की जाती है, यह सामायिक कहलाती है।

योगशास्त्र के स्वो. विव. (३-१४८) में कहा गया है कि तीसरी सामायिक प्रतिमा का धारक श्रावक प्रमाद से रहित होकर तीन मास तक उभय सन्ध्याकालों में पूर्वोक्त प्रतिमाओं के अनुष्ठान के साथ सामायिक का पालन करता है। लगभग यही अभिप्राय आचारदिनकर (पृ. ३२) में भी प्रगट किया गया है।

अन्य ग्रन्थों में प्रायः पूर्वनिर्दिष्ट इन्हीं ग्रन्थों में से किसी न किसी का अनुसरण किया गया है।

सूत्र—मूलाचार (५-८०) में सूत्र के लक्षण का निर्देश करते हुए कहा गया है, जो गणधरों के द्वारा, प्रत्येकबुद्धों के द्वारा, श्रुतकेवलियों के द्वारा और अभिन्नदशपूर्वियों के द्वारा कहा गया हो उसे सूत्र जानना चाहिए। आवश्यकनिर्युक्ति (८८०) के अनुसार सूत्र नाम उसका है जो ग्रन्थ से अल्प होकर अर्थ से महान् हो, बत्तीस दोषों से रहित हो, लक्षण—व्याकरणनियमों—से सहित हो, और आठ गुणों से सम्पन्न हो। इसी आव. नि. में आगे (८८६) पुनः कहा गया है कि जो थोड़े से अक्षरों से सहित, सन्देह से रहित, सारयुक्त, विश्वतःमुख—अनुयोगों से सहित, अर्थोपम—व्याकरणविहित निपातों से रहित—और अनवद्य होकर

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सर्वज्ञ के द्वारा कहा गया हो वह सूत्र कहलाता है। तत्त्वार्थवार्तिक (७, १४, ५) में सूत्र का लक्षण लघु और गमक कहा गया है। धवला (पु. ९, पृ. २५९) और जयधवला (१, पृ. १५४) में एक प्राचीन श्लोक को ग्रन्थान्तर से उद्धृत करते हुए उसके द्वारा कहा गया है कि जो अक्षरों से अल्प, सन्देह से रहित, सारवान्, गूढ़ तत्त्वों का निर्णायक, निर्दोष युक्ति का अनुसरण करने वाला और यथार्थ हो उसे सूत्र के ज्ञाता सूत्र मानते हैं। यह लक्षण पूर्वोक्त आव. निर्युक्ति (८८६) से प्रभावित प्रतीत होता है। प्रकृत धवला में आगे (पु. १४, पृ. ८) दाशांग शब्दागम को भी सूत्र कहा गया है। जयधवला १, पृ. १७१) में भी आगे एक अन्य श्लोक को उद्धृत करते हुए यह अभिप्राय व्यक्त किया गया है कि महान् अर्थ से संयुक्त अथवा जो पदसमूह अर्थ की उत्पत्तिका कारण हो उसे सूत्र जानना चाहिए।

सूत्ररुचि—यह सम्यक्त्व के दस भेदों के अन्तर्गत है। उत्तराध्ययन (२८-१६) और प्रज्ञापना (गा. ११५) के अनुसार वे दस भेद ये हैं—निसर्गरुचि, उपदेशरुचि, आज्ञारुचि, सूत्ररुचि, बीजरुचि, अभिगमरुचि, विस्ताररुच, क्रियारुचि, संक्षेपरुचि और धर्मरुचि। इनमें से उपदेशरुचि, आज्ञारुचि, सूत्ररुचि, बीजरुचि, विस्ताररुचि और संक्षेपरुचि ये छह भेद तो तत्त्वार्थवार्तिक (३,३६,२), महापुराण (७४ से ४४०, ४४४) आत्मानुशासन (११), उपासकाध्ययन (पृ. ११४) और अनगारधर्मामृत की स्वो. टीका (२-६२) में भी उपलब्ध होते हैं; किन्तु शेष चार भेदों के स्थान में यहां ये अन्य ही चार भेद उपलब्ध होते हैं—मार्गरुचि, अर्थरुचि, अवगाढ़रुचि और परमावगाढ़रुचि। प्रकृत में सूत्ररुचि के लक्षण का निर्देश करते हुए उत्तरा. (२८-२१) और प्रज्ञापना (गा. १२०) में कहा गया है कि जो जीव सूत्र का अध्ययन करता हुआ अंगश्रुत व बाह्यश्रुत से सम्यक्त्व का अवगाहन करता है उसे सूत्ररुचि जानना चाहिए। त. वा. के अनुसार प्रव्रज्या और मर्यादा के प्ररूपक आचारश्रुत के सुनने मात्र से जिनके सम्यग्दर्शन उत्पन्न हुआ है उन्हें सूत्ररुचि कहा जाता है। म. पु. (७४,४४३-४४) में कहा गया है कि आचार नामक प्रथम अंग में निर्दिष्ट तप के भेदों के सुनने से शीघ्र ही जो रुचि प्रादुर्भूत होती है उसे सूत्रजा रुचि कहते हैं। आत्मानु. (१३) के अनुसार मुनि के चारित्रविधि के सूचक आचारसूत्र को सुनकर जो श्रद्धा उत्पन्न होती है उसे सूत्रदृष्टि कहा जाता है। उपासकाध्ययन और अनगारधर्मामृत की टीका में समान रूप से यतिजन के आचार के निरूपण मात्र को सूत्र—उससे होने वाले श्रद्धान को सूत्रसम्यक्त्व—कहा गया है। दर्शनप्राभृत की टीका (१२) के अनुसार मुनियों के आचारसूत्र स्वरूप **मूलाचार** शास्त्र को सुनकर जो सम्यक्त्व उत्पन्न होता है उसका नाम सूत्रसम्यक्त्व है।

इस प्रकार प्रस्तुत सूत्ररुचि या सूत्रसम्यक्त्व के लक्षण में प्रायः उत्तरोत्तर कुछ विशेषता देखी जाती है। यथा—उत्तराध्ययन में जहां अंग व बाह्य श्रुत से इस सम्यक्त्व की उत्पत्ति निर्दिष्ट की गई है वहां तत्त्वार्थवार्तिक में बिशेष रूप से प्रव्रज्या व मर्यादा के प्ररूपक केवल आचार सूत्र के सुनने मात्र से उसकी उत्पत्ति बतलायी गई है। शेष ग्रन्थों में प्रायः इस तत्त्वार्थवार्तिक के लक्षण का ही अनुसरण किया गया है। दर्शनप्राभृत की टीका में तो मूलाचार—जो वर्तमान में उपलब्ध है—उसके सुनने से प्रकृत सम्यक्त्व की उत्पत्ति कही गई है।

सोपक्रमायु—यह शब्द मूलाचार (१२-८३) में उपलब्ध होता है। इसके अभिप्राय को व्यक्त करते हुए उसकी बसुनन्दी विरचित वृत्ति में विष, वेदना, रक्तक्षय, भय, संक्लेश, शस्त्रघात एवं उच्छ्वास-निःश्वास के निरोध से होनेवाले आयु के घात को उपक्रम और उस उपक्रम से युक्त आयु वाले जीवों को सोपक्रमायु—सघातायु—कहा गया है। सोपक्रम और निरुपक्रम ये दो शब्द त. भाष्य (२-५२) में उपलब्ध होते हैं। वहां आयु के अपवर्तन के निमित्त को उपक्रम कहा गया है। उपक्रम से आयु का अपवर्तन हो सकता है, इसके लिए यहां संहत शुष्क तृणराशि और गुणकार-भागहार से राशिछेद ये दो उदाहरण भी दिये गये हैं। बृहत्संग्रहणी (२६६) में भी कहा गया है कि जिस अध्यवसान आदि से, चाहे वह आत्मोत्पन्न हो अथवा अन्य हो, आयु उपक्रम को प्राप्त होती है उसे उपक्रम कहा जाता है। त. भाष्य की हरिभद्र विरचित वृत्ति (२-५२) में जिनकी आयु प्रायः अपवर्तन के योग्य होती है उन्हें सोपक्रम और जिनकी आयु

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अपवर्तन के योग्य नहीं होती है उन्हें निरुपक्रम निर्दिष्ट किया गया है। इसी भाष्य की सिद्धसेन विरचित वृत्ति (२-५१) में प्रत्यासन्नीकरण के कारण को उपक्रम कहा गया है। इसे स्पष्ट करते हुए वहां यह कहा गया है कि जिस अध्यवसान आदि रूप कारणविशेष से अतिशय दीर्घकाल की स्थिति वाली भी आयु अल्प काल की स्थिति से युक्त हो जाती है उस कारणकलाप का नाम उपक्रम है। आगे (२-५२) यहां उदाहरण के रूप में विष, अग्नि और शस्त्र आदि को उपक्रम बतलाते हुए कहा गया है कि देव व नारक आदि के चूंकि आयु के भेदक प्राणापान निरोध, आहारनिरोध, अध्यवसान, निमित्त, वेदना, पराघात और स्पर्श नामक सात वेदनाविशेष रूप उपक्रम सम्भव नहीं है, इसलिये वे निरुपक्रम ही होते हैं।

धवला (पु. १०, पृ. २३३-३४) में सोपक्रमायुष्क और निरुपक्रमायुष्क इनके लक्षण का तो कुछ निर्देश नहीं किया गया, पर वे पर भव सम्बन्धी आयु को किस प्रकार से बांधते हैं, इसे स्पष्ट करते हुए वहां कहा गया है कि जो जीव सोपक्रमायुष्क होते है वे अपनी भुज्यमान आयु के दो त्रिभागों (२/३) के बीत जाने पर असंक्षेपाद्धा काल तक पर भव सम्बन्धी आयु के बांधने के योग्य होते हैं, अर्थात् दो त्रिभागों के बीत जाने पर प्रथमादि आठ अपकर्षकालों में से यथासम्भव किसी एक अपकर्षकाल में उसे बांधा जा सकता है। पर उक्त आठ अपकर्षकालों में से यदि वह किसी में भी न बंध सकी तो फिर आवली के असंख्यातवें भाग मात्र असंक्षेपाद्धा काल में वे अवश्य ही पर भव सम्बन्धी आयु को बांध लेते हैं। इनसे विपरीत जो निरुपक्रमायुष्क होते हैं वे अपनी भुज्यमान आयु में छह मास शेष रह जाने पर पर भव सम्बन्धी आयु के बांधने योग्य होते हैं। इसमें भी अपकर्षों का नियम पूर्ववत् रहता है। आगे यहां (पृ. २३७-३८) शंकाकार के द्वारा इस प्रसंग से सम्बद्ध व्याख्याप्रज्ञप्ति के सन्दर्भ को उद्धृत करते हुए कहा गया है कि उपर्युक्त कथन का इस व्याख्याप्रज्ञप्तिगत सूत्र के साथ कैसे विरोध न होगा? इसका समाधान यहां आचार्यों के मध्यगत मतभेद को प्रगट करते हुए किया गया है। धवला के प्रकृत भाग का हिन्दी अनुवाद करते समय हमने वर्तमान में उपलब्ध व्याख्याप्रज्ञप्ति में उस सूत्र के खोजने का यथासम्भव प्रयत्न किया था, पर वह उस रूप में हमें वहां उपलब्ध नहीं हुआ।

स्तनदोष या स्तनदृष्टिदोष—यह कायोत्सर्ग का एक दोष है। मूलाचार की वृत्ति (७-१७१) में इसके स्वरूप का निर्देश करते हुए कहा गया है कि जो कायोत्सर्ग में स्थित होकर अपने स्तनों पर दृष्टि रखता है उसके यह कायोत्सर्ग का स्तनदृष्टि नामक दोष होता है। योगशास्त्र के स्वो. विवरण में (३, १३०) कहा गया है कि डांस-मच्छर आदि के निवारण के लिए अथवा अज्ञानता से स्तनों को चोलपट्ट से बांधकर कायोत्सर्ग में स्थित होना, यह एक कायोत्सर्ग के स्तनदोष का लक्षण है। आगे यहां इस सम्बन्ध में मतभेद को दिखलाते हुए यह भी कहा गया है कि अथवा जिस प्रकार धाय स्तनों को ऊपर उठाकर बालक के लिए दिखलाती है उसी प्रकार स्तनों को ऊंचा करके कायोत्सर्ग में स्थित होना, यह उस स्तनदोष का लक्षण है, ऐसा किन्हीं अन्य आचार्यों का अभिमत है। सम्भव है यह लक्षणभेद साम्प्रदायिकता के व्यामोहवश हुआ हो।

स्त्रीवेद—इसके स्वरूप का निर्देश करते हुए सर्वार्थसिद्धि (८-९) में कहा गया है कि जिसके उदय से जीव स्त्री जैसे भावों को प्राप्त होता है वह स्त्रीवेद कहलाता है। इसे कुछ और स्पष्ट करते हुए त. वार्तिक (८,९-४) में कहा गया है कि जिसके उदय से जीव मृदुता, अस्पष्टता, क्लीवता (कायरता), कामावेश; नेत्रविभ्रम, आस्फालनसुख और पुरुषेच्छा, इन स्त्री जैसे भावों को प्राप्त होता है उसे स्त्रीवेद कहा जाता है। पश्चात्कालीन प्रायः सभी ग्रन्थों में—जैसे श्रावकप्रज्ञप्ति टीका (१८), धवला (पु. १, पृ. ३४०, ३४१; पु. ६, पृ. ४७; पु. ७, पृ. ७९ और पु. १३, पृ. ३६१), मूलाचारवृत्ति (१२-१९२) और प्रज्ञापना मलय. वृत्ति (२९३) आदि—यही कहा गया है कि जिसके उदय से स्त्री के पुरुषविषयक अभिलाषा होती है उसका नाम स्त्रीवेद है।

लगभग इसी पद्धति में नपुंसकवेद और पुरुषवेद या पुंवेद का भी लक्षण देखा जाता है। विशेषता यह है कि त. वा. में जैसे स्त्रीवेद के लक्षण में स्त्रैण भावों को स्पष्ट किया गया है वैसे वहां नपुंसक और पौंस्न भावों को कुछ स्पष्ट नहीं किया गया (देखिए नपुंसक और पुरुषवेद व पुंवेद शब्द)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

स्थापनाकर्म—जैनागमों में विवक्षित पदार्थ की प्ररूपणा नय व निक्षेप के आधार से की गई है। प्रकृत में कर्म की विवक्षा है। वह नाम, स्थापना, द्रव्य और भाव के भेद से चार प्रकार का है। इनमें स्थापनाकर्म के स्वरूप का विचार करते हुए षट्खण्डागम (५,४, ११-१२—पु. १३, पृ. ४१) में कहा गया है कि काष्ठकर्म, चित्रकर्म,पोत्तकर्म, लेप्यकर्म, लयनकर्म, शैलकर्म, गृहकर्म, भित्तिकर्म,दन्तकर्म अथवा भेण्डकर्म; इनमें तथा अक्ष अथवा वराटक इत्यादि अन्य भी जो हैं उनमें स्थापना के द्वारा जो 'यह कर्म है' इस प्रकार से स्थापना की जाती है वह सब स्थापनाकर्म कहलाता है। इस प्रकार की विवेचनपद्धति को स्थापनानन्त, स्थापनाकृति, स्थापनाप्रकृति और स्थापनास्पर्श आदि शब्दों के अन्तर्गत भी देखा जा सकता है।

यह विवेचन की पद्धति आवश्यकसूत्र में भी देखी जाती है। उदाहरण के रूप में स्थापनावश्यक के स्वरूप का विचार करते हुए वहां (सू.१०) कहा गया है कि काष्ठकर्म, पुस्तकर्म, चित्रकर्म, लेप्यकर्म, ग्रन्थिम, वेढिम, पूरिम अथवा संघातिम, अक्ष अथवा वराटक में जो 'यह आवश्यक है' इस प्रकार से सद्भाव रूप,(तदाकार) अथवा असद्भाव रूप (अतदाकार) एक या अनेक की स्थापना की जाती है उसे स्थापनावश्यक कहते हैं। (सद्भावस्थापना और असद्भावस्थापना के लिए देखिये धवला पु. १३, पृ. १० और ४२ आदि तथा ग्रन्थिम व वेढिम आदि के लिए देखिये धवला पु. ९,पृ. २७२-७३ आदि)।

स्थावर—पीछे (पृ. ५-६) 'त्रस' के प्रसंग में त्रस जीवों के स्वरूप व भेद आदि के विषय में विचार किया जा चुका है। प्रस्तुत स्थावर उक्त त्रस का विपक्षभूत है। सर्वार्थसिद्धि (२-१२) में स्थावर जीवों के स्वरूप का विचार करते हुए कहा गया है कि जो जीव स्थावर नामकर्म के वशीभूत होते हैं वे स्थावर कहलाते हैं। त. वार्तिक (२,१२,३) और त. श्लो. वार्तिक (२-१२) के अनुसार जिन जीवों के जीवविपाकी स्थावर नामकर्म के उदय से विशेषता उत्पन्न हुई है उन्हें स्थावर कहा जाता है। जो जीव स्वभावतः एक स्थान पर रहते हैं उन्हें स्थावर कहना चाहिए, इस शंका का समाधान करते हुए पूर्वोक्त स. सि. में कहा गया है कि वैसा मानने पर आगम में जो यह कहा गया है कि 'कायानुवाद से द्वीन्द्रिय से लेकर अयोगिकेवलियों तक त्रस जीव होते हैं उससे विरोध का प्रसंग प्राप्त होगा। त. वार्तिक (२,१२, ४-५) में भी स्थानशील—एक ही स्थान में स्थित रहने वाले—जीवों को स्थावर क्यों न माना जाय, इस शंका का समाधान करते हुए कहा गया है कि वैसा स्वीकार करने पर वायु, तेज एवं जलकायिक जीवों के अस्थावरत्व—स्थावरभिन्न त्रसता—का प्रसंग दुर्निवार होगा, क्योंकि उनका गमन एक स्थान से दूसरे स्थान में देखा जाता है। यदि कहा जाय कि वह तो अभीष्ट ही है, तो वैसा कहने वालों के प्रति यह कहा गया है कि उन्होंने समय के अर्थ को नहीं समझा, क्योंकि सत्प्ररूपणा में कायानुवाद के प्रसंग में द्वीन्द्रिय से लेकर अयोगिकेवलों पर्यन्त जीवों को त्रस कहा गया है। ऊपर स. सि. में जिस आगम की ओर तथा त. वा. में जिस सत्प्ररूपणासूत्र की ओर संकेत किया गया है वह सूत्र इस प्रकार है—

तसकाइया बीइंदियप्पहुडि जाव अजोगिकेवलित्ति। षट्खं. १,१,४४ (पु. १,पृ. २७५).

इस सूत्र की व्याख्या करते हुए धवला टीका में 'स्थावर जीव कौन हैं' ऐसा पूछने पर एकेन्द्रिय जीवों को स्थावर कहा गया है। इस पर वहां (पृ. २७६) यह शंका उठाई गई है कि सूत्र में तो ऐसा निर्देश नहीं किया गया, फिर यह कैसे जाना जाता है कि एकेन्द्रिय जीव स्थावर है ? इसके उत्तर में वहां यह कहा गया है कि उक्त सूत्र में जब यह स्पष्ट निर्देश किया गया है कि द्वीन्द्रिय से लेकर अयोगिकेवली तक त्रस हैं, तब परिशेष से यह स्वयं सिद्ध है कि एकेन्द्रिय जीव स्थावर हैं। इसपर आगे स्थावर नामकर्म का क्या कार्य है, ऐसा पूछने पर यह कहा गया है कि उसका कार्य एक स्थान में अवस्थापित करने का है। इस पर यह शंका उपस्थित हुई कि वैसा होने पर तो तेज, वायु और जल इन चलने वाले स्थावर जीवों के स्थावरपने का अभाव प्राप्त होगा ? इस शंका के समाधान में कहा गया है कि ऐसा नहीं हो सकता। इसका कारण यह है कि जिस प्रकार स्थिर पत्ते प्रयोग से—वायु की प्रेरणा से—वृक्ष से टूटने पर इधर-उधर चलते हैं उसी प्रकार स्थिर तेज और जल जीव भी प्रयोग के वश चलते हैं, न कि स्वतः, अतएव उनके गमन में कोई विरोध नहीं है। इनके अतिरिक्त गति पर्याय से परिणत वायु का तो शरीर ही वैसा है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

इस प्रसंग से सम्बद्ध तत्त्वार्थसूत्र के स. सि. सिद्धिसम्मत और भाष्यसम्मत सूत्रों में भी कुछ भिन्नता रही है। यथा—

पृथिव्यप्तेजोवायु-वनस्पतयः स्थावराः । तेजोवायू द्वीन्द्रियादयस्त्रसाः । स. सि. सूत्र २,१३,१४.

पृथिव्यम्बु-वनस्पतयः स्थावराः । तेजोवायू द्वीन्द्रियादयश्च त्रसाः । भाष्य सूत्र २,१३,१४.

स. सि. और त. वा. के अन्तर्गत उपर्युक्त शंकासमाधान को देखते हुए सर्वार्थसिद्धिकार के सामने उक्त भाष्यसम्मत सूत्र रहे हैं या नहीं, यह सन्देहास्पद है। पर तत्त्वार्थवार्तिककार के समक्ष वे भाष्य-सम्मत सूत्र अवश्य रहे हैं, ऐसा प्रतीत होता है। कारण इसका यह है कि उन्होंने प्रकृत शंका के समाधान में वायु, तेज और जल कायिक जीवों के अस्थावरत्व का प्रसंग दिया है, जब कि स. सि. में केवल आगमविरोध ही प्रगट किया गया है, वहां वायु, तेज और जल कायिक जीवों का कुछ भी निर्देश नहीं किया गया।

दशवैकालिक चूर्णि (पृ. १४७) के अनुसार जो जीव एक स्थान में अवस्थित रहते हैं उन्हें स्थावर कहा जाता है। त. भा. की हरिभद्र विरचित वृत्ति (२-१२) में कहा गया है कि जो जीव परिस्पन्दन आदि से रहित होते हुए स्थावर नामकर्म के उदय से अवस्थित रहते हैं वे स्थावर कहलाते हैं। श्रावकप्रज्ञप्ति की टीका (२२) में भी उक्त हरिभद्र सूरि के द्वारा प्रायः इसी अभिप्राय को प्रगट करते हुए कहा गया है कि जिसके उदय से जीव स्पन्दन से रहित होता है उसे स्थावर नामकर्म कहते हैं। उक्त त. भा. की सिद्धसेन विरचित वृत्ति (२-१२) में कहा गया है कि स्थावर नामकर्म के उदय से जिन जीवों के सुख-दुःखादि के अनुमापक चिह्न स्पष्ट नहीं रहते वे स्थावर कहलाते हैं। सूत्रकृतांग की शीलांक विरचित वृत्ति (२,१,३ पृ. ३३ ब २,६,४ पृ. १४०) में 'तिष्ठन्तीति स्थावराः' इस निरुक्ति के साथ पृथिवी आदिकों को स्थावर कहा गया है। पर 'आदि' शब्द से वृत्तिकार को अन्य और कौन से जीव अभिप्रेत हैं, यह वहां स्पष्ट नहीं है। यही अभिप्राय प्रायः स्थानांग की अभयदेव विरचित वृत्ति (५७ व ७५) में भी प्रगट किया गया है। विशेष इतना है कि वहां 'पृथिवी आदिक' यह निर्देश नहीं किया गया। योगशास्त्र के स्वो. विवरण (१-१६) में स्पष्ट रूप से भूमि, अप्, तेज, वायु और महीरुह (वनस्पति) इन पांच एकेन्द्रिय जीवों को स्थावर कहा गया है।

स्थिरनामकर्म—इसके स्वरूप का निर्देश करते हुए सर्वार्थसिद्धि (८-११) तत्त्वार्थाधिगम भाष्य (८-१२) तत्त्वार्थश्लोकवार्तिक (८-११) और भगवती आराधना की मूला. टीका (२१२४) में प्रायः समान रूप से यही कहा गया है कि स्थिरभाव (स्थिरता) के जनक नामकर्म को स्थिर नामकर्म कहा जाता है। त. वार्तिक (८,११,३४) में सर्वार्थसिद्धिगत इस लक्षण को शब्दशः आत्मसात् करके उसे स्पष्ट करते हुए यह कहा गया है कि जिसके उदय से दुष्कर उपवास आदि तपों के करने पर भी अंग व उपांगों की स्थिरता रहती है वह स्थिर नामकर्म कहलाता है। त. भा. की हरि. वृत्ति और श्रावकप्रज्ञप्ति (२३) की हरि. टीका में कहा गया है कि जिसके उदय से सिर, हड्डियां और दाँत आदि शरीरगत अवयवों की स्थिरता होती है उसे स्थिर नामकर्म कहते हैं। त. भा. की हरि. वृत्तिगत इस लक्षण को उसकी सिद्धसेन विरचित वृत्ति और प्रज्ञापना की मलय. वृत्ति (२५३) में ज्यों का त्यों ले लिया गया है। धवला (पु. ६, पृ. ६३) में कहा गया है कि जिसके उदय से रस, रुधिर, मेदा, मज्जा, हड्डियां, मांस और शुक्र इन सात धातुओं की स्थिरता होती है—उनका विनाश या गलन नहीं होता है—उसका नाम स्थिर नामकर्म है। धवलागत यह लक्षण मूलाचार की वृत्ति (१२-१९५) में प्रायः उसी रूप में उपलब्ध होता है। आगे इसी धवला (पु. १३, पृ. ३६५) में उसके लक्षण को पुनः दोहराते हुए यह कहा गया है कि जिस कर्म के उदय से रसादि धातुओं का अवस्थान कुछ काल तक अपने स्वरूप से होता है उसे स्थिर नाम कर्म कहते है। समवायांग की अभयदेव विरचित वृत्ति (४२) में कहा गया है कि जिसके आश्रय से स्थिर दांत आदि अवयवों की उत्पत्ति होती है वह स्थिर नामकर्म कहलाता है।

—बालचन्द्र शास्त्री

हैदराबाद

१६-१-७९

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

प्रस्तावनागत विशिष्ट लक्ष्य शब्दों की अनुक्रमणिका

लक्ष्यशब्द	पृष्ठ	लक्ष्यशब्द	पृष्ठ
कपित्थदोष	१	याचनापरीषहजय	२३
पर्व-पर्वांग	१	रसत्याग, रसपरित्याग	२४
कांक्षा व काङ्क्षा	१	वलन्मरण, वलाकामरण, वलायमरण	२५
गण व गच्छ	२	विहायोगति नामकर्म	२५
ग्रन्थि	२	वृत्तिपरिसंख्यानतप	२५
छेद	३	व्यवहारनय	२५
छेदोपस्थापक	४	श्रमण	२६
तद्भवमरण	५	सत्य	२७
त्रस	५	असत्य	२७
दर्शन	६	समभिरूढनय	२८
दिव्यध्वनि	८	सम्यक्त्व	३०
धर्म	९	संग्रहनय	३३
नय	११	संयम	३४
नाग्न्यपरीषहजय	१४	संसारपरीत	३५
निगोद जीव	१४	सामायिक	३६
निर्ग्रन्थ	१५	सामायिक प्रतिमा	३९
निर्विचिकित्स	१६	सूत्र	४०
परिभोग	१८	सूत्ररुचि	४१
पादपोपगमन	१९	सोपक्रमायु	४१
पुलाक	२०	स्तनदोष	४२
प्रवचनवत्सलता	२०	स्त्रीवेद	४२
बकुश	२०	स्थापनाकर्म	४३
ब्रह्मचर्याणुव्रत	२१	स्थावर	४३
भोगोपभोगपरिमाण	२२	स्थिरनामकर्म	४४
यथाप्रवृत्तकरण	२२	ह्रस्व	४४

—: ० :—

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

शुद्धि-पत्र

पृष्ठ	कालम	पंक्ति	अशुद्ध	शुद्ध
३२६	१	३४	कल्पाः । सौ	कल्पाःसौ
४०५	२	२६	४-१५३	४-३२
४२४	१	२४	पन्द्र	पन्द्रह
४५१	२	३८	२७२	३७२
४५२	१	३०	तीर्थान्तररस-	तीर्थान्तरस-
,,	२	२६	(निवृ[वृं]त्ति-	निवृत्ति-
,,	२	२७	निवृ[वृं]त्ति-	निवृत्ति-
४६१	२	६	जम्म	जस्स
४६७	२	२४	३७ ३	३७, २
५००	१	३२	तजस	तैजस
५०२	१	३२	११	१२
५४२	१	२२	दव	दैव
५६६	१	१४	२५	२४
,,	१	१५	८१	८५
,,	१	२५	धास्यते	धारयते
५७४	१	२	१०	१२
५८७	२	१७	१. गुणो	१. ××× अत्रान्यतरत् प्रधानम् । गुणो
,,	२	१६	। (स्वयम्भू.	। भवन्त्यभिप्रेतगुणाः ××× ॥ (स्वयम्भू.
५६३	१	३०	पृ.	वृ.
६०२	१	३	ना क	नारक
६१७	२	२७	निर्ग्रंताः	निर्गंताः
६२५	१	२५	२४६	२३१
७१७	२	३५	पञ्जलि	पलञ्जि
७७४	२	३५	प्रमादादि	प्रसादादि
७७५	१	१३	यमोद्युक्तः चेतसां	यमोद्युक्तचेतसां
७६७	१	२	आत्मोपकार	आत्म-परोपकार
८१८	१	३३	तपः । (त. भा.	तपः । तत्राग्निप्रवेश-मरुत्प्रपात-जलप्रवेशादि । (त. भा.
८२७	१	१४	र्यत् सा	र्यत् । सा
,,	१	१७	गृहीति	गृंहीति
,,	१	१६	परदारस्य	परदारस्स
६१६	१	१५	सिच्छा	मिच्छा
६४३	१	२२	स्वरूप···कथित	स्वरूपं · कथितं
६४५	१	२६	६, ११	८, ११

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

९४५	२	९	पृ. ६६	पृ. ६५-६६
९५५	१	१९	भा. सिद्ध	भा.
९६३	१	२१	रोगःज्वराति	रोगः ज्वराति
१००१	१	३२	क्रियाः	क्रिया
१००२	१	२१	तस्से	तस्से [तिस्से]
१००३	१	२०	निमित्तानिनि-	निमित्तानि नि-
,,	२	२१	विद्यामहा	विद्या महा
१००८	१	२१	२१ व १४३	२१-१४३
१००९	२	२४	परकीयमनगतो	परकीयमतिगतो
१०११	१	२३	चारित	चरित
१०१९	१	४	आदि	व विष्ठा आदि
१०२४	१	३६	दरिद्र'''एवभूतेन	दरिद्र ··एवंभूतेन
१०२५	१	१३	कानृजात	कानुजात
,,	२	२२	तदानुवेदिकम्	[तदा तु वेदकम्]
१०२८	१	१	कर्म-	कर्म
,,	१	२	भवनदं स्व-	भवनस्व-
,,	१	३०	जस्सकम्म-	जस्स कम्म-
१०३४	१	२३	मस्लक्षी	मस्लाक्षी
१०३९	२	३५	३६	३३
१०४१	२	३९	१४०	२-१४
१०८३	१	९	तदनृतम्	तदननृतम्
१११०	२	९	चर्या सराग	चर्या व सराग
१११३	२	५	सर्वे चैव चैषा	सर्वे चैषा-
१११६	१	१२	भेदै संभृते	भेदैः संभृते
१११९	२	१६	तेणजं	तेण जं
११२७	२	३५	सयम	संयम
,,	२	३६	६); व्रत-	६); समितिषु प्रवर्तमानस्य प्राणीन्द्रियपरिहारः संयमः (त. वा. ९, ६, १४); व्रत-
११२८	१	८	); सम्यक्	); व्रत-समिति-कषाय-दण्डेन्द्रियाणां रक्षण-पालन-निग्रह-त्याग-जयाः संयमः, सम्यक्
११२८	१	३५	त्यागजन्यः	त्याग-जयाः
११३०	१	२५	अक्षर समूहबाह्य	अक्षरसमूह बाह्य
,,	१	३३	कर्म	१ कर्म
,,	१	३६	संयोजणा	संजोयणा
,,	१	३७	सजोएदि	संजोएदि
११३२	१	१५	संवर-	संवरः
११३३	१	१०	निरोधः संवरः	निरोधः संवरो
११३५	२	१	त्रयात्मक धर्मा	त्रयात्मकधर्मा

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

११५१	१	२३	इकमप्पए	इकमप्पए
,,	१	२८	संगनं	संगतं
११५८	१	३९	स्वासादन	सास्वादन
११६०	१	७	पुत्तयकम्मेण	पुग्गलकम्मेण
११६८	२	२५	वितंक	वितर्क
,,	२	३२	करके और बादर	करके बादर
११७२	२	१२	पु. १	पु. ९
११७३	१	९	चतुष्टचादि	चतुष्टयादि
११८१	१	२७	ति. ४	ति. प. ४
११८४	२	३३	तवपहावेण	[तह पहावेण]
११८८	२	८	पुस्तककर्म	पुस्तकर्म
११९५	१	२२	ना धर्मे	नाधर्मे
११९९	१	१७	स्नेहा (···स्नेहवि-	स्नेह (···स्नेहावि-
१२००	२	१५	संपत्त -फास्सिदियसु	संपत्तफस्सिदिएसु
१२०१	१	२७	कुएँ के खोदने	कुएँ आदि के खोदने,
,,	१	२८	आदि	×××
,,	१	३३	जीविकाक केर ने	जीविका के करने
१२०३	१	१३	सर्वथा	×××
१२०४	१	२२	तप-श्रुत	तपःश्रुत
,,	१	२४	,,	,,
१२०८	२	३०	झाणवस	झाण-
१२०९	२	१६	सन्निवेशकर	सन्निवेशकरं
,,	२	१७	वल्भीक	वल्मीक
,,	२	२१	वाल्मीक:	वल्मीक:
१२१०	१	२०	योग. शा.	योगशा.
,,	२	२२	वसति आहार	वसति—आहार
१२११	२	२४	को (स्वेद—पसीना)	को स्वेद (पसीना)
१२१४	२	३	प्राणानां परस्य च	प्राणानां [स्वस्य] परस्य च
१२१५	१	४	योगद्धि	योगाद्धै
१२१६	१	५	करोत्येवशीलं	करोत्येवंशीलं
,,	२	३२	लग्न वह्नि	लग्नवह्नि

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

३

जैन-लक्षणावली

(जैन पारिभाषिक शब्द-कोष)

प्रकरणसमा जाति—१. अथानित्येन नित्येन साधर्म्यादुभयेन वा। प्रक्रियायाः प्रसिद्धिः स्यात्ततः प्रकरणे समा ॥ तत्रानित्येन साधर्म्यान्निःप्रयत्नोद्भवत्वतः। शब्दस्यानित्यतां कश्चित् साधयेदपरः पुनः ॥ तस्य नित्येन गोत्वादिसामान्येन हि नित्यता। ततः पक्षे विपक्षे च समाना प्रक्रिया स्थिता ॥ (त. श्लो. १, ३३, ३८०–८२)। २. तस्य (प्रकरणसमस्य) हि लक्षणम्—यस्मात् प्रकरणचिन्ता स प्रकरणसमः [न्यायसू. १।२।७] इति। प्रक्रियेते साध्यत्वेनाधिक्रियेते अनिश्चितौ पक्ष-प्रतिपक्षौ यौ तौ प्रकरणम्, तस्य चिन्ता संशयात् प्रभृत्याऽऽनिश्चयात् पर्यालोचना यतो भवति स एव, तन्निश्चयार्थं प्रयुक्तः प्रकरणसमः, पक्षद्वयेऽप्यस्य समानत्वादुभयत्राप्यन्वयादिसद्भावात्। (प्र. क. मा. ३–१५, पृ. ३५७)। **१ अनित्य की नित्य से और नित्य से अनित्य की समानता से जो प्रकरणसिद्धि की जाती है, इसे प्रकरणसमा जाति जानना चाहिए। जैसे कोई एक वादी जब 'प्रयत्न के अविनाभावित्व' हेतु के द्वारा शब्द की अनित्यता को सिद्ध करना चाहता है तब दूसरा प्रतिवादी गोत्व आदि सामान्य के साथ साधर्म्य होने से उसकी नित्यता के सिद्ध करने का प्रयत्न करता है। इस प्रकार पक्ष-विपक्ष में प्रक्रिया के समान होने से इसे प्रकरणसमा जाति कहा जाता है।**

प्रकाश—प्रकाशयति घनतिमिरपटलावगुण्ठितमपि घटादि प्रकटयतीति प्रकाशः। (उत्तरा. नि. शा. वृ. २०६, पृ. २१२)।

जो सघन अन्धकार से आच्छादित भी घटादि पदार्थों को प्रकट करता है उसे प्रकाश कहते हैं।

प्रकाशन, प्रकाशना—१. पगासणा चरमाहारप्रकाशनम्। (भ. आ. विजयो. ६९)। २. पयासणाचरणं आहारप्रकटनम्। (भ. आ. मूला. ६९)। ३. प्रकाशनं चरमाहारप्रकटनम्। (अन. ध. स्वो. टी. ७–९८)।

१ अन्तिम आहार के प्रगट करने को प्रकाशन या प्रकाशना कहा जाता है। यह भक्तप्रत्याख्यानमरण के अर्हादिभावों के अन्तर्गत है।

प्रकीर्णक—१. प्रकीर्णकाः पौर-जानपदकल्पाः। (स. सि. ४–४)। २. प्रकीर्णकाः पौर-जनपदस्थानीयाः। (त. भा. ४–४)। ३. **प्रकीर्णकाः पौर-ज[जा]नपदकल्पाः।** यथेह राज्ञां पौरा जानपदाश्च प्रीतिहेतवः तथा तत्रेन्द्राणां प्रकीर्णकाः प्रत्येतव्याः। (त. वा. ४, ४, ८)। ४. पौर-जानपदप्रख्याः सुरा ज्ञेयाः प्रकीर्णकाः। (म. पु. २२–२९)। ५. प्रकीर्णा एव प्रकीर्णकाः, ते पौर-जानपदकल्पाः। (त. श्लो. ४, ४)। ६. समुद्र इव प्रकीर्णक-सूक्त-रत्नविन्यास-निबन्धनं प्रकीर्णकम्। (नीतिवा. ३२–१, पृ. ३७९)। ७. ××× प्रकीर्णा ग्राम्य-पौरवत्। (त्रि. श. पु. च. २, ३, ७७४)। ८. तथा प्रकीर्णकाः पौर-जनपदस्थानीयाः, प्रकृतिसदृशा इत्यर्थः। (बृहत्सं. मलय. वृ. २)। ९. प्रकीर्णकाः पौर-जनपदादिप्रकृतिसदृशाः। (संग्रहणी. दे. वृ. १–२, पृ. ५)। १०. प्रकीर्णकाः पौर-जनपदसमानाः। (त. वृत्ति श्रुत. ४–४)।

१ देवों में जो पुरवासी और जनपद निवासी मनुष्यों के समान हुआ करते हैं वे प्रकीर्ण या प्रकीर्णक देव कहलाते हैं। ६ जिस प्रकार समुद्र बिखरे हुए रत्नों का कारण है उसी प्रकार जो काव्य विविध प्रकार

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

के सूक्तिरूप रत्नों की रचना का कारण है उसे प्रकीर्णक कहा जाता है ।

प्रकृति—१. प्रकृतिशब्देन स्वभावो भेदश्चाभिधीयते ।)**उत्तरा. चू. पृ. २७७**) । २. प्रक्रियते अज्ञानादिकं फलमनया आत्मन इति प्रकृतिशब्दव्युत्पत्तेः । **(धव. पु. १२, पृ. ३०३)**; पयडी सीलं सहावो इच्चेयट्ठो । **(धव. पु. १२, पृ. ४७८)**; प्रकृतिः स्वभावः शीलमित्यनर्थान्तरम् । **(धव. पु. १३, पृ. १६७)** । ३. प्रकृतिर्मौलं कारणं मृदिव घटादिभेदानामेकरूपपुद्गलग्रहणम्, अतः प्रक्रियन्तेऽस्य सकाशादिति अकर्तरीत्यनुवृत्तेरपादानसाधना प्रकृतिः । स्वभाववचनो वा प्रकृतिशब्दः । **(त. भा. सिद्ध. वृ. ८–४)** । ४. पयडी सील सहावो × × × । **(गो. क. २)** । ५. प्रकृतिस्तु स्वभावः स्यात् ज्ञानावृत्यादिरष्टधा ॥ **(योगशा. स्वो. विव. १–१६, ६०, पृ. ११४)** । ६. इदमुक्तं भवति—प्रकृतिर्नाम ज्ञानावारकत्वादिलक्षणः स्वभावः । **(पंचसं. मलय. वृ. सं. क. ३३)** । ७. प्रीत्यप्रीति-विषादात्मकानां लाघवोपष्टम्भ-गौरवधर्माणां परस्परोपकारिणां त्रयाणां गुणानां सत्त्व-रजस्तमसां साम्यावस्था प्रकृतिः । **(स्याद्वादम. १५, पृ. १८४)** । ८. पयइ सहावो वुत्तो × × × । **(नवत. ३७)** ।

१ प्रकृति का अर्थ स्वभाव अथवा भेद होता है । २ प्रकृति, शील और स्वभाव ये समानार्थक शब्द हैं । जो आत्मा के अज्ञानादि रूप फल को उत्पन्न करती है उसे प्रकृति कहते हैं । वह मूल में ज्ञानावरणादि के भेद से आठ प्रकार की है । ७ सत्त्व रज और तम इन तीन गुणों की समता का नाम प्रकृति (सांख्याभिमत) है । क्रमशः लाघव, उपष्टम्भ और गौरव धर्म वाले उक्त तीनों गुण प्रीति, अप्रीति और विषाद स्वरूप होते हुए परस्पर के उपकारक हैं ।

प्रकृतिपतद्ग्रह—१. यस्यां प्रकृतौ जीवस्तद्भावेन परिणमयति सो प्रकृतिः पगतीए संकममाणाए पडिग्गहो वुच्चति । **(कर्मप्र. चू. सं. क. २)** । २. यस्यां प्रकृतौ आधारभूतायां तत्प्रकृत्यन्तरस्थं दलिकं परिणमयति—आधारभूतप्रकृतिरूपतामापादयति—एषा प्रकृतिराधारभूता पतद्ग्रह इव पतद्ग्रहः, संक्रम्यमाणप्रकृत्याधार इत्यर्थः । **(कर्मप्र. मलय. वृ. सं. क. २)** । ३. तत्र यदा एका प्रकृतिरेकस्यां प्रकृतौ संक्रामति, यथा सातमसाते असातं वा साते, तदा या संक्रामति सा प्रकृतिसंक्रमः, यस्यां तु संक्रामति सा प्रकृतिपतद्ग्रहः । **(पंचसं. मलय. वृ. सं. क. ४)**।

१ जीव जिस प्रकृति में विवक्षित कर्मप्रकृति के प्रदेशों को तत्स्वरूप से परिणमाता है उस आधारभूत प्रकृति को प्रकृतिपतद्ग्रह कहा जाता है ।

प्रकृतिबन्ध—१. अविसेसियरसपगईउ पगइबंधो मुणेयव्वो । **(कर्मप्र. १–२४, पृ. ६६)** । २. प्रकृतिः स्वभावः । × × × तदेवंलक्षणं (अर्थानवगमादिरूपं) कार्यं प्रक्रियते प्रभवत्यस्या इति प्रकृतिः । **(स. सि. ८–३; त. वा. ८, ३, ४)** । ३. यथोक्तप्रत्ययसद्भावे सति पुद्गलादानं प्रकृतिबन्धः । **(त. भा. हरि. व सिद्ध. वृ. ८–४)** । ४. प्रकृतिबन्धो ज्ञानावरणादिप्रकृतिरूपः । **(श्रा. प्र. टी. ८०)** । ५. प्रकृतिः स्यात् स्वभावोऽत्र निम्बादेस्तिक्ततादिवत् । कर्मणामिह सर्वेषां यथास्वं नियता स्थिता ॥ **(ह. पु. ५८–२०४)** । ६. प्रकृतिः स्वभाव इत्यनर्थान्तरम् । × × × बन्धव्यानि च कर्माणि प्रकृत्यावस्थितानि प्रकृतिबन्धव्यपदेशं लभन्ते । **(त. श्लो. ८–३)** । ७. बन्धो नाम यदात्मा राग-द्वेष-स्नेहलेशावलीढसकलात्मप्रदेशो भवति तदा येष्वेवाकाशप्रदेशेष्ववगाढस्तेष्वेवास्थितान् कार्मणविग्रहयोग्यानेकरूपान् पुद्गलान् स्कन्धीभूतानाहारवदात्मनि परिणामयति सम्बन्धयतीति स्वात्मा ततस्तानध्यवसायविशेषाज्ज्ञानादीनां गुणानामात्मावरणतया विभजते हंसः क्षीरोदके यथा, यथा वा आहारकाले परिणतिविशेषक्रमवशादाहर्ता रस-खलतया परिणतिमानयत्यनाभोगवीर्यसामर्थ्यात्, एवमिहाप्यध्यवसायविशेषात् किञ्चिद् ज्ञानावरणीयतया किञ्चिद् दर्शनाच्छादकत्वेनापरं सुख-दुःखानुभवयोग्यतया परं च दर्शन-चरणव्यामोहकारितयाऽन्यन्नारक-तिर्यङ्मनुष्यामरायुष्केनान्यद् गतिशरीराद्याकारेणापरमुच्च-नीचगोत्रानुभावेनाऽन्यद् दानाद्यन्तरायकारितया व्यवस्थापयति । एषः प्रकृतिबन्धः । **(त. भा. सिद्ध. वृ. १-३, पृ. ३८)** । ८. × × × तस्समुदाओ पगतिबंधो । **(पंचसं. बं. क. ४०)**; तेषां त्रयाणामपि स्थित्यनुभाग-प्रदेशबन्धानां यः समुदायः स प्रकृतिबन्धः । **(पंचसं. स्वो. वृ. बं. क. ४०)** । ९. प्रकृतयः कर्मणोंऽशा भेदाः ज्ञानावरणीयादयोऽष्टौ, तासां बन्धः प्रतिबन्धः । **(समवा. अभय. वृ. ४)** । १०. कर्मणः

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

प्रकृतयः अंशा भेदाः ज्ञानावरणीयादयोऽष्टौ, तासां प्रकृतेर्वा अविशेषितस्य कर्मणो बन्धः प्रकृतिबन्धः। (स्थाना. अभय. वृ. ४, २, २९६)। ११. कार्मणवर्गणागतपुद्गलानां ज्ञानावरणादिभावेन परिणामः प्रकृतिबन्धः। (मूला. वृ. ५–४७); प्रकृतिर्ज्ञानावरणादिस्वरूपेण पुद्गलपरिणामः। (मूला. वृ. १२–३)। १२. ज्ञानावरणाद्यष्टकर्मणां तत्तद्योग्यपुद्गलद्रव्यस्वीकारः प्रकृतिबन्धः। (नि. सा. वृ. १–४०)। १३. रसः स्नेहोऽनुभाग इत्येकार्थः, तस्य प्रकृतिः स्वभावः, अविशेषिताऽविवक्षिता रसप्रकृतिः, उपलक्षणत्वात् स्थित्यादयोऽपि यस्मिन्नविवक्षिताः स बन्धोऽविशेषितरसप्रकृतिः प्रकृतिबन्धो ज्ञातव्यः। (कर्मप्र. मलय. वृ. १–२४, पृ. ६६)। १४. ज्ञानावरणाद्यात्मा प्रकृतिः ×× ×। (अन. ध. २–३९)। १५. यः पुनस्तत्समुदायः—स्थित्यनुभाग-प्रदेशसमुदायः— स प्रकृतिबन्धः। (पंचसं. मलय. वृ. बं. क. ४०; कर्मवि. दे. स्वो. वृ. २; शतक. दे. स्वो. वृ. २१)। १६. प्रकृतिः समुदायः स्यात् ×××। (कर्मवि. दे. स्वो. वृ. २, उद्.; शतक. दे. स्वो. वृ. २१ उद्.)। १७. प्रकृतिस्तत्स्वभावात्मा ×××। (पञ्चाध्यायी २–९३३)।

१ तीव्र-मन्द अथवा शुभाशुभरूप विशेषता से रहित रस की प्रकृति—अनुभाग के स्वभाव को—प्रकृतिबन्ध कहते हैं। ५ प्रकृति नाम स्वभाव का है, जैसे नीम की प्रकृति तिक्तता अथवा गुड़ की प्रकृति मधुरता। इस प्रकार ज्ञानावरणादि कर्मों की जो ज्ञानादि के आवरणरूप प्रकृति है उसे प्रकृतिबन्ध कहा जाता है।

प्रकृतिमरण—एवमेकस्यायुष्कर्मण एकैव प्रकृतिरुदेत्येकस्यात्मनस्तस्मादेकैकायुष्कप्रकृतिगलनरूपमिव मृतिमुपैति। तदेतत्प्रकृतिमरणम्। (भ. आ. विजयो. २५, पृ. ८६)।

एक जीव के एक ही आयुकर्म की प्रकृति उदय को प्राप्त होती है। इसी से जीव एक आयुकर्म की प्रकृति के गलनेरूप मृत्यु को प्राप्त होता है। यही प्रकृतिमरण है।

प्रकृतिमोक्ष—जा पयडी णिज्जरिज्जदि अण्णपयडिं वा संकामिज्जदि एसो पयडिमोक्खो णाम। (धव. पु. १६, पृ. ३३७)।

जो प्रकृति निर्जीर्ण होती है अथवा अन्य प्रकृतिरूप परिणत होती है, इसका नाम प्रकृतिमोक्ष है।

प्रकृतिसंक्रम—१. जा पयडी अण्णपयडिं णिज्जदि एसो पयडिसंकमो। (धव. पु. १६, पृ. ३४०)। २. एकस्यां प्रकृतावेका संक्रामति यदा तदा प्रकृतिसंक्रमः प्रकृतिप्रतिग्रहता चेति। (पंचसं. च. स्वो. वृ. सं. क. ४)। ३. यां प्रकृतिं बध्नाति जीवः तदनुभावेन प्रकृत्यन्तरस्थं दलिकं वीर्यविशेषेण यत्परिणमयति स सङ्क्रमः। (स्थाना. अभय. वृ. ४, २, २९६)। ४. तत्र यदा एका प्रतिरेकस्यां प्रकृतौ संक्रामति यथा सातमसाते, असातं वा साते, तदा या संक्रामति सा प्रकृतिसंक्रमः। (पंचसं. मलय. वृ. सं. क. ४); पतद्ग्रहरूपतापादनं प्रकृतिसंक्रमः। (पंचसं. मलय. वृ. सं. क. ३३)।

१ जो प्रकृति अन्य प्रकृतिरूपता को प्राप्त करायी जाती है, यह प्रकृतिसंक्रम कहलाता है। ४ जब एक प्रकृति अन्य एक प्रकृति में संक्रमण को प्राप्त होती है—जैसे साता असाता में अथवा असाता साता में, इत्यादि—तब जो संक्रान्त होती है उसे प्रकृतिसंक्रम कहा जाता है।

प्रकृतिस्थान— द्वि-त्रादीनां प्रकृतीनां समुदायः प्रकृतिस्थानम्। (पंचसं. मलय. वृ. सं. क. ४)।

दो तीन आदि प्रकृतियों के समुदाय को प्रकृतिस्थान कहते हैं।

प्रकृतिस्थानपतद्ग्रह—यदा तु प्रभूतासु प्रकृतिस्वेका संक्रामति, यथा मिथ्यात्वं सम्यक्त्व-सम्यग्मिथ्यात्वयोः, तदा प्रकृतिस्थानपतद्ग्रहः। (पंचसं. मलय. वृ. सं. क. ४)।

जब बहुत सी प्रकृतियों में एक प्रकृति संक्रमण को प्राप्त होती है, जैसे सम्यक्त्व व सम्यग्मिथ्यात्व में एक मिथ्यात्व प्रकृति, तब वह प्रकृतिस्थानपतद्ग्रह कहलाता है।

प्रकृतिस्थानसंक्रम—तत्र यदा प्रभूता प्रकृतय एकस्यां संक्रामन्ति, यथा यशःकीर्तावेकस्यां शेषा नामप्रकृतयः, तदा प्रकृतिस्थानसंक्रमः। (पंचसं. मलय. वृ. सं. क. ४)।

जब एक प्रकृति में बहुत सी प्रकृतियां संक्रमण को प्राप्त होती हैं, जैसे एक यशःकीर्ति में शेष नाम कर्मप्रकृतियां, तब वह प्रकृतिस्थानसंक्रम कहलाता है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

प्रकृत्यन्तरनयनसंक्रम—१. यत्पुनः सङ्क्रमप्रकृतिस्थितिसमयस्था कर्मपरमाणवः प्रतिग्रहप्रकृतौ सङ्क्रमप्रकृतितुल्यासु स्थितिषु नीत्वा निवेश्यन्त इत्येषः प्रकृत्यन्तरनयनसंक्रमः। (**पंचसं. स्वो. वृ. सं, क. ३५, पृ. १५४**)। २. विवक्षितायाः प्रकृतेः समाकृष्य प्रकृत्यन्तरे नीत्वा निवेशनं प्रकृत्यन्तरनयनसंक्रमः। (**पंचसं. मलय. वृ. सं. क. ५२**)।

१ संक्रमप्रकृति सम्बन्धी स्थिति के समयों में अवस्थित कर्मपरमाणुओं को प्रतिग्रहप्रकृति में संक्रमप्रकृति की समान स्थितियों में ले जाकर जो रखा जाता है, इसका नाम प्रकृत्यन्तरनयनसंक्रम है। २ विवक्षित प्रकृति के रस को उससे खींचकर व अन्य प्रकृति में ले जाकर रखना, इसका नाम प्रकृत्यन्तरनयनसंक्रम है।

प्रकृत्यर्थता—पयडी सीलं सहावो इच्चेयट्ठो। अट्ठो पयोजणं, तस्स भावो अट्ठदा, पयडीए अट्ठदा पयडिअट्ठदा। (**धव. पु. १२, पृ. ४७८**)।

प्रकृति, शील और स्वभाव ये समानार्थक शब्द हैं। अर्थ से प्रयोजन का अभिप्राय रहा है। इस प्रकार प्रकृति की अर्थता को प्रकृत्यर्थता कहते हैं।

प्रक्षेपक—यत्पुनर्मुखे प्रवेशनं स प्रक्षेपकः। (**बृहत्क. क्षे. बृ. ६८**)।

लटकते हुए पत्र-पुष्पादि के मुख में रखने का नाम प्रक्षेपक है।

प्रक्षेपाहार—१. पक्खेवाहारो पुण कावलिओ होइ नायव्वो। (**सूत्रकृ. नि. २, ३, १७१; बृहत्सं. १६७**)। २. प्रक्षेपाहारस्तु कावलिकः। (**त. भा. हरि. व सिद्ध. वृ. ५–२०**)। ३. प्रक्षेपाहारः ओदनादिकवल-पानाभ्यवहारलक्षणः। (**त. भा. सिद्ध. वृ. २–३१**)। ४. प्रक्षेपेण कवलादेराहारः प्रक्षेपाहारः, प्रक्षेपाहारस्तु कावलिकः, कवलप्रक्षेपनिष्पादित इति ज्ञातव्यो भवति। (**सूत्रकृ. नि. शी. वृ. २, ३, १७०**)। ५. प्रक्षिप्यतेऽर्थात् मुखे इति प्रक्षेपः, स चासावाहारश्च प्रक्षेपाहारः, ×××कावलिकमुखप्रक्षेपाहारः। (**प्रज्ञाप. मलय. वृ. २८–३०६**)। ६. प्रक्षेपाहारः पुनः कावलिको मुखे कवलप्रक्षेपरूपो भवति ज्ञातव्यः। (**बृहत्सं. मलय. वृ. १६७**)। ७. यः पुनराहारः कावलिकः कवलैर्निष्पन्नो भवति, स मुखे कवलादेः प्रक्षेपात् प्रक्षेपाहारो ज्ञातव्यः। (**संग्रहणी दे. वृ. १४०**)।

१ कवल या ग्रासरूप आहार को प्रक्षेपाहार कहा जाता है, कारण कि उसे उठाकर मुख में रखना पड़ता है।

प्रचला—१. या क्रिया आत्मानं प्रचलयति सा प्रचला शोक-श्रम-मदादिप्रभवा आसीनस्यापि नेत्र-गात्रविक्रियासूचिका। (**स. सि. ८–७**)। २. पयला होइ ठियस्सा ××× ॥ (**बृहत्क. २४००**)। ३. किंचिदुन्मिषितो जीवः स्वपित्येव मुहुर्मुहुः। ईषदीषद्विजानाति प्रचलालक्षणं हि तत् ॥ (**वरांगच. ४–५४**)। ४. **प्रचलयत्यात्मानमिति प्रचला**। या क्रिया आत्मानं प्रचलयति सा प्रचलेत्युच्यते। ××× सा पुनः शोक-श्रम-मदादिप्रभवा विनिवृत्तेन्द्रियव्यापारस्यान्तःप्रीतिलवमात्रहेतुः आसीनस्यापि नेत्र-गात्रविक्रियासूचिता। (**त. वा. ८, ७, ४**)। ५. पयलाए तिव्वोदएण वालुवाए भरियाइं व लोयणाइं होंति, गरुवभारोड्ढव्वं व सीसं होदि, पुणो पुणो लोयणाइं उम्मिल्ल-णिमिल्लणं कुणंति, णिद्दाभरेण पडंतो लहु अप्पाणं साहारेदि, मणा मणा कंपदि, सचेयणो सुवदि। (**धव. पु. ६, पृ. ३२**); जिस्से पयडीए उदएण अद्धसुत्तस्स सीसं मणा मणा चलदि सा पयला णाम। (**धव. पु. १३, पृ. ३५४**)। ६. श्रमादिप्रभवात्मानं प्रचला प्रचलयत्यलम्। (**ह. पु. ५८–२२८**)। ७. या स्थितस्याप्येति प्रतिबोधविघातेन सा प्रचला। (**पंचसं. च. स्वो. वृ. ३–४, पृ. ११०**)। ८. उपविष्टः ऊर्ध्वस्थितो वा प्रचलति विघूर्णयत्यस्यां स्वापावस्थायामिति प्रचला। (**शतक. मल. हेम. वृ. ३८**)। ९. उपविष्ट ऊर्ध्वस्थितो वा प्रचलति घूर्णते यस्यां स्वपावस्थायां सा प्रचला। तद्विपाकवेद्या कर्मप्रकृतिरपि प्रचला। (**पंचसं. मलय. वृ. ३–४, पृ. ११०; सप्तति. मलय. वृ. ६**)। १०. तथा उपविष्ट ऊर्ध्वस्थितो वा प्रचलयति घूर्णयति यस्यां स्वापावस्थायां सा प्रचला, तद्विपाकवेद्या कर्मप्रकृतिरपि प्रचला। (**प्रज्ञाप. मलय. वृ. २९३, पृ. ४६७**)। ११. ऊर्ध्वस्थितस्यापि या पुनश्चैतन्यमस्फुटीकुर्वती समुपजायते निद्रा सा प्रचला। (**जीवाजी. मलय. वृ. ८९**)। १२. उपविष्ट ऊर्ध्वस्थितो वा प्रचलति यस्यां स्वापावस्थायां सा प्रचला, सा हि उपविष्टस्य ऊर्ध्वस्थितस्य वा स्वप्नुर्भवति। (**धर्मसं. मलय. वृ. ६१०**)। १३. उपविष्ट ऊर्ध्वस्थितो वा प्रचलत्यस्यां स्वप्ता स्वापाव-

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

स्थायामिति प्रचला, सा ह्युपविष्टस्योर्ध्वस्थितस्य वा घूर्णमानस्य स्वप्तुर्भवति, तथाविधविपाकवेद्या कर्मप्रकृतिः प्रचलेति तथैव। (**कर्मस्त. गो. वृ. ६, पृ. ८३**)। १४. या क्रियात्मानं प्रचलयति घूर्णयति सा प्रचला, प्रचलाख्यदर्शनावरणकर्मविशेषविपाकवशस्य जीवस्यासीनस्यापि शोक-श्रम-मदादिप्रभवो नेत्र-गात्रविक्रियासूचितः स्वापपरिणामः। (**भ. आ. मूला. २०६४**)। १५. पयला ठिओवविट्ठस्स ×× × ॥ (**कर्मवि. दे. ११**); प्रचलति विघूर्णते यस्यां स्वापावस्थायां प्राणी सा प्रचला, सा च स्थितस्योर्ध्वस्थानेन उपविष्टस्य आसीनस्य भवति, तद्विपाकवेद्या कर्मप्रकृतिरपि प्रचला। (**कर्मवि. दे. स्वो. वृ. ११**)। १६. स्थितो नाम उपविष्ट ऊर्ध्वस्थितो वा, तस्य या स्वापावस्था सा प्रचला। (**बृहत्क. क्षे. वृ. २४००**)। १७. यदुदयात् या क्रिया आत्मानं प्रचलयति तत्प्रचलादर्शनावरणमिति। (**गो. क. जी. प्र. ३३**)। १८. यत्कर्म आत्मानं प्रचलयति सा प्रचलेत्युच्यते। प्रचलावान् पुमान् उपविष्टोऽपि स्वपिति, शोक-श्रम-मद-खेदादिभिः प्रचला उत्पद्यते, सा नेत्र-गात्रविक्रियाभिः सूच्यते। (**त. वृत्ति श्रुत. ८–७**)। १९. उपविष्ट ऊर्ध्वस्थितो वा प्रचलति घूर्णते यस्यां स्वापावस्थायां सा प्रचला। (**कर्मप्र. यशो. वृ. १, पृ. ४**)।

१ जो क्रिया जीव को चलायमान करती है, उसे प्रचला (निद्राविशेष) कहा जाता है। वह शोक, थकावट एवं मद आदि से उत्पन्न होती हुई बैठे हुए जीव के भी आ जाती है तथा नेत्र व शरीर के विकार की सूचक है या उनके द्वारा सूचित होती है। ५ प्रचला के तीव्र उदय से नेत्र बालु से भरे हुए के समान प्रतीत होते हैं, शिर भारी बोझ से आक्रान्त सा हो जाता है, नेत्र बार-बार खुलते और मिचते हैं तथा नींद के भार से गिरते हुए अपने को संभाल लेता है। ७ बैठे-बैठे या खड़े-खड़े भी जो विशेष जाति की नींद आकर बोध का विघात करती है वह प्रचला कहलाती है।

प्रचला-प्रचला—१. सैव पुनः पुनरावर्तमाना प्रचलाप्रचला। (**स. सि. ८–७**)। २. ××× पयलापयला य (कर्मवि. 'उ') चंकमओ॥ (**बृहत्क. २४००; कर्मवि. दे. स्वो. वृ. ११**)। ३. स्यन्दते मुखतो लाला तनुं चालयते मुहुः। शिरो नमयतेऽत्यर्थं प्रचलाप्रचलाक्रमः॥ (**वरांगच. ४–५१**)। ४. **पौनःपुन्येन सैवाहिता वृत्तिः प्रचलाप्रचला।** सैव प्रचला पुनः पुनरावर्तमाना प्रचलाप्रचलेत्युच्यते। (**त. वा. ८, ७, ५**)। ५. पयलापयलाए तिव्वोदएण वइट्ठओ वा उब्भवो वा मुहेण गलमाणलालो पुणो पुणो कंपमाणसरीर-सिरो णिब्भरं सुवदि। (**धव. पु. ६, पृ. ३१–३२**); जिस्से उदएण ट्ठियो णिसण्णो वा सोवदि, गहगहियो व सीसं धुणदि, वायाहयलया व चदुसु वि दिसासु लोट्टदि सा पयलापयला णाम। (**धव. पु. १३, पृ. ३५४**)। ६. सा (प्रचला) पुनः पुनरावृत्ता प्रचलाप्रचलाभिधा। (**ह. पु. ५८–२२८**)। ७. एवं या भ्रमतोऽप्येति सा प्रचलाप्रचला। (**पंचसं. स्वो. वृ. ३–४**)। ८. प्रचलातिशायिनी प्रचला प्रचलाप्रचला, सा हि चंक्रमणादि कुर्वतः स्वप्तुर्भवति इति। स्थानस्थितस्वप्तृप्रभवां प्रचलामपेक्ष्यास्या अतिशायिनीत्वम्, तद्विपाकवेद्या कर्मप्रकृतिरपि प्रचलाप्रचला। (**शतक. मल. हेम. वृ. ३८, पृ. ४५; कर्मस्त. गो. वृ. ६, पृ. ८३**)। ९. प्रचलातोऽतिशायिनी प्रचलाप्रचला ××× सा हि चंक्रमणादिकमपि कुर्वतः उदयमधिगच्छति, ततः स्थानस्थितस्वप्तृप्रभवप्रचलापेक्षया तस्या अतिशायिनीत्वम्। (**प्रज्ञाप. मलय. वृ. २९३, पृ. ४६७**)। १०. प्रचलातोऽभिहितस्वरूपाया अतिशायिनी प्रचला प्रचलाप्रचला, सा पुनरध्वानमपि गच्छतो भवति। (**धर्मसं. मलय. वृ. ६१०**)। ११. तथा प्रचलातोऽतिशायिनी प्रचला प्रचलाप्रचला, ××× एषा हि चंक्रमणमपि कुर्वत उपतिष्ठते (पंचसं. 'उदयमधिगच्छति') तथा स्थानस्थितस्वप्तृभवप्रचलापेक्षया अस्या अतिशायिनीत्वम्, तद्विपाकवेद्या कर्मप्रकृतिरपि प्रचलाप्रचला। (**सप्तति. मलय. वृ. ६; पंचसं. मलय. वृ. ३–४, पृ. ११०; कर्मवि. दे. स्वो. वृ. ११, पृ. २८**)। १२. या तु चंक्रमतः गतिपरिणतस्य निद्रा सा प्रचलाप्रचला। (**बृहत्क. क्षे. वृ. २४००**)। १३. प्रचलेव पुनः पुनरावर्तमाना प्रचलाप्रचला चंक्रमणस्यापि आत्मनः प्रचलाप्रचलाख्यदर्शनावरणकर्मविकल्पविपाकवशाज्जायते। (**भ. आ. मूला. २०६४**)। १४. यदुदयात् या क्रिया आत्मानं पुनः पुनः प्रचलयति तत्प्रचलाप्रचलादर्शनावरणम्। शोक-श्रम-मदादिप्रभवा आसीनस्यापि नेत्र-गात्रविक्रियासूचिका, सैव पुनः पुनरावर्तमाना प्रचला-

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

प्रचलेत्यर्थः। (गो. क. जी. प्र. ३३)। १५. प्रचलावान् पुमान् उपविष्टोऽपि स्वपिति शोक-श्रम-मद-स्वेदादिभिः प्रचला उत्पद्यते, सा नेत्र-गात्रविक्रियाभिः सूच्यते, प्रचलैव पुनः पुनरागच्छन्तीति प्रचलाप्रचला। (त. वृत्ति श्रुत. ८–७)। १६. प्रचलातोऽतिशायिनी प्रचलाप्रचला, इयं हि चंक्रमणादिकुर्वतोऽप्युदयमागच्छतीति प्रचलातोऽस्या अतिशायिनीत्वम्। (कर्मप्र. यशो. वृ. १, पृ. ४)।

१ बार बार प्रचला के आवर्तन का नाम प्रचला-प्रचला है। २ चलते चलते भी जो विशेष जाति की निद्रा आती है उसे प्रचलाप्रचला कहते हैं।

प्रच्छना—देखो पृच्छना। १. संशयच्छेदाय निश्चितबलाधानाय वा परानुयोगः प्रच्छना। (स. सि. ९–२५)। २. सन्देहनिवृत्तये निश्चितबलाधानाय वा सूत्रार्थविषयः प्रश्नः। (भ. आ. विजयो. १०४); प्रश्नो हि ग्रन्थेऽर्थे वा संशयच्छेदाय इत्थमेवैतदिति निश्चितार्थबलाधानाय वा पृच्छनम्। (भ. आ. विजयो. १३९)। ३. तत्संशयापनोदाय तन्निश्चयबलाय वा। परं प्रत्यनुयोगाय प्रच्छनां तद्विदुर्जिनाः॥ (त. सा. ७–१८)। ४. प्रच्छना संशयोच्छित्त्यै प्रश्नः सप्रश्रयो मुनेः। स्वोन्नत्याख्यापनार्थं वा प्रहासोद्धर्षवर्जितः॥ (आचा. सा. ४, ९०)। ५. प्रच्छनं ग्रन्थार्थयोः सन्देहच्छेदाय निश्चितबलाधानाय वा परानुयोगः। (योगशा. स्वो. विव. ४–९०)। ६. प्रच्छनं संशयोच्छित्त्यै निश्चितद्रढनाय वा। प्रश्नोऽधीतिप्रवृत्त्यर्थत्वादधीतिरसावपि। (अन. ध. ७–८४)। ७. संशयच्छेदाय निश्चितबलाधानाय वा ग्रन्थार्थोभयस्य परं प्रत्यनुयोगः आत्मोन्नतिपरातिसन्धानोपहासादिवर्जितः प्रच्छना। (भावप्रा. टी. ७८)।

१ संशय के दूर करने तथा निश्चित अर्थ के दृढ़ करने के लिए जो दूसरे विद्वान् से प्रश्न किया जाता है, इसे प्रच्छन या प्रच्छना कहा जाता है।

प्रच्छन्नदोष—१. इय पच्छण्णं पुच्छिय साधू जो कुणइ अप्पणो सुद्धिं। तो सो जिणेहिं वुत्तो छट्ठो आलोयणादोसो॥ (भ. आ. ५८६)। २. प्रच्छन्नं व्याजेन दोषकथनं कृत्वा स्वतः प्रायश्चित्तं यः करोति तस्य षष्ठं प्रच्छन्नं नामालोचनदोषजातं भवति। (मूला. वृ. ११–१५)।

१ जो साधु गुप्तरूप से पूछ कर अपने अपराध की शुद्धि करता है उसके आलोचना का छठा दोष उत्पन्न होता है।

प्रजननपुरुष—प्रजन्यतेऽपत्यं येन तत्प्रजननं शिश्नं लिङ्गम्, तत्प्रधानः पुरुषः, अपरपुरुषकार्यरहितत्वात् प्रजननपुरुषः। (सूत्रकृ. नि. शी. वृ. १, ४, ५५, पृ. १०३)।

जिसके द्वारा सन्तान उत्पन्न की जाती है उस पुरुषेन्द्रिय का नाम प्रजनन है, प्रजनन की प्रधानता वाले पुरुष को प्रजननपुरुष कहा जाता है। अभिप्राय यह है कि जो पुरुषोचित अन्य कार्य को न करके केवल सन्तान को उत्पन्न करता है उसे प्रजननपुरुष समझना चाहिए।

प्रज्ञा—देखो प्रज्ञापरीषह। १. प्रज्ञायते अनया प्रज्ञा, प्रगता ज्ञा प्रज्ञा। (उत्तरा. चू. २, पृ. ८२)। २. प्रज्ञानं प्रज्ञा, विशिष्टतरक्षयोपशमाहितप्रभूतवस्तुगतयथावस्थितधर्मालोचनरूपा मतिरेव। (विशेषा. को. वृ. ३९७, पृ. १५३)। ३. प्रज्ञानं प्रज्ञा विशिष्टक्षयोपशमजन्या, प्रभूतवस्तुगतयथावस्थितधर्मालोचनरूपा मतिरित्यर्थः। (आव. नि. हरि. व मलय. वृ. १२)। ४. अदिट्ठ-अस्सुदेसु अट्ठेसु णाणुप्पायणजोगत्तं पण्णा णाम। ××× णाणहेदुजीवसत्ती गुरूवएसणिरवेक्खा पण्णा णाम। (धव. पु. ९, पृ. ८३–८४)। ५. ऊहापोहात्मिका प्रज्ञा। (अन. ध. ३–३)।

१ जिसके द्वारा जाना जाता है उसे अथवा प्रकर्षप्राप्त ज्ञान को प्रज्ञा कहते हैं। २ विशिष्ट क्षयोपशम के आश्रय से प्रचुर वस्तुगत यथावस्थित धर्मों के आलोचनरूप जो बुद्धि उत्पन्न होती है उसका नाम प्रज्ञा है। ४ नहीं देखे-सुने गये पदार्थों के विषय में जो ज्ञान के उत्पादन की योग्यता होती है उसे प्रज्ञा कहा जाता है।

प्रज्ञापक—चारित्रस्य प्रवर्तकः प्रज्ञापक उच्यते। (व्यव. मलय. वृ. १०–३४६)।

चारित्र के प्रवर्तक को प्रज्ञापक कहा जाता है।

प्रज्ञापना—देखो प्रज्ञापनी। १. जीवादीनां प्रज्ञापनं प्रज्ञापना। (नन्दी. हरि. वृ. पृ. ९०)। २. प्रकर्षेण निःशेषकुतीर्थितीर्थकरासाध्येन यथावस्थितस्वरूपनिरूपणलक्षणेन, ज्ञाप्यन्ते—शिष्यबुद्धावारोप्यन्ते, जीवादयः पदार्था अनयेति प्रज्ञापना, इयं च समवायाख्यस्य चतुर्थांगस्योपांगम्। (प्रज्ञाप.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

मलय. वृ. पृ. १); प्रज्ञाप्यन्ते प्ररूप्यन्ते जीवादयो भावा अनया शब्दसंहत्या इति प्रज्ञापना। (**प्रज्ञाप. मलय. वृ. गा. २**)।

१ जीवादि पदार्थों के ज्ञापन कराने को प्रज्ञापना कहते हैं। २ यथावस्थित वस्तुस्वरूप के निरूपक जिस श्रुत के द्वारा जीवादि पदार्थों को शिष्य की बुद्धि में आरोपित किया जाता है उसका नाम प्रज्ञापना है। वह समवायांग नामक चौथे अंग का उपांग माना जाता है।

प्रज्ञापनी भाषा—१. पण्णवणी नाम धम्मकहा। सा बहून्निर्दिश्य प्रवृत्ता कैश्चिन्मनसि करणमितरैरकरणं चापेक्ष्य [करणा-] करणत्वाद् द्विरूपा। (**भ. आ. विजयो. ११९५**)। २. मत्पृष्टं यत्तदादेश्यमिति प्रज्ञापनी गुरौ। (**आचा. सा. ५–८८**)। ३. प्रज्ञापनी यथा तव किंचित् कथयिष्यामि। (**भ. आ. मूला. ११९५**)। ४. प्रज्ञापनी विनीतविनयस्य विनेयजनस्योपदेशदानम्, यथा प्राणिवधान्निवृत्ता भवन्ति, भवन्ति भवान्तरे प्राणिनो दीर्घायुष इत्यादि। (**गो. जी. म. प्र. व जी. प्र. २२५**)।

१ धर्म की जो चर्चा की जाती है उसका नाम प्रज्ञापनी भाषा है। उसकी प्रवृत्ति बहुतों को लक्ष्य करके होती है, जिनमें से कितने ही मन में उसका निर्धारण करते हैं और कितने नहीं भी करते हैं। इससे उक्त भाषा के दो रूप हो जाते हैं। २ जो मैंने पूछा है उसके विषय में आदेश दीजिये, इस प्रकार गुरु से विज्ञापन करने का नाम प्रज्ञापनी भाषा है। ४ विनम्र शिष्य जन के लिए जो उपदेश दिया जाता है उसे प्रज्ञापनी भाषा कहा जाता है। जैसे—जो प्राणिहिंसा से निवृत्त होते हैं वे अगले जन्म में दीर्घायु होते हैं।

प्रज्ञापरीषह—देखो प्रज्ञा व प्रज्ञापरीषहजय। प्रज्ञापरीषहो नाम सो[यो]हि सति प्रज्ञाने तेण गव्वितो भवति तस्य प्रज्ञापरीषहः। प्रतिपक्षे ण प्रज्ञापरीषहो भवति। (**उत्तरा. चू. २, पृ. ८२**)।

विशिष्ट ज्ञान के होने पर जो उससे गर्व को प्राप्त होता है उसके प्रज्ञापरीषह होती है, इसके विपरीत जो उसका गर्व नहीं करता है उसके वह नहीं होती है।

भयसंज्ञा—१. अइभीमदंसणेण य तस्सुवओगेण ऊणसत्तेण। भयकम्मुदीरणाए भयसण्णा जायदे चउहिं। (प्रा. पंचसं. १-५३; गो. जी. १३५)। २. मोहनीयोदयात् सात्म-(अस्वास्थ्य-) लक्षणा भयसंज्ञा भयपरिज्ञानं बिभेमीति। (त. भा. हरि. वृ. २-२५)। ३. भयसंज्ञा भयाभिनिवेशः भयमोहोदयजो जीवपरिणाम एव। इयमपि चतुर्भिः स्थानैः समुत्पद्यते। तद्यथा —हीणसत्तयाए १ भयमोहणिज्जोदएण २ मइए ३ तयट्ठोवओगेणं तया। (आव. सू. अ. ४, हरि. वृ. पृ. ५८०)। ४. भयसंज्ञा भयात्मिका। (धव. पु. २, पृ. ४१४)। ५. साध्वसलक्षणा भयसंज्ञा भयपरिज्ञानं बिभेमीति। (त. भा. सिद्ध. वृ. २-२५)। ६. भयसंज्ञा त्रासरूपा। (आचारा. नि. शी. वृ. १, १, १, ३६, पृ. ११)। ७. भयसंज्ञा भयमोहनीयसम्पाद्यो जीवपरिणामः। (स्थाना. अभय. वृ. ४, ४, ३५६)। ८. भयसंज्ञा भयवेदनीयोदयजनितत्रासपरिणामरूपा। (जीवाजी. मलय. वृ. १३, पृ. १५)। ६. भयसंज्ञा भयं त्रासरूपं यदनुभूयते। (लोकप्र. ३-४४५)। १०. भयसंज्ञा मोहनीयोदयात् भयोत्पादः। (धर्मसं. मान. ३-२७, पृ. ८०)।

१ अतिशय भयानक पदार्थ के देखने से, उधर उपयोग के जाने से, बल की हीनता से और भयकर्म की उदीरणता से जो भीतिरूप परिणाम होता है उसका नाम भयसंज्ञा है। ३ भय मोहनीय के उदय से भय के अभिप्रायरूप जो जीवपरिणाम होता है उसे भयसंज्ञा कहते हैं। वह इन चार स्थानों से होती है— बल की हीनता, भयमोह का उदय, उस प्रकार की बुद्धि और ओर उस उपयोग की वर्तमानता।

भलन—तत्र भलनं न भेतव्यं भवता, अहमेव तद्विषये भलिष्यामीत्यादिवाक्यैर्चौर्यविषयं प्रोत्साहनम्। (प्रश्नव्या. अभय. वृ. पृ. १६३; श्राद्धगु. पृ. १०)।

'आपको डरना नहीं चाहिए, उसके विषय में मैं ही सम्हालूंगा' इत्यादि वाक्यों द्वारा चोरी के विषय में जो प्रोत्साहित किया जाता है उसका नाम भलन है।

भव—१. अशरणमशुभमनित्यं दुःखमनात्मानमावासामि भवम्। (रत्नक. १०४)। २. आयुर्नामकर्मोदयनिमित्त आत्मनः पर्यायो भवः। (स. सि. १, २१)। ३. भवन्त्यस्मिन् कर्मवशवर्तिनः प्राणिनः इति भवः। (आव. नि. हरि. वृ. २५; नन्दी हरि.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

वृ. पृ. २६; श्रा. प्र. टी. ४८; पंचसू. हरि. ध्या. पृ. २)। ४. आयुर्नामकर्मोदयविशेषापादितपर्यायो भवः। आत्मनो यः पर्यायः आयुषो नाम्नश्चोदयविशेषाच्छेषकारणापेक्षादाविर्भवति साधारणलक्षणो भव इत्युच्यते। (त. वा. १, २१, १)। ५. उत्तरोत्तरदेहस्य पूर्वपूर्वधियो भवः। (न्यायवि. २-७२, पृ. १०२)। ६. पूर्वशरीरपरित्यागद्वारेणोत्तरशरीरोपादानं भवः। (धव. पु. १४, पृ. ४२५); उप्पण्णपढमसमयप्पहुडि जाव चरिमसमओ त्ति जो अवत्थाविसेसो सो भवो णाम। (धव. पु. १५, पृ. ६-७)। ७. नामायुरुदयापेक्षो नुः पर्यायो भवः स्मृतः। (त. श्लो. १, २१, २)। ८. आयुष्कर्मोदयनिमित्तको जीवस्य पर्यायः भवः। (त. वृत्ति श्रुत. १-२१)।

१ जीव की जो अवस्था रक्षण से रहित, अशुभ, विनश्वर, दुःखस्वरूप और आत्मस्वरूप से भिन्न होती है उसका नाम भव (संसार) है। २ आयु नामक कर्म के उदय के निमित्त से जो जीव की अवस्था होती है उसे भव कहते हैं। ३ जिसमें प्राणी कर्म के वशीभूत होते हैं उसे भव कहा जाता है।

भवक्षयनिबन्धन प्रतिपात—तत्थ भवक्खयणिबंधणो णाम उवसमसेढिसिहरमारूढस्य तत्थेव भीणाउअस्स कालं कादूण कसाएसु पडिवादो। (जयध.—कसायपा. पृ. ७१४, टि. २)।

उपशमश्रेणी के शिखर पर चढ़े हुए, अर्थात् ग्यारहवें गुणस्थानवर्ती, जीव का आयु का क्षय हो जाने से मरण को प्राप्त होकर जो कषायों में पतन होता है उसे भवक्षयप्रतिपात कहते हैं।

भवग्रहणभव — गलिदभुज्जमाणाउअस्स उदिण्णअपुव्वाउकम्मस्स पढमसमए उप्पण्णजीवपरिणामो वंजणसण्णिदो पुव्वसरीरपरिच्चाएण उत्तरसरीरगहणं वा भवग्गहणभवो णाम। (धव. पु. १६, पृ. ५१२)।

जीवनकाल का नाम भवनग्रहण है। जिसकी भुज्यमान आयु क्षीण हो चुकी है तथा अपूर्व आयु उदयको प्राप्त हो चुकी है उसके प्रथम समय में जो व्यञ्जन नामक परिणाम होता है उसको, अथवा पूर्वशरीर को छोड़कर नवीन शरीर के ग्रहण करने को भवग्रहणभव कहा जाता है।

भवधारणीय अनुयोगद्वार—भवधारणीय त्ति अणुयोगद्दारं केण कम्मेण णेरइय-तिरिक्ख-मणुस-देवभवा धरिज्जंति त्ति परूवेदि। (धव. पु. ६, पृ. २३५)।

किस कर्म के उदय से जीव नारकी, तिर्यंच, मनुष्य और देव की पर्याय को धारण किया करते हैं; इसकी प्ररूपणा जिस अनुयोगद्वार में की जाती है उसका नाम भवधारणीय अनुयोगद्वार है। यह कर्मप्रकृतिप्राभृत के कृति आदि चौबीस अनुयोगद्वारों में अठारहवां अनुयोगद्वार है।

भवन—१. वलहि-कूडविवज्जिया सुर-णरावासा भवणाणि णाम। (धव. पु. १४, पृ. ४६५)। २. भवनं त्वायामापेक्षया पादोनसमुच्छ्रयमेव। (विपाक. अभय. वृ. २-१)।

१ जो देवों और मनुष्यों के निवासस्थान छज्जे और कूट से रहित होते हैं उन्हें भवन कहा जाता है। २ लम्बाई की अपेक्षा जिसकी ऊँचाई एक चौथाई कम हुआ करती है वह भवन कहलाता है।

भवनवासी—१. भवनेषु वसन्तीत्येवं शीला भवनवासिनः। (स. सि. ४-१०; बृहत्सं. मलय. वृ. २; प्रज्ञाप. मलय. वृ. १-३८)। २. भवनेषु वसन्तीति भवनवासिनः। (त. भा. ४-११)। ३. भवनेषु वसनशीला भवनवासिनः। भवनेषु वसन्तीत्येवंशीला भवनवासिन इति प्रथमनिकायस्येयं सामान्यसंज्ञा। (त. वा. ४, १०, १)। ४. भवनवासिनामकर्मोदये सति भवनेषु वसनशीला भवनवासिनः। (त. श्लो. ४-१०)। ५. भवनेषु वसन्तीत्येवंस्वभावाः भवनवासिनः। (त. वृत्ति श्रुत. ४-१०)।

१ जो देव स्वभावतः भवनों में निवास करते हैं वे भवनवासी कहलाते हैं। ४ भवनवासी नामकर्म के उदय से भवनों में रहने वाले देवों को भवनवासी कहा जाता है।

भवपरिवर्तन—देखो भवसंसार। १. नरकगतौ सर्वजघन्यमायुर्दशवर्षसहस्राणि, तेनायुषा तत्रोत्पन्नः पुनः परिभ्रम्य तेनैवायुषा जातः, एवं दशवर्षसहस्राणां यावन्तः समयास्तावत्कृत्वस्तत्रैव जातो मृतः पुनरेकैकसमयाधिकभावेन त्रयस्त्रिंशत्सागरोपमाणि परिसमापितानि। ततः प्रच्युत्य तिर्यग्गतावन्तर्मुहूर्तायुः समुत्पन्नः पूर्वोक्तेनैव क्रमेण त्रीणि पल्योपमानि तेन परिसमापितानि। एवं मनुष्यगतौ च। देवगतौ नारकवत्। अयं तु विशेषः—एकत्रिंशत्सागरोपमाणि परि-

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

समापितानि यावत्तावद्भवपरिवर्तनम्। (स. सि. २–१०; मूला. वृ. ८–१४)। २. णिरआउआ जहण्णा जाव दु उवरिल्लओ दु गेवज्जो। जीवो मिच्छत्तवसा भवट्ठिदिं हिंडिदो बहुसो। (धव. पु. ४, पृ. ३३३ उद्.)। ३. णेरइयादिगदीणं अवरट्ठिदिदो वरट्ठिदी जाव। सव्वट्ठिदिसु वि जम्मदि जीवो गेवज्जपज्जंतं। (कार्तिके. ७०)। ४. नरकगतौ सर्वजघन्यायुर्दशसहस्रवर्षाणि, तेनायुषा तत्रोत्पन्नः पुनः संसारे भ्रान्त्वा तेनैवायुषा तत्रैवोत्पन्नः, एवं दशसहस्रवर्षसमयवारं तत्रैवोत्पन्नो मृतः, पुनः एकैकसमयाधिकभावेन त्रयस्त्रिंशत्सागरोपमाणि परिसमाप्यन्ते। पश्चात् तिर्यग्गतौ अन्तर्मुहूर्तायुषा उत्पन्नः, प्राग्वत् अन्तर्मुहूर्तसमयवारमुत्पन्न उपरि समयाधिकभावेन त्रिपल्योपमानि तेनैव जीवेन परिसमाप्यन्ते। एवं मनुष्यगतावपि त्रिपल्योपमानि तेनैव जीवेन परिसमाप्यन्ते। नरकगतिवद्देवगतावपि दशसहस्रवर्षसमयसमाप्तेरुपरि समयोत्तरक्रमेण एकत्रिंशत्सागरोपमाणि समाप्यन्ते। एवं भ्रान्त्वागत्य पूर्वोक्तजघन्यस्थितिको नारको जायते। तदा तदेतत्सर्वं भवपरिवर्तनं भवति। (गो. जी. जी. प्र. ५६०)।

१ नरकगति में सबसे जघन्य आयु दस हजार वर्ष है। इस आयु के साथ कोई जीव वहां उत्पन्न हुआ, पश्चात् परिभ्रमण करके फिर से भी उसी आयु के साथ वहीं पर उत्पन्न हुआ, इस प्रकार से १०००० वर्षों के जितने समय हैं उतने बार वहीं उत्पन्न हुआ और मरा, फिर एक एक समय अधिक के क्रम से तेतीस सागरोपमों को वहाँ समाप्त किया। तत्पश्चात् नरकगति से निकल कर अन्तर्मुहूर्त आयु के साथ तिर्यञ्चगति में उत्पन्न हुआ, वहां पूर्वोक्त क्रम से तीन पल्योपमों को उसने समाप्त किया। तिर्यञ्चगति के समान मनुष्यगति में भी उसने तीन पल्योपमों को समाप्त किया। देवगति में उत्पन्न होने व मरने का क्रम नरकगति के समान है। विशेष इतना है कि वहां पर ३३ सागरोपमों के स्थान में ३१ सागरोपमों को समाप्त किया। इस परिभ्रमण में जितना समय व्यतीत हुआ उतने समय का नाम भवपरिवर्तन है।

भवप्रत्यय अवधिज्ञान—१. भवन्त्यस्मिन् कर्मवशवर्तिनः प्राणिन इति भवः, नरकादिजन्मेति भावः, भव एव प्रत्ययः कारणं यस्य तद्भवप्रत्ययम्। (नन्दी. हरि. वृ. पृ. २९)। २. भव उत्पत्तिः प्रादुर्भावः, स प्रत्ययः कारणं यस्य अवधिज्ञानस्य तद् भवप्रत्ययकम्। (धव. पु. १३, पृ. २९०)। ३. स (भवः) बहिःप्रत्ययो यस्य स भवप्रत्ययोऽवधिः। (त. श्लो. १, २१, २)। ४. भवप्रत्ययं बहिरंगदेवभव-नारकभवप्रत्ययनिमित्तत्वात्, तद्भावे भावात् तदभावेऽभावात्, तत्तु देशावधिज्ञानमेव। (प्रमाणप. पृ. ६९)। ५ भवः प्रत्ययो यस्य स भवप्रत्ययः। अवश्यं ह्युत्पन्नमात्रस्यैव देवस्य नारकस्य वा सोऽवधिरुद्भवति, एतावता स भवप्रत्यय इत्यभिधीयते, तद्भावे भावात् तदभावे चाभावात् इति। (त. भा. सिद्ध. वृ. १, २१)। ६. तत्र भवन्ति कर्मवशवर्तिनः प्राणिनोऽस्मिन्निति भवो नारकादिजन्म ×××, भव एव प्रत्ययः कारणं यस्य स भवप्रत्ययः। प्रत्ययशब्दश्चेह कारणपर्यायः, ××× स एव स्वार्थिक-क-प्रत्यय विधानात् भवप्रत्ययकः। (प्रज्ञाप. मलय. वृ. ३१७, पृ. ५३९)।

१ प्राणी जिसमें कर्म के वशीभूत होते हैं उसका नाम भव है जो नारकादि अवस्थास्वरूप है, यह भव जिस अवधिज्ञान का कारण है वह भवप्रत्यय अवधिज्ञान कहलाता है।

भवप्रत्यय-प्रकृतियां—भवप्रत्ययाः भवन्ति अस्मिन् कर्मवशवर्तिनः प्राणिन इति भवः, स च नारकादिलक्षणः, स एव प्रत्ययः कारणं यासां अवधिज्ञानप्रकृतीनां ताः भवप्रत्ययाः पक्षिणां गगनगमनवत्, ताश्च नारकामराणामेव। (आव. नि. हरि. वृ. २५)।

जिन अवधिज्ञानप्रकृतियों का कारण नारकादि जन्म हुआ करता है वे कर्मप्रकृतियां भवप्रत्ययप्रकृतियां कहलाती हैं।

भव-मरण—यस्मिन् भवे तिर्यग्मनुष्यभवलक्षणे वर्तते जन्तुस्तद्भवयोग्यमेवायुर्बद्ध्वा पुनः तत्क्षयेण म्रियमाणस्य यद्भवति। (समवा. अभय. वृ. १७)।

जीव जिस नारकादि भव में रह रहा है उसके योग्य आयु को बांधकर पश्चात् उसके क्षीण होने पर जो मरण होता है वह विवक्षित भवमरण कहलाता है।

भवलोक— १. णेरइय-देव-माणुसतिरिक्खजोणिगदा य जे सत्ता। णिययभवे वट्टंता भवलोगं तं विआणाहि॥ (मूला. ७–५२)। २. नेरइय-देव-

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

मणुआ तिरिक्खजोणीगया य जे सत्ता। तम्मि भवे वट्टंता भवलोगं तं विआणाहि ॥ (आव. भा. २०१, पृ. ५९३)। ३. नैरयिक-देव-मनुष्यास्तिर्यग्योनिगताश्च ये सत्त्वाः प्राणिनस्तस्मिन् भवे वर्तमाना यदनुभावमनुभवन्ति तं भवलोकं जानीहि, भव एव लोको भवलोक इति व्युत्पत्तेः। (आव. भा. मलय. वृ. २०१, पृ. ५९३)।

१ नारक, देव, मनुष्य और तिर्यंच अवस्था को प्राप्त प्राणी जो अपने उस भव में रहते हैं उसे भवलोक जानना चाहिए।

भवविचय धर्मध्यान—१. प्रेत्यभावो भवोऽमीषां चतुर्गतिषु देहिनाम्। दुःखात्मेत्यादिचिन्ता तु भवादिविचयं पुनः ॥ (ह. पु. ५६–४७)। २. भवविचयं सचित्ताचित्त-मिश्र-शीतोष्ण-मिश्र-संवृत-विवृत-मिश्रभेदासु योनिषु जरायुजाण्डज-पोतोपपाद-सम्मूर्च्छनजन्मनो जीवस्य भवाद्भवान्तरसंक्रमण इषुगति-पाणिमुक्ता-लांगलिका-गोमूत्रिकाश्चतस्रो गतयो भवन्ति। × × × एवमनादिसंसारे सन्धावतो जीवस्य गुणविशेषानुपलब्धितस्तस्य भवसंक्रमणं निरर्थकमित्येवमादिभवसंक्रमणदोषानुनिन्तनं सप्तमं धर्म्यम्। (चा. सा. पृ. ७८; कार्तिके. टी. ४८२)।

१ चार गतियों में परिभ्रमण करने वाले प्राणियों का जो परलोकगमन—अन्य-अन्य जन्म की प्राप्ति रूप भव है वह दुखरूप है, इस प्रकार के चिन्तन का नाम भवविचय धर्मध्यान है। यह धर्मध्यान के दस भेदों में सातवां है।

भवविपाक—भवे नारकादिरूपे स्व-स्वयोग्ये विपाकः फलदानाभिमुखता भवविपाकः। (पंचसं. मलय., वृ. ३–२४; पृ. १२९)।

अपने-अपने योग्य नारक आदि भव में जो कर्मगत फल देने की अभिमुखता है उसका नाम भवविपाक है।

भवविपाकिनी प्रकृतियाँ—१. उचितभवप्राप्तावेव विपाको यासां ता भवविपाकिन्यः। (पंचसं. च. स्वो. वृ. ३–४६)। २. भवे नारकादिरूपे स्वयोग्ये विपाकः फलदानाभिमुख्यं यासां ता भवविपाकिन्यः। (कर्मप्र. यशो. वृ. १, पृ. १२)।

१ जिन कर्मप्रकृतियों का विपाक—फलदानोन्मुखता—उचित भव की प्राप्ति होने पर ही होती है उनको भवविपाकिनी प्रकृतियाँ कहा जाता है।

भवविमोचक—भवाद् दुःखबहुलकुयोनिलक्षणाद् दुःखितजीवान् काक-शृगाल-पिपीलिका-मक्षिकादींस्तथाविध-कुत्सितसंस्कारात् प्राणव्यपरोपणेन मोचयत्युत्तारयतीति भवविमोचकः पाखण्डिविशेषः। (उपदे. प. मु. वृ. १८८)।

जो उस प्रकार के कुसंस्कार के वश कौवा, गीदड़, चींटी और मक्खी आदि प्राणियों को प्रचुर दुःखों से परिपूर्ण कुयोनि रूप भव से प्राणविघात के द्वारा मुक्त करता है—उनका उद्धार करता है—उसे भवविमोचक कहा जाता है। यह एक पाखण्डी सम्प्रदायविशेष है।

भवसंसार—देखो भवपरिवर्तन—१. णिरयाउजहण्णादिसु जाव दु उवरिल्लवा [या] दु गेवेज्जा। मिच्छत्तसंसिदेण दु बहुसो वि भवट्ठिदी भमिदा। (द्वादशानु. २८; स. सि. २–१० उद्.)। २. अभेदरत्नत्रयात्मकसमाधिबलेन सिद्धगतौ स्वात्मोपलब्धिलक्षणसिद्धपर्यायरूपेण योऽसावुत्पादो भवस्तं विहाय नारक-तिर्यग्मनुष्यभवेषु तथैव देवभवेषु च निश्चयरत्नधयभावनारहितभोगाकांक्षानिदानपूर्वकद्रव्यतपश्चरणरूपजिनदीक्षाबलेन नवग्रैवेयकपर्यन्तं "सक्को सक्कमहिस्सी दक्खिणइंदा य लोयवाला य। लोयंतिया य देवा तत्थ चुदा णिव्वुदिं जंति ॥ [मूला. १२-१४२]" इति गाथाकथितपदानि तथागमनिषिद्धान्यपदानि च त्यक्त्वा भवविध्वंसकनिजशुद्धात्मभावनारहितो भवोत्पादकमिथ्यात्व-रागादिभावनासहितश्च सन्नयं जीवोऽनन्तवारान् जीवितो मृतश्चेति भवसंसारो ज्ञातव्यः। (बृ. द्रव्यसं. टी. ३५, पृ. ९०)। ३. दशवर्षसहस्रजघन्यायुःप्रभृतिसमयोत्तरवृद्धिक्रमसमापितोत्कृष्टायुःस्थितिकपर्यायवृत्तिर्भवसंसारः। (भ. आ. मूला. ४३०)।

१ मिथ्यात्व के आश्रित होकर जीव जघन्य, नारक आयु (१०००० वर्ष) से लेकर समयाधिक के क्रम से उपरिम ग्रैवेयक तक जो बहुत प्रकार से समस्त भवों की स्थिति पर्यन्त परिभ्रमण करता है, उसका नाम भवसंसार है।

भवसिद्धिक—देखो भव्य। १. भवा भाविनी सिद्धिः मुक्तिर्येषां ते भवसिद्धिका भव्याः। (समवा. अभय. वृ. २, पृ. ७)। २. भविष्यतीति भवा भाविनी सा सिद्धिर्निवृतिर्येषां ते भवसिद्धिकाः भव्याः। (स्थाना. अभय. वृ. १–५१)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

१ भविष्य में जिनको मुक्ति प्राप्त होने वाली है वे भवसिद्धिक कहलाते हैं।

भवस्थकेवलज्ञान—यद् मनुष्यभवे अवस्थितस्य चतुर्घातिकर्मस्वक्षीणेषु केवलज्ञानं तद् भवस्थकेवलज्ञानम्। (आव. नि. मलय. वृ. ७८, पृ. ८३)।

मनुष्य भव में स्थित जीव के चार अघातिया कर्मों के क्षीण न होने पर—उनके विद्यमान रहते हुए—जो केवलज्ञान होता है वह भवस्थकेवलज्ञान कहलाता है।

भवस्थिति—१. भवविषया स्थितिः भवस्थितिः। (त. वा. ३, ३९, ६)। २. का भवट्ठिदी णाम? आउट्ठिदिसमूहो। (धव. पु. ४, पृ. ३९८)।

१ भवविषयक स्थिति का नाम भवस्थिति है। २ आयुस्थितियों के समूह को भवस्थिति कहते हैं।

भवस्थितिकाल—भवे एकस्मिन् स्थितिर्भवस्थितिस्तस्याः कालो भवस्थितिकालः। (पंचसं. मलय. वृ. २–३४, पृ. ७०)।

एक भव में जो अवस्थान होता है उसके काल को भवस्थितिकाल कहते हैं।

भवाननुगामी अवधिज्ञान—१. जं (ओहिणाणं) भवंतरं ण गच्छदि, खेत्तंतरं चेव गच्छदि; तं भवाणणुगामी णाम। (धव. पु. १३, पृ. २९४)। २. यद्भवान्तरं न गच्छति स्वोत्पन्नभवे एव विनश्यति, क्षेत्रान्तरं गच्छतु मा वा, तत् भवाननुगामि। (गो. जी. म. प्र. व जी. प्र. ३७२)।

१ जो अवधिज्ञान उत्पन्न होने के भव से अन्य भव में नहीं जाता है, क्षेत्रान्तर में ही जाता है; उसे भवाननुगामी अवधिज्ञान कहते हैं।

भवानुगामी—१. जमोहिणाणमुप्पण्णं संतं तेण जीवेण सह अण्णभवं गच्छदि तं भवाणुगामी णाम। (धव. पु. १३, २९४)। २. यत्स्वोत्पन्नभवादन्यस्मिन् भवेऽपि वर्तमानं जीवमनुगच्छति तद् भवानुगामि। (गो. जी. म. प्र. ३७२)। ३. यत् उत्पत्तिभवादन्यभवे स्वस्वामिनमनुगच्छति तद्भवानुगामी भवति। (गो. जी. जी. प्र. ३७२)।

१ जो अवधिज्ञान उत्पन्न होता हुआ उस जीव के साथ अन्य भव में जाता है उसका नाम भवानुगामी है।

भवान्त—१. ××× भवं खवंतो भवंतो य। (व्यव. भा. पी. द्वि. वि. १२, पृ. ६)। २. भवं नारकादि, भवं क्षपयन् भवान्तः भवमन्तयति भवस्यान्तं करोतीति व्युत्पत्तेः। (व्यव. भा. पी. द्वि. वि. मलय. वृ. १२, पृ. ६)।

जो जीव नारकादि भव का—संसार का—क्षय कर रहा है उसे भवान्त कहते हैं।

भवाभिनन्दी—क्षुद्रो लाभरतिर्दीनो मत्सरी भयवान् शठः। अज्ञो भवाभिनन्दी स्यान्निष्फलारम्भसंगतः। (योगदृ. ७६)।

क्षुद्र, (कृपण), लाभ में अनुराग रखने वाला (याचक), दीन, ईर्ष्यालु, सदा भयभीत रहने वाला, शठ (मायावी), मूर्ख और निरर्थक आरम्भ में रत रहने वाला जीव भवाभिनन्दी—संसार को बहुत मानने वाला होता है।

भविष्यत्काल—१. तदेव वर्त्स्यत्स्थितिसम्बन्धवर्तनापेक्षं भविष्यदिति व्यपदिश्यते, कालाणुश्च भविष्यन्निति। (त. वा. ५, २२, २५)। २. भविष्यतीति भविष्यत्। (धव. पु. १३, पृ. २८६)।

१ वही क्रियापरिणत द्रव्य आगे वर्तने वाली स्थिति के सम्बन्ध से वर्तना की अपेक्षा रखता हुआ भविष्यत्काल कहलाता है।

भव्य—१. सम्यग्दर्शनादिभावेन भविष्यतीति भव्यः। (स. सि. २–६); सम्यग्दर्शनादिभिर्व्यक्तिर्यस्य भविष्यतीति भव्यः। (स. सि. ८–६)। २. अर्हद्भिः प्रोक्ततत्त्वेषु प्रत्ययं संप्रकुर्वते। श्रद्धावन्तश्च तेष्वेव रोचन्ते ते च नित्यशः॥ अनादिनिधने काले निर्यास्यन्ति त्रिभिर्युताः। भव्यास्ते च समाख्याता हेमधातुसमाः स्मृताः॥ (वरांगच. २६, १०-११)। ३. सम्यग्दर्शन-ज्ञान-चारित्रपरिणामेन भविष्यतीति भव्यः। भव्यादीनां प्रायेण भविष्यत्कालविषयत्वात् सम्यग्दर्शनादिपर्यायेण य आत्मा भविष्यति स भव्य इतीमं व्यपदेशमास्कन्दति। (त. वा. २, ७, ७); निर्वाणपुरस्कृतो भव्यः। (त. वा. ९, ७, ११)। ४. भव्वा जिणेहि भणिया इह खलु जे सिद्धिगमणजोगाउ। ते पुण अणाइपरिणामभावओ हुंति नायव्वा॥ (श्रा. प्र. ६६)। ५. भव्याः अनादिपारिणामिकभव्यभावयुक्ताः। (नन्दी. हरि. वृ. पृ. ११४)। ६. भव्यत्वं नाम सिद्धिगमनयोग्यत्वमनादिपरिणामिको भावः। (ललितवि. पृ. २८; पञ्चसूत्र हरि. वृ. पृ. ३; ध. बि. मु. वृ. २–६८)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

७. निर्वाणपुरस्कृतो भव्यः। उक्तं च—सिद्धत्तणस्स जोग्गा जे जीवा ते हवंति भवसिद्धा। ण उ मल-विगमे णियमो ताणं कणगोपलाणमिव ॥ (धव. पु. १, पृ. १५०)। ८. भव्या सिद्धिर्यस्यासौ भव्यः। (त. भा. सिद्ध. वृ २-७)। ९. भविष्यत्सिद्धत्व-पर्याया हि भव्याः। (भ. आ. विजयो. २५)। १०. भविष्यत्सिद्धिको भव्यः सुवर्णोपलसन्निभः। (म. पु. २४-१२८; जम्बू. च. ३९९)। ११. भव्याः सिद्धत्वयोग्याः स्युः ×××॥ (त. सा. २-९०)। १२. भविष्यति तेन तेनावस्थात्मना सत्तां प्राप्स्यति यः स भव्यो जीवः। (उत्तरा. नि. शा. वृ. ६६, पृ. ७२)। १३. ××× भव्वा निव्वाणगमण-रिहा॥ (षडशी. जिन. ६२)। १४. भविष्यति विव-क्षितपर्यायेणेति भव्यः। (ललित. मु. वृ. पृ. २८)। १५. भव्यः तथाविधानादिपारिणामिकभावात् सिद्धि-गमनयोग्यः। (प्रज्ञाप. मलय. वृ. १-१)। १६. भव्य-स्तथारूपानादिपारिणामिकभावात् सिद्धिगमनयोग्यः। (पञ्चसं. मलय. वृ. १-८, पृ. १२)। १७. भव्यः सिद्धिगमनयोग्यः। (बृहत्क. भा. क्षे. वृ. ७१४)। १८. मोक्षहेतुरत्नत्रयरूपेण भविष्यति परिणंस्यतीति भव्यः। (लघीय. अभय. वृ. पृ. ९९)। १९. रयणत्त-यसिद्धीए अणंतचउट्ठयसरूवगो भविदुं। जुग्गो जीवो भव्वो ××× । (भावत्रि. १४)। २०. सामग्री-विशेषः रत्नत्रयानन्तचतुष्टयस्वरूपेण परिणामयितुं योग्यो भव्यः। (गो. जी. जी. प्र. ७०४)।

१ जो जीव भविष्य में सम्यग्दर्शनादिस्वरूप से परिणत होने वाला है उसे भव्य कहते हैं। ४ जो अनादि पारिणामिक भाव (भव्यत्व) से मुक्ति प्राप्त करने के योग्य होते हैं वे भव्य कहलाते हैं। १२ जो उस उस अवस्थास्वरूप से सत्ता को आगे प्राप्त करने वाला है उसे भव्य कहा जाता है। यह नोआगमद्रव्यनिक्षेप के अन्तर्गत है।

भव्यत्व—देखो भव्य।

भव्यदिवाकर—सुप्रभातं सदा यस्य केवलज्ञानर-श्मिना। लोकालोकप्रकाशेन सोऽस्तु भव्यदिवाकरः। (आप्तस्व. १२)।

जिसका सुन्दर प्रभात (सबेरा) लोक व अलोक को प्रकाशित करने वाली केवलज्ञान की किरण से—केवलज्ञानरूप सूर्योदय के साथ—होता है वह भव्य-दिवाकर कहलाता है।

भव्यद्रव्यदेव—जे भविय पंचिंदियतिरिक्खजोणिए वा मणुस्से वा देवेसु उववज्जित्तए से तेणट्ठेणं गोयमा एवं वुच्चइ भवियदव्वदेवा। (भगवती. १२, ९, १, पृ. १७६४)।

जो पंचेन्द्रिय तिर्यंच या मनुष्य देवों में उत्पन्न होने वाले होते हैं उन्हें भविक (भावी) द्रव्यदेव कहा जाता है।

भव्यनोआगमद्रव्यमङ्गल—भव्यनोआगमद्रव्यं भविष्यत्काले मङ्गलप्राभृतज्ञायको जीवः मङ्गल-पर्यायं परिणंस्यतीति वा। (धव. पु. १, पृ. २६)।

जो जीव भविष्य में मंगलप्राभृत का ज्ञाता अथवा मंगलपर्याय से परिणत होने वाला है उसे भव्य-नोआगमद्रव्यमंगल कहा जाता है।

भव्यशरीरद्रव्यमङ्गल—भव्यो योग्यः, मंगल-पदार्थं ज्ञास्यति यो न तावद्विजानाति स भव्य इति, तस्य शरीरं भव्यशरीरम्, भव्यशरीरमेव द्रव्यमंग-लम्, अथवा भव्यशरीरं च तद् द्रव्यमंगलं चेति समासः। अयं भावार्थः—भाविनीं वृत्तिमङ्गीकृत्य मङ्गलोपयोगाधारत्वात् मधुघटादिन्यायेनैव तत् बालादिशरीरं भव्यशरीरद्रव्यमङ्गलमिति। (आव. हरि. वृ. पृ. ५)।

भव्य का अर्थ योग्य होता है, जो जीव मंगल पदार्थ के जानने के योग्य है—भविष्य में उसका ज्ञान प्राप्त करने वाला है, किन्तु वर्तमान में उसे नहीं जानता है उसे भव्य और उसके शरीर को भव्य शरीर कहते हैं। इस भव्यशरीर का नाम ही भव्यशरीरद्रव्यमंगल है।

भव्यशरीरद्रव्यावश्यक—१. से किं तं भविय-सरीरदव्वावस्सयं? जे जीवे जोणिजम्मणनि-क्खंते इमेणं चेव आत्तएणं सरीरसमुस्सएणं जिणोव-दिट्ठेणं आवस्सएत्ति पयं सेयकाले सिक्खिस्सइ न ताव सिक्खइ, जहा को दिट्ठंतो अयं महुकुंभे भवि-स्सइ अयं घयकुंभे भविस्सइ, से त्तं भविअसरीरद-व्वावस्सयं। (अनुयो. सू. १७, पृ. २१)। २. भव्यो योग्यो दलं पात्रमिति पर्यायाः, तस्य शरीरं तदेव भाविभावाऽवश्यककारणत्वात् द्रव्यावश्यकं भव्य-शरीरद्रव्यावश्यकम्, यो जीवो योन्या अवाच्यदेशल-क्षणया जन्मत्वेन सकलनिर्वृत्तिलक्षणेन, अनेनामग-भव्यवच्छेदमाह, निष्क्रान्तो निर्गतोऽनेनैव शरीरस-मुच्छ्रयेणेति पूर्ववत्, आदत्तेन गृहीतेन, अन्ये त्वभि-

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

दधति अत्तएणं त्ति आत्मीयेन जिनदृष्टेन भावेनेत्यादि पूर्ववत्, अथवा तदावरणक्षयोपशमलक्षणेन सेयकाले त्ति छान्दसत्वादागामिनि काले शिक्षिष्यते न तावच्छिक्षते, तदेतद् भाविनीं वृत्तिमङ्गीकृत्य भव्यशरीरद्रव्यावश्यकमित्युच्यते। (अनुयो. हरि. वृ. पृ. १५)।

१ जो जीव योनिजन्मसे निकलने पर—गर्भसे बाहिर आने पर—प्राप्त शरीर के आश्रय से जिनोपदिष्ट भाव से आवश्यक इस पद को सीखेगा—भविष्य में उसका ज्ञान प्राप्त करेगा, किन्तु वर्तमान में नहीं सीखता है; वह भव्यशरीरनोआगमद्रव्यावश्यक कहलाता है।

भव्यशरीरद्रव्योपक्रम—यस्तु बालको नेदानीमुपक्रमशब्दार्थमवबुध्यते, अथ चाऽवश्यमायत्यां भोत्स्यते, संभावनाभाविनिबन्धनत्वाद् भव्यशरीरद्रव्योपक्रमः। (व्यव. भा. १, पृ. १; जम्बूद्वी. शा. वृ. पृ. ५)।

जो बालक उपक्रम शब्दार्थ को अभी तो नहीं जान रहा है, किन्तु भविष्य में वह उसे अवश्य जानेगा; इस प्रकार भविष्य में सम्भावना का कारण होने से उसे भव्यशरीरद्रव्योपक्रम कहा जाता है।

भव्यशरीरनोआगमद्रव्यश्रुत—से किं तं भविअशरीरदव्वसुअं? जे जीवे जोणीजम्मणनिक्खंते जहा दव्वावस्सए तहा भाणिअव्वं जाव से तं भविअसरीरदव्वसुअं। (अनुयो. सू. ३६, पृ. ३३)।

जो जीव योनिजन्म से निकलने पर प्राप्त शरीर के आश्रय से जिनोपदिष्ट भाव के अनुसार श्रुत पदार्थ को नहीं जानता है, पर भविष्य में उसे जानेगा; उसे भव्यशरीरनोआगमद्रव्यश्रुत कहा जाता है।

भव्यशरीरनोआगमद्रव्यानुपूर्वी—से किं तं भवियसरीरदव्वाणुपुव्वी? जे जीवे जोणीजम्मणनिक्खंते सेसं जहा दव्वावस्सए जाव से तं भविअसरीरदव्वाणुपुव्वी। (अनुयो. सू. ७२, पृ. ५२)।

जो जीव योनिजन्म से निकलने पर प्राप्त शरीर के आश्रय से जिनोपदिष्ट भाव के अनुसार आनुपूर्वी पद को वर्तमान में तो नहीं जानता है, किन्तु भविष्य में उसे अवश्य जानेगा, उसे भव्यशरीरनोआगमद्रव्यानुपूर्वी कहते हैं।

भव्यसिद्ध—१. भव्याः भविष्यन्तीति सिद्धिर्येषां ते भव्यसिद्धयः। (धव. पु. १, पृ. ३९२); भविया सिद्धी जेसिं जीवाणं ते भवंति भवसिद्धा। (धव. पु. १, पृ. ३९४ उद्.)। २. भव्या भवितुं योग्या भाविनी या सिद्धिः अनन्तचतुष्टयस्वरूपोपलब्धिर्येषां ते भव्यसिद्धाः। (गो. जी. जी. प्र. ५५७)।

१ जिनको भविष्य में सिद्धि (मुक्ति) प्राप्त होने वाली है वे भव्यसिद्ध कहलाते हैं।

भव्यस्पर्श—जहा विस-कूड-जंत-पंजर-कंदय-वग्गुरादीणि कत्तारो समोड्डियारो य भवियो फुसणदाए णो य पुण ताव तं फुसदि सो सव्वो भवियफासो णाम। (षट्खं. ५, ३, ३०, पु. १३, पृ. ३४)।

विष, कूट, यन्त्र, पंजर, कन्दक और वागुरा आदि; उनके कर्ता (निर्माता) तथा उन्हें इच्छित प्रदेश में रखने वाले; जो स्पर्श के योग्य हैं पर वर्तमान में स्पर्श नहीं करते हैं, उन सबको कारण में कार्य के उपचार से भव्यस्पर्श कहा जाता है।

भाक्तिक—यो धर्मधारिणां धत्ते स्वयं सेवापरायणः। निरालस्योऽशठः शान्तो भाक्तिकः स मतो बुधैः॥ (अमित. श्रा. ९–४)।

जो धर्म के धारक महापुरुषों की सेवा में स्वयं तत्पर होकर उन्हें धारण करता है तथा आलस्य से रहित होकर सरल व शान्त होता है वह भाक्तिक माना गया है।

भाजन-सम्पात अन्तराय—१. ×××संपादो भायणाणं च॥ (मूला. ६–७८)। २. तथा सम्पातो भाजनस्य परिवेषिकहस्ताद् भाजनं यदि पतेत्। (मूला. वृ. ६–७८)।

१ परोसने वाले के हाथ से पात्र के गिर जाने पर साधु के भोजन में भाजनसम्पात नाम का अन्तराय होता है।

भाटकजीविका—१. भाडीकम्मं सएण भंडोववखरेण भाडएण वहइ, परायगं ण कप्पति अण्णेसिं वा सगडं बलद्दे य न देति। (आव. ६, पृ. ८२९; श्रा. प्र. टी. २८८)। २. शकटोक्ष-लुलायोष्ट्र-खराश्वतर-वाजिनाम्। भारस्य वाहनाद् वृत्तिर्भवेद्भाटकजीविका॥ (योगशा. ३–१०५; त्रि. श. पु. च. ९, ३, ३३९)। ३. भाटकजीविका शकटादिभारवाहनमूल्येन जीवनम्। (सा. ध. स्वो. टी. ५, २१)।

२ गाड़ी, बैल, भैंसा, ऊंट, गधा, खच्चर और घोड़ा;

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

इनको भाड़े के निमित्त से चलाकर आजीविका करना, यह भाटकजीविका कहलाती है।

भाटीकर्म—देखो भाटकजीविका।

भार—१. भारो य तुला वीसं ×××। (**ज्योतिष्क. १६**)। २. विंशतिस्तुला भारः। (**ज्योतिष्क. मलय. वृ. १६**)। ३. घटीभिर्दशभिस्ताभिरेको भारः प्रकीर्तितः। (**कल्पसू. विनय. वृ. ६, पृ. २१**)।

१ बीस तुलाओं का एक भार होता है। ३ दस घटिकाओं का एक भार होता है।

भार्या—भ्रियते पोष्यते भर्त्रेति, भार्या। (**उत्तरा. नि. शा. वृ. ५७**)।

पति के द्वारा जिसका भरण-पोषण किया जाता है उसका नाम भार्या है।

भाव—१. भावः औपशमिकादिलक्षणः। (**स. सि. १–८**)। २. भावो चरित्तमादी ××× ॥ (**बृहत्क. २१५०**)। ३. भावो विवक्षितक्रियानुभूतियुक्तो हि वै समाख्यातः। सर्वज्ञैरिन्द्रादिवदिहेन्दनादिक्रियानुभवात् ॥ अस्यायमर्थः—भवनं भावः, स हि वक्तुमिष्टक्रियानुभवलक्षणः सर्वज्ञैः समाख्यातः इन्दनादिक्रियानुभवनयुक्तेन्द्रादिवदिति। (**आव. हरि. वृ. पृ. ५**)। ४. भवनं भूतिर्वा भावो वर्णादिज्ञानादि। (**अनुयो. हरि. वृ. पृ. ६६**)। ५. वर्तमानपर्यायोपलक्षितं द्रव्यं भावः। (**धव. पु. १, पृ. २६**); भावो णाम जीवपरिणामो तिव्व-मंदणिज्जराभावादिरूवेण अणेयपयारो। (**धव. पु. ५, पृ. १८६**)। ६. भावः आत्मनो भवनं परिणामविशेषः शक्तिलक्षणः। (**त. भा. सिद्ध. वृ. ६-७**)। ७. औपशमिकादिर्भावः। (**न्यायकु. ७६, पृ. ८०३**)। अथ को भावः? ××× विवक्षितप्रकारेण उपयोगो व्यापारः। यदि वा तथा—आगम-नोआगमरूपतया उपयोगः जीवस्योपयुक्तत्वं भावः। (**न्यायकु. ७६, पृ. ८०७**)। ८. भवति—विवक्षितवर्तमानसमयपर्यायरूपेण उत्पद्यते इति भावः, ××× अथवा भूतिर्भावः, वज्रकिरीटादिधारणवर्तमानपर्यायेणेन्द्रादिरूपतया वस्तुनो भवनम्, तद्गुणपर्यायेण वा ज्ञानस्य भवनम्। (**सन्मति. अभय. वृ. १–६, पृ. ४०६**)। ६. अर्पितेन विवर्तेन वर्तमानेन संयुतम्। द्रव्यं भावो भवेद्भावमात्रं वा विनयाश्रयः॥ (**आचा. सा. ६–१७**)। १०. भावो जीवस्याध्यवसायः। (**व्यव. भा. मलय. वृ. १–३६, पृ. १६**)। ११. भवनं मावः विवक्षितरूपेण परिणमनम्, यदि वा भवतीति भावः। (**आव. मलय. वृ. पृ. ६**)। १२. भवनं भावो जीवस्यावस्थान्तरभावित्वम्। (**पंचसं. मलय. वृ. ३–१६४, पृ. ५०**)। १३. भावश्चारित्रादिकः परिणामः। (**बृहत्क. क्षे. वृ. २१५०**)। १४. भावस्तत्परिणामोऽस्ति धारावाह्येकवस्तुनि॥ (**पंचाध्या. २–२६**)।

१ कर्मविशेष के उपशम आदि के आश्रय से जो जीव की परिणति होती है उसे भाव कहा जाता है। २ चारित्र आदि रूप परिणाम का नाम भाव है (इस भाव को दग्ध करने वाले वेद को प्रकृत में भावाग्नि कहा गया है।) ३ विवक्षित क्रिया के अनुभव से युक्त भाव (भावनिक्षेप) कहलाता है। जैसे इन्दन क्रिया का अनुभव करने वाले देवराज को भावनिक्षेप से इन्द्र कहा जाता है। ५ वर्तमान पर्याय से उपलक्षित द्रव्य को भाव कहते हैं।

भावकरण—यत्सामायिककरणं तद् भावकरणम्। (**आव. नि. मलय. वृ. १०७२**)।

जो सामायिक करण है उसे भावकरण कहते हैं।

भावकर्म—१. जं तं भावकम्मं णाम॥ उवजुत्तो पाहुडजाणगो तं सव्वं भावकम्मं णाम॥ (**षट्खं. ५, ४, २६-३०—पु. १३, पृ. ६०**)। २.××× तस्सत्ती (पोग्गलपिंडसत्ती) भावकम्मं तु॥ (**गो. क. ६**)।

१ कर्मप्राभृत का ज्ञाता होकर जो जीव तद्विषयक उपयोग से सहित हो उसे भावकर्म कहते हैं। २ पुद्गलपिण्डरूप द्रव्यकर्म की शक्ति को भावकर्म कहा जाता है।

भावकलङ्कल—भावकलङ्कः संक्लेशः, तं लाति आदत्त इति भावकलङ्कलः। (**धव. पु. १४, पृ. २३४**)।

भावकलङ्क नाम संक्लेश का है, उसे जो ग्रहण करता है वह भावकलङ्कल कहलाता है।

भावकाय—१. ××× बद्धा पुण भावओ काओ॥ (**विशेषा. भा. ४२७२**)। २. भावकायस्तु तत्परिणामपरिणता जीवबद्धा जीवसंयुक्ताश्च पुद्गलाः। (**आव. सू. मलय. वृ. पृ. ५५७**)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

२ जो शरीररूप से परिणत पुद्गल जीव से सम्बद्ध हैं उन्हें भावकाय कहते हैं।

भावकायोत्सर्ग—मिथ्यात्वाद्यतीचारशोधनाय भावकायोत्सर्गः, कायोत्सर्गव्यावर्णनीयप्राभृतज्ञ उपयुक्तसंज्ञानजीवप्रदेशो वा भावकायोत्सर्गः। (मूला. वृ. ७–१५१)।

मिथ्यात्वादिविषयक अतीचारों की शुद्धि के लिए जो कायोत्सर्ग किया जाता है उसे भावकायोत्सर्ग कहते हैं, अथवा कायोत्सर्ग के प्ररूपक प्राभृत के ज्ञाता को भावकायोत्सर्ग जानना चाहिए।

भावकाल—१. साई सपज्जवसिओ चउभंगविभागभावणा इत्थं। उदईआईआणं तं जाणसु भावकालं तु॥ (आव. नि. ७३२)। २. भावानामौदयिकादीनां स्थितिर्भावकालः। (आव. नि. हरि. वृ. ७३१)। ३. भवत्यौदयिकादीनां या भावानामवस्थितिः। सादि-सान्तादिभिर्भङ्गैर्भावकालः स उच्यते॥ (लोकप्र. २८–१९४)।

१ औदयिक आदि भावों में सादि-सपर्यवसान आदि (सादि-अपर्यवसान, अनादि-सपर्यवसान और अनादि-अपर्यवसान) चार भंगों के विभाग की भावना के विषयभूत काल को भावकाल जानना चाहिए। २ औदयिक आदि भावों की स्थिति को भावकाल कहते हैं।

भावक्रीत—विद्या-मन्त्रादिदानेन वा क्रीतं भावक्रीतम्। (भ. आ. विजयो. २३०; कार्तिके. टी. ४४८–४९)।

विद्या व मन्त्र आदि देकर जो स्थान प्राप्त किया जाता है वह भावक्रीत दोष से दूषित होता है, कारण कि वह साधु के लिए अग्राह्य होता है।

भावक्षपणा—अट्ठविहं कम्मरयं पोराणं जं खवेइ जोगेहिं। एयं भावज्झयणं णेयव्वं आणुपुव्वीए॥ (उत्तरा. नि. ११)।

जीव योगों के द्वारा—भावाध्ययनविषयक चिन्तन आदिरूप शुभ व्यापार के द्वारा—चूंकि पूर्वसंचित कर्मरूप धूलि को नष्ट करता है, इसीलिए उस भावाध्ययन को भावक्षपणा कहा जाता है।

भावग्राम—तित्थगरा जिण चउदस, दस भिन्ने संविग्ग तह असंविग्गे। सारूविय वय दंसण, पडिमाओ भावगामो उ॥ (बृहत्क. १११४)।

तीर्थंकर, जिन (सामान्य केवली), चतुर्दशपूर्वी, दसपूर्वी, असम्पूर्णदसपूर्वी, संविग्न (उद्यत बिहारी), असंविग्न, सारूपिक (उस्तरे से मुण्डित सिर वाले श्वेताम्बर), श्रावक, दर्शनश्रावक (अविरतसम्यग्दृष्टि) और जिनप्रतिमा; इन्हें सम्यग्दर्शन-ज्ञान-चारित्र की उत्पत्ति के कारण होने से भावग्राम कहा जाता है।

भावचतुर्विंशति— भावचतुर्विंशतिः चतुर्विंशतिभविसंयोगाः चतुर्विंशतिगुणकृष्णादिद्रव्यं वा भावचतुर्विंशतिः। (आव. भा. मलय. वृ. १९२, पृ. ५९०)।

चौबीस भावसंयोगों को—भावों के संयोगी भंगों को—भावचतुर्विंशति कहते हैं; अथवा चौबीस गुण वाले कृष्णादि द्रव्य को भावचतुर्विंशति जानना चाहिए।

भावचपल—जं जं सुयमत्थो वा उद्दिट्ठं तस्स पारमपप्पत्तो। अन्नन्नसुय-दुमाणं, पल्लवगाही उ भावचलो॥ (बृहत्क. ७५५)।

आवश्यक या दशवैकालिक आदि ग्रन्थ के जिस जिस सूत्र या अर्थ को प्रारम्भ किया गया है उस उस के पार को प्राप्त न होकर अन्य अन्य आचारादि श्रुतरूप वृक्षों के पल्लवों के—उनके मध्यवर्ती आलापक, श्लोक या गाथा आदि रूप लेश मात्र श्रुत व अर्थ के—ग्रहण करने वाले को भावचपल कहते हैं।

भावचरण—भावचरणं गुणानां चरणम्। (उत्तरा. चू. पृ. २३९)

गुणों के आचरण का नाम भावचरण है।

भावचारित्र—देखो भावसम्यक्चारित्र।

भावजिन— १. जिणसरूवपरिच्छेदिणाणपरिणदो उवजुत्तभावजिणो। जिणपज्जायपरिणदो तप्परिणयभावजिणो। (धव. पु. ९, पृ. ८)। २. ×× × भावजिणा समवसरणत्था॥ (चैत्यव. भा. दे. वृ, ५१)।

१ उपयुक्त और तत्परिणत के भेद से नोआगम भावजिन दो प्रकार के हैं। इनमें जिनस्वरूप के ज्ञापक ज्ञान से परिणत जिन उपयुक्त भावजिन कहलाते हैं। तथा जिनपर्याय से परिणत तत्परिणत भावजिन कहलाते हैं। २ समवसरण में स्थित केवली जिनों को भावजिन कहते हैं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

भावजीव—१. भावतो जीवा औपशमिक-क्षायिक-क्षायोपशमिकौदयिक-पारिणामिकभावयुक्ता उपयोग-लक्षणाः × × × । (त. भा. १–५) । २. ज्ञानादिगुणपरिणतिभाक्त्वं तु भावजीवः । (त. भा. हरि. वृ. १–५) । ३. स एव ज्ञानादिगुणपरिणतिभाक्त्वेन विवक्षितो भावजीवः । (त. भा. सिद्ध. वृ. १–५, पृ. ४५); भावैः सह वर्तन्ते इति ते भावजीवाः । (त. भा. सिद्ध. वृ. १–५, पृ. ४८) । ४. भावतोऽनन्तज्ञानानन्तदर्शन-चारित्र- देशचारित्राचारित्रागुरुलघुपर्यायवान् । (आव. नि. मलय. वृ. १२६, पृ. १३१) ।

१ औपशमिक, क्षायिक, क्षायोपशमिक, औदयिक और पारिणामिक भावों से युक्त उपयोगस्वरूप जीवों को भावजीव कहा जाता है । ४ जो भावतः अनन्त ज्ञान, अनन्त दर्शन, चारित्र, देशचारित्र, अचारित्र और अगुरुलघु पर्याय से युक्त हो वह भावजीव कहलाता है ।

भावज्ञान—देखो भावसम्यग्ज्ञान ।

भावतप— भावतपः आत्मस्वरूपैकाग्रत्वरूपम् । (ज्ञा. सा. वृ. ३१–१) ।

आत्मस्वरूप में एकाग्रता का होना ही भावतप कहलाता है ।

भावतः इन्द्रियविवेक—१. भावत इन्द्रियविवेको नाम जातेऽपि विषय-विषयिसम्बन्धे रूपादिगोचरस्य विज्ञानस्य भावेन्द्रियाभिधानस्य राग-कोपाभ्यां विवेचनं राग-कोपसहचारिरूपादिविषयमानसज्ञानापरिणतिर्वा । (भ. आ. विजयो. १६८) । २. भावतस्तु जातेऽप्यक्षार्थयोगे रूपादिज्ञानस्य भावेन्द्रियाभिधानस्य राग-द्वेषाभ्यां विवेचनं तत्सहचारिरूपादिविषयमानसज्ञानापरिणतिर्वा । (भ. आ. मूला. १६८) ।

१ विषय (रूपादि) और विषयी (इन्द्रिय) का सम्बन्ध होने पर भी भावेन्द्रिय नामक रूपादिविषयक ज्ञान की राग-द्वेष से पृथक्ता को अथवा राग-द्वेष के सहचारी रूपादिविषयक मानस ज्ञान से परिणत न होने को भावतः इन्द्रियविवेक कहा जाता है ।

भावतः क्रोधविवेक—परपरिभवादिनिमित्तचित्तकलंकाभावो भावतः क्रोधविवेकः । (भ. आ. विजयो. व मूला. १६८) ।

दूसरों के अपमानादि की कारणभूत चित्त की कलुषता के अभाव को भावतः क्रोधविवेक कहते हैं ।

भावतः मानविवेक—भावतः 'एतेभ्योऽहं प्रकृष्टः' इति मनसाहंकारवर्जनं भावतो मानकषायविवेकः । (भ. आ. विजयो. व मूला. १६८) ।

"इनसे मैं श्रेष्ठ हूं" इस प्रकार का मन से अभिमान न करना, इसे भावतः मानविवेक कहते हैं ।

भावतः लोभविवेक—भावतो ममेदंभावरूपमोहजपरिणामापरिणतिः । (भ. आ. मूला. १६८) ।

'यह मेरा है' इस प्रकार के ममेदंभावरूप मोह से जो परिणाम उत्पन्न होता है उस रूप परिणत न होना; इसका नाम भावतः लोभविवेक है ।

भावतीर्थ—१. दंसण-णाण-चरित्ते णिज्जुत्ता जिणवरा दु सव्वेपि । तिहिं कारणेहिं जुत्ता तम्हा ते भावदो तित्थं । (मूला. ७–६३) । २. अट्ठविहं कम्मरयं बहुएहि भवेहिं संचिअं जम्हा । तव-संजमेण धुव्वइ तम्हा तं भावओ तित्थं ॥ दंसण णाण-चरित्तेसु निउत्तं जिणवरेहि सव्वेहिं । तिसु अत्थेसु निउत्तं तम्हा तं भावओ तित्थं ॥ (आव. नि. १०६८–६९) । ३. इह भावतीर्थं क्रोधादिनिग्रहसमर्थं प्रवचनमेव गृह्यते । (आव. नि. हरि. वृ. १०६७) ।

१ सभी जिनेन्द्र (तीर्थंकर) दर्शन, ज्ञान और चारित्र से संयुक्त रहते हैं; इसीलिए दाह की शान्ति, तृष्णा का छेद और मलरूप कीचड़ का शोधन, इन तीन कारणों से उन्हें भावतीर्थ कहा जाता है । २ बहुत भवों से संचित कर्मरूप रज (धूलि) चूंकि तप-संयम के द्वारा धोयी जाती है, इसीलिए दाहशान्ति आदि तीन अर्थों में नियुक्त प्रवचन को अथवा तप-संयम को भावतः तीर्थ कहते हैं। सभी जिनेन्द्रों ने दर्शन, ज्ञान व चारित्र में नियुक्त किया है, इसीलिए उक्त तीन अर्थों में नियुक्त उसे (प्रवचन को) भावतः तीर्थ कहा जाता है ।

भावदीप—यस्तु श्रुतज्ञानात्मको भावदीपः अक्षर-पद-पाद-श्लोकादिसंहतिनिर्वर्त्तितः स संयोगिमः, यस्त्वन्यनिरपेक्षो निरपेक्षतया च न संयोगिमः स केवलज्ञानात्मकोऽसंयोगिमो भावदीपः । (उत्तरा. शा. वृ. २०७, पृ. २१२) ।

भावदीप संयोगिम और असंयोगिम के भेद से दो प्रकार का है । उनमें जो अक्षर, पद, पाद और

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

श्लोक आदि से रचित श्रुतज्ञान रूप भावदीप है उसे संयोगिम भावदीप तथा अन्य किसी की अपेक्षा न करने वाले केवलज्ञानरूप भावदीप को असंयोगिम भावदीप कहा जाता है।

भावदेव—जे इमे भवणवइ-वाणमंतर-जोइसिय-वेमाणिया देवा देवगइ-नामगोयाइं कम्माइं वेदेंति से तेणट्ठेणं जाव भावदेवा। (भगवती. १२, ६, २, पृ. १७६६)।

जो भवनपति, वानव्यन्तर, ज्योतिषी और वैमानिक देव देवगति नामगोत्र कर्मों का वेदन करते हैं वे भावदेव कहलाते हैं।

भावद्रव्य—१. भावतो द्रव्याणि धर्मादीनि सगुण-पर्यायाणि प्राप्तिलक्षणाणि ×××। (त. भा. १–५)। २. अथवा भावद्रव्यमिति—द्रव्यार्थ उपयुक्तो जीवो भावद्रव्यमुच्यते। (त. भा. सिद्ध. वृ. १–५, पृ. ५०)।

१ भावनिक्षेप से प्राप्ति लक्षण (परिणमन स्वभाव) वाले गुण-पर्याय युक्त धर्मादि द्रव्य ग्रहण किये जाते हैं। २ द्रव्य के अर्थ में उपयुक्त जीव को भव्यद्रव्य कहा जाता है।

भावधर्म—१. प्रशमादिलिङ्गगम्यो जीवस्वभावलक्षणो भावधर्मः। (धर्मसं. मलय. वृ. ३४)। २ स च क्षायोपशमिकादिकशुभलेश्यापरिणामविशेषाद्दानादौ सर्वत्र स्वारसिकः चित्तसमुल्लास एव भावधर्म उच्यते। यदाह—दाने शीले तपसि च यत् स्वारसिको मनःसमुल्लासः। शुभलेश्यानन्दमयो भवत्यसौ भावधर्म इति॥ (गु. गु. षट्. स्वो. वृ. २, पृ. ७)।

१ जो प्रशम आदि चिह्नों के द्वारा जाना जाता है जीव के स्वभावभूत उसे भावधर्म कहते हैं। २ क्षायोपशमिकादि रूप शुभलेश्या परिणामविशेष से जो दानादि कार्यों में मन को उल्लास या हर्ष होता है उसे भावधर्म कहा जाता है।

भावनपुंसक—नपुंसकवेदोदयेन उभयाभिलाषरूपमैथुनसंज्ञाक्रान्तो जीवो भावनपुंसकम्। (गो. जी. जी. प्र. २७१)।

नपुंसक वेद के उदय से उभय (स्त्री-पुरुष) की अभिलाषा रूप जो मैथुन संज्ञा होती है उससे युक्त जीव को भावनपुंसक कहते हैं।

भावनमस्कार—नमस्कारकर्तव्यानां गुणानुरागो भावनमस्कारः। (भ. आ. विजयो. ७२२)।

जो आप्त आदि नमस्कार करने के योग्य हैं उनके गुणों में जो अनुराग होता है उसे भावनमस्कार कहते हैं।

भावना—१. भाव्यते इति भावना, भावना ध्यानाभ्यासक्रियेत्यर्थः। (ध्यानश. हरि. वृ. २)। २. अणुव्रतस्य चोपरि बन्ध-वधादिकातिचारपरिहाररूपा वक्ष्यमाणा अपायावद्यदर्शनादिकाश्च सामान्यरूपाः महाव्रतं चोपभोगा (वर्गा ?) भिलाषिभिः प्राणिभिर्धृति-संहननपरिहाण्या प्रमादबहुलैः दूरक्षमतस्तत्प्रतिपातपरिहारार्थं भाव्यन्त इति भावनाः। (त. भा. सिद्ध. वृ. ७–३)। ३. वीर्यान्तरायक्षयोपशम-चारित्रमोहोपशम-क्षयोपशमापेक्षेणात्मना भाव्यन्तेऽसकृत्प्रवर्त्यन्ते इति भावनाः। (भ. आ. विजयो. ११८५)। ४. भावना निरुपाधिको जीववासकः परिणामः। (ध. बि. मु. वृ. ६–२७)। ५. भाव्यन्ते वास्यन्ते गुणविशेषमारोप्यन्ते महाव्रतानि यकाभिस्ता भावनाः। (योगशा. स्वो. विव. १–२५)। ६. रत्नत्रयधरेष्वेका भक्तिस्तत्कार्यकर्म च। शुभैकचिन्ता संसारजुगुप्सा भावना भवेत्॥ (त्रि. श. पु. च. १–२००)।

१ ध्यान के अभ्यास की क्रिया को भावना कहते हैं। २ अणुव्रत के ऊपर बन्ध-वधादि अतिचार के परिहाररूप एवं अपाय व अवद्य के दर्शनादिरूप सामान्य तथा जो धैर्य व संहनन की हानि से प्रमाद की अधिकता से युक्त होते हुए उपभोग के अभिलाषी प्राणी हैं उनके द्वारा दूरक्ष महाव्रत से भ्रष्ट न होने के लिए जो भायी जाती हैं उन्हें भावना कहा जाता है।

भावनायोग—सर्वपरभावान् अनित्यादिभावनया विबुध्य अनुभवभावनया स्वरूपाभिमुखयोगवृत्तिमध्यस्थः आत्मानं मोक्षोपाये युंजन् भावनायोगः। (ज्ञा. सा. वृ. ६–१)।

समस्त पर भावों को अनित्यादि भावना के द्वारा जानकर अनुभव भावना से आत्मस्वरूप के अभिमुख योगवृत्ति के मध्य में स्थित होकर आत्मा को जो मोक्षमार्ग में लगाता है, इसे भावनायोग कहते हैं।

भावनिक्षेप—१. वर्तमानतत्पर्यायोपलक्षितं द्रव्यं

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

भावः। (स. सि. १–५; धव. पु. १, पृ. २६)। २. वर्तमानतत्पर्यायोपलक्षितं द्रव्यं भावः। वर्तमानेन तेन जीवन-सम्यग्दर्शनपर्यायेणोपलक्षितं द्रव्यं भाव-जीवो भावसन्यग्दर्शनमिति चोच्यते। (त. वा. १, ५, ८)। ३. तथोपयोगलक्षणो भावनिक्षेपः। (लघीय. स्वो. वृ. ७४)। ४. वट्टमाणपज्जाएण उवलक्खियं दव्वं भावो णाम। (जयध. १, पृ. २६०)। ५. वर्तमानेन यत्नेन पर्यायेणोपलक्षितम्। द्रव्यं भवति भावं तं वदन्ति जिनपुङ्गवाः॥ (त. सा. १–१३)। ६. तत्कालपर्यायाक्रान्तं वस्तु भावो विधीयते॥ (उपासका. ८२७; परमाध्या. १–६)। ७. तथैवोपयोगपरिणामलक्षणो भावनिक्षेपः। (सिद्धिवि. वृ. १२–२, पृ. ७३६)। ८. द्रव्यमेव वर्तमानपर्यायसहितं भावः। (त. वृत्ति श्रुत. १–५)। ९. तत्पर्यायो भावो यथा जिनः समवसरणसंस्थितिकः। घातिचतुष्टयरहितो ज्ञानचतुष्टययुतो हि दिव्यवपुः॥ (पंचाध्या. १–७४४)।

१ वर्तमान विवक्षित पर्याय से उपलक्षित द्रव्य को भावनिक्षेप कहते हैं।

भावनिद्रा—भावनिद्रा तु ज्ञान-दर्शन-चरित्रशून्यता। (सूत्रकृ. नि. शी. वृ. ४२, पृ. ५६)।

ज्ञान, दर्शन और चारित्र से रहित होने का नाम भावनिद्रा है।

भावनिबन्धन—जं दव्वं भावस्य आलंबणमाहारो होदि तं भावनिबंधणं। जहा लोहस्स हिरण्ण-सुवण्णादीणि णिबंधणं, ताणि अस्सिऊण तदुप्पत्तिदंसणादो ×××। (धव. पु. १५, पृ. ३)।

जो द्रव्य भाव का आलम्बन या आधार होता है उसे भावनिबन्धन कहा जाता है। जैसे लोभ के निबन्धन चांदी-सोना आदि।

भावनिर्जरा—१. भावनिर्जरा कर्मपरिशाटः सम्यग्ज्ञानाद्युपदेशानुष्ठानपूर्वकः। (त. भा. सिद्ध. वृ. १–५, पृ. ४९)। २. भावनिर्जरा नाम कर्मत्वपर्यायविगमः पुद्गलानाम्। (भ. आ. विजयो. १८४७)। ३. जहकालेण तवेण य भुत्तरसं कम्मपुग्गलं जेण। भावेण सडदि णेया ××× ॥ (द्रव्यसं. ३६)। ४. निर्विकारपरमचैतन्यचिच्चमत्कारानुभूतिसञ्जातसहजानन्दस्वभावसुखामृतरसास्वादरूपो भावो भावनिर्जरा। (बृ. द्रव्यसं. टी. ३६)। ५. कर्मशक्तिशातनसमर्थो द्वादशतपोभिर्वृद्धिं गतः शुद्धोपयोगः संवरपूर्विका भावनिर्जरा। (पंचा. का. जय. वृ. १०८)। ६. रागादीनां विभावानां विश्लेषो भावनिर्जरा। (आचा. सा. ३–३५)। ७. आत्मनः शुद्धभावेन गलत्येतत्पुराकृतम्। वेगाद् भुक्तरसं कर्म सा भवेद्भावनिर्जरा॥ (जम्बू च. १३–१२७)। ८. सा शुद्धात्मोपलब्धेः स्वसमयवपुषा निर्जरा भावसंज्ञा नाम्ना भेदोऽनयोः स्यात्करणविगतः कार्यनाशप्रसिद्धेः॥ (अध्यात्मक. ४–९)। ९. तस्माद् ज्ञानमयः शुद्धस्तपस्वी भावनिर्जरा। (अध्यात्मसार १८–१६५)।

१ सम्यग्ज्ञानादि के उपदेश व अनुष्ठानपूर्वक जो कर्म आत्मा से पृथक् होते हैं, इसे भावनिर्जरा कहते हैं। २ पुद्गलों की कर्मत्व पर्याय का विनाश होना, इसका नाम भावनिर्जरा है।

भावपक्व—संजम-चरित्तजोगा उग्गमसोही य भावपक्कं तु। अन्नो वि य आएसो निरुवक्कमजीवमरणं तु॥ (बृहत्क. भा. १०३५)।

आंखों से देखने आदि रूप संयमयोग, मूल एवं उत्तर गुण रूप चारित्र और उद्गमदोषों की शुद्धि को भावपक्व कहते हैं। अन्य भी आदेश (उपदेश) हैं—जिस जीव ने जितनी आयु बांधी है उस सब का पालन करके निरुपक्रमायुष्क जीव का जो मरण होता है उसे भावपक्व जानना चाहिए।

भावपरिक्षेप—नच्चा नरवइणो सत्त-सार-बुद्धी-परक्कमविसेसे। भावेण परिक्खित्तं तेण तगन्ते परिहरंति॥ (बृहत्क. भा. ११२५)।

किसी राजा के सत्त्व (धैर्य), सार (सेना व कोश आदि), बुद्धि और पराक्रम को जानकर जो अन्य राजा उसके नगर को छोड़ देते हैं, इसे उसके सत्त्व व सार आदि रूप भाव से परिक्षिप्त जानना चाहिए।

भावपरिणाम—भावस्य जीवाजीवादिसम्बन्धिनः परिणामाः तेन तेन अज्ञानात् ज्ञानं नीलाल्लोहितमित्यादिप्रकारेण भवनानि भावपरिणामाः। (आव. भा. मलय. वृ. २०४, पृ. ५६४)।

जीव-अजीव आदि सम्बन्धी भाव के परिणामों को—उस उस प्रकार से, जैसे अज्ञान से ज्ञान व नील से लाल, होने वाले परिवर्तनों को—भावपरिणाम कहते हैं।

भावपरिवर्तन—१. पञ्चेन्द्रियः संज्ञी पर्याप्तको

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

मिथ्यादृष्टिः कश्चिज्जीवः स सर्वजघन्यां स्वयोग्यां ज्ञानावरणप्रकृतेः स्थितिमन्तःकोटीकोटीसंज्ञिकामापद्यते। तस्य कषायाध्यवसायस्थानान्यसंख्येयलोकप्रमितानि षट्स्थानपतितानि तस्थितियोग्यानि भवन्ति। तत्र सर्वजघन्यकषायाध्यवसायस्थाननिमित्तान्यनुभागाध्यवसायस्थानान्यसंख्येयलोकप्रमित्तानि भवन्ति। एवं सर्वजघन्यां स्थितिं सर्वजघन्यं च कषायाध्यवसायसायस्थानं सर्वजघन्यमेवानुभागबन्धस्थानमास्कन्दतस्तद्योग्यं सर्वजघन्यं योगस्थानं भवति। तेषामेव स्थिति-कषायानुभागस्थानानां द्वितीयमसंख्येयभागवृद्धियुक्तं योगस्थानं भवति। एवं च तृतीयादिषु चतुःस्थानपतितानि श्रेण्यसंख्येयभागप्रमितानि योगस्थानानि भवन्ति। तथा तामेव स्थितिं तदेव कषायाध्यवसायस्थानं च प्रतिपद्यमानस्य द्वितीयमनुभवाध्यवसायस्थानं भवति। तस्य च योगस्थानानि पूर्ववद्वेदितव्यानि। एवं तृतीयादिष्वपि अनुभवाध्यवसायस्थानेषु आ संख्येयलोकपरिसमाप्तेः। एवं तामेव स्थितिमापद्यमानस्य द्वितीयं कषायाध्यवसायस्थानं भवति। तस्याप्यनुभवाध्यवसायस्थानानि योगस्थानानि च पूर्ववद्वेदितव्यानि। एवं तृतीयादिष्वपि कषायाध्यवसायस्थानेषु आ असंख्येयलोकपरिसमाप्तेर्वृद्धिक्रमो वेदितव्यः। उक्तायां जघन्यायाः स्थितेः समयाधिकायाः कषायादिस्थानानि पूर्ववत्। एवं समयाधिकक्रमेण आ उत्कृष्टस्थितेस्त्रिंशत्सागरोपमकोटीकोटीपरिमितायाः कषायादिस्थानानि वेदितव्यानि। अनन्तभागवृद्धिः असंख्येयभागवृद्धिः संख्येयभागवृद्धिः संख्येयगुणवृद्धिः असंख्येयगुणवृद्धिः अनन्तगुणवृद्धिः इमानि षट् वृद्धिस्थानानि। हानिरपि तथैव। अनन्तभागवृद्धचनन्तगुणवृद्धिरहितानि चत्वारि स्थानानि। एवं सर्वेषां कर्मणां मूलप्रकृतीनामुत्तरप्रकृतीनां च परिवर्तनक्रमो वेदितव्यः, तदेतत्सर्वं समुदितं भावपरिवर्तनम्। (स. सि. २-१०; मूला. वृ. ८-१४)। २. सव्वासिं पगदीणं घणुभाग-पदेसबंधठाणाणि। जीवो मिच्छत्तवसा परिभमिदो भावसंसारे॥ (धव. पु. ४, पु. ३३४ उद्.)। ३. परिणमदि सण्णिजीवो विविहकसाएहिं ठिदिणिमित्तेहिं। अणुभागनिमित्तेहिं य वट्टंतो भावसंसारे। (कार्तिके. ७१; भ. आ. मूला. १७८१ उद्.)।

१ किसी पंचेन्द्रिय, संज्ञी, पर्याप्तक, मिथ्यादृष्टि, जीव ने अपने योग्य ज्ञानावरण प्रकृति की अन्तःकोड़ाकोड़ि नामक सबसे जघन्य स्थिति प्राप्त की, उसके उक्त स्थिति के योग्य असंख्यात लोक प्रमाण छह स्थानपतित कषायाध्यवसायस्थान होते हैं। इनमें सबसे जघन्य कषायाध्यवसायस्थान के निमित्त अनुभागाध्यवसायस्थान असंख्यात लोक प्रमाण होते हैं। इस प्रकार सर्वजघन्य स्थिति सर्वजघन्य कषायाध्यवसायस्थान और सर्वजघन्य ही अनुभागबन्धस्थान को प्राप्त करने वाले उस जीव के उसके योग्य सर्वजघन्य योगस्थान होता है। उन्हीं स्थितिस्थानों, कषायस्थानों और अनुभागस्थानों का दूसरा योगस्थान असंख्यातभागवृद्धि से युक्त होता है। इसी प्रकार तृतीय आदि योगस्थानों में वे योगस्थान चार स्थानपतित श्रेणि के असंख्यातवें भाग मात्र होते हैं। इसके पश्चात् उसी स्थिति और उसी कषायाध्यवसायस्थान को प्राप्त होने वाले उक्त जीव के द्वितीय अनुभागाध्यवसायस्थान होता है। उसके योगस्थानों का क्रम पूर्व के समान समझना चाहिए। यही क्रम असंख्यात लोक प्रमाण तृतीय आदि अनुभागाध्यवसायस्थानों में जानना चाहिए। इस प्रकार उसी स्थिति को प्राप्त उक्त जीव के द्वितीय कषायाध्यवसायस्थान होता है। उसके भी अनुभागाध्यवसायस्थानों और योगस्थानों के क्रम को पूर्वके समान ही जानना चाहिए। इस प्रकार से तृतीय आदि असंख्यात लोक प्रमाण कषायस्थानों में वृद्धि के क्रम को जानना चाहिए। पश्चात् पूर्वोक्त जघन्य स्थिति के एक समय अधिक होने पर कषायादिस्थानों का क्रम पूर्व के समान रहता है। इस प्रकार समयाधिक्रम से उक्त ज्ञानावरण प्रकृति की उत्कृष्ट तेतीस सागरोपम प्रमाण स्थिति तक कषायादिस्थानों के क्रम को पूर्व के समान जानना चाहिए। अनन्तभागवृद्धि, असंख्येयभागवृद्धि, संख्येयभागवृद्धि, संख्येयगुणवृद्धि, असंख्येयगुणवृद्धि और अनन्तगुणवृद्धि, ये छह वृद्धि के स्थान हैं। इसी प्रकार से हानि भी जानना चाहिए। पर उसमें अनन्तभागवृद्धि और अनन्तगुणवृद्धि से रहित चार ही स्थान होते हैं। इस प्रकार ज्ञानावरण के समान शेष मूल प्रकृतियों और उनकी उत्तर प्रकृतियों में भी परिवर्तन के क्रम को जानना चाहिए। इस प्रकार से यह भावपरिवर्तन

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

होता है।

भावपाप—१. जीवस्य कर्तृनिश्चयकर्मतामापन्नोऽशुभपरिणामो द्रव्यपापस्य निमित्तमात्रत्वेन कारणीभूतत्वात्तदास्रवक्षणादूर्ध्वं भावपापम्। (पंचा. अमृत. वृ. १३२)। २. मिथ्यात्व-रागादिरूपो जीवस्याशुभपरिणामो भावपापम्। (पंचा. का. जय. वृ. १०८; अन. ध. स्वो. टी. २–४०)।

१ जीव के जो अशुभ परिणाम होता है उसका कर्ता जीव है व वह परिणाम कर्म है, वह अशुभ परिणाम द्रव्यपाप का निमित्त मात्र होने से कारणीभूत है, इसी से आस्रवक्षण के बाद उसे भावपाप कहा जाता है।

भावपुण्य—१. जीवस्य कर्तुः निश्चयकर्मतापन्नः शुभपरिणामो द्रव्यपुण्यस्य निमित्तमात्रत्वेन कारणीभूतत्वात्तदास्रवक्षणादूर्ध्वं भवति भावपुण्यम्। (पंचा. का. अमृत. वृ. १३२; अन. ध. स्वो. टी. २–४०)। २. दान-पूजा-षडावश्यकादिरूपो जीवस्य शुभपरिणामो भावपुण्यम्। (पंचा. जय. वृ. १०८)।

१ शुभ परिणाम का कर्ता जीव है व वह शुभ परिणाम कर्म है, यह शुभ परिणाम द्रव्य पुण्य का निमित्त है; इसी से उसे आस्रवक्षण के बाद भावपुण्य कहा जाता है।

भावपुरुष—१. भावपुरिसो उ जीवो भावे पगयं तु भावेणं॥ (आव. नि. ७३६)। २. पुंवेदोदयेन स्त्रियाम् अभिलाषरूपमैथुनसंज्ञाक्रान्तो जीवो भावपुरुषः। (गो. जी. जी. प्र. २७१)।

१ 'पूः शरीरम्, पुरि शेते इति पुरुषः' इस निरुक्ति के अनुसार जो शरीर में रहता है उसे पुरुष या जीव कहा जाता है, वही भावपुरुष है। अथवा भावद्वार की प्ररूपणा में या भावनिर्गमप्ररूपणा के अधिकार में भावपुरुष—शुद्ध जीव तीर्थंकर या गणधर प्रकृत हैं।

भावपुलाक—भावपुलाए जेण मूलगुण-उत्तरगुणपदेण पडिसेविएण निस्सारो संजमो भवति सो भावपुलाओ। (दशवै. चू. पृ. ३४६)।

जिस मूल गुण व उत्तरगुण पद के सेवन द्वारा संयम निस्सार होता है उसे भावपुलाक कहते हैं।

भावपूजा—१. अभ्युत्थान-प्रदक्षिणीकरण-प्रणमनादिका कायक्रिया च, वाचा गुणसंस्तवनं च भावपूजा, मनसा तद्गुणानुस्मरणम्। (भ. आ. विजयो. ४७)। २. काऊणाणंतचउट्ठयाइगुणकित्तणं जिणाईणं। जं वंदणं तियालं कीरइ भावच्चणं तं खु॥ पंचणमोक्कारपएहिं अहवा जावं कुणिज्ज सत्तीइ। अहवा जिणिंदथोत्तं वियाण भावच्चणं तं पि॥ पिंडत्थं च पयत्थं रूवत्थं रूववज्जियं अहवा। जं झाइज्जइ झाणं भावमहं तं विणिद्दिट्ठं॥ (वसु. श्रा. ४५६–५८)। ३. भावपूजा कायेनाभ्युत्थान-प्रदक्षिणीकरण-प्रणामादिका, वाचा गुणस्तवनम्, मनसा गुणानुस्मरणम्। (अन. ध. स्वो. टी. २–११०; भ. आ. मूला. ४७)। ४. यदनन्तचतुष्काद्यैर्विधाय गुणकीर्तनम्। त्रिकालं क्रियते देवबन्दना भावपूजनम्॥ परमेष्ठिपदैर्जापः क्रियते यत्स्वशक्तितः। अथवाऽर्हद्गुणस्तोत्रं साप्यर्चा भावपूर्विका॥ पिण्डस्थं च पदस्थं च रूपस्थं रूपवर्जितम्। ध्यायते यत्र तद्विद्धि भावार्चनमनुत्तरम्॥ (धर्मसं. श्रा. ६, ६८–१००)। ५. भावपूजा स्तुतिभिः सद्भूततीर्थकृद्गुणपरावर्तनपराभिर्वाग्भिः। (चैत्यव. सोम. अव. १०, पृ. ५)।

१ उठना, प्रदक्षिणा करना और प्रणाम आदि करना; इस प्रकार की कायक्रिया के साथ वचन से स्तुति करना तथा मन से उनके गुणों का स्मरण करना; इस सबको भावपूजा कहते हैं।

भावपूति—उग्गमकोडिअवयवमित्तेण वि मीसियं सुसुद्धंपि। सुद्धंपि कुणइ चरणं पूइं तं भावओ पूई॥ (पिण्डनि. २४७)।

जो भोजन आदि उद्गमदोषसमूह के विभागभूत आधाकर्मादि के अवयव (अंश) मात्र से भी मिश्रित हो वह स्वरूपतः उद्गमादिदोषों से रहित होकर भी निरतिचार चारित्र को चूंकि मलिन करता है, इसी से उसे भावपूति कहा जाता है।

भावपृथिवी जीव—× × × भावेण य होइ पुढवी जीवो उ। जो पुढविनामगोयकम्मं वेएइ सो जीवो॥ (आचा. नि. ७०, पृ. २६)।

जो जीव पृथिवी नामगोत्र कर्म का वेदन करता है—जिसके स्थावर नामकर्म से भेदभूत पृथिवी नामकर्म का उदय रहता है—वह भाव से पृथिवी जीव कहलाता है।

भावप्रकाशदीप—तथा यथैव तमसाऽन्धीकृतानामपि प्रकाशदीपः तत्प्रकाश्यं वस्तु प्रकाशयति एवमज्ञानमोहितानां ज्ञानमपीति भावप्रकाशदीप उच्यते। (उत्तरा. नि. शा. वृ. २०७)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

जिस प्रकार अन्धकार से अन्ध हुए प्राणियों के लिए प्रकाश दीप—लोकप्रसिद्ध दीपक—उससे प्रकाशित होने योग्य वस्तु को प्रकाशित करता है उसी प्रकार अज्ञान से मूढ़ता को प्राप्त हुए जीवों के लिए ज्ञान भी चूंकि वस्तुबोध कराता है इसी से उसे भाव-प्रकाश-दीप कहा जाता है।

भावप्रतिक्रमण — राग-द्वेषाद्याश्रितातीचारावर्तनं भावप्रतिक्रमणम्। (मूला. वृ. ७–११५)।

राग-द्वेष के आश्रित अतिचार से रहित होना, इसका नाम भावप्रतिक्रमण है।

भावप्रतिसेवना—यस्तु जीवस्य तथा तथा प्रतिसेवकत्वपरिणामः, सा भावरूपा प्रतिसेवना। (व्यव. भा. मलय. वृ. पी. १–३९, पृ. १६)।

जीव का जो प्रतिसेवन करने रूप परिणाम होता है उसे भावरूप प्रतिसेवना कहते हैं।

भावप्रतिसेवा—१. दर्पः प्रमादः अनाभोगः भयं प्रदोषः इत्यादिकेषु परिणामेषु प्रवृत्तिर्भावसेवा। (भ. आ. विजयो. ४५०)। २. भावं दर्प-प्रमादानाभोगभयाभि[त्मि]का भावप्रतिसेवा। (भ. आ. मूला. ४५०)।

१ अभिमान, प्रमाद, अनाभोग, भय और प्रदोष; इत्यादि परिणामों में जो प्रवृत्ति होती है उसे भाव-प्रतिसेवा कहते हैं।

भावप्रत्याख्यान— १. एतद्विपर्ययाद्भावप्रत्याख्यानं जिनोदितम्। सम्यक्चारित्ररूपत्वान्नियमान्मुक्तिसाधनम्॥ (अष्टक. ८–७)। २. भावोऽशुभपरिणामस्तं न निर्वर्तयिष्यामि इति संकल्पकरणं भावप्रत्याख्यानम्। (भ. आ. विजयो. ११६)। ३. भावस्य सावद्ययोगस्य प्रत्याख्यानं भावप्रत्याख्यानम्, भावतो वा शुभात् परिणामात् प्रत्याख्यानम्, भाव एव वा सावद्ययोगविरतिलक्षणः प्रत्याख्यानं भावप्रत्याख्यानम्। (आव. नि. मलय. वृ. १०५३, पृ. ५७२)।

१ द्रव्यप्रत्याख्यान से विपरीत जो सम्यक्चारित्ररूप परिणाम से प्रत्याख्यान किया जाता है उसे भावप्रत्याख्यान कहा गया है।

भावप्रमाण—१. तिण्हं (दव्व-खेत्त-कालाणं) पि अधिगमो भावपमाणं। (षट्खं. १, २, ५—धव. पु. ३, पृ. ३८)। २. भावप्रमाणमुपयोगः साकारानाकारभेदः जघन्यः सूक्ष्मनिगोतस्य मध्यमोऽन्यजीवानाम् उत्कृष्टः केवलिनः। (त. वा. ३, ३८, ४)। ३. भवनं भूतिर्वा भावो वर्णादिज्ञानादि, प्रमितिः प्रमीयते अनेन प्रमाणोतीति वा प्रमाणम्, ततश्च भाव एव प्रमाणं भावप्रमाणम्। (अनुयो. हरि. वृ. पृ. ९९)। ४. भावपमाणं णाम णाणं। (धव. पु. ३, पृ. ३२)।

१ द्रव्य, क्षेत्र और काल के आश्रय से होने वाले परिज्ञान का नाम भावप्रमाण है। २ साकार और अनाकार उपयोग को भावप्रमाण कहते हैं। वह जघन्य सूक्ष्म निगोदिया जीव के, मध्यम अन्य जीवों के और उत्कृष्ट केवली के होता है।

भावप्राण—१. चित्सामान्यान्वयिनो भावप्राणाः। (पंचा. अमृत. वृ. ३०)। २. पुद्गलसामान्यानुविधायी चित्परिणामो भावप्राणाः। (अन. ध. स्वो. टी. ४–२२)।

१ जो प्राण सामान्य चैतन्य के अविनाभावी हैं उन्हें भावप्राण कहते हैं। २ पुद्गलसामान्य के अनुसरण करने वाले चैतन्य परिणाम को भावप्राण कहा जाता है।

भावबन्ध—१. उवओगमओ जीवो मुज्झदि रज्जेदि वा पदुस्सेदि। पप्पा विविधे विसए जो हि पुणो तेहिं संबंधो॥ (प्रव. सा. २–८३)। २. तत्कृतः क्रोधादिपरिणामवशीकृतो भावबन्धः। (त. वा. २, १०, २)। ३. अयमात्मा साकार-निराकारपरिच्छेदात्मकत्वात्परिच्छेद्यतामापद्यमानमर्थजातं येनैव मोहरूपेण रागरूपेण द्वेषरूपेण वा भावेन पश्यति जानाति च तेनैवोपरज्यत एव। योऽयमुपरागः स खलु स्निग्ध-रूक्षत्वस्थानीयो भावबन्धः। (प्रव. सा. अमृत. वृ. २–८४)। ४. बज्झदि कम्मं जेण दु चेदणभावेण भावबन्धो सो। (द्रव्यसं. ३२)। ५. समस्तकर्मबन्धविध्वंसनसमर्थाखण्डैकप्रत्यक्षप्रतिभासमयपरमचैतन्यविलासलक्षणज्ञानगुणस्य अभेदनयेनानन्तज्ञानादिगुणाधारभूतपरमात्मनो वा सम्बन्धिनी या तु निर्मलानुभूतिस्तद्विपक्षभूतेन मिथ्यात्व-रागादिपरिणतिरूपेण वाऽशुद्धचेतनभावेन परिणामेन बध्यते ज्ञानावरणादि कर्म येन भावेन स भावबन्धः। (बृ. द्रव्यसं. टी. ३२)। ६. प्रकृत्यादिबन्धशून्यपरमात्मपदार्थप्रतिकूलो मिथ्यात्व-रागादिस्निग्धपरिणामो भावबन्धः। (पंचा. का. जय. वृ. १०८)। ७. द्रव्यास्रवजमिथ्यात्व-योगाविरमणादिभिः। नूत-

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

नैरात्मनः श्लेषो भावबन्धस्तदात्मता ॥ (**आचा. सा. ३–३७**) । ८. बध्यते कर्म भावेन येन तद्भावबन्धनम् । (**भावसं. वाम. ३८७**) । ९. राग-द्वेषादिरूपो भावबन्धः । (**कार्तिके. टी. २०६**) । १०. रागात्मा भावबन्धः स जीवबन्ध इति स्मृतः । (**पंचाध्या. २–४७**) ।

१ उपयोगस्वरूप जीव अनेक प्रकार के इन्द्रियविषयों को प्राप्त करके उनमें मोहित होता है, राग करता है या द्वेष करता है । इस प्रकार उक्त मोह, राग और द्वेष के साथ जो जीव का सम्बन्ध होता है उसे भावबन्ध जानना चाहिए ।

भावभाषा—१. उवउत्ताणं भाषा णायव्वा एत्थ भावभासत्ति । (**भाषार. १३**) । २. जेणाहिप्पाएण भासा भवइ सा भावभासा । (**वाक्यशुद्धिचूर्णि—भाषार. यशो. वृ. पृ. ६ उद्.**) ।

१ उपयोगयुक्त—तद्रूप अभिप्राय से सहित—जीवों की भाषा को भावभाषा जानना चाहिए ।

भावमङ्गल—१. मंगलपज्जाएहिं उवलक्खियजीवदव्वमेत्तं च । भावं मंगलमेदं पढियं सत्थादिमज्झयंतेसु ॥ (**ति. प. १–२७**) । २. तव्विवरीयं भावे तं पि य नंदी भगवती उ । (**बृहत्क. भा. १०**)। ३. भावतो मङ्गलं भावमङ्गलम्, अथवा भावश्चासौ मङ्गलं चेति समासः । (**आव. नि. हरि. वृ. पृ. ६**)। ४. णोआगमदो भावमङ्गलं दुविहं—उपयुक्तस्तत्परिणत इति । आगममन्तरेण अर्थोपयुक्त उपयुक्तः । मंगलपर्यायपरिणतस्तत्परिणत इति । (**धव. पु. १, पृ. २९**) ।

१ मंगलपर्याय से परिणत जीव को भावमंगल कहते हैं । २ अनैकान्तिक और अनात्यन्तिक से भिन्न—ऐकान्तिक व आत्यन्तिक—मंगल भावमंगल कहलाता है । वह भावमंगल भगवान् नन्दी—मतिज्ञानादि पांच ज्ञानस्वरूप है । यह भावमंगल किसी के हो और किसी के न हो, ऐसा न होकर वह समान रूप से सबके होता है, इसी का नाम ऐकान्तिक है । वह किसी के द्वारा नष्ट नहीं किया जा सकता है, इसीलिए उसे आत्यन्तिक कहा जाता है ।

कमवस्थान्तरं मोक्ष उच्यते । (त. वृत्ति श्रुत. १–१ उत्थानिका) । ५५. पुंसोऽवस्थान्तरं मोक्षः कृत्स्नकर्मक्षये सति । ज्ञानानन्दादिधर्माणामाविर्भावात्मकः स्वतः ॥ (जम्बू. च. ३–६०) । ५६. मोक्षः स्वात्मप्रदेशस्थितविविधविधेः कर्मपर्यायहानिर्मूलात्तत्कालचित्ताद्विमलतरगुणोद्भूतिरस्या यथावत् । स्याच्छुद्धात्मोपलब्धेः परमसमरसीभावपीयूषतृप्तिः शुक्लध्यानादिभावापरकरणततनोः संवरान्निर्जरायाः ॥ (अध्यात्मक. १–५) । ५७. मोक्षं सर्वकर्मविचटनरूपं निःश्रेयसम् । (सम्बोधस. वृ. २) । ५८. मोक्षः सर्वकर्मक्षयलक्षणः । (ज्ञा. सा. वृ. ७–१) । ५९. मोक्षः पुनः सम्यग्दर्शन-ज्ञान-चारित्रेभ्यः कर्मणामत्यन्तोच्छेदः । (धर्मसं. मान. स्वो. वृ. पृ. २४) ।

१ बन्ध के हेतुभूत आस्रव के निरोध स्वरूप संवर और निर्जरा के द्वारा जो समस्त कर्मों का क्षय होता है उसका नाम मोक्ष है। ६ कर्मद्रव्यों के साथ जो जीव का संयोग होता है उसे बन्ध और उसके वियोग को मोक्ष जानना चाहिए।

मोक्षतरुबीज—किं मोक्षतरोर्बीजं सम्यग्ज्ञानं क्रियासहितम् । (प्रश्नो. ४) ।

मोक्षरूप वृक्ष का बीज क्या है ? क्रिया (आचरण) सहित सम्यग्ज्ञान उस मोक्ष रूप वृक्ष का बीज (उपाय) है।

मोक्षमार्ग—१. रायादिदोसरहिओ जिणसासणे मोक्खमग्गुत्ति ॥ (चारित्रप्रा. ३८) । २. निच्चेलं पाणिपत्तं उवइट्ठं परमजिणवरिंदेहि । एक्को वि मोक्खमग्गो सेसा य अमग्गया सव्वे ॥ (सूत्रप्रा. १०) । ३. सम्मत्त-णाणजुत्तं चारित्तं राग-दोसपरिहीणं । मोक्खस्स हवदि मग्गो भव्वाणं लद्धबुद्धीणं ॥ (पंचा. का. १०६); धम्मादीसद्दहणं सम्मत्तं णाणमंग-पुव्वगदं । चिट्ठा तवंमि चरिया ववहारो मोक्खमग्गो त्ति ॥ णिच्चयणयेण भणिदो तिहि तेहि समाहिदो हु जो अप्पा । ण कुणदि किंचिवि अण्णं ण मुयदि मोक्खमग्गो त्ति ॥ (पंचा. का. १६०–६१) । ४. दंसण-णाण-चरित्ताणि मोक्खमग्गं जिणा विंति ॥ (समयप्रा. ४४०) । ५. सम्यग्दर्शन-ज्ञान-चारित्राणि मोक्षमार्गः । (त. सू. १–१; पंचा. अमृत. वृ. १६०) । ६. सम्यक्त्व-ज्ञान-चारित्रसंपदः साधनानि मोक्षस्य । तास्वेकतराभावेऽपि मोक्षमार्गोऽप्यसिद्धिकरः ॥ (प्रशमर. २३०) । ७. सम्यग्दर्शन-ज्ञान-चारित्रात्मको मोक्षमार्गः । (त. श्लो. पृ. १०) । ८. × × × सम्यग्दर्शन-ज्ञान-चारित्रात्मको मोक्षमार्गः × × × । (सूत्रकृ. नि. शी. वृ. २७, पृ. ९) । ९. एवं सम्यग्दर्शन-बोध-चरित्रत्रयात्मको नित्यम् । तस्यापि मोक्षमार्गो भवति निषेव्यो यथाशक्तिः ॥ (पु. सि. २०); सम्यक्त्वचरित्रबोधलक्षणो मोक्षमार्ग इत्येषः । मुख्योपचाररूपः प्रापयति परं पदं पुरुषम् ॥ (पु. सि. २२२) । १०. स्यात् सम्यग्दर्शनज्ञानचारित्रत्रितयात्मकः । मार्गो मोक्षस्य भव्यानां युक्त्यागमसुनिश्चितः ॥ (त. सा. १–३) । ११. न खलु द्रव्यलिंगं मोक्षमार्गः, शरीराश्रितत्वे सति परद्रव्यत्वात् । तस्माद् दर्शन-ज्ञान-चारित्राण्येव मोक्षमार्गः, आत्माश्रितत्वे सति स्वद्रव्यत्वात् । (समयप्रा. अमृत. वृ. ४४०) । १२. स च मुक्तिमार्गः सम्यग्दर्शन-ज्ञान-चारित्रात्मक एव युक्तः । (बृ. सर्वज्ञसि. पृ. १८०) । १३. ज्ञान-दर्शन-चारित्र-तपसां संहतिश्च या । सम्यक्पदोपसंसृष्टा मोक्षमार्ग. प्रकीर्तितः ॥ (मोक्षपं, १) । १४. मोक्षः सर्वकर्मविप्रयोगलक्षणः, तस्य मार्गः सम्यग्दर्शन-ज्ञान-चारित्रलक्षणः । (त. वृत्ति श्रुत. पृ. १) । १५. सम्यग्दृग्ज्ञान-वृत्तं त्रितयमपि युतं मोक्षमार्गो विभक्तात् सर्वं स्वात्मानुभूतिर्भवति च तदिदं निश्चयात्तत्त्वदृष्टेः । (अध्यात्मक. १–६) ।

२ वस्त्र का परित्याग कर दिगम्बर होते हुए पात्र के विना हाथों से ही भोजन करना, यह मोक्षमार्ग का लक्षण माना गया है। ३ सम्यग्दर्शन व सम्यग्ज्ञान से सहित तथा राग-द्वेष से रहित चारित्र को मोक्षमार्ग जानना चाहिए।

मोक्षविनय—इहलोकानपेक्षस्य श्रद्धान-ज्ञान-शिक्षादिषु कर्मक्षयाय प्रवर्तनं मोक्षविनयः । (उत्तरा. नि. शा. वृ. २९) ।

इस लोक सम्बन्धी सुख की अपेक्षा न करके कर्मक्षय के लिए श्रद्धान, ज्ञान और शिक्षा आदि में प्रवृत्त होना; इसका नाम मोक्षविनय है।

मोक्षसाधन—देखो मोक्षमार्ग ।

मोक्षसुख—आत्मायत्तं निराबाधमतीन्द्रियमनश्वरम् । घातिकर्मक्षयोद्भूतं यत्तन्मोक्षसुखं विदुः ॥ (तत्त्वानु. २४२) ।

जो सुख पर पदार्थों की अपेक्षा से रहित होकर आत्मा-

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

धीन होता हुआ बाधा से रहित, अतीन्द्रिय, अविनश्वर और घातिया कर्मों के क्षय से उत्पन्न होता है उसे मोक्षसुख जानना चाहिए।

मोक्षोपाय—देखो मोक्षमार्ग। परनिरपेक्षतया निजपरमात्मतत्त्वसम्यक्श्रद्धान-परिज्ञानानुष्ठानशुद्धरत्नत्रयात्मकमार्गो मोक्षोपायः। (नि. सा. वृ. २)।

बाह्य पदार्थों से निरपेक्ष रह कर अपने उत्कृष्ट आत्मतत्त्वविषयक समीचीन श्रद्धान, ज्ञान और अनुष्ठानरूप जो शुद्ध रत्नत्रय स्वरूप मोक्ष का मार्ग है उसे मोक्ष का उपाय जानना चाहिए।

मोषमनयोग—मोषवचननिबन्धनमनसा योगो मोषमनोयोगः। (धव. पु. १, पृ. २८१)।

मृषा वचन के कारणभूत मन से जो योग होता है उसे मोषमनोयोग कहते हैं।

मोषवाक्—१. यां श्रुत्वा स्तेये वर्तते सा मोषवाक्। (त. वा. १, २०, १२)। २. या प्रवर्तयति स्तेये मोघ[ष]वाक् सा समीरिता। (ह. पु. १०, ९६)।

१ जिस वचन को सुनकर प्राणी चोरी में प्रवृत्त होता है उसे मोषवाक् (मृषाभाषा) कहते हैं।

मोह—१. भावोवहयमईओ मुज्झइ नाण-चरणंतराईसु। इड्ढीओ अ बहुविहा दट्ठुं परतित्थियाणं तु॥ (बृहत्क. भा. १३२५)। २. मोहश्चाज्ञानम्। (त. वा. १, १, ४४)। ३. धर्माय हीनकुलादिप्रार्थनं मोहः, अतद्धेतुकत्वात्, ऋद्धचभिष्वङ्गतो धर्मप्रार्थनापि मोहः, अतद्धेतुकत्वादेव। (ललितवि. पृ. ९४)। ४. गुह्यतेऽनेनेति मोहः मोहवेदनीयं कर्म। मोहनं वा मोहः, मोहवेदनीयकर्म्मापादितोऽज्ञानपरिणाम एव। (पंचसू. व्या पृ. १)। ५. हेयेतरभावाधिगमप्रतिबन्धविधानान्मोह इति। (घ. वि. ८–११)। ६. अज्ञानलक्षणो मोहः। (श्रा. प्र. टी. ३९३)। ७. क्रोध-मान-माया-लोभ-हास्य-रत्यरति-शोक-भय - जुगुप्सा-स्त्री-पुन्नपुंसकवेद-मिथ्यात्वानां समूहो मोहः। (धव. पु. १२, पृ. २८३); पंचविहमिच्छत्तं सम्मामिच्छत्तं सासणसम्मत्तं च मोहो। (धव. पु. १४, पृ. ११)। ८. लब्धे (वस्त्रे) ममेदंभावलक्षणो मोहः। (भ. आ. विजयो. ८५)। ९. सामान्येन दर्शन-चारित्रमोहनीयोदयोपजनिताविवेकरूपो मोहः। (पंचा. का. अमृत. वृ. १४०)। १०. शुद्धात्मश्रद्धानरूपसम्यक्त्वस्य विनाशको दर्शनमोहाभिधानो मोह इत्युच्यते। (प्रव. सा. जय. वृ. १–७)। ११. मोहः पदार्थेष्वयथावबोधः। (समवा. अभय. वृ. १३७)। १२. मुह्यतेऽनेनेति मोहः—मोहवेदनीयं कर्म, तेन यथावस्थितवस्तुतत्त्वपरिच्छेदविषये जन्तोरज्ञानपरिणामापादात्, मोहनं वा मोहः मोहनीयकर्म्मविपाकोदयजनितो जन्तोरज्ञानपरिणाम एव। (धर्मसं. मलय. वृ. १); बाह्यार्थे यद्विज्ञानं तत्सत्त्वसाधनप्रवणमुपजायते तत्मोहः। (धर्मसं. मलय. वृ. ६६५)। १३. मोहयति जानानमपि प्राणिनं सदसद्विवेकविकलं करोतीति मोहः। (कर्मवि. दे. स्वो. वृ. ३)। १४. मोहो हिताहितविवेकविकलत्वम्। (सा. ध. स्वो. टी. ४–५३)। १५. शरीरस्याहमित्येकत्वलक्षणो मोहः। (परमा. त. १–२३)।

१ शंकादिरूप परिणामों से दूषित बुद्धिवाला प्राणी जो ज्ञानविशेषों (अवधि व मनःपर्यायादि) और चारित्रभेदों में व्यामोह को प्राप्त होता है तथा अन्य मिथ्यादृष्टियों की बहुत प्रकार की ऋद्धियों को देखकर जो मुग्ध होता है, इसका नाम मोह है। २ अज्ञान या अविवेक को मोह कहा जाता है। ७ क्रोधादि कषायों और हास्यादि नोकषायों के समूह को मोह कहते हैं।

मोहनीय—१. मोहयतीति मोहनीयं मिथ्यात्वादिरूपत्वात्। (श्रा. प्र. टी. ८)। २. मुह्यत इति मोहनीयम् ×××अथवा मोहयतीति मोहनीयम्। (धव. पु. ६, १२); विमोहसहावं जीवं मोहेदि त्ति मोहणीयं। (धव. पु. १३, पृ. २०८); मोहयतीति मोहनीयं कम्मदव्वं। (धव. पु. १३, पृ. ३५७)। ३. मोहयति मोहनं वा मुह्यतेऽनेनेति वा मोहनीयम्। (त. भा. सिद्ध. वृ. ८–५)। ४. मोहयति सदसद्विवेकविकलान् प्राणिनः करोतीति मोहनीयम्। (पंचसं. स्वो. वृ. ३–१, पृ. १०७)। ५. मोहेइ मोहणीयं ×××। (कर्मवि. ग. ३५)। ६. नीयते येन मूढत्वं मद्येनेव शरीरवान्। मोहनं ××× ॥ (पंचसं. अमित. २–१०, पृ. ४९)। ७. मुह्यन्ति सत्कृत्येभ्यः पराङ्मुखीभवन्ति जीवा अनेनेति मोहनीयम्। (शतक. मल. हेम. वृ. ३८)। ८. सुरापाणसमं प्राज्ञा मोहनीयं प्रचक्षते। यदनेन विमूढात्मा कृत्याकृत्येषु मुह्यति॥ (त्रि. श. पु. च. २, ३, ४७०)। ९. मोहयति सदसद्विवेकविकलं करोत्यात्मानमिति मोहनीयम्। (प्रज्ञाप.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

मलय. वृ. २८८, पृ. ४५४; प्रव. सारो. वृ. ४६; कर्मवि. ग. परमा. ध्या. ५; कर्मप्र. यशो. वृ. १, पृ. ४)। १०. मोहयति विपर्यासमापादयति इति मोहनीयम्। (धर्मसं. मलय. वृ. ६०७)।

१ जो मिथ्यात्वादिस्वरूप होकर प्राणी को मोहित किया करता है उसे मोहनीयकर्म कहते हैं। २ जो पुद्गल द्रव्यस्वरूप कर्म जीव को मोहित (विमूढ) करता है वह मोहनीय कर्म कहलाता है। ४ जो प्राणियों को मोहित करता है—उन्हें सत्-असत् के विवेक से रहित] करता है उसका नाम मोहनीय है।

मौखर्य—१. धार्ष्ट्यप्रायं यत्किञ्चनानर्थकं बहुप्रलपितं मौखर्यम्। (त. सि. ७–३२)। २. मौखर्यमसंबद्धबहुप्रलापित्वम्। (त. भा. ७–२७)। ३. धार्ष्ट्यप्रायमसंबद्धबहुप्रलापित्वं मौखर्यम्। अशालीनतया यत्किञ्चनानर्थक-बहुप्रलपनं मौखर्यमिति प्रत्येतव्यम्। (त. वा. ७, ३२, ३)। ४. मौखर्यं धार्ष्ट्यात् प्रायोऽसत्यासंबद्धप्रलापित्वमुच्यते। (श्रा. प्र. १५७; श्राव. हरि. वृ. ६, पृ. ८३०)। ५. धार्ष्ट्यप्रायोऽसंबद्धबहुप्रलापित्वं मौखर्यम्। (त. श्लो. ७–३२)। ६. अशालीनतया यत्किञ्चनानर्थकं बहुप्रलपनं तन्मौखर्यम्। (चा. सा. पृ. १०)। ७. धार्ष्ट्यप्रायं बहुप्रलापित्वं मौखर्यम्। (रत्नक. टी. ३–३५)। ८. मुखमस्यास्तीति मुखरः, तद्भावः कर्म वेति मौखर्यं धार्ष्ट्यप्रायमसभ्यासत्यासंबद्धप्रलापित्वम्। अयं च पापोपदेशव्रतस्यातिचारो मौखर्ये सति पापोपदेशसम्भवात्। (ध. वि. मु. वृ. ३–३०)। ९. मौखर्यं मुखमस्यास्तीति मुखरोऽनालोचितभाषी वाचाटः, तद्भावो मौखर्यं धार्ष्ट्यप्रायमसभ्यासंबद्धबहुप्रलापित्वम्। (योगशा. स्वो. विव. ३–११५; सा. ध. स्वो. टी. ५–१२; धर्मसं. मान. स्वो. वृ. २–५४, पृ. ११३)। १०. धृष्टत्वप्रायो बहुप्रलापः यत्किंचिदनर्थकं वचनं यद्वा तद्वा तद्वचनं मौखर्यमुच्यते। (त. वृत्ति श्रुत. ७–३२)। ११. मौखर्यदूषणं नाम रतप्रायं वचःशतम्। अतीव गर्हितं धार्ष्ट्याद्यद्वात्यर्थं प्रजल्पनम्॥ (लाटीसं. ६, १४३)।

१ धृष्टता से प्रायः जो कुछ भी निरर्थक बहुत बकवाद किया जाता है उसका नाम मौखर्य है। यह अनर्थदण्डव्रत का एक अतिचार है। ८ धृष्टता के साथ असभ्य, असत्य व असम्बद्ध बकवाद करने को मौखर्य कहा जाता है। यह पापोपदेशव्रत (अनर्थदण्डव्रत का एक भेद) का अतिचार है, क्योंकि मुखरता के होने पर पापोपदेश की सम्भावना है।

म्रक्षित—१ ससिणिद्धेण य देयं हत्थेण य भायणेण दव्वीए। एसो मक्खिददोसो परिहरदव्वो सदा मुणिणा॥ (मूला. ६–४५)। २. तदानीमेव सिक्ता सत्यालिप्ता सती वा छिद्रस्रुत(?) जलप्रवाहेण वा, जलभाजनलोठनेन वा तदानीमेव लिप्ता वा म्रक्षिता। (भ. आ. विजयो. २३०)। ३. म्रक्षितस्तैलाद्यभ्यक्तस्तेन भाजनादिना दीयमानमाहारं यदि गृह्णाति म्रक्षितदोषो भवति। (मूला. वृ. ६–४३)। ४. सस्नेहहस्त-पात्रादिदत्तं यन्म्रक्षितं मतम्। (आचा. सा. ८–४६)। ५. पृथिव्युदक-वनस्पतिभिः सचित्तैरचित्तैरपि मध्वादिभिर्गर्हितैराश्लिष्टं यदन्नादि तन्म्रक्षितम्। (योगशा. स्वो. विव. ३८, पृ. १३७; धर्मसं. मान. स्वो. वृ. ३–२२, पृ. ४२)। ६. म्रक्षितं स्निग्धहस्ताद्यैर्दत्त × × ×। (अन. ध. ५–३०)। ७. तदानीमेव सिक्ता लिप्ता वा म्रक्षिता। (भ. आ. मूला. २३०)। ८. सस्नेहहस्त-पात्रादिना यद्दत्तं तन्म्रक्षितम्। (भावप्रा. टी. ६९)

१ चिकने हाथ, पात्र अथवा दर्वी (कलछी या चम्मच) से भोज्य पदार्थ के देने पर वह म्रक्षित नामक एषणा (अशन) दोष से दूषित होता है। २ जो वसति उसी समय जलप्रवाह से सींची गई है या लीपी गई है अथवा जलपात्र के लुढ़कने से लिप्त हुई है वह वसति म्रक्षित दोष से युक्त होने के कारण साधु के लिए अग्राह्य होती है। ५ सचित्त पृथिवी, जल और वनस्पति से तथा अचित्त भी मधु आदि निन्द्य पदार्थ से सम्बद्ध अन्न म्रक्षितदोष से दूषित होता है। यह १० एषणा दोषों में दूसरा है।

म्लेच्छ—१. से किं तं मिलिक्खू ? मिलिक्खू अणेगविहा पं० तं० सगा जवणा चिलाया सबर-बब्बर-मुरंडोट्ट-भडग-णिण्णग-पक्कणिया-कुलक्ख-गोंड-सिंहल-पारस-गोधा-कोंच-अंबडइदमिल-चिल्लल-पुलिंद-हारोस-दोव-वोक्काणगन्धाहारवा पहलिय अज्झल-रोमपास-पउसा मलया य बंधुया य सूयलि-कोंकणग-मेयपल्हव-मालव-मग्गर आभासिया कणवीर ल्हसिय खसा खासिय-णेदूर मोंढ डोंबिल गलओस पओस

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

कक्केय अक्खाग हणरोमग हूणरोमग भरु मरुय चिलाय वियवासी य एवमाइ, सेत्तं मिलिक्खू । (प्रज्ञाप. १–३७, पृ. ५५) । २. णामेण मेच्छखंडा अवसेसा होंति पंच खंडा ते । बहुविहभावकलंका जीवा मिच्छागुणा तेसुं ॥ णाहल-पुलिंद-बब्बर-किरायपहुदीण सिंघलादीणं । मेच्छाण कुलेहि जुदा भणिदा ते मेच्छखंडाओ ॥ (ति. प. ४–२२८८, ८९) । ३. म्लेच्छा द्विविधाः अन्तर्द्वीपजाः कर्मभूमिजाश्चेति । तत्रान्तर्द्वीपा लवणोदधेरभ्यन्तरे पार्श्वेऽष्टासु दिक्ष्वष्टौ, तदन्तरेषु चाष्टौ, हिमवच्छिखरिणोरुभयोश्च विजयार्द्धयोरन्तेष्वष्टौ । ××× कर्मभूमिजाश्च शक-यवन-शवर-पुलिन्दादयः । (स. सि. ३–३६; त. वा. ३, ३६, ४) । ४. सग-जवण-सवर-बब्बर-कायमुरुंडोडु-गोंड-पक्कणया । अरबाग-होण-रोमय-पारस-खसखासिया चेव ॥ दुंबिलय-लउस-बोक्कस-भिल्लंध-पुलिंद - कुंच - भमररुया । कोवाय-चीण-चंचुय-मालव-दमिला कुलग्घा य ॥ केक्कय-किराय-हयमुह-खरमुह-गय - तुरय-मिढयमुहा य । हयकन्ना गयकन्ना अन्नेवि अणारिया बहवे ॥ (प्रव सारो. १५८३–८५) । ५. म्लेच्छाः अव्यक्त-भाषा-समाचाराः, 'म्लेच्छ अव्यक्तायां वाचि' इति वचनात्, भाषाग्रहणं चोपलक्षणम्, तेन शिष्टासंमत-सकलव्यवहारा म्लेच्छा इति प्रतिपत्तव्यम् । (प्रज्ञाप. मलय. वृ. ३७, पृ. ५५) । ६. म्लेच्छन्ति निर्लज्जतया व्यक्तं ब्रुवन्ति इति म्लेच्छाः । (त. वृत्ति श्रुत. ३–३६) ।

१ म्लेच्छ अनेक प्रकार के हैं—शक, यवन, चिलात (किरात), शबर, बब्बर, मुरुण्ड, उड्ड, भडग, निग्गय, पक्कणिय, कुलक्ष, गोण, सिंहल, पारसी, गोध, कौञ्च, अंबड, द्रविड़, चिल्लल, पुलिन्द, हारोष, दोव इत्यादि । २ पांच म्लेच्छखण्डों में अनेक प्रकार के भाव से कलंकित तथा दूषित जो नाहल, पुलिन्द, बर्बर, किरात और सिंहल आदि मिथ्यादृष्टि जीव रहते हैं वे म्लेच्छ कहलाते हैं । ३ अन्तरद्वीपज और कर्मभूमिज के भेद से म्लेच्छ दो प्रकार के हैं । उनमें लवणोदधि के भीतरी पार्श्व भाग में आठ दिशाओं में आठ, उनके मध्य में आठ, और हिमवान् आदि पर्वतों के पार्श्वभागों में स्थित आठ द्वीपों में जो रहा करते हैं वे अन्तर्द्वीपज म्लेच्छ कहलाते हैं । शक, यवन, शबर और पुलिन्द आदि कर्मभूमिज म्लेच्छ माने जाते हैं ।

यक्ष—१. यक्षाः श्यामावदाता गम्भीरास्तुन्दिला वृन्दारकाः प्रियदर्शना मानोन्मानप्रमाणयुक्ता रक्त-पाणि-पादतल-नख-तालु-जिह्वौष्ठा भास्वरमुकुटधरा नानारत्नविभूषणा वटवृक्षध्वजाः । (त. भा. ४, १३) । २. लोभभूयिष्ठाः भाण्डागारे नियुक्ताः यक्षाः । (धव. पु. १३, पृ. ३९१) । ३. यक्षा गम्भीराः प्रियदर्शना विशेषतो मानोन्मान-प्रमाणोपपन्ना रक्तपाणि-पादतल-नख-तालुजिह्वौष्ठा भास्वर-किरीटधारिणो नानारत्नात्मकविभूषणाः । (बृहत्सं. मलय. वृ. ५८) ।

१ जो वर्ण से श्याम, गम्भीर, तुन्दिल (विशाल उदर वाले) और वृन्दारक (मनोहर) होते हैं; जिनका दर्शन रुचिकर होता है, जो मान व उन्मान प्रमाण से युक्त होते हैं; जिनके हस्ततल, पादतल, नख, तालु, जीभ एवं ओष्ठ लाल होते हैं; जो चमकते हुए मुकुट के धारक होते हैं, अनेक रत्नों से विभूषित होते हैं तथा वट वृक्ष की ध्वजा से सहित होते हैं वे यक्ष कहलाते हैं । २ जो प्रचुर लोभ से युक्त होते हुए भाण्डागार (खजाना) में नियुक्त होते हैं उन्हें यक्ष कहा जाता है ।

यजमान—पाक्षिकाचारसम्पन्नो धीसम्पद्बन्धुबन्धुरः । राजमान्यो वदान्यश्च यजमानो मतः प्रभुः ॥ (प्रतिष्ठासा. १–११६) ।

जो पाक्षिक श्रावक के आचार से विभूषित, बुद्धिमान्, राजा से सम्मान्य और उदार अथवा महान् हो वह यजमान माना जाता है ।

यति—१. ××× जयमाणगो जई होइ । (व्यव. भा. पी. द्वि. वि. १२, पृ. ६) । २. यतय उपशम-क्षपकश्रेण्यारूढा भण्यन्ते । (चा. सा. पृ. २२) । ३. यः पाप-पाशनाशाय यतते स यतिर्भवेत् । (उपासका. ८६२) । ४. यो देहमात्रारामः सम्यग्विद्यानौलाभेन तृष्णा-सरित्तरणाय (अन. 'त्तारणाय') योगाय यतते यतिः । (नीतिवा. ५–२४, पृ. ५१; अन. ध. स्वो. टी. ४–१०३) । ५. चिरप्रव्रजितः साधुर्यतिः ××× । (आचा. सा. ६–८९) । ६. यते प्रयत्ने संयम-योगेषु यतमानः प्रयत्नवान् यतिः । (व्यव. भा. पी. द्वि. वि. मलय. वृ. १२, पृ. ६) । ७. तथा च हारीतः—आत्मारामो भवेद्यस्तु विद्यासेवनतत्परः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

संसारतरणार्थाय योगभाग् यतिरुच्यते ॥ (नीतिवा. टी. ५–३४)।

१ जो संयम व योग में प्रयत्न कर रहा है वह यति कहलाता है। २ जो उपशम या क्षपक श्रेणी पर आरूढ होते हैं उन्हें यति कहा जाता है। ३ जो पापरूप पाश को नष्ट करने का प्रयत्न करता है उसका नाम यति है। ४ जो शरीररूप उद्यान से युक्त होता हुआ समीचीन विद्यारूप नौका के आश्रय से तृष्णारूप नदी से पार होने के लिए प्रयत्न करता है उसे यति कहा जाता है। ५ जो दीर्घकाल से दीक्षित है उसे यति कहते हैं।

यतिदोष—यतिदोषः अस्थानविच्छेदः अकरणं वा। (आव. नि. मलय. वृ. ८८३)।

अस्थान में यति (विश्रान्ति) का विच्छेद करना, अथवा करना ही नहीं; यह ३२ सूत्रदोषों में २२वां यतिदोष है।

यतिधर्म—१. निजागमोक्तमनुष्ठानं यतीनां स्वो धर्मः। (नीतिवा. ७–१५, पृ. ८६)। २. यतिधर्मः सर्वसावद्ययोगविरतिलक्षणः। (योगशा. स्वो. विव. ३–१२४)। ३. सावज्जजोगपरिवज्जणाओ सव्वुत्तमो जईधम्मो। (आचारदि. पृ. २ उद्.); यतिधर्मो हि महाव्रत-समिति-गुप्तिधारण-परीषहोपसर्गसहन-कषाय-विषय-जय-श्रुतधारण-बाह्याभ्यन्तरतपःकरणयोगैर्दुरासदो मोक्षस्य पन्था। (आचारदि. पृ. २ उद्.)। ४. तथा चारायणः—स्वागमोक्तमनुष्ठानं यत् स धर्मो निजः स्मृतः। लिङ्गिनामेव सर्वेषां योऽन्यः सोऽधर्मलक्षणः ॥ (नीतिवा. टी. ७–१५)।

१ अपने आगम में निर्दिष्ट धर्म का आचरण करना, यह यतियों का निज धर्म है। २ समस्त सावद्ययोग से विरत होना, इसका नाम यतिधर्म है।

यतिप्रायश्चित्त— १. स्वधर्मव्यतिक्रमेण यतीनां स्वागमोक्तं प्रायश्चित्तम्। (नीतिवा. ७–१६, पृ. ८६)। २. तथा च वर्गः—स्वदर्शनविरोधेन यो धर्माधर्ममाचरेत्। स्वागमोक्तं भवेत् तस्य प्रायश्चित्तं विशुद्धये। (नीतिवा. टी. ७–१६)।

१ अपने धर्म के विपरीत आचरण करने पर यतियों के लिए अपने आगम के अनुसार प्रायश्चित्त होता है।

यत्रकामावसायिता — यत्रकामावसायिता—यद् ब्राह्म-प्राजापत्य-दैव-गान्धर्व-यक्ष-राक्षस-पित्र्य-पैशाचेषु मानुष्येषु तैर्यग्योनिषु च स्थानान्तरेषु च यत्र यत्र कामयते तत्र तत्र आवसतीति। (न्यायकु. १–४, पृ. १११)।

ब्राह्म, प्राजापत्य, दैव, गान्धर्व, यक्ष, राक्षस, पित्र्य और पैशाच इस आठ प्रकार के दैवसर्ग में; मानुष्यसर्ग में; पशु, पक्षी, मृग, सरीसृप और स्थावर इन पांच तिर्यग्भेदों में तथा और भी विभिन्न स्थानों में इच्छानुसार निवास करना; इसका नाम यत्रकामावसायिता है। यह अणिमा-लघिमादि रूप आठ प्रकार के ऐश्वर्य में अन्तिम है।

यत्स्थितिबन्ध (जट्ठिदिबंध)—जट्ठिदिबंधो णाम आबाहाए सहिदजहण्णट्ठिदिबंधो, पहाणीकयकालत्तादो। (धव. पु. ११, पृ. ३३६)।

आबाधा से सहित जघन्य स्थितिबन्ध का नाम यत्स्थितिबन्ध है।

यत्स्थितिसंक्रम—जा जंमि संकमणकाले ट्ठिति सा जट्ठिती, सा जस्स अत्थि सो संकमो जट्ठितिसंकमो। (कर्मप्र. चू. सं. क. ३१, पृ. ६०)।

कर्म की संक्रमण के समय जो स्थिति होती है वह यत्स्थिति कहलाती है और उसके संक्रमण को यत्स्थितिसंक्रमण कहते हैं।

यथाख्यातचारित्र—देखो यथाख्यातसंयत। १ मोहनीयस्य निरवशेषस्योपशमात् क्षयाच्च आत्मस्वभावावस्थापेक्षालक्षणम् अथाख्यातचारित्रमित्याख्यायते। पूर्वचारित्रानुष्ठायिभिराख्यातं न तत् प्राप्तं प्राङ्मोहक्षयोपशमाभ्यामित्यथाख्यातम्। अथशब्दस्यानन्तर्यार्थवृत्तित्वान्निरवशेषमोहक्षयोपशमानन्तरमाविर्भवतीत्यर्थः। यथाख्यातमिति वा, यथात्मस्वभावोऽवस्थितस्तथैवाख्यातत्वात्। (स. सि. ६-१८)। २. निरवशेषशान्त-क्षीणमोहत्वादथाख्यातचारित्रम्। चारित्रमोहस्य निरवशेषस्योपशमात् क्षयाच्चात्मस्वभावावस्थापेक्षलक्षणमथाख्यातचारित्रमित्याख्यायते। पूर्वचारित्रानुष्ठायिभिराख्यातम्, न तु परिप्राप्तं प्राङ्मोहक्षयोपशमाभ्यामित्यथाख्यातम्। अथ शब्दस्यानन्तर्यार्थवृत्तित्वान्निरवशेषमोहक्षयोपशमानन्तरमाविर्भवतीत्यर्थः। यथाख्यातमिति वा। अथवा यथात्मस्वभावोऽवस्थितः तथैवाख्यातत्वात् यथाख्यातमित्याख्यायते। (त. वा. ६, १८, ११–१२)। ३. अथशब्दो यथा-शब्दार्थो (सिद्ध. वृ. 'थें') यथाख्यातः संयमो भगवता तथाऽसावेव। कथं च

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

आख्यातः ? अकषायः, स चैकादश-द्वादशयोर्गुणस्थानयोः, उपशान्तत्वात् क्षीणत्वाच्च कषायाभाव इति। (त. भा. हरि. व सिद्ध. वृ. ६-१८)। ४. निरवशेषशान्त-क्षीणमोहत्वाद्यथाख्यातचारित्रम्, यथाख्यातमिव आत्मस्वभावाव्यतिक्रमेण ख्यातत्वात्। (त. श्लो. ६-१८)। ५. दर्शनमोहजन्यम् अश्रद्धानं शंका-कांक्षा-विचिकित्सान्यदृष्टिप्रशंसा- संस्तवरूपम्, चारित्रमोहजन्यौ राग-द्वेषौ, तदनुन्मिश्रं ज्ञानं दर्शनं च यथाख्यातचारित्रमित्युच्यते। (भ. आ. विजयो. ११)। ६. क्षयाच्चारित्रमोहस्य कात्स्न्येनोपशमात्तथा। यथाख्यातमथाख्यातं चारित्रं पचमं जिनैः॥ (त. सा. ६-४६)। ७. चारित्रमोहस्य निरवशेषस्योपशमात् क्षयाच्चात्मस्वभावावस्थोपेक्षालक्षणमथाख्यातचारित्रम्। अथशब्दस्यानन्तयार्थ-[स्यानन्तर्यार्थ-]वृत्तित्वान्निरवशेषमोहक्षयोपशमानन्तरमाविर्भवतीत्यथाख्यातम्। अथवा यथाऽऽत्मस्वभावावस्थितस्तथैवाऽऽख्यातत्वाद्यथाख्यातम्। (चा. सा. पृ. ३८)। ८. चारित्रमोहनीयस्य प्रशमे प्रक्षयेऽपि वा। संयमोऽस्ति यथाख्यातो जन्मारण्यदवानलः॥ (पंचसं. अमित. १-२४३)। ६. यथा सहजशुद्धस्वभावत्वेन निष्कम्पत्वेन निष्कषायमात्मस्वरूपं तथैवाख्यातं कथित यथाख्यातचारित्रमिति। (बृ. द्रव्यसं. टी. ३५, पृ. १३३)। १०. यथा विरागं स्वं रूपं तथैवाऽऽख्यात इत्ययम्। यथाख्यातो मतोऽघौघ-घनसंघप्रभंजनः॥ (आचा. सा. ५-१४७)। ११. जहाक्खादमित्यादि—मोहनीयस्य निरवशेषस्योपशमात्क्षयाच्च यथावस्थितात्मस्वभावं यथाख्यातं, तु पुनः, चारित्रम्। तहाखादं तु पुणो—तथा तेन निरवशेषमोहोपशम-क्षयप्रकारेण प्राप्यते इत्याख्यातं तथाख्यातम्। (प्रा. चारित्रभ. टी. ४, पृ. १६४, १६५)। १२. मोहस्य निरवशेषस्य उपशमात् क्षयाद्वा आत्मस्वभावावस्था[स्थो]पेक्षालक्षणं यथाख्यातचारित्रमित्याख्यायते। (गो. जी. जी. प्र. ४७५)। १३. सर्वस्य मोहनीयस्योपशमः क्षयो वा वर्तते यस्मिन् तत् परमौदासीन्यलक्षणं जीवस्वभावदर्शं यथाख्यातचारित्रम्। यथा स्वभावः स्थितस्तथैव ख्यातः कथितः आत्मनो यस्मिन् चारित्रे तद्यथाख्यातमिति निरुक्तेः यथाख्यातस्य अथाख्यातमिति च द्वितीया संज्ञा वर्तते। तत्रायमर्थः—चिरन्तनचारित्रविधायिभिर्यदुत्कृष्टं चारित्रमाख्यातं कथितं तादृशं चारित्रं पूर्वं जीवेन न प्राप्तम्, अथ अनन्तरं मोहक्षयोपशमाभ्यां तु प्राप्तं यच्चारित्रं तत् अथाख्यातमुच्यते। (त. वृत्ति श्रुत. ६-१८)।

१ समस्त मोहनीय कर्म का उपशम अथवा क्षय हो जाने से जो आत्मस्वभाव में अवस्थान होता है उसका नाम अथाख्यातचारित्र है। पूर्वचारित्र का अनुष्ठान करने वाले संयतों ने उसको कहा है, पर मोहनीय के क्षय या उपशम के पहले उसे प्राप्त नहीं किया है, इसीलिए उसको अथाख्यात कहा जाता है। यहां अथ शब्द आनन्तर्य (अनन्तरता) के अर्थ में वर्तमान है। इसका अभिप्राय यह है कि वह सम्पूर्ण मोह के क्षय अथवा उपशम के अनन्तर प्रगट होता है। अथवा दूसरे शब्द से उसे 'यथाख्यात' भी कहा जाता है, जिसका अभिप्राय है—जैसा आत्मा का स्वभाव अवस्थित है वैसा ही उसका कथन किया गया है। ३ भगवान् ने 'यथाख्यातः संयमः' अर्थात् जैसा उसे कषाय रहित संयम कहा है वैसा ही वह सार्थक नाम वाला यथाख्यातचारित्र है। वह कषाय के पूर्णतया उपशान्त हो जाने से कषाय के अभाव में ग्यारहवें गुणस्थान में तथा उसका सर्वथा क्षय हो जाने पर वह बारहवें गुणस्थान में कषाय का अभाव होने पर होता है।

यथाख्यातविहारशुद्धिसंयत—देखो यथाख्यातसंयत।

यथाख्यातसंयत— देखो यथाख्यातचारित्र। १. उवसंते खीणे वा असुहे कम्मम्मि मोहणीयम्मि। छदुमत्थो व जिणो वा जहखाओ संजओ साहू॥ (प्रा. पंचसं. १-१३३; धव. पु. १, पृ. ३७३ उद्.; गो. जी. ४७५)। २. यथाख्यातो यथा प्रतिपादितः विहारः कषायाभावरूपमनुष्ठानम्, यथाख्यातो विहारो येषां ते यथाख्यातविहाराः, यथाख्यातविहाराश्च ते शुद्धिसंयताश्च यथाख्यातविहारशुद्धिसंयताः। (धव. पु. १, पृ. ३७१)। ३. अशुभमोहनीयकर्मणि उपशान्ते क्षीणे वा यः उपशान्त-क्षीणकषायछद्मस्थः सयोगायोगजिनो वा सः, तु पुनः, यथाख्यातसंयतो भवति। (गो. जी. प्र. ४७५)।

१ अशुभ मोहनीय कर्म के उपशम अथवा क्षय के हो जाने पर छद्मस्थ (११-१२वें गुणस्थानवर्ती) अथवा जिन (१३-१४वें गुणस्थानवर्ती) यथाख्यातसंयत कहलाते हैं। २ विहार का अर्थ कषाय के

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अभावरूप आचरण है, परमागम में प्रतिपादित वह आचरण (चारित्र) जिन शुद्धि युक्त संयतों के होता है उन्हें यथाख्यातविहार-शुद्धि-संयत कहा जाता है।

यथाछन्दमुनि—१. उत्सूत्रमनुपदिष्टं स्वेच्छाविकल्पितं यो निरूपयति सोऽभिधीयते यथाछन्द इति। (भ. आ. विजयो. १६४६)। २. यथाच्छन्दोऽभिप्राय इच्छा तथैवागमनिरपेक्षं यो वर्तते स यथाच्छन्दः। (व्यव. भा. मलय. वृ. पी. तृ. वि. १०७)।

१ जो आगम में अनुपदिष्ट सूत्रविरुद्ध तत्त्व का अपनी मनगढ़न्त कल्पना के अनुसार निरूपण करता है उसे यथाछन्द कहा जाता है। २ छन्द का अर्थ अभिप्राय या इच्छा है, जो आगम की अपेक्षा न करके अपनी इच्छानुसार प्रवृत्ति किया जरता है उसे यथाछन्द कहते हैं।

यथाजात—यथाजातो बाह्याभ्यन्तरपरिग्रहचिन्ताव्यावृत्तः। (रत्नक. टी. ५–१८)।

बाह्य और अभ्यन्तर परिग्रह की चिन्ता से जो मुक्त हो चुका है उसे यथाजात—शिशु के समान निर्द्वन्द्व कहा जाता है।

यथातथानुपूर्वी—जमणुलोभ-विलोमेहि विणा जहा तहा उच्चदि सा जत्थतत्थाणुपुव्वी। (धव. पु. १, पृ. ७३); अणुलोभ-विलोमेहि विणा परूवणा जहातहाणुपुव्वी। (धव. पु. ६, पृ. १३५)।

अनुरूप व प्रतिरूप क्रम के विना जो प्ररूपणा की जाती है उसे यथातथानुपूर्वी कहते हैं।

यथानुपूर्व—यथानुपूर्वी यथानुपरिपाटी इत्यनर्थान्तरम्। तत्र भवं श्रुतज्ञानं द्रव्यश्रुतं वा यथानुपूर्वम्। सर्वासु पुरुषव्यक्तिषु स्थितं श्रुतज्ञानं द्रव्यश्रुतं च यथानुपरिपाट्या सर्वकालमवस्थितमित्यर्थः। (धव. पु. १३, पृ. २८६)।

यथानुपूर्वी और यथानुपरिपाटी ये समानार्थक शब्द हैं। यथानुपूर्वी में जो श्रुतज्ञान अथवा द्रव्यश्रुत होता है उसे यथानुपूर्व कहते हैं। अभिप्राय यह है कि सभी पुरुष व्यक्तियों में स्थित श्रुतज्ञान और द्रव्यश्रुत यथानुपरिपाटी से सर्वकाल अवस्थित रहता है।

यथानुमार्ग—यथा स्थिताः जीवादयः पदार्थाः तथा अनुमृग्यन्ते अन्विष्यन्ते अनेनेति यथानुमार्गः श्रुतज्ञानम्। (धव. पु. १३, पृ. २८६)।

जिसके द्वारा यथावस्थित जीवादिपदार्थ खोजे जाते हैं उसका नाम यथानुमार्ग है। यह श्रुतज्ञान का नामान्तर है।

यथाप्रवृत्तकरण—अनादिसंसिद्धिनैव प्रकारेण प्रवृत्तं यथाप्रवृत्तम्। क्रियते कर्मक्षपणमनेनेति करणम्, यथाप्रवृत्तं च तत्करणं च यथाप्रवृत्तकरणम्, अनादिकालात् कर्म्मक्षपणाय प्रवृत्तो गिरिसरिदुपलघोलना [न्यायेन] कल्पोऽध्यवसायविशेषो यथाप्रवृत्तकरणमिति। (आव. नि. मलय. वृ. १०६)।

यथाप्रवृत्त का अर्थ 'अनादिसिद्ध प्रकार से प्रवृत्ति में आया' है तथा करण का अर्थ है कर्मक्षपण का अतिशयित कारण, अभिप्राय यह है कि जिस प्रकार पर्वत की नदी में पड़े पाषाणों में से कुछ विना किसी प्रकार के प्रयोग के घर्षणवश स्वयमेव गोल हो जाते हैं उसी प्रकार अनादि काल से कर्मक्षपण के लिए जो अध्यवसाय में प्रवृत्त हैं उसे यथाप्रवृत्तकरण जानना चाहिए।

यन्त्र—१. सीह-वग्घधरणट्ठमोद्दिदमब्भंतरकयछागलियं जंतं णाम। (धव. पु. १३, पृ. ३४)। २. सिंह-व्याघ्रादिधारणार्थमभ्यन्तरीकृतछागादिजीवं काष्ठादिरचितं तत्पादनिक्षेपमात्रकवाटसंपुटीकरणदक्षसूत्रकीलितं यंत्रम्। (गो. जी. म. प्र. व जी. प्र. ३०३)।

१ सिंह व व्याघ्र आदि के पकड़ने के लिए जिसके भीतर वकरे को रखा जाता है उसे यंत्र कहा जाता है।

यन्त्रपीडाकर्म—१. तिलेक्षु-सर्षपैरण्ड-जलयन्त्रादिपीडनम्। दलतैलस्य च कृतिर्यन्त्रपीडा प्रकीर्तिता॥ (त्रि. श. पु. च. ६, ३, ३४५; योगशा. ३–१११)। २. यन्त्रपीडाकर्म तिलयंत्रादिपीडनम्, तिलादिकं च दत्त्वा तैलादिप्रतिग्रहणम्। तत्कर्मणश्च पीलनाय तिलादिक्षोदात्तद्गतत्रसघाताच्च दुष्टत्वम्। (सा. ध. स्वो. टी. ५–२१)।

१ तिल, ईख, सरसों, एरण्डबीज और जल इनके यंत्र (मशीन) द्वारा पीलन करने तथा तेल निकालने के लिए तिलों के देने को यंत्रपीडाकर्म कहते हैं।

यम—१. ××× यावज्जीवं यमो ध्रियते। (रत्नक. ३–४१)। २. यावज्जीवं यमो ज्ञेयः ××× ॥ उपासका. ७६१; धर्मसं. श्रा. ७–१६)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

३. यमस्तत्र यथा यावज्जीवनं प्रतिपालनम् । दैवाद् घोरोपसर्गेऽपि दुःखे वा मरणावधि ॥ (लाटीसं. ५, १५६)।

१ भोग और उपभोग का प्रमाण करने के लिए जो जीवन पर्यन्त के लिए नियम किया जाता है उसे यम कहा जाता है।

यव—१. यूकाभिस्तु यवोऽष्टाभिः ×××॥ (ह. पु. ७-४०)। २. अष्टभिः सिद्धार्थैः पिण्डितैः एको यवः। (त. वृत्ति श्रुत. ३-३८)।

१ आठ जूओं का एक यव (मापविशेष) होता है। २ आठ सरसों का एक यव होता है।

यवमध्य—१. अष्टौ यूका एकं यवमध्यम्। (त. वा. ३, ३८, ६)। २. योगो चेव जवो, तस्स मज्झं जवमज्झं, अट्ठसमइयजोगट्ठाणाणि त्ति उत्तं होदि। (धव. पु. १०, पृ. ५६); अट्ठसमयपाओग्गाणं सेडीए असंखेज्जदिभागमेत्तजोगट्ठाणाणं जोगजवमज्झमिदि सण्णा। ××× जोगो चेव जवमज्झं जोगजवमज्झं। ××× अथवा जो जोगजवस्स मज्झं अट्ठसमयकालो सो जोगजवमज्झं। (धव. पु. १०, पृ. २३६); जवमज्झं णाम अट्ठसमयपाओग्गजोगट्ठाणाणि। (धव. पु. १४, पृ. ४०२)।

१ आठ जूओं का एक यवमध्य (मापविशेष) होता है। २ योगरूप यव के मध्य को यवमध्य कहा जाता है। ×××श्रेणि के असंख्यातवें भाग मात्र योगस्थानों का नाम यवमध्य है। अथवा योगरूप यव के आठ समय काल वाले काल को योगमध्य जानना चाहिए।

यश—देखो यशःकीर्तिनाम। १. यशो नाम गुणः। (त. वा. ६, ११, ३८)। २. पराक्रमकृतं यशः। (श्रा. प्र. टी. २५)। ३. यशः पराक्रमकृतम्, पराक्रमसमुत्थः साधुवाद इति भावः। (आव. नि. मलय. वृ. १०८७)। ४. सर्वदिग्गामिनी पराक्रमकृता वा सर्वजनोत्कीर्तनीयगुणता यशः ×××। (प्रज्ञाप. मलय. वृ. २६३)।

१ एक विशेष गुण का नाम यश है। २ पराक्रम के द्वारा जो ख्याति होती है उसका नाम यश है। ४ कीर्तनीय गुणों की जो ख्याति सब दिशाओं में फैलती है, अथवा जो पराक्रम के आधार से गुणों का कीर्तन होता है, उसे यश कहा जाता है।

यशःकीर्तिनामकर्म—देखो यश। १. पुण्यगुणख्यापनकारणं यशःकीर्तिनाम। (स. सि. ८-११; भ. आ. मूला. २१२१)। २. पुण्यगुणख्यापनकारणं यशःकीर्तिनाम। पुण्यगुणानां ख्यापनं यदुदयाद् भवति तद् यशःकीर्तिनाम। (त. वा. ८, ११, ३८)। ३. जसो गुणो, तस्स उब्भावणं कित्ती। जस्स कम्मस्स उदएण संताणमसंताणं वा गुणाणमुब्भावणं लोगेहि कीरदि तस्स कम्मस्स जसकित्तिसण्णा। (धव. पु. ६, पृ. ६६); जस्स कम्मस्सुदएण जसो कित्तिज्जई कहिज्जइ जणवयेण तं जसगित्तिणामं। (धव. पु. १३, पृ. ३६६)। ४. पुण्यगुणख्यापनकारणं यशस्कीर्तिनाम। यशो गुणविशेषः, कीर्तिस्तस्य शब्दनमिति। (त. श्लो. ८-११)। ५. पुण्यगुणख्यापनकारणं यशःकीर्तिनाम, अथवा यस्य कर्मण उदयात् सद्भूतानां [-नामसद्भूतानां] च ख्यापनं भवति तद्यशःकीर्तिनाम। (मूला. वृ. १२-१६६)। ६. तथा तपःशौर्य-त्यागादिना समुपार्जितेन यशसा कीर्तनं संशब्दनं यशःकीर्तिः, यद्वा यशः सामान्येन ख्यातिः, कीर्तिः गुणोत्कीर्तनरूपप्रशंसा, अथ च सर्वदिग्गामिनी पराक्रमकृता वा सर्वजनोत्कीर्तनीयगुणता यशः, एकदिग्गामिनी पुण्यकृता वा कीर्तिः, ते यदुदयवशात् भवतस्तद्यशःकीर्तिनाम। (प्रज्ञाप. मलय. वृ. २६३, पृ. ४७५)। ७. पुण्यगुणकीर्तनकारणं यशःकीर्तिनाम। (त. वृत्ति श्रुत. ८-११)।

१ जो नामकर्म पवित्र गुणों की ख्याति का कारण है उसे यशःकीर्तिनामकर्म कहते हैं। ६ तप, शूरता और त्याग (दान) इत्यादि के द्वारा जिस यश को उपार्जित किया जाता है उसको जो शब्दों के द्वारा प्रगट किया जाता है उसका नाम यशःकीर्ति है। अथवा पराक्रम के आश्रय से सर्व जन के द्वारा कीर्तनीय गुणों का समस्त दिशाओं में फैलना, इसका नाम यश तथा पुण्य के प्रभाव से एक ही दिशा में उन गुणों का फैलना, इसका नाम कीर्ति है। जिसके उदय से यश और कीर्ति दोनों होते हैं उसे यशःकीर्तिनामकर्म कहा जाता है।

यष्टा—भाव-पुष्पैर्यजेद्देवं व्रत-पुष्पैर्वपुर्गृहम्। क्षमा-पुष्पैर्मनोवह्नि यः स यष्टा सतां मतः॥ (उपासका. ८८२)।

जो भावरूप पुष्पों से देव की, व्रतरूप पुष्पों से

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

शरीररूप गृह की और क्षमारूप पुष्पों से मनरूप अग्नि की पूजा करता है उसे यष्टा माना गया है।

याचना—याचना भिक्षणं तथाविधे प्रयोजने मार्गणं वा। (समवा. अभय. वृ. २२)।

भिक्षा मांगना अथवा वैसे प्रयोजन के होने पर उसका अन्वेषण करना, इसका नाम याचनापरीषह है। साधुजन ऐसी परीषह पर विजय प्राप्त किया करते हैं।

याचनापरीषहजय—१. बाह्याभ्यन्तरतपोऽनुष्ठानपरस्य तद्भावनावशेन निस्सारीकृतमूर्तेः पटुतपनतापनिष्पीतसारतरोरिव विरहितछायस्य त्वगस्थिसिराजालमात्रतनुयन्त्रस्य प्राणात्यये सत्यप्याहारवसति-भेषजादीनि दीनाभिधान-मुखवैवर्ण्याङ्गसंज्ञादिभिरयाचमानस्य भिक्षाकालेऽपि विद्युद्द्योतवत् दुरुपलक्ष्यमूर्तेर्याचनापरीषहसहनमवसीयते। (स. सि. ९-९)। २. **प्राणात्ययेप्याहारादिषु दीनाभिधाननिवृत्तिर्याचनाविजयः**। क्षुधाध्वपरिश्रम-तपोरोगादिभिः प्रच्यावितबीर्यस्य शुष्कपादपस्येव निरार्द्रमूर्तेरुन्नतास्थि-स्नायुजालस्य निम्नाक्षिपुटपरिशुष्काधरोष्ठ-क्षामपाण्डुकपोलस्य चर्मवत्संकुचितांगोपाङ्गत्वचः शिथिलजानु-गुल्फ-कटि-बाहुयंत्रस्य देश-काल-क्रमोपपन्नकल्पादायिनः वाचंयमस्य मौनिसमस्य वा शरीरसन्दर्शनमात्रव्यापारस्य ऊर्जितसत्त्वस्य प्रज्ञाप्यायितमनसः प्राणात्ययेऽप्याहार-वसति-भेषजादीनि दीनाभिधान-मुखवैवर्ण्यांगसंज्ञादिभिरयाचमानस्य रत्नवणिजो मणिसन्दर्शनमिव स्वशरीरप्रकाशनमकृपणं मन्यमानस्य वन्दमानं प्रति स्वकरविकसनमिव पाणिपुटधारणमदीनमिति गणयतः याचनसहनमवसीयते। (त. वा. ९, ९, १९)। ३. परदत्तोपजीवित्वाद् यतीनां नास्त्ययाचितम्। यतोऽतो याचनादुःखं क्षाम्येन्नेच्छेदगारिताम्॥ (आव. नि. हरि. वृ. ९१८, पृ. ४०३); याचनं मार्गणम्, भिक्षोर्हि वस्त्रपात्रान्नपान-प्रतिश्रयादि परतो लब्धव्यं सर्वमेव, शालीनतया च न याञ्चां प्रत्याद्रियते, साधुना तु प्रागल्भ्यभाजा सञ्जाते कार्ये स्वधर्म-कायपरिपालनाय याचनमवश्यं कार्यमिति, एवमनुतिष्ठता याञ्चापरीषहजयः। (आव. सू. हरि. वृ. अ. ४, पृ. ६५७)। ४. प्राणात्ययेऽप्याहारादिषु दीनाभिधाननिवृत्तिर्याचनाविजयः। (त. श्लो. ९-९)। ५. 'जायणं' अयाञ्चा, अकारोऽत्र लुप्तो दृष्टव्यः, प्राणात्ययेऽपि रोगादिभिः पीडितस्यायाचयतः अयाञ्चापीडा। अथवा वरं मृतो न कश्चिद्याचितव्यः शरीरादिसंदर्शनादिभिः, याञ्चा तु नाम महापीडा ××× तस्याः क्षमणं सहनं ××× ततः परीषहजयो भवति। (मूला. वृ. ५-५८)। ६. प्राज्यं राज्यमुदस्य शाश्वतपदप्राप्त्यै तपोबृंहणे, देहो हेतुरयं हि भुक्त्यनुगता चास्य स्थितिस्तत्कृतः। भिक्षायै भ्रमणं ह्रियः पदमिदं यस्मान्महार्थास्पदं नीचैर्वृत्तिरनिन्दितेति विचरन् याञ्चाजयः स्यान्मुनिः॥ (आचा. सा. ७-२३)। ७. भृशं कृशः क्षुन्मुखसन्नवीर्यः, शम्येव दातॄन् प्रतिभासितात्मा। ग्रासं पुटीकृत्य करावयाञ्चाव्रतोऽपि गृह्णन् सह याचनार्तिम्॥ (अन. ध. ६-१०२)। ८. क्षुदध्वश्रम-तपोरोगादिभिः प्रच्यावितवीर्यस्यापि शरीरसंदर्शनमात्रव्यापारस्य प्राणात्ययेऽप्याहार-वसति-भेषजादीनाभि-[-दीनि दीनाभि-] धान-मुखवैवर्ण्यांगसंज्ञादिभिरयाचमानस्य याचनसहनम्। (आरा. सा. टी. ४०)।

१ बाह्य और अभ्यन्तर तप के आचरण से जिसका शरीर निर्बल हो चुका है, तीक्ष्ण सूर्य के ताप से मुरझाये हुए छायाविहीन वृक्ष के समान जिसके शरीर की हड्डियां व शिरायें स्पष्ट दिखने लगी हैं, प्राण जाने पर भी जो दीन बनकर आहार, वसति एवं औषध आदि की याचना नहीं करता है, तथा भिक्षा के समय भी बिजली की चमक के समान अदृश्य सा रहता है—क्षणिक दिखायी देता है, वह याचनापरीषह का विजेता होता है। ३ याचना का अर्थ अन्वेषण है। भिक्षु को वस्त्र, पात्र, अन्न-पान एवं वसति आदि सब दूसरों से—गृहस्थों से—प्राप्त हुआ करते हैं, परन्तु धृष्टता से रहित या लज्जालु साधु याचना में आदरभाव नहीं रखता। धृष्टता युक्त (धीर) साधु कार्य के होने पर अपने धर्म व शरीर के संरक्षण के लिए याचना अवश्य करता है, इस प्रकार आचरण करने वाला याचनापरीषह का विजेता होता है।

याचनापरीषहसहन—देखो याचनापरीषहजय।

याचनीभाषा—१. जायणि मग्गणी भण्णति, यथाऽस्माकं भिक्षां प्रयच्छ एवमादि। (दशवै. चू. पृ. २३९)। २. ज्ञानोपकरणं पिच्छादिकं वा भवद्भिर्दातव्यम् इत्यादिका याचनी। (भ. आ. विजयो. ११९५)। ३. याच्यतेऽनया याचना। (मूला. वृ.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

५–११८)। ४. याञ्चा मयाऽर्थितं किंचिद्यत्तद्देयमिति त्वया। (आचा. सा. ५–८७)। ५. याचनी प्रार्थनाभाषा, यथा इदं मे देहीत्यादिः। (गो. जी. म. प्र. २२५)। ६. इदं मह्यं देहीति प्रार्थनाभाषा याचनी। (गो. जी. जी. प्र. २२५)। ७. सा जायणी य णेया जं इच्छियपत्थणापरं वयणम्। (भाषार. ७४)।

१ हमें भिक्षा दो, इस प्रकार मार्गणी—मांगने रूप भाषा को, याचनीभाषा कहते हैं। २ ज्ञान के उपकरण (शास्त्र आदि) अथवा पिच्छी आदि आप दीजिए, इस प्रकार की भाषा याचनीभाषा कहलाती है।

याञ्चाभाषा—देखो याचनीभाषा।

याञ्चापरीषहजय—देखो याचनापरीषहजय।

यात्राभृतक—यात्रा देशान्तरगमनम्, तस्यां सहाय इति भ्रियते यः स यात्राभृतकः। ××× इह गाथे—×××। जत्ता उ होइ गमणं उभयं वा एत्तियधणेणं। (स्थाना. अभय. वृ. २७१)।

यात्रा का अर्थ गमन है, उसमें सहायक मानकर जिसका भरण-पोषण किया जाता हैं उसे यात्राभृतक कहते हैं।

यान—अभ्युदयो यानम्। (नीतिवा. २८–४५, पृ. ३२४)।

शत्रु के ऊपर जब गमन किया जाता है—चढ़ाई की जाती है—तब अभ्युदय किया जाता है। इसीलिए अभ्युदय को यान कहा जाता है अथवा शत्रु को बलवान् जानकर अन्यत्र जो गमन किया जाता है उसे यान जानना चाहिए।

यावत्कथिकपरिहारविशुद्धिक—ये पुनः कल्पसमाप्त्यनन्तरमव्यवधानेन जिनकल्पं प्रतिपत्स्यन्ते ते यावत्कथिकाः। उक्तं च—इत्तरिय थेरकप्पे जिणकप्पे आवकहियत्ति। (आव. नि. मलय. वृ. ११४, पृ. १२२)।

जो परिहारविशुद्धिसंयत कल्प समाप्ति के अनन्तर विना किसी व्यवधान के जिनकल्प को स्वीकार करने के इच्छुक रहते हैं वे यावत्कथिकपरिहारविशुद्धिसंयत कहलाते हैं।

यावानुद्देश—यावान् कश्चिदागच्छति तस्मै सर्वस्मै दास्यामीत्युद्दिश्य यत्कृतमन्नं स यावानुद्देशः। (मूला. वृ. ६–७)।

जो कोई भी आवेगा उस सबके लिए मैं दूंगा, इस प्रकार के उद्देश से जो भोजन बनाया जाता है उसको यावान्-उद्देश कहा जाता है। यह चार प्रकार के औद्देशिक में प्रथम है।

युक्ताहार—एक्कं खलु तं भत्तं अप्पडिपुण्णोदरं जधा लद्धं। चरणं भिक्खेण दिवा ण रसावेक्खं ण मधु-मंसं। (प्रव. सा. ३–२९)।

भिक्षावृत्ति से जिस प्रकार का भोजन प्राप्त हुआ है उसको रस की अपेक्षा न करके एक ही समय में व उदर की पूर्णता से रहित—मात्रा से कुछ कम—ही ग्रहण करना तथा मधु-मांस को छोड़ कर दिन में ही लेना—रात में नहीं लेना, यह युक्ताहार कहलाता है।

युग (कालविशेष)—१. ××× पंचेहिं वरिसेहिं जुगं॥ (ति. प. ४–२९०)। २. पंचसंवत्सरं युगम्। (आव. भा. हरि. वृ. १९८, पृ. ४९५; आव. भा. मलय. वृ. २००, पृ. ५९३)। ३. पंचभिर्वर्षैर्युगः। (धव. पु. ४, पृ. ३२०); पंचहि संवच्छरेहि जुगो। (धव. पु. १३, पृ. ३००)। ४. ××× पञ्चाब्दानि युगं पुनः। (ह. पु. ७–२२)। ५. पंचहिं वच्छरेहिं जुगु वुच्चइ। (म. पु. पुष्प. २-५, पृ. २३)। ६. युगं पंचवर्षात्मकम्। (सूर्यप्र. मलय. वृ. १०, २०, ५४, पृ. १५४)। ७. ××× पंच य वस्साणि होंति जुगमेगं। (जं. दी. प. १३–८)।

१ पांच वर्षों का एक युग होता है।

युग (शकटविशेष)—गरुवत्तणेण महल्लत्तणेण य जं तुरय-वेसरादीहि वुब्भदि तं जुगं णाम। (धव. पु. १४, पृ. ३८)।

भारी और अतिशय महान् होने से जिसे घोड़ा व खच्चर आदि खींचा करते हैं उसे युग कहते हैं।

युगदोष—१. तथा यो युगनिपीडितबलीवर्दवत् ग्रीवां प्रसार्य तिष्ठति कायोत्सर्गेण तस्य युगदोषः। (मूला. वृ. ७–१७१)। २. ग्रीवां प्रसार्यावस्थानं युगार्तगववद्युगः। (अन. ध. ८–११७)।

१ युग (गाड़ी व हल का वह भाग जो बैलों के कन्धे पर रखा जाता है) से पीड़ित बैल के समान जो गर्दन को फैलाकर कायोत्सर्ग से स्थित होता है वह कायोत्सर्ग के युगदोष से दूषित होता है।

युगनद्ध—युगमिव नद्धो युगनद्धः, यथा युगं वृषभ-

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

स्कन्धयोरारोपितं वर्तते तद्वत् योगोऽपि यः प्रतिभाति सः युगनद्ध इत्युच्यते। (सूर्यप्र. मलय. वृ. १२-७८, पृ. २३३)।

जिस प्रकार बैलों के कन्धों पर युग (जुआ) आरोपित रहता है उसी प्रकार पांच वर्षात्मक युग में जो योग प्रतिभात होता है उसे युगनद्ध योग कहते हैं। यह दस प्रकार के योग में सातवां है।

युगसंवत्सर—युगं पंचवर्षात्मकम्, तत्पूरकः संवत्सरो युगसंवत्सरः। (सूर्यप्र. मलय. वृ. १०, २०, ५४)।

पांच वर्ष स्वरूप युग के पूरक वर्ष को युगसंवत्सर कहते हैं।

युग्म—जुम्मं सममिदि एयट्ठो। (धव. पु. १०, पृ. २२)।

युग्म और सम ये समानार्थक शब्द हैं। अभिप्राय यह कि सम संख्या व सम द्रव्य को युग्म समझना चाहिए।

युति—दव्वक्खेत्त-काल-भावेहि जीवादिदव्वाणं मेलणं जुडी णाम। ×××सामीप्यं संयोगो वा युतिः। (धव. पु. १३, पृ. ३४८)।

द्रव्य, क्षेत्र, काल और भाव से जो जीवादि द्रव्यों का मिलाप है उसे युति कहते हैं। समीपता अथवा संयोग का नाम युति है।

युवती—१. जोजेदि णरं दुक्खेण तेण जुवदी य जोसा य॥ (भ. आ. ६७६)। २. नरं दुःखेन योजयतीति युवतिर्योषा च। (भ. आ. मूला. ६७६)।

१ जो मनुष्य को दुःख से योजित किया करती है उसे युवति व योषा कहा जाता है।

युवराज—१. युवराजो द्वितीयस्थानवर्ती। (व्यव. भा. मलय. वृ. पी. द्वि. वि. ३३); आवस्सयाइं काउं सो पुव्वाइं तु निरवसेसाइं। अत्थाणीमज्झगतो पेच्छइ कज्जाइं जुवराया॥ (व्यव. भा. तृ. वि. पृ. १२६)। २. यो नाम प्रातरुत्थाय पूर्वाणि प्रथमानि आवश्यकानि शरीरचिन्ता-देवतार्चनादीनि निरवशेषाणि कृत्वा आस्थानिकामध्यगतः सन् कार्याणि प्रेक्षते चिन्तयति स युवराजः। (व्यव. भा. मलय. वृ. तृ. वि. पृ. १२६)।

राजा के बाद दूसरा स्थान युवराजका होता है, अर्थात् जो सवेरे उठकर शरीर की चिन्ता व देवपूजा आदि समस्त कार्यों को करता है और तत्पश्चात् सभास्थान में बैठकर कार्यों को देखता है वह युवराज कहलाता है।

यूका—१. अष्टौ लिक्षा संहताः एका यूका भवति। (त. वा. ३, ३८, ६)। २. ताभिः (लिक्षाभिः) यूका तथाष्टाभिः ×××। (ह. पु. ७-४०)।

१ आठ लिक्षाओं (लीखों) की एक यूका होती है।

यूष—यूषो मुद्ग-तण्डुल-जीरक-कडुभाण्डादिरसः। (सूर्यप्र. मलय. वृ. २०, १०६)।

मूंग, चावल और जीरा आदि के रस को यूष (जूष) कहते हैं।

योग—१. विवरीयाभिणिवेसं परिचत्ता जेण्हकहिय-तच्चेसु। जो जुंजदि अप्पाणं णियभावो सो हवे जोगो॥ (नि. सा. १३६)। २. ×××जोगो मण-वयण-कायसंभूदो। (पंचा. का. १४८)। ३. काय-वाङ्मनःकर्म योगः। (त. सू. ६-१)। ४. योगो वाङ्मानस-कायवर्गणानिमित्त आत्मप्रदेशपरिस्पन्दः। (स. सि. २-२५); आत्मप्रदेशपरिस्पन्दो योगः। (स. सि. ६-१); योगः समाधिः, सम्यक्प्रणिधानमित्यर्थः। (स. सि. ६-१२); योगः काय-वाङ्मनःकर्मलक्षणः। (स. सि. ६-४४)। ५. एवं त्यक्त्वा बहिर्वाचं त्यजेदन्तरशेषतः। एष योगः समासेन प्रदीपः परमात्मनः॥ (समाधि. १७)। ६. मणसा वाया काएण वा वि जुत्तस्स विरिय-परिणामो। जीवस्सप्पणिओगो जोगो त्ति जिणेहि णिद्दिट्ठो॥ (प्रा. पंचसं. १-८८; धव. पु. १, पृ. १४० उद्.)। ७. योग आत्मप्रदेशपरिस्पन्दः। कायादिवर्गणानिमित्त आत्मप्रदेशपरिस्पन्दः योग इत्याख्यायते। (त. वा. २, २५, ५); निरवद्यक्रियाविशेषानुष्ठानं योगः। निरवद्यस्य क्रियाविशेषस्यानुष्ठानं स योगः समाधिः, सम्यक्प्रणिधानमित्यर्थः। (त. वा. ६, १२, ८)। ८. योगः व्यापारः पञ्चाग्न्याद्यनुष्ठानलक्षणः। (त. भा. हरि. वृ. ६-१३)। ९. युज्यन्त इति योगाः मनोवाक्कायव्यापारलक्षणाः। (ध्यानश. हरि. वृ. १); योगाः तत्त्वतः औदारिकादिशरीरसंयोगसमुत्था आत्मपरिणामविशेषव्यापाराः। (ध्यानश. हरि. वृ. ३)। १०. युज्यत इति योगः। ××× अथवा आत्मप्रवृत्तेः कर्मादाननिबन्धनवीर्योत्पादो योगः। अथवा आत्मप्रदेशानां सङ्कोच-विकोचो योगः। (धव. पु. १, पृ. १४०); वाङ्मनःकायवर्गणानिमित्तः आत्म-

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

प्रदेशपरिस्पन्दो योगो भवति। (धव. पु. १, पृ. २६६); आत्मप्रवृत्तेः सङ्कोच-विकोचो योगः। (धव. पु. ७, पृ. ६); जोगो णाम किं? मण-वयण-कायपोग्गलालंबणेण जीवपदेसाणं परिप्फन्दो। (धव. पु. ७, पृ. १७); किं जोगो णाम? जीवपदेसाणं परिप्फन्दो संकोच-विकोचब्भमणसरूवओ। (धव. पु. १०, पृ. ४३७); मण-वयण-कायकिरियासमुप्पत्तीए जीवस्स उवजोगो जोगो णाम। (धव. पु. १२, पृ. ३६७)। ११. काय-वाङ्मनसां कर्म योगः स पुनरास्रवः। (ह. पु. ५८-५७)। १२. काय-वाङ्मनसां कर्म योगो योगविदां मतः। (म. पु. २१-२२५)। १३. काय-वाङ्मनसां कर्म योगोऽस्ति ×××॥ (त. श्लो. ६, १, १); निरवद्यक्रियाविशेषानुष्ठानं योगः, समाधिरित्यर्थः। (त. श्लो. ६-१२)। १४. वीर्यान्तरायक्षयोपशमजनितेन पर्यायेणात्मनः सम्बन्धो योगः। स च वीर्य-प्राणोत्साह-पराक्रम-चेष्टा-शक्ति-सामर्थ्यादिशब्दवाच्यः। अथवा युनक्त्येनं जीवो वीर्यान्तरायक्षयोपशमजनितं पर्यायमिति योगः। (त. भा. सिद्ध. वृ. ६-१); लोकाभिमतनिरवद्यक्रियानुष्ठानं योगः। (त. भा. सिद्ध. वृ. ६-१३)। १५. सति वीर्यान्तरायस्य क्षयोपशमसम्भवे। योगो ह्यात्मप्रदेशानां परिस्पन्दो निगद्यते॥ (त. सा. २-६७); काय-वाङ्मनसां कर्म स्मृतो योगः स आस्रवः। (त. सा. ४-२)। १६. योगो वाङ्मनःकाय-कर्मवर्गणालम्बनात्मप्रदेशपरिष्पन्दः। (पंचा. का. अमृत. वृ. १४८)। १७. पुग्गलविवाइदेहोदएण मण-वयण-कायजुत्तस्स। जीवस्स जा हु सत्ती कम्मागमकारणं जोगो॥ (गो. जी. २१६)। १८. आत्मदेशपरिस्पन्दो योगो योगविदां मतः। मनोवाक्कायतस्त्रेधा पुण्य-पापास्रवाश्रयः॥ (उपासका. ३५३)। १९. आत्मनो वीर्यविघ्नस्य क्षयोपशमने सति। यः प्रदेशपरिस्पन्दः स योगो गदितस्त्रिधा॥ (पंचसं. अमित. १-१६५, पृ. २३)। २०. मनस्तनुवचःकर्म योग इत्यभिधीयते। (ज्ञाना. १, पृ. ४२)। २१. योगो मनोवचन-कायसम्भूतः निष्क्रिय-निर्विकारज्योतिःपरिणामाद् भिन्नो मनोवचन-कायवर्गणावलम्बनरूपो व्यापारः आत्मप्रदेशपरिस्पन्दलक्षणो वीर्यान्तरायक्षयोपशमजनितः कर्मादानहेतुभूतो योगः। (पंचा. का. जय. वृ. १४८)। २२. निश्चयेन निष्क्रियस्यापि परमात्मनो व्यवहारेण वीर्यान्तरायक्षयोपशमोत्पन्नो मनोवचन-कायवर्गणालम्बनः कर्मादानहेतुभूत आत्मप्रदेशपरिस्पन्दो योग इत्युच्यते। (बृ. द्रव्यसं. टी. ३०)। २३. योगः काय-वाङ्मनस्कर्म। (मूला. वृ. १२-३)। २४. एषः—बहिरन्तर्जल्पत्यागलक्षणः, योगः—स्वरूपे चित्तनिरोधलक्षणः समाधिः। (समाधि. टी. १७)। २५. स पुनर्योगः शरीरनामकर्मपरिणतिविशेषः। ××× कायादिकरणयुक्तस्यात्मनो वीर्यपरिणतिर्योगः। (स्थाना. अभय. वृ. ५१); वीर्यान्तरायक्षय - क्षयोपशमसमुत्थलब्धिविशेषप्रत्ययमभिसन्ध्यनभिसन्धिपूर्वमात्मनो वीर्यं योगः। ××× युज्यते जीवः कर्मभिर्येन ××× युंक्ते प्रयुंक्ते यं पर्यायं स योगो वीर्यान्तरायक्षयोपशमजनितो जीवपरिणामविशेष इति। आह च—मणसा वयसा काएण वावि जुत्तस्स विरियपरिणामो। जीवस्स अप्पणिज्जो स जोगसन्नो जिणक्खाओ॥ तेओजोगेण जहा रत्तत्ताई घडस्स परिणामो। जीवकरणप्पओए विरियमवि तहप्पपरिणामो॥ (स्थाना. अभय. वृ. १२४)। २६. पादप्रलेपादयः सौभाग्य-दौर्भाग्यकरा योगाः। (योगशा. स्वो. विव. १-३८, पृ. १३६)। २७. योग आत्मप्रदेशपरिस्पन्दलक्षणो मनोवाक्कायव्यापारः। (अन. ध. स्वो. टी. २-३७)। २८. संसारिणो जीवस्य कर्मागमकारणम्, कर्मेत्युपलक्षणात् कर्म-नोकर्मवर्गणारूपपुद्गलस्कन्धस्य ज्ञानावरणादिकर्मभावेन औदारिकशरीरादिनोकर्मभावेन च परिणमनहेतुर्या शक्तिः सामर्थ्यं तद्विशिष्टात्मप्रदेशपरिस्पन्दश्च स योग इत्युच्यते। (गो. जी. म. प्र. २१६)। २९. मनोवाक्कायानां तपःसमाधौ योजनं योगः, अथवा सिद्धान्तवाचनायामन्यविहितया (?) तपसा योजनं योगः। (आचारदि. पृ. ८१)। ३०. कर्म-नोकर्मवर्गणारूपपुद्गलस्कन्धस्य ज्ञानावरणादिकमौदारिकादिनोकर्मभावेन परिणमनहेतुर्यत् सामर्थ्यम् आत्मप्रदेशपरिस्पन्दश्च योग इत्युच्यते। (गो. जी. जी. प्र. २१६); पुद्गलविपाकिशरीरांगोपांगनामकर्मोदयैः मनोवचन-काययुक्तजीवस्य कर्मनोकर्मागमकारणा या शक्तिः तज्जनितजीवप्रदेशपरिस्पन्दनं वा योगः। (गो. जी. जी. प्र. ७०३)। ३१. एवमुप्पण्णपदेसपरिप्फंदेणुप्पाइदजीवपदेसाणं कम्मादाणसत्ती जोगं णाम। (सत्कर्मपंजिका—धव. पु. १५, पृ. २२)। ३२. वाङ्मनस-कायवर्गणाकार-

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

णभूतं जीवप्रदेशपरिस्पन्दनं योगः कथ्यते। (त. वृत्ति श्रुत. २–२५); शरीर-वचन-मानसानां यत्कर्म क्रिया स योगः। (त. वृत्ति श्रुत. ६–१); काय-वाङ्मनसा यत्कर्म स योग उच्यते। (त. वृत्ति श्रुत. ७, ३३)। ३३. योगः स्यादात्मपदेशप्रचयचलनता वाङ्मनःकायमार्गैः॥ (अध्यात्मक. ४–२)।

१ जो आत्मपरिणाम विपरीत अभिप्राय को छोड़कर जिनप्ररूपित तत्त्वों में आत्मा को योजित (संलग्न) करता है उसे योग कहते हैं। २ मन, वचन और काय के आश्रय से जो आत्मप्रदेशों में परिस्पन्दन होता है उसे योग कहा जाता है। ४ वचन, मन और शरीर वर्गणा के निमित्त से जो आत्मप्रदेशों में परिस्पन्दन होता है उसका नाम योग है। सम्यक् प्रणिधान—एकाग्रचिन्तानिरोध—रूप समाधि—को योग कहते हैं। ८ पंचाग्नि आदि के अनुष्ठानरूप प्रवृत्ति को योग कहा जाता है। १४ वीर्यान्तराय के क्षयोपशम से उत्पन्न हुई पर्याय से जो आत्मा का सम्बन्ध होता है उसका नाम योग है। इसे वीर्य, प्राण, उत्साह, पराक्रम, चेष्टा, शक्ति और सामर्थ्य आदि शब्दों से कहा जाता है। अथवा जीव इसे चूंकि वीर्यान्तराय के क्षयोपशम से उत्पन्न पर्याय से योजित करता है, इसीलिए उसे योग कहा जाता है। २६ सौभाग्य अथवा दौर्भाग्य के करने वाले पादप्रलेपादि को योग कहा जाता है। यह साधु के आहारविषयक १६ उत्पादन दोषों में १५वां है।

योगकृष्टि — पूर्वापूर्वस्पर्धकस्वरूपेणेष्टकापंक्तिसंस्थानसंस्थितं योगमुपसंहृत्य सूक्ष्म-सूक्ष्माणि खण्डानि निर्वर्तयति, ताओ किट्टीओ णाम वुच्चंति। (जय-ध.—धव. पु. १०, पृ. ३२३, टि. ३)।

पूर्व और अपूर्व स्पर्धकों स्वरूप से ईंटों की पंक्ति के आकार में स्थित योग का संकोच करके जो उसके सूक्ष्म-सूक्ष्म खण्ड किए जाते हैं उन्हें कृष्टियां कहा जाता है।

योगभक्ति—रायादीपरिहारे अप्पाणं जो दु जुंजदे साहू। सो जोगभत्तिजुत्तो इदरस्स य कहं हवे जोगो॥ सव्ववियप्पाभावे अप्पाणं जो दु जुंजदे साहू। सो जोगभत्तिजुत्तो इदरस्स य किह हवे जोगो। (नि. सा. १३७–३८)।

जो साधु अपने को राग-द्वेषादि के परित्याग में तथा समस्त विकल्पों के अभाव में—निर्विकल्प समाधि में—योजित करता है वह योगभक्ति से युक्त होता है, अन्य के—राग-द्वेषादि से सहित होकर नाना विकल्पों से व्याप्त जीव के—भला वह योग कैसे सम्भव है? असम्भव है।

योगमुद्रा—१. अन्नुन्नंतरिअंगुलिको सागरेहिं दोहिं हत्थेहिं। पिट्ठोवरि कुप्परसंठिएहिं तह जोगमुद्दत्ति॥ (चैत्यवन्दन भा. १५)। २. उभयकरजोडनेन परस्परमध्यप्रविष्टांगुलिभिः कृत्वा पद्मकोशाकाराभ्यां द्राभ्यां हस्ताभ्यां तथोदरस्योपरि कुहणिकया व्यवस्थिताभ्यां योगो हस्तयोर्योजनविशेषस्तत्प्रधाना मुद्रा योगमुद्रा भवतीति गम्यम्। (चैत्यवन्दन भा. अवचूरि १५)।

१ परस्पर अंगुलियों को अन्तरित करके कमलकोश के आकारयुक्त दोनों हाथों की कुहनियों को पेट के मध्य में स्थित करने पर योगमुद्रा होती है।

योगवक्रता—१. काय-वाङ्मनसां कौटिल्येन वृत्तिर्योगवक्रता। ××× तेषां (काय-वाङ्मनसां) कुटिलतायोगवक्रता इत्युच्यते, अनार्जवं [व-] प्रणिधानमिति यावत्। (त. वा. ६, २२, १)। २. योगः ××× शक्तिरूप आत्मनः करणविशेषः काय-वाङ्मनोलक्षणस्तद्गता कौटिल्यप्रवृत्तिः स्वयमेव योगवक्रताऽनार्जवप्रणिधानं मायाचित्तं योगविपर्यास इत्यनर्थान्तरम्। (त. वा. सिद्ध. वृ. ६–२१)। ३. योगस्य वक्रता कौटिल्यं योगवक्रता—कायेनान्यत्करोति वचसाऽन्यद् ब्रवीति मनसान्यच्चिन्तयति योगवक्रता। (त. वृत्ति श्रुत. ६–२२)।

१ शरीर, वचन और मन की कुटिलतापूर्ण प्रवृत्ति को योगवक्रता कहा जाता है।

योगसत्य—योगसत्यं योगानां मनःप्रभृतीनामवितथत्वम्। (समवा. अभय. वृ. २७)।

मन आदि योगों की यथार्थता का नाम योगसत्य है।

योगसंक्रान्ति—१. काययोगं त्यक्त्वा योगान्तरं गृह्णाति, योगान्तरं त्यक्त्वा काययोगमिति योगसंक्रान्तिः। (स. सि. ६–४४; त. वा. ६–४४)। २. काययोगाद्योगान्तरे ततोऽपि काययोगे संक्रमणं योगसंक्रान्तिः। (त. श्लो. ६–४४)। ३. काययोगोपयुक्तध्यानस्य वाग्योगसंचारः, वाग्योगोपयुक्तध्यानस्य वा मनोयोगसञ्चारः [योगसंक्रान्तिः]। (त. भा. सिद्ध. वृ. ६–४६)। ४. स्यादियं योग-

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

संक्रान्तिर्योगाद्योगान्तरे गतिः। (ज्ञाना. ४२–१७, पृ. ४३३)। ५. काययोगं त्यक्त्वा योगान्तरं गच्छति, तदपि त्यक्त्वा काययोगं व्रजतीति योगसंक्रान्तिः। (भावप्रा. टी. ७८)।

१ काययोग को छोड़कर अन्य योग को तथा अन्य योग को छोड़कर पुनः काययोग को ग्रहण करना, इसका नाम योगसंक्रान्ति है। ३ काययोग में उपयुक्त ध्यान का जो वचनयोग में संचार होता है अथवा वचनयोग में उपयुक्त ध्यान का जो मनोयोग में संचार होता है, इसे योगसंक्रान्ति कहते हैं।

योगानुयोग—योगानुयोगो वशीकरणादियोगाभिधायकानि हरमेखलादिशास्त्राणि। (समवा. अभय. वृ. २६)।

वशीकरण आदि योगों के प्ररूपक हरमेखल (कलाविशेष) आदि शास्त्रों को योगानुयोग कहा जाता है। यह उनतीस प्रकार के पाप के उपादान स्वरूप पापश्रुत में २८वां है।

योगाविभागप्रतिच्छेद—एक्कम्हि जीवपदेसे जोगस्स जा जहण्णिया वड्ढी सो जोगाविभागपडिच्छेदो। (धव. पु. १०, पृ. ४४०)।

एक जीवप्रदेश में योग की जो जघन्य वृद्धि हुआ करती है उसे योगाविभागप्रतिच्छेद कहा जाता है।

योगी—१. विकहाइविप्पमुक्को आहाकम्माइविरहिओ णाणी। धम्मुद्देसणकुसलो अणुपेहाभावणाजुदो जोई॥ अवियप्पो णिद्दंदो णिम्मोहो णिक्कलंकओ णियदो। णिम्मलसहावजुत्तो जोई सो होइ मुणिराओ॥ (र. सा. १००–१०१)। २. जोगो अत्थित्ति जोगी। (धव. पु. १, पृ. १२०); योगो अस्यास्तीति योगी। (धव. पु. ६, पृ. २२१)। ३ कंदप्पदप्पदलणो डंभविहीणो विमुक्कवावारो। उग्गतवदित्तगत्तो जोई विण्णायपरमत्थो॥ (ज्ञानसार ४)। ४. तत्त्वे पुमान् मनः पुंसि मनस्यक्षकदम्बकम्। यस्य युक्तं स योगी स्यान्न परेच्छादुरीहितः॥ (उपासका. ८७०)।

१ जो मुनीन्द्र विकथा आदि से रहित, आधाकर्म का त्यागी, धर्मोपदेश में कुशल, अनुप्रेक्षा व भावनाओं से युक्त, विकल्पों से रहित, निर्द्वन्द्व, निर्मोह, निष्कलंक और निर्मल स्वभाव से सहित होता है उसे योगी समझना चाहिए। २ योग से सहित योगी कहलाता है। यह कर्त्ता, वक्ता व प्राणी आदि रूप जीव की अनेक विशेषताओं में से एक है। ४ जिसकी आत्मा तत्त्व में, मन आत्मा में और इन्द्रियसमूह मन में युक्त (उपयुक्त या संलग्न) हो वही योगी हो सकता है, न कि पर पदार्थों की इच्छा रूप दुष्प्रवृत्ति से युक्त।

योगोद्वहन—तेषां (योगानां) निरुद्धपारणककालस्वाध्यायादिभिरुद्वहनं योगोद्वहनम्। (आचारदि. पृ. ८१)।

१ पारणाकाल और स्वाध्याय आदि के निरोधपूर्वक योगों के धारण या निर्वाह का नाम योगोद्वहन है।

योगोद्वहनकाल—सुभिक्षं साधुसामग्री सर्वोत्पाताद्यभावता। कालिकेपूत्कालिकेषु योगेषु समयो ह्ययं॥ आर्द्रादिस्वात्यन्ते नक्षत्रगणे विवस्वता युक्ते। कालिकयोगानामयमुपयोगी काल उद्दिष्टः॥ आर्द्रादिस्वात्यन्ते नक्षत्रगणे विवस्वता भुक्ते। स्तनिते विद्युति वृष्टौ कालग्रहणं न कर्तव्यम्॥ (आचारदि. पृ. ८२ उद्.)।

सुभिक्ष, साधुसामग्री और समस्त उपद्रवों का अभाव, यह कालिक और उत्कालिक योगों के लिये उपयुक्त समय है। आर्द्रा से लेकर स्वाति तक सूर्य से युक्त नक्षत्रसमूह में कालिक योगों का यह उत्कृष्ट काल निर्दिष्ट किया गया है। आर्द्रा से स्वाति तक सूर्य से युक्त नक्षत्रसमूह में मेघगर्जन बिजली व वृष्टि के होने पर काल का ग्रहण नहीं करना चाहिए।

योगोद्वहनक्षेत्र—बहुसलिल-मृदुलभिक्षं स्वचक्रपरचक्रभयविनिर्मुक्तम्। वहुयति-साध्वी-श्राद्धं बहुशास्त्रविशारदाकीर्णम्॥ नीरोगजलान्नयुतं चर्मास्थि-कचादिसङ्करविमुक्तम्। अहि-जंबुक-वृष-दंशक-वृषपल्ली-सरटनिर्मुक्तम्॥ प्रायः पवित्ररथ्यं रुग्मारी-प्रभृतिवर्जितं नित्यम्। अल्पकषायपुरजनं योगोद्वहने शुभं क्षेत्रम्॥ (आचारदि. पृ. ८२ उद्.)।

जहां बहुत पानी और मृदु भिक्षा हो, जो स्वचक्र और परचक्र के भय से रहित हो, जहां साधु, साध्वी और श्रावक बहुत हों, जो बहुत से शास्त्रज्ञों से व्याप्त हो, स्वास्थ्यप्रद जल व अन्न से परिपूर्ण हो, चमड़ा, हड्डी व बालों आदि के सम्पर्क से रहित हो; सर्प, शृगाल, बैल, डांस, वृषपल्ली एवं गिरगिटों से शून्य हो; जहां की गलियां प्रायः पवित्र हों, जो रोग व मारी (प्लेग) आदि से रहित हो, तथा

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

जहां मन्दकषायी जन का निवास हो; ऐसा क्षेत्र योग के धारण में उत्तम माना जाता है।

योगोद्वहनसदन — चर्मास्थि-दन्त-नख-केश - गूथ-मूत्रापवित्रतारहितम्। अध उपरि च निश्छिद्रं निरवकरं घृष्टमृष्टं च ॥ सूक्ष्माङ्गिवृन्दसंवासयोग्यभूस्फोटवर्जितं परितः। रम्यमपरार्थरचितं योगोद्वहने शुभं सदनम् ॥ (आचारदि. पृ. ८२ उद्.)।

जो निवास स्थान चमड़ा, हड्डी, दांत, नाखून, बाल, विष्ठा एवं मूत्र आदि की अपवित्रता से रहित हो; जहां नीचे-ऊपर छेद न हों, जो कचरा से रहित हो, मल से विहीन हो तथा जो सूक्ष्म जीवों के रहने योग्य छेदों आदि से रहित हो, ऐसा निवासस्थान योगधारण के लिए उत्तम होता है।

योग्यता—१. अर्थग्रहणं योग्यतालक्षणम्। (लघीय. स्वो. वृ. ५)। २. स चात्मविशुद्धिविशेषो ज्ञानावरण-वीर्यान्तरायक्षयोपशमभेदः स्वार्थप्रमितौ शक्तिर्योग्यतेति च स्याद्वादवेदिभिरभिधीयते। (प्रमाणप. पृ. ५२); योग्यताविशेषः पुनः प्रत्यक्षस्येव स्वविषयज्ञानावरण - वीर्यान्तरायक्षयोपशमविशेषः × × ×। (प्रमाणप. वृ. ६७)। ३. स्वावरणक्षयोपशमलक्षणयोग्यतया × × ×। (परीक्षा. २-६)। ४. योग्यता नियतार्थग्रहणसामर्थ्यम्। (न्यायकु. ५, पृ. १६५)। ५. का नाम योग्यता इति ? उच्यते —स्वावरणक्षयोपशमः। (न्यायदी. पृ. २७)।

२ ज्ञानावरण और वीर्यान्तराय के क्षयोपशम-विशेषरूप आत्मा की शुद्धिविशेष का नाम योग्यता है। यह योग्यता स्व और अर्थ के ग्रहण की शक्ति रूप है।

योजन—१. चउकोसेहिं जोयण × × ×। (ति. प. १-११६)। २. चतुर्गव्यूतं योजनम्। (त. वा. ३, ३८, ६, पृ. २०८)। ३. अट्ठहिं दंडसहस्सेहिं जोयणं। (धव. पु. १३, पृ. ३३६)। ४. अष्टौ दण्डसहस्राणि योजनं परिभाषितम्। (ह. पु. ७, ४६)। ५. × × × दंडहिं अट्ठसहासिहिं पावहि। जोयणु × × ×। (म. पु. पुष्प. २-७, पृ. २४)। ६. चउगाउदेहि य तहा जोयणमेगं विणिद्दिट्ठं। (जं. दी. प. १३-३४)।

१ चार कोसों का एक योजन होता है।

योजनपृथक्त्व— तं (जोयणं) अट्ठहि गुणिदे जोयणपुधत्तं। (धव. पु. १३, पृ. ३३६)।

योजन को आठ से गुणित करने पर योजनपृथक्त्व होता है। यह मनःपर्ययज्ञान के उत्कृष्ट क्षेत्र का प्रमाण है।

योनि—१. योनयो जीवोत्पत्तिस्थानानि। (मूला. वृ. १२-३); यूयते भवपरिणत आत्मा यस्यामिति योनिर्भवाधारः। (मूला. वृ. १२-५८)। २. यौति मिश्रीभवति औदारिकादिनोकर्मवर्गणापुद्गलैः सह संबद्धयते जीवो यस्यां स योनिः जीवोत्पत्तिस्थानम्। (गो. जी. जी. प्र. ८१)।

१ जीवों के उत्पत्तिस्थानों को योनियाँ कहा जाता है।

यौवन— विशरारुनानारागपल्लवोल्लास-विलासोपवनं यौवनम्। (गद्यचि. पृ. ५६); अविनयविहङ्गलीलावनं यौवनम्। (गद्यचि. पृ. ६४)।

यौवन गिरते हुए अनेक पत्तों के उल्लास-विलास के उपवन के समान है, अथवा वह अविनयरूप पक्षियों के क्रीडावन जैसा है।

रक्त गेय—गेयरागानुरक्तेन यत् गीयते तत् रक्तम्। (रायप. मलय. वृ. पृ. १६२)।

गाने योग्य गीत के स्वर में अनुरक्त पुरुष के द्वारा जो गाया जाता है उसे रक्त गेय कहते हैं।

रचित—रचितं नाम संयतनिमित्तं कांस्यपात्रादौ मध्ये भक्तं निवेश्य पार्श्वेषु व्यञ्जनानि बहुविधानि स्थाप्यन्ते। (व्यव. भा. मलय. वृ. ३-१६४, पृ. ३५)।

साधु के निमित्त कांसे आदि के पात्र में भोजन को रखकर उसके पार्श्वभागों में जो बहुत प्रकार के व्यञ्जनों को स्थापित किया जाता है, इसका नाम रचित है।

रचितकभोजी— रचितकं नाम कांस्यपात्रादिषु पटादिषु वा यदशनादि देयबुद्धया वैकिल्येन स्थापितं तद् भुंक्ते इत्येवंशीलो रचितकभोजी। (व्यव. भा. पृ. ११६)।

कांसे के पात्र आदि में अथवा पट (वस्त्र) आदि पर जो देने के विचार से भोजन स्थापित किया जाता है उसका नाम रचितक है, उसका खाने वाला रचितकभोजी कहलाता है।

रज—१. रजस्तु सर्वशुष्कः × × × शुष्कमात्रस्तु रजः। (उत्तरा. चू. पृ. ७६)। २. बध्यमान च

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

कर्म रजः ×××अथवा बद्धं रजः, अथवा ऐर्यापथं रजः। (योगशा. स्वो. विव. ३-१२४)।
१ पूर्णरूप से सूखे हुए मैल को रज कहा जाता है। २ वर्तमान में बांधे जाने वाले कर्म को अथवा पूर्व में बांधे गये कर्म को रज कहते हैं। अथवा ईर्यापथ कर्म को रज समझना चाहिये।

रज्जु—१. जगसेढीए सत्तमभागो रज्जू पभासंते॥ (ति. प. १-१३२)। २. का रज्जू णाम? तिरियलोगस्स मज्झिमवित्थारो। (धव. पु. ३, पृ. ३४)। ३. जगसेढिसत्तभागो रज्जू ××× । (त्रि. सा. ७)। ४. पञ्चविंशतिकोटीकोटीनामुद्धारपल्यानां यावन्ति रूपाणि लक्षयोजनार्द्धछेदनानि च रूपाधिकान्येकैकं द्विगुणीकृतान्यन्योन्याभ्यस्तानि यत्प्रमाणं सा रज्जुरिति। (मूला. वृ. १२-८५)। ५. जगच्छ्रेण्याः १८-४२ सप्तमभागो रज्जुः। (त्रि. सा. टी. ७)।
१ जगश्रेणि के सातवें भाग को रज्जु कहते हैं। २ तिर्यग्लोक का जितना विस्तार प्रमाण है उतना प्रमाण एक रज्जु का है।

रति—१. यदुदयाद्विषयादिष्वौत्सुक्यं सा रतिः। (स. सि. ८-९)। २. यदुदयाद्देशादिष्वौत्सुक्यं सा रतिः। (त. वा. ८, ९, ४)। ३. रमणं रतिः, रम्यते अनया इति वा रतिः। जेसिं कम्मक्खंधाणमुदएण दव्व-खेत्त-काल-भावेसु रदी समुप्पज्जइ तेसिं रदि त्ति सण्णा। (धव. पु. ६, पृ. ४७); जस्स कम्मस्स उदएण दव्व-खेत्त-काल-भावेसु जीवाणं रई समुप्पज्जदि तं कम्मं रई णाम। (धव. पु. १३, पृ. ३६१)। ४. रम्यतेऽनयेति रमणं वा रतिः कुत्सिते रम्यते, येषां कर्मस्कन्धानामुदयेन द्रव्य-क्षेत्र-काल-भावेषु रतिरुत्पद्यते तेषां रतिरिति संज्ञा। (मूला. वृ. १२-१९२)। ५. रतिः विषयेषु मोहनीयाच्चित्ताभिरतिः। (औपपा. अभय. वृ. ३४, पृ. ७९)। ६. मनोज्ञेषु वस्तुषु परमा प्रीतिरेव रतिः। (नि. सा. वृ. ६)। ७. यदुदयाच्चाभ्यन्तरेषु वस्तुषु प्रमोदमाधत्ते तद्रतिमोहनीयम्। (प्रज्ञाप. मलय. वृ. २९३, पृ. ४६९)। ८. देशान्तरोद्यानौत्सुक्यनिमित्तोदया रतिः। (भ. आ. मूला. २०९७)। ९. यदुदयाद्देश-पुर-ग्राम-मन्दिरादिषु तिष्ठन् जीवः परदेशादिगमने च औत्सुक्यं न करोति सा रतिरुच्यते। (त. वृत्ति श्रुत. ८-९)।
१ जिसके उदय से विषयादिकों में उत्सुकता रहती है उसे रति नोकषाय कहते हैं। २ जिस कर्म के उदय से देश आदिकों के विषय में उत्सुकता उत्पन्न होती है उसका नाम रति है। ७ जिसके उदय से अभ्यन्तर वस्तुओं में हर्ष को प्राप्त होता है उसे रतिमोहनीय कहा जाता है।

रतिवाक्—१. शब्दादिविषय-देशादिषु रत्युत्पादिका रतिवाक्। (त. वा. १, २०, १२, पृ. ७५)। २. शब्दादिविषयेषु रत्युत्पादिका रतिवाक्। (धव. पु. १, पृ. ११७)। ३. इंदियविषयेसु रइ उप्पाइया वाया रदिवाया॥ (अंगप. २-७९, पृ. २९२)।
१ शब्द आदि विषयों और देश आदिकों में राग उत्पन्न करने वाले वचन को रतिवाक् कहते हैं।

रत्नगर्भ—यस्य षण्णवमासानि रत्नवृष्टिः प्रवार्षिता। शक्रेण भक्तियुक्तेन रत्नगर्भस्ततो हि सः॥ (आप्तस्व. ३७)।
जिसके गर्भ में आने के छह महीने पूर्व से ही छह और नौ (६+९=१५) मास भक्तियुक्त इन्द्र के द्वारा रत्नों की वर्षा करायी गई, उस आप्त (तीर्थंकर) को रत्नगर्भ कहा गया है।

रत्नि—द्वाभ्यां वितस्तिभ्यां रत्निरुच्यते। (त. वृत्ति श्रुत. ३-३८)।
दो वितस्तियों (२४ अंगुल) की एक रत्नि (हाथ) होती है।

रथ—जुद्धे अहिरह-महारहाणं चडणजोग्गा रहा णाम। (धव. पु. १४, पृ. ३८)।
युद्ध के समय जिनके ऊपर अधिरथ और महारथ योद्धा आरूढ़ होते हैं, उन्हें रथ कहा जाता है।

रथरेणु—१. अट्ठ तसरेणूओ सा एगा रहरेणू। (अनुयो. सू. पृ. १६२)। २. तित्तियमेत्तहदेहिं तसरेणूहिं पि रहरेणू॥ (ति. प. १, १०५-६)। ३. अष्टौ त्रसरेणवः संहताः एको रथरेणुः। (त. वा. ३, ३८, ६, पृ. २०७)। ४. अट्ठहिं तसरेणुहिं पिंडयहिं एक्कु जि रहरेणु उ हवइ। (भ. पु. पुष्प. २-६, पृ. २३)। ५. अष्टभिस्त्रसरेणुभिः पिण्डितैरेकत्रीकृतैरेका रथरेणुरुच्यते। (त. वृत्ति श्रुत. ३, ३८)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

१ आठ त्रसरेणुओं का एक रथरेणु होता है। २ आठ त्रसरेणुओं का एक रथरेणु होता है।

रम्यकक्षेत्र — रमणीयदेशयोगाद्रम्यकाभिधानम्। यस्माद्रमणीयैर्देशैः सरित्पर्वत-काननादिभिर्युक्तस्तस्मादसौ रम्यक इत्यभिधीयते। (त. वा. ३, १०, १४)।

रमणीय देशों, नदियों, पर्वतों और वनों से युक्त होने के कारण जम्बूद्वीपस्थ चौथे क्षेत्र को रम्यक कहा जाता है।

रस (धातुविशेष)—रसो भुक्त-पीताश-पानपरिणामजो निस्यन्दः। (योगशा. ४–७२)।

खाये गये अन्न व पिये गये पान (दूध आदि) के परिपाक से जो निस्यन्द (पतली धातुविशेष) उत्पन्न होता है उसका नाम रस है। यह शरीरगत सात धातुओं में प्रथम है।

रस (जिह्वेन्द्रिय का विषय)—१. तथा रस आस्वादन-स्नेहनयोः, रस्यते आस्वाद्यते रसः। (प्रज्ञाप. मलय. वृ. २९३, पृ. ४७३)। २. रस्यते रसः, रसयुक्तोऽर्थः। (त. वृत्ति श्रुत. २–२०)।

१ जिसका जिह्वा से आस्वाद लिया जाता है वह रस कहलाता है। २ रसयुक्त पदार्थ को रस कहते हैं।

रसकषाय—१. रसकसाओ णाम कसायरसं दव्वं दव्वाणि वा कसाओ। (कसायपा. चू. पृ. २५)। २. रसओ रसो कसाओ। (विशेषा. गा. ३५३२—ला. द. अह.)। ३. रसतो रसकषायः कटु-तिक्त-कषायपञ्चकान्तर्गतः। (आचा. नि. शी. वृ. १९०, पृ. ८२)।

२ रस के आश्रय से जो कषाय होती है उसे रसकषाय कहा जाता है।

रसगौरव — अभिमतरसात्यागोऽनभिमतानादरश्च नितरां रसगौरवम्। (भ. आ. विजयो. ६१२)।

अभीष्ट रस का त्याग न करना तथा अनिष्ट रस के विषय में अनादर का भाव (द्वेषबुद्धि) रखना, इसे रसगौरव कहा जाता है।

रसत्याग—देखो रसपरित्याग। तथा रसानां मतुलोपाद् विशिष्टरसवतां वृष्याणां विकारहेतूनाम्, अतएव विकृतिशब्दवाच्यानां मद्य-मांस-मधु-नवनीतानां दुग्ध-दधि-तैल-गुडावग्राह्यादीनां च त्यागो वर्जनं रसत्यागः। (योगशा. स्वो. विव. ४–८९)।

विशिष्ट रस से युक्त व विकार के कारणभूत गरिष्ठ पदार्थों का तथा मद्य, मांस, मधु, मक्खन एवं दूध, दही, घी, तेल व गुड आदि का त्याग करना, इसे रसत्याग (तपविशेष) कहते हैं।

रसन—१. वीर्यान्तराय-मतिज्ञानावरणक्षयोपशमाङ्गोपाङ्गनामलाभावष्टम्भादात्मना × × × रस्यतेऽनेनेति रसनम्। × × × रसतीति रसनम्। (स. सि. २–१९)। २. रसयत्यनेनात्मेति रसनम्। × × × रसयतीति रसनम्। (त. वा. २–१९)। ३. रस्यते आस्वाद्यतेऽर्थोऽनेनेति रसनम्, रसयत्यर्थमिति वा रसनम्। (त. वृत्ति श्रुत. २–१९)।

१ जिसके द्वारा स्वाद लिया जाता है अथवा जो स्वाद को ग्रहण करती है उस इन्द्रियविशेष को रसन (जिह्वा) कहा जाता है।

रसननिर्वृत्ति—अर्धचन्द्राकारा क्षुरप्राकारा वा अङ्गुलस्यासंख्येयभागप्रमिता रसननिर्वृत्तिः। (धव. पु. १, २३५)।

रसनेन्द्रिय नाम वाले आत्मप्रदेशों में जो अर्द्ध चन्द्र अथवा खुरपे के आकार अंगुल के असंख्यातवें भाग प्रमाण पुद्गलपिण्ड होता है वह रसना इन्द्रिय की बाह्य निर्वृत्ति कहलाती है।

रसनाजय—१. असणादिचदुवियप्पे पंचरसे फासुगम्हि णिरवज्जे। इट्ठाणिट्ठाहारे दत्ते जिब्भाजओऽगिद्धी॥ (मूला. १–२०)। २. गृहिदत्तेऽन्न-पानादावदोषे समतायुतम्। गात्रयात्रानिमित्तं यद् भोजनं रसनाजयः॥ (आचा. सा. १–३१)।

१ दाता के द्वारा दिये गये पांच रसयुक्त प्रासुक व निर्दोष अशनादिरूप (अशन, पान, खाद्य व स्वाद्य) चार प्रकार के आहार में, चाहे वह इष्ट हो अथवा अनिष्ट हो, राग-द्वेष व लोलुपता न होना, यह साधु का जिह्वाजय या रसनेन्द्रियजय कहलाता है। यह २८ मूलगुणों के अन्तर्गत है।

रसनामकर्म—१. यन्निमित्तो रसविकल्पस्तद्रसनाम। (स. सि. ८–११; त. वा. ८, ११, १०; भ. आ. मूला. २१२४)। २. जस्स कम्मक्खंधस्स उदएण जीवसरीरे जादिपडिणियदो तित्तादिरसो होज्ज तस्स कम्मक्खंधस्स रससण्णा। (धव. पु. ६, पृ. ५५); जस्स कम्मस्सुदएण सरीरे रसणिप्फत्ती होदि तं रसणामं। (धव. पु. १३, पृ. ३६४)। ३. यस्य कर्मस्कन्धस्योदयाज्जीवशरीरे जातिप्रतिनियततिक्ता-

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

दिरसो भवति तद्रस इति संज्ञा। (मूला. वृ. १२, १६४)। ४. यदुदयेन रसभेदो भवति स रसः। (त. वृत्ति श्रुत. ८–११)।

१ जिस कर्म के निमित्त से रस का विकल्प उत्पन्न होता है उसे रसनामकर्म कहते हैं।

रसपरित्याग—१. खीर-दहि-सप्पि-तेल-गुड-लवणं च जं परिच्चयणं। तित्त-कडु-कसायंबिल-मधुर-रसाणं च जं चयणं॥ (मूला. ५–१५५)। २. खीर-दहि-सप्पि-तेल्लं गुडाण पत्तेगदो व सव्वेसिं। णिज्जूहणमोगाहिम पणकुसणलोणमादीणं॥ अरसं च अण्णवेलाकदं च सुद्धोदणं च लुक्खं च। आयंबिल-मायामोदणं च विगडोदणं चेव॥ इच्चेवमादि विविहो णायव्वो हवदि रसपरिपच्चाओ। एस तवो भजिदव्वो विसेसदो सल्लिहंतेण॥ (भ. आ. २१५ से २१७)। ३. इन्द्रियदर्पनिग्रह-निद्राविजय-स्वाध्याय-सुखसिद्ध्यर्थो घृतादिवृष्यरसपरित्यागश्चतुर्थं तपः। (स. सि. ६–१६)। ४. रसपरित्यागोऽनेकविधः। तद्यथा—मद्य-सांस-मधु-नवनीतादीनां रसविकृतीनां प्रत्याख्यानं विरसरूक्षाद्यभिग्रहश्च। (त. भा. सिद्ध. वृ. ६–१६)। ५. **दान्तेन्द्रियत्व-तेजोऽहानि-संयमोऽपरोधव्यावृत्त्याद्यर्थं घृतादिरसत्यजनं रसपरित्यागः।** दान्तेन्द्रियत्वं तेजोऽहानिः संयमोपरोधनिवृत्तिरित्येवमाद्यर्थं घृत-दधि-गुड-तैलादिरसत्यजनं रसत्याग इत्युच्यते। (त. वा. ६, १६, ५)। ६. खीर-गुड-सप्पि-लवण-दधिआदओ सरीरिंदियरागादिवुड्ढिणिमित्ता रसा णाम, तेसिं परिच्चाओ रसपरिच्चाओ। किमट्ठं एसो कीरदे? पाणिंदियसंजमट्ठं। कुदो? जिब्भिंदियणिरुद्धे सयलिंदियाणं णिरोहुवलंभादो, सयलिंदिएसु णिरुद्धेसु चत्तपरिग्गहस्स णिरुद्धराग-दोसस्स तिगुत्तिगुत्तस्स पंचसमिदिमंडियस्स वासी-चंदणसमाणस्स पाणासंजमणिरोहुवलंभादो। (धव. पु. १३, पृ. ५७–५८)। ७. दान्तेन्द्रियत्व-तेजोऽहानिसंयमोपरोधव्यावृत्त्याद्यर्थं घृतादिरसपरित्यजनं रसपरित्यागः। (त. श्लो. ६–१६)। ८. रसगोचरगार्द्धत्यजनं त्रिधा रसपरित्यागः। (भ. आ. विजयो. ६)। ६. रसत्यागो भवेत्तैल-क्षीरेक्षु दधि-सर्पिषाम्। एक-द्वि-त्रीणि चत्वारि त्यजतस्तानि पञ्चधा॥ (त. सा. ७–११)। १०. शरीरेन्द्रियरागादिवृद्धिकरक्षीर-दधि-घृत-गुड-तैलादिरसत्यजनं रसपरित्याग इत्युच्यते। तत्किमर्थम्? दुर्दान्तेन्द्रियतेजोहानि-संयमोपरोधनिवृत्तिरित्येवमाद्यर्थम्। (चा. सा. पृ. ६०)। ११. संसारदुक्खतट्ठो विससमविसयं विचिंतमाणो जो। णीरसभोज्जं भुंजइ रसचाओ तस्स सुविसुद्धो॥ (कार्तिके. ४४६)। १२. दधि-क्षीराऽऽज्य-तैलादेः परिहारो रसस्य यः। तपो रसपरित्यागो मधुरादि-रसस्य वा॥ कायकान्ति-मदाक्षेम-क्षोभवारणकारणम्। परिहारो रसस्यायं स्याज्जितेन्द्रिययोगिनः॥ (आचा. सा. ६, १३–१४)। १३. त्यागः क्षीर-दधीक्षु-तैल-हविषां षण्णां रसानां च यः कात्स्न्र्येनावयवेन वा यदसनं सूपस्य शाकस्य च। आचाम्लं विकटौदनं यददनं शुद्धौदनं सिक्थवद्रूक्षं शीतलमप्यसौ रसपरित्यागस्तपोऽनेकधा॥ (अन. ध. ७–२७)। १४. रसपरित्यागः षड्रसविवर्जनम्। (भावप्रा. टी. ७८)। १५. हृषीकमदनिग्रहनिमित्तं निद्राविजयार्थं स्वाध्यायादिसुखसिद्ध्यर्थं रसस्य वृष्यस्य घृतादेः परित्यागः परिहरणं रसपरित्यागः। (त. वृत्ति श्रुत. ६–१६)। १६. मधुरादिरसानां यत्समस्तं व्यस्तमेव वा। परित्यागो यथाशक्ति रसत्यागः स लक्ष्यते॥ (लाटीसं. ७–७८)।

१ दूध, दही, घी, तेल, गुड़ और नमक इन छह का तथा तीखा, कडुआ, कषायला, आम्ल और मधुर इन पांच रसों का भी जो परित्याग किया जाता है इसे रसपरित्याग कहते हैं। ४ रस के विकारभूत मद्य, मांस, मधु और नवनीत आदि का परित्याग करना तथा नीरस व रूखे आदि भोज्य पदार्थों का नियम करना, इसका नाम रसपरित्याग है।

रसपरित्यागातिचार — १. कृतरसपरित्यागस्य रसातिसक्तिः, परस्य वा रसवदाहारभोजनम्, रसवदाहारभोजनानुमननं वातिचारः। (भ. आ. विजयो. ४८७)। २. रसपरित्यागस्य रसातिसक्तिः परस्य वा रसवदाहारभोजनाद्भोजनानुमननं चेति। (भ. आ. मूला. ४८७)।

१ रस में अतिशय आसक्ति रखना, दूसरे को रसयुक्त भोजन कराना, अथवा दूसरे के द्वारा किये गये रसयुक्त भोजन का अनुमोदन करना, ये रसपरित्याग तपको मलिन करने वाले उसके अतिचार हैं।

रसमान—१. से किं तं रसमाणप्पमाणे? धण्णमाणप्पमाणाओ चउभागविवड्ढिए अब्भितरसिहाजुत्ते रसमाणप्पमाणे विहिज्जइ। तं जहा—चउ-

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सट्ठिया ४ [चउपलपमाणा] बत्तीसिआ ८ सोलसिआ १६ अट्ठभाइआ ३२ चउभाइआ ६४ अद्धमाणी १२८ माणी २५६ दो चउसट्ठीआओ बत्तीसिआ दो बत्तीसिआओ सोलसिआ दो सोलसिआओ अट्ठभाइआ दो अट्ठभाइआओ चउभाइया दो चउभाइयाओ अद्धमाणी दो अद्धमाणीओ माणी। एएणं रसमाणपमाणेणं किं पओअणं ? एएणं रसमाणेणं वारक-घडक-करक-कलसिअ - गागरि-दइअ-करोडिअ - कुंडिअ-संसियाणं रसाणं रसमाणप्पमाणणिव्वित्तिलक्खणं भवइ, से तं रसमाणपमाणे, से तं माणे। (अनुयो. सू. १३२, पृ. १५१-५२)। २. घृतादिद्रव्यपरिच्छेदकं षोडशिकादि रसमानम्। (त. वा. ३, ३८, ३)।

१ धान्यमान के प्रमाण की अपेक्षा चौथे भाग से अधिक व अभ्यन्तर शिखा से युक्त जो रसमान किया जाता है उसे रसमानप्रमाण कहते हैं। जैसे -- चतुःषष्टिका ४ (माणिका के चौसठवें भाग से निष्पन्न २५६ ÷ ६४ = ४) पल प्रमाण, द्वात्रिंशिका ८ पल प्रमाण, षोडशिका १६ पल प्रमाण, अष्टभागिका ३२ पल प्रमाण, चतुर्भागिका ६४ पल प्रमाण, अर्धमाणिका १२८ पल प्रमाण और माणिका २५६ पल प्रमाण होती है। इसका प्रयोजन बारक आदि के आश्रित रस के प्रमाण का परिज्ञान कराना है। २ घी आदि द्रव्यों के प्रमाण का ज्ञान कराने वाली षोडशिका आदि को रसमान कहा जाता है।

रसवाणिज्य—१. नवनीत-वसा-क्षौद्र-मद्य-प्रभृतिविक्रयः। द्विपाच्चतुष्पादविक्रयो वाणिज्यं रस-केशयोः॥ (योगशा. ३-१०९; त्रि. श. पु. च. ६, ३, ३४३)। २. रसवाणिज्यं नवनीतादिविक्रयः। नवनीते हि जन्तुसम्मूर्छनम्, मधु-वसा-मद्यादौ तु जन्तुघातोद्भवत्वम्, मद्येन मदजनकत्वं तद्गतक्रिमिविघातश्चेति तद्विक्रयस्य दुष्टत्वम्। (सा. ध. स्वो. टी. ५-२२)। १ नवनीत, वसा (चर्बी) और मधु आदि का विक्रय करना; इसे रसवाणिज्य कहा जाता है।

रसायन—रसायनं वलि-पलितादिनिराकरणं बहुकालजीवितत्वं च। (मूला. वृ. ६-३३)। वलि (बुढ़ापे के कारण होने वाली चमड़ी की शिथिलता) और पलित (बालों की सफेदी) आदि के नष्ट करने तथा दीर्घ काल तक जीवित रहने आदि के प्ररूपक शास्त्र के आश्रय से दाता का उपकार करके यदि आहार को ग्रहण किया जाता है तो वह रसायनचिकित्सा नामक चिकित्साविशेषरूप उत्पादनदोष से दूषित होता है।

रसायिक—रसायिकाः—रसो घृतादिः, तत्र चर्मादियोगे आद्य आगमनं विद्यते येषां ते रसायिकाः। प्रथमधातूद्भवाः वा रसायिकाः। (त. वृत्ति श्रुत. २-१४)। घी आदि रस का चमड़े आदि से सम्बन्ध होने पर जो सम्मूर्छन पंचेन्द्रिय जीव उत्पन्न होते हैं वे रसायिक कहलाते हैं। अथवा जिनकी उत्पत्ति रस नामक प्रथम धातु से होती है, उन्हें रसायिक जानना चाहिए।

रहस्याभ्याख्यान—देखो रहोऽभ्याख्यान।

रहोऽभ्याख्या—देखो रहोऽभ्याख्यान।

रहोऽभ्याख्यान—१. यत्स्त्री-पुंसाभ्यामेकान्तेऽनुष्ठितस्य क्रियाविशेषस्य प्रकाशनं तद्रहोऽभ्याख्यानं वेदितव्यम्। (स. सि. ७-२६; चा. सा. पृ. ५)। २. संवृतस्य प्रकाशनं रहोभ्याख्यानम्। स्त्री-पुंसाभ्यां एकान्तेनुष्ठितस्य क्रियाविशेषस्य प्रकाशनं यत् रहोभ्याख्यानं तद्वेदितव्यम्। (त. वा. ७, २६, २)। ३. रहः एकान्तस्तत्र भवं रहस्यम्, तेन तस्मिन् वा अभ्याख्यानं रहस्याभ्याख्यानम्। (आव. अ. ६, हरि. वृ. पृ. ८२१)। ४. रहः एकान्तः, तत्र भवं रहस्यम्, तेन तस्मिन् वाभ्याख्यानं रहस्याभ्याख्यानम्। एतदुक्तं भवति—एकान्ते मन्त्रयमाणान् वक्त्येते हीदं चेदं च राजापकारित्वादि मन्त्रयन्ते इति। (श्रा. प्र. टी. २६३)। ५. रहोभ्याख्यानमेकान्तस्त्री-पुंसेहाप्रकाशनम्। (ह. पु. ५८-१६७)। ६. रहोऽभ्याख्या रहसि एकान्ते स्त्री-पुंसाभ्यामनुष्ठितस्य क्रियाविशेषस्याभ्याख्या प्रकाशनम्। (रत्नक. टी. ३-१०)। ७. रहस्येकान्ते स्त्री-पुंसाभ्यामनुष्ठितस्य क्रियाविशेषस्याभ्याख्या प्रकाशनं यया दम्पत्योरन्यस्य वा पुंसः स्त्रिया वा रागप्रकर्ष उत्पद्यते। सा च हास्यक्रीडादिनैव क्रियमाणोऽतिचारो न त्वभिनिवेशेन। (सा. ध. स्वो. टी. ४-४५)। ८. स्त्री-पुंसाभ्यां रहसि एकान्ते यः क्रियाविशेषोऽनुष्ठितः कृत उक्तो वा स क्रियाविशेषो गुप्तवृत्त्या गृहीत्वा अन्येषां प्रकाश्यते तद् रहोभ्याख्यानमुच्यते। (त. वृत्ति श्रुत. ७-२६; कार्तिके. टी. ३३३)। ९. रहोऽभ्याख्यानमेकान्ते गुह्यवार्ताप्रकाशनम्। परेषां

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

शंकया किञ्चिद्धेतोरस्त्यत्र कारणम् ॥ (लाटीसं ६–१६)।

१ स्त्री और पुरुष के द्वारा एकान्त में किये गये कार्यविशेष के प्रकाशित करने का नाम रहोऽभ्याख्या या रहोऽभ्याख्यान है। यह सत्याणुव्रत का एक अतिचार है। ४ रहस् का अर्थ एकान्त होता है, एकान्त में जो होता है उसे रहस्य कहा जाता है। उससे अथवा उसके विषय में कहना या आरोप लगाना कि ये राजा आदि के विरुद्ध मंत्रणा कर रहे थे। यह सत्याणुव्रत को मलिन करने वाला उसका एक अतिचार है।

राक्षस—१. भीषणरूपविकरणप्रियाः राक्षसा नाम। (धव. पु. १३, पृ. ३६१)। २. राक्षसा भीमा भीमदर्शनाः कराल-रक्तलम्बौष्ठास्तपनीयविभूषणा नानाभक्तिविलेपनाः। (बृहत्सं. मलय. वृ. ५८)।

१ जो रुचिपूर्वक भयानक रूप की विक्रिया किया करते हैं वे राक्षस कहलाते हैं। २ जो देखने में भयानक, भयप्रद लाल ओठों से सहित और सुवर्णमय भूषणों से युक्त होते हैं उन्हें राक्षस कहा जाता है।

राक्षसविवाह—१. कन्यायाः प्रसह्यादानाद्राक्षसः। (नीतिवा. ३१–१२, पृ. ३७६)। २. प्रसह्य कन्यादानाद् राक्षसः। (ध. बि. मु. वृ. १–१२)। ३. प्रसह्य कन्याग्रहणाद्राक्षसः। (योगशा. स्वो. विव. १–४७)।

१ बलपूर्वक कन्या के ग्रहण का नाम राक्षसविवाह है।

राग—१. अभिष्वङ्गलक्षणो रागः। (ध्यानश. हरि. वृ. ८; आव. भा. मलय. वृ. २०३, पृ. ५६३)। २. माया-लोभ-वेदत्रय-हास्य-रतयो रागः। (धव. पु. १२, पृ. २८३); माया-लोभ-हस्स-रदि-तिवेदाणं दव्वकम्मोदयजणिदपरिणामो रागो। (धव. पु. १४, पृ. ११)। ३. विचित्रचारित्रमोहनीयविपाकप्रत्यये प्रीत्यप्रीती राग-द्वेषौ। (पंचा. का. अमृत. वृ. १३१)। ४. निर्विकारस्वसंवित्तिलक्षणवीतरागचारित्रप्रच्छादकचारित्रमोहो राग-द्वेषौ भण्येते। (बृ. द्रव्यसं. टी. ४८, पृ. १८६)। ५. तस्यैवात्मनो विचित्रचारित्रमोहोदये सति निश्चयवीतरागचारित्ररहितस्य व्यवहारव्रतादिपरिणामरहितस्य इष्टानिष्टविषये प्रीत्यप्रीतिपरिणामौ राग-द्वेषौ भण्यते। (पंचा. का. जय. वृ. १३१)। ६. रूपाद्याक्षेपजनितः प्रीतिविशेषो रागः। (आव. नि. मलय. वृ. ७२४, पृ. ३५६)। ७. प्रीतिलक्षणो रागः। (प्रज्ञाप. मलय. वृ. २६०, पृ. ४५५)।

१ आसक्ति का नाम राग है। २ माया, लोभ, तीन वेद, हास्य और रति इन्हें रागस्वरूप माना जाता है। ४ निर्विकार स्वसंवेदनस्वरूप वीतरागचारित्र के रोधक चारित्रमोह को राग-द्वेष कहते हैं।

राजकथा—१. राज्ञां कथाः नानाप्रजापतिप्रतिबद्धवचनानि, स राजा प्रचण्डः शूरश्चाणक्यनिपुणश्चारकुशलो योग-क्षेमोद्यतमतिश्चतुरंगबलो निर्जिताशेषवैरिनिवहो न तस्य पुरतः केनापि स्थीयते इत्येवमादिकं वचनं राजकथाः। (मूला. वृ. ६–८६)। २. राट्कथा राजकथा, यथा शूरोऽस्मदीयो राजा, सघनश्चौडः [-श्शौण्डः] गजपतिर्गौडः, अश्वपतिस्तुरुष्क इत्यादि। (योगशा. स्वो. विव. ३–७६)। ३. राज्ञां युद्धहेतूपन्यासो राजकथाप्रपंचः। (नि. सा. वृ. ६७)। ४. राजकथा शूरोऽस्मदीयो राजा सघनः शौण्डः गजपतिर्गौडः अश्वपतिस्तुरुष्क इत्यादिरूपा। (सा. ध. स्वो. टी. ४–२२)।

१ अनेक राजाओं से सम्बन्धित वचनालाप का नाम राजकथा है। जैसे—वह राजा पराक्रमी व शूरवीर है, चाणक्य के समान चतुर है, शत्रुपक्ष की गुप्त बात के जानने में कुशल है, योग—अप्राप्त राज्यादि की प्राप्ति—व क्षेम—प्राप्त के संरक्षण—के विचार में कुशल है, चतुरंग सैन्य से युक्त होकर समस्त शत्रु समूह को जीतने वाला है, तथा उसके सामने कोई भी स्थित नहीं रह सकता है, इत्यादि वार्ता।

राजधर्म—राज्ञो हि दुष्टनिग्रहः शिष्टपरिपालनं च धर्मः। (नीतिवा. ५–२)।

दुष्टों का निग्रह और सज्जनों का परिपालन करना, यह राजा का धर्म होता है।

राजपिण्डाग्रहणस्थितिकल्प—१. राजशब्देन इक्ष्वाकुप्रभृतिकुले जाताः। राजते प्रकृतिं रंजयति इति वा राजा राजसदृशो महर्द्धिको भण्यते, तस्य पिण्डः तत्स्वामिको राजपिण्डः, तस्य अग्रहणम्। (भ. आ. विजयो. ४२१)। २. अथ राजशब्देन इक्ष्वाकुप्रभृतिकुले जाताः, राजते प्रकृतिं रञ्जयतीति वा, राज्ञा सदृशो महर्द्धिको भण्यते। तत्स्वामिभक्तादिवर्जनं

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

चतुर्थः स्थितिकाल्यः । (भ. आ. मूला. ४२१) ।

१ राज शब्द से यहां जो इक्ष्वाकु आदि कुल में उत्पन्न हुए हैं उन्हें ग्रहण किया गया है, जो प्रजा को अनुरंजित करता है वह तथा उसके समान महा ऋद्धि का धारक भी राजा कहलाता है। उसके यहां भोजन आदि को ग्रहण न करना, यह राजपिण्डाग्रहण नाम का चौथा स्थितिकल्प है।

राजर्षि—१. तत्र राजर्षयो विक्रियाऽक्षीणर्द्धिप्राप्ता भवन्ति । (चा. सा. पृ. २२) । २. विक्रियाऽक्षीणऋद्धीशो यः स राजर्षिरीरितः । (धर्मसं. श्रा. ९, २८६) ।

१ जो विक्रिया और अक्षीण ऋद्धि के धारक होते हैं उन्हें राजर्षि कहा जाता है।

राजा—१. वररयणमउडधारी सेवयमाणाण वत्ति तह अट्ठं । देंता हवेदि राजा जिदसत्तू समरसंघट्टे ।। (ति. प. १–४२) । २. अष्टादशसंख्यानां श्रेणीनामधिपतिर्विनम्राणाम् । राजा स्यान्मुकुटधरः कल्पतरुः सेवमानानाम् ।। (धव. पु. १, पृ. ५७ उद्.) । ३. योऽनुकूल-प्रतिकूलयोरिन्द्र-यमस्थानं स राजा । (नीतिवा. ५–१) ।

१ जो उत्तम रत्नों के मुकुट को धारण करता है, सेवा करने वालों की वृत्ति (आजीविका) और अर्थ को देता है तथा युद्धस्थल में शत्रुओं को जीतने वाला है उसे राजा कहते हैं। २ जो मुकुट को धारण करता हुआ विनम्र अठारह श्रेणियों का स्वामी होता है वह राजा कहलाता है। वह सेवा करने वालों के लिए कल्पवृक्ष जैसा होता है।

राजु—देखो रज्जु ।

राज्य—राज्ञः पृथ्वीपालनोचितं कर्म राज्यम् । (नीतिवा. ५–४, पृ. ४३) ।

पृथ्वी के रक्षण के योग्य जो राजा का कार्य है उसे राज्य कहा जाता है।

राज्याख्यान—अमुष्मिन्नधिदेशोऽयं नगरं वेति तत्पतेः । आख्यानं यत्तदाख्यातं राज्याख्यानं जिनागमे ।। (म. पु. ४–७) ।

यह अमुक देश व नगर का अधिपति है इत्यादि प्रकार से उसके स्वामी का वर्णन करने को राज्याख्यान कहा जाता है।

रात्रिभक्तव्रत—१. अन्नं पानं खाद्यं लेह्यं नाश्नाति यो विभावर्याम् । स च रात्रिभुक्तिविरतः सत्त्वेष्वनुकम्पमानमनाः ।। (रत्नक. ५–२१) । २. रात्रौ भुञ्जानानां यस्मादनिवारिता भवति हिंसा । हिंसाविरतेस्तस्मात् त्यक्तव्या रात्रिभुक्तिरपि ।। (पु. सि. १२९) । ३. रात्रिभक्तव्रता रात्रौ स्त्रीणां भजनं रात्रिभक्तं तद् व्रतयति सेवत इति रात्रिव्रतातिचारा रात्रिभक्तव्रतः दिवाब्रह्मचारीत्यर्थः । (चा. सा. पृ. १९) । ४. जो चउविहं पि भोज्जं रयणीए णेव भुंजदे णाणी । ण य भुंजावइ अण्णं णिसिविरओ सो हवे भोज्जो ।। (कार्तिके. ३८२) । ५. स्त्रीवैराग्यनिमित्तैकचित्तः प्राग्वृत्तनिष्ठितः । यस्त्रिधाऽह्नि भजेन्न स्त्रीं रात्रिभक्तव्रतस्तु सः ।। रात्रावपि ऋतावेव सन्तानार्थमृतावपि । भजन्ति वशिनः कान्तां न तु पर्वदिनादिषु ।। रात्रिभक्तव्रतो रात्रौ स्त्रीसेवावर्तनादिह । निरुच्यतेऽन्यत्र रात्रौ चतुराहारवर्जनात् ।। (सा. ध. ७–१२ व ७, १४-१५)। ६. प्राच्यपञ्चक्रियानिष्ठः स्त्रीसंयोगविरक्तधीः । त्रिधा योऽह्नि श्रियेन्न स्त्रीं रात्रिभक्तव्रतः स तु ।। एतद्यु[दु]क्त्या किमायातं दिवा ब्रह्मव्रतं त्विति । रात्रौ भक्तव्रजनीसेवां(?)यः कुर्याद्रात्रिभक्तिकः ।। अन्ये चाहुर्दिवाब्रह्मचर्यं चानशनं निशि । पालयेत्स भवेत्षष्ठः श्रावको रात्रिभक्तिकः ।। (धर्मसं. श्रा. ८, २० से २२) । ७. रात्रिभक्तपरित्यागलक्षणा प्रतिमास्ति सा । विख्याता संख्यया षष्ठी सद्मस्थश्रावकोचिता ।। इतः पूर्वं कदाचिद् वा पयःपानादि स्यान्निशि । इतः परं परित्यागः सर्वथा पयसोऽपि तत् ।। यद्वा विद्यते नात्र गन्ध-माल्यादिलेपनम् । नापि रोगोपशान्त्यर्थं तैलाभ्यंगादिकर्म तत् ।। किञ्च रात्रौ यथा भुक्तं वर्जनीयं हि सर्वदा । दिवा योषिद्व्रतं चापि षष्ठस्थानं[ने]परित्यजेत् । (लाटीसं. ७, १८ से २१) ।

१ जो रात में अन्न, पान, खाद्य और लेह्य इस चार प्रकार के आहार को ग्रहण नहीं करता है वह रात्रिभुक्तिविरत—छठी प्रतिमा का धारक कहलाता है। ३ जो रात में स्त्री के सेवन का—रात में ही सेवन करूंगा, दिन में नहीं—व्रत करता है उसे रात्रिभक्तविरत कहते हैं। ५ पूर्व की पांच प्रतिमाओं का परिपालन करता हुआ जो दिन में मन, वचन व काय से स्त्री का सेवन नहीं करता है वह रात्रिभक्तव्रती होता है। इस प्रतिमा का धारक उसका सेवन रात में भी ऋतुमती अवस्था को

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

छोड़कर सन्तानप्राप्ति के निमित्त ही करता है तथा पर्व आदि के दिनों में उसका रात में भी परित्याग करता है। (चारित्रसार आदि ग्रन्थों के अनुसार रात में ही स्त्री का सेवन करूंगा ऐसे स्त्रीसेवाव्रत के कारण रात्रिभक्तव्रती कहा जाता है तथा रत्नकरण्डक आदि के अनुसार रात में चार प्रकार के आहार का परित्याग कर देने के कारण रात्रिभक्तव्रती कहा जाता है)।

रात्रिभुक्तिविरत—देखो रात्रिभक्तविरत।

राष्ट्र—पशु-धान्य-हिरण्यसम्पदा राजते शोभते इति राष्ट्रम्। (नीतिवा. १६–१, पृ. १६१)।

पशु, धान्य और सुवर्णरूप सम्पत्ति से सुशोभित होने के कारण देश को राष्ट्र कहा जाता है। यह उसका निरुक्त लक्षण है।

रिक्कू—देखो किष्कु। ×××वेहत्थेहिं हवे रिक्कू। (ति. प. १–११४)।

दो हाथों का एक रिक्कू (किष्कु) होता है।

रुजा—वात्त-पित्त-श्लेष्मणां वैषम्यजातकलेवरविपीडैव रुजा। (नि. सा. वृ. ६)।

वात, पित्त और कफ इनकी विषमता से जो शरीर में पीडा उत्पन्न होती है उसे रुजा (रोग) कहते हैं।

रुद्र—रौद्राणि कर्मजालानि शुक्लध्यानोग्रवह्निना। दग्धानि येन रुद्रेण तं तु रुद्रं नमाम्यहम्॥ (आप्तस्व. ३०)।

जिसने शुक्लध्यानरूप अग्नि के द्वारा रौद्र (भयानक) कर्मसमूहों को जला डाला है उसका नाम रुद्र है। यह जिनदेव का नामान्तर है।

रुधिर-अन्तराय—रुधिरं स्वान्यदेहाभ्यां वहतश्चतुरङ्गुलम्। उपलम्भोऽस्र-पूयादेः ××××॥ (अन. ध. ५–४५)।

अपने अथवा अन्य के शरीर से चार अंगुल प्रमाण रुधिर और पीव आदि के बहते हुए उपलब्ध होने पर रुधिर नामक भोजन का अन्तराय होता है।

रुधिरनामकर्म—एवं सेसवण्णाणं पि अत्थो वत्तव्वो (जस्स कम्मस्स उदएण सरीरपोग्गलाणं रुहिरवण्णो उप्पज्जदि तं रुहिरवण्णणामं)। (धव. पु. ६, पृ. ७४)।

जिस कर्म के उदय से शरीरगत पुद्गलों का वर्ण रुधिर जैसा (लाल) होता है उसे रुधिरवर्णनामकर्म कहते हैं।

रुष्टवन्दन—रुष्टं क्रोधाध्मातस्य गुरोर्वन्दनमात्मना वा क्रुद्धेन वन्दनम्। (योगशा. स्वो. विव. ३, १३०)।

क्रोध से सन्तप्त गुरु की वन्दना करने पर अथवा स्वयं क्रोध को प्राप्त होते हुए वन्दना करने पर रुष्ट नामक वन्दना का दोष होता है।

रूक्ष—१. रूक्षणाद् रूक्षः। (स. सि. ५–३३)। २. रूक्षणाद् रूक्षः। द्वितयनिमित्तवशाद् रूक्षणाद् रूक्ष इति व्यपदिश्यते। ××× स्निग्धत्वं चिक्कणत्वलक्षणः पर्यायः, तद्विपरीतः परिणामो रूक्षत्वम्। (त. वा. ५, ३३, २)। ३. बहिरभ्यन्तरकारणद्वयवशात् रूक्षपरिणामप्रादुर्भावात् रूक्षयति परुषो भवति रूक्षः, रूक्षणं वा रूक्षः। (त. वृत्ति श्रुत. ५–३३)।

२ बाह्य और अभ्यन्तर कारण के वश परुष पर्याय होती है, स्निग्धता स्वरूप चिक्कणता से विपरीत अवस्था या गुण को रूक्ष कहा जाता है।

रूक्षनामकर्म—एवं सेसफासाणं पि अत्थो वत्तव्वो (जस्स कम्मस्स उदएण सरीरपोग्गलाणं लुक्खभावो होदि तं लुक्खणामं)। (धव. पु. ६, पृ. ७५)।

जिसके उदय से शरीरगत पुद्गलों के रूखापन होता है उसे रूक्षनामकर्म कहते हैं।

रूपकथा—अन्ध्रीप्रभृतीनामन्यतमाया रूपस्य यत्प्रशंसादि सा रूपकथा। यथा—चन्द्रवक्त्रा सरोजाक्षी सद्गीः पीन-घनस्तनी। किं लाटी नो मता साऽस्य देवानामपि दुर्लभा॥ इति (स्थाना. अभय. वृ. २८२, पृ. २१०)।

आन्ध्र आदि विविध प्रान्तों में रहने वाली स्त्रियों में से किसी एक के रूप आदि की जो प्रशंसा की जाती है उसे रूपकथा कहा जाता है।

रूपकदोष—रूपकदोषो नाम स्वरूपावयवव्यत्ययो यथा पर्वते पर्वतरूपावयवानामनभिधानं समुद्रावयवानां चाभिधानमित्यादि। (आव. नि. मलय. वृ. ८८४, पृ. ४८४)।

स्वरूप के अवयवों में जो विपरीतता की जाती है उसका नाम रूपकदोष है। जैसे—पर्वत के वर्णन में उसके अवयवों का निरूपण न करके समुद्र के अवयवों का निरूपण न करना।

रूपगता—१. रूवगया तत्तिएहि चेव पदेहि २०६८६२०० सीह-हय-हरिणादिरूपायारेण परि-

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

णमणहेदुमंत-तंत-तवच्छरणाणि चित्त-कट्ठ-लेप्पलेण-कम्मादिलक्खणं च वण्णेदि। (धव. पु. १, पृ. ११३); रूपगतायां द्विकोटि-नवशतसहस्रैकान्नवति-सहस्र-द्विशतपदायां २०६८६२०० चेतनाचेतनद्रव्याणां रूपपरावर्त्तनहेतुविद्या-मंत्र-तंत्र-तपांसि नरेन्द्रवाद-चित्र-चित्राभासादयश्च निरूप्यन्ते। (धव. पु. ६, पृ. २१०)। २. रूपगया हरि-करि-तुरय-रुरु-णर-तरु-हरिण-वसह-सस-पसयादिसरूवेण परावत्तण-विहाणं णरिंदवायं च वण्णेदि। (जयध. १, पृ. १३६)। ३. रूपगतापि एतावत्- (द्विकोटि-नवलक्षैकोननवतिसहस्रशतद्वय-) परिमाणैव व्याघ्र-सिंह-हरिणादिरूपेण परिणमनकारणमंत्र-तंत्रादेश्चित्र-कर्मादिलक्षणस्य प्रतिपादिका। (श्रुतभ. टी. ६, पृ. १७४—पाठ स्खलित हुआ है)। ४. रूपगता सिंह-करि-तुरग-रुरु-नर-तरु-हरिण-शश-वृषभ - व्याघ्रादि-रूपपरावर्तनकारणमंत्र-तंत्र-तपश्चरणादीनि चित्र-काष्ठ लेप्योत्खननादिलक्षणं धातुवाद-रसवाद-खन्यवादादीनि च वर्णयति। (गो. जी. म. प्र. व जी. प्र. ३६२)। ५. सिंह-व्याघ्र-गज-तुरग-नर-सुरवरादिरूपविधायकमंत्र-तंत्राद्युपदेशिका पूर्वोक्त-(द्विशताधिकनवाशीतिसहस्र-नवलक्षाधिककोटिद्वय) पदप्रमाणा रूपगता चूलिका। (त. वृत्ति श्रुत. ६-२०)। ६. रूपगता पुण हरि-करि-तुरंग-रुरु-णर-तरु-मिय-वसहाणं। सस-वग्घादीणं पि य रूवपरावत्तहेदुस्स॥ तवचरण-मंत-तंत-यंतस्स परूवगा य वययसिला। चित्त-कट्ठलेव्वुवक्खणणादिसु लक्खणं कहदि॥ पारदपरियट्टणयं रसवायं धादुवायक्खणं च। या चूलिया कहेदि णाणाजीवाण सुहहेदू॥ (अंगप. ३, ६-८, पृ. ३०४)।

१ जिसमें सिंह, घोड़ा और हरिण आदि के रूप के धारण में कारणभूत मंत्र, तंत्र एवं तपश्चरण का तथा चित्रकर्म, काष्ठकर्म, लेप्यकर्म और लयनकर्म इनके लक्षण का वर्णन किया जाता है उसे रूपगता चूलिका कहते हैं।

रूपवर्जितध्यान—देखो रूपातीतध्यान।

रूपवशार्तमरण—निरुपहतपञ्चेन्द्रियसमग्रगात्रस्तेजस्वी प्रत्यग्रयौवनः सकलजनताचेतःसम्मदकररूप-इति भावयतो मृतिः रूपवशार्तमरणम्। (भ. आ. विजयो, २५, पृ. ८६)।

मैं अविनष्ट पांचो इन्द्रियों की परिपूर्णतायुक्त शरीर से सहित, तेजस्वी और नवीन यौवन से विभूषित हूं; इस प्रकार का मेरा रूप समस्त जनों के चित्त को प्रमुदित करने वाला है; इस प्रकार का चिन्तन करने वाले के मरण को रूपवशार्तमरण कहा जाता है।

रूपश्लेषलक्षणसम्बन्ध—कथंचित् सम्बन्धिनोरेकत्वापत्तिस्वभावस्य रूपश्लेषलक्षणसम्बन्धस्याभ्युपगमात्। (न्यायकु. ७, पृ. ३०७)।

कथंचित् सम्बन्धयुक्त दो पदार्थों के एकत्वापत्ति स्वभाव को रूपश्लेषलक्षणसम्बन्ध माना जाता है।

रूपसत्य—१. उक्कडदरो त्ति वण्णे रूवे सेग्रो जध बलाया॥ (मूला ५-११३)। २. यदर्थासन्निधानेऽपि रूपमात्रेणोच्यते तद्रूपसत्यम्। यथा चित्रपुरुषादिषु असत्यपि चैतन्योपयोगादावर्थे पुरुष इत्यादि। (त. वा. १, २०, १२, पृ. ७५; धव. पु. १, पृ. ११७; चा. सा. पृ. २६; कार्तिके. टी. ३६८)। ३. यदर्थासंन्निधानेऽपि रूपमात्रेण भाष्यते। तद्रूपसत्यं चित्रादिपुरुषादावचेतने॥ (ह. पु. १०-६६)। ४. रूपग्रहणमुपलक्षणं प्रवृत्तिनिमित्तानाम्, नीलमुत्पलं धवलो हि मृगलाञ्छन इत्येवमादिकं रूपसत्यम्। (भ. आ. विजयो. ११६३)। ५. रूप्यते दृश्यते प्रायो यत्तद्रूपं यदर्पणम्। रूपसत्यं वचः श्वेता बलाकेत्यादिकं यथा॥ (आचा. सा. ५-२६)। ६. वर्णेनोत्कटतरेति श्वेता बलाका। यद्यपि तत्रान्यानि रक्तादीनि सम्भवन्ति रूपाणि, तथापि श्वेतेन वर्णेनोत्कृष्टतरा बलाका, अन्येषामविवक्षितत्वादिति रूपसत्यं द्रव्यार्थिकनयापेक्षया वाच्यमिति। (मूला. वृ. ५-११३)। ७. रूपे सत्यं रूपसत्यं सितः शशधर इति, सतोऽपि चन्द्रस्य लाञ्छने कार्ष्ण्यस्याविवक्षितत्वात्। (अन. ध. स्वो. टी. ४-४७)। ८. रूपसत्यं नानारूपत्वेऽपि कस्यचिद्रूपस्य प्रकर्षमपेक्ष्य प्रयुज्यमानं वचनम्। (भ. आ. मूला. ११६३)। ६. चक्षुर्व्यवहारस्य प्रचुरत्वात् रूपादिपुद्गलगुणानां मध्ये रूपप्राधान्येन तदाश्रितं वचः रूपसत्यम्। (गो. जी. म. प्र. व जी. प्र. २२३)।

१ अनेक वर्णों में जो वर्ण प्रधान हो उसके आश्रय से बोले जाने वाले वचन को रूपसत्य कहा जाता है। जैसे—बलाका (एक विशेष जाति का बगुला) सफेद होती है, यह वचन। यद्यपि सफेद के अतिरिक्त उसके लाल आदि अन्य वर्ण भी होते हैं, परन्तु

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सफेद वर्ण की प्रधानता से उसे सफेद कहना रूप-सत्य माना जाता है।

रूपस्थध्यान–१. जारिसओ देहत्थो झाइज्जइ देह-बाहिरे तह य। अप्पा सुद्धसहावो तं रूवत्थं फुडं झाणं ॥ रूवत्थं पुण दुविहं सगयं तह परगयं च णायव्वं। तं परगयं भणिज्जइ झाइज्जइ जत्थ पंच-परमेट्ठी ॥ सगयं तं रूवत्थं झाइज्जइ जत्थ अप्पणो अप्पा। णियदेहस्स बहित्थो फुरंतरवितेयसंकासो ॥ (भावसं. दे. ६२३–२५)। २. प्रतिमायां समारोप्य स्वरूपं परमेष्ठिनः। ध्यायतः शुद्धचित्तस्य रूपस्थं ध्यानमिष्यते ॥ (अमित. श्रा. १५–५४)। ३. रूपस्थं सर्वचिद्रूपं ×××॥ (बृ. द्रव्यसं. टी. ४८ उद्.)। ४. आदित्यमहिमोपेतं सर्वज्ञं परमेश्वरम्। ध्यायेद्देवेन्द्र-चन्द्रार्कसभान्तस्थं स्वयम्भुवम् ॥ सर्वाति-शयसंपूर्णं सर्वलक्षणलक्षितम्। सर्वभूतहितं देवं शील-शैलेन्द्रशेखरम् ॥ सप्तधातुविनिर्मुक्तं मोक्षलक्ष्मी-कटाक्षितम्। अनन्तमहिमाधारं सयोगिपरमेश्वरम् ॥ अचिन्त्यचरितं चारुचरित्रैः समुपासितम्। विचित्र-नयनिर्णीतं विश्वं विश्वैकबान्धवम् ॥ निरुद्धकरण-ग्रामं निषिद्धविषयद्विषम्। ध्वस्तरागादिसन्तानं भवज्वलनबार्मुचम् ॥ दिव्यरूपधरं धीरं विशुद्धज्ञान-लोचनम्। अपि त्रिदशयोगीन्द्रैः कल्पनातीतवैभवम् ॥ स्याद्वाद-पविनिर्घातभिन्नान्यमतभूधरम्। ज्ञानामृत-पयःपूरैः पवित्रितजगत्त्रयम् ॥ इत्यादिगणनातीतगुण-रत्नमहार्णवम्। देवदेवं स्वयम्बुद्धं स्मराद्यं जिन-भास्करम् ॥ (ज्ञाना. २६, १–८, पृ. ४०६)। ५. आयासफलिहसंणिहतणुप्पहासलिलणिहिणिब्बु-डंत। णर-सुरतिरीडमणिकिरणसमूहरंजियपयंबु-रुहो ॥ वरअट्ठपाडिहारेहिं परिउडो समवसरणमज्झ-गओ। परमप्पाणंतचउट्ठयण्णिओ पवणमग्गट्ठो ॥ एरि-सओ च्चिय परिवारवज्जिओ खीरजलहिमज्झे वा। वरखीरवण्णकंदुत्थकण्णियामज्झदेसट्ठो ॥ खीरुवहि-सलिलधाराहिसेयधवलीकयंगसव्वंगो। जं झाइज्जइ एवं रुवत्थं जाण तं झाणं ॥ (वसु. श्रा. ४७२-७५)। ६. मोक्षश्रीसम्मुखीनस्य विध्वस्ताखिलकर्मणः। चतु-र्मुखस्य निःशेषभुवनाभयदायिनः ॥ इन्दुमण्डलसंका-शच्छत्रत्रितयशालिनः। लसद्भामण्डलाभोगविडम्बित-विवस्वतः ॥ दिव्यदुन्दुभिनिर्घोषगीतसाम्राज्यसम्पदः। रणद्विरेफझङ्कारमुखराशोकशोभिनः ॥ सिंहासन-निषण्णस्य वीज्यमानस्य चामरैः। सुरासुरशिरोरत्न-दीप्रपादनखद्युतेः ॥ दिव्य-पुष्पोत्करकीर्णसंकीर्ण-परिषद्भुवः। उत्कन्धरैर्मृगकुलैः पीयमानकलध्वनेः ॥ शान्तवैरेभ-सिंहादिसमुपासितसन्निधेः। प्रभोः समव-सरणस्थितस्य परमेष्ठिनः ॥ सर्वातिशययुक्तस्य केवलज्ञान-भास्वतः। अर्हतो रूपमालम्ब्य ध्यानं रूपस्थमुच्यते ॥ राग-द्वेष-महामोहविकारैरकलङ्कि-तम्। शान्तं कान्तं मनोहारि सर्वलक्षणलक्षितम्। तीर्थिकैरपरिज्ञातयोगमुद्रामनोरमम्। अक्षीणोरमन्द-मानन्दनिःस्यन्दं ददद्भुतम् ॥ जिनेन्द्रप्रतिमारूप-मपि निर्मलमानसः। निर्निमेषदृशा ध्यायन् रूपस्थध्या-नवान् भवेत् ॥ (योगशा. ६, १–१०)। ७. तव नामाक्षरं शुभ्रं प्रतिबिम्बं च योगिनः। ध्यायतो भिन्नमीशेदं ध्यानं रूपस्थमीडितम् ॥ शुद्धं शुभ्रं स्वतो भिन्नं प्रतिहार्यादिभूषितम्। देवं स्वदेहमर्हन्तं रूपस्थं ध्यान[य]तोऽथवा ॥ (ध्यानस्तव ३०–३१)। ८. आत्मा देहस्थितो यद्वच्चिन्त्यते देहतो बहिः। तद् रूपस्थं स्मृतं ध्यानं भव्य-राजीवभास्करैः। (भावसं. वाम. ६६३)।

१ जिस प्रकार शरीर में स्थित शुद्ध स्वभाव वाले आत्मा का ध्यान किया जाता है उसी प्रकार शरीर से बाहिर उसका जो ध्यान किया जाता है उसे रूपस्थध्यान कहा जाता है। वह स्वगत और परगत के भेद से दो प्रकार का है। पांच परमेष्ठियों के ध्यान का नाम परगत और शरीर से बाह्य अपने आत्मा के ध्यान का नाम स्वगत रूपस्थध्यान है। २ परमेष्ठी के स्वरूप को प्रतिमा में आरोपित करके जो उसका ध्यान किया जाता है, इसे रूपस्थ-ध्यान कहते हैं।

रूपातीतध्यान—देखो अरूप व गतरूप ध्यान। १. ××× रूपातीतं निरञ्जनम् ॥ (बृ. द्रव्यसं. टी. ४८ उद्.)। २. अथ रूपे स्थिरीभूतचित्तः प्रक्षीण-विभ्रमः। अमूर्तमजमव्यक्तं ध्यातुं प्रक्रमते ततः ॥ चिदानन्दमयं शुद्धममूर्तं परमाक्षरम्। स्मरेद्यत्रात्मना-त्मानं तद्रूपातीतमिष्यते ॥ (ज्ञाना. ४०, १५-१६, पृ. ४१६)। ३. वण्ण-रस-गंध-फासेहिं वज्जिओ णाण-दंसणसरूओ। जं झाइज्जइ एवं तं झाणं रूव-रहियं ति ॥ (वसु. श्रा. ४७६)। ४. अमूर्त्तस्य चिदानन्दरूपस्य परमात्मनः। निरञ्जनस्य सिद्धस्

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

ध्यानं स्याद् रूपवर्जितम् ॥ (योगशा. १०–१)। ५. रूपातीतं भवेत्तस्य यस्त्वां ध्यायति शुद्धधीः। आत्मस्थं देहतो भिन्नं देहमात्रं चिदात्मकम् ॥ संख्यातीतप्रदेशस्थं ज्ञान-दर्शनलक्षणम्। कर्तारं चानुभोक्तारममूर्तं च सदात्मकम् ॥ कथंचिन्नित्यमेकं च शुद्धं सक्रियमेव च। न रुष्यन्तं न तुष्यन्तमुदासीनस्वभावकम् ॥ कर्मलेपविनिर्मुक्तमूर्ध्वव्रज्यास्वभावकम्। स्वसंवेद्यं विभुं सिद्धं सर्वसंकल्पवर्जितम् ॥ परमात्मानमात्मानं ध्यायतो ध्यानमुत्तमम्। रूपातीतमिदं देव निश्चितं मोक्षकारणम् ॥ (ध्यानस्तव ३२–३६)। ६. ध्यानत्रयेऽत्र सालंबे कृताभ्यासः पुनः पुनः। रूपातीतं निरालम्बं ध्यातुं प्रक्रमते यतिः ॥ इन्द्रियाणि विलीयन्ते मनो यत्र लयं व्रजेत्। ध्यातृ-ध्येयविकल्पे[ल्पो]न तद् ध्यानं रूपवर्जितम् ॥ अमूर्तमजमव्यक्तं निर्विकल्पं चिदात्मकम्। स्मरेद्यत्रात्मनात्मानं रूपातीतं च तद्विदुः ॥ (भावसं. वाम. ६६४–६६)।

२ जिसका चित्त रूपस्थ ध्यान में भ्रान्ति से रहित होकर स्थिर हो चुका है वह जो फिर अमूर्त, अज (जन्म-मरणादि से रहित) अव्यक्त, चेतन, आनन्दरूप, शुद्ध, कर्म-मल से रहित और अविनश्वर आत्मा का आत्मा के द्वारा ध्यान करता है उसे रूपातीत-ध्यान कहा जाता है। अरूपध्यान व गतरूपध्यान इसके नामान्तर हैं।

रूपानुपात—१. स्वविग्रहदर्शनं रूपानुपातः। (स. सि. ७–३१)। २. **स्वविग्रहप्ररूपणं रूपानुपातः।** मम रूपं निरीक्ष्य व्यापारमचिरान्निष्पादयन्ति इति स्वविग्रहप्ररूपणं रूपानुपात इति निर्णीयते। (त. वा. ७, ३१, ४)। ३. रूपानुपातः अभिगृहीतदेशाद् बहिः प्रयोजनभावे शब्दमनुच्चारयत एव परेषां समीपानयनार्थं स्वशरीररूपदर्शनं रूपानुपातः। (आव. अ. ६, हरि. वृ. पृ. ८३५)। ४. स्वविग्रहप्ररूपणं रूपानुपातः। (त. श्लो. ७–३१) ५. मम रूपं निरीक्ष्य व्यापारमचिरान्निष्पादयन्तीति स्वांगदर्शनं रूपानुपातः। (चा. सा. पृ. ९)। ६. तथा रूपं स्वशरीरसम्बन्धि उत्पन्नप्रयोजनः शब्दमनुच्चारयन् आह्वानीयानां दृष्टावनुपातयति, तद्दर्शनाच्च ते तत्समीपमागच्छन्तीति रूपानुपातः। (योगशा. स्वो. विव. ३–११७)। ७. मर्यादीकृतदेशे स्थितस्य बहिर्देशे कर्म कुर्वतां कर्मकराणां स्वविग्रहप्रदर्शनं रूपाभिव्यक्तिः। (रत्नक. टी. ४–६)। ८. स्वशरीरदर्शनं रूपानुपातः। (त. वृत्ति श्रुत. ७–३१)। ९. दोषो रूपानुपाताख्यो व्रतस्यामुष्य विद्यते। स्वाङ्गाङ्गदर्शनं यद्वा समस्या चक्षुरादिना ॥ (लाटीसं. ६–१३२)।

२ मेरे शरीर को देखकर स्वीकृत क्षेत्र के बाहिर स्थित मनुष्य शीघ्र ही कार्य को कर देंगे, ऐसा सोचकर मर्यादीकृत क्षेत्र के भीतर स्थित रहते हुए उन्हें अपना रूप दिखलाना यह रूपानुपात नामक देशव्रत (देशावकाशिकव्रत) का एक अतिचार है। ३ मर्यादित क्षेत्र के बाहिर प्रयोजन के उपस्थित होने पर शब्द का उच्चारण न करते हुए ही दूसरों को समीप लाने के लिए अपने शरीर के रूप को दिखलाना, इसे रूपानुपात कहा जाता है।

रूपाभिव्यक्ति—देखो रूपानुपात।

रूपी—देखो अरूपी। १. गुणाविभागपडिच्छेदेहि समाणा जे णिद्ध-लुहुक्खगुणजुत्तपोग्गला ते रूविणो णाम। (धव. पु. १४, पृ. ३१–३२)। २. रूपं रूप-रसादिसंस्थानपरिणामलक्षणा मूर्तिर्विद्यते येषां ते रूपिणः। (त. वृत्ति श्रुत. ५–५)।

१ जो स्निग्ध और रूक्ष गुणयुक्त पुद्गल गुणों के अविभागप्रतिच्छेदों की अपेक्षा समान होते हैं वे रूपी कहलाते हैं। २ रूप-रसादि के संस्थान परिणाम स्वरूप मूर्ति जिनके विद्यमान होती है उन्हें रूपी कहा जाता है।

रेचक—१. निःसार्यतेऽतियत्नेन यत्कोष्ठाच्छ्वसनं शनैः। स रेचक इति प्राज्ञैः प्रणीतः पवनागमे ॥ (ज्ञाना. २९–६, पृ. २८५); यत् कोष्ठादतियत्नेन नासाब्रह्मपुरातनैः। बहिः प्रक्षेपणं वायोः स रेचक इति स्मृतः ॥ (ज्ञाना. २, २८६ उद्.)। २. यः कोष्ठादतियत्नेन नासाब्रह्मपुराननैः। बहिः प्रक्षेपणं वायोः स रेचक इति स्मृतः ॥ (योगशा. ५-६)। ३. निःसार्यते ततो यत्नान्नाभि-पद्मोदराच्छनैः। योगिना योगसामर्थ्याद्रेचकाख्यः प्रभञ्जनः ॥ (भावसं. वाम. ६९९)।

१ अतिशय प्रयत्नपूर्वक जो उदर से धीरे-धीरे वायु को निकाला जाता है, इसे रेचक प्राणायाम कहते हैं।

रोग—खय-कुट्ठ-जरादओ रोगो णाम। (धव. पु. १३, पृ. ३३६)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

क्षय, कोढ़ और ज्वर आदि का नाम रोग है।

रोगपरीषहजय—१. सर्वाशुचिनिधानमिदमनित्यमपरित्राणमिति शरीरे निःसङ्कल्पत्वाद्विगतसंस्कारस्य गुणरत्नभाण्डसञ्चयप्रवर्धन - संरक्षण-संधारणकारणत्वादभ्युपगतस्थितिविधानस्याक्षभ्रक्षणवद् व्रणानुलेपनवद् वा बहूपकारमाहारमभ्युपगच्छतो विरुद्धाहारपानसेवनवैषम्यजनितवातादिविकाररोगस्य युगपदनेकशतसंख्यव्याधिप्रकोपे सत्यपि तद्वशवर्तितां विजहतो जल्लौषधिप्राप्त्याद्यनेकतपोविशेषर्द्धियोगे सत्यपि शरीरनिःस्पृहत्वात्तत्प्रतिकारानपेक्षिणो रोगपरिषहसहनमवगन्तव्यम्। (स. सि. ९-९)। २. नानाव्याधिप्रतीकारानपेक्षत्वं रोगसहनम्। दुःखादिकारणमशुचिभाजनं जीर्णवस्त्रवत् परिहेयं पित्त-मारुत-कफसन्निपातनिमित्तानेकामयवेदनाभ्यर्दितमन्यदीयमिव विग्रहं मन्यमानस्य उपेक्षितृत्वाप्रच्युतेश्चिकित्साव्यावृत्तचेष्टस्य शरीरयात्राप्रसिद्धये व्रणालेपनवद्यथोक्तमाहारमाचरतो जल्लौषधिप्राप्त्याद्यनेकतपोविशेषर्द्धियोगे सत्यपि शरीरनिःस्पृहत्वात्प्रतीकारानपेक्षिणः पूर्वकृतपापकर्मणः फलमिदमनेनोपायेनानृणीभवामीति चिन्तयतो रोगसहनं सम्पद्यते। (त. वा. ९, ९, २१)। ३. रोगःज्वरातिसार-कास-श्वासादिः, तस्य प्रादुर्भावे सत्यपि न गच्छनिर्गतांश्चिकित्सायां प्रवर्तन्ते, गच्छवासिनस्त्वल्प-बहुत्वालोचनया सम्यक् सहन्ते, प्रवचनोक्तविधिना प्रतिक्रियामाचरन्तीति, एवमनुष्ठिता रोगपरीषहजयः कृतो भवति। (आव. सू. अ. ४, हरि. वृ. पृ. ६५७)। ४. नानाव्याधिप्रतीकारानपेक्षत्वं रोगसहनम्। (त. श्लो. ९-९)। ५. कंडू या गलगंडपांडुदवथुग्रन्थिज्वरश्लीपदश्लेष्मोदुंबरकुष्ठपवनश्वासादिरोगार्दितः। भिक्षुः क्षीणबलोऽपि भेषजसुहृन्मंत्रानपेक्षः क्षमी दुःकर्मारिविनिर्मिताऽऽर्तिविजयी स्याद् व्याधिबाधाजयः॥ (आचा. सा. ७-१०)। ६. तपोमहिम्ना सहसा चिकित्सितुं शक्तोऽपि रोगानतिदुस्सहानपि। दुरन्तपापान्तविधित्सया सुधीः स्वस्थोऽधिकुर्वीत सनत्कुमारवत्॥ (अन. ध. ७-१०४)। ७. स्वशरीरमन्यशरीरमिव मन्यमानस्य शरीरयात्राप्रसिद्धये व्रणलेपवदाहारमाचरतो जल्लौषधाद्यनेकतपोविशेषर्द्धियोगेऽपि शरीरनिःस्पृहत्वात् व्याधिप्रतीकारानपेक्षिणः [पूर्वकृतपापकर्मणः] फलमिदमनेनोपायेनानृणीभवामीति चिन्तयतो रोगसहनम्। (आरा. सा. टी. ४०)।

१ यह शरीर अपवित्रता का स्थान, अनित्य और रक्षा से रहित (अरक्षणीय) है। परन्तु वह सम्यक्त्वादि गुणों का पात्र (डिब्बा) है, अतः उनके संचय के बढ़ाने, रक्षण व धारण करने का कारण होने से उसको स्थिर रखने के लिए आहार की आवश्यकता इस प्रकार रहती है जिस प्रकार कि गाड़ी के पहिए की कील के लिए ओंगन अथवा घाव के लिए मलहम के लेपन की आवश्यकता रहती है। यह अवश्य है कि वह शास्त्रोक्त विधि के अनुसार प्राप्त होना चाहिए, यदि विरुद्ध आहार-पानादि के सेवन से रोगादि विकार हुए हैं तो उनके अधीन न होकर औषधिऋद्धि आदि के होते हुए भी उनसे प्रतीकार की अपेक्षा न कर रोगों को निराकुलतापूर्वक सहना, इसका नाम रोगपरीषहसहन या रोगपरीषहजय है। ३ ज्वर, अतिसार, कास और श्वास आदि रोगों के उत्पन्न होने पर भी गच्छ से निकल कर उनकी चिकित्सा में प्रवृत्त न होना, किन्तु गच्छ में रहते हुए हीनाधिकता के विचारपूर्वक उन्हें सहन करना तथा आगमोक्त विधि से उनका प्रतीकार करना, इसे रोगपरीषहजय कहा जाता है।

रोगपरीषहसहन—देखो रोगपरीषहजय।

रोगसहन—देखो रोगपरीषहजय।

रोचकसम्यक्त्व—१. रोयगसम्मत्तं पुण रुइमित्तकरं मुणेयव्वं॥ (श्रा. प्र. ४९)। २. तत्र श्रुतोक्ततत्त्वेषु हेतूदाहरणैर्विना। दृढा या प्रत्ययोत्पत्तिस्तद्रोचकमुदीरितम्॥ (त्रि. श. पु. च. १, ३, ६०९)। १ जो सम्यक्त्व जिनप्ररूपित तत्त्वों पर रुचि मात्र को उत्पन्न करने वाला है उसे रोचकसम्यक्त्व कहते हैं।

रोधनअन्तराय—××× रोधनं तु स्यान्मा भुङ्क्ष्वेति निषेधनम्॥ (अन. ध. ५-४४)। 'मत खाओ' इस प्रकार धरणक (धरना देने वाला) आदि के द्वारा रोकने पर रोधन नाम का अन्तराय होता है।

रोष—क्रोधनस्य पुंसस्तीव्रपरिणामो रोषः। (नि. सा. वृ. ६)। क्रोधी पुरुष की तीव्र परिणति का नाम रोष है।

रौद्र—१. तेणिक्क-मोस-सारक्खणेसु तह चेव छव्विहारंभे। रुद्दं कसायसहियं झाणं भणियं समासेण॥

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

भ. आ. १७०३)। २. रुद्रः, क्रूराशयः, तस्य कर्म तत्र भवं वा रौद्रम्। (स. सि. ६–२८)। ३. रुद्रः क्रूरः, तत्कर्म रौद्रम्। रोदयतीति रुद्रः, क्रूर इत्यर्थः। तस्येदं कर्म, तत्र भवं वा रौद्रमित्युच्यते। (त. वा. ६, २८, २)। ४. उत्सन्न-वधादिलक्षणं रौद्रम्। (आव. सू. अ. ४, हरि. वृ. पृ. ५८२)। ५. हिंसाद्यतिक्रौर्यानुगतं रौद्रम्। (ध्यानश. हरि. वृ. ५; स्थाना. अभय. वृ. २४७)। ६. रुद्रः क्रूराशयः प्राणी रौद्रं तत्र भवं ततः। (ह. पु. ५६–१६)। ७. प्राणिनां रोदनाद्रुद्रः क्रूरः सत्त्वेषु निर्घृणः। पुमांस्तत्र भवं रौद्रं विद्धि ध्यानं चतुर्विधम्॥ (म. पु. २१–४२)। ८. रुद्रः क्रुद्धः, तत्कर्म रौद्रं तत्र भवं वा। (त. श्लो. ६–२८)। ६. हिंसायामनृते स्तेये तथा विषयरक्षणे। रौद्रं कषायसंयुक्तं ध्यानमुक्तं समासतः॥ (त. सा. ७–३७)। १०. कषायक्रूराशयत्वाद्धिसाऽसत्य-स्तेय-विषयसंरक्षणानंदरूपं रौद्रम्। (पंचा. का. अमृत. वृ. १४०)। ११. हिंसाणंदेण जुदो असच्चवयणेण परिणदो जो हु। तत्थेव थिरचित्तो रुद्दं ज्झाणं हवे तस्स॥ परविसयहरणसीलो सगीयविसये सुरक्खणे दक्खो। तग्गयचिंताविट्ठो णिरंतरं तं पि रुद्दं पि॥ (कार्तिके. ४७५-७६)। १२. बंधण-डहण-वियारण-मारणचिंता रउद्दमि॥ (ज्ञा. सा. ११)। १३. रुद्राशयभवं भीममपि रौद्रं चतुर्विधम्। कीर्त्यमानं विदन्त्वार्याः सर्वसत्त्वाभयप्रदाः॥ रुद्रः क्रूराशयः प्राणी प्रणीतस्तत्त्वदर्शिभिः। रुद्रस्य कर्म भावो वा रौद्रमित्यभिधीयते॥ (ज्ञाना. २६, १–२, पृ. २६२)। १४. रौद्रं हिंसानृत-चौर्यधनसंरक्षणाभिसन्धानलक्षणम्। (समवा. अभय. वृ. ४)। १५. रोदयत्यपरानिति रुद्रो दुःखहेतुः, तेन कृतं तस्य वा कर्म रौद्रम्॥ (योगशा. स्वो. विव. ३–७३)। १६. चौर-जार-शात्रवजनवध-बन्धननिबद्धमहद्द्वेषजनितरौद्रध्यानम्। (नि. सा. वृ. ८६)। १७. रोदयते प्राणिन इति रुद्रो हिंस्रो रुद्रे भवं रौद्रम्॥ (भ. आ. मूला. १७०३)। १८. पुंसां यदुत्पत्तिनिमित्तभूता रोषादयो रौद्रतमाः कषायाः। रौद्रस्य दुःखस्य च रौरवादेर्यत्कारणं तत्किल रौद्रमाहुः॥ (आत्मप्र. ६२)। १६. रुद्रः क्रूराशयः प्राणी, तत्कर्म रौद्रम्। (भावप्रा. टी. ७८)।

१ चोरी, प्राणिहिंसा, असत्य और विषयसंरक्षण (अथवा धनसंरक्षण) तथा छह प्रकार के आरम्भ के सम्बन्ध में जो कषायसहित ध्यान होता है उसे रौद्रध्यान कहते हैं। ४ निरन्तर प्राणिवधादिविषयक जो चिन्तन होता है उसे रौद्रध्यान कहा जाता है।

लक्षण— १. परस्परव्यतिकरे सति येनान्यत्वं लक्ष्यते तल्लक्षणम्। बन्धपरिणामानुविधानात् परस्परप्रदेशानुप्रवेशाद् व्यतिकीर्णस्वभावत्वेऽपि सत्यन्यत्वप्रतिपत्तिकारणं लक्षणमिति समाख्यायते। (त. वा. २, ८, २)। २. जस्साभावे दव्वस्साभावो होदि तं तस्स लक्खणं। (धव. पु. ७, पृ. ६६)। ३. उद्दिष्टस्य स्वरूपव्यवस्थापको धर्मः लक्षणम्। (न्यायकु. ३, पृ. २१)। ४. लक्ष्यते अनेनेति तल्लक्षणम्। (न्यायवि. विव. १–३, पृ. ८५)। ५. उद्दिष्टस्यासाधारणस्वरूपनिरूपणं लक्षणम्। (लघीय. अभय. वृ. १–३, पृ. ६)। ६. व्यतिकीर्णवस्तुव्यावृत्तिहेतुर्लक्षणम्। (न्यायदी. पृ. ५–६)।

१ परस्पर में मिलित होने पर भी जिसके द्वारा विवक्षित वस्तु की भिन्नता का बोध होता है उसे लक्षण कहते हैं। जैसे— बन्ध परिणाम के अनुसरण व प्रदेशों के परस्पर अनुप्रवेश से एकरूपता के होने पर भी जीव और पुद्गल की भिन्नता का बोध क्रम से उपयोग और रूप-रसादि के द्वारा होता है, अतः क्रम से ये उन दोनों के लक्षण हैं। २ जिसके अभाव में द्रव्य (वस्तु) का अभाव हो सकता है उसे उसका लक्षण जानना चाहिए। जैसे— उपयोग के अभाव में जीव का और रूप-रसादि के अभाव में पुद्गल का अभाव हो सकता है, अतः जीव का लक्षण उपयोग और पुद्गल का लक्षण रूप-रसादि (मूर्तिकत्व) है।

लक्षणनिमित्त— १. कर-चरणतलप्पहुदिसु पंकय-कुलिसादियाणि दट्ठूणं। जं तियकालसुहाइं लक्खइ तं लक्खणणिमित्तं॥ (ति. प. ४–१०१०)। २. श्रीवृक्ष-स्वस्तिक-भृङ्गार-कलशादिलक्षणवीक्षणात् त्रैकालिकस्थानमानैश्वर्यादिविशेषज्ञानं लक्षणम्। (त. वा. ३, ३६, ३, पृ. २०२)। ३. पाणि-पादतल-वक्षःस्थलादिषु श्रीवृक्ष-स्वस्तिक-भृंगारक-कलश-कुलिशादिलक्षणवीक्षणात्, त्रैकालिकस्थानमानैश्वर्यादिविशेषणं लक्षणम्। (चा. सा. पृ. ६४–६५)। ४. यल्लक्षणं (नन्दिकावर्त-पद्म-चक्रादिकं) दृष्ट्वा पुरुषस्यान्यस्य वा शुभाशुभं ज्ञायते तल्लक्षणनिमित्तं नाम।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(मूला. वृ. ६–३०)।

१ हाथ व पांव के तल आदि में कमल एवं वज्र आदि चिह्नों को देख कर जिस ऋद्धि के प्रभाव से तीनों काल सम्बन्धी सुखादि को जान लिया जाता है उसका नाम लक्षणनिमित्त ऋद्धि है।

लक्षणमहानिमित्त --- सोत्थिय-णंदावत्त - सिरीवच्छ-संख-चक्कंकुस चंद-सूर - रयणायरादिलक्खणाणि उर-ललाट-हत्थ-पादतलादिसु जहाकमेण अट्ठुत्तरसद-चउसट्ठि-बत्तीसं दट्ठूण तित्थयर-चक्कवट्टि-बलदेव-वासुदेवत्तावगमो लक्खणं णाम महाणिमित्तं। (धव. पु. ६, पृ. ७३)।

स्वस्तिक, नन्दावर्त, श्रीवृक्ष, शंख, चक्र, अंकुश, चन्द्र, सूर्य और रत्नाकर आदि चिह्नों को उर (वक्षस्थल), मस्तक एवं हाथ व पांव के तल आदि में एक सौ आठ, चौंसठ और बत्तीस संख्या में देखकर क्रम से तीर्थंकर, चक्रवर्ती तथा बलदेव और वासुदेव पद का जान लेना; इसका नाम लक्षणमहानिमित्त है।

लक्षणसंवत्सर—लक्षणेन यथावस्थितेनोपेतः संवत्सरो लक्षणसंवत्सरः। (सूर्यप्र. मलय. वृ. १०, २०, ५४, पृ. १५४)।

जो संवत्सर यथावस्थित लक्षण से युक्त होता है वह लक्षणसंवत्सर कहलाता है। संवत्सर के नक्षत्र-संवत्सरादि पांच भेदों में यह चौथा है।

लगण्डशायी—१ लग[गं]डसाई संकुचितकरणस्य शयनम्। (भ. आ. मूला. २२५)। २. लग [गं]-डसाई संकुचितगात्रस्य शयनम्। (भ. आ. मूला. २२५)।

१ वक्र लकड़ी का नाम लगण्ड है, जो लगण्ड के समान शरीर को संकुचित करके सोता है उसे लगण्डशायी कहते हैं।

लघिमा—देखो लघुत्व। १. ××× अणिलाउ लहुतरो लहिमा। (ति. प. ४–१०२७)। २. वायोरपि लघुतरशरीरता लघिमा। (त. वा. ३, ३६, ३; चा. सा. पृ. ६७)। ३. मेरुपमाणसरीरेण मक्कडतंतुहि परिसक्कणणिमित्तसत्ती लघिमा णाम। (धव. पु. ६, पृ. ७५)। ४. लघिमा यल्लघुत्वाद्वायुवद् विचरति। (न्यायकु. ४, पृ. ११०)। ५. लघिमा यल्लघुत्वाद्वायुवत्सर्वत्र संचरति। (प्रा. योगिभ. टी. ६, पृ. १६६)। ६. लघुशरीरविधानं लघिमा। (त. वृत्ति श्रुत. ३–३३)।

१ जिस ऋद्धि के प्रभाव से वायु की अपेक्षा भी अतिशय लघु शरीर किया जा सकता है उसका नाम लघिमा है। ३ जिस शक्ति के निमित्त से मेरु के बराबर शरीर से मकड़ी के तन्तुओं पर से जाया जा सकता है उसे लघिमा ऋद्धि कहते हैं।

लघुकर्मा—लघु अल्पं कर्म सद्धर्मद्वेषनिमित्तं मिथ्यात्वं यस्य सोऽयं लघुकर्मा। (सा. ध. स्वो. टी. १–६)।

जिसके समीचीन धर्म से द्वेष का कारणभूत मिथ्यात्वादि कर्म का तीव्र उदय नहीं होता उसे लघुकर्मा कहा जाता है।

लघुगति—अलाबुद्रुतार्कतूलादीनां लघुगतिः। (त. वा. ५, २४, २६)।

तूंबड़ी व वेगयुक्त आक की रुई आदि की गति को लघुगति—शीघ्रतायुक्त—गति कहा जाता है।

लघुत्व—देखो लघिमा। लघुत्वं वायोरपि लघुतरशरीरता। (योगशा. स्वो. विव. १–८)।

शरीर का वायु से भी हलका होना, इसका नाम लघुत्व ऋद्धि है।

लघुनामकर्म—एवं सेसफासाणं पि अत्थो वत्तव्वो (जस्स कम्मस्स उदएण सरीरपोग्गलाणं लहुअभावो होदि तं लहुअणामं)। (धव. पु. ६, पृ. ७५)।

जिस कर्म के उदय से शरीरगत पुद्गलों में लघुता होती है उसे लघुनामकर्म कहते हैं।

लतादोष—१. तथा लता इवांगानि चालयन् यः तिष्ठति कायोत्सर्गेण तस्य लतादोषः। (मूला. वृ. ७–१७१)। २. खरवातप्रकम्पिताया लताया इव कम्पनं लतादोषः। (योगशा. स्वो. विव. ३–१३०)। ३. ××× मरुद्धूतलतावच्चलतो लता॥ (अन. ध. ८–११२)।

१ जो लता के समान शरीर के अवयवों को चलाता हुआ कायोत्सर्ग से स्थित होता है उसके लता नामक कायोत्सर्ग का दोष होता है।

लब्धि—१. लम्भनं लब्धिः। का पुनरसौ? ज्ञानावरणक्षयोपशमविशेषः। (स. सि. २–१८); तपोविशेषाद्धिप्राप्तिर्लब्धिः। (स. सि. २–४७)। २. इन्द्रियनिर्वृत्तिहेतुः क्षयोपशमविशेषो लब्धिः। यत्सन्निधानादात्मा द्रव्येन्द्रियनिर्वृत्तिं प्रति व्याप्रियते स ज्ञानावरणक्षयोपशमविशेषो लब्धिरिति विज्ञायते। (त. वा. २, १८, १); तपोविशेषर्द्धिप्राप्तिर्लब्धिः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

तपोविशेषात् ऋद्धिप्राप्तिर्लब्धिरित्युच्यते । (त. वा. २, ४७, २) । ३. अर्थग्रहणशक्तिः लब्धिः । (लघीय. स्वो. वि. ५; लघीय. अभय. वृ. ५) । ४. इन्द्रियनिर्वृत्तिहेतुः क्षयोपशमविशेषो लब्धिः । (धव. पु. १, पृ. २३६; त. श्लो. २–१८); इंदियावरणखओवसमो लद्धी । (धव. पु. ७, पृ. ४३६); सम्मद्दंसण-णाण-चरणेसु जीवस्स समागमो लद्धी णाम । (धव. पु. ८, पृ. ८६) । ५. तपोतिशयर्द्धिर्लब्धिः । (त. श्लो. २–४७) । ६. तत्रार्थग्रहणशक्तिर्लब्धिः । (प्रमाणप. पृ. ६१) । ७. सा लब्धिर्बोधिरोधस्य यः क्षयोपशमो भवेत् ॥ (त. सा. २–४४) । ८. तत्रावरणक्षयोपशमप्राप्तिरूपार्थग्रहणशक्तिर्लब्धिः । (प्र. क. मा. २–५, पृ. २२९; न्यायकु. ५, पृ. १६४)। ९. मदिआवरणखओवसमुत्थविशुद्धी हु ×××। (गो. जी. १६५) । १०. लम्भनं लब्धिः, ज्ञानावरणकर्मक्षयोपशमविशेषः । यत्सन्निधानादात्मा द्रव्येन्द्रियनिर्वृत्तिं प्रति व्याप्रियते सा लब्धिः । (मूला. वृ. १–१६) । ११. मतिज्ञानावरण-वीर्यान्तरायक्षयोपशमोत्था तत्क्षयोपशमाज्जाता आत्मनो विशुद्धिः अर्थग्रहणशक्तिः लब्धिः, योग्यतेत्यपरनामधेया । (गो. जी. म. प्र. १६५)। १२. मतिज्ञानावरणक्षयोपशमोत्था विशुद्धिर्जीवस्यार्थग्रहणशक्तिलक्षणा लब्धिः । (गो. जी. जी. प्र. १६५) । १३. लम्भनं लब्धिः, ज्ञानावरणक्षयोपशमे सति आत्मनः अर्थग्रहणे शक्तिः । (त. वृत्ति श्रुत. २–१८); तपोविशेषात् संजाता ऋद्धिप्राप्तिर्लब्धिरुच्यते । (त. वृत्ति श्रुत. २, ४७) ।

१ ज्ञानावरण कर्म के विशेष क्षयोपशम का नाम लब्धि है । विशिष्ट तप के आश्रय से जो ऋद्धि की प्राप्ति होती है उसे भी लब्धि कहा जाता है । ३ पदार्थ के जानने की शक्ति को लब्धि कहते हैं । ४ सम्यग्दर्शन, ज्ञान और चारित्र के विषय में जो जीव का समागम होता है उसे लब्धि कहते हैं ।

लब्धिसंवेगसम्पन्नता — सम्मद्दंसण-णाण-चरणेसु जीवस्स समागमो लद्धी णाम, हरिसो संतोसो संवेगो णाम, लद्धीए संवेगो लद्धिसंवेगो, तस्स संपण्णदा संपत्ती लद्धिसंवेगसंपण्णदा । ××× लद्धिसंवेगो णाम तिरयणदोहलओ । (धव. पु. ८, पृ. ८६) ।

सम्यग्दर्शन, ज्ञान और चारित्र की प्राप्ति रूप लब्धि के विषय में जो हर्ष होता है उससे सम्पन्न होना; इसका नाम लब्धिसंवेगसम्पन्नता है । यह तीर्थंकर प्रकृति के बन्धक सोलह कारणों में छठा है ।

लब्धिस्थान—सव्वाणि चेव चरित्तट्ठाणानि लद्धिट्ठाणानि । (कसायपा. पृ. ६७२) ।

समस्त चारित्रस्थानों को लब्धिस्थान कहते हैं ।

लब्ध्यपर्याप्तक—१. उस्सासट्ठारसमे भागे जो मरदि ण य समाणेदि । एक्को वि य पज्जत्ती लद्धिअपुण्णो हवे सो दु ॥ (कार्तिके. १३७) । २. उदये दु अपुण्णस्स य सग-सगपज्जत्तियं ण णिट्ठवदि । अंतोमुहुत्तमरणं लद्धिअपज्जत्तगो सो दु ॥ (गो. जी. १२२) । ३. अपूर्णस्य अपर्याप्तिनामकर्मणः उदये सति, तु पुनः, जीवः स्वक-स्वकपर्याप्तीर्न निष्ठापयति, स एव लब्ध्यपर्याप्तकः ××× तस्य जीवस्य अन्तर्मुहूर्त एव उच्छ्वासाष्टादशभागमात्रे एव मरणं भवति । (गो. जी. म. प्र. १२२) । ४. लब्ध्या स्वस्य पर्याप्तिनिष्ठापनयोग्यतया अपर्याप्ता अनिष्पन्ना लब्ध्यपर्याप्ताः । (गो. जी. जी. प्र. १२२) ।

१ जो जीव उच्छ्वास के अठारहवें भागमें मर जाता है और एक भी पर्याप्ति को पूर्ण नहीं कर पाता है उसे लब्ध्यपर्याप्तक कहा जाता है ।

लम्बितदोष—लम्बितं नमनं मूर्ध्नः ××× । (अन. ध. ८–११५) ।

कायोत्सर्ग के समय शिर को नमाना, यह एक कायोत्सर्ग का दोष (८वां) है ।

लम्बोत्तरदोष—१. तथा लम्बमानो नाभेरूर्ध्वभागो भवति वा कायोत्सर्गस्थस्योन्नमनमधोनमनं वा च भवति तस्य लम्बोत्तरदोषो भवति । (मूला. वसु. वृ. ७–१७१) । २. नाभेरुपर्याजानु चोलपट्टकं निबध्य स्थानं लम्बोत्तरदोषः । (योगशा. स्वो. विव. ३–१३०) ।

१ कायोत्सर्ग में स्थित साधु का यदि नाभि का ऊर्ध्वभाग लम्बायमान रहता है अथवा उन्नमन या अधोनमन होता है तो उसके कायोत्सर्गविषयक यह एक लम्बोत्तर नामक दोष होगा । २ नाभि के ऊपर घुटने तक चोलपट्टक को बांधकर स्थित होना, यह कायोत्सर्ग का एक लम्बोत्तर नाम का दोष है ।

लयनकर्म—देखो लेणकर्म ।

लव—१. ××× सत्तत्थोवा लवित्ति णादव्वो । (ति. प. ४–२८७) । २. स्तोकैर्लवः सप्तभिरेव

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

चैकः ×××। (वरांगच. २७-४)। ३. सप्त स्तोकाः लवः। (त. वा. ३, ३८, ८; कार्तिके. टी. २२०)। ४. ××× सत्त थोवाणि से लवे। (ध्यान-श. हरि. वृ. ३ उद्.)। ५. सत्त थोवे घेत्तूण एगो लवो हवदि। ××× उत्तं च—××× सत्तत्थो-वा लवो एक्को॥ (धव. पु. ३, पृ. ६५); सत्तहि त्थोवेहिं लवो णाम कालो होदि। (धव. पु. ४, पृ. ३१८); सत्तहि खणेहि एगो लवो होदि। (धव. पु. १३, पृ. २९९)। ६. ××× सप्तस्तोका भवेल्लवः। (ह. पु. ७-२०)। ७. सत्तहिं थोवएहिं लवु भणियउं। (म. पु. पुष्प. २-५, पृ. २२)। ८. ××× सत्तथोएहिं होइ लओ इक्को। (भावसं. ३१३)। ९. ××× सत्तत्थोवा लवो भणियो। (गो. जी. ५७४; जं. दी. प. १३-५)।

१ सात स्तोकों का एक लव होता है।

लवणोद—लवणरसाम्बुयोगाल्लवणोदः। लवणरसे-नाम्बुना योगात्समुद्रो लवणोद इति संज्ञायते। (त. वा. ३, ७, २)।

नमक के समान रस वाले जल के सम्बन्ध से समुद्र का लवणोद यह नाम प्रसिद्ध है।

जिसे अकेला सहन न कर सके ऐसे दुरुत्तर दुर्भिक्ष, जंगल, पूर्व शत्रु के भय, दुष्ट राजा के भय, चोर के भय अथवा तिर्यंचकृत उपद्रव के उपस्थित होने पर या ब्रह्मव्रत के नाश आदि चरित्र सम्बन्धी दूषण के होने पर संवेग को प्राप्त हुआ पापभीरु साधु कर्मों के उदय को उपस्थित जानकर उसके सहन करने में असमर्थ होता हुआ उससे निस्तार का कोई उपाय न होने पर पापाचरण करने से भयभीत होता है व चारित्र की विराधना करना नहीं चाहता। तब वह विचार करता है कि ऐसे कारण के उपस्थित होने पर इस काल में क्या कल्याण हो सकता है? यदि मैं उपसर्ग से पीड़ित होकर संयम से भ्रष्ट हो जाऊंगा तो दर्शन से भी भ्रष्ट हो जाने पर संक्लेश से रहित होकर उसे सहन न कर सकूंगा। तब वैसी अवस्था में मैं रत्न-त्रय के आराधन से भ्रष्ट हो जाऊंगा। उक्त प्रकार के विचार से वह निश्चल होता हुआ दर्शन और चारित्र से शुद्ध रहकर अरहन्त के पास में आलोचना करके निर्मल परिणामों से अन्न-पान का निरोध करता है। इस अवस्था में उसका जो मरण होता है उसे विप्पाणसमरण कहा जाता है।

विप्रौषधि—देखो विडौषधि ऋद्धि। मूत्रस्य पुरी-षस्य वा अवयवो विट् उच्यते, अन्येत्वाहुः विडिति

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

विष्ठा, प्रु इति प्रश्रवणम्, ते औषधिर्यस्यासौ विप्रौषधिः। (आव. नि. मलय. वृ. ६६, पृ. ७८)।

मूत्र और मल के अवयव को विट् कहा जाता है, अन्य आचार्य 'विट्' शब्द से मल को ग्रहण करते हैं, प्रु का अर्थ प्रश्रवण (मूत्र) है, जिसके मल और मूत्र दोनों ही औषधिरूप हो जाते है वह विडौषधि या विप्रौषधि ऋद्धि का धारक होता है।

विभक्तिभिन्न—विभक्ति[वि]भिन्नं च यत्र विभक्तिव्यत्ययः, यथैष वृक्ष इति वक्तव्ये एष वृक्षमित्याह। (आव. नि. मलय. वृ. ८८२, पृ. ४८३)।

जहां विभक्ति का परिवर्तन होता है उसे विभक्तिभिन्न कहा जाता है। जैसे 'एष वृक्षः' इस प्रकार के प्रयोग के स्थान में 'एष वृक्षम्' ऐसा प्रयोग करना। यहां प्रथमा विभक्ति के स्थान में द्वितीया विभक्ति का उपयोग किया गया है। विभक्तिभिन्न यह ३२ सूत्रदोषों में १५वां सूत्रदोष है।

विभङ्गज्ञान—१. विवरीय ओहिणाणं खओवसमियं च कम्मबीजं च। वेभंगो त्ति य वुच्चइ समत्तणाणीहि समयम्हि॥ (प्रा. पंचसं. १–१२०; धव. पु. १, पृ. ३५६ उद्.; गो. जी. ३०५)। २. मिथ्यात्वसमवेतमवधिज्ञानं विभङ्गज्ञानम्। (धव. पु. १, पृ. ३५८)। ३. मिथ्यादर्शनोदयसहचारितमवधिज्ञानमेव विभङ्गज्ञानम्। (पंचा. का. अमृत. वृ. ४१)। ४. पर्याप्तस्यावधिज्ञानं मिथ्यात्व-विषदूषितम्। विभङ्गं भण्यते सद्भिः क्षयोपशमसंभवम्॥ (अमित. श्रा. १–२३२)। ५. विपरीतो भंगःपरिच्छित्तिप्रकारो यस्य तद्विभङ्गम्, तच्च तत् ज्ञानं च विभङ्गज्ञानम्। (प्रज्ञापना. मलय. वृ. ३१२)।

१ क्षयोपशमिक व कर्मागम के निमित्तभूत विपरीत अवधिज्ञान को विभंगज्ञान कहा जाता है। २ जो अवधिज्ञान मिथ्यात्व के साथ रहता है उसे विभंगज्ञान कहते हैं। ५ जिस अवधिज्ञान के जानने का प्रकार विपरीत होता है वह विभंग कहलाता है। यह उसका निरुक्त लक्षण है।

विभावगुणव्यञ्जनपर्याय— विभावगुणव्यञ्जनपर्याया मत्यादयः। (आलाप. पृ. २१२)।

जीव के जो मति-श्रुतादि ज्ञान हैं वे विभावगुणव्यञ्जनपर्यायरूप हैं।

विभावद्रव्यव्यञ्जनपर्याय—विभावद्रव्यव्यञ्जनपर्याया नर-नारकादिकाः। (आलापप. पृ. २१२)।

जीव की जो नर-नारक आदि अवस्थायें होती हैं उन्हें विभावद्रव्यव्यञ्जनपर्याय कहा जाता है।

विभावपर्याय—१. णर-णारय-तिरिय-सुरा पज्जाया ते विभावमिदि भणिदा। (नि. सा. १५)। २. विभावपर्यायाश्चतुर्विधा नर-नारकादिपर्याया अथवा चतुरशीतिलक्षाश्च। (आलापप. पृ. २१२)।

१ मनुष्य, नारक, तिर्यञ्च और देव ये विभावपर्याय हैं।

विभाषा—सुत्तेण सूचिदत्थस्स विसेसिऊण भासा विभासा, विवरणं ति वुत्तं होइ। (जयध.—कसायपा. पृ. ३४ टि.)।

सूत्र के द्वारा सूचित अर्थ की विशेष रूप से व्याख्या करने को विभाषा कहते हैं।

विभ्यद्दोष—१. भयतो विभ्यतो गुर्वादिभ्यो विभ्यतो भयं प्राप्नुवतः परमार्थात्परस्य बालस्वरूपस्य वंदनाभिधानं विभ्यद्दोषः। (मूला. वृ. ७, १०७)। २. विभ्यत् संघात् कुलात् गच्छात् क्षेत्राद्वा निष्कासयिष्येऽहमिति भयाद् वन्दनम्। (योगशा. स्वो. विव. ३–१३०)। ३. ××× विभ्यत्ता बिभ्यतो गुरोः॥ (अन. ध. ८–१०२); बिभ्यत्ता नाम दोषः स्यात्। या किम्? या क्रिया। कस्य? विभ्यतः पुंसः। कस्मात्? गुरोराचार्यात्। बिभ्यतः कर्म बिभ्यत्ता, बिभ्यद्दोष इत्यर्थः। (स्वो. टी. पृ. ६१२)।

१ गुरु आदि के भय से भयभीत साधु परमार्थ से परे बालस्वरूप अन्य मुनि की जो वन्दना करता है उसके विभ्यत् नाम का वन्दनादोष होता है। २ यदि वन्दना न करूंगा तो संघ, कुल गच्छ अथवा क्षेत्र से निकाल दिया जाऊंगा; इस भय से वन्दना करने पर विभ्यत्वन्दन नामक वन्दनादोष का पात्र होता है।

विभ्रम—विभ्रमोऽनेकान्तात्मकवस्तुनो नित्य-क्षणिकैकान्तादिरूपेण ग्रहणम्। (बृ. द्रव्यसं. टी. ४२)।

अनेकान्तात्मक वस्तु को सर्वथा नित्य या सर्वथा क्षणिक रूप में जो ग्रहण किया जाता है, यह विभ्रम का लक्षण है।

विभ्रमविक्षेपकिलिकिञ्चितादिवियुक्तत्व— विभ्रमो वक्तुर्भ्रान्तमनस्कता, विक्षेपो वक्तुरेवाभिधेयार्थं प्रत्यनासक्तता, किलिकिञ्चितं रोष-भय-लोभा-

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

दिभावानां युगपदसकृत्करणम्, आदिशब्दान्मनोदोषान्तरपरिग्रहः; तैर्वियुक्तं यत्तत्तथा, तद्भावस्तत्त्वम्। (रायप. मलय. वृ. ४, पृ. २८)।

विभ्रम, विक्षेप और किलिकिञ्चित इन दोषों से रहित होना; यह एक (२९वां) सत्य वचन का अतिशयविशेष है। वक्ता के मन में जो भ्रान्ति रहा करती है उसका नाम भ्रम तथा उसी की अभिधेय अर्थ के प्रति जो अनासक्ति होती है उसका नाम विक्षेप है। क्रोध, भय और लोभ आदि भावों का एक साथ निरन्तर करना; इसे किलिकिञ्चित कहा जाता है। आदि शब्द से और भी मनोदोषों का ग्रहण होता है।

विमर्श—विमर्शनं विमर्शः अपायात्पूर्व ईहाया उत्तरः प्रायः शिरःकण्डूयनादयः पुरुषधर्मा अत्र घटन्ते इति सम्प्रत्ययः। (आव. नि. मलय. वृ. १२, पृ. ३८)।

अपाय (अवाय) के पूर्व और ईहा के पश्चात् शिरःकण्डूयन आदि पुरुषधर्म यहां घटित होते हैं, इस प्रकार के विचार का नाम विमर्श है। यह आभिनिबोधिक ज्ञान के पर्यायनामों के अन्तर्गत है।

विमल—१. विगतमलो विमलः, विमलानि वा ज्ञानादीन्यस्येति विमलः, तथा गर्भस्थे मातुर्मतिस्तनुश्च विमला जातेति विमलः। (योगशा. स्वो. विव. ३-१२४)। २. विमलो विनष्टो मलो द्रव्यरूपो मूलोत्तरकर्मप्रकृतिप्रपंचो यस्य। (रत्नक. टी. १-७)।

१ जो मल से रहित हो चुका है अथवा जिसके ज्ञान आदि विमल (निर्दोष) हैं तथा जिसके गर्भ में स्थित होने पर माता की बुद्धि व शरीर विमल (निर्मल) हो गया था; उसका नाम विमल है। यह तेरहवें तीर्थंकर का एक सार्थक नाम है। २ जिसका मल—द्रव्यरूप मूल व उत्तर कर्मप्रकृतियों का विस्तार—विनष्ट हो चुका है उसे विमल कहा जाता है। यह आप्त (अरहन्त) का एक नामान्तर है।

विमाता—मादा णाम सरिसत्तं, विगदा मादा विमादा। (धव. पु. १४, पृ. ३०)।

माता का नाम सदृशता है, जो सदृशता से रहित हो उसे विमाता कहा जाता है। विसदृश स्निग्ध व रूक्ष परमाणुओं में जो सादिविस्रसाबन्ध होता है उसके प्रसंग में यह लक्षण किया गया है।

विमान—१. विशेषेणात्मस्थान् सुकृतिनो मानयन्तीति विमानानि। (स. सि. ४-१६; त. वा. ४, १६, १)। २. स्वांस्तु कृतिनो विशेषेण मानयन्तीति विमानानि। (त. श्लो. ४-१६)। ३. वलहि-कूडसमण्णिदा पासादा विमाणाणि णाम। (धव. पु. १४, पृ. ४९५)। ४. विशेषेण सुकृतिनो मानयन्ति विमानानि। (त. भा. सिद्ध. वृ. ४-१७)।

१ अपने में स्थित जीव विशेष रूप से पुण्यवान् माने जाते हैं अतः सौधर्मादि कल्पों को विमान कहा जाता है। ३ जो प्रासाद छज्जों और कूटों से संयुक्त होते हैं उनका नाम विमान है।

विमानप्रस्तार—सग्गलोअसेडिबद्ध-पइण्णया विमाणपत्थडाणि णाम। (धव. पु. १४, पृ. ४९५)।

स्वर्गलोक में जो श्रेणिबद्ध और प्रकीर्णक विमान हैं उनका नाम विमानप्रस्तार है।

विमोचितावास—१. परकीयेषु च विमोचितेष्वावासः (विमोचितावासः)। (स. सि. ७-६)। २. निःस्वामित्वेन संत्यक्ताः गृहा सन्त्युद्वसाह्वयाः। प्राग्वदत्रापि वसति न कुर्यात्कुर्याद्वा तथा।। (लाटी-सं. ६-४०)।

१ दूसरों के द्वारा छोड़े गये घरों में रहना, इसे विमोचितावास कहा जाता है। २ दूसरों के द्वारा छोड़े गये घरों में 'हे देव! प्रसन्न हो, मैं यहां पांच दिन रहता हूं' इस प्रकार की प्रार्थनापूर्वक रहना, अन्यथा न रहना; इसका नाम विमोचितावास है। यह अचौर्यव्रत की पांच भावनाओं के अन्तर्गत है।

विमोह—१. विमोहः परस्परसापेक्षनयद्वयेन द्रव्यगुण-पर्यायादिपरिज्ञानाभावो विमोहः। तत्र दृष्टान्तः—गच्छत्तृणस्पर्शवद् दिग्मोहवद् वा। (बृ. द्रव्यसं. टी. ४३)। २. विमोहः शाक्यादिप्रोक्ते वस्तुनि निश्चयस्वरूपम्। (नि. सा. वृ. ५१)।

१ परस्पर सापेक्ष दोनों नयों के आश्रय से द्रव्य, गुण और पर्याय आदि का ज्ञान न होना; इसका नाम विमोह है। २ बुद्ध आदि के द्वारा प्ररूपित वस्तु में जो निश्चयस्वरूप ज्ञान होता है, यह विमोह का लक्षण है।

विरताविरत—देखो संयतासंयत। १. जो तसवहाउ विरदो अविरदओ तह य थावरवहादो। एक्कसमयम्हि जीवो विरदाविरदो जिणेक्कमई॥ (गो. ३१; भावसं. ३५१)। २. विरताविरतस्तु स्यात्

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

प्रत्याख्यानोदये सति। (योगशा. स्वो. विव. १, १६, पृ. १११)। ३. तद्यथा यो निवृत्तः स्याद् यावत्त्रसबधादिह। न निवृत्तस्तथा पंचस्थावरहिंसया गृही॥ विरताविरताख्यः स स्यादेकस्मिन्ननेहसि। लक्षणात् त्रसहिंसायास्त्यागेऽणुव्रतधारकः॥ (लाटीसं. ५, १२५-२६)।

१ जो एक हो समय में त्रसहिंसा से विरत और स्थावरहिंसा से अविरत रहता है, पर जिनदेव के ऊपर श्रद्धा रखता है वह विरताविरत श्रावक कहलाता है। २ प्रत्याख्यान कषाय का उदय होने पर जीव विरताविरत होता है—वह स्थूल हिंसादि पापों से तो विरत होता है, पर गृह कार्यों में रत होने से सूक्ष्महिंसादि पापों का त्याग नहीं कर पाता।

विरति—१. विरमणं विरतिः। चारित्रमोहोपशम-क्षय-क्षयोपशमनिमित्तोपशमकादिचारित्राविर्भावात् विरमणं विरतिः। (त. वा. ७, १, २)। २. समईहि विणा महव्वयाणुव्वया विरई। (धव. पु. १४, पृ. १२)।

१ चारित्रमोह के उपशम, क्षय और क्षयोपशम के निमित्त से जो औपशमिक आदि (क्षायिक व क्षायोपशमिक) चारित्र का आविर्भाव होता है उसे विरति कहते हैं। २ समितियों के बिना महाव्रतों और अणुव्रतों को विरति कहा जाता है।

विरह—अन्तरमुच्छेदो विरहो परिणामंतरगमणं णत्थित्तगमणं अण्णभावव्ववहाणमिदि एयट्ठो। (धव. पु. ५, पृ. ३)।

अन्तर, उच्छेद, विरह, परिणामान्तर गमन, नास्तित्वगमन और अन्य भाव व्यवधान ये सब समानार्थक हैं।

विराग—१. रागकारणभावात् विषयेभ्यो विरञ्जनं विरागः। चारित्रमोहोदयाभावे तस्योपशमात् क्षयात् क्षयोपशमाद् वा शब्दादिभ्यो विरंजनं विराग इति व्यवसीयते। (त. वा. ७, १२, ४)। २. रागकारणाभावाद् विषयेभ्यो विरंजनं विरागः। (त. श्लो. ७-१२)। ३. विरागः-विगतो रागो भावकर्म यस्य। (रत्नक. टी. १-७)।

१ राग के कारणों के अभाव में जो विषयों से विरक्ति होती है उसका नाम विराग है।

विरागता—विरागता लोभनिग्रहः। (आव. हरि. वृ. अ. ४, पृ. ६६०)।

लोभ के निग्रह कर देने का नाम विरागता है।

विरागविचय—१. शरीरमशुचिभोगा [गाः] किंपाकफलपाकिनः। विरागबुद्धिरित्यादि विरागविचयं स्मृतम्। (ह. पु. ५६-४६)। २. विरागविचयं शरीरमिदमनित्यमपरित्राणं विनश्वरस्वभावमशुचिदोषाधिष्ठितं सप्तधातुमयं बहुमलपूर्णमनवरतनिस्यंदितस्रोतोबिलमतिबीभत्समाधेयमशौचमपि पूतिगन्धिसम्यग्ज्ञानिजनवैराग्यहेतुभूतं नास्त्यत्र किंचित्कमनीयमिन्द्रियसुखानि प्रमुखरसिकानि क्रियावसानविरसानि किंपाकपाकविपाकानि पराधीनान्यस्थानप्रचुरभंगुराणि यावद्यावदेषां रामणीयकं तावत्तावद्भोगिनां तृष्णाप्रसंगोऽनवस्थो यथाऽग्नेरिन्धनैर्जलनिधेः सरित्सहस्रेण न तृप्तिस्तथा लोकस्याप्येतैर्न तृप्तिरुपशान्तिश्चैहिकामुत्रिकविनिपातहेतवस्तानि देहिनः सुखानीति मन्यन्ते महादुःखकारणान्यनात्मीयत्वादिष्टान्यप्यनिष्टानीति वैराग्यकारणविशेषानुचिन्तनं षष्ठं धर्म्यम्॥ (चा. सा. पृ. ७७-७८)।

१ शरीर अपवित्र और भोग किंपाकफल के समान विषैले हैं; इस प्रकार विषयों की ओर से जो विरक्ति का विचार होता है उसे विरागविचय धर्मध्यान कहा जाता है। यह धर्मध्यान के दस भेदों में छठा है।

विराधक—जो रयणत्तयमइओ मुत्तूणं अप्पणो विसुद्धप्पा। चिंतेइ य परदव्वं विराहओ णिच्छयं भणिओ॥ (आरा. सा. २०)।

जो रत्नत्रयस्वरूप अपनी विशुद्ध आत्मा को छोड़कर पर द्रव्य का विचार करता है उसे विराधक कहा गया है।

विरुद्धराज्यातिक्रम—देखो द्विट्राज्यलंघन। १. उचितन्यायादन्येन प्रकारेणादानं ग्रहणमतिक्रमः, विरुद्धं राज्यं विरुद्धराज्यम् विरुद्धराज्येऽतिक्रमः विरुद्धराज्यातिक्रमः। (स. सि. ७-२७)। २. उचितादन्यथा दानग्रहणमतिक्रमः। उचितान्न्यायादन्येन प्रकारेण दानग्रहणमतिक्रम इत्युच्यते। विरुद्धं राज्यं विरुद्धराज्यम्, विरुद्धराज्ये अतिक्रमः विरुद्धराज्यातिक्रमः। तत्राल्पमूल्यलभ्यानि महार्घाणि द्रव्याणीति प्रयत्नः। (त. वा. ७, २७, ३)। ३. विरुद्धं राज्यं विरुद्धराज्यम्, उचितन्यायादन्येन प्रकारेणादानं

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

ग्रहणमतिक्रमः, तस्मिन् विरुद्धराज्ये योऽसावतिक्रमः स विरुद्धराज्यातिक्रमः। (चा. सा. पृ. ६)। ४. विलोपश्च उचितन्यायादनपेतप्रकारेणार्थस्यादानम्, विरुद्धराज्यातिक्रम इत्यर्थः, विरुद्धराज्ये ह्यल्पमूल्यानि महार्घ्याणि द्रव्याणीति। (रत्नक. टी. ३-१२)। ५. विरुद्धं विनष्टं विगृहीतं वा, राज्यं राज्ञः पृथ्वीपालनोचितं कर्म, विरुद्धराज्यं छत्रभङ्गः पराभियोगो वेत्यर्थः। तत्रातिक्रम उचितन्यायादन्येनैव प्रकारेणार्थस्य दानग्रहणं। विरुद्धराज्येऽल्पमूल्यलभ्यानि महार्घ्याणि द्रव्याणि इति प्रयततः। अथवा विरुद्धयोरर्थाद्राज्ञो राज्यं नियमिता भूमिः कटकं वा विरुद्धराज्यं, तत्र षष्ठी-सप्तम्योऽर्थं प्रति भेदाभावात्। तस्यातिक्रमो व्यवस्थालङ्घनम्। व्यवस्था च परस्परविरुद्धराजकत्वे एव। तल्लंघनं चान्यतरराज्यनिवासिन इतरराज्ये प्रवेशः इतरराज्यनिवासिनो वा अन्यतरराज्ये प्रवेशः। विरुद्धराज्यातिक्रमस्य च यद्यपि स्वस्वामिनोऽननुज्ञातस्यादत्तादानलक्षणयोगेन तत्कारिणा च चौर्यदण्डयोगेन चौर्यरूपत्वाद् व्रतभंग एव, तथापि विरुद्धराज्यातिक्रमं कुर्वता यया वाणिज्यमेव कृतं न चौर्यमिति भावनया व्रतसापेक्षत्वाल्लोके च चोरोऽयमिति व्यपदेशाभावादतिचारता स्यात्। (सा. ध. स्वो. टी. ४-५०)। ६. राज्ञआज्ञाधिकरणं यदविरुद्धं कर्म तत् राज्यमुच्यते। उचितमूल्यादनुचितदानम् अनुचितं ग्रहणं च अतिक्रम उच्यते। विरुद्धराज्ये अतिक्रमः विरुद्धराज्यातिक्रमः। यस्मात् कारणात् राज्ञा घोषणा अन्यथा दापिता दानमादानं च अन्यथा करोति स विरुद्धराज्यातिक्रमः। (त. वृत्ति श्रुत. ७-२७)। ७. राज्ञाज्ञापितमात्मेत्थं युक्तं वाऽयुक्तमेव तत्। क्रियते न यदा स स्याद्विरुद्धराज्यातिक्रमः। (लाटीसं. ६-५२)।

१ उचित न्याय—शासकीय विधान को—छोड़कर अन्य प्रकार से वस्तु का ग्रहण करना, इसका नाम अतिक्रम है, विरुद्ध राज्य में किए गये इस अतिक्रम को विरुद्धराज्यातिक्रम कहा जाता है। अभिप्राय यह है कि विभिन्न राज्यों में आवश्यकतानुसार कर (टैक्स) आदि के नियम निर्धारित किए जाते हैं। उनका उल्लंघन करके जहां अभीष्ट वस्तु अल्प मूल्य में सुलभ हो सकती है उसे वहां से मंगाना तथा जहां से उसका मूल्य अधिक मिल सकता है वहां उसको भेजना, यह अचौर्याणुव्रत को मलिन करने वाला उसका एक अतिचार है। २ उचित न्याय को छोड़कर अन्य प्रकार से वस्तु का देना या ग्रहण करना, इसका नाम अतिक्रम है। विरुद्ध राज्य में जो उक्त प्रकार से अतिक्रम किया जाता है उसे विरुद्धराज्यातिक्रम कहते हैं।

विरुद्ध हेत्वाभास—१. साध्याभावासम्भवनियमनिर्णयैकलक्षणो विरुद्धो हेत्वाभासः। (प्रमाणसं. स्वो. विव. ४०)। २. अन्यथैवोपपत्त्या विरुद्धः। (सिद्धिवि. स्वो. विव. ६-३२, पृ. ४३०)। ३. विपरीतनिश्चिताविनाभावो विरुद्धः, अपरिणामी शब्दः कृतकत्वात्। (परीक्षा. ६-२६)। ४. साध्यस्वरूपाद्विपरीतेन प्रत्यनीकेन निश्चितोऽविनाभावो यस्यासौ विरुद्धः। (प्र. क. मा. ६-२६)। ५. साध्यार्थभावनिश्चितो विरुद्धो हेत्वाभासः। (प्रमाणनि. पृ. ५८)। ६. अन्य अन्यथैव साध्याभावप्रकारेणैव साध्यान्तर एव उपपत्त्या विरुद्धः। (सिद्धिवि. वृ. ६-३२, पृ. ४३०)। ७. साध्यविपरीतव्याप्तो विरुद्धः। (न्यायदी. पृ. १०५)।

३ जिस हेतु का अविनाभाव साध्य से विपरीत के साथ निश्चित है उसे विरुद्ध हेत्वाभास कहते हैं। जैसे—शब्द अपरिणामी है, क्योंकि वह कृतक है। यहां कृतक का अविनाभाव अपरिणामी से विपरीत परिणामी के साथ है।

विलेपन—घुट्ठ-पिट्ठचंदण-कुंकुमादिदव्वं विलेवणं णाम। (धव. पु. ६, पृ. २७३)।

घिसे गये अथवा पीसे गये चन्दन व कुंकुम आदि द्रव्यों को विलेपन कहा जाता है।

विलोप—देखो विरुद्धराज्यातिक्रम।

विवाह—१. कन्यादानं विवाहः। स. सि. ७, २८)। २. सद्वेद्यचारित्रमोहोदयाद्विवहनं विवाहः। सद्वेद्यस्य चारित्रमोहस्य चोदयाद्विवहनं कन्यावरणं विवाह इत्याख्यायते। (त. वा. ७, २८, १)। ३. सद्वेद्यचारित्रमोहोदयाद्विवहनं विवाहः। (त. श्लो. ७-२८)। ४. युक्तितो वरणविधानमग्नि-देव-द्विजसाक्षिकं च पाणिग्रहणं विवाहः। (नीतिवा. ३१-३, पृ. ३७३)। ५. कन्यादानं विवाहः। (रत्नक. टी. ३-१४)। ६. अग्नि-देवतादिसाक्षिकं पाणिग्रहणं विवाहः। ××× शुद्धकलत्रलाभफलो विवाहः। (योगशा. स्वो. विव. १-४७, पृ. १४७)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

७. कन्यादानं विवाहः । (त. वृत्ति श्रुत. ७–२८) । १ कन्या का देना, इसका नाम विवाह है। २ साता वेदनीय और चारित्रमोह के उदय से जो कन्या का वरण किया जाता है उसे विवाह कहते हैं। ४ युक्ति से जो वरण का विधान है तथा अग्निदेव और ब्राह्मण की साक्षी में जो कन्या के हाथ को ग्रहण किया जाता है उसे विवाह कहा जाता है।

विविक्त—१. स्त्री-पसु-संढयादीहि जंभाणजंभेय-विग्घकारणेहि वज्जियगिरि-गुहा-कंदर-पब्भार-सुसाण-सुण्णहरारामुज्जाणाओ पदेसा विवित्तं णाम । (धव. पु. १३, पृ. ५८) । २. विविक्तः शरीर-कर्मादिभिरसंस्पृष्टः । (समाधि. टी. ६) ।

१ ध्यान-ध्येय में बाधक स्त्री, पशु व नपुंसक आदि कारणों से रहित पर्वत की गुफा, कन्दरा, प्राग्भार, श्मशान, जनशून्य गृह व उद्यान आदि स्थान विविक्त माने जाते हैं। २ जो शरीर और कर्म आदि से स्पृष्ट नहीं है—उनसे रहित हो चुका है—उसे विविक्त कहा जाता है। यह आप्त का एक नामान्तर है।

विविक्तशय्यासन तप—देखो विविक्त । १. तेरिक्खिय माणुस्सिय सविगारिथि [णि] देवि-गेहसंसत्ते । वज्जेंति अप्पमत्ता णिलए सयणासणट्ठाणे ।। (मूला. ५–१६०) । २. जत्थ ण सोत्तिग अत्थि दु सद्द-रस-रूव-गंधफासेहिं । सज्झाय-जंभाणवाघादो वा वसधी विवित्ता सा ।। वियडाए अवियडाए समविसमाए बहिं च अंतो वा । इत्थि-णउंसय-पसुवज्जिदाए सीदाए उसिणाए ।। उग्गम-उप्पादण-एसणाविसुद्धाए अकिरियाए दु । वसदि असंसत्ताए णिप्पाहुडियाए सेज्जाए ।। सुण्ण घर-गिरिगुहारुक्खमूल-आगंतुगारदेवकुले । अकदप्पब्भाराराम-घरादीणि य विचित्ताइं ।। (भ. आ. २२८–३१) । ३. शून्यागारादिषु विविक्तेषु जन्तुपीडाविरहितेषु संयतस्य शय्यासनमाबाधात्यय-ब्रह्मचर्य-स्वाध्याय-ध्यानादिप्रसिद्ध्यर्थं कर्त्तव्यमिति पञ्चमं तपः । (स. सि. ९–१९) । ४. आबाधात्यय-ब्रह्मचर्य-स्वाध्याय-ध्यानादिप्रसिद्ध्यर्थं विविक्तशय्यासनम् । शून्यागारादिषु विविक्तेषु जन्तुपीडाविरहितेषु संयतस्य शय्यासनं वेदितव्यम् । तत् किमर्थम् ? आबाधात्यय-ब्रह्मचर्य-स्वाध्याय-ध्यानादिसिद्ध्यर्थम् । (त. वा. ९,१९, १२) । ५. तत्थ (विविक्ते ठाणे) सयणासणाभिग्गहो विवित्तसयणासणं णाम तवो होदि । किमट्ठमेसो कीरदे ? असब्भजणदंसणेण तस्सहवासेण जणिदतिकालविसयराग-दोसपरिहरणट्ठं । (धव. पु. १३, पृ. ५८–५९) । ६. आबाधात्यय-ब्रह्मचर्य-स्वाध्याय-ध्यानादिप्रसिद्ध्यर्थं विविक्तशय्यासनम् । (त. श्लो. ९–१९) । ७. चित्तव्याकुलतापराजयो विविक्तशयनासनम् । (भ. आ. विजयो. ६) । ८. जन्तुपीडाविमुक्तायां वसतौ शयनासनम् । सेवमानस्य विज्ञेयं विविक्तशयनासनम् ।। (त. सा. ७–१४) । ९. जो राय-दोसहेदू आसण-सिज्जादियं परिच्चयइ । अप्पा णिव्विसय सया तस्स तवो पंचमो परमो ।। पूजादिसु णिरवेक्खो संसार-सरीर-भोग-णिव्विण्णो । अब्भंतरतवकुसलो उवसमसीलो महासंतो ।। जो णिविसेदि मसाणे वण-गहणे णिज्जणे महाभीमे । अण्णत्थ वि एयंते तस्स वि एदं तवं होदि ।। (कार्तिके. ४४७–४९) । १०. ध्यानाध्ययनविघ्नकर - स्त्री-पशु-षण्ढकादिपरिवर्जितगिरि-गुहा-कन्दर-पितृवन-शून्यागाराऽऽरामोद्यानादिप्रदेशेषु विविक्तेषु जन्तुपीडारहितेषु संवृतेषु संयतस्य शयनासनं विविक्तशय्यासनं नाम । तत्किमर्थम् ? आबाधात्यय-ब्रह्मचर्य-स्वाध्याय-ध्यानादिप्रसिद्ध्यर्थमसभ्यजनदर्शनेन तत्सहवासेन वा जनितत्रिकालविषयराग-द्वेष-मोहापोहार्थं वा । (चा. सा. पृ. ६०) । ११. विविक्तेऽध्ययन-ध्यानबाधकोत्करवर्जिते ।। शयनं चाऽऽसनं यत्तद्विविक्तशयनासनम् ।। तरुकोटर-शून्यागाराऽऽरामोर्वीधरादयः । विविक्ताः कामिनी-षण्ढ-पशुक्षुद्रांगिवर्जिताः ।. (आचा. सा. ६, १५–१६) । १२. विजन्तुविहिताबलाद्यऽविषये मनोविक्रिया, निमित्तरहिते रतिं ददति शून्यसद्मादिके । स्मृतं शयनमासनाद्यथ विविक्तशय्यासनं । तपोतिहतिवर्णिताश्रुतसमाधिसंसिद्धये ।। असभ्यजनसंवासदर्शनोत्थैर्न मथ्यते । मोहानुराग-विद्वेषैर्विविक्तवसतिं श्रितः ।। (अन. ध. ७, ३०–३१) । १३. विविक्तेषु जन्तु-स्त्री-पशु-नपुंसकरहितेषु स्थानेषु शून्यागारादिषु आसनम् उपवेशनं शय्या निद्रा स्थानम् अवस्थानं वा विविक्तशय्यासनम् । (भावप्रा. टी. ७८) । १४. विविक्तेषु शून्येषु गृह-गुहा-गिरि-कन्दरादिषु प्राणिपीडारहितेषु शय्यासनं विविक्तशय्यासनम् । (त. वृत्ति श्रुत. ९–१९) ।

१ तिर्यंचनी, मनुष्यिणी, विकारयुक्त देवी और

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

गृहस्थ इनके संसर्ग से सहित स्थान को प्रयत्नपूर्वक छोड़कर निर्बाध स्थान में शय्या व आसन लगाना, इसका नाम विविक्तशय्यासन तप है। ३ ब्रह्मचर्य के परिपालन और स्वाध्याय व ध्यानादि की सिद्धि के लिए जन्तुपीडा से रहित निर्जन सूने घर आदि में शयन करना व बैठना, यह विविक्तशय्यासन तप कहलाता है।

विवृतयोनि—विवृतः प्रकटपुद्गलप्रचयप्रदेशः। (मूला. वृ. १२-५८)।

जन्म की आधारभूत जिस योनि के पुद्गलप्रदेशों का समूह प्रगट रहता है उसे विवृतयोनि कहते हैं।

विवेक—१. संसक्तान्न-पानोपकरणादिविभजनं विवेकः। (स. सि. ९-२२; त. श्लो. ९-२२; मूला. वृ. १२-१६; प्रायश्चि. चू. ७-२१)। २. संसक्तान्न-पानोपकरणादिविभजनं विवेकः। संसक्तानामन्न-पानोपकरणादीनां विभजनं विवेक इत्युच्यते। (त. वा. ९, २२, ५)। ३. विवेकः अनेषणीयस्य भक्तादेः कथञ्चित् गृहीतस्य परित्यागः। (आव. नि. हरि. वृ. १४१८, पृ. ७६४)। ४. गण-गच्छ-दव्व-खेत्तादिहिंतो ओसारणं विवेगो णाम पायच्छित्तं। (धव. पु. १३, पृ. ६०)। ५. येन यत्र वा अशुभोपयोगोऽभूत्तन्निराक्रिया, ततो परासनं विवेकः। (भ. आ. विजयो. ६); एवमतिचारनिमित्तद्रव्य-क्षेत्रादिकान्मनसा अपगतिस्तत्र अनादृतिर्विवेकः। (भ. आ. विजयो. ६)। ६. अन्न-पानौषधीनां तु विवेकः स्याद्विवेचनम्। (त. सा. ७-२५)। ७. संसक्तेषु द्रव्य-क्षेत्रान्न-पानोपकरणादिषु दोषान्निवर्तयितुमलभमानस्य तद्द्रव्यादिविभजनं विवेकः। अथवा शक्त्यननुगूहनेन प्रयत्नेन परिहरतः कुतश्चित्कारणादप्रासुकग्रहण-ग्राहणयोः प्रासुकस्यापि प्रत्याख्यातस्य विस्मरणात्प्रतिग्रहे च स्मृत्वा पुनस्तदुत्सर्जनं विवेकः। (चा. सा. पृ. ६२)। ८. परिहर्तुमशक्तस्य दोषं द्रव्यादिसंश्रयम्। तद्द्रव्यादिपरित्यागो विवेकः कथितोऽथवा॥ अप्रासुकस्य सेवायां त्यक्तस्य प्रासुकस्य च। प्रमादेन पुनः स्मृत्वा स तदा तद्विसर्जनम्॥ (आचा. सा. ६, ४२-४३)। ९. विवेकः अशुद्धातिरिक्तभक्त-पान-वस्त्र-शरीरतन्मलादित्यागः। (स्थानां. अभय. वृ. २५१)। १०. देहादात्मन आत्मनो वा सर्वसंयोगानां विवेचनं बुद्ध्या पृथक्करणं विवेकः। (औपपा. २०, पृ. ४४)। ११. धन-धान्य-हिरण्यादिसर्वस्व-त्यागलक्षणो विवेकः। (योगशा. स्वो. विव. १, १३); विवेको हेयोपादेयज्ञानम्। (योगशा. स्वो. विव. ३-१६); विवेकः संसक्तान्नपानोपकरण-शय्यादिविषयस्त्यागः। (योगशा. स्वो. विव. ४, ९०)। १२. विवेकः परित्यागः, यत् प्रायश्चित्तं विवेक एव कृते शुद्धिमासादयति नान्यथा, यथाधाकर्मणि गृहीते तत् विवेकार्हत्वात् विवेकः। (व्यव. भा. मलय. वृ. पी. १-५३, पृ. २०)। १३. विवेकः स्वजन-सुवर्णादित्यागः। (आव. नि. मलय. वृ. ८७२, पृ. ४८०)। १४. संसक्तेऽन्नादिके दोषान्निवर्तयितुमप्रभोः। यत्तद्विभजनं साधोः स विवेकः सतां मतः॥ विस्मृत्य ग्रहणेऽप्रासोर्ग्रहणे वाऽपरस्य वा। प्रत्याख्यातस्य संस्मृत्य विवेको वा विसर्जनम्॥ (अन. ध. ७, ४९-५०)। १५. शुद्धस्याप्यशुद्धत्वेन यत्र संदेह-विपर्ययौ भवतः, अशुद्धस्य शुद्धत्वेन निश्चयो वा यत्र प्रत्याख्यातं यत्तद्वस्तु भाजने मुखे वा प्राप्तं यस्मिन् वस्तुनि गृहीते कषायादिकमुत्पद्यते तस्य सर्वस्य त्यागो विवेकः। (भावप्रा. टी. ७८)। १६. यद्वस्तु नियमितं भवति तद्वस्तु चेन्निजभाजने पतति मुखमध्ये वा समायाति यस्मिन् वस्तुनि गृहीते वा कषायादिकम् उत्पद्यते तस्य सर्वस्य वस्तुनः क्रियते तद्विवेकनाम प्रायश्चित्तम्। (कार्तिके. टी. ४५१)।

१ सम्बद्ध अन्न-पान व उपकरण आदि के विभाग को विवेक प्रायश्चित कहा जाता है। ३ अनेषणीय (अयोग्य या सदोष) भोजन आदि के किसी प्रकार से ग्रहण किये जाने पर उसका परित्याग करना, इसका नाम विवेक है। ४ गण, गच्छ, द्रव्य और क्षेत्र आदि से पृथक करना; यह विवेक प्रायश्चित्त का लक्षण है। ५ जिसके द्वारा या जिसके विषय में अशुभ उपयोग हुआ है उसका निराकरण करना व उससे अलग होने को विवेक कहा जाता है। १०. शरीर से आत्मा का अथवा आत्मा से सब संयोगों का बुद्धि से विचार कर उन्हें पृथक् करना, इसे विवेक कहते हैं।

विवेकप्रतिमा—विवेचनं विवेकः त्यागः, स चान्तराणां कषायादीनां बाह्यानां गण-शरीर-भक्तपानादीनामनुचितानां तत्प्रतिपत्तिर्विवेकप्रतिमा। (स्थानां. अभय. वृ. ८४)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

आभ्यन्तर कषाय आदि तथा बाह्य गण, शरीर और भक्त-पान आदि को अयोग्य होने के कारण जो जो परित्याग किया जाता है; इसका नाम विवेक है। उसके प्रति आस्था रखना या स्वीकार करना, इसे विवेकप्रतिमा कहते हैं।

विशदप्रतिभासत्व— किमिदं विशदप्रतिभासत्वं नाम ? उच्यते—ज्ञानावरणस्य क्षयाद्विशिष्टक्षयोपशमाद्वा शब्दानुमानादिसंभवि यन्नैर्मल्यमनुभवसिद्धम्। (न्यायदी. पृ. २४)।

ज्ञानावरण के क्षय अथवा विशिष्ट क्षयोपशम से शब्द (आगम) और अनुमान आदि में असम्भव ऐसी जो अनुभवसिद्ध निर्मलता प्रगट होती है उसे विशदप्रतिभास कहते हैं।

विशसिता — विशसिता हतस्याङ्गविभागकरः। (योगशा. स्वो. विव. ३-२१)।

मारे गये मृग आदि प्राणी के अवयवों को जो विभक्त किया करता है उसे विशसिता कहा जाता है। यह हन्ता आदि के समान घातक के अन्तर्गत है।

विशुद्धता—अइतिव्वकसायाभावो मंदकसाओ विसुद्धदा। (धव पु. ११, पृ. ३१४)।

अतिशय तीव्र कषाय के अभाव या मन्द कषाय का नाम विशुद्धता है। यह सातबन्धकों की विशुद्धता है।

विशुद्धि—१. तदावरणक्षयोपशमे सति आत्मनः प्रसादो विशुद्धिः। (स. सि. १-२४; त. वा. १, २४)। २. तदभावो (संक्लेशाभावो) विशुद्धिरात्मनः स्वात्मन्यवस्थानम्। (अष्टशती ६५)। ३. सादबंधजोग्गपरिणामो विसोही। (धव. पु. ६, पृ. १८०); सादबंधपाओग्गकसाउदयट्ठाणाणि विसोही। (धव. पु. ११, पृ. २०६)। ४. आत्मप्रसक्तिरत्रोक्ता विशुद्धिर्निजरूपतः। (त. श्लो. १, २४)। ५. वर्णाश्रमाणां स्वाचारप्रच्यवने त्रयीतो विशुद्धिः। (नीतिवा. ७-१६)। ६. विशुद्धिः प्रमोदादिशुभपरिणामः। (आ. मी. वसु. वृ. ६५)। ७. विशोधनं विशुद्धिः—अपराधमलिनस्यात्मनो निर्मलीकरणम्। (योगशा. स्वो. विव. ३-१२४)। ८. मनःपर्ययज्ञानावरणकर्मक्षयोपशमादात्मनः प्रसन्नता विशुद्धिः। (त. वृत्ति श्रुत. १-२४)।

१ विवक्षित ज्ञानावरणादि कर्मों के क्षयोपशम के होने पर जो आत्मा की निर्मलता होती है उसे विशुद्धि कहते हैं। २ सातावेदनीय के बन्धयोग्य परिणाम का नाम विशुद्धि है। ५ ब्राह्मण आदि वर्णों और ब्रह्मचारी आदि आश्रमों के अपने आचार से भ्रष्ट होने पर तीन वेदों के निर्देशानुसार विशुद्धि हुआ करती है। ७ अपराध से मलिन हुए आत्मा के निर्मल करने का नाम विशुद्धि है।

विशुद्धिलब्धि—१. पडिसमयमणंतगुणहीणकमेण उदीरिदअणुभागफद्दयजणिदजीवपरिणामो सादादिसुहकम्मबंधणिमित्तो असादादिअसुहकम्मबंधविरुद्धो विसोही णाम। तिस्सेवुवलंभो विसोहिलद्धी णाम। (धव. पु. ६, पृ. २०४)। २. आदिमलद्धिभवो जो भावो जीवस्स सादपहुदीणं। सत्थाणं पयडीणं बंधणजोगो विसुद्ध[द्धि]लद्धी सो॥ (ल. सा. ५)। ३. मिथ्यादृष्टिजीवस्य प्रागुक्तक्षयोपशमलब्धौ सत्यां सातादिप्रशस्तप्रकृतिबन्धहेतुर्यो भावो धर्मानुरागरूपशुभपरिणामो भवति तत्प्राप्तिर्विशुद्धिलब्धिः। (ल. सा. टी. ५)।

१ प्रत्येक समय में अनन्तगुणे हीन क्रम से उदीरणा को प्राप्त अनुभागस्पर्धकों से जो सातावेदनीय आदि पुण्य कर्मों के बन्ध का कारणभूत तथा असाता आदि पाप कर्मों के बन्ध का विरोधी जीव का परिणाम होता है उसे विशुद्धि और उसकी प्राप्ति को विशुद्धिलब्धि कहते हैं।

विशुद्धिस्थान—परियत्तमाणियाणं साद-थिर-सुहसुभग-सुस्सर-आदेज्जादीणं सुभपयडीणं बंधकारणभूदकसायट्ठाणाणि विसोहिट्ठाणाणि। (धव. पु. ११, पृ. २०८)।

परिवर्तमान साता, स्थिर, शुभ, सुभग, सुस्वर और आदेय आदि पुण्य प्रकृतियों के बन्ध के कारणभूत कषायस्थानों को विशुद्धिस्थान कहा जाता है।

विशेष—१. विशिष्यतेऽर्थोऽर्थान्तरादिति विशेषः। (स. सि. ६-८)। २. विशिष्यते विशिष्टिर्वा विशेषः। विशिष्यतेऽर्थोऽर्थान्तरादिति विशेषः, अथवा विशिष्टिर्वा विशेषः। (त. वा. ६, ८, ११)। ३. आदेसेण भेदेण विसेसेणेत्ति समाणट्ठो। (धव. पु. ४, पृ. १४४-४५)। ४. विसेसो अणेयसंखो—वदिरेयलक्खणो विसेसो × × ×। (धव. पु. १३, पृ. २३४)। ५. विशेषश्च विसदृशपरिणामलक्षणः। (न्यायवि.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

१–५२; आ. मी. वसु. वृ. ७५)। ६. उक्तं च—असमानस्तु विशेषो वस्त्वेकमुभयरूपं तु। (आव. नि. मलय. वृ. ७५५, पृ. ३७३)।

१ एक पदार्थ में जो दूसरे पदार्थ से भिन्नता होती है उसे विशेष कहा जाता है। ३ आदेश, भेद और विशेष ये समानार्थक शब्द हैं। आदेश नाम मार्गणा का है। ५ विसदृश परिणाम को विशेष कहते हैं।

विशेषज्ञ—तथा वस्त्ववस्तुनोः कृत्याकृत्ययोः स्व-परयोर्विशेषमन्तरं जानाति निश्चिनोतीति विशेषज्ञः। अथवा विशेषात्मन एव गुण-दोषाधिरोहलक्षणं जानातीति विशेषज्ञः। (योगशा. स्वो. विव. १–५५, पृ. १५८)।

वस्तु-अवस्तु, कृत्य-अकृत्य और आत्म-पर के विशेष (अन्तर) को जो जानता है उसे विशेषज्ञ कहा जाता है। अथवा जो अपने ही गुण-दोषों के अधिरोहस्वरूप विशेष को जानता है वह विशेषज्ञ कहलाता है।

विशोधि—विशेषेण शोधिर्विशोधिः। एतदुक्तं भवति शिष्येणालोचितेऽपराधे सति तद्योग्यं यत्प्रायश्चित्तप्रदानं सा विशोधिरभिधीयते। (ओघनि. वृ. २)।

शिष्य के द्वारा अपराध की आलोचना कर लेने पर उसके योग्य जो प्रायश्चित्त दिया जाता है उसे विशोधि कहते हैं।

विश्वस्तमन्त्रभेद—देखो मन्त्रभेद। तथा विश्वस्ता विश्वासमुपगता ये मित्र-कलत्रादयस्तेषां मन्त्रो मन्त्रणम्, तस्य भेदः प्रकाशनम्। (योगशा. स्वो. विव. ३–९१)।

विश्वास को प्राप्त जो मित्र व स्त्री आदि हैं उनके मंत्र को—गोपनीय अभिप्राय को—प्रगट कर देना, इसका नाम विश्वस्तमंत्रभेद है। यह सत्याणुव्रत का एक अतिचार है।

विष—१. विषं स्थावर-जङ्गमं सकृत्रिमभेदभिन्नम्। (मूला. वृ. ६–३३)। २. विषं शृंगिकादि। (योगशा. स्वो. विव. ३–११०)। ३. तत्र परस्पर-संयोगजनितमारणशक्तिविशिष्टतैल-कर्पूरादिद्रव्यं विषम्। (गो. जी. म. प्र. व जी. प्र. ३०३)।

२ शंखिया आदि को प्राणघातक होने से विष कहा जाता है। ३ जिस तेल व कपूर आदि द्रव्य में परस्पर के संयोग से प्राणघातक शक्ति उत्पन्न हुई है वह विष कहलाता है।

विषय—१. विषयस्तावत् द्रव्य-पर्यायात्मार्थः। (न्यायकु. स्वो. वि. १–५, पृ. ११५)। २. रसादयोऽर्थाः विषयः। (धव. पु. १३, पृ. २१६)। ३. इन्द्रियमनस्तर्पणो भावो विषयः। (नीतिवा. ६–१६)। ४. तथा च शुक्रः—मनसश्चेन्द्रियाणां च सन्तोषो येन जायते। स भावो विषयः प्रोक्तः प्राणिनां सौख्यदायकः॥ (नीतिवा. टी. ६–१६)।

१ द्रव्य-पर्यायरूप अर्थ को विषय कहा जाता है। २ जिह्वा आदि इन्द्रियों से जिन रस आदि को ग्रहण किया जाता है वे उनके विषय माने गए हैं। ३ इन्द्रियों व मन के सन्तुष्ट करने वाले पदार्थ विषय कहलाते हैं।

विषयानन्द रौद्रध्यान—स्वकीयविषयसुरक्षणे दक्षः स्वकीययुवती-द्विपद-चतुष्पद-स्वाद्य-खाद्याशन-पान-सुस्वरश्रवण - सुगन्धगन्धग्रहण - धन-धान्य-गृह-वस्त्राभरणादीनां रक्षणे रक्षायां यत्नकरणे दक्षः निपुणः, इदं विषयानन्दाख्यं रौद्रध्यानम्। (कार्तिके. टी. ४७६)।

अपने विषयों के संरक्षण में तत्पर रहते हुए युवती स्त्री, दास-दासी आदि द्विपद, गाय-भैंस आदि चतुष्पद तथा स्वाद्य व खाद्य भोजन-पान आदि सभी इन्द्रिय-विषयों के संरक्षण की जो निरन्तर चिन्ता रहती है; यह विषयानन्द रौद्रध्यान कहलाता है।

विषयी—१. विषयी द्रव्य-भावेन्द्रियम्। (लघीय. स्वो. विव. ५)। २. षडपीन्द्रियाणि विषयिणः। (धव. पु. १३, पृ. २१६)।

१ रूप-रसादि स्वरूप विषयों को ग्राहक होने से द्रव्य व भाव इन्द्रियों को विषयी कहा जाता है।

विषवाणिज्य—१. विषास्त्र-हल-यन्त्रायोहरितालादि वस्तुनः। विक्रयो जीवितघ्नस्य विषवाणिज्यमुच्यते॥ (योगशा. ३–११०; त्रि. पु. च. ९, ३, ३४४)। २. विषवाणिज्यं जीवघ्नवस्तुविक्रयः। (सा. ध. स्वो. टी. ५–२२)।

१ विष, अस्त्र, हल, यंत्र, लोहमय कुदाली आदि और हरिताल (विष) आदि जो भी वस्तु प्राणियों की घातक हो उसके बेचने का नाम विषवाणिज्य है।

विष्ठौषधिप्राप्त—देखो विडौषधि व विप्रौषधि ऋद्धि। विट्ठसट्ठो जेण देसामासिओ तेण मुत्त-विट्ठा-

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सुत्ताणं गहणं। एदे ओसहित्तं पत्ता जेसिं ते विट्ठोसहिपत्ता। (धव. पु. ६, पृ. ६७)।

विष्ठा शब्द सूत्र में देशामर्शक है, अतः उससे मूत्र आदि अन्य सूत्रों को भी ग्रहण करना चाहिए। अभिप्राय यह है कि जिन ऋषियों का मल-मूत्र भी औषधिस्वरूप परिणत हो जाता है उन्हें विष्ठौषधि ऋद्धिप्राप्त कहा जाता है।

विष्णु—१. उपात्तदेहं व्याप्नोतीति विष्णुः। (धव. पु. १, पृ. ११६); स्वशरीराशेषावयवान् वेष्टीति विष्णुः। (धव. पु. ६, पृ. २२१)। २. सकलविमलकेवलज्ञानेन येन कारणेन समस्तं लोकालोकं जानाति व्याप्नोति तेन कारणेन विष्णुर्भण्यते। (बृ. द्रव्यसं टी. १४)। ३ व्यवहारेण स्वोपात्तदेहम्, समुद्घातेन सर्वलोकम्, निश्चयेन ज्ञानेन सर्वं वेवेष्टीति विष्णुः। (गो. जी. जी. प्र. ३६६)। ४. विश्वं हि द्रव्य-पर्यायं विश्वं त्रैलोक्यगोचरम्। व्याप्तं ज्ञानत्विषा येन स विष्णुर्व्यापको जगत्॥ (आप्तस्व. ३१)। ५. विष्णुर्ज्ञानेन सर्वार्थविस्तृतत्वात् कथंचन। (लाटीसं. ४-१३२; पंचाध्या. २-६१०)।

१ जो प्राप्त शरीर को व्याप्त करता है अथवा अपने शरीर के समस्त अवयवों को बार-बार वेष्टित करता है उसका नाम विष्णु है। यह जीव का एक पर्यायवाची शब्द है। ४ जो ज्ञानरूप प्रकाश के द्वारा तीनों लोक सम्बन्धी समस्त द्रव्यों व उनकी पर्यायों को व्याप्त करता है उसे विष्णु कहा जाता है।

विसम्भोगिक—विसम्भोगो दानादिभिरसंव्यवहारः, स यस्यास्ति स विसम्भोगिकः। (स्थानां. अभय. वृ. १७३)।

दानादि के द्वारा संव्यवहार के अभाव को विसंभोग कहते हैं। इस प्रकार के विसम्भोग से जो सहित होता है उसे विसम्भोगिक कहा जाता है।

विसर्प—बादरशरीरयधितिष्ठतो जले तैलवत् विसर्पणं विसर्पः। (त. वा. ५, १६, १)।

जैसे जल के ऊपर तेल फैल जाता है वैसे ही बादर शरीर पर अधिष्ठित हुए जीव के जो आत्मप्रदेशों का फैलाव होता है उसे विसर्प कहते हैं।

विसंवाद—अन्यथा प्रतिपत्तिः पुनर्विसंवादः। (सिद्धिवि. वृ. २-६, पृ. १३७)।

विपरीत प्रतीति का नाम विसंवाद है।

विसंवादन—१. विसंवादनमन्यथाप्रवर्तनम्। ×××× परगतं विसंवादनम्। सम्यगभ्युदय-निश्रेयसार्थासु क्रियासु प्रवर्तमानमन्यं तद्विपरीतकाय-वाङ्मनोभिर्विसंवादयति मैवं कार्षीरेवं कुर्विति। (स. सि. ६-२२)। २. विसंवादनमन्यथाप्रवर्तनम्। अन्येन प्रकारेण प्रवर्तनं प्रतिपादनं विसंवादनमिति विज्ञायते। ××× सम्यगभ्युदय-निश्रेयसार्थासु क्रियासु प्रवर्तमानमन्यं काय-वाङ्मनोभिर्विसंवादयति मैवं कार्षीरेवं कुर्विति कुटिलतया प्रवर्तनं विसंवादनम्। (त. वा. ६, २२, २-३)। ३. अन्यथा स्थितेषु पदार्थेषु परेषामन्यथाकथनं विसंवादनम्। (त. वृत्ति श्रुत. ६-२२)।

१ स्वर्ग-मोक्षादि की साधक समीचीन क्रियाओं में प्रवर्तमान किसी दूसरे को मन, वचन व काय की कुटिलता से 'ऐसा मत करो, ऐसा करो' इस प्रकार से ठगने को विसंवादन कहा जाता है।

विस्तारदृष्टि—देखो विस्तारुचि।

विस्तारुचि—१. विस्तारुचिः-अंग-पूर्वविषयजीवाद्यर्थविस्तारप्रमाण - नयादिनिरूपणोपलब्धश्रद्धाना विस्तारुचयः। (त. वा. ३, ३६, २)। २. ×× × अन्या तस्या विस्तारजा तु सा॥ प्रमाण-नय-निक्षेपाद्युपायैरतिविस्तृतैः। अवगाह्य परिज्ञानात्तत्त्व-स्याङ्गादिभाषितम्॥ (म. पु. ७४, ४४५-४६)। ३. यः श्रुत्वा द्वादशाङ्गीं कृतरुचिरथ तं विद्धि विस्तारदृष्टिम्। (आत्मानु. १४)। ४. द्वादशाङ्गचतुर्दशपूर्व-प्रकीर्णविस्तीर्णश्रुतार्थ - समर्थनप्रस्तारो विस्तारः। (उपासका. पृ. ११४; अन. ध. स्वो. टी. २-६२)। ५. द्वादशाङ्गश्रवणेन यज्जायते तद्विस्तारसम्यक्त्वं प्रतिपाद्यते। (दर्शनप्रा. टी. १२)।

२ प्रमाण, नय और निक्षेप आदि विस्तृत उपायों द्वारा अंग-पूर्वादि श्रुत में प्ररूपित तत्त्वों को जानकर जो रुचि या श्रद्धा होती है उसे विस्तारुचि, विस्तारदृष्टि अथवा विस्तारसम्यक्त्व भी कहते हैं।

विस्तारानन्त—जं तं वित्थाराणंतं तं पदरागारेण आगासं पेक्खमाणे अंताभावादो भवदि। (धव. पु. ३, पृ. १६)।

प्रतराकार से आकाश के देखने पर उसका अन्त सम्भव नहीं है; इससे उसे विस्तारानन्त कहा जाता है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

विस्तारासंख्यात—जं तं वित्थारासंखेज्जयं तं लोगागासपदरं लोगपदरागारपदेसगणणं पडुच्च संखाभावादो। (धव. पु. ३, पृ. १२५)।

लोकप्रतराकार प्रदेशों की गणना की अपेक्षा संख्या की संभावना न होने से लोकाकाश-प्रतर को विस्तारासंख्यात कहा जाता है।

विहायोगति—तथा विहायसा गतिर्गमनं विहायोगतिः। (प्रज्ञाप. मलय. वृ. २९३)।

आकाश से जो गमन होता है उसे विहायोगति कहते हैं।

विहायोगतिनामकर्म—१. विहाय आकाशम्, तत्र गतिनिर्वर्तिकं तद्विहायोगतिनाम। (स. सि. ८–११; त. वा. ८, ११, १८)। २. लब्धि-शिक्षद्धिप्रत्ययस्याकाशगमनस्य जनकं विहायोगतिनाम। (त. भा. ८–१२)। ३. विहाय आकाशमित्यर्थः। विहायसि गतिः विहायोगतिः। जेसिं कम्मक्खंधाणमुदएण जीवस्स आगासे गमणं होदि तेसिं विहायगदित्ति सण्णा। (धव. पु. ६, पृ. ६१); जस्स कम्मस्सुदएण भूमिमोट्ठहिय अणोट्ठहिय वा जीवाणमागासे गमणं होदि तं विहायगदिणामं। (धव. पु. १३, पृ. ३६५)। ४. विहाय आकाशम्, विहायसि गतिर्विहायोगतिर्येषां कर्मस्कन्धानामुदयेन जीवस्याकाशे गमनं तद्विहायोगतिनाम। (मूला. वृ. १२, १९५)। ५. यतः शुभेतरगमनयुक्तो भवति तद्विहायोगतिनाम। (समवा. अभय. वृ. ४२)। ६. यदुदयेन आकाशे गमनं भवति सा विहायोगतिनाम। (त. वृत्ति श्रुत. ८–११)।

१ विहायस् नाम आकाश का है, जिसके उदय से आकाश में गति निर्वर्तित होती है उसे विहायोगति नामकर्म कहते हैं। २ लब्धि (जैसे देवादिकों के) और शिक्षाजनित ऋद्धि (जैसे तपस्वियों के) इनके निमित्त से जो आकाश में गमन होता है वह जिस कर्म के निमित्त से होता है उसे विहायोगति नामकर्म कहा जाता है।

विहारवत्स्वस्थान—विहारवदिसत्थाणं णाम अप्पणो उप्पण्णगाम-णयर-रण्णादीणि छड्डिय अण्णत्थ सयण-णिसीयण-चंकमणादिवावारेणच्छणं। (धव. पु. ४, पृ. २६); तत्तो (पडिगहिदखेत्तादो) बाहिं गंतूणच्छणं विहारवदिसत्थाणं। (धव. पु. ४, पृ. ३२); तत्तो (अप्पणो उप्पण्णगामाईणं सीमादो) बाहिरपदेसे हिंडणं विहारवदिसत्थाणं णाम। (धव. पु. ७, पृ. ३००)।

जिस ग्राम, नगर अथवा वन आदि में उत्पन्न हुआ है उसको छोड़कर अन्यत्र सोना, बैठना और गमन आदि करना; इसका नाम विहारवत्स्वस्थान है।

वीचार—देखो अर्थसंक्रान्ति, योगसंक्रान्ति व व्यञ्जनसंक्रान्ति। १. वीचारोऽर्थ-व्यञ्जन-योगसंक्रान्तिः। (त. सू. ९–४४)। २. अत्थाण वंजणाण य जोगाण य संकमो हु वीचारो। (भ. आ. १८८२)। ३. अर्थो ध्येयः द्रव्यं पर्यायो वा, व्यञ्जनं वचनम्, योगः काय-वाङ्मनस्कर्मलक्षणः, संक्रान्तिः परिवर्तनम्। द्रव्यं विहाय पर्यायमुपैति, पर्यायं त्यक्त्वा द्रव्यमित्यर्थसंक्रान्तिः। एकं श्रुतवचनमुपादाय वचनान्तरमालम्बते, तदपि विहायान्यदिति व्यञ्जनसंक्रान्तिः। काययोगं त्यक्त्वा योगान्तरं गृह्णाति, योगान्तरं च त्यक्त्वा काययोगमिति योगसंक्रान्तिः। एवं परिवर्तनं वीचार इत्युच्यते। (स. सि. ९-४४; त. वा. ९–४४)। ४. वीचारः संक्रान्तिः अर्थव्यञ्जन योगेषु। (धव. पु. १३, पृ. ७७)। ५. अर्थ-व्यञ्जन-योगानां वीचारः संक्रमः क्रमात्। (ह. पु. ५६–५८)। ६. अर्थ-व्यञ्जन-योगानां वीचारः संक्रमो मतः (ज्ञाना. 'मः स्मृतः')। (म. पु. २१–१७२; त. सा. ७–४७; ज्ञाना. २१–७२)। ७. अनीहितवृत्यार्थान्तरपरिणमनं वचनाद्वचनान्तरपरिणमनं मनो-वचन-काययोगेषु योगाद्योगान्तरपरिणमनं वीचारो भण्यते। (बृ. द्रव्यसं. ४८)।

१ अर्थ, व्यञ्जन और योग के परिवर्तन को वीचार कहते हैं।

वीतराग—मोहणीयक्खएण वीयराओ। (धव. पु. ९, पृ. ११८)।

मोहनीय कर्म के क्षय से जीव वीतराग—राग-द्वेष से रहित—होता है।

वीतरागकथा—गुरु-शिष्याणां विशिष्टविदुषां वा राग-द्वेष-रहितानां तत्त्वनिर्णयपर्यन्तं परस्परं प्रवर्तमानो वाग्व्यापारो वीतरागकथा। (न्यायदी. पृ. ७९–८०)।

गुरु और शिष्य अथवा राग-द्वेष से रहित अन्य विशिष्ट विद्वानों के मध्य में भी जो वस्तु स्वरूप के निर्णय होने तक वचन का व्यापार चलता है उसे वीतरागकथा कहते हैं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

वीतरागचारित्र—तत्-(अपध्यान-) प्रभृतिसमस्तविकल्पजालरहितं स्वसंवित्तिसमुत्पन्नसहजानन्दैकलक्षणसुखरसास्वादसहितं यत्तद्वीतरागचारित्रं भवति। (बृ. द्रव्यसं. टी. २२, पृ. ५८)।

अपध्यान आदि समस्त विकल्पों से रहित तथा स्वसंवेदन से उत्पन्न स्वाभाविक सुख के रसास्वाद से सहित जो चारित्र होता है उसे वीतरागचारित्र कहते हैं।

वीतरागसम्यक्त्व—१. आत्मविशुद्धिमात्रमितरत्। सप्तानां कर्मप्रकृतीनाम् आत्यन्तिकेऽपगमे सत्यात्मविशुद्धिमात्रमितरद्वीतरागसम्यक्त्वमित्युच्यते। अत्र पूर्वं (सरागसम्यक्त्वं) साधनं भवति उत्तरं साधनं साध्य च। (त. वा. १, २, ३१)। २. रागद्वयरहितानां क्षीणमोहावरणानां वीतरागसम्यग्दर्शनम्। (भ. आ. विजयो. ५१)। ३. वीतरागसम्यक्त्वं निजशुद्धात्मानुभूतिलक्षणं वीतरागचारित्राविनाभूतम्, तदेव निश्चयसम्यक्त्वमिति। (परमा. टी. २-१७)।

१ सात कर्मप्रकृतियों का सर्वथा क्षय हो जाने पर जो आत्मा में निर्मलता होती है उसे वीतरागसम्यक्त्व कहा जाता है।

वीतहेतु—वीतं हि नाम विधिमुखेन साध्यसाधनम्। (न्यायवि. विव. २-१७३, पृ २०८)।

विधिमुख से जो हेतु साध्य को सिद्ध किया करता है वह सांख्यमतानुसार वीतहेतु कहलाता है।

वीतावीत—प्रतिषेधपरमुभयपरं च वीतावीतम्। (न्यायवि. विव. २-१७३, पृ. २०८)।

जो हेतु प्रतिषेध को तथा उभय (विधि-प्रतिषेध) को भी सिद्ध करता है उसे सांख्यमतानुसार वीतावीत हेतु कहा जाता है।

वीर—१. विशिष्टां मां लक्ष्मीं मुक्तिलक्षणामभ्युदयलक्षणां वा रातीति वीरः। (युक्त्यनु. टी. १)। २. विशेषेणेरयति मोक्षं प्रति गच्छति गमयति वा प्राणिनः प्रेरयति वा कर्म्माणि निराकरोति वीरयति वा रागादिशत्रून् प्रति पराक्रमयतीति वीरः। (स्थानां. अभय. वृ. ५१); विदारयति यत्कर्म तपसा च विराजते। तपोवीर्येण युक्तश्च तस्माद्वीर इति स्मृतः॥ (स्थानां. अभय. वृ. पृ. ३६ उद्.)। ३. विशेषेण ईरयति क्षिपति कर्माणीति वीरः। (योगशा. स्वो. विव. १-१)। ४. 'शूर वीर विक्रान्तौ' वीरयति स्म कषायोपसर्ग-परीषहेन्द्रियादिशत्रुगणजयं प्रति विक्रामति स्मेति वीरः। 'अचः' इत्यच् प्रत्ययः। अथवा 'ईर् गति-प्रेरणयोः' विशेषेण ईरयति गमयति स्फोटयति यद्वा प्रापयति शिवमिति वीरः। यदि वा 'ईर् गतौ' इत्यादिको धातुः विशेषेण अपुनर्भावेन ईर्ते स्म याति स्मेति वीरः अपश्चिमतीर्थकरो वर्द्धमानस्वामीत्यर्थः। (बृहत्सं. मलय. वृ. १)। ५. वीरो विक्रान्तः, वीरयते शूरयते विक्रामति कर्मारातीन् विजयत इति वीरः। (नि. सा. वृ. १)।

१ 'मा' का अर्थ लक्ष्मी है, जो विशिष्ट मा—मुक्ति और स्वर्गादि के अभ्युदय रूप लक्ष्मी—को 'राति' अर्थात् देता है उसका नाम वीर है। २ 'विशेषेण ईरयति इति वीरः'। इस निरुक्ति के अनुसार जो विशेष रूप से मोक्ष के प्रति स्वयं जाता है तथा दूसरों को पहुंचाता है, अथवा कर्मों का निराकरण करता है, अथवा रागादि शत्रुओं पर विजय प्राप्त करता है उसे वीर कहा जाता है। यह अन्तिम तीर्थंकर वर्धमान जिनेन्द्र का एक सार्थक नाम है।

वीरासन—१. वीरासणं जंघे विप्रकृष्टदेशे कृत्वासनम्। (भ. आ. विजयो. २२५)। २. वीरासनं ऊरुद्वयोपरि पादद्वयविन्यासः। (भ. आ. मूला. २२५)। ३. ××× न्यस्तावूर्वोः वीरासनं क्रमौ। (अन. ध. ८-८३)।

१ जांघों को दूर देश में करके बैठना, इसे वीरासन कहते हैं। २ दोनों जंघाओं के ऊपर दोनों पांवों के रखने पर वीरासन होता है।

वीर्य—१. द्रव्यस्य स्वशक्तिविशेषो वीर्यम्। (स. सि. ६-६)। २. द्रव्यस्यात्मसामर्थ्यं वीर्यम्। द्रव्यस्य शक्तिविशेषः सामर्थ्यं वीर्यमिति निश्चीयते। (त. वा. ६, ६, ६)। ३. वीर्यं वीर्यान्तरायक्षयोपशम-क्षयजं खल्वात्मपरिणामः। (आव. नि. हरि. वृ. १५१३, पृ. ७८३)। ४. आत्मनो निर्विकारस्य कृतकृत्यत्वबोधश्च या। उत्साहो वीर्यमिति तत्कीर्तितं मुनिपुंगवैः॥ (मोक्षपं. ४७)। ५. द्रव्यस्य पुरुषादेर्निजशक्तिविशेषो वीर्यम्॥ (त. वृत्ति श्रुत. ६-६)।

१ द्रव्य की अपनी शक्तिविशेष को वीर्य कहते हैं। २ वीर्यान्तराय के क्षयोपशम अथवा क्षय से जो

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

आत्मा का परिणाम उत्पन्न होता है उसका नाम वीर्य है।

वीर्यप्रवाद—१. छद्मस्थ-केवलिनां वीर्यं सुरेन्द्र-दैत्याधिपानां ऋद्धयो नरेन्द्र-चक्रधर-बलदेवानां च वीर्यलाभो द्रव्याणां सम्यक्त्वलक्षणं च यत्राभिहितं च तद्वीर्यप्रवादम्। (त. वा. १, २०, १२, पृ. ७५)। २. वीरियाणुपवादं णाम पुव्वं अट्ठण्णं वत्थूणं सट्ठिसयपाहुडाणं १६० सत्तरिलक्खपदेहि ७००००० अप्पविरियं परविरियं उभयविरियं खेत्तविरियं भवविरियं तवविरियं वण्णेइ। (धव. पु. १, पृ. ११५); छद्मस्थानां केवलिनां वीर्यं सुरेन्द्र-दैत्याधिपानां वीर्यर्द्धयो नरेन्द्र-चक्रधर-बलदेवानां वीर्यलाभो द्रव्याणामात्मपरोभय-क्षेत्र-भवर्षितवोवीर्य्यं सम्यक्त्व-लक्षणं च यत्राभिहित तद्वीर्यप्रवादं सप्ततिशतसह-स्रपदम् ७०००००० । (धव. पु. ९, पृ. २१३)। ३. विरियाणुपवादपुव्वं अप्पविरिय-परविरिय-तदु-भयविरिय-खेत्तविरिय-कालविरिय-भवविरिय-तवविरियादीणं वण्णणं कुणइ। (जयध. १, पृ. १४०)। ४. वीर्यप्रवादं तृतीयम्, तत्राप्यजीवानां जीवानां सकर्मेतराणां वीर्यं प्रोच्यत इति वीर्यप्रवादम्, तस्यापि सप्ततिपदशतसहस्राणीति परिमाणम्। (समवा. वृ. १४७)। ५. सप्ततिलक्षपदं चक्रधर-सुरपति-धरणेन्द्र-केवल्यादीनां वीर्यमाहात्म्यव्यावर्ण-कं वीर्यानुप्रवादम्। (श्रुतभ. टी. १०)। ६. बलदेव-चक्रवर्ति-तीर्थंकरादिबलवर्णकं सप्ततिलक्षपदप्रमाणं वीर्यानुप्रवादपूर्वम्। (त. वृत्ति श्रुत. १–२०)। ७. विज्जाणुवादपुव्वं वज्जं जीवादिवत्थुसामत्थं। अणुवादो अणुवण्णणमिह तस्स हवेत्ति णणमह ॥ तं वण्णदि अप्पबलं परविज्जं उहय विज्जमवि णिच्चं। खेत्तबलं कालबलं भावबलं तवबलं पुण्णं ॥ दव्वबलं गुणपज्जयविज्जं विज्जाबलं च सव्वबलं। सत्तरि-लक्खपदेहि पुण्ण पुव्वं तदीयं खु ॥ (अंगप. ४९, ५१)।

१ जिस पूर्वश्रुत में छद्मस्थों व केवलियों के वीर्य, इन्द्र और दैत्येन्द्रों की ऋद्धियों; राजा, चक्रवर्ती व बलदेवों के वीर्यलाभ तथा द्रव्यों व सम्यक्त्व के लक्षण का निरूपण किया गया है उसे वीर्यप्रवाद-पूर्व कहते हैं। ४ जिसमें अजीवों तथा सकर्मा (संसारी) व मुक्त जीवों के वीर्य का कथन किया जाता है उसका नाम वीर्यप्रवादपूर्व है। यह तीसरा पूर्व है तथा पदसंख्या उसकी ७००००००० है।

वीर्याचार—१. सम्यग्ज्ञानविलोचनस्य दधतः श्रद्धा-नमर्हन्मते वीर्यस्याविनिगूहनेन तपसि स्वस्य प्रय-त्नाद्यतेः। या वृत्तिस्तरणीव नौरविवरा लघ्वी भवोदन्वतो वीर्याचारमहं तमूर्जितगुणं वन्दे सताम-र्चितम् ॥ (चारित्रभ. ६, पृ. १८९)। २. स्वशक्त्य-निगूहनरूपा वृत्तिर्ज्ञानादौ वीर्याचारः। (भ. आ. विजयो. ४६); वीर्यान्तरायक्षयोपशमजनितसाम-र्थ्यपरिणामो वीर्यम्, तदविगूहनेन रत्नत्रयवृत्तिर्वी-र्याचारः। (भ. आ. विजयो. ८५); स्वशक्त्यनि-गूहनं तपसि वीर्याचारः। (भ. आ. विजयो. ४१९)। ३. तत्रैव शुद्धात्मस्वरूपे स्वशक्त्यनवगूहनेनाचरणं परिणमनं वीर्याचारः। (परमा. वृ. ७)। ४. वीर्य-स्यानिह्नवो वीर्याचारः शुभविषयस्वशक्त्योत्साहः। (मूला. वृ. ४–२)। ५. वीर्याचारो ज्ञानादिप्रयोज-नेषु वीर्यस्यागोपनमिति। (समवा. वृ. १३६)। ६. विरियाचारो स्वसामर्थ्यानिगूहनेन निर्मलरत्नत्रये प्रवृत्तिः। (भ. आ. मूला. ८५)।

१ जो मुनि जिनशासन पर श्रद्धा रखता है तथा सम्यग्ज्ञानरूप नेत्र से सहित है उसको अपने सामर्थ्य को न छिपाकर जो प्रयत्नपूर्वक तपमें प्रवृत्ति होती है उसे वीर्याचार कहा जाता है। जिस प्रकार छेद से रहित छोटी नौका द्वारा समुद्र से पार हो सकते हैं उसी प्रकार इस वीर्याचार रूप प्रवृत्ति के आश्रय से संसार रूप समुद्र से पार हो सकते हैं। ५ ज्ञान आदि प्रयोजनों में शक्ति को न छिपाना, इसका नाम वीर्याचार है।

वीर्यानुप्रवाद—देखो वीर्यप्रवाद।

वीर्यानुवाद—देखो वीर्यप्रवाद।

वीर्यान्तराय—१. वीर्यं बलं शुक्रमित्येकोऽर्थः। जस्स कम्मस्स उदएण वीरियस्स विग्घं होदि तं वारियंतराइयं णाम। (धव. पु. ६, पृ. ७८); अन्त-रमेति गच्छतीत्यन्तरायः × × × वीर्यः [र्यं] शक्ति-रित्यर्थः। वीर्यस्य विघ्नकृदन्तरायः वीर्यान्तरायः। (धव. पु. १३, पृ. ३९०)। २. तथा यदुदयात् सत्यपि नीरुजि शरीरे यौवनिकायामपि वर्तमानो-ऽल्पप्राणो भवति यद्वा बलवत्यपि शरीरे साध्येऽपि प्रयोजने हीनसत्त्वतया न प्रवर्तते तद्वीर्यान्तरायम्। (प्रज्ञाप. मलय. वृ. २९३, पृ. ४७५)।

१ वीर्य का अर्थ बल और शुक्र (शरीरगत धातु-

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

विशेष) होता है, जिस कर्म के उदय से वीर्य का विघ्न होता है उसे वीर्यान्तराय कहते हैं। २ जिसके उदय से शरीर के नीरोग और यौवन अवस्था में वर्तमान होने पर भी प्राणी अल्पप्राण होता है, अथवा शरीर के बलवान् होने पर भी तथा प्रयोजन के साध्य भी होने पर प्राणी हीनबल होने से उसमें प्रवृत्त नहीं होता है वह वीर्यान्तराय कहलाता है।

वृक्षमूल-उपगत-अतिचार—१. वृक्षस्य मूलमुपगतस्यापि हस्तेन पादेन शरीरेण वाप्कायानां पीडा। कथम् ? शरीरावलग्नजलकणप्रमार्जनं हस्तेन पादेन वा शिलाफलकादिगतोदकापनयनम्, मृत्तिकार्द्रायां भूमौ शयनम्, निम्नेन जलप्रवाहगमनदेशे वा अवस्थानम्, अवग्राहे वर्षापातः कदा स्यादिति चिन्ता, वर्षति देवे कदास्योपरमः स्यादिति वा, छत्र-कटकादिधारणं वर्षानिवारणायेत्यादिकः। (भ. आ. विजयो. ४८७)। २. वृक्षमूलाधिवासस्य (अतिचारः) हस्तेन पादेन वा शरीरावलग्नजलकणप्रमार्जनम्, तद्वच्छिला-फलकादिगतोदकापनयनम्, जलार्द्रायां भूमौ शयनम्, निम्नजलप्रवाहगमनदेशे वा अवस्थानम्, अवग्रहे वृष्टिः कदा स्यादिति चिन्ता, वृष्टौ वा कदैतदुपरमः स्यादिति वा, वृष्टिप्रतिबन्धाय छत्रादिधारणं वेत्यादिः। (भ. आ. मूला. ४८७)।

१ हाथ, पांव अथवा शरीर के द्वारा (शरीर में संलग्न जलकणों के पोंछने से) जलकायिक, जीवों को पीड़ा पहुंचाना, हाथ अथवा पांव से शिला अथवा पटिये पर स्थित जल को हटाना, गीली भूमि पर सोना, नीचे जलप्रवाह के जाने के स्थान में स्थित होना, वर्षा के अभाव में 'कब वर्षा होगी' ऐसा विचार करना, अथवा वर्षा के चालू रहने पर 'कब यह समाप्त होगी' ऐसा चिन्तन करना, वर्षा के निवारण के लिए छत्र व कटक आदि को धारण करना; इत्यादि ये सब कायक्लेश के अन्तर्गत वर्षायोग के अतिचार हैं।

वृत्त—१. वृत्तं च तद्द्वयस्यात्मन्यस्खलद्वृत्तिधारणम्। (क्षत्रचू. ६-२०)। २. यद्विशुद्धेः परं धाम यद्योगिजनजीवितम्। तद्वृत्तं सर्वसावद्यपर्युदासैकलक्षणम्॥ (ज्ञाना. ८-१, पृ. १०६)। ३. वृत्तमनाचारपरिहारः सम्यगाचारपरिपालनं च। (योगशा. स्वो. विव. १-४५, पृ. १५७)।

२ समस्त सावद्य के परित्याग का नाम वृत्त है। ३ अनाचार (कुत्सित आचार) को छोड़कर समीचीन आचार के परिपालन को वृत्त कहते हैं।

वृत्तिपरिसंख्यान—१. गोयरपमाण-दायग-भायणणाणाविधाण जं गहणं। तह एसणस्स गहणं विविधस्स य वुत्तिपरिसंखा॥ (मूला. ५-१५८)। २. गत्तापच्चागदं उज्जुवीहि गोमुत्तियं च पेलवियं। संबूका वट्टपि य पदंगवीधी य गोयरिया॥ पाडयणियंसणभिक्खापरिमाणं दत्तिघासपरिमाणं। पिंडेसणा य पाणेसणा य जागूय पुग्गलया॥ संसिट्ठ फलिह परिखा पुप्फोवहिदं व सुद्धगोवहिदं। लेवडमलेवडं पाणयं च णिस्सित्थमसित्थं॥ पत्तस्स दायगस्स य अवग्गहो बहुविहो ससत्तीए। इच्चेवमादिविधिणा णादव्वा वुत्तिपरिसंखा॥ (भ. आ. २१८-२१)। ३. भिक्षार्थिनो मुनेरेकागारादिविषयसंकल्पचिन्तावरोधो वृत्तिपरिसंख्यानमाशानिवृत्यर्थमवगन्तव्यम्। (स. सि. ६-१६)। ४. एकागार-सप्तवेश्मैकरथ्यार्द्धग्रामादिविषयः संकल्पो वृत्तिपरिसंख्यानम्। भिक्षार्थिनो मुनेरेकागारादिविषयः संकल्पश्चिन्तावरोधः वृत्तिपरिसंख्यानमाशानिवृत्यर्थमवगन्तव्यम्। (त. वा. ६, १६, ४)। ५. भोयण-भायण-घर-वाड-दादारा वुत्ती णाम। तिस्से वुत्तीए परिसंख्याणं गहणं वुत्तिपरिसंख्याणं णाम। एदम्मि वुत्तिपरिसंखाणे पडिबद्धो जो अवग्गहो सो वुत्तिपरिसंख्याणं णाम तवो। (धव. पु. १३, पृ. ५७)। ६. एकागार-सप्तवेश्मैकरसार्धग्रामादि-विषयसंकल्पो वृत्तिपरिसंख्यानम्। (त. श्लो. ६-१६)। ७. तथा आहारसंज्ञाया जयो वृत्तिपरिसंख्यानम्। (भ. आ. विजयो. ६)। ८. एकवास्तु-दशागार-पान-मुद्गादिगोचरः। संकल्पः क्रियते यत्र वृत्तिसंख्या हि तत्तपः॥ (त. सा. ७-१२)। ६. एगादिगिहपमाणं किं वा संकप्पकप्पियं विरसं। भोज्जं पसुव्व भुंजइ वित्तिपमाणं तवो तस्स। (कार्तिके. ४४३)। १०. वृत्तिर्वाट-गृहाऽऽहार-पात्र-दातृषु वर्तनम्। संख्या तन्नियमो वृत्तिपरिसंख्या निजेच्छया॥ इयमाशानिरासायादीनताभावनाप्तये। गात्रयात्रानिमित्तान्नमात्रकांक्षस्य योगिनः॥ (आचा. सा. ६, ११-१२)। ११. तथा वर्ततेऽनयेति वृत्तिर्भैक्ष्यम्, तस्याः संक्षेपणं ह्रासः, तच्च दत्तिपरिमाणरूपम्। एक-द्वि-त्र्याद्यगारनियमो

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

रथ्याग्रामार्धग्रामनियमश्च। अत्रैव द्रव्य-क्षेत्र-काल-भावाभिग्रहा अन्तर्भूताः। (योगशा. स्वो. विव. ४-८६)। १२. भिक्षागोचरचित्रदातृचरणामत्रान्न-सक्थादिगात् संकल्पाच्छ्रमणस्य वृत्तिपरिसंख्यानं तपोङ्गस्थितिः। नैराश्याय तदाचरेन्निजरसासृग्मांस-संशोषणद्वारेणेन्द्रियसंयमाय च परं निर्वेदमासेदिवान्॥ (अन. ध. ७-२६)। १३. आशानिरासार्थमेकमन्दिरादिप्रवृत्तिविधानं तद्विषये संकल्प-विकल्प-चिन्तानियन्त्रणं वृत्तेर्भोजनप्रवृत्तेः परिसमन्तात्संख्यानं मर्यादा, गणनमिति यावत्, वृत्तिपरिसंख्यानमुच्यते। (त. वृत्ति श्रुत. ६-१६)। १४. वृत्तिपरिसंख्यानं गणितगृहेषु भोजन वस्तुसंख्या वा। (भावप्रा. टी. ७८)। १५. वृत्तेः प्रमाणं परिसंख्या वृत्तिपरिसंख्या। स्वकीयतपोविशेषेण रस-रुधिर-मांसशोषणद्वारेणेन्द्रियसंयमं परिपालयतो भिक्षार्थिनो मुनेः एकगृह-सप्तगृहैकमार्गार्द्ध-दायक-भाजन-भोजनादिविषयः संकल्पो वृत्तिसंख्यानम् ×××। (कार्तिके. टी. ४४५)। १६. त्रिः-चतुः-पञ्च-षष्ठादिवस्तूनां संख्याशनम्। सद्मादिसंख्यया यद्वा वृत्तिसंख्या प्रचक्ष्यते॥ (लाटीसं. ७-७७)।

१ गृह के प्रमाण, दाता और पात्र इत्यादि के सम्बन्ध में तथा भाजन के सम्बन्ध में जो अनेक प्रकार का नियम किया जाता है उसे वृत्तिपरिसंख्यान तप कहा जाता है। जैसे -मैं भोजन के लिए दो या तीन आदि घर जाऊंगा, यदि वृद्ध दाता पडिगाहन करेगा तो आहार लूँगा, अन्यथा नहीं; इसी प्रकार पात्र (चांदी या पीतल से निर्मित) और भोजन (अमुक प्रकार का धान्य आदि) के सम्बन्ध में भी समझना चाहिए। ११ जिसके आश्रय से वर्तन—शरीर की स्थिति रहती है—उसका नाम वृत्ति है जो भैक्ष्य का बोधक है। घर व गली आदि का नियम करके उक्त भैक्ष्य का जो संकोच किया जाता है उसे वृत्तिसंक्षेप कहते हैं।

वृत्तिपरिसंख्यानातिचार—१. वृत्तिपरिसंख्यानस्यातिचाराः गृहसप्तकमेव प्रविशामि, एकमेव पाटकम्, दरिद्रगृहमेकम्, एवभूतेन दायकेन दायिकया वा दत्तं गृहीष्यामीति वा कृतसंकल्पः[ल्पस्य] गृहसप्तकादिकादधिकप्रवेशः, पाटान्तरप्रवेशश्च परं भोजयामीत्यादिकः। (भ. आ. विजयो. ४८७)। २. वृत्तिपरिसंख्यानस्यातिचारो गृहसप्तकमेव प्रविशामि इत्येवमादिसंकल्पं कृतवतः, परं भोजयामीत्यभिप्रायेण तदधिकप्रवेशादिकः। (भ. आ. मूला. ४८७)।

१ वृत्तिपरिसंख्यान तप में सात गृह, एक पाटक अथवा दरिद्र दाता आदि के घर के विषय में जो नियम किया गया था उससे 'दूसरे को भोजन कराता हूं, इस विचार से अधिक गृह आदि में प्रवेश करने पर वह वृत्तिपरिसंख्यान के अतिचार से मलिन होता है।

वृत्तिसंक्षेप—देखो वृत्तिपरिसंख्यान।

वृद्ध—वृद्धः क्षीणेन्द्रियकर्मेन्द्रियकृत्यः चतुर्थीमवस्थां प्राप्तः सः संस्तारक दीक्षामेवार्हति, न प्रव्रज्याम्। (आचारदि. पृ ७४)।

जिसकी बुद्धि इन्द्रियों व कर्मेन्द्रियों का कार्य शिथिल पड़ गया है वह चौथी अवस्था को प्राप्त वृद्ध कहलाता है। वह संस्तारक दीक्षा के योग्य तो होता है, पर प्रव्रज्या—मुनि दीक्षा—के योग्य नहीं होता।

वृषभ—वृषेण धर्मेण भातीति वृषभः। (अन. ध. स्वो. टी. ८-३६)।

जो वृष अर्थात् धर्म से शोभायमान होता है उसका नाम वृषभ है। यह जिनेन्द्र के १००८ नामों के अन्तर्गत है।

वृषभानुजात—वृषभानुजातः, अत्र 'अनुजात' शब्दः सदृशवचनो वृषभस्यानुजातः सदृशो वृषभानुजातः, वृषभाकारेण चन्द्र-सूर्य-नक्षत्राणि यस्मिन् योगे अवतिष्ठन्ते स वृषभानुजातः। (सूर्यप्र. मलय. वृ. १२, ७८ पृ. २३३)।

जिस योग में चन्द्र, सूर्य और नक्षत्र वृषभ के आकार से अवस्थित रहते हैं उसका नाम वृषभानुजात योग है। यहां अनुजात का अर्थ सदृश है।

वृष्य—इन्द्रियबलबर्द्धनो माषविकारादिर्वृष्यः कथ्यते। वृषवत्कामी भवति येनाहारेण स वृष्यः। (त. वृत्ति श्रुत. ७-३५)।

जो उड़द आदि इन्द्रियों के बल को वृद्धिगत करते हैं वे वृष्य कहलाते हैं, जिस आहार से मनुष्य बैल के समान कामी होता है उसका वृष्य यह सार्थक नाम है।

वृष्येष्टरस—१. वृषे वृषभे साधवो वृष्याः, येषु रसेषु भुक्तेषु पुमान् वृषभवत् उन्मत्तकामो भवति ते

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

रसा वृष्याः इत्युच्यन्ते। (त. वृत्ति श्रुत. ७-७)। २. वृष्यमन्नं यथा माषाः पयश्चेष्टरसः स्मृतः। वीर्यवृद्धिकरं चान्यत्तत्याज्यमित्यादि ब्रह्मणे॥ (लाटीसं. ६-६८)।

१ जिन रसों का उपभोग करने पर मनुष्य बैल के समान उन्मत्त हो जाता है वे वृष्यरस कहलाते हैं। २ वीर्य को वृद्धिगत करने वाले उड़द आदि को वृष्यरस कहा जाता है।

वेणुकानुजात वेणुः वंशस्तदनुजातः तत्सदृशो वेणुकानुजातः। (सूर्यप्र. मलय. वृ. १२-७८, २३३)।

वेणु नाम बांस का है, बांस के सदृश योग को वेणुकानुजातयोग कहा जाता है।

वेद (मार्गणा)—वेद्यत इति वेदः। (धव. पु. १, पृ. १४०); ××× अथवात्मप्रवृत्तेः सम्मोहोत्पादो वेदः। ××× अथवा आत्मप्रवृत्तेर्मैथुनसंमोहोत्पादो वेदः। (धव. पु. १, पृ. १४०; पु. ७, पृ. ७)।

जो वेदा जाता है—अनुभव में आता है—उसका नाम वेद है। अथवा आत्मप्रवृत्ति से जो मैथुनक्रिया के प्रति मुग्ध करता है उसे वेद कहा जाता है।

वेद (जीव)—सुखमसुखं वेदयतीति वेदः। (धव. पु. ९, पृ. २२१)।

जो सुख-दुख का वेदन या अनुभवन करता है या जानता है उसे वेद कहते हैं। यह एक जीव का पर्याय नाम है।

वेद (श्रुत)—अशेषपदार्थान् वेत्ति वेदिष्यति अवेदीदिति वेदः सिद्धान्तः। (धव. पु. १३, पृ. २८६)। जो समस्त पदार्थों को वर्तमान में जानता है, भविष्य में जानेगा तथा भूत में जान चुका है उसे वेद कहा जाता है। यह श्रुत के वाचक ४१ नामों में से एक है।

वेदकसम्यक्त्व—देखो क्षायोपशमिक सम्यक्त्व। १. ततः सम्यक्त्वभावनामृतरसविवर्धितविशुद्धिः मिथ्यात्वविघातिवीर्यविभवे क्षुद्यमानव्रीहितुषकण-तन्दुलविवेकवत् मिथ्यादर्शनकर्म मिथ्यात्व-सम्यक्त्व-सम्यङ्मिथ्यात्वविभागेन त्रिधा विभज्य सम्यक्त्वं वेदयमानः सद्भूतपदार्थश्रद्धानफलं वेदकसम्यग्दृष्टिर्भवति। (त. वा. ९-४५)। २. सम्मत्तसण्णिददंसणमोहणीयभेयकम्मस्स उदएण वेदयसम्माइट्ठी णाम। ××× जो पुण वेदयसम्माइट्ठी सो सिथिलसद्दहणो थेरस्स लट्ठिग्गहणं व सिथिलग्गाहो कुहेउ-कुदिट्ठंतेहि झडिदि विराहग्रो। (धव. पु. १, पृ. २७१-७२); दंसणमोहुदयादो उप्पज्जइ जं पयत्थसद्दहणं। चलमलिणमगाढं तं वेदगसम्मत्तमिह मुणसु॥ (धव. पु. १, पृ. ३९६ उद्.)। दर्शनमोहवेदको वेदकः, तस्य सम्यग्दर्शनं वेदकसम्यग्दर्शनम्। (धव. पु. १, पृ. ३९८); दंसणमोहणीयस्स ××× खग्रोवसमेण वेदगसम्मत्तं। (धव. पु. ७, पृ. १०७); सम्मत्तदेसघादिफद्दयाणमणंतगुणहाणीए उदयमागदाणमइदहरदेसघादित्तणेण उवसंताणं जेण खग्रोवसमसण्णा अत्थि तेण तत्थुप्पण्णजीवपरिणामो खग्रोवसमलद्धीसण्णिदो, तीए खग्रोवसमलद्धीए वेदगसम्मत्तं होदि। (धव. पु. ७, पृ. १०८)। ३. सम्मत्तदेसघादिस्सुदयादो वेदगं हवे सम्मं। चलमलिनमगाढं तं णिच्चं कम्मक्खवणहेदू॥ (गो. जी. २५); दंसणमोहुदयादो उप्पज्जइ जं पयत्थसद्दहणं। चलमलिणमगाढं तं वेदयसम्मत्तमिदि जाणे॥ (गो. जी. ६४९)। ४. व्रजन्ति सप्ताद्यकलं ××× ××× द्वयं (क्षयं शमं च) यदा याति तदानुवेदिकम्॥ (धर्मप. २०, ६९-७०)। ५. प्रशमे कर्मणां षण्णामुदयस्य क्षये सति। आदत्ते वेदकं बन्धं सम्यक्त्वस्योदये सति॥ (अमित. श्रा. २-५५)। ६. वेदकं नाम सम्यक्त्वं क्षपकश्रेणिमीयुषः। अनन्तानुबन्धिनां तु क्षये जाते शरीरिणः॥ (त्रि. श. पु. च. १, ३, ६०५)। ७. पाकाद्देशघ्नसम्यक्त्वप्रकृतेरुदयक्षये। शमे च वेदकं षण्णामगाढं मलिनं चलम्॥ (अन. ध. २-५६)। ८. छक्कुवसमदो सम्मत्तुदयादो वेदगं सम्मं॥ (भावत्रि. ९)। ९. दर्शनमोहनीयभेदस्य सम्यक्त्वप्रकृतेः सर्वघातिस्पर्धकानामुदयाभावलक्षणे क्षये तेषामेव सदवस्थालक्षणे उपशमे च उदयनिषेकदेशघातिस्पर्धकस्योदयात् क्षायोपशमिकं सम्यक्त्वं तत्त्वार्थश्रद्धानं भवेत् तदेव वेदकमित्युच्यते। (गो. जी. मं. प्र. २५)।

१ प्रथम सम्यक्त्व के अभिमुख हुआ जो जीव दले जाने वाले धान के छिलका, कण और तन्दुल इन तीन विभागों के समान मिथ्यादर्शन कर्म को

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

मिथ्यात्व, सम्यक्त्व और सम्यङ्मिथ्यात्व इन तीन भागों में विभाजित कर सम्यक्त्व प्रकृति का अनुभव करता है वह सद्भूत पदार्थों के श्रद्धान के फलस्वरूप वेदकसम्यग्दृष्टि होता है। २ अनन्तगुणे हीनक्रम से उदय में आकर व अतिशय हीन होकर देशघाती के रूप में उपशम को प्राप्त हुए सम्यक्त्व के देशघाती स्पर्द्धकों का नाम क्षयोपशम है। इस क्षयोपशम के आश्रय से जो जीव का परिणाम होता है उसे क्षयोपशमलब्धि कहते हैं। इस क्षयोपशम लब्धि से वेदकसम्यक्त्व होता है।

वेदना—१. वेयणा कम्माणमुदयो। (धव. पु. १, पृ. १२५); वेदणा णाम सुह-दुक्खाणि ×××तम्हा सव्वकम्माणं पडिसेहं काऊण पत्तोदयवेदणीयदव्वं चेव वेयणा त्ति उत्तं। (धव. पु. १०, पृ. १६); वेदणीयदव्वकम्मोदयजणिदसुह-दुक्खाणि अट्ठकम्माणमुदयजणिदजीवपरिणामो वा वेदणा। (धव. पु. १०, पृ. १७); अट्ठाविहकम्मदव्वस्स वेयण त्ति सण्णा। (धव. पु. ११, पृ. २); वेद्यते वेदिष्यत इति वेदनाशब्दसिद्धेः। अट्ठविहकम्मपोग्गलक्खंधो वेयणा। (धव. पु. १२, पृ. ३०२)। २. वेदना कर्मानुभवलक्षणा। (सूत्रकृ. शी. वृ. २, ५, १८, पृ. १२८)। ३. वेदनं वेदना, स्वभावेनोदीरणाकरणेन वोदयावलिकाप्रविष्टस्य कर्म्मणोऽनुभवनमिति भावः। (स्थानां. अभय. वृ. १५); वेदना सामान्यकर्मानुभवलक्षणा। (स्थानां. अभय. वृ. ३३); वेदनं स्थितिक्षयादुदयप्राप्तस्य कर्मण उदीरणाकरणेन वोदयभावमुपनीतस्यानुभवनमिति। (स्थानां. अभय. वृ. २५०)।

१ धवला में विवक्षाभेद से वेदना का लक्षण अनेक प्रकार का उपलब्ध होता है। यथा—कर्म के उदय का नाम वेदना है। सुख-दुख का नाम वेदना है। उदय में प्राप्त हुए वेदनीय कर्म के द्रव्य को ऋजुसूत्र नय की अपेक्षा वेदना कहा जाता है। शब्द नय की अपेक्षा वेदनीयकर्मद्रव्य के उदय से जो सुख-दुख होते हैं उनको अथवा आठों कर्मों के उदय से उत्पन्न होने वाले जीव के परिणाम को वेदना कहा गया है। आठ प्रकार के कर्मद्रव्य का नाम वेदना है। २ कर्म के अनुभव को वेदना कहते हैं।

वेदना आर्तध्यान—१. वेदना-शब्दः सुखे दुःखे च वर्तमानोऽपि आर्तस्य प्रकृतत्वात् दुःखवेदनायां प्रवर्तते, तस्या वातादिविकारजनितवेदनाया उपनिपाते तस्या अपायः कथं नाम मे स्यादिति संकल्पश्चिन्ताप्रबन्धस्तृतीयमार्तमुच्यते। (स. सि. ९, ३२)। २. तह सूल-सीसरोगाइवेयणाए विजोगपणिहाणं। तदसंपओगचिंता तप्पडियाराउलमणस्स॥ (ध्यानश. ७; योगशा. स्वो. विव. ३-७३ उद्.)। ३. प्रकरणाद् दुःखवेदनासंप्रत्ययः। यद्यपि वेदनाशब्दः सुख-दुःखानुभवनविषयसामान्यस्तथापि आर्तस्य प्रकृतत्वाद् दुःखवेदनासंप्रत्ययो भवति। तत्प्रतिचिकीर्षां प्रत्यागूर्णस्यानवस्थितमनसो धैर्योपरमात् स्मृतिसमन्वाहार आर्तध्यानमवगन्तव्यम्। (त. वा. ९, ३२, १)। ४. असद्वेद्योदयोपात्तद्वेषकारणमीरितम्। तृतीयं वेदनायाश्चेत्युक्तं सूत्रेण तत्त्वतः। (त. श्लो. ९, ३२, १)। ५. कास-श्वास-भगन्दरोदर-जराकुष्ठातिसार-ज्वरैः पित्त-श्लेष्म-मरुत्प्रकोपजनितैः रोगैः शरीरान्तकैः। स्यात्सत्त्वप्रबलैः प्रतिक्षणभवैर्यद्याकुलत्वं नृणां तद्रोगार्तमनिन्दितैः प्रकटितं दुर्वारदुःखाकरम्॥ स्वल्पानामपि रोगाणां माभूत्स्वप्नेऽपि संभवः। ममेति या नृणां चिन्ता स्यादार्तं तत्तृतीयकम्। (ज्ञाना. २५, ३२-३३)। ६. शूलादिरोगसम्भवे च तद्वियोगप्रणिधानं तदसंप्रयोगचिन्ता च द्वितीयम्। (योगशा. स्वो. विव. ३-७३)।

१ वेदना शब्द से सामान्यतः सुख-दुःख का बोध होता है, पर आर्तध्यान के प्रसंग में वात-पित्तादि के विकार से जो शरीर में पीडा होती है उसका नाम वेदना है। उसका विनाश कैसे हो, इस प्रकार के चिन्तन को वेदना नाम का आर्तध्यान कहा गया है। २ शूल रोग क्षादि की वेदना के होने पर उसके वियोग के लिए तथा भविष्य में उसका संयोग न होने के लिए जो चिन्ता होती है उसे वेदना आर्तध्यान कहते हैं।

वेदनाभय—१. एषैकैव हि वेदना यदचलं ज्ञानं स्वयं वेद्यते निर्भेदोदितवेद्य-वेदकबलादेकं सदानाकुलैः। नैवान्यागतवेदनैव हि भवेत् तद्भीः कुतो ज्ञानिनो निःशंकः सततं स्वयं स सहजं ज्ञानं सदा विन्दति॥ (समयप्रा. क. १५०)। २. वेदनागन्तुका बाधा मलानां कोपतस्तनौ। भीतिः प्रागेव कम्पोऽस्या (पंचा. 'कम्पः स्यात्') मोहाद्वा परिदेवनम्॥ उल्लाघोऽहं भविष्यामि मा भून्मे वेदना क्वचित्। मूर्च्छेव वेदनाभीतिश्चिन्तनं वा मुहुर्मुहुः॥ (लाटीसं. ४, ४८-४९; पंचाध्या. २, ५२४-२५)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

१ वेद्य और वेदक के भेद से रहित जो स्वयं एक निश्चल ज्ञान का वेदन किया जाता है यही एक वेदना है, अन्य बाह्य पदार्थों के सम्बन्ध से होने वाली दूसरी कोई वेदना नहीं है; फिर भला उसका भय कहां से हो सकता है? इस प्रकार निर्भय सम्यग्दृष्टि के वेदनाभय सम्भव नहीं है। २ मलों के प्रकोप से शरीर में जो रोगादिजनित वेदना उत्पन्न होती है वह आगन्तुक है। उसके पहिले ही शरीर में कम्प होना, अथवा अज्ञानता से उसके लिए चिन्तातुर होना कि मैं कैसे नीरोग होऊंगा, मुझे कहीं व्याधिजनित वेदना न हो; यही वेदनाभय कहलाता है।

वेदनासमुद्घात—१. तत्र वातिकादिरोग-विषादिद्रव्यसम्बन्धसन्तापापादितवेदनाकृतो वेदनासमुद्घातः। (त. वा. १, २०, १२, पृ. ७७)। २. वेदणसमुग्घादो णाम अक्खि-सिरोवेदणादीहि जीवाणमुक्कस्सेण सरीरतिगुणविप्फुज्जणं। (धव. पु. ४, पृ. २६); वेदणावसेण ससरीरादो बाहिमेगपदेसमादिं कादूण जावुक्कस्सेण सरीरतिगुणविफुंजणं वेयणसमुग्घादो णाम। (धव. पु. ७, पृ. २९९); वेयणावसेण जीवपदेसाणं विक्खंभुस्सेहेहि तिगुणविफुंजणं वेयणासमुग्घादो णाम। (धव. पु. ११, पृ. १८)। ३. तीव्रवेदनानुभवान्मूलशरीरमत्यक्त्वा आत्मप्रदेशानां बहिर्निगमनमिति वेदनासमुद्घातः। (बृ. द्रव्यसं. टी. १०)। ४. तीव्रवेदनानुभवात् मूलशरीरमत्यक्त्वा आत्मप्रदेशानां बहिर्गमनं सीतादिपीडितानां रामचन्द्रादीनां चेष्टाभिरिव वेदनासमुद्घातः दृश्यते इति वेदनासमुद्घातः। (कार्तिके. टी. १७६)।

१ वातिक (वायुजनित) आदि रोग तथा विष आदि द्रव्यों के सम्बन्ध से होने वाले सन्ताप के कारण जो वेदना होती है व उसके आश्रय से शरीर को न छोड़ते हुए आत्मप्रदेश बाहिर निकलते हैं, इसका नाम वेदनासमुद्घात है। २ आँख और सिर की वेदना आदि से जीवप्रदेशों के अधिक से अधिक शरीर से तिगुने फैल जाने को वेदनासमुद्घात कहा जाता है।

वेदनीय—देखो वेद्यकर्म। १. वेद्यत इति वेदनीयम्, अथवा वेदयतीति वेदनीयम्। जीवस्स सुह-दुक्खाणुहवणणिबंधणो पोग्गलक्खंधो मिच्छत्तादिपच्चयवसेण कम्मपज्जयपरिणदो जीवसमवेदो वेदणीयमिदि भण्णदे। (धव. पु. ६, पृ. १०); जीवस्स सुह-दुक्खुप्पाययं कम्मं वेयणीयं णाम। (धव. पु. १३, पृ. २०८)। २. तथा वेद्यते आल्हादिरूपेण यदनुभूयते तद्वेदनीयम्। (प्रज्ञाप. मलय. वृ. २८८)।

१ जो पुद्गलस्कन्ध मिथ्यात्व आदि कारणों के वश कर्मपर्याय रूप से परिणत होकर जीव के लिये सुख-दुःख का कारण होता है उसे वेदनीय कहा जाता है। २ जिसका आह्लादि (हर्ष आदि) के रूप से अनुभवन किया जाता है उसे वेदनीय कर्म कहते हैं।

वेदमूढता—पापोपदेशवेदान्यपुराणादिषु सन्मतिः। स्याद्वेदमूढता जन्तोः संसृतिभ्रान्तिकारणम्॥ (आचा. सा. ३-४८)।

पापजनक उपदेश, वेद और अन्य पुराण आदि के विषय में जो समीचीनता की बुद्धि होती है; इसे वेदमूढता कहते हैं, वह जीव के संसार परिभ्रमण की कारण है।

वेदिकाबद्धदोष—१. वेदिकाकारेण हस्ताभ्यां बन्धो हस्तपंजरेण वाम-दक्षिणस्तनप्रदेशं प्रपीड्य जानुद्वयं वा प्रबद्ध्य वन्दनाकरणं वेदिकाबद्धदोषः। (मूला. वृ. ७-१०७)। २. वेदिकाबद्धं जानुनोरुपरि हस्तौ निवेश्य अधो वा पार्श्वयोर्वा उत्संगे वा जानुकरद्वयान्तः कृत्वा वा इति पञ्चभिर्वेदिकाभिर्बद्धं युक्तं वन्दनम्। (योगशा. स्वो. विव. ३-१३०)। ३. वेदिबद्धं स्तनोत्पोडो दोर्भ्यां वा जानुबन्धनम्। (अन. ध. ८-१०२)।

१ वेदिका के आकार से दोनों हाथों से बायें व दाहिने स्तनप्रदेश को पीड़ित कर वन्दना करना अथवा दोनों घुटनों को बांध कर वंदना करना, यह एक वन्दना का वेदिकाबद्ध दोष है। २ दोनों घुटनों के ऊपर, नीचे, दोनों पार्श्वभागों में अथवा उत्संग में दोनों हाथों को करके अथवा घुटने को दोनों हाथों के मध्य में करके; पांच वेदिकाओं से युक्त जो वन्दना की जाती है वह वेदिकाबद्ध नामक दोष से दूषित होती है।

वेदिम—सुत्तिधुवकोसपल्लादिदव्वं वेदणकिरियाणिप्फण्णं वेदिमं णाम। (धव. पु. ९, पु. २७२, २७३)।

वेदनक्रिया क्रिया से सिद्ध शुक्ति, ध्रुव, कोश पल्य आदि द्रव्य का नाम वेदिम है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

वेद्यकर्म—मधुलिप्तासिधाराग्रास्वादाभं वेद्यकर्म-यत्। सुख-दुःखानुभवनदं स्वभावं तत्प्रकीर्तितम् ॥ (त्रि. श. पु. च. २, ३, ४६६)।

शहद लपेटी तलवार की धार के अग्रभाग के आस्वादन के समान जो कर्म सुख व दुःख के अनुभवन स्वभाववाला है उसे वेद्यकर्म कहते हैं।

वेध—वेधस्तु नासिकादिवेधनं कीलिकादिभिः। (ध्यानश. हरि. वृ. १६)।

कील आदि के द्वारा जो नाक आदि को वेधा जाता है, इसे वेध कहते हैं।

वेहाणसमरण—देखो विप्पाणसमरण। वेहाणसं नाम उब्बंधणं। (उत्तरा. चू. पृ. १२६)।

उद्बन्धन—पेड आदि के आश्रित बन्धन (फांसी)—से जो आकाश में मरण होता है उसे वेहाणस या वैहायस मरण कहते हैं।

वैक्रिय—१. अष्टगुणैश्वर्ययोगादेकानेकाणु-महच्छरीरविविधकरणं विक्रिया, सा प्रयोजनमस्येति वैक्रियिकम्।(स. सि. २–३६)। २. विक्रिया प्रयोजनं वैक्रियिकम्। अष्टगुणैश्वर्ययोगादेकानेकाणु-महच्छरीरविविधकरणं विक्रिया, सा प्रयोजनमस्येति वैक्रियिकम्। (त. वा. २, ३६, ६); विविधर्धिगुणयुक्तविकरणलक्षणं वैक्रियिकम्। (त. वा. २, ४६, ८)। ३. विविधा क्रिया विक्रिया, तस्यां भवं वैक्रियम्। (आव. नि. हरि. वृ. १४३४, पृ. ७६७)। ४. अणिमादिविक्रिया, तद्योगात्पुद्गलाश्च विक्रियेति भण्यन्ते। तत्र भवं शरीरं वैक्रियिकम्। (धव. पु. १, पृ. २६१); जस्स कम्मस्स उदएण आहारवग्गणाए खंधा अणिमादिअट्ठगुणोवलक्खियसुहा-सुहप्पय-वेउव्वियसरीररूवेण परिणमंति तस्स वेउव्वियसरीरमिति सण्णा। (धव. पु. ६, पृ. ६६); जस्सकम्मस्स उदएण वेउव्वियसरीरपरमाणू जीवेण सह बंधमागच्छन्ति तं कम्मं वेउव्वियसरीरणामं। (धव. पु. १३, पृ. ३६३); तेत्तीससागरोवमसंचिदणोकम्मपदेसकलाओ वेउव्वियसरीरं णाम। (धव. पु. १४, पृ. ७८)। ५. विक्रियायां भवः कायो विक्रिया वा प्रयोजनम्। यस्य वैक्रियिको ज्ञेयः × ×× ॥ एकानेकलघु-स्थूलशरीरविविधक्रिया। विक्रिया कथिता प्राज्ञैः सुर-श्वाभ्रादिगोचरा ॥ (पञ्चसं. अमित. १, १७३–७४)। ६. तथा यदुदयादाहारवर्गणागतपुद्गलस्कन्धा अणिमादिगुणोपलक्षितास्तद्वैक्रियकं शरीरम्। (मूला. वृ. १२, १६३)। ७. विक्रिया प्रयोजनमस्येति वैक्रियं सूक्ष्मतरविशिष्टकार्यकरणक्षमपुद्गलनिर्वृत्तम्। (औपपा. अभय. वृ. ४२, पृ. ११०)। ८. तथा विविधा विशिष्टा वा क्रिया विक्रिया, तस्यां भवं वैक्रियम्। (प्रज्ञाप. मलय. वृ. २६७, पृ. ४०६)। ६. विविधं करणं विक्रिया, विक्रिया प्रयोजनं यस्य तत् वैक्रियिकम्, विक्रियिकनामकर्मोदयनिमित्तम्, अष्टगुणैश्वर्ययोगादेकाऽनेकस्थूल-सूक्ष्मशरीरकरणसमर्थमित्यर्थः। (त. वृत्ति श्रुत. २–३६); विक्रियाहेतुभूतं वैक्रियिकं शरीरम्। (त. वृत्ति श्रुत. ४–२१)।

१ अणिमा-महिमा आदि आठ गुणरूप ऐश्वर्य के सम्बन्ध से एक-अनेक तथा छोटे-बड़े आदि अनेक प्रकार के रूपों को जो निर्मित किया जाता है, इसका नाम विक्रिया है। इस विक्रियारूप प्रयोजन के सिद्ध करने वाले शरीर को वैक्रिय, वैक्रियिक अथवा वैर्गूविक शरीर कहा जाता है। ७ जो शरीर सूक्ष्म से सूक्ष्म कार्य के करने में समर्थ पुद्गल से रचा जाता है तथा जिसका प्रयोजन विविध क्रियाओं का करना है वह वैक्रिय शरीर कहलाता है।

वैक्रियपरदारगमन—वैक्रियपरदारगमनं देवाङ्गनागमनम्। (आव. हरि. वृ. अ. ६, पृ. ८२३)।

देवांगना के साथ समागम करने को वैक्रियपरदारगमन कहते हैं। यह ब्रह्मचर्याणुव्रत का एक अतिचार है।

वैक्रियबन्धन—देखो वैक्रियिक शरीरबन्धन।

वैक्रियिक—देखो वैक्रिय।

वैक्रियिककाययोग—१. तदवष्टम्भतः (वैक्रियिकावष्टम्भतः) समुत्पन्नपरिस्पन्देन योगः वैक्रियिककाययोगः। (धव. पु. १, पृ. २६१)। २. विविहगुणइड्ढिजुत्तं विक्किरियं वा हु होदि वेगुव्वं। तिस्से भवं च णेयं वेगुव्वियकायजोगो सो ॥ (गो. जी. २३२)।

१ अणिमा-महिमा आदि का नाम विक्रिया है, उसके सम्बन्ध से पुद्गलों को भी विक्रिया कहा जाता है। ऐसे पुद्गलों से जो शरीर उत्पन्न होता है उसे वैक्रियिक शरीर कहते हैं। उसके आश्रय से जो आत्मप्रदेशों में परिस्पन्दन होता है उससे होने वाला योग वैक्रियिक काययोग कहलाता है। उक्त वैक्रियिक शरीर और वैक्रियिक काययोग को क्रम से

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

वैगूर्विक शरीर और वैगूर्विक काययोग भी कहा जाता है ।

वैक्रियिकशरीर—देखो वैक्रिय ।

वैक्रियिकशरीरबन्धन—१. एवं सेससरीरबंधणाणं पि अत्थो वत्तव्वो (जस्स कम्मस्स उदएण वेउव्वियसरीर-परमाणू अण्णोण्णेण बंधमागच्छन्ति तं वेगुव्वियसरीरबंधणं णाम) । (धव. पु. ६, पृ. ७०) । २. यदुदयाद् वैक्रियपुद्गलानां गृहीतानां गृह्यमाणानां च परस्परं तैजस-कार्मणपुद्गलैश्च सह सम्बन्धस्तद्वैक्रियबन्धनम् । (प्रज्ञाप. मलय. वृ. २९३, पृ. ४७०) ।

१ जिसके उदय से वैक्रियिक शरीर के परमाणु परस्पर में बन्ध को प्राप्त होते हैं उसका नाम वैक्रियिक शरीरबन्धन नामकर्म है। २ जिसके उदय से गृहीत और गृह्यमाण वैक्रियिक पुद्गलों का परस्पर में तथा तैजस और कार्माण पुद्गलों के साथ भी सम्बन्ध होता है उसे वैक्रियिकबन्धन कहते हैं ।

वैक्रियिकशरीरसंघात—एवं सेससरीरसंघादाणं पि अत्थो वत्तव्वो (जस्स कम्मस्स उदएण वेउव्वियसरीरक्खंधाणं सरीरभावमुवगयाणं बंधणणामकम्मोदएण एकबंधबद्धाणमट्ठत्तं होदि तं वेउव्वियसरीरसंघादं णाम) । (धव. पु. ६, पृ. ७०) ।

जिस कर्म के उदय से वैक्रियिक शरीर स्वरूप को प्राप्त हुए तथा बन्धन नामकर्म के उदय से एक बन्धन में बद्ध हुए वैक्रियिक शरीररूप स्कन्धों में मृष्टता (एकरूपता) होती है उसे वैक्रियिक शरीरसंघात नामकर्म कहते हैं ।

वैक्रियिकशरीराङ्गोपाङ्ग—एवं सेसदोसरीरअंगोवंगाणं पि अत्थो वत्तव्वो (जस्स कम्मस्स उदएण वेउव्वियसरीरस्स अंगोवंग-पच्चंगाणि उप्पज्जंति तं वेउव्वियसरीरअंगोवंग णामं) । (धव. पु. ६, पृ. ७३) ।

जिस कर्म के उदय से वैक्रियिक शरीर के अंग—उपांग और प्रत्यंग उत्पन्न होते हैं उसे वैक्रियिकशरीराँगोपांग नामकर्म कहते हैं ।

वैक्रियिकसमुद्घात—१. एकत्व-पृथक्त्व-नानाविधविक्रियशरीरवाक्प्रचार-प्रहरणादिविक्रियाप्रयोजनो वैक्रियिकसमुद्घातः । (त. वा. १, २०, १२, पृ. ७७) । २. वेउव्वियसमुग्घादो णाम देव-णेरइयाणं वेउव्वियसरीरोदइल्लाणं साभावियमागारं छड्डिय अण्णागारेणच्छण्णं । (धव. पु. ४, पृ. २६); विविहिद्धिस्स माहप्पेण संखेज्जासंखेज्जजोयणाणि सरीरेण ओट्ठहिय अवट्ठाणं वेउव्वियसमुग्घादो णाम । (धव. पु. ७, पृ. २९९) । ३. मूलशरीरमपरित्यज्य किमपि विकर्तुमात्मप्रदेशानां बहिर्गमनमिति विक्रियासमुद्घातः । (बृ. द्रव्यसं. टी. १०) ।

१ एकत्व व पृथक्त्वरूप अनेक प्रकार की वैक्रियिक शरीर, वाक्प्रकार और प्रहरण आदि विक्रियारूप प्रयोजन के सिद्ध करने वाले समुद्घात को—आत्मप्रदेशों के शरीर से बाहिर निकलने को—वैक्रियिक समुद्घात कहते हैं । २ वैक्रियिक शरीर के उदय वाले देवों व नारकियों के स्वाभाविक आकार को छोड़कर भिन्न आकार में अवस्थित होने को वैक्रियिकसमुद्घात कहा जाता है ।

वैगूर्विक—देखो वैक्रिय ।

वैदिकभावश्रुतग्रन्थ—द्वादशांगादिबोधो वैदिकभावश्रुतग्रन्थः । (धव. पु. ९, पृ. ३२२) ।

बारह अंग आदि के बोध को वैदिकभावश्रुतग्रन्थ (कृति) कहा जाता है ।

वैदिकमूढ—ऋग्वेद-सामवेदा वागणुवादादिवेदसत्थाइं । तुच्छाणि ताणि गेण्हइ वेदियमूढो हवदि एसो ॥ (मूला. ५–६१) ।

ऋग्वेद, सामवेद, वाक् (ऋग्वेद प्रतिबद्ध प्रायश्चित्त आदि) और अनुवाद (मनुस्मृति) आदि तुच्छ शास्त्रों को जो ग्रहण करता है वह वैदिकमूढ होता है ।

वैदेहिक—गृहपति-वैदेहिकौ ग्रामकूट-श्रेष्ठिनौ । (नीतिवा. १४–११, पृ. १७३) ।

राजश्रेष्ठी को वैदेहिक कहा जाता है। यह राजा के अवसर्पवर्ग के अन्तर्गत है ।

वैधर्म्य—वैधर्म्यं च साध्याभावाधिकरणवृत्तित्वेन निश्चितत्वम् । (सप्तभं. पृ. ५३) ।

साध्याभाव के अधिकरण में जिसके न रहने का निश्चय हो, उसे वैधर्म्य कहा जाता है ।

वैनयिकमिथ्यात्व—१. सर्वदेवतानां सर्वसमयानां च समदर्शनं वैनयिकम् । (स. सि. ८–१; त. वा. ८, १, २८) । २. विनयेन चरन्ति विनयो वा प्रयोजनं येषामिति वैनयिकाः । एते चानबधृतलिङ्गाऽऽचारशास्त्रा विनयप्रतिपत्तिलक्षणाः × × ×। (नन्दी. हरि. वृ. पृ. १०१) । ३. विनयेन चरन्तीति

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

वैनयिकाः वसिष्ठ-परासर-वाल्मीकि-व्यासेलापुत्र-सत्यदत्तप्रभृतयः। एते चानवधृतलिङ्गाऽऽचारशास्त्रा विनयप्रतिपत्तिलक्षणा वेदितव्याः। (षड्द. सं. १, पृ. १६)। ४. अइहिय-पारत्तियसुहाइं सव्वाइं पि विणयादो चेव, ण णाण-दंसण-तवोववासकिलेसेहिंतो त्ति अहिणिवेसो वेणइयमिच्छत्तं। (धव. पु. ८, पृ. २०)। ५. विनयादेव मोक्ष इत्येवं गोशालकमतानुसारिणो विनयेन चरन्तीति वैनायिका व्यवस्थिताः। (सूत्रकृ. शी. वृ. १, ६, २७, पृ. १५१, ५२)। ६. सर्वेषामपि देवानां समयानां तथैव च। यत्र स्यात्समदर्शित्वं ज्ञेयं वैनयिकं हि तत्॥ (त. सा. ५–८)। ७. वेणइयमिच्छदिट्ठी हवइ फुडं तावसो हु अण्णाणी। णिग्गुणजणम्मि विणओ पउंजमाणो हु गयविवेओ॥ विणयादो इह मोक्खं किज्जइ पुणु तेण गद्दहाईणं। अमुणियगुणागुणेण य विणयं मिच्छत्त-णडियेण॥ जक्खय-णायाईणं दुग्गा-खंधाइ-अण्णदेवाणं। जो णवइ धम्महेउं जो वि य हेउं च सो मिच्छो॥ (भावसं. दे. ७३–७५)। ८. सर्वेषु देव-धर्मेषु साम्यं वैनयिकं मतम्॥ (पंचसं. अमित. ४-२५, पृ. ८४)। ९. सम्यग्दर्शन-ज्ञान-चारित्रनिरपेक्षगुरुपादपूजादिलक्षणविनयेनैव भवत्येव स्वर्गापवर्गप्राप्तिरिति श्रद्धानं विनयमिथ्यात्वं। (गो. जी. म. प्र. १५)। १०. सम्यग्दर्शन-ज्ञान-चारित्रनिरपेक्षतया गुरुपादपूजादिरूपविनयेनैव मुक्तिरेतच्छ्रद्धानं वैनयिकमिथ्यात्वम्। (गो. जी. जी. प्र. १५)। ११. सर्वे देवाः सर्वसमयाश्च समानतया दृष्टव्या वन्दनीया एव, न च निन्दनीया इत्येवं सर्वविनयप्रकाशकं वैनयिकमिथ्यादर्शनम्। (त. वृत्ति श्रुत. ८–१)।

१ समस्त देवों और सब शास्त्रों को समान रूप में देखना —उनकी यथार्थता और अयथार्थता का विवेक न रखना, यह वैनयिकमिथ्यात्व का लक्षण है। २ लिंग और आचारशास्त्र के अवधारण से रहित जो विनय के आशय से आचरण करते हैं अथवा जिनका प्रयोजन एक मात्र विनय ही होता है वे वैनयिकमिथ्यादृष्टि माने गये हैं। ४ इहलोक और परलोक सम्बन्धी सभी सुख विनय से ही प्राप्त होते हैं; न कि ज्ञान, दर्शन, तप और उपवास के क्लेश से इस प्रकार के अभिप्राय को वैनियिकमिथ्यात्व कहा जाता है। ५ विनय से ही मोक्ष होता है, इस प्रकार गोशालक के मत का अनुसरण करने वाले जो विनय से आचरण करते हैं वे वैनयिक समझे जाते हैं।

वैनयिकमिथ्यादर्शन—देखो वैनयिकमिथ्यात्व।

वैनयिकमिथ्यादृष्टि—देखो वैनयिकमिथ्यात्व।

वैनयिकवाद—१. एते चानवधृतलिङ्गाचारशास्त्रा विनयप्रतिपत्तिलक्षणा अमुनोपायेन द्वात्रिंशदवगन्तव्याः—सुर-नृपति-ज्ञाति- यति-स्थविराधम-मातृ-पितृणां प्रत्येकं कायेन वाचा मनसा दानेन च देश-कालोपपन्नेन विनयः कार्यः इत्येते चत्वारो भेदाः सुरादिष्वष्टसु स्थानेषु, एकत्र मेलिता द्वात्रिंशदिति। (नन्दी. हरि. वृ. पृ. १०२)। २. देव-नृपति-ज्ञानि-यति-वृद्ध-बाल-मातृ-पितृष्वष्टसु मनोवचन-काय-दान-विनयश्चत्वारः कर्तव्याश्चेति द्वात्रिंशद्वैनयिकवादाः स्युः। (गो. क. जी. प्र. ८८८)।

१ विनय को स्वीकार करने वाले वैनयिकमिथ्यादृष्टि बत्तीस हैं, जो इस प्रकार से जाने जा सकते हैं—सुर, राजा, ज्ञाति, यति, स्थविर (वृद्ध), अधम, माता और पिता; इनमें से प्रत्येक का देश व काल की उपपत्ति के साथ काय, वचन, मन और दान इन चार के द्वारा विनय करना चाहिए। इन चार भेदों को उपर्युक्त सुरादि आठ भेदों में मिलाने पर सब बत्तीस (८×४=३२) होते हैं। २ देव, राजा, ज्ञानी, यति वृद्ध, बालक, माता और पिता इन आठ के विषय में मन, वचन, काय और दान इन चार से विनय करना चाहिए। इस प्रकार इस चार प्रकार के विनय का सम्बन्ध उक्त देवादि में से प्रत्येक के साथ होने से वैनयिकवादी बत्तीस हो जाते हैं।

वैनयिकवादी—१. विणइत्ता वेणइयवादी। (सूत्रकृ. नि. ११८)। २. विनयेन चरन्ति तत्प्रयोजना वा वैनयिकाः। ×××वैनयिकाः विनयादेव केवलात् स्वर्ग-मोक्षावाप्तिमभिलषन्तो मिथ्यादृष्टयः, यतो न ज्ञान-क्रियाभ्यामन्तरे मोक्षवाप्तिरिति। (सूत्रकृ. नि. शी. वृ. ११८, पृ. २१२)। ३. विनयेन चरन्ति स वा प्रयोजनं एषामिति वैनयिकाः। ते च ते वादिनश्चेति वैनयिकवादिनः। विनय एव वा वैनयिकम्, तदेव ये स्वर्गादिहेतुतया वदन्त्येवं शीलाश्च ते वैनयिकवादिनः, विधृतलिङ्गाचारशास्त्रा विनयप्रतिपत्तिलक्षणाः। (भगवती. अभय. वृ. ३०–१; स्थानां. अभय. वृ. ३४५)। ४. येऽपि च विनय-

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

वादिनो विनयप्रतिपत्तिलक्षणास्तेऽपि मोहान्मुक्तिपथ-परिभ्रष्टाः वेदितव्याः । तथाहि—विनयो नाम मुक्त्यङ्गं यो मुक्तिपथानुकूलो न शेषाः । (नन्दी. सू. मलय. वृ. ४६, पृ. २२७) ।

१ जो विनयशीलता को ही स्वर्ग मोक्ष का कारण मानते हैं वे वैनयिकवादी कहलाते हैं । २ विनय से जो आचरण करते हैं अथवा विनय को ही प्रयोजनीभूत मानते हैं वे वैनयिकवादी कहलाते हैं । ये वैनयिकवादी केवल विनय से ही स्वर्ग-मोक्ष की प्राप्ति की इच्छा करते हैं, परन्तु ज्ञान और आचरण के विना वह सम्भव नहीं है । इसी से वे मिथ्यादृष्टि माने गये हैं ।

वैनयिकश्रुत—१. वेणइयं भरहैरावद-विदेहसाहूणं दव्व-खेत्त-काल-भावे पडुच्च णाण-दंसण-चारित्त-तवोवचारियविणयं वण्णेदि । (धव. पु. ९, पृ. १८९) । २. पंचण्हं विणयाणं लक्खणं विहाणं फलं च वइणयियं परूवेदि । जयध. १, पृ. ११८) । ३. ज्ञान-दर्शन-तपश्चारित्रोपचारलक्षणपंचविधविनय-प्ररूपकं वैनयिकम् । (श्रुतभ. टी. २४, पृ. १७९)। ४. चतुर्विधविनयप्रकाशकं वैनयिकम् । (त. वृत्ति श्रुत. १–२०) ।

१ द्रव्य, क्षेत्र, काल और भाव की अपेक्षा जिसमें भरत, ऐरावत और विदेहक्षेत्रगत साधुओं के ज्ञान, दर्शन, चारित्र, तप और औपचारिक विनय का वर्णन किया जाता है उसे वैनयिक अंगबाह्यश्रुत कहा जाता है ।

वैनयिकी प्रज्ञा—१. वइणइकी विणएणं उप्पज्जदि बारसंगसुदजोग्गं । (ति. प. ४–१०२१) । २. भर-निस्तरणसमत्था तिवग्गसुत्तत्थगहियपेयाला । उभ-ओलोगफलवई विणयसमुत्था हवइ बुद्धी । (उपदे. प. ४३) । ३. विणएण दुवालसंगाइं पढंतस्सुप्पण्ण-पण्णा वेणइया णाम, परोवदेसेण जादपण्णा वा । (धव. पु. ९, पृ. ८२) । ४. विनयेन द्वादशांगानि पठतः समुत्पन्ना वैनयिकी । (चा. सा. पृ. ९७) । ५. आगमा लिंगिनो देवा धर्माः सर्वे सदा समाः । इत्येषा कथ्यते बुद्धिः पुंसो वैनयिकी जिनैः ॥ (अमित. श्रा. २–८) । ६. विनयो गुरुशुश्रूषा, स च कारणमस्यास्तत्प्रधाना वा वैनयिकी । (उपदे. प. मु. वृ. ३८) । ७. विनयो गुरुशुश्रूषा, स कारण-मस्या वैनयिकी । (आव. नि. मलय. वृ. ९३८) ।

१ विनय से जो बारह अंगस्वरूप श्रुत के योग्य बुद्धि उत्पन्न होती है उसे वैनयिकी प्रज्ञा कहते हैं । २ विनयपूर्वक बारह अंगों के पढ़ने वाले के जो बुद्धि उत्पन्न होती है उसका नाम वैनयिकी प्रज्ञा है । अथवा जो बुद्धि पर के उपदेश से उत्पन्न होती है उसे वैनयिकी प्रज्ञा जानना चाहिए । ६ विनय से अभिप्राय गुरु की शुश्रूषा (सेवा) का है, वह जिसकी कारण है अथवा उसकी प्रधानता से जो बुद्धि उत्पन्न होती हैं उसे वैनयिकी बुद्धि कहा जाता है ।

वैनयिकी बुद्धि—देखो वैनयिकी प्रज्ञा ।

वैभाविकभाव—तद्गुणाकारसंक्रान्तिर्भावो वैभाविकश्चितः । तन्निमित्तं च तत्कर्म तथा सामर्थ्यकारणम् ॥ (पंचाध्या. २–१०५) ।

जीव के अपने गुणों के आकार में जो संक्रमण—परिवर्तन या विकार—होता है उसे वैभाविकभाव कहा जाता है ।

वैमानिक—१. विशेषेणात्मस्थान् सुकृतिनो मानयन्तीति विमानानि, विमानेषु भवा वैमानिकाः । (स. सि. ४–१६; त. वा. ४, १६, १)। २. स्वांस्तु कृतिनो विशेषेण मानयन्तीति विमानानि, तेषु भवा वैमानिकाः । वैमानिकनामकर्मोदये सति वैमानिकाः । (त. श्लो. ४–१६) । ३. विशेषेण आत्मस्थान् पुण्यवतो जीवान् मानयन्ति यानि तानि विमानानि, विमानेषु भवाः ये ते वैमानिकाः । (त. वृत्ति श्रुत. ४–१६) ।

१ जिनमें रहते हुए जीव अपने को विशेष रूप से पुण्यशाली मानते हैं वे विमान और उनमें रहने वाले देव वैमानिक कहलाते हैं ।

वैयावृत्य तप—१. गच्छे वेज्जावच्चं गिलाण-गुरु-बाल-बुड्ढ-सेहाणं । जहजोगं कादव्वं सगसत्तीए पयत्तेण ॥ (मूला. ४–५३, पृ. १४९); आइरियादिसु पंचसु सबाल-बुड्ढाउलेसु गच्छेसु । वेज्जावच्चं वुत्तं कादव्वं सव्वसत्तीए ॥ गुणाधिए उवज्झाए तवस्सि सिस्से य दुब्बले । साहुगणे कुले संघे समणुण्णे य चापदि ॥ (मूला. ५, १९२–१९३); सेज्जोग्गासणिसेज्जो तहोवहि-पडिलेहणाहि उवग्गहिदे । आहारोसह-वायण-विकिंचणंवंदणादीहिं ॥ (भ. आ. 'चणुव्वत्तणादीसु') अद्धाणतेण-सावद-राय-णदीरोधणासिवे ओमे । वेज्जावच्चं वुत्तं संगह-सारक्खणो-

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

वेदं ॥ (मूला. ५, १९४–९५; भ. आ. ३०५–६)। २. सत्तीए भत्तीए विज्जावच्चुज्जदा सहा होइ। आणाए णिज्जरेत्ति य सव्वाल-उड्ढाउले गच्छे ॥ (भ. आ. ३०४)। ३. दानं वैयावृत्यं धर्माय तपोधनाय गुणनिधये। अनपेक्षितोपचारोपक्रियमगृहाय विभवेन ॥ व्यापत्तिव्यपनोदः पदयोः संवाहनं च गुणरागात्। वैयावृत्यं यावानुपग्रहोऽन्योऽपि सयमिनाम् ॥ (रत्नक. ४, २१–२२)। ४. कायचेष्टया द्रव्यान्तरेण चोपासनं वैयावृत्यम्। (स. सि. ९, २०)। ५. व्यावृत्तस्य भावः कर्म च वैयावृत्यम्। कायचेष्टया द्रव्यान्तरेण वा व्यावृत्तस्य भावः कर्म वा वैय्यावृत्यमित्युच्यते। (त. वा. ९, २४, २)। ६. व्यापदि यत् क्रियते तद् वैयावृत्यम्। (धव. पु. १३, पृ. ६३)। ७. व्यावृत्तस्य भावः कर्म वा वैयावृत्यम्। ××× आचार्यप्रभृतीनां यद्दशानां विनिवेदितम्। वैयावृत्यं भवेदेतदन्वर्थप्रतिपत्तये ॥ (त. श्लो. ९, २४, १)। ८. चारित्रस्य कारणानुमननं वैयावृत्यम्। (भ. आ. विजयो. ६)। ९. सूर्युपाध्याय-साधूनां शैक्षग्लान-तपस्विनाम्। कुल-सङ्घ-मनोज्ञानां वैयावृत्यं गणस्य च ॥ व्याध्याद्युपनिपातेऽपि तेषां सम्यग्विधीयते। स्वशक्त्या यत्प्रतीकारो वैयावृत्यं तदुच्यते ॥ (त. सा. ७, २७-२८)। १०. कायपीडादुष्परिणामव्युदासार्थं कायचेष्टया द्रव्यान्तरेणोपदेशेन च व्यावृत्तस्य यत्कर्म तद्वैयावृत्यम्। ××× आचार्यादीनां व्याधि-परीषह-मिथ्यात्वाद्युपनिपाते सत्यप्रत्युपकाराशया प्रासुकौषध-भुक्ति-पानाऽऽश्रयपीठफलक-संस्तरादिभिर्धर्मोपकरणैस्तत्प्रतीकारः सम्यक्त्वप्रत्यवस्थापनमित्येवमादि-वैयावृत्यम्। बाह्यस्यौषध-भुक्तिपानादेरसंभवे स्वकायेन श्लेष्म-सिंघाणकान्तर्मलाद्यपकर्षणादि तदानुकूल्यानुष्ठानं च वैयावृत्यमिति कथ्यते। तत्पुनः किमर्थम् ? समाध्याध्यानं विचिकित्साऽभावः प्रवचनवात्सल्यं सनाथता चेत्येवमाद्यर्थम्। (चा. सा. पृ. ६६–६७)। ११. जो उवयरदि जदीणं उवसग्ग-जराइखीणकायाणं। पूयादिसु णिरवेक्खं वेज्जावच्चं तवो तस्स ॥ जो वावरइ सरूवे सम-दमभावम्मि सुद्धउवजुत्तो। लोय-ववहारविरदो वेयावच्चं परं तस्स ॥ (कार्तिके. ४५९–६०)। १२. आधि-व्याधिनिरुद्धस्य निरवद्येन कर्मणा। सौचित्यकरणं प्रोक्तं वैयावृत्यं विमुक्तये ॥ (उपासका. २१४)। १३. वैयावृत्यं कायिकव्यापाराहारादिभिरुपग्रहणम्। (मूला. वृ. ४–५३)। १४. व्यापत्प्रतिक्रिया वैयावृत्यं स्यात्सूरि-पाठके। तपस्वि-शैक्ष्य-ग्लानेषु गणे संघे कुले यतौ ॥ मनोज्ञे च तपस्येषु नानाऽनशनवर्तिनः। (आचा. सा. ६, ८६–८७)। १५. वैयावृत्यं भक्त-पानादिभिरुपष्टम्भः। (औपपा. अभय. वृ. २०, पृ ४३)। १६. वैयावृत्तं व्यावृत्तो व्यापारप्रवृत्तः प्रवचनोदितक्रियानुष्ठानपरस्तस्य भावः कर्म वा वैयावृत्यम्। व्याधि-परीषह-मिथ्यात्वाद्युपनिपाते तत्प्रतीकारो बाह्यद्रव्यासम्भवे स्वकायेन तदानुकूल्यानुष्ठानं च। (योगशा. स्वो. विव. ४–९०)। १७. वैयावृत्यं भक्त-पानादिमोपष्टम्भलक्षणं भोगफलं चक्रवर्तिभोगफलं च ××× । (आव. नि. मलय. वृ. १७४)। १८. अनवद्येन विधिना गुणवतां दुःखापनयनं वैयावृत्यमुच्यते। ××× व्यावृत्तेर्भावो वैयावृत्यम्। (त. वृत्ति श्रुत. ६–२४); शरीरप्रवृत्त्या यात्रादिगमनेन वा द्रव्यान्तरेण वा यो ग्लानो मुनिस्तस्य पादमर्दनादिभिराराधनं वैयावृत्यमुच्यते। (त. वृत्ति श्रुत. ९-२०)। १९. गुणवतां दुःखोपनिपाते निरवद्यवृत्त्या तदपनयनम् वैयावृत्यम्। (भावप्रा. टी. ७७)। २०. तपोधनानां दैवाद्वा ग्लानित्वं समुपेयुषाम्। यथाशक्ति प्रतीकारो वैयावृत्यः (?) स उच्यते ॥ (लाटीसं. ७–८४)।

१ गच्छ—चातुर्वर्ण्य श्रमणसंघ में, ग्लान—व्याधि आदि से पीड़ित, गुरु (शिक्षा-दीक्षा देने वाला), बाल (नवदीक्षित अथवा पूर्वापर विवेक से रहित), वृद्ध (आयु से वृद्ध अथवा दीक्षा आदि से अधिक) और शैक्ष (अध्ययन मे निरत); इनकी यथायोग्य अपनी शक्ति के अनुसार जो सेवा-सुश्रूषा की जाती है उसे वैयावृत्य कहते हैं। यहां वैयावृत्य की प्रेरणा नवागत साधु को लक्ष्य करके की गई है। गुणों में अधिक, उपाध्याय (पाठक), दुष्कर तपश्चरण करने वाले तपस्वी, शिष्य, दुर्बल, साधुगण—ऋषि, यति, मुनि व अनगार; कुल, संघ (चातुर्वर्ण्य श्रमणसमूह), मनोज्ञ (निरुपद्रव) और आपत्ति के समय; इन सबको शय्या, अवकाश (वसति), आसन, उपधि (कमण्डलु आदि) और प्रतिलेखन (पीछी) के द्वारा अनुगृहीत करके आहार, औषध, वाचना (शास्त्र व्याख्यान), मल आदि को दूर

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

करने अथवा वन्दना आदि से जो उपकार किया जाता है इस सबको वैयावृत्य कहा जाता है। इसके अतिरिक्त मार्गश्रम से श्रान्त, चोर आदि से उपद्रुत, हिंस्र पशुओं से पीड़ित, राजा के द्वारा बाधित, नदी से अवरुद्ध तथा रोग अथवा दुर्भिक्ष आदि से पीड़ित ऐसे अभ्यागत साधुओं को ग्रहण कर उनका सरक्षण करना, यह भी वैयावृत्य का लक्षण है। यह अभ्यन्तर तप के अन्तर्गत है। ३ गृह द्वार को छोड़ देने वाले गुणी तपस्वी का जो प्रत्युपकार की अपेक्षा न करके उपकार किया जाता है तथा गुणानुराग के वश जो उनकी आपत्तियों को दूर किया जाता है एवं पादमर्दन तथा अन्य जो कुछ भी उपकार किया जाता है; इस सबको वैयावृत्य कहते हैं। यह श्रावक के चार शिक्षाव्रतों में अन्तिम है। १६ जो आगमोक्त क्रियाओं के अनुष्ठान में तत्पर रहता है उसे व्यावृत्त कहा जाता है, इस व्यावृत्त का जो भाव अथवा कर्म है उसका नाम वैयावृत्य है। व्याधि, परीषह और मिथ्यात्व आदि से ग्रसित होने पर उसका प्रतीकार करना तथा बाह्य द्रव्य के अभाव में अपने शरीर से ही उनके अनुकूल आचरण करना, यह भी वैयावृत्य का लक्षण है।

वैयावृत्यकरविवेक—वैयावृत्यकराः स्वशिष्यादयो ये ये तेषां कायेन विवेकः तैः सहासंवासः, मा कृथा वैयावृत्यम् इति वचनम्, मया त्यक्ता यूयमिति वचनम्। (भ आ. विजयो. १६६)।

वैयावृत्य करने वाले जो जो अपने शिष्य आदि हैं उनके साथ न रहना तथा वचन से यह कहना कि मेरी वैयावृत्य मत करो, मैंने तुम सबका परित्याग कर दिया है। यह क्रमशः काय से व वचन से वैयावृत्यकरविवेक है।

वैयावृत्यकारिशुद्धि—संयतवैयावृत्यक्रमज्ञता वैयावृत्यकारिशुद्धिः। (भ. आ. विजयो. १६६)।

संयतों की वैयावृत्ति के क्रम को जानना, यह वैयावृत्यकारिशुद्धि कहलाती है। यह शय्या-संस्तर आदि पांच प्रकार की शुद्धि में अन्तिम है।

वैयावृत्यभावना—१. गुणवद्दुःखोपनिपाते निरवद्येन विधिना तदपहरणं वैयावृत्यम्। (स. सि. ६-३४)। २. गुणवद्दुःखोपनिपाते निरवद्येन विधिना तदपहरणं वैयावृत्यम्। गुणवतः साधुजनस्य दुःखे सन्निहते निरवद्येन विधिना तदपहरणं बहुप्रकारं वैयावृत्यमिति व्याख्यायते। (त. वा. ६, २४, ९) ३. गुणवत्साधुजनानां क्षुधा-तृषा-व्याधिजनितदुःखस्य। व्यपहरणे व्यापारो वैय्यावृत्यं वसुद्रव्यैः॥ (ह. पु. ३४-१४०)। ४ गुणिदुःखनिपाते तु निरवद्यविधानतः। तस्यापहरणं प्रोक्तं वैयावृत्यमनिन्दितम्॥ (त. श्लो. ६, २४, ११)। ५. गुणवतः साधुजनस्य संनिहिते दुःखे निरवद्येन विधिना तदपहरणं बहुप्रकारं वैयावृत्यमिति। (चा. सा. पृ. २६)।

१ गुणवान् मुनि आदि के ऊपर दुःख के आ पड़ने पर निर्दोष उपाय के द्वारा उसे दूर करना, इसे वैयावृत्य कहते हैं। इसका निरन्तर विचार रहना, यह वैयावृत्यभावना है।

वैयावृत्ययोग—व्यापृते यत्क्रियते तद्वैयावृत्यम्। जेण सम्मत्त-णाण-अरहंत-बहुसुदभत्ति-पवयणवच्छल्लादिणा जीवो जुज्जइ वेज्जावच्चे सो वेज्जावच्चजोगो दंसणविसुज्झदादि। (धव. पु. ८, पृ. ८८)।

जिस सम्यक्त्व, ज्ञान, अरहन्तभक्ति, बहुश्रुतभक्ति और प्रवचनवात्सल्य आदि के द्वारा जीव अपने को वैयावृत्य में योजित करता है उसका नाम वैयावृत्ययोग है। यह तीर्थंकर प्रकृति के बन्धक कारणों के अन्तर्गत है।

वैराग्य—१. तस्य (विरागस्य) भावो वैराग्यम्। (त. श्लो. ६-१२)। २. वैराग्यम्—शरीरादौ परस्मिन्निष्टवस्तुनि प्रीतिरूपो रागः, विनष्टो रागो यस्यासौ विरागः, विरागस्य भावो वैराग्यं संसार-शरीर-भोगेषु निर्वेदलक्षणम्। (आरा. सा. टी. १८)। ३. भवांग-भोगविरतिर्वैराग्यम्। (कार्तिके. टी. १०२)।

२ शरीरादि पर वस्तुओं में जो प्रीति होती है उसका नाम राग है, ऐसे राग से रहित हुए जीव को विराग या विरागी कहा जाता है। विरागी की अवस्था का नाम ही वैराग्य है।

वैरात्रिक—विगता रात्रिर्यस्मिन् काले स विरात्री रात्रेः पश्चिमभागः, द्विघटिकासहितार्धरात्रादूर्ध्वकालः, विरात्रिरेव वैरात्रिकः। (मूला. वृ. ५-७३)।

जिस काल में रात्रि समाप्त होने को होती है ऐसे रात्रि के पिछले भाग का नाम विरात्रि है। अभिप्राय यह है कि आधी रात के पश्चात् दो घटिकाओं

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

के बीतने पर जो शेष काल रहता है उसे विरात्रि कहा जाता है। वैरात्रिक यह विरात्रि का समानार्थक शब्द है।

वैशद्य—१. अनुमानाद्यतिरेकेण विशेषप्रतिभासनम्। तद्वैशद्य मतं बुद्धेः ×××॥ (लघीय. ४)। २. प्रतीत्यन्तराव्यवधानेन विशेषवत्तया वा प्रतिभासनं वैशद्यम्। (परीक्षा. २-४)। ३. सविशेषवर्ण-संस्थानादिग्रहणं वैशद्यम्। (प्रमेयर. २-४)। ४. वैशद्यं बुद्धेः ज्ञानस्य, यद्विशेषस्य वर्ण-संस्थानाद्याकारस्य प्रतिभासनमवबोधनम्, विशेषेण वा प्रतीत्यन्तराव्यवधानेन प्रतिभासनम्। (लघीय. अभय. वृ. ४)।

१ अनुमान आदि की अपेक्षा जो अधिक प्रतिभास होता है, इसे ज्ञान का वैशद्य कहा जाता है। २ अन्य किसी प्रतीति के व्यवधान से रहित जो प्रतिभास होता है उसे अथवा विशेषता से युक्त जो प्रतिभास होता है उसे वैशद्य कहते हैं।

वैश्य—१. वाणिज्ज-करिसणाइंगोरक्खणपालणेसु उज्जुत्ता। ते होन्ति वइसनामा वावारपरायणा धीरा। (पउमच. ३-११६)। २. ××× वैश्या वाणिज्ययोगतः। (ह. पु. ९-३९)। ३. वैश्याश्च कृषि-वाणिज्य-पाशुपाल्योपजीविताः॥ (म. पु. १६, १८४); ऊरुभ्यां दर्शयन् यात्रामस्रक्षीद्वणिजः प्रभुः। जल-स्थलादियात्राभिस्तद्वृत्तिर्वार्त्तया यतः॥ (म. पु. १६-२४४); वणिजोऽर्थार्जनान्न्यायात्। ××× ॥ (म. पु. ३८-४६)। ४. मषिः कृषिश्च वाणिज्यकर्मत्रितयवेतनाः। वैश्याः केचिन्मताश्चान्यैः पशुपालनतोऽपि च। (धर्मसं. श्रा. ९, २३०)।

१ जो वाणिज्य, कृषिकर्म (खेती) और गोरक्षण व पालन में उद्यमी रहते हैं वे वैश्य कहलाते हैं। २ वाणिज्य (व्यापार) कार्य के सम्बन्ध से वैश्य माने गए हैं। ३ कृषि, व्यापार और पशुपालन के द्वारा जो आजीविका करते हैं वे वैश्य कहलाते हैं। भगवान आदिनाथ ने दोनों जंघाओं से यात्रा को दिखलाते हुए वैश्यों को स्थापित किया था जो जल व स्थल आदि में यात्रा करके व्यापार के द्वारा आजीविका करते हैं।

वैश्वानर—जन्म-मृत्यु-जरारोगाः प्रदग्धा ध्यानवह्निना। यस्यात्मज्योतिषां राशेः सोऽस्तु वैश्वानरः स्फुटम्॥ (आप्तस्व. ४३)।

आत्मज्योतियों के पुंजस्वरूप जिन अरहन्त ने ध्यानरूप अग्नि के द्वारा जन्म, मृत्यु और जरा को भस्मसात् कर दिया है उन्हें वैश्वानर (अग्नि) के नाम से कहा गया है।

वैस्रसिक बन्ध—१. पुरुषप्रयोगानपेक्षो वैस्रसिकः। (स. सि. ५-२४)। २. विस्रसा विधिविपर्यये निपातः। पौरुषेयपरिणामापेक्षो विधिः, तद्विपर्यये विस्रसा-शब्दो निपातो द्रष्टव्यः, विस्रसा प्रयोजनो वैस्रसिको बन्धः। (त. वा. ५, २४, ८)। ३. वैश्रसिको बन्धः स्वाभाविको बन्धः स्निग्ध-रूक्षत्व-गुणप्रत्ययः शक्रचाप-मेघोल्का-तडिदादिविषयः। (त. वृत्ति ५-२४)।

१ पुरुष के प्रयोग की अपेक्षा से रहित जो पुद्गलों में परस्पर बन्ध हुआ करता है उसे वैस्रसिक बन्ध कहा जाता है। जैसे—इन्द्रधनुष व मेघों आदि का।

वैस्रसिक शब्द—वैस्रसिको बलाहकादिप्रभवः। (स. सि. ५-२४; त. वा. ५, २४, ४)।

मेघ आदि से उत्पन्न होने वाले शब्द को पुरुषप्रयोग की अपेक्षा न रखने के कारण वैस्रसिक कहा जाता है।

वैशाखस्थान—१. यत्पुनः पार्ष्णी अभ्यन्तराभिमुखे कृत्वा समश्रेण्या करोति अग्रिमतले च बहिर्मुखे, ततो युध्यते तत् वैशाखं स्थानम्। (व्यव. भा. मलय. वृ. ३५, पृ. १३)। २. वइसाहं पण्हीतो अब्भि उरट्ठंतीओ समसेढीए करेइ, अग्गिमतला बाहिरहुत्ता। (आव. नि. मलय. वृ. १०३६, पृ. ५६७)।

१ दोनों एड़ियों को अभ्यन्तराभिमुख करके समान पंक्ति में करे तथा आगे के दोनों तलभागों को बाहिर की ओर करे, ऐसा करने पर वैशाखस्थान होता है यह पांच आसनभेदों में तीसरा है।

व्यक्त गेय—अक्षर-स्वरस्फुटकरणतो व्यक्तम्। (रायप. मलय. वृ. पृ. १६२)।

जिस गेय (गीत) में अक्षर व स्वर स्पष्ट रहते हैं उसे व्यक्त कहा जाता है। यह गेय के पूर्ण व रक्त आदि आठ गुणों में चौथा है।

व्यक्ताव्यक्तेश्वरनिषिद्ध—निषिद्धमीश्वरं भर्त्राव्यक्ताव्यक्तोभयात्मना। (अन. ध. ५-१५); यदैकेन ज्ञानपतिना व्यक्तेन द्वितीयेन चाव्यक्तेन च

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

वारितं गृह्णाति तदा व्यक्ताव्यक्तेश्वरो नाम तृतीय ईश्वराख्यनिषिद्धभेदस्य भेदः स्यात्। (अन. ध. स्वो. टी. ५–१५)।

व्यक्त का अर्थ प्रेक्षापूर्वकारी है। व्यक्त ईश्वर (दाता) और अव्यक्त ईश्वर दोनों के द्वारा रोके गये आहार के ग्रहण करने पर व्यक्ताव्यक्तेश्वर-निषिद्ध नाम का उत्पादनदोष होता है।

व्यक्तेश्वरनिषिद्ध—व्यक्तेश्वरेण वारितं दानं यदा साधुर्गृह्णाति तदा व्यक्तेश्वरो नाम दोषः। (अन. ध. स्वो. टी. ५–१५)।

व्यक्त ईश्वर के द्वारा रोके गए आहार के ग्रहण करने पर व्यक्तेश्वरनिषिद्ध नाम का उत्पादनदोष होता है।

व्यञ्जन—१. व्यञ्जनं शब्दप्रकाशनम्। (भ. आ. विजयो. ११३)। २. व्यज्यतेऽनेनार्थः प्रदीपेनेव घट इति व्यञ्जनम्, तच्चोपकरणेन्द्रियस्य शब्दादिपरिणतद्रव्याणां च यः परस्परं सम्बन्धः, संपृक्तिरित्यर्थः। सम्बन्धे हि सति सोऽर्थः श्रोत्रादीन्द्रियेण व्यक्तुं शक्यते, नान्यथा। ततः सम्बन्धो व्यञ्जनम्। तथा चाह भाष्यकृत्—वंजिज्जइ जेणऽत्थो घडो व दीवेण वंजणं तं च। उवगरणिंदियसद्दाइपरिणयदव्वसंबंधो॥ ×××अथवा व्यज्यतेऽनेनार्थः प्रदीपेनेव घट इति व्यञ्जनम् उपकरणेन्द्रियम्। (आव. नि. मलय. वृ. ३, पृ. २३)। ३. तत्र इन्द्रियैः प्राप्तो विषयो व्यञ्जनम्। ××× व्यञ्जनम् अव्यक्तं शब्दादिजातम् ××× विगतमंजनम् अभिव्यक्तिर्यस्य तद् व्यञ्जनम्। व्यज्यते भक्ष्यते प्राप्यते इति व्यञ्जनम्। (गो. जी. म. प्र. व जी. प्र. ३०७)।

१ शब्द के प्रकाशन का नाम व्यञ्जन है। यह ज्ञानाचार के अन्तर्गत व्यञ्जन का अभिप्राय प्रकट किया गया है। २ जैसे दीपक के द्वारा घट आदि पदार्थ अभिव्यक्त होते हैं वैसे ही उपकरण इन्द्रिय और शब्दादिरूप से परिणत द्रव्य इन दोनों के सम्बन्ध से वस्तु की अभिव्यक्ति होती है। इसीलिए 'व्यज्यते अनेन अर्थः इति व्यञ्जनम्' इस निरुक्ति के अनुसार व्यञ्जन शब्द से इन्द्रिय और पदार्थ के सम्बन्ध को ग्रहण किया गया है। अथवा उक्त व्यञ्जन शब्द से चक्षु आदि उपकरण इन्द्रिय को ग्रहण करना चाहिए, क्योंकि इन इन्द्रियों के द्वारा ही पदार्थ प्रगट किये जाते हैं। ३ इन्द्रियों के द्वारा जो पदार्थ प्राप्त किया जाता है उसे व्यञ्जन कहा जाता है। इन्द्रियों के द्वारा पदार्थ के प्राप्त होने पर भी जब तक वह अभिव्यक्त नहीं हो जाता तब तक व्यञ्जनावग्रह ही होता है, अर्थावग्रह आदि नहीं होते।

व्यञ्जननय—१. व्यञ्जनभेदेन वस्तुभेदाध्यवसायिनो व्यञ्जननयाः। (धव. पु. १, पृ. ८६)। २. ऋजुसूत्रवचनविच्छेदोपलक्षितस्य वस्तुनः वाचकभेदेन भेदको व्यञ्जननयः। (जयध १, पृ. २२३)।

१ शब्द के भेद से जो वस्तु भेद को ग्रहण किया करते हैं उन्हें व्यञ्जननय कहा जाता है।

व्यञ्जननिमित्त—१. सिर-मुह-कंधप्पहुदिसु तिल-मसयप्पहुदिआइ दट्ठूणं। जं तियकालसुहाइ जाणइ तं वेंजणणिमित्तं। (ति. प. ४–१००६)। २. शिरोमुखग्रीवादिषु तिलक-मशक-लक्ष्मव्रणादिवीक्षणेन त्रिकालहिताहितवेदनं व्यञ्जनम्। (त. वा. ३, ३६, ३; चा. सा. पृ. ६४)। ३. तिलयाणूग-मसादि दट्ठूण तेसिमवगमो वंजणं णाम महाणिमित्तं। (धव. पु. ६, पृ. ७२–७३)। ४. व्यंजनं मशकतिलकादिकम् ××× व्यञ्जनं दृष्ट्वा यच्छुभाशुभं ज्ञायते पुरुषस्य तद् व्यञ्जननिमित्तमित्युच्यते। (मूला. वृ. ६–३०)। ५. व्यञ्जनं मषादिव्यञ्जनफलोपदर्शकम्। (समवा. अभय. वृ. २६)।

१ शिर, मुख और कन्धा आदि मे तिल व मशा आदि को देखकर जो तीनों काल सम्बन्धी सुखादि को जान लिया जाता है उसे व्यञ्जननिमित्त कहते हैं।

व्यञ्जनपर्याय—१. जो सो वंजणपज्जाओ सो जहण्णुक्कस्सेहि अंतोमुहुत्तासंखेज्जलोगमेत्तकालावट्ठाणो अणाइ-अणंतो वा। (धव. पु. ६, पृ. २४३); घड-पड-त्थभादिवंजणपज्जाय ××× । (धव. पु. १०, पृ. ११)। २. परमौदारिकशरीराकारेण यदात्मप्रदेशानामवस्थानं स व्यञ्जनपर्यायः। (प्रव. सा. जय. वृ. १–८०)। ३. व्यज्यते प्रकटीक्रियते अनेनेति व्यञ्जनपर्यायः। (नि. सा. वृ. १५)। ४. स्थूलः कालान्तरस्थायी सामान्यज्ञानगोचरः। दृष्टिग्राह्यस्तु पर्यायो भवेद् व्यञ्जनसंज्ञकः॥ (भाव-सं. वाम. ३७७)।

१ घट, पट और स्तम्भ आदि व्यञ्जनपर्याय के अन्तर्गत हैं। २ परम औदारिक शरीर के आकार

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

से जो आत्मप्रदेशों का अवस्थान है उसे व्यञ्जन-पर्याय कहा जाता है। यह आर्हन्त्य अवस्था को लक्ष्य में रखकर कहा गया है। ४ जो पर्याय स्थूल, कालान्तर में रहने वाली, सामान्यज्ञान की विषयभूत और चक्षु से ग्रहण करने योग्य हो वह व्यञ्जनपर्याय कहलाती है।

व्यञ्जनशुद्धि—१. तत्र व्यञ्जनशुद्धिर्नाम यथा गणधरादिभिः द्वात्रिंशद्दोषवर्जितानि सूत्राणि कृतानि तेषां तथैव पाठः। (भ. आ. विजयो. ११३)। २. व्यञ्जनशुद्धिर्यथोक्तसूत्रपठनम्। (भ. आ. मूला. ११३)।

१ जिस प्रकार से गणधरादिकों के द्वारा बत्तीस दोषों से रहित सूत्रों की रचना की गई है उनका उसी प्रकार से जो पाठ किया जाता है, इसका नाम व्यञ्जनशुद्धि है।

व्यञ्जनसंक्रान्ति—१. एकं श्रुतवचनमुपादाय वचनान्तरमालम्बते, तदपि विहायान्यदिति व्यञ्जन-संक्रान्तिः। (स. सि. ९–४४; त. वा. ९–४४)। २. एवं [एकं] श्रुतवचनमवलम्ब्य श्रुतवचनान्तरालम्बनं व्यञ्जनसंक्रान्तिः। (त. श्लो. ९–४४)। ३. ज्ञेया व्यञ्जनसंक्रान्तिर्व्यंजनाद् व्यञ्जने स्थितिः। (ज्ञाना. १६, पृ. ४३३)। ४. एकं वचनं त्यक्त्वा वचनान्तरमवलम्बते, तदपि त्यक्त्वाऽन्यद् वचनमवलम्बते इति व्यञ्जनसंक्रान्तिः। (भावप्रा. टी. ७८)। ५. श्रुतज्ञानशब्दमवलम्ब्य अन्यं श्रुतज्ञान-शब्दमवलम्बते तमपि परिहृत्यापरं श्रुतज्ञानवचन-माश्रयति, एव पुनः पुनस्त्यजन्नाश्रयमाणश्च व्यञ्ज-नसंक्रान्ति लभते। (त. वृत्ति श्रुत. ९–४४)।

१ एक श्रुतवचन को ग्रहण करके दूसरे का आलम्बन लेना, पश्चात् उसे भी छोड़कर अन्य श्रुतवचन का आलम्बन लेना, इसका नाम व्यञ्जनसंक्रान्ति है।

व्यञ्जनाचार—देखो व्यञ्जन। व्यञ्जनं वर्ण-पद-वाक्यशुद्धिः, व्याकरणोपदेशेन वा तथा पाठादि-र्व्यञ्जनाचारः। (मूला. वृ. ५–७२)।

व्यञ्जन से अभिप्राय वर्ण, पद और वाक्य की शुद्धि का है, अथवा व्याकरण के उपदेशानुसार विधि-पूर्वक पाठ आदि करना, इसका नाम व्यञ्जनाचार है। यह आठ प्रकार के ज्ञानाचार के अन्तर्गत है।

व्यञ्जनावग्रह—देखो व्यञ्जना। १. एवं श्रोत्रा-दिष्विन्द्रियेषु शब्दादिपरिणताः पुद्गला द्वि-त्र्यादिषु समयेषु गृह्यमाणा न व्यक्तीभवन्ति, पुनः पुनरवग्रहे सति व्यक्तीभवन्ति, अतो व्यक्तग्रहणात्प्राग्व्यञ्जनाव-ग्रहः। (स. सि. १–१८)। २. व्यञ्जनमव्यक्तं शब्दादिजातम्, तस्यावग्रहो भवति। (त. वा. १-१८); अव्यक्तग्रहणं व्यञ्जनावग्रहः। कथम्? अभिनव-शरावत्। यथा सूक्ष्मजलकणद्वि-त्रिसिक्तः शरावो-ऽभिनवो नार्द्रीभवति, स एव पुनः पुनः सिच्यमानः शनैस्तिम्यति तथा आत्मनः शब्दादीनां व्यक्तग्रहणात् प्राक् व्यञ्जनावग्रहः। (त. वा. १, १८, २)। ३. प्राप्तार्थग्रहणं व्यञ्जनावग्रहः। (धव. पु. १, पृ. ३५५; पु. ९, पृ. १५६; पु. १३, पृ. २२०); पत्तत्थगहणं वंजणावग्गहो। (धव. पु. ६, पृ. १६)। ४. अव्यक्तमत्र शब्दादिजातं व्यञ्जनमिष्यते। तस्यावग्रह एवेति नियमः ×××। (त. श्लो. १, १८, २)। ५. फासित्ता जं गहणं रस-फरसण-सद्द-गंधविसएहिं। वंजणवग्गहणाणं णिद्दिट्ठं तं वियाणाहि॥ (जं. दी. प. १३–६७)। ६. व्यञ्ज-नावग्रहश्चक्षुर्मनसोर्नास्त्यवग्रहः। विषयाक्षसन्निपा-तानन्तराद्यग्रहः स्मृतः॥ प्राप्ताप्तार्थबोधोऽवग्रहो व्यञ्जनार्थयोः। रस-रूप-परिज्ञाने रसना-नेत्रयो-र्यथा॥ (आचा. सा. ४, १०–११)। ७. व्यञ्जनेन सम्बन्धेनावग्रहणं सम्बध्यमानस्य शब्दादिरूपस्यार्थ-स्य व्यक्तरूपः परिच्छेदो व्यञ्जनावग्रहः। अथवा व्य-ज्यन्ते इति व्यञ्जनानि ××× व्यञ्जनानां शब्दादिरूपतया परिणतानां द्रव्याणामुपकरणेन्द्रिय-सम्प्राप्तानामवग्रहः अव्यक्तरूपः परिच्छेदो व्यञ्ज-नावग्रहः। अथवा व्यज्यतेऽनेनार्थः प्रदीपेनेव घटः इति व्यञ्जनम् उपकरणेन्द्रियम्, तेन स्वसम्बद्ध-स्यार्थस्य शब्दादेरवग्रहणम् अव्यक्तरूपः परिच्छेदो व्यञ्जनावग्रहः। (आव. नि. मलय. वृ. ३, पृ. २३)। ८. इन्द्रियैः प्राप्तार्थविशेषग्रहणं व्यञ्जना-वग्रहः। (गो. जी. म. प्र. व जी. प्र. ३–७)।

१ श्रोत्र आदि इन्द्रियों में शब्दादिरूप से परिणत पुद्गल दो तीन आदि समयों में ग्रहण करते हुए भी व्यक्त नहीं होते। किन्तु वे बार-बार ग्रहण होने पर व्यक्त होते हैं, अतः व्यक्तग्रहण के पहिले जो उनका अवग्रह होता है उसे व्यञ्जनावग्रह कहते हैं। ३ प्राप्त अर्थ का जो ग्रहण होता है उसे व्यञ्जना-वग्रह कहा जाता है। ७ व्यंजन का अर्थ इन्द्रिय और पदार्थ का सम्बन्ध है, इस सम्बन्ध के द्वारा

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सम्बन्ध को प्राप्त होने वाले शब्दादि का जो ज्ञान होता है वह व्यञ्जनावग्रह कहलाता है। अथवा 'व्यज्यन्ते इति व्यञ्जनानि' इस निरुक्ति के अनुसार व्यञ्जन शब्द से शब्दादिरूप से परिणत होकर उपकरण इन्द्रिय को प्राप्त द्रव्य अभिप्रेत है; उनका जो अव्यक्त ग्रहण होता है उसका नाम व्यञ्जनावग्रह है।

व्यञ्जनावग्रहावरणीय—व्यञ्जनावग्रहस्य यदावारकं तद् व्यञ्जनावग्रहावरणीयम्। (धव. पु. १३, पृ. २२०)।

जो कर्म व्यञ्जनावग्रह को आच्छादित करता है उसे व्यञ्जनावग्रहावरणीय कहते हैं।

व्यतिक्रम—देखो व्यतिक्रमण। १. आहाकम्मनिमंतणपडिसुणमाण अतिक्कमो होइ। पयभेयाइ वइक्कम ×××॥ (व्यव. भा. पी. ४३, पृ. १७)। २. उपयोगपरिसमाप्त्यन्तरं च यदाधाकर्म्मग्रहणाय पदभेदं करोति, ××× मार्ग गच्छति, गृहं प्रविशति, आधाकर्म्मग्रहणाय पात्रं प्रसारयति, न चाद्यापि प्रतिगृह्णाति, एष सर्वोऽपि व्यापारो व्यतिक्रमः। (व्यव. भा. पी. मलय. वृ. ४३, पृ. १७-१८); विशेषेण पदभेदकारणतोऽतिक्रमो व्यतिक्रमः। (व्यव. भा. मलय. वृ. २५१, पृ. ८७)।

२ किसी गृहस्थ के द्वारा सम्बन्धविशेष से अथवा गुणानुराग के वश आहार ग्रहण के लिए निमंत्रित करने पर उसके वाक्य को सुनकर तदनुकूल प्रवृत्ति करता हुआ साधु यदि अतिक्रम दोष के पश्चात् उपयोग के समाप्त होने पर आधाकर्म से दूषित भोजन को ग्रहण करने के लिए पांवों को उठाता धरता है, मार्ग में चलता है, घर में प्रवेश करता है और पात्र को निकालता है, किन्तु अभी ग्रहण नहीं कर रहा है यह उसका सब व्यापार व्यतिक्रमस्वरूप है। ग्रहण करने पर अतिचार और खाने पर अनाचार होता है।

व्यतिक्रमण—१ व्यतिक्रमणं सकलस्य संयतसमूहं त्यक्त्वा विषयोपकरणार्जनम्। (मूला. वृ. ११, ११)। २. ××× व्यतिक्रमो यो विषयाभिलाषः। (भावप्रा. टी. ११८ उद्.)।

१ संयत समूह को छोड़कर विषय के उपकरणों के जुटाने पर व्यतिक्रमण होता है। यह उन चौरासी लाख सावद्यभेदों के अन्तर्गत है जिनके अभाव में शील-गुण परिपूर्ण होते हैं।

व्यतिरेक—१. व्यतिरेकः सन्तानान्तरगतो विसदृशपरिणामः। (लघीय. स्वो. विव. ६७)। २. व्यतिरेकः तदभावे (कारणाभावे) अभावः (कार्यस्य)। सिद्धिवि. वृ. ३-१०, पृ. १९३)। ३. व्यतिरेको भवेद् भावो वस्त्वन्तरगतोऽसमः। गो-महिष्यादिभावो यो यथा तद्व्यतिरेचकः॥ (आचा. सा. ४, ६-७)। ४. व्यतिरेकः एकस्मिन् द्रव्ये क्रमभाविपर्यायः। (लघीय. अभय. वृ. ६-१७)। ५. तत्र व्यतिरेकः स्यात्परम्पराभावलक्षणेन यथा। अंशविभागः पृथगिति सदृशांशानां सतामेव॥ (पंचाध्या १-१७२)।

१ भिन्न सन्तान—जैसे गाय-भैंस आदि में—जो विसदृशतारूप अवस्था है उसे व्यतिरेक पर्याय कहा जाता है। २ कारण के अभाव में जो कार्य का भी अभाव होता है, यह व्यतिरेक कहलाता है। वह अन्वय के साथ कार्यकारणभाव का गमक होता है।

व्यतिरेक दृष्टान्त—१. साध्याभावे साधनाभावो यत्र कथ्यते स व्यतिरेकदृष्टान्तः। (परीक्षा. ३, ४४)। २. व्यतिरेकव्याप्तिप्रदर्शनप्रदेशो व्यतिरेकदृष्टान्तः। (न्यायदी. पृ. ७८)।

१ साध्य के अभाव में जहां साधन का अभाव कहा जाता है उसे व्यतिरेक दृष्टान्त कहते हैं।

व्यन्तर—१. विविधदेशान्तराणि येषां निवासास्ते व्यन्तराः इत्यन्वर्थसामान्यसंज्ञा। (स. सि. ४-११)। २. विविधदेशान्तरनिवासित्वाद् व्यन्तराः। विविधदेशान्तराणि येषां निवासास्ते व्यन्तरा इत्यन्वर्थाः। (त. वा. ४, ११, १)। ३. व्यन्तरनामकर्मोदये सति विविधान्तरनिवासित्वाद् व्यन्तराः॥ (त. श्लो. ४-११)। ४. तथा विविधमन्तरं वनान्तरादिकमाश्रयरूपं येषां ते व्यन्तराः, अथवा विगतमन्तरं मनुष्येभ्यो येषां ते व्यन्तराः। (बृहत्सं. मलय. वृ. २); वनानामन्तराणि वनान्तराणि, तेषु भवा वानमन्तरा व्यन्तराः, "पृषोदरादयः" इति वनान्तरशब्दयोरपान्तराले मकार-वर्णागमः। (बृहत्सं. मलय. वृ. ५८)। ५. विविधदेशान्तराणि निवासाः येषां ते व्यन्तराः। (त. वृत्ति श्रुत. ४-११)।

१ जिन देवों के निवास विविध—अनेक प्रकार के—देश हैं उन्हें व्यन्तर कहा जाता है। ४ अनेक प्रकार

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

का वनान्तर आदि जिनका आश्रयभूत है वे व्यन्तर कहलाते हैं। अथवा जिनका मनुष्यों से अन्तर नहीं है उनका नाम व्यन्तर है।

व्यपहार—देखो संव्यवहारदोष। १. यत्यर्थं संभ्रमाच्चेल-पात्रादेरसमीक्ष्य यत्। समाकर्षणमाख्यातं व्यपहार इति श्रुते॥ (आचा. सा. ८-४९)। २. यद्यतीनां संभ्रमादादरतया चेल-पात्रादेरसमीक्ष्याकर्षणं स आगमे व्यपहार उच्यते। (भावप्रा. ९९)।

१ यति के लिए शीघ्रतावश जो वस्त्र व पात्र आदि को खींचा जाता है, इसे आगम में भोजन सम्बन्धी व्यपहारदोष कहा गया है।

व्यय—१. तथा पूर्वभावविगमनं व्ययः, यथा घटोत्पत्तौ पिण्डाकृतेः। (स. सि. ५-३०; त. श्लो. ५-३०)। २. तथा पूर्वभावविगमो व्ययनं व्ययः। तेन प्रकारेण तथा, स्वजात्यपरित्यागेनेत्यर्थः, पूर्वभावविगमो व्ययनं व्यय इति कथ्यते, यथा घटोत्पत्तौ पिण्डाकृतेः। (त. वा. ५, ३०, २)। ३. × × × भूत्वा चाभवनं व्ययः। (म. पु. २४, ११०)। ४. स्वजातेरविरोधेन द्रव्यस्य द्विविधस्य हि। विगमः पूर्वभावस्य व्यय इत्यभिधीयते॥ (त. सा. ३-७)। ५. पूर्वभावस्य व्ययनं विघटनं विगमनं विनशनं व्ययः। (त. वृत्ति श्रुत. ५-३०)। ६. अपि च व्ययोऽपि न सतो व्ययोऽप्यवस्थाव्ययः सतस्तस्य। प्रध्वंसाभावः स च परिणामित्वात्सतोऽप्यवश्यं स्यात्। (पंचाध्या, १-२०२)।

१ पूर्व पर्याय के विनाश का नाम व्यय है।

व्यवच्छिन्नक्रियाप्रतिपाती—देखो समुच्छिन्नक्रियानिवर्ती।

व्यवसाय—१. व्यवसीयते निश्चीयते अन्वेषितोऽर्थोऽनेनेति व्यवसायः। (धव. पु. १३, पृ. २४३)। २ व्यवसायः अनुष्ठानोत्साह इति। (समवा. अभय. वृ. १४१)।

१ जिसके द्वारा अन्वेषित पदार्थ का निश्चय किया जाता है, वह व्यवसाय कहलाता है। यह अवाय ज्ञान का नामान्तर है। २ अनुष्ठेय के अनुष्ठान में उत्साह रखने का नाम व्यवसाय है।

व्यवस्थापद—जस्स जम्हि अवट्ठाणं तस्स तं पदम्, ट्ठाणमिदि वुत्तं होदि। जहा सिद्धिखेत्तं सिद्धाणं पदं अत्थालावो अत्थावगमस्स पदं। (धव. पु. १०, पृ. १८)।

जो जहां अवस्थित रहता है वह उसका पद या स्थान कहलाता है। प्रकृत में व्यवस्थापद से स्थिति-स्थान को ग्रहण किया गया है। जैसे - सिद्धों का सिद्धि-क्षेत्र पद तथा अर्थावबोध का पद अर्थालाप।

व्यवहार—१. व्यवहारोऽर्थाभिधानप्रत्ययात्मकः। संग्रहनयाक्षिप्तानामर्थानां विधिपूर्वकमवहरणं भेदनं व्यवहारः। (धव. पु. १, पृ. ८४)। २. व्यवह्रियते यत् यस्य प्रायश्चित्तमाभवति स तद्दानविषयीक्रियते अनेनेति व्यवहारः। (व्यव. भा. पी. मलय. वृ. २, पृ. ३); विधिना उप्यते ह्रियते च येन स व्यवहारः। (व्यव. भा. मलय. वृ. पी. ५, पृ. ५)।

२ जो जिसका प्रायश्चित्त है वह जिसके द्वारा उस प्रायश्चित्त के देने का विषयभूत किया जाता है उसका नाम व्यवहार है।

व्यवहारकाल—१. समओ णिमिसो कट्ठा कला य णाली तदो दिवा रत्ती। मास उडु अयण संवच्छरो त्ति कालो परायत्तो॥ (पंचा. का. २५; धव. पु. ४, पृ. ३१७ उद्.)। २. समयावलिकोच्छ्वासः प्राणस्तोकलवादिकः। व्यवहारस्तु विज्ञेयः कालः कालज्ञकथितः॥ (ह. पु. ७-१६)। ३. कालोऽन्यो व्यवहारात्मा मुख्यकालव्यपाश्रयः। परत्वापरत्वसंसूच्यो वर्णितः सर्वदर्शिभिः॥ वर्तितो द्रव्यकालेन वर्तनालक्षणेन यः कालः पूर्वपरीभूतो व्यवहाराय कल्प्यते॥ समयावलिकोच्छ्वासनालिकादिप्रभेदतः। ज्योतिश्चक्रभ्रमायत्तं कालचक्रं विदुर्बुधाः॥ (म. पु. ३, १०-१२)। ४. तत्र क्रमानुपाती समयाख्यः पर्यायो व्यवहारकालः। × × × व्यवहारकालो जीव-पुद्गलपरिणामेन निश्चीयते। × × × तत्र क्षणभङ्गी व्यवहारकालः। (पंचा. का. अमृत. वृ. १००)। ५. जीवाण पुग्गलाणं जे सुहमा बादरा य पज्जाया। तीदाणागदभूदा सो ववहारो हवे कालो॥ कार्तिके. २२०)। ६. व्यवहारकालः परमार्थकालवर्तनया लब्धकालव्यपदेशः परिणामादिलक्षणः। (चा. सा. पृ. ८१)। ७. दव्वपरिवट्टरूवो जो सो कालो हवेइ ववहारो। परिणामादीलक्खो × × × ॥ (द्रव्यसं. २१)। ८. जीव-पुद्गलयोः परिवर्तो नव-जीर्णपर्यायस्तस्य या समय-घटिकादिरूपा स्थितिः स्वरूपं यस्य स भवति द्रव्यपर्यायरूपो व्यवहारकालः। (बृ. द्रव्यसं. २१)। ९. सं च मन्दगतिपुद्गलपरमाणुव्यज्यमानः समयो

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

जलभाजनादिबहिरङ्गनिमित्तभूतपुद्गलप्रकटीक्रियमाणा घटिका। दिनकरबिम्बगमनादिक्रियाविशेषव्यक्तीक्रियमाणो दिवसादिः व्यवहारकालः। (पंचा. का. जय. वृ. २५); यस्तु निश्चयकालोपादानकारणजन्योऽपि पुद्गलपरमाणुजलभाजनादिव्यज्यमानत्वात् समय-घटिका-दिवसादिरूपेण विवक्षितव्यवहारकल्पनारूपः स व्यवहारकालः इति। (पंचा. का. जय. वृ. २६); समय-निमिष-घटिकादिवसादिरूपो व्यवहारकालः। (पंचा. का. जय. वृ. १००); तस्यैव (निश्चयकालस्यैव) पर्यायभूतः सादि-सनिधनः समय-निमिष-घटिकादिविवक्षितकल्पनाभेदरूपो व्यवहारकालो भवतीति। (पंचा. का. जय. वृ. १०१)। १०. समयादिकृतं यस्य मानं ज्योतिर्गणाश्रितम्। व्यवहाराभिधः कालः स कालज्ञैः प्रपंचितः॥ (ज्ञाना. ३७, पृ. ६८)। ११. मुख्यकालस्य पर्यायः समयादिस्वरूपवान्। व्यवहारो मतः कालः कालज्ञानप्रवेदिनाम्॥ (भावसं. वाम. ३७०)।

१ समय, निमेष, काष्ठा, कला, नाली, दिन, रात, मास, ऋतु, अयन और वर्ष इत्यादि पराश्रित काल को व्यवहारकाल कहा जाता है। ४ क्रम के अनुसार होने वाली समयरूप पर्याय को व्यवहारकाल कहते हैं। क्षण-क्षण में जो नष्ट होने वाला है वह व्यवहारकाल कहलाता है।

व्यवहारचारित्र—१. चिट्ठा तवंहि चरिया ववहारो मोक्खमग्गोत्ति॥ (पंचा. का. १६०)। २. आचारादिसूत्रप्रपञ्चितविचित्रयतिवृत्तसमस्तसमुदयरूपे तपसि चेष्टा चर्या। (पंचा. का. अमृत. वृ. १६०)। ३. चरणं च तपसि चेष्टा व्यवहारान्मुक्तिहेतुरयम्॥ (तत्त्वानु. ३०)। ४. असुहादो विणिवित्ती सुहे पवित्ती य जाण चारित्तं। वदसमिदिगुत्तिरूवं ववहारणया दु जिणभणियं॥ (द्रव्यसं. ४४)। ५. ×××कृतकारितानुमतिभिर्योगैरवद्योज्झनम्। तत्पूर्वं व्यवहारतः सुचरितं तान्येव रत्नत्रयम् ×××। (अन. ध. १-९३)। ६. कर्मोपचयहेतूनां निग्रहो व्यवहारतः॥ (मोक्षपं. ४४)।

२ आचारादि आगमों में विस्तार से प्ररूपित मुनि आचार के समस्त समुदायरूप तप में जो प्रवृत्ति होती है, इसका नाम व्यवहारचारित्र है। ४ अशुभ आचरण (कदाचार) से निवृत्ति और सदाचार में जो प्रवृत्ति होती है उसे व्यवहारचारित्र कहते हैं।

व्यवहारजीवस्वरूप—१. तिक्काले चदुपाणा इंदिय बलमाउ आणपाणो य ववहारा सो जीवो ×××॥ (द्रव्यसं. ३)। २. मण-वयण-काय-इंदिय-आणप्पाणाउगं च जं जीवे। तमसब्भूओ भणदि हु ववहारो लोयमज्झम्मि॥ (द्रव्यस्व. प्र. नयच. ११२)।

श्रमण—१. पंचसमिदो तिगुत्तो पचेंदियसंवुडो जिदकसाओ। दंसण-णाणसमग्गो समणो सो संजदो भणिदो॥ समसत्तु-बंधुवग्गो समसुह-दुःखो पसंस-णिंदसमो। समलोट्ठु-कंचणो पुण जीविद-मरणे समो समणो॥ (प्रव. सा. ३, ४०–४१)। २. समणे अणिस्सिए अणियाणे आदाणं च अतिवायं च मुसावायं च बहिद्धं च कोहं च माणं च मायं च लोहं च पिज्जं च दोसं च इच्चेव जओ जओ आदाणं अप्पणो पदोसहेऊ तओ तओ आदाणातो पुव्वं पडिविरते पाणाइवाया सिआ दंते दविए वोसट्ठकाए समणे त्ति वच्चे। (सूत्रकृ. सू. १, १६, २। ३. समो सव्वत्थ मणो जस्स भवति स समणो। (उत्तरा. चू. पृ. ७२)। ४. सर्वग्रन्थविनिर्मुक्ता महातपसि ये रताः। श्रमणास्ते परं पात्रं तत्त्वध्यानपरायणाः। (पद्मपु. १४–५८)। ५. श्राम्यति तपस्यतीति श्रमणः, तस्य भावं श्रामण्यं श्रमणशब्दस्य पुंसि प्रवृत्तिनिमित्तं तपःक्रिया श्रामण्यम्॥ (भ. आ. विजयो. ७१)। ६. श्राम्यतीति श्रमणो द्वादशप्रकारतपोनिष्टप्तदेहः। (सूत्रकृ. सू. शी. वृ. २, ६, ४, पृ. १४१)। ७. यो न श्रान्तो भवेद् भ्रान्तेस्तं विदुः श्रमणं बुधाः॥ (उपासका. ८५६)। ८. श्राम्यति संसारविषये खिन्नो भवति तपस्यतीति वा, नन्द्यादित्वात् कर्तरि अने श्रमणः। (योगशा. स्वो. विव. ३–१३०)।

१ जो पांच समितियों से सम्पन्न, तीन गुप्तियों से संरक्षित, पांच इन्द्रियों से संवृत, कषायों का विजेता, दर्शन-ज्ञान से परिपूर्ण, शत्रु व मित्र में समानता का व्यवहार करने वाला, सुख-दुख में हर्ष-विषाद से सहित, प्रशंसा व निन्दा में समान, ढेले व कांच को समान समझने वाला तथा जीवन व मरण में समान रहता है; ऐसे संयत को श्रमण कहा जाता है। २ श्रमण अनिश्रित—शरीर आदि के विषय में प्रतिबन्ध से रहित और निदान से भी रहित होकर आदान—सावद्य अनुष्ठान, अतिपात—प्राणातिपात (हिंसा), असत्य वचन, बहिद्ध—मैथुन-परिग्रह, क्रोध, मान, माया, लोभ, प्रेम और द्वेष इत्यादि जो स्व व पर के लिए अनर्थकारी हैं उन सबका ज्ञ-परिज्ञा से जानकर प्रत्याख्यान परिज्ञा से त्याग करे। इसके अतिरिक्त अनर्थ के हेतुभूत जिस जिस सावद्य अनुष्ठान से अपने अपाय व प्रद्वेष के कारणों को भी देखता है उस उससे विरत हो; इस प्रकार से जो दान्त (शुद्ध) द्रव्यस्वरूप व शरीर से निःस्पृह हो चुका है उसे श्रमण कहना चाहिए।

श्रमणाभास—आगमज्ञोऽपि संयतोऽपि तपःस्थोऽपि जिनोदितमनन्तार्थनिर्भरं विश्वं स्वेनात्मना ज्ञेयत्वेन निष्पीतत्वादात्मप्रधानमश्रद्दधानः श्रमणाभासो भवति। (प्रव. सा. अमृत. वृ. ३–६४)।

जो आगम का ज्ञाता भी है, संयत भी है तथा जिनोपदिष्ट अनन्त पदार्थों से व्याप्त लोक को ज्ञेय स्वरूप से जानता भी है, परन्तु जो आत्मा की

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

प्रधानता से लोक का श्रद्धान नहीं करता है, उसे श्रमणाभास कहा जाता है।

श्रस्तदर्शन—संयोजनोदये भ्रष्टो जीवः प्रथमदृष्टितः। अन्तराऽनात्तमिथ्यात्वो वर्ण्यते श्रस्तदर्शनः॥ (पंचसं. अमित. १-२०)।

अनन्तानुबन्धी कषाय के उदय में आ जाने पर जो जीव प्रथम सम्यक्त्व से भ्रष्ट हो चुका है तथा मिथ्यात्व को अभी प्राप्त नहीं हुआ है, इस अन्तरालवर्ती जीव को श्रस्तदर्शन कहा जाता है। यह सासादनसम्यग्दृष्टि का नामान्तर है।

श्राद्ध—साधुभ्यो ददता दानं लभ्यते फलमीप्सितम्। यस्यैषा जायते श्रद्धा नित्यं श्राद्धं वदन्ति तम्॥ (अमित. श्रा. ६-६)।

साधु के लिए दान देने वाला इच्छित फल को प्राप्त करता है, ऐसी जिस दाता के श्रद्धा रहती है उसे श्राद्ध—श्रद्धागुण से युक्त श्रावक—कहा जाता है।

श्रावक—१. एहु धम्मु जो आयरइ बंभणु सुद्दु वि कोइ। सो सावउ किं सावयहं अण्णु किं सिरि मणि होइ॥ (सावयध. ७६)। २. मूलोत्तरगुणनिष्ठामधितिष्ठन् पञ्चगुरुपदशरण्यः। दान-यजनप्रधानो ज्ञान-सुधां श्रावकः पिपासुः स्यात्॥ (सा. ध. १, १५)। ३. मद्य-मांस-मधुत्यागी यथोदुम्बरपञ्चकम्। नामतः श्रावकः ख्यातः नान्यथापि तथा गृही॥ (लाटीसं. ३-१५७)।

१ जो इस (दोहा ५६ में निर्दिष्ट अणुव्रतादिरूप बारह प्रकार के) धर्म का आचरण करता है वह चाहे ब्राह्मण, शूद्र कोई भी हो, श्रावक कहलाता है। श्रावक के शिर पर क्या अन्य कोई मणि रहता है? श्रावक की पहिचान उक्त व्रत ही हैं।

श्रावकधर्म—श्रावकधर्मस्तु देशविरतिरूपः। (योगशा. स्वो. विव. ३-१२४)।

देशविरतिरूप—अणुव्रतादिस्वरूप—जो धर्म है वही श्रावकधर्म है।

श्राविका—श्राविका यथाशक्तिमूलोत्तरगुणभृताः तदुपासिकाश्च। (सा. ध. स्वो. टी. २-७३)।

जो शक्ति के अनुसार मूल गुणों और उत्तर गुणों को धारण करती हैं वे श्राविकाएं कहलाती हैं।

श्रीमान्—श्रीरन्तरङ्गा अनन्तज्ञानादिलक्षणा बहिरङ्गा च समवसरणाष्टमहाप्रातिहार्यादिस्वभावा लक्ष्मीरस्यातिशयेन हरि-हराद्यसम्भवित्वेनास्तीति श्रीमान्। (अन. ध. स्वो. टी. ८-३६)।

श्री का अर्थ लक्ष्मी है। वह अन्तरंग और बहिरंग के भेद से दो प्रकार की है। अनन्तज्ञानादिस्वरूप लक्ष्मी अन्तरंग और समवसरण एवं आठ प्रातिहार्यादिस्वरूप लक्ष्मी बहिरंग मानी गई है। यह दोनों प्रकार की लक्ष्मी जिसके होती है उसे श्रीमान् कहा जाता है। यह जिन भगवान् के १००८ नामों के अन्तर्गत है।

श्रुत—१. तदावरणक्षयोपशमे सति निरूप्यमाणं श्रूयतेऽनेन तत्, शृणोति श्रवणमात्रं वा श्रुतम्। (स. सि. १-६); तदुपदिष्टं (केवलिभिरुपदिष्टं) बुद्धचतिशयर्द्धियुक्तगणधरानुस्मृतं ग्रन्थरचनं श्रुतं भवति। (स. सि. ६-१३)। २. श्रुतावरणक्षयोपशमाद्यन्तरंग-बहिरंगहेतुसन्निधाने सति श्रूयते स्मेति श्रुतम्, कर्तरि श्रुतपरिणत आत्मैव शृणोतीति श्रुतम्, भेदविवक्षायां श्रूयतेऽनेनेति श्रुतं श्रवणमात्रं वा। (त. वा. १, ६, २); अनिन्द्रियनिमित्तोऽर्थावगमः श्रुतम्। इन्द्रियानिन्द्रियबलाधानात्, पूर्वमुपलब्धेऽर्थे नोइन्द्रियप्राधान्यात् यदुत्पद्यते ज्ञानं तत् श्रुतम्। (त. वा १, ६, २७); तदुपदिष्टं बुद्धचतिशयर्द्धियुक्तगणधरावधारितं श्रुतम्। तैर्व्यपगतराग-द्वेष-मोहैरुपदिष्टं बुद्धचतिशयर्द्धियुक्तैः गणधरैरवधारितं श्रुतमित्युच्यते। (त. वा. ६, १३, २)। ३. अत्थाओ अत्थंतरउवलंभे तं भणंति सुयणाणं। आहिणिबोहियपुव्वं णियमेण य सद्दयं मूलं॥ (प्रा. पंचसं १-१२२; धव. पु. १, पृ. ३५६ उद्.)। ४. सुदणाणं णाम मदिपुव्वं मदिणाणपडिग्गहियमत्थं मोत्तूणण्णत्थम्हि वावदं सुदणाणावरणीयक्खओवसमजणिदं। (धव. पु. १, पृ. ६३); अवग्गहिदत्थादो पुधभूदत्थालंबणाए लिंगजणिदबुद्धीए णिण्णयरूवाए सुदणाणत्तब्भुवगमादो। (धव. पु. ६, पृ. १८); सुदणाणं णाम इंदिएहि गहिदत्थादो तदो पुधभूदत्थग्गहणं, जहा सद्दादो घडादीणमुवलंभो धूमादो अग्गिस्सुवलंभो वा। (धव. पु. ६, पृ. २१); मदिणाणेण गहिदत्थादो जमुप्पज्जदि अण्णेसु अत्थेसु णाणं तं सुदणाणं णाम। (धव. पु. १३, पृ. २१०); अवग्गहादिधारणापेरंतमदिणाणेण अवगयत्थादो अण्णत्थावगमो सुदणाणं। (धव. पु. १३, पृ. २४५)। ५. मदिणाणपुव्वं सुदणाणं होदि मदिणाणविसईकयअट्ठादो पुधभूदट्ठविसयं। (जयध. १, पृ. ४२);

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

मदिणाणजणिदं जं णाणं तं सुदणाणं णाम। ×× × मयिणाणपरिच्छिण्णत्थादो पुधभूदत्थावगमो सुदणाणं। (जयध. १, पृ. ३४०)। ६. अनिन्द्रिय-मात्रनिमित्तं श्रुतस्य स्वरूपम्। (अष्टस. १–१५)। ७. श्रुतज्ञानावरण-वीर्यान्तरायक्षयोपशमविशेषान्तरङ्गे कारणे सति बहिरङ्गे मतिज्ञाने च अनिन्द्रियविषयालम्बनम् अविशदं ज्ञानं श्रुतज्ञानम्। (प्रमाणप. पृ. ७६)। ८. श्रुतावरणविश्लेषविशेषाच्छ्रवणं श्रुतम्। शृणोति स्वार्थमिति वा श्रूयतेस्मेति वागमः॥ (त. श्लो. १–९)। ९. गतं श्रुतम् अंग-पूर्व-प्रकीर्णकभेदभिन्नं तीर्थकर-श्रुतकेवल्यादिभिरारचितो वचनसंदर्भो वा लिप्यक्षरश्रुतं वा। (भ. आ. विजयो. ४६)। १०. यत्तदावरणक्षयोपशमादनिन्द्रियावलम्बाच्च मूर्तामूर्तद्रव्यं विकलं विशेषेणावबुध्यते तत् श्रुतज्ञानम्। (पंचा. का. अमृत. वृ. ४१)। ११. मतिपूर्वं श्रुतं प्रोक्तमविस्पष्टार्थतर्कणम्। (त. सा. १–२४)। १२. सव्वण्हुमुहविणिग्गयपुव्वावरदोसरहिदपरिसुद्धं। अक्खयमणादिणिहणं सुदणाणपमाण णिद्दिट्ठं॥ (जं. दी. प. १३–८३)। १३. श्रुतमविस्पष्टार्थतर्कणम्, श्रुतमविस्पष्टतर्कणमित्यभिधानात्। (न्यायकु. १०, पृ. ४०४)। १४. अस्पष्टं ज्ञानं श्रुतम्। (सिद्धिवि. वृ. २–१, पृ. १२०)। १५. अत्थादो अत्थंतरमुवलंभंतं भणंति सुदणाणं। आभिणिबोहियपुव्वं णियमेणिह सद्दजं पमुहं॥ (गो. जी. ३१५)। १६. श्रुतज्ञानावरणक्षयोपशमान्नोइन्द्रियावलम्बनाच्च प्रकाशोपाध्यायादिबहिरङ्गसहकारिकारणाच्च मूर्त्तामूर्त्तवस्तुलोकालोकव्याप्तिज्ञानरूपेण यदस्पष्टं जानाति तत्परोक्षं श्रुतज्ञानं भण्यते। (बृ. द्रव्यसं. टी. ५)। १७. श्रुतं मतिपूर्वमिन्द्रियगृहीतार्थात् पृथग्भूतमर्थग्रहणम् यथा घटशब्दात् घटार्थप्रतिपत्तिर्धूमाच्चाग्न्युपलम्भ इति। (मूला. वृ. १२–१८७)। १८. श्रुतं मतिगृहीतार्थशब्दैरन्यार्थबोधनम्। धूमादेः पावकादेर्वा बोधोऽग्नेरग्निशब्दतः॥ (आचा. सा. ४–३४)। १९. स्वावृत्यपायेऽविस्पष्टं यन्नानार्थप्ररूपणम्। ज्ञानं साक्षादसाक्षाच्च मतेर्जायेत तच्छ्रुतम्॥ (अन. ध. ३–५)। २०. विस्तृतं बहुधा पूर्वैरङ्गोपाङ्गैः प्रकीर्णकैः। स्याच्छब्दलाञ्छितं ज्ञेयं श्रुतज्ञानमनेकधा॥ (योगशा. स्वो. विव. १–१६, पृ. ११५; त्रि. श. पु. च. १, ३, ५८१)। २१. तथा श्रवणं श्रुतं वाच्य-वाचकभावपुरस्सरीकारेण शब्दसंस्पृष्टार्थग्रहणहेतुरुपलब्धिविशेषः, एवमाकारं वस्तु घटशब्दवाच्यं जलधारणाद्यर्थक्रियासमर्थमित्यादिरूपतया प्रधानीकृतः समानपरिणामः शब्दार्थपर्यालोचनानुसारी इन्द्रिय-मनोनिमित्तोऽवगमविशेष इत्यर्थः, श्रुतं च तत् ज्ञानं च श्रुतज्ञानम्। (प्रज्ञाप. मलय. वृ. ३१२, पृ. ५२६)। २२. आप्तवचनादिनिबन्धनं मतिपूर्वकमर्थज्ञानं श्रुतम्॥ (लघीय. अभय. वृ. २६, पृ. ४६)। २३. श्रुतज्ञानावरणकर्मक्षयोपशमे सति निरूप्यमाणं श्रूयते यत्तत् श्रुतम्। शृणोत्यनेन तदिति वा श्रुतम्, श्रवणं वा श्रुतम्। (त. वृत्ति श्रुत. १–९; कार्तिके. टी. २५७); अस्पष्टावबोधनं श्रुतमुच्यते। ××× अथवा श्रुतज्ञानविषयोऽर्थः श्रुतमुच्यते। ××× अथवा श्रुतज्ञानं श्रुतमुच्यते। (त. वृत्ति श्रुत. २, ११); श्रूयते स्म श्रवणं वा श्रुतं सर्वज्ञवीतरागोपदिष्टम् अतिशयवद् बुद्धिऋद्धिसमुपेतगणधरदेवानुस्मृतग्रन्थगुम्फितं श्रुतमित्युच्यते। (त. वृत्ति श्रुत. ६–१३)।

१ श्रुतावरण के क्षयोपशम के होने पर निरूपित किया जाने वाला तत्त्व जिसके द्वारा सुना जाता है उसे, अथवा जो उसे सुनता है उसे, अथवा सुनने मात्र को भी श्रुत कहा जाता है। २ जिसका वीतराग सर्वज्ञ के द्वारा व्याख्यान किया गया है तथा बुद्धि ऋद्धि के धारक गणधरों ने जिसका अवधारण किया है उसे श्रुत कहा जाता है। ३ इन्द्रियों के द्वारा जाने गये किसी एक पदार्थ के आश्रय से जो अन्य पदार्थ का ज्ञान होता है उसे श्रुतज्ञान कहते हैं। जैसे शब्द के सुनने से घट आदि का ज्ञान व धूम के देखने से अग्नि का ज्ञान। ७ श्रुतज्ञानावरण और वीर्यान्तराय के क्षयोपशमरूप अंतरंग कारण तथा मतिज्ञान रूप बहिरंग कारण के होने पर जो इन्द्रियातीत विषय के आलम्बन से अस्पष्ट ज्ञान होता है उसे श्रुतज्ञान कहा जाता है। २० पूर्व, अंग, उपांग और प्रकीर्णक इनके द्वारा विस्तार को प्राप्त होता हुआ जो 'स्यात्' पद से चिह्नित हो उसे श्रुतज्ञान जानना चाहिए। वह अनेक प्रकार का है।

श्रुतकेवली—जो हि सुदेणभिगच्छदि अप्पाणमिणं तु केवलं सुद्धं। तं सुदकेवलिमिसिणो भणंति लोगप्पदीवयरा॥ जो सुदणाणं सव्वं जाणदि सुदकेवलिं

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

तमाहु जिणा। णाणं अप्पा सव्वं जह्मा सुदकेवली तह्मा ॥ (समयप्रा. ६-१०)।

जो श्रुत के द्वारा केवल (असहाय) शुद्ध इस आत्मा को जानता है उसे लोक के प्रकाशक ऋषि जन श्रुतकेवली कहते हैं। यह श्रुतकेवली का यथार्थ लक्षण है। जो समस्त श्रुतज्ञान को जानता है उसे जिन देव श्रुतकेवली कहते हैं यह श्रुतकेवली का औपचारिक लक्षण है। यतः सब ज्ञान ही आत्मा है, अतः जो श्रुतज्ञान से अभिन्न आत्मा को जानता है उसे श्रुतकेवली कहना यथार्थ है।

श्रुतज्ञान—देखो श्रुत।

श्रुतधर्म—श्रुतस्य धर्मः स्वभावः श्रुतधर्मः, श्रुतस्य बोधस्वभावात् श्रुतस्य धर्मो बोधो बोद्धव्यः, अथवा श्रुतं च तत् धर्मश्च सुगतिधारणात् श्रुतधर्मः, यदि वा जीवपर्यायत्वात् श्रुतस्य श्रुतं च तत् धर्मः श्रुतधर्मः। उक्तं च—बोहो सुयस्य धम्मो, सुयं च धम्मो स जीवपज्जातो। सुगईए संजमंमि य धरणातो वा सुयं धम्मो ॥ (आव. नि. मलय. वृ. १२७)।

श्रुत का स्वभाव जो बोध है उसे ही श्रुतधर्म कहा जाता है, अथवा जो सुगति में धारण करता है उसका नाम धर्म है, तदनुसार श्रुत को ही श्रुतधर्म समझना चाहिए।

श्रुतमानवशार्त्तमरण— लोक-वेद-समय-सिद्धान्तशास्त्राणि शिक्षितानि इति श्रुतमानोन्मत्तस्य मरणं श्रुतमानवशार्त्तमरणम्। (भ. आ. विजयो. २५, पृ. ८६)।

मैंने लोक, वेद और स्व-समय व पर-समय सम्बन्धी आगम ग्रन्थों को पढ़ा है, इस प्रकार के शास्त्रज्ञान से उन्मत्त हुए पुरुष के मरण को श्रुतमानवशार्तमरण कहा जाता है।

श्रुतवर्णजनन—१. केवलज्ञानवदशेषजीवादिद्रव्ययाथात्म्यप्रकाशनपटु कर्म-धर्मनिर्मूलनोद्यतशुभध्यानचन्दनमलयायमानं स्व-परसमुद्धरणनिरतविनेयजनताचित्तप्रार्थनीयं प्रतिबद्धाशुभास्रवं अप्रमत्ततायाः संपादकं सकल-विकलप्रत्यक्षज्ञानबीजं दर्शनचरणयोः समीचीनयोः प्रवर्तकं इति निरूपणा श्रुतवर्णजननम्। (भ. आ. विजयो. ४७)। २. श्रुतज्ञानं हि केवलज्ञानवद्विश्वतत्त्वावभासि कर्मनिर्मूलनोद्यतशुभध्याननिदानं स्व-परसमुद्धरणनिरतविनेयजनताप्रार्थनीयं प्रतिबद्धाशुभास्रवं अप्रमत्ततायाः संपादकं सकलविमलप्रत्यक्षज्ञानबीजं समीचीनदर्शनचरणप्रवर्तकमिति निरूपणं श्रुतवर्णजननम्। (भ. आ. मूला. ४७)।

१ श्रुतज्ञान केवलज्ञान के समान समस्त जीवादि द्रव्यों के यथार्थ स्वरूप को प्रकाशित करने में समर्थ, कर्म के निर्मूलन में उद्यत, उत्तम ध्यान रूप चन्दन के लिए मलय पर्वत के समान, अपने व दूसरों के उद्धार में निरत, शिष्य जन को अभीष्ट, अशुभ आस्रव का निरोधक, प्रमाद को नष्ट करने वाला, सकल और विकल प्रत्यक्षज्ञान का उत्पादक तथा समीचीन दर्शन व चारित्र का प्रवर्तक है; इत्यादि प्रकार से श्रुत की महिमा के प्रगट करने को श्रुतज्ञानवर्णजनन कहा जाता है।

श्रुतविनय—सुत्तं अत्थं च तहा हिय निस्सेसं तहा पवाएइ। एसो चउव्विहो खलु सुयविणओ होइ नायव्वो ॥ सुत्तं गाहेइ उज्जुत्ते अत्थं च सुणावए पयत्तेण। जं जस्स होइ जोग्गं परिणामगमाइणं तु हियं ॥ णिस्सेसमपरिसेसं जाव समत्तं तु वाएइ। एसो सुयविण्णत्तो ×××। (व्यव. भा. १०, ३१२-१४)।

सूत्रग्राहण, अर्थश्रावण, हितप्रदान और निःशेषवाचन के भेद से श्रुतविनय चार प्रकार का है। उद्युक्त होकर शिष्य को सूत्र का ग्रहण कराना, यह सूत्रग्रहण विनय है। प्रयत्नपूर्वक जो अर्थ को सुनाया जाता है उसे अर्थश्रावण विनय कहते हैं। जिसके लिए जो जो योग्य है उसके लिए सूत्र व अर्थ से उसी को जो दिया जाता है, इसका नाम हितप्रदान विनय है। समाप्ति पर्यन्त जो वाचन किया जाता है उसे निःशेषवाचन विनय कहते हैं।

श्रुतस्थविर—१. श्रुतस्थविरः समवायाङ्गं यावदध्येता। (योगशा. स्वो. विव. ४-९०)। २. श्रुतस्थविरः समवायधरः। (आव. नि. मलय. वृ. १७६)। ३. स्थान-समवायधरः श्रुतस्थविरः। (व्यव. भा. मलय. वृ. १०-७४६)।

१ समवायांग के धारक साधु को श्रुतस्थविर कहा जाता है। ३ जो स्थानांग व समवायांग इन दो अंगों का धारक होता है वह श्रुतस्थविर कहलाता है।

श्रुताज्ञान—आभीयमासुरक्खा भारह-रामायणादिउवएसा। तुच्छा असाहणीया सुयअण्णाण त्ति णं

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

विति ॥ (प्रा. पंचसं. १–११६; धव. पु. १, पृ. ३५८ उद्.; गो. जी. ३०४)।

चौरशास्त्र, हिंसाशास्त्र, भारत एवं रामायण आदि के जो निरर्थक उपदेश सिद्धि के योग्य नहीं हैं उन्हें श्रुताज्ञान कहा जाता है।

श्रुतातिचार—द्रव्य-क्षेत्र-काल-भावशुद्धिमंतरेण श्रुतस्य पठनं श्रुतातिचारः। (भ. आ. विजयो. १६)।

द्रव्य, क्षेत्र, काल और भाव की शुद्धि के विना श्रुत के पढ़ने से उसका अतिचार होता है, जो उसे मलिन करने वाला है।

श्रुतावर्णवाद—१. मांसभक्षणाद्यभिधानं श्रुतावर्णवादः। (स. सि. ६–१३)। २. मांसभक्षणाद्यनवद्याभिधानं श्रुते। मांसस्य भक्षणं मधु-सुरापानं वेदनार्दितमैथुनोपसेवा-रात्रिभोजनमित्येवमाद्यनवद्यमित्यनुज्ञानं श्रुतेऽवर्णवादः। (त. वा. ६, १३, ६)। ३. पुरुषकृतत्वाद् दशदाडिमादिवाक्यवदयथार्थता, नातीन्द्रियं वस्तु पुंसो ज्ञानगोचरम्, अज्ञातं चोपदिशतो वचः कथं सत्यम्, तदुद्गतं च ज्ञानं कथं समीचीनमिति श्रुतावर्णवादः। (भ. आ. विजयो. ४७)। ४. इदमार्हतं श्रुतं पुरुषकृतत्वाद् दशदाडिमादिवाक्यवदयथार्थम्। न ह्यङ्गाराञ्जनादिवत्कालुष्योत्कर्षप्रवृत्तस्य चित्तस्य कुतश्चिद्विशुद्धिरिति, सर्वे पुरुषाः सर्वदा रागादिदोषदूषिता अतएवातीन्द्रियं वस्तु न कश्चिज्जानाति, अज्ञातं चोपदिशतो न वचः सत्यम्, तदुद्गतं च ज्ञानं मिथ्यैवेत्यादिः श्रुतस्य अवर्णवादः। (भ. आ. मूला. ४७)।

२ मांस का खाना, शहद का उपयोग करना, मद्य का पीना, वेदना से पीड़ित होकर मैथुन का सेवन करना और रात्रिभोजन; ये सब कार्य निर्दोष शास्त्रसम्मत हैं; ऐसा कथन करना, यह श्रुत का अवर्णवाद है। ३ श्रुत (आगम) शब्दात्मक है जो पुरुष के द्वारा किया गया है। जिस प्रकार वंचक पुरुष के द्वारा कहे जाने वाले 'वहां दस अनार हैं' इत्यादि वाक्य अयथार्थ होते हैं उसी प्रकार अतीन्द्रिय वस्तुओं के ज्ञान से रहित पुरुष के द्वारा उपदिष्ट आगमवचन भी सत्य नहीं हैं, जिसे वस्तुस्वरूप का स्वयं ज्ञान नहीं है उसके द्वारा प्ररूपित तत्त्व कैसे यथार्थ हो सकता है, इस प्रकार से श्रुत की की जाने वाली निन्दा को श्रुतावर्णवाद कहा जाता है।

श्रुति—धम्मस्स श्रवणं श्रुतिः श्रूयते वा। (उत्तरा. चू. पृ. ६८)।

धर्म के सुनने को अथवा जो कुछ सुना जाता है उसे श्रुति कहते हैं।

श्रेणि—१. लोकमध्यादारभ्य ऊर्ध्वमधस्तिर्यक् चाकाशप्रदेशानां क्रमसन्निविष्टानां पंक्तिः श्रेणिः। (स. सि. २–२६)। २. आकाशप्रदेशपंक्तिः श्रेणिः। लोकमध्यादारभ्योर्ध्वाधस्तिर्यक्क्रमाकाशप्रदेशानां क्रमसन्निविष्टानां पंक्ति श्रेणिः। (त. वा. २, २६, १)। ३. सेढी सत्तरज्जुमेत्तायामो। (धव. पु. ३, पृ. ३३)। ४. आकाशप्रदेशपंक्तिः श्रेणिः। (त. श्लो. २-२६)। ५. × × × सेढी वि पल्लच्छेदाणं। होदि असंखेज्जदिमप्पमाणविदंगुलाण हदी ॥ (त्रि. सा. १–७)। ६. लोकस्य मध्यप्रदेशादारभ्य ऊर्ध्वाधस्तिर्यक्व्योमप्रदेशानाम् अनुक्रमेण संस्थितानामावलिः श्रेणिः। (त. वृत्ति श्रुत. २–२६)।

१ लोक के मध्य से आरम्भ करके ऊपर, नीचे और तिरछे रूप में क्रम से अवस्थित आकाशप्रदेशों की पंक्ति को श्रेणि कहते हैं। ३ श्रेणि (जगश्रेणि) सात राजु प्रमाण आयत है। ५ पल्य के अर्द्धच्छेदों के असंख्यातवें भाग प्रमाण घनांगुलों को परस्पर गुणित करने पर जो प्राप्त हो उतना प्रमाण श्रेणि (जगश्रेणि) का है।

श्रेणीचारण—१. धूमग्गि-गिरि-तरु-तंतुसंताणेसु उड्ढारोहणसत्तिसंजुत्ता सेडीचारणा णाम। (धव. पु. ६, पृ. ८०)। २. चतुर्योजनशतोच्छ्रितस्य निषधस्य नीलस्य चाद्रेष्टङ्कच्छिन्नां श्रेणिमुपादायोपर्यधो वा पाद[प्रक्षेप]पूर्वकमुत्तरणावतरणनिपुणाः श्रेणिचारणाः। (योगशा. स्वो. विव. १–६, पृ. ४१)।

१ जो महर्षि धुआं, अग्नि, पर्वत, वृक्ष और तन्तु (धागा) के समूहों पर ऊपर चढ़ने की शक्ति से संयुक्त होते हैं वे श्रेणिचारण कहलाते हैं। २ चार सौ योजन ऊंचे निषध पर्वत की टांकी से छेदी गई श्रेणी को लेकर जो साधु उसके ऊपर और नीचे पादक्षेपपूर्वक चढ़ उतर सकते हैं वे श्रेणिचारण ऋद्धि के धारक होते हैं।

श्रेय—श्रेयः सकलदुःखनिवृत्तिः। (त. श्लो. का. २४६, पृ. ५०)।

समस्त दुःखों की निवृत्ति का नाम श्रेय है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

श्रेयांस—सकलभुवनस्यापि प्रशस्यतमत्वेन श्रेयान्, श्रेयांसावंसावस्येति 'पृषोदरादित्वात्' श्रेयांसो वा, तथा गर्भस्थेऽस्मिन् केनाप्यनाक्रान्तपूर्वा देवताधिष्ठितशय्या जनन्या आक्रान्तेति श्रेयो जातमिति श्रेयांसः। (योगशा. स्वो. विव. ३-३२४)।

समस्त लोक में अतिशय श्रेष्ठ होने के कारण ११वें तीर्थंकर श्रेयान् कहलाए। अथवा दोनों कन्धों के श्रेयस्कर होंने से वे श्रेयांस इस नाम से प्रसिद्ध हुए, अथवा गर्भ में स्थित होने पर देवता के द्वारा अधिष्ठित जो शय्या पूर्व में किसी के द्वारा नहीं लांघी गई थी उसे माता ने आक्रान्त किया व उससे कल्याण हुआ, इससे उन्हें श्रेयांस कहा गया है।

श्रेयोमार्गनेता—ततो निःशेषतत्त्वार्थवेदी प्रक्षीणकल्मषः। श्रेयोमार्गस्य नेतास्ति स संस्तुत्यस्तदर्थिभिः॥ (त. श्लो. का. ४३, पृ. १६)।

जो समस्त तत्त्वार्थ का ज्ञाता व कलुषता से रहित (वीतराग) है वही मोक्षमार्ग का नेता हो सकता है और मोक्ष के इच्छुक भव्य जन उसी की स्तुति किया करते हैं।

श्रेष्ठी—श्रेष्ठी तुष्टनरपतिप्रदत्त-श्रीदेवताध्यासित-सौवर्णपट्टविभूषितोत्तमांगो नगरचिन्ताकारी नागरिकजनश्रेष्ठः। (व्यव. भा. मलय. वृ. १-३३)।

जिसका शिर सन्तुष्ट राजा के द्वारा दिए गए और श्रीदेवता से अधिष्ठित सुवर्णमय पट्ट से विभूषित होता है, जो नगर की चिन्ता करता है तथा जो नागरिक जनों में श्रेष्ठ होता है उसे श्रेष्ठी कहा जाता है।

श्रोता—देखो शिष्य। धर्मश्रुतौ नियुक्ता ये श्रोतारस्ते मता बुधैः। (म. पु. १-१३८)।

जो धर्मकथा के सुनने में नियुक्त हैं वे श्रोता माने गये हैं।

श्रोत्र— १. वीर्यान्तराय-श्रोत्रेन्द्रियावरणक्षयोपशमाङ्गोपाङ्गनामलाभावष्टम्भाच्छृणोत्यनेनेति श्रोत्रम्। (धव. पु. १, पृ. २४७); फासिंदियावरणस्स सव्वघादिफद्दयाणं संतोवसमेण देसघादिफद्दयाणमुदएण चदुण्णमिंदियाणं सव्वघादिफद्दयाणमुदयक्खएण तेसिं चेव संतोवसमेण देसघादिफद्दयाणमुदएण जेण सोदिंदियमुप्पज्जदि तेण ×××। (धव. पु. ७, पृ. ६५-६६)। २. श्रूयते आत्मना शब्दो गृह्यतेऽनेनेति श्रोत्रं शृणोतीति वा श्रोत्रम्। (त. वृत्ति श्रुत. १-१९)।

१ वीर्यान्तराय और श्रोत्रेन्द्रियावरण के क्षयोपशम तथा अंगोपांग नामकर्म के लाभ के आश्रय से जिसके द्वारा प्राणी सुनता है उसे श्रोत्र कहते हैं। यह स्पर्शनेन्द्रियावरण के सर्वघाती स्पर्धकों के सदवस्था रूप उपशम से देशघाती स्पर्धकों के उदय से तथा शेष चार इन्द्रियों के सर्वघाती स्पर्धकों के उदयक्षय से, उन्हीं के सदवस्थारूप उपशम से एवं देशघाती स्पर्धकों के उदय से उत्पन्न होती है।

श्रोत्रदण्ड—देखो श्रोत्ररोध।

श्रोत्ररोध—१. सड्गादिजीवसद्दे वीणादिअजीवसंभवे सद्दे। रागादीण णिमित्ते तदकरणं सोदरोधो दु॥ (मूला. १-१८)। २. जीवाजीवोभयोद्भूते चेतोहारी तरस्वरे। राग-द्वेषाविलस्वान्तदण्डनं श्रोत्रदण्डनम्॥ (आचा. सा. १-२९)।

१ षड्ग[षड्ज]व ऋषभ आदि स्वर स्वरूप जीव के शब्द और वीणा आदि अजीव स्वरूप वादित्र आदि के निमित्त से उत्पन्न होने वाले शब्द के आश्रय से जो उसके विषय में राग-द्वेष उत्पन्न हो सकते हैं उनको उत्पन्न न होने देना, इसे श्रोत्र-इन्द्रियरोध कहते हैं। २ जीव, अजीव, अथवा दोनों के निमित्त से उत्पन्न हुए मनोहर अथवा अमनोहर (श्रवण-कटु) स्वर के विषय में राग-द्वेष से मलिन मन को दण्डित करना—उसके सुनने पर राग-द्वेष को उत्पन्न न होने देना, इसे श्रोत्रदण्डन या श्रोत्रइन्द्रियरोध कहा जाता है। यह साधु के २८ मूलगुणों के अन्तर्गत है।

श्रोत्रिय—१. सोत्तिओ भणिज्जइ णारीकडिसोत्तवज्जिओ जेण। जो तु रमणासत्तो ण सोत्तियो सो जडो होइ॥ अहवा पसिद्धवयणं सोत्तं णारीण सेवए जेण। मुत्तप्पवहणदारं सोत्तियओ तेण सो उत्तो॥ (भावसं. दे. ५५-५६)। २. दुष्कर्मदुर्जनास्पर्शी सर्वसत्त्वहिताशयः। स श्रोत्रियो भवेत् सत्यं न तु यो बाह्यशौचवान्॥ (उपासका. ८८०)।

१ जो स्त्री के कटिस्रोत से दूर रहता है—उसका सेवन नहीं करता—वह वास्तव में श्रोत्रिय है, उसके साथ रमने में जो आसक्त है वह यथार्थ में श्रोत्रिय नहीं है। २ जो दुराचरण से दूर रहता है, दुष्ट

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

जनों की संगति नहीं करता है तथा सब जीवों का हित चाहता है उसे श्रोत्रिय कहना चाहिए। बाहरी शौच से युक्त को श्रोत्रिय नहीं कहा जा सकता।

श्रोत्रेन्द्रियार्थावग्रह — सण्णिपंचिंदियपज्जत्तएसु जवणालियसंठाणसंठिदसोदिंदियअत्थोग्गहविसओ बारहजोयणाणि १२। असण्णिपंचिंदियपज्जत्तएसु अट्ठधणुसहस्साणि ८००० । एत्तियमद्धाणमंतरिय ट्ठिदसद्दग्गहणं सोदिंदियअत्थोग्गहो णाम। (धव. पु. १३, पृ. २२७)।

यवनाली के आकार में स्थित श्रोत्र इन्द्रिय के आश्रय से होने वाला अर्थावग्रह संज्ञी पंचेन्द्रिय पर्याप्त जीवों में उत्कृष्ट बारह योजन प्रमाण तथा असंज्ञी पंचेन्द्रिय पर्याप्त जीवों में आठ हजार धनुष प्रमाण क्षेत्र को विषय करता है। इतने क्षेत्र के मध्य में स्थित शब्दों का जो ग्रहण होता है उसका नाम श्रोत्र-इन्द्रियअर्थावग्रह है।

श्रोत्रेन्द्रियार्थावग्रहावरणीय—एदस्स (सोदिंदियत्थोग्गहस्स) जमावारयं कम्मं तं सोदिंदियअत्थोग्गहावरणीयं। (धव. पु. १३, पृ. २२७)।

जो कर्म श्रोत्र-इन्द्रिय-अर्थावग्रह को आच्छादित करता है उसे श्रोत्र-इन्द्रिय-अर्थावग्रहावरणीय कहते हैं।

श्रोत्रेन्द्रियेहाज्ञान—सोदिंदिएण गहिदसद्दो किं णिच्चो अणिच्चो दुस्सहाओ किमदुस्सहावो त्ति चदुण्णं वियप्पाणं मज्झे एगवियप्पस्स लिंगगवेसणं सोदिंदियगदईहा। (धव. पु. १३, पृ. २३१)।

श्रोत्र इन्द्रिय के द्वारा ग्रहण किया गया शब्द क्या नित्य है, क्या अनित्य है, क्या द्विस्वभाव (नित्य व अनित्य—उभय) है, अथवा अद्विस्वभाव (न नित्य न अनित्य) है इन चार विकल्पों में से किसी एक विकल्प के हेतु के अन्वेषण करने वाले ज्ञान को श्रोत्र-इन्द्रिय-ईहाज्ञान कहा जाता है।

श्रोत्रेन्द्रियेहाज्ञानावरणीय—तिस्से आवारयं कम्मं सोदिंदियईहावरणीयं। (धव. पु. १३, पृ. २३१)।

जो कर्म श्रोत्र-इन्द्रिय-ईहाज्ञान को आच्छादित करता है उसे श्रोत्रेन्द्रियेहाज्ञानावरणीय कहते हैं।

श्लक्ष्ण-श्लक्ष्णिका (सण्ह-सण्हिया)—अट्ठउस्सण्ह-सण्हिआओ सा एगा सण्ह-सण्हिया। (जम्बूदी. १६, पृ. ६२)।

आठ उच्छ्लक्ष्ण-श्लक्ष्णिकाओं की एक श्लक्ष्ण-श्लक्ष्णिका होती है।

श्लेषार्द्र—तथा श्लेषार्द्रं वज्रलेपाद्युपलिप्तं स्तम्भकुड्यादिकं यद् द्रव्यं तत् स्निग्धाकारतया श्लेषार्द्रमित्यभिधीयते। (सूत्रकृ. नि. शी. वृ. २, ६, १८५, पृ. १३६)।

स्तम्भ व भित्ति आदि जो द्रव्य वज्रलेप आदि से लिप्त होते हैं उन्हें स्निग्ध आकार होने से श्लेषार्द्र कहा जाता है।

श्वभ्रपूरण—१. येन केनचित्प्रकारेण स्व[श्व]भ्रपूरणवदुदरगर्त्तमनगारः पूरयति स्वादुनेतरेण आहारेण वेति स्वभ्रपूरणमिति च निरुच्यते। (त. वा. ६, ६, १६; त. श्लो. ६–६; चा. सा. पृ. ३६)। २. श्वभ्रस्य गर्त्तस्य येन केनचित्कचारेणेव स्वादुनेतरेण वाहारेणोदरगर्तस्य पूरणात् श्वभ्रपूरणमित्याख्यायते। (अन. ध. स्वो. टी. ६–४६)।

१ जिस प्रकार जिस किसी भी प्रकार से गड्ढे को भरा जाता है उसी प्रकार से साधु अपने पेट रूप गड्ढे को कचरे के समान स्वादिष्ट अथवा स्वादहीन भोजन से भरा करता है, इसीलिए उसे श्वभ्रपूरण जैसे सार्थक नाम से कहा जाता है।

श्वास—बाह्यस्य वायोराचमनं श्वासः। (योगशा. स्वो. विव. ५–४)।

बाहिरी वायु के आचमन को—नाक या मुंह के द्वारा उदर में पहुंचाने को—श्वास कहा जाता है।

श्वेतवर्णनामकर्म — तत्र यदुदयाज्जन्तुशरीरेषु श्वेतवर्णप्रादुर्भावो यथा विशकण्ठिकानां ततः श्वेतवर्णनाम। (प्रज्ञाप. मलय. वृ. २९३)।

जिसके उदय से प्राणियों के शरीर में श्वेत वर्ण उत्पन्न होता है, जैसे विशकण्ठिकों के, उसे श्वेतवर्णनामकर्म कहते हैं।

श्वेतसर्षप—चत्वारि महिधिकतृणफलानि श्वेतसर्षप एकः। (त. वा. ३, ३८, ३)।

चार महिधिका तृणफलों का एक श्वेतसर्षप होता है।

श्वेतसिद्धार्थ—१. ×××अट्ठहिं चिहुरग्गहिं, सियसिद्धत्थु कहिउ णिहयक्खहिं। (म. पु. पुष्प. २, ७, पृ. २४)। २. अष्टभिर्लिक्षाभिः पिण्डिताभिरेकः श्वेतसिद्धार्थः। (त. वृत्ति श्रुत. ३–३८)।

१ आठ चिक्कुराग्रों (बालाग्रों) का एक श्वेतसिद्धार्थ

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

होता है। २ समुदित आठ लोखों का एक श्वेत-सिद्धार्थ होता है।

षट्खण्डाधिपति—देखो चक्रवर्ती। १. छक्खंड-भरहणाहो बत्तीससहस्समउडबद्धपहुदीओ। होदि हु सयलं चक्की ×××। (ति. प. १–४८)। २. षट्खण्डभरतनाथं द्वात्रिंशद्धरणिपतिसहस्राणाम्। दिव्यमनुष्यं विदुरिह भोगागारं सुचक्रधरम् ॥ (धव. पु. १, पृ. ५८ उद्.)। ३. द्वात्रिंशत्सहस्रराजस्वामी षट्खण्डाधिपतिः। (त्रि. सा. वृ. ६८५)।

१ जो छह खण्डभूत भरतक्षेत्र का स्वामी होकर बत्तीस हजार मुकुटबद्ध आदि राजाओं को अपने आधीन रखता है वह सकलचक्री माना जाता है। इसी को सकलचक्राधिपति या षट्खण्डाधिपति भी कहा जाता है।

षट्स्थानवृद्धि—अणंतभागवड्ढी असंखेज्जभाग-वड्ढी संखेज्जभागवड्ढी संखेज्जगुणवड्ढी असंखेज्ज-गुणवड्ढी अणंतगुणवड्ढि त्ति छट्ठाणवड्ढी। (धव. पु. ६, पृ. २२)।

अनन्तभागवृद्धि, असंख्यात भागवृद्धि, संख्यातभाग-वृद्धि, संख्यातगुणवृद्धि, असंख्यातगुणवृद्धि और अन-न्तगुणवृद्धि ये छह स्थानपतित वृद्धि के रूप हैं।

षट्स्थानहानि—अणंतभागहाणी असंखेज्जभाग-हाणी संखेज्जभागहाणी संखेज्जगुणहाणी असंखेज्ज-गुणहाणी अणंतगुणहाणि त्ति छट्ठाणहाणी। (धव. पु. १६, पृ. ४९३)।

अनन्तभागहानि, असंख्यातभागहानि, संख्यातभाग-हानि, संख्यातगुणहानि, असंख्यातगुणहानि और अनन्तगुणहानि ये छह स्थानपतित हानि के रूप हैं।

षड्जीवकायसंयम—षण्णां जीवनिकायानां पृथि-व्यादिलक्षणानां संयमः संघट्टनादिपरित्यागः षड्जीव-कायसंयमः। (आव. भा. हरि. वृ. १९३, पृ. ४९२)।

पृथिवी आदि पांच स्थावर और त्रस इन छह जीव-निकायों के संयम को—उनके संघट्टन आदि के परित्याग को—षड्जीवकायसंयम कहा जाता है।

षण्ढ—नारीस्वभाव-स्वर-वर्णभेदो मेढ्रो गरीयान् मृदुला च वाणी। मूत्रं सशब्दं च सफेनकं च एतानि षट् षण्ढकलक्षणानि ॥ (आचारदि. पृ. ७४)।

स्त्री-स्वभाव के समान स्वरभेद व वर्णभेद, गुरुतर-जननेन्द्रिय, मृदु भाषण, शब्द व फेन के साथ मूत्र; ये छह लक्षण नपुंसक के हैं।

षष्ठभक्त—षष्ठमिह षष्ठ्यां भोजनवेलायां पारणा। (प्राय. स. टी. १–१०)।

छठी भोजनबेला में पारणा करने को षष्ठभक्त कहा जाता है।

षष्ठी प्रतिमा—(पूर्वप्रतिमानुष्ठानसहितः) षण्मा-सान् ब्रह्मचारी भवतीति षष्ठी। (योगशा. स्वो. विव. ३–१४८)।

पूर्व पांच प्रतिमाओं के अनुष्ठान का पालन करने वाला जो छह माह ब्रह्मचारी रहता है, इसे षष्ठी (छठी) प्रतिमा कहा जाता है।

सकल—अखण्डत्वात् सकलम्। ××× अथवा कलास्तावदवयवा द्रव्य-गुण-पर्यायभेदावगमान्यथानुप-पत्तितोऽवगतसत्त्वाः, सह कलाभिर्वर्तंत इति सकलम् ××× केवलज्ञानम्। (धव. पु १३, पृ. ३४५)।

केवलज्ञान अखण्ड होने से सकल है। द्रव्य, गुण और पर्याय भेदों के ज्ञापक अवयवों का नाम कला है, इन कलाओं के साथ रहने वाले ज्ञान को सकल कहा जाता है। समस्त द्रव्य-गुणादि को विषय करने वाला ऐसा वह ज्ञान केवललान ही सम्भव है।

सकलचारित्र—××× तत् (चरणम्) सकलं सर्वसंगविरतानाम्। अनगाराणां ××× ॥ (रत्नक. ५०)।

समस्त परिग्रह का जो परित्याग कर चुके हैं ऐसे गृह के त्यागी मुनियों के चारित्र को सकलचारित्र कहा जाता है।

सकलजिन—खवियघाइकम्मा सयलजिणा। के ते? अरहंत-सिद्धा। (धव. पु. ९, पृ. १०)।

घातिया कर्मों का क्षय कर देने वाले सयोग केव-लियों को सकलजिन कहा जाता है।

सकलदत्ति—देखो अन्वयदत्ति। १. आत्मान्वय-प्रतिष्ठार्थं सूनवे यदशेषतः। समं समय-वित्ताभ्यां स्ववर्गस्यातिसर्जनम् ॥ सैषा सकलदत्तिः स्यात् ×××। (म. पु. ३८, ४०–४१)। २. सकलदत्ति-रात्मीयस्वसन्ततिस्थापनार्थं पुत्राय गोत्रजाय वा धर्मं धनं च समर्प्य प्रदानम्, अन्वयदत्तिश्च सैव। (चा. सा. पृ. २१; कार्तिके. टी. ३९१)। ३. समर्थाय स्वपुत्राय तदभावेऽन्यजाय वा। यदेतद् दीयते वस्तु स्वीयं तत्सकलं मतम् ॥ (धर्मसं. श्रा. ९–१९७)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

१ अपने वंश की प्रतिष्ठा के लिए जो पुत्र को धर्म और धन के साथ समस्त परिवार को समर्पित किया जाता है, इसका नाम सकलदत्ति है।

सकलदेशच्छेद — (निर्विकल्पकसमाधिरूपसामायिकस्य) सर्वथा च्युतिः सकलदेशच्छेदः। (प्रव. सा. जय. वृ. ३-१०)।

निर्विकल्पक समाधिरूप सामायिक से पूर्णतया च्युत होने को सकलच्छेद कहा जाता है।

सकलपरमात्मा—१. सयलो अरुहसरूवो ×× ×॥ (ज्ञा. सा. ३२)। २. सकलो भण्यते सद्भिः केवली जिनसत्तमः॥ (भावसं वाम. ३५३)।

१ चार घातिया कर्मों से रहित अरहन्त को सकलपरमात्मा कहा जाता है।

सकलप्रत्यक्ष—१. सकलप्रत्यक्षं केवलज्ञानम्, विषयीकृतत्रिकालगोचराशेषार्थत्वात् अतीन्द्रियत्वात् अक्रमवृत्तित्वात् निर्व्यवधानात् आत्मार्थसन्निधानमात्रप्रवर्तनात्। उक्तं च—क्षायिकमेकमनन्तं त्रिकालसर्वार्थयुगपद्विभासम्। निरतिशयमन्त्यमच्युतमव्यवधानं जिनज्ञानम्॥ (धव. पु. ६, पृ. १४२)। २. केवलं सयलपच्चक्खं पच्चक्खीकयतिकालविसयासेसदव्व-पज्जयभावादो। (जयध. १, पृ. २४)। ३. सकलप्रत्यक्षस्य सर्वद्रव्य-पर्यायसाक्षात्करणं स्वरूपम्। (अष्टस. १५)। ४. सयलो केवलणाणं ××× । (जं. दी. प. १३-४८)। ५. सर्वद्रव्यपर्यायविषयं सकलम्। तच्च घातिसंघातनिरवशेषघातनात् समुन्मीलितं केवलज्ञानमेव। (न्यायदी. पृ. २)। ६. ××× तत्सकलप्रत्यक्षमक्षयं ज्ञानम्। (पंचाध्या. १-६६७)।

१ तीनों काल सम्बन्धी समस्त पदार्थों को विषय करने वाला जो केवलज्ञान अतीन्द्रिय, युगपद्वृत्ति, व्यवधान से रहित और आत्मा मात्र की अपेक्षा रखने वाला है—इन्द्रिय व प्रकाश आदि की अपेक्षा नहीं करता है—उसे सकलप्रत्यक्ष कहा जाता है।

सकलसंयम— संज्वलनकषाय-नोकषायाणां सर्वघातिस्पर्धकोदयाभावलक्षणे क्षये, तेषामेव सदवस्थालक्षणे उपशमे च सति सकलसंयमः। (गो. जी. म. प्र. ३२)।

संज्वलन और नोकषायों के सर्वघाती स्पर्धकों के उदयाभावरूप क्षय तथा उन्हीं के सदवस्थारूप उपशम के होने पर जो पूर्ण संयम होता है उसे सकलसंयम कहते हैं।

सकलादेश—१. यदा यौगपद्यं तदा सकलादेशः, स एव प्रमाणमित्युच्यते, सकलादेशः प्रमाणाधीन इति वचनात्। ××× **एकगुणमुखेनाशेषवस्तुरूपसंग्रहात् सकलादेशः**। यदा अभिन्नमेकं वस्तु एकगुणरूपेण उच्यते गुणिनां गुणरूपमन्तरेण विशेषप्रतिपत्तेरसंभवात्। एको हि जीवोऽस्तित्वादिष्वेकस्य गुणस्य रूपेणाऽभेदवृत्त्या अभेदोपचारेण वा निरंशः समस्तो वक्तुमिष्यते, विभागनिमित्तस्य प्रतियोगिनो गुणान्तरस्य तत्रानाश्रयणात्, तदा सकलादेशः। (त. वा. ४, ४२, १३-१४)। २. सकलादेशः प्रमाणाधीनः ××× । (धव. पु. ६, पृ. १६५ उद्)। ३. स्यादस्ति, स्यान्नास्ति, स्यादवक्तव्यः, स्यादस्ति च नास्ति च, स्यादस्ति चावक्तव्यश्च, स्यान्नास्ति चावक्तव्यश्च, स्यादस्ति च नास्ति चावक्तव्यश्च घट इति सप्तापि सकलादेशः। ×××सकलमादिशति कथयतीति सकलादेशः। ××× सकलादेशः प्रमाणाधीनः प्रमाणायत्तः प्रमाणव्यपाश्रयः प्रमाणजनित इति यावत्। (जयध. १, पृ. २०१-२०३)। ४. ××× स्याच्छब्दसंसूचिताभ्यन्तरीभूतानन्तधर्मकस्य साक्षादुपन्यस्तजीवशब्द-क्रियाभ्यां प्रधानीकृतात्मभावस्यावधारणव्यवच्छिन्नतदसम्भवस्य वस्तुनः सन्दर्शकत्वात् सकलादेश इत्युच्यते, प्रमाणप्रतिपन्नसम्पूर्णार्थकथनमिति यावत्। (आव. नि. मलय. वृ. ७५४, पृ. ३७१)। ५. सकलादेशः सकलस्यानेकधर्मणो वस्तुन आदेशः कथनम्। (लघीय. अभय. वृ. ६२, पृ. ८४)।

१ एक गुण की प्रमुखता से जो समस्त वस्तु को विषय करता है उसे सकलादेश कहते हैं। जैसे—एक ही जीव को जब अस्तित्व आदि अनेक गुणों में एक गुण के अभेदोपचार से अखण्ड ग्रहण किया जाता है तब उसे सकलादेश समझना चाहिए। उस समय प्रतिपक्षी गुण का आश्रय नहीं लिया जाता है।

सकाम निर्जरा—देखो अविपाक निर्जरा। सकामा पुनरुपक्रमापक्वकर्मनिर्जरणलक्षणा। (अन. ध. स्वो. टी. २-४३)।

उदय में अप्राप्त कर्मों को जो उपक्रम—बुद्धिपूर्वक आत्मपरिणाम—के द्वारा उदयावली में प्राप्त कराकर निर्जीर्ण किया जाता है, इसे सकाम अथवा औपक्रमिकी निर्जरा कहा जाता है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सक्ता—१. सजणसंबंध-मित्तवग्गादिसु संजदि त्ति सत्ता। (**धव. पु. १, पृ. १२०**); स्वजन-संबन्धि-मित्रवर्गादिषु सजतीति सक्ता। (**धव. पु. ९, पृ. २२१**)। २. परिग्गहेसु सजदि त्ति सत्ता। (**अंगप. ८६–८७, पृ. २९५**)।

१ जो अपने कुटुम्बी जन, सम्बन्धी और मित्रों के समूह आदि में आसक्त रहता है उसे सक्ता कहा जाता है। यह जीव का पर्याय नाम है।

सङ्क्रम—१. सो संकमो त्ति वुच्चइ जब्बंधनपरिणओ पओगेणं। पगयंतरत्थदलियं परिणमइ तयणुभावे जं॥ (**कर्मप्र. सं. क. १**)। २. यां प्रकृतिं बध्नाति जीवः तदनुभावेन प्रकृत्यन्तरस्थं दलिकं वीर्यविशेषेण यत्परिणमयति सः संक्रमः। (**स्थानां. अभय. वृ. २९६**)। ३. एतदुक्तं भवति—बध्यमानासु प्रकृतिषु मध्येऽबध्यमानप्रकृतिदलिकं प्रक्षिप्य बध्यमानप्रकृतिरूपतया यत्तस्य परिणमनम्, यच्च वा बध्यमानानां प्रकृतीनां दलिकरूपस्येतरेतररूपतया परिणमनं तत् सर्वं संक्रमणमित्युच्यते। (**कर्मप्र. मलय. वृ. सं. क. १**)।

१ जिस कर्मप्रकृति के बांधने रूप से परिणत जीव संक्लेश अथवा विशुद्धिरूप आत्मपरिणाम के द्वारा अबध्यमान प्रकृति के द्रव्य को बध्यमान प्रकृति के रूप से परिणमाता है उसे, तथा बध्यमान प्रकृतियों के दलिक का जो परस्पर के रूप में परिणमन होता है उसे, संक्रमण कहा जाता है।

सङ्घ—१. सङ्घश्चतुर्विधः श्रमणादिः। (**त. भा. सिद्ध. वृ. ९–२४**)। २. गुणसमुदायो संघो पवयण तित्थंति होंति एगट्ठा। (**पंचाश. ३८३**)। ३. सङ्घः समूहः सम्यक्त्व-ज्ञान-चरणानां तदाधारश्च साध्वादिश्चतुर्विधः। (**त. भा. सिद्ध. वृ. ६–२३**); सङ्घश्चतुर्विधः साधु-साध्वी-श्रावक-श्राविकाः। (**त. भा. सिद्ध. वृ. ९–२४**)। ४. संघो गणसमुदायः। (**औपपा. वृ. २०, पृ. ४३**)। ५. सङ्घः साधु-साध्वी-श्रावक-श्राविकासमुदायः। (**योगशा. स्वो. विव. ४–९०**)।

१ चार प्रकार के श्रमण आदि—साधु, साध्वी, श्रावक और श्राविका—को संघ कहा जाता है। २ सम्यक्त्व आदि गुणों के समुदाय को संघ कहते हैं। ४ गणों के समुदाय को संघ कहा जाता है।

सङ्घर्ष—ऋकच-काष्ठादिसङ्घर्षप्रसूतः सङ्घर्षः। (**त. भा. सिद्ध. वृ. ५–२४, पृ. ३६०**)।

करोंत और लकड़ी आदि के घर्षण से जो शब्द उत्पन्न होता है उसे सङ्घर्ष शब्द कहा जाता है।

सचित्त—१. आत्मनश्चैतन्यविशेषपरिणामश्चित्तम्, सह चित्तेन वर्तत इति सचित्तः। (**स. सि. २-३२**); सह चित्तेन वर्तत इति सचित्तं चेतनावद् द्रव्यम्। (**स. सि. ७–३५**)। २. **आत्मनः परिणामविशेषश्चित्तम्**। आत्मनश्चैतन्यस्य परिणामविशेषश्चित्तम्, तेन सह वर्तन्त इति सचित्ताः। (**त. वा. २, ३२, १**); **सह चित्तेन वर्तत इति सचित्तः**। चित्तं विज्ञानम्, तेन सह वर्तत इति सचित्तः चेतनावद् द्रव्यमित्यर्थः। (**त. वा. ७, ३५, १**)। ३. सह चित्तेन बोधेन वर्तते हि सचित्तकम्। (**धर्मसं. श्रा. ८-१४**)। ४. जीवस्य चेतनाप्रकारः परिणामश्चित्तम्, चित्तेन सह वर्तते सचित्तः। (**त. वृत्ति श्रुत. २–३२**)।

१ आत्मा के चैतन्य परिणामविशेष का नाम चित्त है, जो चित्त के साथ रहता है उसे सचित्त कहते हैं।

सचित्तकाल—तत्थ सच्चित्तो जहा दंसकालो, मसयकालो इच्चेवमादी दंस-मसयाणं चेव उवयारेण कालत्तविहाणादो। (**धव. पु. ११, पृ. ७६**)।

दंशकाल व मशककाल इत्यादि को सचित्तकाल कहा जाता है। यहां निमित्तवश उपचार से दंश-मशक को ही कालपने का विधान किया गया है।

सचित्तक्षेपण—सचित्ते सजीवे पृथ्वी-जल-कुम्भोपचुल्लीधान्यादौ क्षेपणं निक्षेपो देयस्य वस्तुनः, तच्च अदानबुद्धया निक्षिपति, एतज्जानात्यसौ तुच्छबुद्धिः यत् सचित्तनिक्षिप्तं न गृह्णन्ते साधव इत्यतो देयं चोपस्थाप्यते, न चाददते साधव इति लाभोऽयं ममेति प्रथमोऽतिचारः। (**योगशा. स्वो. विव. ३–११९**)।

साधु सचित्त पृथिवी आदि पर रखे भोज्य पदार्थ को नहीं लेते हैं, यह जानते हुए यदि न देने की इच्छा से किसी भोज्य वस्तु को सचित्त पृथ्वी आदि के ऊपर रखा जाता है तो यह अतिथिसंविभागव्रत को दूषित करने वाला उसका एक अतिचार होता है।

सचित्तगुणयोग—सचित्तगुणजोगो पंचविहो—ओदइओ ओवसमिओ खइओ खओवसमिओ पारिणामिओ चेदि (ओदइय-ओवसमिय-खइयादिजीवभावेहि सह जीवस्स जो जोगो सो सचित्तगुणजोगो)। (**धव. पु. १०, पृ. ४३३**)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

औदयिक, औपशमिक, क्षायिक, क्षायोपशमिक और पारिणामिक इन भावों से जो जीव का सम्बन्ध होता है वह सचित्तगुणयोग कहलाता है।

सचित्तचतुष्पदद्रव्योपक्रम— सचित्तचतुष्पदद्रव्योपक्रमो यथा हस्त्यादेः शिक्षाद्यापादनम्। (व्यव. भा. मलय. वृ. पृ. १)।

चार पांव वाले हाथी आदि के लिए शिक्षा आदि देने को सचित्तचतुष्पदद्रव्योपक्रम कहते हैं।

सचित्तद्रव्यपूजा— प्रत्यक्षमर्हदादीनां सचित्तार्चा जलादिभिः। (धर्मसं. श्रा. ६–६२)।

प्रत्यक्ष में जल आदि के द्वारा जो अरहन्त आदि की पूजा की जाती है, इसे सचित्तद्रव्य-अर्चा या सचित्तद्रव्यपूजा कहते हैं।

सचित्तद्रव्यभाव—केवलणाण-दंसणादिओ सचित्तदव्वभावो। (धव. पु. १२, पृ. २)।

केवलज्ञान-दर्शन आदि को सचित्तद्रव्यभाव कहते हैं।

सचित्तद्रव्यवेदना— सचित्तदव्ववेयणा सिद्धजीवदव्वं। (धव. पु. १०, पृ. ७)।

सिद्ध जीव द्रव्य को सचित्तद्रव्यवेदना कहा जाता है।

सचित्तद्रव्यस्पर्शन—सचित्ताणं दव्वाणं जो संजोओ सो सचित्तदव्वफोसणं। (धव. पु. ४, पृ. १४३)।

सचित्त द्रव्यों का जो संयोग है उसे सचित्तद्रव्यस्पर्शन कहते हैं।

सचित्तद्विपदद्रव्योपक्रम— सचित्तद्विपदद्रव्योपक्रमो यथा पुरुषस्य वर्णादिकरणं। (व्यव. भा. मलय. वृ. पृ. १)।

दो पाँव वाले पुरुष के वर्ण आदि के करने को सचित्तद्विपदद्रव्योपक्रम कहा जाता है।

सचित्तनिक्षेपण –देखो सचित्तक्षेपण। १. सचित्ते पद्मपत्रादौ निक्षेपः सचित्तनिक्षेपः। (स. सि. ७, ३६)। २. सचित्ते निक्षेपः सचित्तनिक्षेपः। × × × सचित्ते पद्मपत्रादौ निधानं निक्षेपः इत्युच्यते। (त. वा. ७, ३६, १)। ३. सचित्तनिक्षेपणं सचित्तेषु ब्रीह्यादिषु निक्षेपणमन्नादेरदेयबुद्धया मातृ स्थानतः। (श्रा. प्र. टी. ३२७)। ४. सचित्ते पद्मपत्रादौ निधानं सचित्तनिक्षेपः। (चा. सा. पृ. १४)। ५. सचित्तनिक्षेपः—सचित्ते सजीवे पृथिवी-जल-कुम्भोप-(चुल्लि) भुवल्लिधान्यादौ निक्षेपो देयस्य वस्तुनः स्थापनम्। (सा. ध. स्वो. टी. ५–५४)। ६. चित्तेन सह वर्तते सचित्तम्, सचित्ते कदलीदलोलूकपर्ण-पद्मपत्रादौ निक्षेपः सचित्तनिक्षेपः। (त. वृत्ति श्रुत. ७–३६)। ७. सचित्ते पद्मपत्रादौ निक्षेपोऽन्नादिवस्तुनः। दोषः सचित्तनिक्षेपो भवेदन्वर्थसंज्ञकः॥ (लाटीसं. ६–२२७)।

१ सचित्त कमलपत्र आदि के ऊपर देने योग्य भोज्य वस्तु के रखने पर सचित्तनिक्षेप नाम का अतिथिसंविभागव्रत का अतिचार होता है। ३ नहीं देने के विचार से सचित्त ब्रीहि आदि में अन्न आदि के रखने को सचित्तनिक्षेपण कहा जाता है।

सचित्तनोकर्मद्रव्यबन्धक — सचित्तनोकम्मदव्वबंधया जहा हत्थीणं बंधया अस्साणं बंधया इच्चेवमादि। (धव. पु. ७, पृ. ४)।

हाथी और घोड़े आदि के बांधने वालों को सचित्तनोकर्मद्रव्यबन्धक कहा जाता है।

सचित्तनोकर्मप्रक्रम— अस्साणं हत्थीणं पक्कमो सचित्तपक्कमो णाम। (धव. पु. १५, पृ. १५)।

घोड़ों और हाथियों के प्रक्रम को सचित्तनोकर्मप्रक्रम कहते हैं।

सचित्तपरिग्रह— सह चित्तेन सचित्तं द्विपद-चतुष्पदादि, तदेव परिग्रहः। (आव. हरि. वृ. अ. ६, पृ. ८२५)।

दो पांव वाले मनुष्य आदि को तथा चार पांवों वाले हाथी-घोड़े आदि को सचित्त (चेतन) परिग्रह माना गया है।

सचित्तपिधान— देखो सचित्तापिधान। १. सचित्तपिधानं सचित्तेन फलादिना पिधानं स्थगनम्। (श्रा. प्र. टी. ३२७)। २. तथा तेन सचित्तेन सूरण-कन्द-पत्र-पुष्प-फलादिना तथाविधयैव बुद्ध्या पिधत्ते इति द्वितीयः। (योगशा. स्वो. विव. ३–११६)।

१ देय वस्तु को न देने के विचार से सचित्त फल आदि से आच्छादित करके रखना, यह अतिथिसंविभागव्रत को मलिन करने वाला उसका एक अतिचार है।

सचित्तमंगल—सचित्तमर्हदादीनामनाद्यनिधनजीवद्रव्यम्। (धव. पु. १, पृ. २८)।

अरहन्त आदि के अनादि-अनन्त जीव द्रव्य को सचित्त लोकोत्तर द्रव्यमंगल कहा जाता है।

सचित्तयोनि—देखो सचित्त। आत्मनश्चैतन्यविशेषपरिणामश्चित्तम्, सह चित्तेन वर्तत इति सचि-

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

त्तम् । (भूला. वृ. १२-५८) ।

आत्मा के चैतन्यविशेषरूप परिणाम का नाम चित्त है । जो योनिप्रदेश उस चित्त से युक्त होते हैं उन्हें सचित्तयोनि कहते हैं ।

सचित्तविरत—१. मूल-फल-शाक-शाखा-करीर-कन्द-प्रसूनबीजानि । नामानि योऽत्ति सोऽयं सचित्तविरतो दयामूर्तिः ।। (रत्नक. ५-२०) । २. सच्चित्तं पत्त-फलं छल्ली मूलं च किसलयं बीजं । जो ण य भक्खदि णाणी सचित्तविरदो हवे सो दु ।। (कार्तिके. ३७९) । ३. पंचमु जसु कच्चासणहं हरियहं णाहि पवित्ति । (सावयध. १४) । ४. सचित्तव्रतो दयामूर्तिर्मूल-फल-शाखा-करीर-कंद-पुष्प-बीजादीनि न भक्षयत्यस्योपभोग-परिभोगपरिमाणशीलव्रतातिचारो व्रतम् । (चा. सा. पृ. १९) । ५. न भक्षयति योऽपक्वं कन्द-मूल-फलादिकम् । संयमासक्तचेतस्कः सचित्तात् स पराङ्मुखः ।। (सुभा. सं. ८३७) । ६. दयार्द्रचित्तो जिनवाक्यवेदी, न वल्भते किञ्चन यः सचित्तम् । अनन्यसाधारणधर्मपोषी, सचित्तमोची स कषायमोची ।। (अमित. श्रा ७-७१) । ७. सर्वजीवकरुणापरचित्तो यो न खादति सचित्तमशेषम् । प्रासुकाशनपरं यतिनाथास्तं सचित्तविरतं निगदन्ति ।। (धर्मप. २०-५७) । ८. जं वज्जिज्जइ हरियं तुय-पत्त-पवाल-कंद-फल-बीयं । अप्पासुगं च सलिलं सचित्तणिव्वित्ति तं ठाणं ।। (वसु. श्रा. २९५) । ९. हरीताङ्कुरबीजाम्बुलवणाद्यप्रासुकं त्यजन् । जागृत्कृपश्चतुर्निष्ठः सचित्तविरतः स्मृतः ।। (सा. ध. ७-८) । १०. फल-मूलाम्बु-पत्राद्यं नाश्नात्यप्रासुकं सदा । सचित्तविरतो गेही दयामूर्तिर्भवत्यसौ ।। (भावसं. वाम. ५३७) । ११. प्राक्चतुःप्रतिमासिद्धो यावज्जीवं त्यजेत् त्रिधा । सचित्तभोजनं स स्याद् दयावान् पञ्चमो गृही ।। सह चित्तेन बोधेन वर्तते हि सचित्तकम् । यन्मलत्वेन प्राग्युक्तं तदिदानीं व्रतात्मतः ।। शाक-बीज-फलाम्बूनि लवणाद्यप्रासुकं त्यजन् । जाग्रद्दयोऽङ्गिपञ्चत्वभीतः संयमवान् भवेत् ।। (धर्मसं. श्रा. ८, १३-१५) ।

१ जो दयालु श्रावक कच्चे मूल, फल, शाक, शाखा (कोंपल), करील, कन्द, फूल और बीज इनको नहीं खाता है उसे सचित्तविरत—छठी प्रतिमा का धारक माना गया है ।

सचित्तसम्बद्धाहारत्व—देखो सचित्तसम्बन्ध । तथा सचित्तेन सम्बद्धं कर्कटिकबीज-कौलिकाकुलस्यापक्वबदरोदुम्बराम्रफलादि भक्षयतः सचित्तसम्बद्धाहारत्वम् । (त. भा. सिद्ध. वृ. ७-३०) ।

सचित्त से सम्बन्ध को प्राप्त ककड़ी के बीज, कच्चे बेर, ऊमर और आम फल आदि के खाने पर सचित्तसम्बद्ध-आहार नाम का उपभोग-परिभोगपरिमाणव्रत का एक अतीचार होता है ।

सचित्तसम्बन्ध— देखो सचित्तसम्बद्धाहारत्व । १. तदुपश्लिष्टः (चेतनावद्द्रव्योपश्लिष्टः) सम्बन्धः (आहारः) । (स. सि. ७-३५) । २. **तदुपश्लिष्टः सम्बन्धः**, तेन चित्तवता द्रव्येणोपश्लिष्टः सम्बन्धः इत्याख्यायते । (त. वा. ७, ३५, २) । ३. सचित्तवतोपश्लिष्टः सचित्तसम्बद्धाहारः । (चा. सा. पृ. १३) । ४. तेन सचित्तेन उपसंसृष्ट उपश्लिष्टः शक्यभेदकरणः संसर्गमात्रसहितः स्वयं शुद्धोऽपि सचित्तसंघट्टमात्रेण दूषित आहारः । (त. वृत्ति श्रुत. ७-३५) । ५. तथाविधोऽपि यः कश्चिच्चेतनाधिष्ठितं च यत् । वस्तुसंख्यामकुर्वाणो भवेत् सम्बन्धदूषणम् । (लाटीसं. ६-२१६) ।

१ चेतन द्रव्य से संश्लिष्ट आहार को सचित्तसम्बन्ध आहार कहा जाता है । यह भोगोपभोगपरिसंख्यानव्रत का एक अतिचार है ।

सचित्तसम्मिश्राहार—१. तद्व्यतिकीर्णः (सचित्तव्यतिकीर्णः आहारः) सम्मिश्रः । (स. सि. ७, ३५) । २. **तद्व्यतिकीर्णः सम्मिश्रः** । तेन सचित्तेन द्रव्येण व्यतिकीर्णः सम्मिश्र इति कथ्यते । (त. वा. ७, ३५, ३) । ३. सचित्तेन व्यतिकीर्णः सचित्तसम्मि-[म्मि-]श्राहारः (चा. सा. पृ. १३) । ४. सचित्तव्यतिकीर्णः संमिलितः सचित्तद्रव्यसूक्ष्मप्राण्यतिमिश्रः अशक्यभेदकरण आहारः सम्मि[म्मि]श्राहारः । (त. वृत्ति श्रुत. ७-३५) । ५. मिश्रितं च सचित्तेन वस्तुजातं च वस्तुना । स्वीकुर्वाणोऽप्यतीचारं सम्मिश्राख्यं च न त्यजेत् ।। (लाटीसं. ६, २१७) ।

१ चेतन द्रव्य से मिश्रित आहार को सचित्तसम्मिश्राहार कहा जाता है । यह भोगोपभोगपरिसंख्यानव्रत का एक अतिचार है ।

सचित्तसंयुक्तद्रव्यसंयोग—तत्थ वि सचित्तसंजुत्तदव्वसंजोगो णाम जहा रुक्खो पुव्वं मूलेहिं पुढविसंबद्धेहिं उत्तरकालं कंदेण सह युज्जते, एवं जावत्ति

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

ताव नेयं। (उत्तरा. चू. पृ. १६)।

वृक्ष जो पूर्व में पृथ्वी से सम्बद्ध जड़ों से और तत्-पश्चात् उत्तरकाल में स्कन्ध से संयुक्त होता है, इस प्रकार के संयोग को सचित्तसंयुक्तद्रव्यसंयोग जानना चाहिए।

सचित्तादत्तादान-१. सह चित्तेन सचित्तं द्विपदादिलक्षणं वस्तु, तस्य क्षेत्रादौ सुन्यस्त-दुर्न्यस्त-विस्मृतस्य स्वामिनाऽदत्तस्य चौर्यबुद्धयादानं सचित्तादानम्, आदानमिति ग्रहणम्। (आव. हरि. वृ. अ. ६, पृ. ८२२)। २. द्विपदादेर्वस्तुनः क्षेत्रादौ सुन्यस्त-दुर्न्यस्त-विस्मृतस्य स्वामिना अदत्तस्य चौर्यबुद्धया ग्रहणं सचित्तादत्तादानम्। (श्रा. प्र. टी. २६५)।

१ खेत आदि में अच्छी तरह से या दुष्टता से स्थापित द्विपद (दो पांव सहित) आदि वस्तु को स्वामी के विना दिये चोरी के विचार से ग्रहण करना, इसे सचित्तादत्तादान कहते हैं। यह अचौर्याणुव्रत का एक अतिचार है।

सचित्तान्तर—सचित्तंतरं उसह-संभवाणं मज्झे ट्ठिओ अजिओ। (धव. पु. ५, पृ. ३)।

भगवान् ऋषभ और सम्भव जिनेन्द्र के मध्य में जो अजितनाथ हुए, यह ऋषभ और संभव का सचित्त-तद्व्यतिरिक्त द्रव्यान्तर है।

सचित्तापदद्रव्योपक्रम — सचित्तापदद्रव्योपक्रमो यथा वृक्षादेर्वृक्षायुर्वेदोपदेशाद् वृद्ध्यादिगुणकरणं। (व्यव. भा. मलय. वृ. पृ. २)।

पांवों से रहित चेतन वृक्ष आदि को वृक्षादि से सम्बद्ध आयुर्वेद के उपदेशानुसार वृद्धि आदि गुण से परिणत करना, इसे सचित्त-अपदद्रव्योपक्रम कहा जाता है।

सचित्तापिधान—देखो सचित्तपिधान। १. अपिधानमावरणम्, सचित्तेनैव सम्बध्यते सचित्तापिधानमिति। (स. सि. ७-३६)। २. प्रकरणात् सचित्तेनाऽपिधानम्। अपिधानमावरणमित्यर्थः। (त. वा. ७, ३६, २)। ३. सचित्तेनावरणं सचित्तपिधानम्। (चा. सा. पृ. १४)। ४. सचित्तेन अपिधानम् आवरणं सचित्तापिधानम्। (त. वृत्ति श्रुत. ७-३६)। ५. अपिधानामावरणं सचित्तेन कृतं यदि। स्यात् सचित्तापिधानाख्यं दूषणं व्रतधारिणः॥ (लाटीसं. ६-२२८)।

१ देने योग्य भोज्य वस्तु को चेतनायुक्त द्रव्य से आच्छादित करना, इसे सचित्तापिधान कहते हैं। यह अतिथिसंविभागव्रत का एक अतिचार है।

सचित्ताहार—१. चित्तं चेतनः संज्ञानमुपयोगोऽवधानमिति पर्यायाः, सचित्तश्चासावाहारश्च सचित्ताहारः, मूल-कन्दली-कन्दार्द्रकादिसाधारणवनस्पति-प्रत्येकशरीराणि सचित्तानि, तदभ्यवहारः, पृथिव्यादिकायिकानां वा सचित्तानाम्। (त. भा. सिद्ध. वृ. ७-३०)। २. सह चित्तेन वर्तत इति सचित्तः। चित्तं विज्ञानम्, तेन सह वर्तत इति सचित्तः, चेतनावद् द्रव्यमित्यर्थः। (त. वा. ७, ३५, १)। ३. सचित्ताहारं खलु सचेतनं मूल-कन्दादिकम् तत्प्रतिबद्धं च वृक्षस्थगुन्द-पक्वफलादिलक्षणम्। (श्रा. प्र. टी. २८६)। ४. चेतनावद् द्रव्यं सचित्तं हरितकायः, तदभ्यवहरणं सचित्ताहारः। (चा. सा. पृ. १३)। ५. चेतनं चित्तम्, चित्तेन सह वर्तते सचित्तः। (त. वृत्ति श्रुत. ७-३५)।

१ मूल, कन्दली, कन्द और आर्द्रक आदि चेतनायुक्त साधारण या प्रत्येक वनस्पति का उपयोग करना, अथवा सचित्त पृथिवीकायिक आदि का उपयोग करना, इसे सचित्ताहार कहते हैं। यह उपभोग-परिभोग-परिमाणव्रत का एक अतिचार है।

सच्चारित्र—चेतसा वचसा तन्वा कृतानुमतकारितैः। पापक्रियाणां यस्त्यागः सच्चारित्रमुषंति तत्॥ (तत्त्वानु. २७)।

मन, वचन और काय से तथा कृत, कारित और अनुमोदन के द्वारा जो पापाचरण का त्याग किया जाता है, इसे सच्चारित्र या सम्यक्चारित्र माना जाता है।

सच्छूद्र—१. सकृत्परिणयनव्यवहाराः सच्छूद्राः। (नीतिवा. ७-११, पृ. ८४)। २. येषां सकृद्विवाहोऽस्ति ते चाद्याः। ×××॥ (धर्मसं. श्रा. ६, २३३)।

१ जिनमें एक ही बार विवाह का व्यवहार प्रचलित है वे सच्छूद्र कहलाते हैं।

सज्जाति—तत्र सज्जातिरित्याद्या क्रिया श्रेयोऽनुबन्धिनी। या सा वासन्नभव्यस्य नृजन्मोपगमे भवेत्॥ स नृजन्मपरिप्राप्तौ दीक्षायोग्ये सदन्वये। विशुद्धं लभते जन्म सैषा सज्जातिरिष्यते॥ विशुद्ध-कुल-जात्यादिसम्पत् सज्जातिरुच्यते। उदितोदित-

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

वंशत्वं यतोऽभ्येति पुमान् कृती ॥ (म. पु. ३९, ८२–८४)।

कर्त्रन्वय क्रियाओं में सज्जाति प्रथम है, वह आसन्न-भव्य के मनुष्य जन्म के प्राप्त होने पर होती है। मनुष्य पर्याय के प्राप्त होने पर दीक्षा योग्य कुल में जो विशुद्ध जन्म होता है उसे सज्जाति माना जाता है। विशुद्ध कुल और जाति आदि रूप सम्पत्ति को ही सज्जाति कहा जाता है। पुण्यशाली मनुष्य जो उत्तरोत्तर उत्तमोत्तम वंश को प्राप्त करता है वह इस सज्जाति के प्रभाव से ही करता है।

सत्—१. उत्पाद-व्यय-ध्रौव्ययुक्तं सत्। (त. सू. ५–३०)। २. प्रतिक्षणं स्थित्युदय-व्ययात्मतत्त्वव्यवस्थं सदिहार्थरूपम् ॥ (युक्त्यनु. ४९)। ३. उत्पाद-व्ययाभ्यां ध्रौव्येण च युक्तं सतो लक्षणम्; यदुत्पद्यते, यद् व्येति, यच्च ध्रुवं तत् सत्। (त. भा. ५–२९)। ४. येनोत्पाद-व्यय-ध्रौव्ययुक्तं यत्तत्सदिष्यते। (षड्द. स. ५७, पृ. २२५)। ५. सीदति स्वकीयान् गुण-पर्यायान् व्याप्नोतीति सत्। (आलापप. पृ. १४०)। ६. जो अत्थो पडिसमयं उप्पाद-वय-धुवत्तसब्भावो। गुण-पज्जयपरिणामो सो संतो भण्णदे समये ॥ (कार्तिके. २३७)। ७. सकलपदार्थाधिगतिमूलं द्रव्य-पर्याय-गुण-सामान्य-विशेषविषयं सदित्यभिधानं सत्। (न्यायकु. ७६, पृ. ८०२)। ८. द्रव्य-पर्याय-सामान्य-विशेषोत्पाद-व्यय-ध्रौव्यव्यापकं सदिति कथनम्। (लघीय. पृ. ९५)।

१ जो उत्पाद, व्यय और ध्रौव्य से सहित होता है उसे सत् कहते हैं। ५ जो अपने गुणों और पर्यायों को व्याप्त करता है उसे सत् कहा जाता है।

सत्कर्म—बंधसमयाओ आढत्तं जाव अक्खीणं पत्तो गतो वा रसविसेसेण परिणामितं तं जाव अण्णहाभावं ण णीतं ताव संतकम्मं वुच्चदि। (कर्मप्र. चू. १)।

बन्धसमय से प्रारम्भ करके जब तक विवक्षित कर्म क्षय को प्राप्त न होता हुआ रसविशेष से अन्यथा स्वरूप को प्राप्त नहीं कराया जाता—तद्रूप ही अवस्थित रहता है—तब तक उसे सत्कर्म कहा जाता है।

सत्कार—१. सत्कारः पूजा-प्रशंसात्मकः। (स. सि. ९–९; त. वा. ९, ९, २५)। २. सत्कारो भक्त-पान-वस्त्र-पात्रादीनां परतो लाभः। (आव. हरि. वृ. अ. ४, पृ. ६५८)। ३. अभ्युत्थानादिसम्भ्रमः सत्कारः। (आव. नि. हरि. वृ. ९२१, पृ. ४०६)। ४. प्रवरवस्त्राभरणादिभिरभ्यर्चनं सत्कारः। (ललितवि. पृ. ७७)। ५. अभ्युत्थानासनदान-वंदनाद्यनुव्रजनादिः सत्कारः। (श्रा. प्र. टी. ३२५)। ६. सत्कारो वन्दन-स्तवादिः। (समवा. वृ. ९१, पृ. ८९)। ७. सत्कारो भक्त-पान-वस्त्र-पात्रादिना परतो योगः। (त. भा. सिद्ध. वृ. ९–९)। ८. सत्कारः प्रशंसादिकः। (चा. सा. पृ. ५६)।

१ पूजा-प्रशंसा आदि रूप आदरभाव का नाम सत्कार है। ४ उत्तम वस्त्र व आभरण आदि के द्वारा पूजा करना, इसे सत्कार कहते हैं। ५ गुरुजन को आते देखकर खड़े हो जाना, उन्हें आसन देना, वन्दना करना तथा जाते समय उनके पीछे जाना, यह सब सत्कार के अन्तर्गत है। ६ वन्दना व स्तवन आदि रूप अनुष्ठान को सत्कार कहा जाता है।

सत्कार-पुरस्कार—सत्कार-पुरस्कारो च वस्त्रादिपूजनाभ्युत्थानादिसंपादनेन सत्कारेण वा पुरस्करणं सन्माननं सत्कारपुरस्कारः। (समवा. वृ. २२)।

वस्त्र आदि के द्वारा पूजा करना तथा उठकर खड़े हो जाने आदि रूप सत्कार के आश्रय से जो पुरस्करण किया जाता है—सन्मान दिया जाता है, इसे सत्कार-पुरस्कार कहते हैं।

सत्कार-पुरस्कारपरीषहजय—१. सत्कारः पूजा-प्रशंसात्मकः, पुरस्कारो नाम क्रियारम्भादिष्वग्रतः करणमामन्त्रणं वा, तत्रानादरो मयि क्रियते, चिरोषितब्रह्मचर्यस्य महातपस्विनः स्व-परसमयनिर्णयज्ञस्य बहुकृत्वः परवादिविजयिनः प्रणाम-भक्ति-सम्भ्रमासनप्रदानादीनि मे न कश्चित्करोति, मिथ्यादृष्टय एवातीव भक्तिमन्तः किञ्चिदजानन्तमपि सर्वज्ञसम्भावनया सम्मान्य स्वसमयप्रभावनं कुर्वन्ति। व्यन्तरादयः पुरा अत्युग्रतपसां प्रत्यग्रपूजां निर्वर्त्तयन्तीति मिथ्या श्रुतिर्यदि न स्यादिदानीं कस्मान्मादृशां न कुर्वन्तीति दुष्प्रणिधानविरहितचित्तस्य सत्कार-पुरस्कारपरीषहविजयः प्रतिज्ञायते। (स. सि. ९–९)। २. मानापमानयोस्तुल्यमनसः सत्कार-पुरस्कारानभिलाषः। (त. वा. ९, ९, २५; त. श्लो. ९–९); चिरोषितब्रह्मचर्यस्य महातपस्विनः स्व-

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

परसमयनिश्चयज्ञस्य हितोपदेशपरस्य कथामार्गकुशलस्य बहुकृत्वः परवादिविजयिनः प्रणाम-भक्ति-संभ्रमाऽऽसनप्रदानादीनि मे न कश्चित्करोतीत्येवमविचिन्तयतो मानापमानयोस्तुल्य (चा. सा. 'समान') मनसः सत्कार-पुरस्कारनिराकांक्षस्य श्रेयोध्यायिनः सत्कार-पुरस्कारजयो वेदितव्यः। (त. बा. ९, ९, २५; चा. सा. पृ. ५६)। ३. उत्थानं पूजनं दानं स्पृहयेन्नात्मपूजकः। मूर्छितो न भवेल्लब्धे क्षीणोऽसत्कारितो न च॥ (आव. नि. हरि. वृ. ९१८, पृ. ४०३ उद्.)। ४. लौकिकानां धर्मस्थानां वा सत्कारपुरस्काराकरणे तपसि महति वर्तमानोऽप्यहमेतेषां न पूजित इति कोपसंक्लेशाकरणं सत्कार-पुरस्कार-परीषहसहनम्। (भ. आ. विजयो. ११६)। ५. सत्कारो भक्त-पान-वस्त्रादिना परतो योगः, पुरस्कारः सद्भूतगुणोत्कीर्तनं वन्दनाभ्युत्थानासनप्रदानादिव्यवहारश्च, तत्रासत्कारितोऽपुरस्कृतो वा न द्वेषं यायात्, न दूषयेत्, मनोविकारेणात्मानमिति सत्कार-पुरस्कारपरीषहजयः। (त. भा. सिद्ध. वृ. ९-९)। ६. ख्यातोऽहं तपसा श्रुतेन च पुरस्कारं प्रशंसां नर्ति, भक्त्या मे न करोति कोऽपि यतिषु ज्येष्ठोऽहमेवेति यः। ग्लानिं मानकृतां न याति स मुनिः सत्कार-जातार्तिजिद् दोषा मे न गुणा भवन्ति न गुणा दोषाः स्युरित्यन्यतः॥ (आचा. सा. ७-२२)। ७. तुष्येन्न यः स्वस्य परैः प्रशंसया, श्रेष्ठेषु चाग्रे करणेन कर्मसु। आमन्त्रणेनाथ विमानितो न वा, रुष्येत् स सत्कार-पुरस्क्रियोर्मिजित्॥ (अन. ध. ६-१०७)।

१ पूजा-प्रशंसा का नाम सत्कार तथा क्रिया के आरम्भ आदि में आगे करना व आमन्त्रित करना, इसका नाम पुरस्कार है। दीर्घ काल से ब्रह्मचर्य का पालन करने, घोर तपश्चरण करने, स्व-परमत के निर्णय का ज्ञान प्राप्त करने तथा बहुत बार परवादियों के ऊपर विजय प्राप्त करने पर भी कोई मुझे न प्रणाम करता है और न भक्तिपूर्वक आसन आदि भी देता है। मिथ्यादृष्टि ही अतिशय भक्तियुक्त होते हैं, जो कुछ भी न जानने वाले को सर्वज्ञ जैसा सम्मान देकर अपने मत की प्रभावना करते हैं। व्यन्तर आदि तीव्र तपश्चरण करने वाले की पूर्व में पूजा करते थे, यह श्रुति यदि मिथ्या नहीं है तो इस समय वे मेरे जैसे तपस्वियों की पूजा क्यों नहीं करते हैं; इस प्रकार से जो मन में दुर्विचारों को स्थान नहीं देता है वह सत्कार-पुरस्कार परीषह का विजेता होता है।

सत्ता—१. सत्ता सव्वपयत्था सविस्सरूवा अणंतपज्जाया। भंगुप्पाद-धुवत्ता सप्पडिवक्खा हवदि एक्का॥ (पंचा. का. ८; धव. पु. १३, पृ. १६ उद्.; जयध. १, पृ. ५३ उद्.)। २. ध्रौव्योत्पादलयालीढा सत्ता सर्वपदार्थगा। एकशोऽनन्तपर्याया प्रतिपक्षसमन्विता॥ (योगसारप्रा. २-६)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(भगवती ६, ७, ५)।

१ सुषमा काल के प्रारम्भ में मनुष्यों के शरीर की ऊंचाई चार हजार धनुष, आयु दो पल्य प्रमाण तथा शरीर की कान्ति पूर्ण चन्द्र के समान होती है। उनकी पीठ की हड्डियां एक सौ अट्ठाईस होती हैं। स्त्रियां अप्सराओं जैसी सुन्दर और पुरुष देवों के समान होते हैं। इस काल में मनुष्य षष्ठ भक्त में—दो दिन के अन्तर से—अक्षफल (बहेड़ा) के बराबर आहार को ग्रहण करते हैं। शरीर का आकार उनका समचतुरस्रसंस्थान जैसा होता है। इस काल का प्रमाण तीन कोडाकोडी सागरोपम है।

सुषिर—देखो सौषिर। १. सुसिरो णाम वस-संख-काहलादिजणिदो (सद्दो)। (धव. पु. १३, पृ. २२१)। २. सुषिरः शब्दः कम्बु-वेणु-भंभा-काहलादिप्रभवः सुषिर उच्यते। (त. वृत्ति श्रुत. ५–२४)।

१ बांसुरी, शंख और काहल आदि से उत्पन्न शब्द को सुषिर कहा जाता है।

सुसाधु—णाण-दंसणसपन्नसंजमभावेसु जो रतो सो सुसाधु। (दशवै. चू. पृ. २६१)।

जो ज्ञान और दर्शन से सम्पन्न होता हुआ संयम-भावों में रत रहता है वह सुसाधु कहलाता है।

सुस्थित—सुस्थित आचार्यः, परोपकारकरणे स्व-प्रयोजने च सम्यक् स्थितत्वात्। (अन. ध. स्वो. टी. ७–९८)।

सुस्थित आचार्य उसे कहते हैं, जो परोपकार के करने में और अपने प्रयोजन में भली भांति स्थित रहता है। यह भक्तप्रत्याख्यान को स्वीकार करने वाले क्षपक के अर्हादि ४० लिंगों में से एक है।

सुस्वरनाम—१. यन्निमित्तं मनोज्ञस्वरनिर्वर्तनं तत्सुस्वरनाम। (स. सि. ८–११; त. श्लो. ८, ११)। २. सौस्वर्यनिर्वर्तकं सुस्वरनाम। (त. भा. ८–१२)। ३. यन्निमित्तं मनोज्ञस्वरनिर्वर्तनं तत् सुस्वरनाम। मनोज्ञस्वरनिर्वर्तनं यन्निमित्तमुपजायते प्राणिनस्तत् सुस्वरनाम। (त. वा. ८, ११, २५)। ४. येन स्वरितेनाकर्णितेन च भूयसां प्रीतिरुत्पद्यते तत् सुस्वरनाम। (त. भा. हरि. वृ. ८–१२)। ५. सुस्वरनाम यदुदयात्सौस्वर्यं भवति श्रोतुः प्रीति-हेतुः। (श्रा. प्र. टी. २३)। ६. जस्सोदएण जीवाणं महुरसरो होदि तं कम्मं सुस्सरं णाम। (धव. पु. ६, पृ. ६५); जस्स कम्मस्सुदएण कण्णसुहो सरो होदि तं सुस्सरणामं। (धव. पु. १३, पृ. ३३६)। ७. येन शब्देनोच्चरितेनाकर्णितेन च भूयसी प्रीति-रुत्पद्यते तत् सुस्वरनाम। (त. भा. सिद्ध. वृ. ८, १२)। ८. सूसरकम्मुदएणं सूसरसद्दो य होइ इह जीवो। (कर्मवि. ग. १४५)। ९. यस्योदयात्सु-स्वरत्वं मनोज्ञस्वरनिर्वर्त्तनं भवति तत्सुस्वरनाम। (मूला. वृ. १२–१९६)। १०. यदुदयवशाज्जीवस्य स्वरः श्रोतृणां प्रीतिहेतुरुपजायते तत्सुस्वरनाम। (प्रज्ञाप. मलय. वृ. २९३, पृ. ४७४)। ११. मनो-ज्ञस्वरनिर्वर्तकं सुस्वरनाम। (भ. आ. मूला. २१२४)। १२. यस्मान्निमित्तात् मनोज्ञस्वरनिर्व-र्तनं भवति तत्सुस्वरनाम। (गो. क. जी. प्र. ३३)। १३. यदुदयेन चित्तानुरंजकस्वर उत्पद्यते तत्सुस्वर-नाम। (त. वृत्ति श्रुत. ८–११)।

१ जिस कर्म के निमित्त से मनोहर स्वर की रचना होती है उसे सुस्वर नामकर्म कहते हैं। ४ जिसके उदय से स्वर के सुनने पर बहुतों को प्रीति उत्पन्न होती है उसका नाम सुस्वर नामकर्म है।

सुहृदनुराग—देखो मित्रानुराग। सुहृदनुरागो बाल्ये सहपांशुक्रीडनादि व्यसने सहायत्वमुत्सवे सम्भ्रम इत्येवमादेश्च मित्रसुकृतस्यानुस्मरणम्, बाल्याद्यवस्थासहक्रीडितमित्रानुस्मरणं वा। (सा. ध. स्वो. टी. ८–४५)।

बाल्यावस्था में मित्रों के साथ जो धूलि आदि में क्रीडा की है, व्यसन में सहायता की है, तथा उत्सव में साथ-साथ घूमना-फिरना हुआ है; इत्यादि मित्रों के द्वारा किये गये कार्यों का स्मरण करना अथवा बाल्यावस्था में साथ-साथ खेलने वाले मित्रों का स्मरण करना, इसे सुहृदनुराग कहा जाता है। यह सल्लेखना का एक अतिचार है।

सूक्ष्म (पुद्गल)—देखो सौक्ष्म्य। १. पञ्चानां वैक्रियादीनां शरीराणां यथाक्रमम्। मनसश्चापि वाचश्च वर्गणाः याः प्रकीर्तिताः॥ तासामन्तरवर्ति-न्यो वर्गणा या व्यवस्थिताः। ताः सूक्ष्मा इति विज्ञेया अनन्तानन्तसंहताः॥ (वरांगच. २६–२०, २१)। २. सूक्ष्मत्वेऽपि हि करणानुपलभ्याः कर्मवर्ग-णादयः सूक्ष्माः। (पंचा. का. अमृत. वृ. ७६)। ३. सूक्ष्मास्ते कर्मणां स्कन्धाः प्रदेशानन्त्ययोगतः। (म. पु. २४–१५०)। ४. ये तु ज्ञानावरणादिकर्म-

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

वर्गणायोग्यास्ते सूक्ष्मा इन्द्रियज्ञानाविषयाः। (पंचा. का. जय. वृ. ७६)। ५. कर्म सूक्ष्मम्, यद् द्रव्यं देशावधि-परमावधिविषयं तत्सूक्ष्ममित्यर्थः। (गो. जी. जी. प्र. ६०३। ६. कर्म सूक्ष्मम्, यद् द्रव्यं देशावधि-परमावधिविषयं तत् सूक्ष्ममित्यर्थः। (कार्तिके. टी. २०६)। ७. तत्र धर्मादयः सूक्ष्माः सूक्ष्माः कालाणवोऽणवः। (लाटीसं. ४-७)। ८. सूक्ष्मास्ते कार्मणस्कन्धाः प्रदेशानन्तयोगतः॥ (जम्बू. च. ३-४६)।

१ वैक्रियिक आदि पाँच शरीरों, मन और वचन की जो वर्गणायें कही गई हैं वे यथाक्रम से सूक्ष्म हैं तथा इनके मध्यवर्ती जो अनन्तानन्त संहत वर्गणायें हैं उन्हें भी सूक्ष्म जानना चाहिए। २ सूक्ष्म होने पर भी जो कार्मणवर्गणा आदि इन्द्रियगोचर नहीं हैं उन्हें सूक्ष्म माना गया है। ४ कर्म सूक्ष्म है, कारण यह है कि जो द्रव्य देशावधि और परमावधि का विषय है उसे सूक्ष्म कहा जाता है। यह पुद्गल के सूक्ष्म-स्थूल आदि छह भेदों में पांचवां है।

सूक्ष्म-अद्धापल्योपम—तथा स एव पल्यस्तावत्प्रमाणः प्राग्वद्बालाग्राणि प्रत्येकमसंख्येयखण्डानि कृत्वा तैराकीर्ण भृतो निचितश्च तथा क्रियते यथा न वह्न्यादिकं तत्राक्रामति, ततो वर्षशते वर्षशतेऽतिक्रान्ते सत्येकैकबालाग्रापहारेण यावता कालेन स पल्यः सर्वात्मना निर्लेपीभवति तावान् कालविशेषः सूक्ष्ममद्धापल्योपमम्। (बृहत्सं. मलय. वृ. ४)।

एक योजन प्रमाण लम्बे चौड़े पल्य के बालाग्रों में से प्रत्येक के असंख्यात खण्ड करे व उनसे उसे इस प्रकार से ठसाठस भरे कि जिससे अग्नि आदि भी प्रवेश न कर सके। पश्चात् सौ सौ वर्षों के बीतने पर एक एक बालाग्र को उसमें से निकाले, इस प्रकार जितने काल में वह पल्य रिक्त होता है उतने कालविशेष को सूक्ष्म अद्धापल्योपम कहा जाता है।

सूक्ष्म-अद्धासागरोपम—तेषां च सूक्ष्माद्धापल्योपमानां दश कोटीकोट्य एकं सूक्ष्ममद्धासागरोपमम्। (बृहत्सं. मलय. वृ. ४)।

दश कोडाकोडी सूक्ष्म अद्धापल्योपमों का एक सूक्ष्म अद्धासागरोपम होता है।

सूक्ष्म-उद्धारपल्योपम—तथा स एवोत्सेधाङ्गुलप्रमितयोजनप्रमाणायाम-विष्कम्भावगाहः पल्यो मुण्डिते शिरसि यानि संभाव्यमानान्येकाहोरात्रप्ररूढानि बालाग्राणि तेषामेकैकं बालाग्रमसंख्येयानि खण्डानि क्रियन्ते। किंप्रमाणमसंख्येयंखण्डमिति चेदुच्यते—इह विशुद्धलोचनश्छद्मस्थः पुरुषो यदतीव सूक्ष्मं द्रव्यं चक्षुषा पश्यति तदसंख्येयभागमात्रमसंख्येयं खण्डम्। इदं द्रव्यतोऽसंख्येयस्य खण्डस्य प्रमाणम्। क्षेत्रतः पुनरिदम्—सूक्ष्मस्य पनकजीवस्य या जघन्यावगाहना तया यत् व्याप्तं क्षेत्रं तदसंख्येयगुणक्षेत्रावगाहिद्रव्यप्रमाणमसंख्येयं खण्डम्। तथा चार्त्थेऽनुयोगद्वारसूत्रम्—तत्थ णं एगमेगे बालग्गे असंखिज्जाइं खण्डाइं कज्जंति, ते णं बालग्गा दिट्ठिओगाहणाओ असंखेज्जतिभागमेत्ता सुहुमस्स पणगजीवस्स सरीरोगाहणाओ असंखेज्जगुणा इति। अत्र वृद्धाः पूर्वपुरुषपरम्परायातसंप्रदायवशादेवं निर्वचन्ति—बादरपर्याप्तपृथिवीकायिकशरीरप्रमाणमसंख्येयं खण्डमिति। तथा चानुयोगद्वारटीकाकृदाह हरिभद्रसूरिः—बादरपृथिवीकायिकपर्याप्तशरीरतुल्यान्यसंख्येयानि खण्डानीति वृद्धवादः। एवंप्रमाणासंख्येयखण्डीकृतैर्बालाग्रैः स पल्यः प्राग्वदाकर्णभृतो निचितश्च तथा विधीयते यथा न किमपि तत्र वह्न्यादिकमाक्रमति। ततः समये समये एकैकबालाग्रापहारेण यावता कालेन स पल्यः सर्वात्मना निर्लेपो भवति तावान् कालविशेषः सूक्ष्ममुद्धारपल्योपमम्। (बृहत्सं. मलय. वृ. ४)।

उत्सेधांगुल प्रमित योजन प्रमाण लम्बे, चौड़े व गहरे पल्य को शिर के मूड़ने पर एक दिन-रात में उगे हुए, दो दिन-रातों में उगे हुए, इस प्रकार सात दिन-रात तक के उगे हुए बालाग्रों में से प्रत्येक के असंख्यात खण्ड करे और उनसे इस प्रकार से ठसाठस भरे कि उसमें अग्नि आदि न प्रविष्ट हो सके। पश्चात् उनमें से एक एक समय में एक एक बालाग्र के निकालने पर जितने काल में वह पूर्णतया रिक्त होता है उतने कालविशेष को सूक्ष्म उद्धारपल्योपम कहा जाता है।

सूक्ष्म-उद्धारसागरोपम—एवंरूपाणां च सूक्ष्मोद्धारपल्योपमानां दश कोटीकोट्य एकं सूक्ष्ममुद्धारसागरोपमम्। (बृहत्सं. मलय. वृ. ४)।

दश कोडाकोडी सूक्ष्म उद्धारपल्योपमों का एक सूक्ष्म उद्धारसागरोपम होता है।

सूक्ष्म-ऋजुसूत्र- देखो ऋजुसूत्रनय। १. जो एयसमयवट्टी गिण्हइ दव्वे धुवत्तपज्जाओ। सो रिउसुत्तो

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सुहुमो सव्वं पि सदं (द्रव्य. 'सद्') जहा खणियं ॥ (ल. नयच. ३८; द्रव्यस्व. प्र. नयच. २१०)। २. सूक्ष्म ऋजुसूत्रनयः यथा एकसमयावस्थायी पर्यायः। (कार्तिके. टी. २७४)।

१ जो द्रव्य में एक समयवर्ती अध्रुव पर्याय—अर्थ-पर्याय—को ग्रहण करता है उसे सूक्ष्म ऋजुसूत्रनय कहते हैं। जैसे—समस्त सत् क्षणिक है।

सूक्ष्मकाय—ण य जेसिं पडिखलणं पुढवी-तोएहिं अग्गि-वाएहिं। ते जाण सुहुमकाया × × × ॥ (कार्तिके. १२७)।

जिन जीवों का पृथिवी, जल, अग्नि और वायु के द्वारा प्रतिस्खलन (प्रतिघात) नहीं होता है उन्हें सूक्ष्मकाय जानना चाहिए।

सूक्ष्मक्रियानिवर्त्तक—१. सुहुमकिरियं सजोगी झायदि झाणं तदियसुक्कं तु। (मूला. ५–२०८)। २. अवितक्कमवीचारं सुहुमकिरियबंधण तदिय-सुक्कं। सुहुमम्मि कायजोगे भणिदं तं सव्वभावगदं ॥ (भ. आ. १८८६)। ३. स यदाऽन्तर्मुहूर्तशेषायुष्क-स्तत्तुल्यस्थितिवेद्य-नाम-गोत्रश्च भवति, तदा सर्वं वाङ्मनसयोगं बादरकाययोगं च परिहाप्य सूक्ष्मका-ययोगालम्बनः सूक्ष्मक्रियाप्रतिपाति ध्यानमास्कन्दि-तुमर्हतीति। यदा पुनरन्तर्मुहूर्तशेषायुष्कस्ततोऽधिक-स्थितिशेषकर्मत्रयो भवति सयोगी तदाऽऽत्मोपयोगा-तिशयस्य सामायिकसहायस्य विशिष्टकरणस्य महा-संवरस्य लघुकर्मपरिपाचनस्याशेषकर्मरेणुपरिशातन-शक्तिस्वाभाव्याद्दण्ड - कपाट-प्रतर - लोकपूरणानि स्वात्मप्रदेशविसर्पणतश्चतुर्भिः समयैः कृत्वा पुनरपि तावद्भिरेव समयैः समुपहृतप्रदेशविसरणः समीकृत-स्थितिशेषकर्मचतुष्टयः पूर्वशरीरप्रमाणो भूत्वा सूक्ष्मकाययोगेन सूक्ष्मक्रियाप्रतिपाति ध्यानं ध्यायति। (स. सि. ९–४४; त. वा. ९–४४)। ४. समस्तं वाङ्मनोयोगं काययोगं च बादरम्। प्रहाप्यालम्ब्य सूक्ष्मं तु काययोगं स्वभावतः ॥ तृतीयं शुक्लसामा-न्यात् प्रथमं तु विशेषतः। सूक्ष्मक्रियाप्रतिपाति ध्यानमास्कन्तुमर्हति ॥ (ह. पु. ५६, ७०–७१)। ५. पुनरन्तर्मुहूर्त्तेन निरुन्धन् योगमास्रवम्। कृत्वा बाङ्मनसे सूक्ष्मे काययोगव्यपाश्रयात् ॥ सूक्ष्मीकृत्य पुनः काययोगं च तदुपाश्रयम्। ध्यायेत् सूक्ष्मक्रिया-ध्यानं प्रतिपातपराङ्मुखम् ॥ (म. पु. २१–९४, ९५)। ६. ततो निर्दग्धनिःशेषघातिकर्मेन्धनः प्रभुः। केवली सदृशाघातिकर्मस्थितिरशेषतः ॥ संत्यज्य वाङ्मनोयोगं काययोगं च बादरम्। सूक्ष्मं तु तं समाश्रित्य मन्दस्पन्दोदयस्त्वरम् ॥ ध्यान सूक्ष्मक्रियं नष्टप्रतिपातं तृतीयकम्। ध्यायेद् योगी यथायोगं कृत्वा करणसन्ततिम् ॥ (त. श्लो. ९, ४४, १० से १२)। ७ अवितर्कमवीचारं सूक्ष्मकायावलम्बनम्। सूक्ष्मक्रियं भवेद् ध्यानं सर्वभावगतं हि तत् ॥ (त. सा. ७–५१)। ८. सुद्धो खाइयभावो अवियप्पो णिच्चलो जिणिंदस्स। अत्थि तया तं झाणं सुहम-किरिया अपडिवाई ॥ (भावसं दे. ६६८)। ९. केवलणाणसहावो सुहुमे जोगम्मि संठिओ काए। जं झायदि सजोगिजिणो तं तिदियं सुहुमकिरियं च ॥ (कार्तिके. ४८६)। १० सूक्ष्मक्रियामवितर्क-मवीचारं श्रुतावष्टम्भरहितमर्थ-व्यञ्जन-योसंक्रा-न्तिवियुक्तं सूक्ष्मकायक्रियाव्यवस्थितं तृतीयं शुक्लं सयोगी ध्यायति ध्यानम्। (मूला. वृ. ५–२०८)। ११. सूक्ष्मा कृष्टिगता क्रियेति तनुगो योगोऽत्र सूक्ष्म-क्रियं ध्यानं ह्यप्रतिपात्यनश्वरमिदं नामास्य तत्सा-र्थकम्। तन्नात्युद्धतराघघातनसमुघातक्रियाऽनन्तरं योगिन्यर्हति जीविते समुदभूदन्तर्मुहूर्त्ते स्थिते ॥ (आचा. सा. १०–५२)। १२. आत्मस्पन्दात्म-योगानां क्रिया सूक्ष्माऽनिवर्त्तिका। यस्मिन् प्रजायते साक्षात्सूक्ष्मक्रियानिवर्तकम् ॥ (भावसं. वाम. ७४६)।

२ वितर्क और वीचार से रहित होकर सूक्ष्म क्रिया से सम्बन्ध रखने वाला तीसरा शुक्लध्यान सूक्ष्म काययोग में अवस्थित सयोग केवली के होता है। ३ केवली की आयु जब अन्तर्मुहूर्त मात्र शेष रह जाती है तब वेदनीय, नाम और गोत्र इन कर्मों की स्थिति यदि आयु के बराबर होती है तब वे समस्त वचनयोग और मनोयोग का पूर्णतया निरोध करके और बादर काययोग को कृश करते हुए जब सूक्ष्म काययोग का आलम्बन लेते हैं तब वे सूक्ष्मक्रियाप्रतिपाती नाम के तीसरे शुक्लध्यान पर आरूढ होने के योग्य होते हैं। किन्तु जब आयु की स्थिति अन्तर्मुहूर्त मात्र शेष रहती है और वेदनीय आदि उक्त तीन कर्मों की स्थिति आयु से अधिक शेष रहती है तो वे आत्मोपयोग के अति-शय से युक्त होकर विशिष्ट परिणाम के वश स्व-भावतः शीघ्र ही कर्म के परिपालन में समर्थ होते

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

हुए क्रम से चार समयों में दण्ड, कपाट, प्रतर और लोकपूर्ण समुद्घातों को करके फिर उतने ही—चार समयों में ही—फैले हुए आत्मप्रदेशों को क्रम से संकुचित करते हैं। इस प्रकार से उक्त चारों अघातिया कर्मों की जब स्थिति समान हो जाती है तब वे पूर्व शरीर के प्रमाण होकर सूक्ष्म काययोग के द्वारा सूक्ष्मक्रियाप्रतिपात नामक तृतीय शुक्लध्यान को ध्याते हैं।

सूक्ष्मक्रियाप्रतिपाती—देखो सूक्ष्मक्रियानिवर्तक।

सूक्ष्मक्रियाबन्धन—देखो सूक्ष्मक्रियानिवर्तक।

सूक्ष्म क्षेत्रपल्योपम—तथा स एव पल्यः उत्सेधाङ्गुलप्रमितयोजनप्रमाणायाम-विष्कम्भावगाहः पूर्ववदेकैकं बालाग्रमसंख्येयखण्डं कृत्वा तैराकीर्णं भृतो निचितश्च तथा क्रियते यथा मनागपि बह्वग्न्यादिकं न तत्राक्रमति। एवं भृते च तस्मिन् पल्ये ये आकाशप्रदेशास्तैर्बालाग्रैर्ये व्याप्ता ये च न व्याप्तास्ते सर्वेऽप्येकैकस्मिन् समये एकैकाशप्रदेशापहारेण समुद्धियमाणा यावता कालेन सर्वात्मना निष्ठामुपयान्ति तावान् कालविशेषः सूक्ष्मं क्षेत्रपल्योपमम्। (बृहत्सं. मलय. वृ. ४)।

उत्सेधांगुल प्रमित एक योजन प्रमाण लम्बे-चौड़े उस व्यवहार पल्य के एक एक बालाग्र के असंख्यात खण्ड करके उनसे उसे ठसाठस इस प्रकार से भरे कि उसका अग्नि आदि अतिक्रमण न कर सकें। इस प्रकार से भरने पर उसमें से एक एक समय में एक एक बालाग्र के निकालने पर जितने समय में वह पल्य रिक्त होता है उतने कालविशेष को सूक्ष्म क्षेत्रपल्योपम कहते हैं।

सूक्ष्म क्षेत्रसागरोपम—एवंभूतानां च सूक्ष्मक्षेत्रपल्योपमानां दश कोटीकोट्य एकं सूक्ष्मक्षेत्रसागरोपमम्। (बृहत्सं. मलय. वृ. ४)।

दस कोडाकोडि क्षेत्रपल्योपमों का एक सूक्ष्म क्षेत्रसागरोपम होता है।

सूक्ष्म जीव—सूक्ष्मकर्मोदयवन्तः सूक्ष्माः। (धव. पु. १, पृ. २५०); सूक्ष्मनामकर्मोदयोपजनितविशेषाः सूक्ष्माः। (धव. पु. १, पृ. २६७); अण्णेहि पोग्गलेहि अपडिहम्ममाणसरीरो जीवो सुहुमो। (धव. पु. ३, पृ. ३३१)।

सूक्ष्म नामकर्म के उदय से युक्त जीवों को सूक्ष्म जीव कहा जाता है। जिन जीवों का शरीर दूसरे पुद्गलों के द्वारा रोका नहीं जा सकता है वे सूक्ष्म जीव कहलाते हैं।

सूक्ष्मत्व—अतीन्द्रियज्ञानविषयं सूक्ष्मत्वम्। (परमा. वृ. १–६१)।

इन्द्रियजन्य ज्ञान का विषय न होना, इसका नाम सूक्ष्मत्व है। यह सिद्धों के आठ गुणों में से एक है जो नामकर्म के क्षय से प्रादुर्भूत होता है।

सूक्ष्मदोष—१. महादुश्चरप्रायश्चित्तभयान्महादोषसंवरणं कृत्वा तनुप्रमादाचारनिबोधनं पंचमः। (त. वा. ६, २२, २)। २. महादुश्चरप्रायश्चित्तभयाद्वाऽहो (?) सूक्ष्मदोषपरिहारकोऽयमिति स्वगुणाख्यापनचिकीर्षया वा महादोषसंवरणं कृत्वा तनुप्रमादाचारनिवेदनं पंचमः सूक्ष्मदोषः। (चा. सा. पृ. ६१)। ३. सूक्ष्मं च सार्द्रहस्तपरामर्शादिकं सूक्ष्मदोषं प्रतिपादयति महाव्रतादिभंगं स्थूलं तु नाचष्टे यस्तस्य पञ्चमं सूक्ष्मं नामालोचनादोषजातं भवेत्। (मूला. वृ. ११–१५)। ४. सूक्ष्माग:कीर्त्तनं सूक्ष्मदोषस्यापि विशोधकः। इति ख्यात्यादिहेतोः स्यात् सूक्ष्मं स्थूलोपगूहनम्॥ (आचा. सा. ६–३२)। ५. सूक्ष्मं वा दोषजातमालोचयति, न बादरम्, यः किल सूक्ष्ममालोचयति स कथं बादरं नालोचयिष्यतीत्येवरूपभावसम्पादनार्थमाचार्यस्येत्येष पञ्चमः (सूक्ष्मः) आलोचनादोषः। (व्यव. भा. मलय. वृ. ३४२, पृ. १६)। ६. ××× सूक्ष्मं सूक्ष्मस्य केवलम्॥ (अन. ध. ७–४१); सूक्ष्माख्य आलोचनादोषः स्यात् ××× गुरोरग्रे ××× सूक्ष्मस्यैव दूषणस्य प्रकाशनम्, स्थूलस्य प्रच्छादनमित्यर्थः। (अन. ध. स्वो. टी. ७–४१)। ७. सूक्ष्मं अल्पं पापं प्रकाशयति, स्थूलं पापं न प्रकाशयतीति सूक्ष्मदोषः। (भावप्रा. टी. ११८)।

१ कठोर प्रायश्चित्त के भय से भारी दोष को छिपाकर क्षुद्र प्रमादाचरण के निवेदन करने पर आलोचना का पांचवां (सूक्ष्म) दोष होता है। ५ सूक्ष्म दोषों की आलोचना करता है, पर 'जो सूक्ष्म दोष की आलोचना करता है, वह भला स्थूल दोष की आलोचना कैसे नहीं करेगा—अवश्य करेगा आचार्य के प्रति इस प्रकार के अभिप्राय के सम्पादन करने के लिए स्थूल दोष की जो आलोचना नहीं

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

करता है वह सूक्ष्म नामक आलोचनादोष का भागी होता है।

सूक्ष्मनाम—१. सूक्ष्मशरीरनिर्वर्तकं सूक्ष्मनाम। (स. सि. ८–११); त. भा. ८–१२; त. श्लो. ८–११; गो. क. जी. प्र. ३३)। २ सूक्ष्मशरीरनिर्वर्त्तकं सूक्ष्मनाम। यदुदयादन्यजीवानुपग्रहोपघातायोग्यसूक्ष्मशरीरनिर्वृत्तिर्भवति तत्सूक्ष्मनाम। (त. वा. ८, ११, २९)। ३. सूक्ष्मं श्लक्ष्णं अदृश्यं नियतमेव यस्य कर्मण उदयाद्भवति शरीरं पृथिव्यादीनां केषांचिदेव तत् सूक्ष्मशरीरनाम। (त. भा. हरि. व सिद्ध. वृ. ८–१२)। ४. सूक्ष्मनाम यदुदयात्सूक्ष्मो भवति अत्यन्तश्लक्ष्णः, अतीन्द्रिय इत्यर्थः। (श्रा. प्र. टी. २२)। ५. सौक्ष्म्यनिर्वर्तकं कर्म सूक्ष्मम्। (धव. पु. १, पृ. २५०); जस्स कम्मस्स उदएण जीवो सुहुमत्तं पडिवज्जदि तस्स कम्मस्स सुहुमिदि सण्णा। (धव. पु. ६, पृ. ६२)। ६. यस्य कर्मण उदयेन सूक्ष्मेषूत्पद्यते जीवस्तत्सूक्ष्मशरीरनिर्वर्तकम् (सूक्ष्मनाम)। (मूला. वृ. १२–१९५)। ७. सूक्ष्मनाम यदुदयाद् बहूनामपि समुदितानां जन्तुशरीराणां चक्षुर्ग्राह्यता न भवति। (प्रज्ञाप. मलय. वृ. २९३, पृ. ४७४)। ८. सूक्ष्मसंज्ञं परानुपघातकसूक्ष्मशरीरनिर्वर्तकं नामकर्म। (भ. आ. मूला. २०९५)। ९. यदुदयेन सूक्ष्मशरीरं भवति तत्सूक्ष्मनाम। (त. वृत्ति श्रुत. ८–११)।

१ सूक्ष्म शरीर की रचना करने वाले कर्म को सूक्ष्मनामकर्म कहा जाता है। २ जिस कर्म के उदय से किन्हीं पृथ्वी आदि जीवों का श्लक्ष्ण या अदृश्य नियत ही शरीर होता है उसे सूक्ष्म नामकर्म कहते हैं। ७ जिसके उदय से समुदित हुए बहुत भी जीवशरीर चक्षु इन्द्रिय के द्वारा ग्रहण करने के योग्य नहीं होते उसका नाम सूक्ष्म नामकर्म है।

सूक्ष्मपुलाक—किञ्चित्प्रमादात् सूक्ष्मपुलाकः। (त. भा. सिद्ध. वृ. ९–४९)।

कुछ थोड़े से प्रमाद से युक्त मुनि सूक्ष्मपुलाक होता है। यह पांच पुलाकभेदों में अन्तिम है।

सूक्ष्मप्राभृतदोष—पुव्वपर-मज्झवेलं परियत्तं दुविह सुहुमं च। (मूला. ६–१४)।

पूर्वाह्न, अपराह्न और मध्यम वेला में परिवर्तन कर देने पर सूक्ष्म प्राभृतदोष होता है। अभिप्राय यह है कि यदि पूर्वाह्न में देने का स्थिर किया है तो उसमें परिवर्तन करके मध्याह्न में या अपराह्न में देने पर उक्त दोष होता है। वह हीनाधिकता के अनुसार दो प्रकार का है।

सूक्ष्मबकुश—किञ्चित्प्रमादी सूक्ष्मबकुशः। (त. भा. सिद्ध. वृ. ९–४९)।

किञ्चित् प्रमाद वाला मुनि सूक्ष्मबकुश होता है।

सूक्ष्मबादर—देखो सूक्ष्मस्थूल।

सूक्ष्म बुद्धि—सूक्ष्मा अत्यन्तदुःखावबोधसूक्ष्म-व्यवहितार्थपरिच्छेदसमर्था। (आव. नि. हरि. वृ. ९३७)।

जो बुद्धि अतिशय दुरवबोध सूक्ष्म और व्यवहित पदार्थों के जानने में समर्थ होती है उसे सूक्ष्मबुद्धि कहते हैं।

सूक्ष्म लोभ—पूर्वापूर्वाणि विद्यन्ते स्पर्धकानि विशेषतः। संज्वलस्यानुभागस्य यानि तेभ्यो व्यपेत्य यः॥ अनन्तगुणहीनानुभागो लोभे व्यवस्थितः। अणीयसि यथाख्यः सूक्ष्मलोभः स संमतः॥ (पंचसं. अमित. १, ४१–४२)।

संज्वलन सम्बन्धी अनुभाग के जो पूर्व और अपूर्व स्पर्धक हैं उनसे हट करके जो अनन्तगुणा हीन अनुभाग अतिशय अल्प लोभ में अवस्थित है उसे सूक्ष्म लोभ माना गया है।

सूक्ष्मसम्पराय—देखो सूक्ष्मसाम्पराय।

सूक्ष्मसाम्पराय—१. अतिसूक्ष्मकषायत्वात् सूक्ष्मसाम्परायचारित्रम्। (स. सि. ९–१८)। २. लोभाणू वेयंतो जो खलु उवसामओ व खवओ वा। सो सुहुमसंपराओ अहखाया ऊणओ किंचि॥ (भगवती २५, ७, ६, पृ. २६२; आव. नि. ११७)। ३. अणुलोहं वेयंतो जीओ उवसामगो व खवगो वा। सो सुहुमसंपराओ जहखादेणूणओ किंचि॥ (प्रा. पंचसं. १–१३२; गो. जी. ६०)। ४. सुहमहँ लोहहँ जो विलउ जो सुहमु वि परिणामु। सो सुहुमु वि चारित्त मुणि सो सासयसुहधामु॥ (योगसार १०३)। ५. अतिसूक्ष्मकषायत्वात् सूक्ष्मसाम्परायम्। (त. वा. ९, १८, ९); सूक्ष्म-स्थूलसत्त्ववधपरिहाराप्रमत्तत्वात् (चा. सा. 'हारप्रवृत्तत्वात्') अनुपहतोत्साहस्य अखण्डितक्रियाविशेषस्य सम्यग्दर्शन ज्ञानमहामारुतसंधुक्षितप्रशस्ताध्यवसायाग्निशिखोपश्लुष्टकर्मेन्धनस्य ध्यानविशेषविशिखीकृतकषाय-विषांकुरस्य अपचयाभिमुखालीनस्तोक-

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(चा. सा. 'भिमुखस्तोक') मोहबीजस्य तत एव परिप्राप्तान्वर्थसूक्ष्मसाम्परायशुद्धिसंयतस्य सूक्ष्मसांपरायचारित्रमाख्यायते। (त. वा. ६, १८, ६)। ६. सपर्येति संसारमेभिरिति सपरायः क्रोधादयः, लोभांशावशेषतया सूक्ष्मः संपरायो यत्रेति सूक्ष्मसंपरायः। (अनुयो. हरि. वृ. पृ. १०४)। ७. सूक्ष्मत्वेन कषायाणां शमनात् क्षपणात्तथा। स्यात् सूक्ष्मसाम्परायो हि सुक्ष्मलोभोदयानुगः॥ (त. सा. २, २७); कषायेषु प्रशान्तेषु प्रक्षीणेष्वखिलेषु वा। स्यात् सूक्ष्मसाम्परायाख्यं सूक्ष्मलोभवतो यतेः॥ (त. सा. ६–४८)। ८. जह कोसुंभयवत्थं होइ सया सुहमरायसंजुत्तं। एवं सुहुमकसाओ सुहुमसराओ त्ति णिद्दिट्ठो॥ (भावसं. दे ६५४)। ६ लोभसंज्वलनः सूक्ष्मः शमं यत्र प्रपद्यते। क्षयं वा संयतः सूक्ष्मः संपरायः स कथ्यते॥ (पंचसं. अमित. १–४३); वर्तते सूक्ष्मलोभे यः शमके क्षपके गुणे। स सूक्ष्मसाम्परायाख्यः संयमः सूक्ष्मलोभतः॥ (पंचसं. अमित. १–२४२)। १०. सूक्ष्मपरमात्मतत्त्वभावनाबलेन सूक्ष्मक्लिष्ट [कृष्टि] गतलोभकषायस्योपशामकाः क्षपकाश्च दशमगुणस्थानवर्तिनः। (बृ. द्रव्यसं. टी. १३); सूक्ष्मातीन्द्रियनिजशुद्धात्मसंवित्तिबलेन सूक्ष्मलोभाभिधानसाम्परायस्य कषायस्य यत्र निरवशेषोपशमनं क्षपणं वा तत्सूक्ष्मसांपरायचारित्रम्। (बृ. द्रव्यसं. टी. ३५)। ११. सूक्ष्मोऽल्पः सांपरायः कषायोऽस्मिन्निति संयमः। स्यात् सूक्ष्मसांपरायसामायिकद्वितयात्मकः॥ (आचा. सा. ५–१४६)। १२. लोभाभिधः सम्परायः सूक्ष्मः किट्टीकृतो यतः। स सूक्ष्मसम्परायः स्यात् क्षपकः शमकोऽपि च॥ (योगशा. स्वो. विव. १–१६, पृ. ११२)। १३. सूक्ष्मसम्परायं चतुर्थं चारित्रम्, तत्र सम्पर्येति संसारमनेनेति सम्परायः कषायोदयः, सक्ष्मो लोभांशावशेषः सम्परायो यत्र तत् सूक्ष्मसम्परायम्। (आव. नि. मलय. वृ. ११४, पृ. १२२)। १४. रागेण यथाख्यातचारित्रप्रतिबन्धिना कषायरंजनेन सह वर्तते यः स सरागः विशुद्धिपरिणामः, सूक्ष्मः सूक्ष्मकृष्टयनुभागोदयसहचरितः सरागो यस्य असौ सूक्ष्मसरागः सूक्ष्मसाम्परायः। (गो. जी. मं. प्र. ५८); यथाख्यातचारित्रात्किंचिदूनः अलक्ष्यसूक्ष्मरागकलंकितत्वेन सूक्ष्मसांपरायः। (गो. जी. मं. प्र. ६०)। १५. सूक्ष्मः कृष्टिगतः सांपरायो लोभकषायो यस्यासौ सूक्ष्मसांपरायः। (गो. जी. जी. प्र ६०)। १६ अतीव सूक्ष्मलोभो यस्मिन् चारित्रे तत्सूक्ष्मसांपरायचारित्रम्। (त. वृत्ति श्रुत. ६–१८)।

१ जिस चारित्र में अतिशय सूक्ष्म कषाय का अस्तित्व रहता है उसे सूक्ष्मसाम्परायचारित्र कहते हैं। २, ३ लोभ की सूक्ष्मता के वेदन करने वाले उपशामक अथवा क्षपक को सूक्ष्मसांपराय या सूक्ष्मसाम्परायसंयत कहा जाता है। वह यथाख्यातसंयम से कुछ ही हीन होता है।

सूक्ष्मसाम्परायकृष्टि— बादरसांपराइयकिट्टीहिंतो अणंतगुणहाणीए परिणमियलोभसंजलणाणुभागस्सावट्ठाणं सुहुमसांपराइयकिट्टीणं लक्खणमवहारेयव्वं। (जयध.—कषायपा. पृ ८६२ टि.)।

संज्वलनलोभकषाय के अनुभाग को बादरसाम्परायिक कृष्टियों से अनन्तगुणित हानि के रूप से परिणमित कर अत्यन्त सूक्ष्म या मन्द अनुभाग के रूप से अवस्थित करने को सूक्ष्मसाम्परायकृष्टि कहते हैं।

सूक्ष्मसाम्पराय गुणस्थान— देखो सूक्ष्मसाम्पराय।

सूक्ष्मसाम्परायचारित्र— देखो सूक्ष्मसाम्पराय।

सूक्ष्मसांपरायसंयत— देखो सूक्ष्मसाम्पराय।

सूक्ष्मसूक्ष्म— १. असंयुक्तास्त्वसंबद्धा एकैकाः परमाणवः। तेषां नाम समुद्दिष्टं सूक्ष्मसूक्ष्मं तु तद्बुधैः॥ (वरांगच. २६–२२)। २. सूक्ष्मसूक्ष्मोऽणुरेकः स्याददृश्योऽस्पृश्य (जम्बू. 'श्यो दृश्य') एव च। (म. पु. २४–१५०; जम्बू. च. ३–४६)। ३. अत्यन्तसूक्ष्माः कर्मवर्गणाभ्योऽधो द्व्यणुस्कन्धपर्यन्ताः सूक्ष्मसूक्ष्मा इति। (पंचा. का. अमृत. वृ. ७६)। ४. ये चात्यन्तसूक्ष्मत्वेन कर्मवर्गणातीतास्ते सूक्ष्मसूक्ष्माः। (पंचा. का. जय. वृ. ७६)। ५. परमाणुः सूक्ष्मसूक्ष्मम्, यत् सर्वावधिविषय तत् सूक्ष्मसूक्ष्मम्। (गो. जी. जी. प्र. ६०३; कार्तिके. टी. २०६)।

१ जो परमाणु संयोग व सम्बन्ध से रहित एक-एक हैं उन्हें सूक्ष्मसूक्ष्म कहा जाता है। ३ कर्मवर्गणा स्कन्धों के नीचे द्व्यणुक पर्यन्त जो अतिशय सूक्ष्म स्कन्ध हैं उन्हें सूक्ष्मसूक्ष्म कहते हैं। ५ परमाणु सूक्ष्म सूक्ष्म है, जो सर्वावधि का विषय है उसे सूक्ष्म कहते हैं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सूक्ष्मस्थूल—१. शब्द-स्पर्श-रसा गन्धः शीतोष्णे वायुरेव च। अचक्षुर्ग्राह्यभावेन सूक्ष्मस्थूलं तु तादृशम् ॥ (**वरांगच.** २६–१६)। २ शब्दः स्पर्शो रसो गन्धः सूक्ष्मस्थूलो निगद्यते। अचाक्षुषत्वे सत्येषामिन्द्रियग्राह्यतेक्षणात् ॥ (**म. पु.** २४–१५२; **जम्बू. च.** ३–५०)। ३. सूक्ष्मत्वेऽपि स्थूलोपलम्भः स्पर्श-रस-गन्ध-शब्दाः सूक्ष्मबादराः। (**पंचा. अमृत. वृ.** ७६)। ४. ये पुनर्लोचनविषया न भवन्ति ते सूक्ष्मस्थूलाश्चतुरिन्द्रियविषयाः। (**पंचा. का. जय. वृ.** ७६)। ५. यः चक्षुर्वर्जितचतुरिन्द्रियविषयो बाह्यार्थः तत्सूक्ष्मस्थूलम्। (**गो. जी. जी. प्र.** ६०३; **कार्तिके. टी.** २०६)।

१ शब्द, स्पर्श, रस, गन्ध, शीत, उष्ण और वायु इन्हें चक्षु के द्वारा ग्रहण करने के योग्य न होने से सूक्ष्मस्थूल कहा जाता है। ५ जो बाह्य पदार्थ चक्षु इन्द्रिय के बिना शेष चार इन्द्रियों से ग्रहण किया जाता है उसे सूक्ष्मस्थूल कहते हैं।

सूक्ष्मार्थ—१. सूक्ष्माः स्वभावविप्रकृष्टाः। (**आ. मी. वसु. वृ.** ५)। २. सूक्ष्माः स्वभावविप्रकृष्टाः परमाण्वादयः। (**न्यायदी पृ.** ४१)।

२ जो पदार्थ स्वभावतः दूरवर्ती (अदृश्य) हैं—जैसे परमाणु आदि, उन्हें स्वभावविप्रकृष्ट कहा जाता है।

सूच्यंगुल—१. अद्धारपल्लच्छेदो × × ×। पल्ल × × × वग्गिदसंवग्गिदयम्मि सूइ × × × ॥ (**ति. प.** १–१३१)। २. अद्धापल्यस्यार्धच्छेदेन शलाका विरलीकृत्य प्रत्येकमद्धापल्यप्रदानं कृत्वा अन्योन्यगुणिते कृते यावन्तश्छेदास्तावद्भिराकाशप्रदेशैर्मुक्तावलीकृताः सूच्यंगुलमित्युच्यते। (**त. वा.** ३ ३८, ७)। ३. परमाणुआदिएहि य आगंतूणं तु जो समुप्पण्णो। सो सूचिअंगुलो त्ति य णामेण य होइ णिद्दिट्ठो ॥ (**जं. दी. प.** १३–२६)। ४. अद्धापल्योपममर्द्धनार्द्धेन तावत्कर्तव्यं यावदेकरोम, तत्र यावन्त्यर्द्धच्छेदनानि अद्धापल्योपमस्य तावन्मात्राण्यद्धापल्योपमानि परस्पराभ्यस्तानि कृत्वा यत्प्रमाणं भवति तावन्मात्रा आकाशप्रदेशा ऊर्ध्वमावल्याकारेण रचितास्तेषां यत्प्रमाणं (तत्) सूच्यंगुलम्। (**मूला. वृ.** १२–८५)।

१ अद्धार या अद्धापल्य के जितने अर्द्धच्छेद हों उतने स्थान में पल्य को रखकर परस्पर गुणित करने पर उत्पन्न राशि के प्रमाण सूच्यंगुल होता है।

सूत्र—१. सुत्तं गणधरकधिदं तहेव पत्तेयबुद्धिकथिदं च। सुदकेवलिणा कधिदं अभिण्णदसपुव्वकधिदं च ॥ (**मूला.** ५–८०)। २. अप्पग्गंथमहत्थं बत्तीसादोसविरहियं जं च। लक्खणजुत्तं सुत्तं अट्ठेहि च गुणेहि उववेयं ॥ (**आव. नि.** ८८०); अप्पक्खरमसंदिद्धं च सारवं विस्सओ मुहं। अत्थोवमणवज्जं च सुत्तं सव्वण्णुभासियं ॥ (**आव. नि.** ८८६)। ३. सूत्रं हि नाम यल्लघु गमकं च। (**त. वा.** ७, १४, ५)। ४. अल्पाक्षरमसंदिग्धं सारवद् गूढनिर्णयम्। निर्दोषं हेतुमत् तथ्यं सूत्रं सूत्रविदो विदुः ॥ (**धव. पु.** १, पृ. २५६ उद्.; **जयध.** १, पृ. १५४ उद्.); सुत्तं बारहंगसद्दागमो। (**धव. पु.** १४, पृ. ८)। ५. अर्थस्य सूचनात्सम्यक् सूतेर्वार्थस्य सूरिणा। सूत्रमुक्तमनल्पार्थं सूत्रकारेण तत्त्वतः ॥ (**जयध.** १, पृ. १७१ उद्.)।

१ जो गणधर, प्रत्येकबुद्ध, श्रुतकेवली और अभिन्नदशपूर्वी, इनके द्वारा कहा गया है उसे सूत्र कहते हैं। २ जो ग्रन्थप्रमाण से अल्प अर्थ की अपेक्षा महान्, बत्तीस दोषों से रहित तथा लक्षण और आठ गुणों से सम्पन्न होता हुआ सारवान् विश्वतो मुख—अनुयोगों से सहित, व्याकरणविहित निपातों से रहित, अनिन्द्य और सर्वज्ञ कथित है, उसे सूत्र जानना चाहिए।

सूत्र (दृष्टिवाद का एक भेद)—१. सुत्तं अट्ठासीदिलक्खपदेहि ८८०००० अबंधओ अलेवओ अकत्ता अभोत्ता णिग्गुणो सव्वगओ अणुमेत्तो णत्थि जीवो जीवो चेव अत्थि पुढवियादीणं समुदएण जीवो उप्पज्जइ णिच्चेयणो णाणेण विणा सचेयणो णिच्चो अणिच्चो अप्पेति वण्णेदि। तेरासियं णियदिवादं विण्णाणवादं सद्दवादं पहाणवादं दव्ववादं पुरिसवादं च वण्णेदि। (**धव पु.** १, पृ. ११०, १११); सूत्रे अष्टाशीतिशतसहस्रपदैः ८८००००० पूर्वोक्तसर्वदृष्टयो निरूप्यन्ते, अबन्धकः अलेपकः अभोक्ता अकर्ता निर्गुणः सर्वगतः अद्वैतः नास्ति जीवः समुदयजनितः सर्वं नास्ति बाह्यार्थो नास्ति सर्वं निरात्मकं सर्वं क्षणिकं अक्षणिकमद्वैतमित्यादयो दर्शनभेदाश्च निरूप्यन्ते। (**धव. पु.** ६, पृ. २०७)। २. जं सुत्तं णाम तं जीवो अबंधओ अलेवओ अकत्ता णिग्गुणो अभोत्ता सव्वगओ अणुमेत्तो णिच्चेयणो

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सपयासओ परप्पयासओ णत्थि जीवो त्ति य णत्थियवादं किरियावादं अकिरियावादं अण्णाणवादं णाणवादं वेणइयवादं अणेयपयारं गणिदं च वण्णेदि। (जयध. १, पृ. १३३-१३४)। ३. अष्टाशीतिलक्षपदपरिमाणं जीवस्य कर्मकर्तृत्व-तत्फलभोक्तृत्वासर्वगतत्वादिधर्मविधायकं पृथिव्यादिप्रभवत्वाणुमात्रत्वसर्वगतत्वादिधर्मनिषेधकं च सूत्रम् ८८०००००। (सं. श्रुतभ. टी. ६)। ४. जीवस्य कर्तृत्व-भोक्तृत्वादिस्थापकं भूतचतुष्टयादिभवनस्योद्भावकमष्टाशीतिलक्षपदप्रमाणं सूत्रम्। (त. वृत्ति श्रुत. १-२०)।

२ जो अबन्धक, अलेपक, अकर्ता, निर्गुण, अभोक्ता, सर्वगत, अणुप्रमाण, अचेतन, स्वप्रकाशक और परप्रकाशक इत्यादि जीवविषयक मतभेदों के साथ नास्तिप्रवाद, क्रियावाद, अक्रियावाद, अज्ञानवाद, ज्ञानवाद, वैनयिकवाद और अनेक प्रकार के गणित को भी प्ररूपणा करता है उसे सूत्र कहा जाता है।

सूत्रकल्पिक—सुत्तस्स कप्पितो खलु आवस्सगमादि जाव आयारो। (बृहत्क. भा. ४०६)।

आवश्यक से लेकर आचार तक सूत्र का कल्पिक होता है—इसे पढ़ने के लिए किसी को रोका नहीं जाता है।

सूत्रकृताङ्ग—१. सूयगडे णं ससमया सूइज्जंति, परसमया सूइज्जंति ससमय-परसमया सूइज्जंति जीवा सूइज्जंति अजीवा सूइज्जंति जीवाजीवा सूइज्जंति लोगो सूइज्जंति अलोगो सूइज्जंति लोगालोगो सूइज्जंति, सूयगडे णं जीवाजीव-पुण्ण-पावासव-संवर-निज्जरण-बंध-मोक्खावसाणा पयत्था सूइज्जंति, समणाणं अचिरकालपव्वइयाणं कुसमयमोहमोहमइयोहियाणं संदेहजायसहजबुद्धिपरिणामसंमइयाणं पावकरमलिनमइगुणविसोहणट्ठं असीअस्स किरियावाइयसयस्स··· से त्तं सूयगडे। समवा. १३७)। २. सूअगडे णं लोए सूइज्जइ अलोए सूइज्जइ लोआलोए सूइज्जइ जीवा सूइज्जन्ति अजीवा सूइज्जन्ति जीवाजीवा सूइज्जंति ससमए सूइज्जइ परसमए सूइज्जइ ससमय-परसमए सूइज्जइ सूअगडे णं असीअस्स किरियावाइसयस्स चउरासीइए अकिरिआवाईणं सत्तट्ठीए अण्णाणिअवाईणं बत्तीसाए वेणइअवाईणं तिण्हं तेसट्ठाणं पासंडिअसयाणं बूहं किच्चा ससमए ठाविज्जइ, सूअगडे णं परित्ता वायणा संखिज्जा अणुओगदारा संखेज्जा वेढा संखेज्जा सिलोगा संखिज्जाओ निज्जुत्तीओ संखिज्जाओ पडिवत्तीओ, से णं अंगट्ठयाए बिइए अंगे दो सुअक्खंधा तेवीसं अज्झयणा तित्तीसं उद्देसणकाला तित्तीसं समुद्देसणकाला छत्तीसं पयसहस्साणि पयग्गेणं संखिज्जा अक्खरा अणंता गया अणंता पज्जवा परित्ता तसा अणंता थावरा सासयकडनिबद्धनिकाईया जिणपन्नत्ता भावा आघविज्जंति परूविज्जंति दंसिज्जंति निदसिज्जंति उवदंसिज्जंति, से एवं आया से एवं नाया से एवं विण्णाया एवं चरण-करणपरूवणा आघविज्जइ से त्तं सूअगडे। (नन्दी. सू. ४६, पृ. २१२-१३)। ३. सूत्रकृते ज्ञानविनयप्रज्ञापना कल्प्याकल्प्यच्छेदोपस्थापना व्यवहारधर्मक्रियाः प्ररूप्यन्ते। (त. वा. १, २०, १२)। ४. सूत्रीकृताः अज्ञानिकादयो यत्र वादिनस्तत् सूत्रकृतम्। (त. भा. हरि. व सिद्ध. वृ. १-२०)। ५. सूदयदं णाम अंगं छत्तीसपयसहस्सेहि ३६००० णाणविणय-पण्णावणा-कप्पाकप्प-च्छेदोवट्ठावण-ववहारधम्मकिरियाओ परूवेइ, ससमय-परसमयसरूवं च परूवेइ। (धव. पु. १, पृ. ९९); सूत्रकृते षट्त्रिंशत्पदसहस्रे ३६००० ज्ञानविनय-प्रज्ञापना-कल्प्याकल्प्य-छेदोपस्थापना-व्यवहारधर्मक्रियाः दिगन्तरशुद्धया प्ररूप्यन्ते। (धव. पु. ९, पृ. १९७-१९८)। ६. सूदयदं णाम अंगं ससमयं परसमयं थीपरिणामं क्लैब्यास्फुटत्वमदनावेशविभ्रमाऽऽस्फालनसुखपुंस्कामितादिस्त्रीलक्षणं च प्ररूपयति। (जयध. पु. १, पृ. १२२)। ७. षट्त्रिंशत्पदसहस्रपरिमाणं ज्ञानविनयादिक्रियाविशेषप्ररूपकं सूत्रकृतम्। (सं. श्रुतभ. टी. ७, पृ. १७२)। ८. सूत्रयति संक्षेपेणार्थं सूचयतीति सूत्रं परमागमः, तदर्थकृतं करणं ज्ञानविनयादि निर्विघ्नाध्ययनादिक्रिया। अथवा प्रज्ञापना-कल्पाकल्प-छेदोपस्थापना-व्यवहारधर्मक्रियाः स्वसमय-परसमयस्वरूपं च सूत्रैः कृतं करणं क्रियाविशेषो यस्मिन् वर्ण्यते तत्सूत्रकृतं नाम। (गो. जी. म. प्र. व जी. प्र. ३५६)। ९. ज्ञानविनय-छेदोपस्थापनाक्रियाप्रतिपादकं - षट्त्रिंशत्सहस्रपदप्रमाणं सूत्रकृताङ्गम्। (त. वृत्ति श्रुत. १-२०)। १०. सूदयडं विदियंगं छत्तीससहस्सपयपमाणं खु। सूचयदि सुत्तत्थं संखेवा तस्स करणं तं॥ णाणविणयादिविग्घातीदाभयणादिसव्वसकिरिया॥ पण्णायणा (य) सुकथा कप्पं ववहारविस-

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

किरिया ॥ छेदोवट्ठावणं जइण समयं यं परूवदि। परस्स समयं जत्थ किरियाभेया अणेयसे ॥ (अंगप. १, २०–२२, पृ. २६१)।

२ सूत्रकृतांग में लोक, अलोक, लोकालोक, जीव, अजीव, जीवाजीव, स्वसमय, परसमय और स्वसमय-परसमय इनकी सूचना की जाती है। सूत्रकृतांग में एक सौ अस्सी क्रियावादियों, चौरासी अक्रियावादियों, सड़सठ अज्ञानवादियों और बत्तीस वैनयिकवादियों, इस प्रकार तीन सौ तिरेसठ (१८०+८४+६७+३२=३६३) पाखण्डियों की रचना करके उनके अभिमत को दिखलाते हुए उसका निराकरण करके अपने समय को प्रतिष्ठित किया जाता है। सूत्रकृतांग में परिमित वाचनायें, संख्यात अनुयोगद्वार, संख्यात वेढ (छन्दविशेष), संख्यात श्लोक, संख्यात निर्युक्तियाँ और संख्यात प्रतिपत्तियां होती हैं। वह दूसरा अंग है जो दो श्रुतस्कन्धों और तेईस अध्ययनों आदि में विभक्त है। ३ सूत्रकृतांग में ज्ञानविनय, प्रज्ञापना, कल्प्य-अकल्प्य, छेद-उपस्थापना और व्यवहारधर्मक्रिया इनकी प्ररूपणा की जाती है।

सूत्रग्राहणविनय—उद्युक्तः सन् शिष्यं सूत्रं ग्राहयति। एष सूत्रग्राहणविनयः। (व्यव. भा. मलय. वृ. १०–३१३)।

प्रयत्नपूर्वक शिष्य के लिए जो सूत्र को ग्रहण कराया जाता है, इसे सूत्रग्राहणविनय कहते हैं। यह श्रुतविनय के चार भेदों में प्रथम है।

सूत्ररुचि—१. जो सुत्तमहिज्जंतो, सुएण ओगाहई उ सम्मत्तं। अंगेण बाहिरेण व, सो सुत्तरुई त्ति नायव्वो ॥ (उत्तरा. २८–२१; प्रज्ञाप. गा. १२०, पृ. ५६)। २. प्रव्रज्या-मर्यादाप्ररूपणाचारसूत्रश्रवणमात्रसमुद्भूतसम्यग्दर्शनाः सूत्ररुचयः। (त. वा. ३, ३६, २)। ३. आचाराख्यादिमांगोक्ततपोभेदश्रुतेर्द्वैतम् ॥ प्रादुर्भूता रुचिस्तज्ज्ञैः सूत्रजेति निरूप्यते। (म. पु. ७४, ४४३–४४)। ४. आकर्ण्याचारसूत्रं मुनिचरणविधेः सूचनं श्रद्दधानः सूक्तासौ सूत्रदृष्टिः ×××। (आत्मानु. १३)। ५. यतिजनाचरणनिरूपणपा-[मा-]त्रं सूत्रम्। (उपासका. पृ. ११४)। ६. सूत्रं यतिजनाचरणनिरूपणमात्रम्। (अन. ध. स्वो. टी. २–६२)। ७. मुनीनामाचारसूत्रं मूलाचारशास्त्रं श्रुत्वा यदुत्पद्यते तत्सूत्रसम्यक्त्वम्। (दर्शनप्रा. टी. १२)।

१ जो सूत्र का अध्ययन करता हुआ अंगश्रुत से अथवा बाह्य—अनंगप्रविष्ट—श्रुत से सम्यक्त्व का अवगाहन करता है उसे सूत्ररुचि जानना चाहिए। २ प्रव्रज्या (दीक्षा) व मर्यादा के प्ररूपक आचारसूत्र के सुनने मात्र से जिनके सम्यग्दर्शन उत्पन्न हुआ है उन्हें सूत्ररुचि कहा जाता है। ३ आचारांग नामक प्रथम अंग में प्ररूपित तप के भेदों के सुनने से जो शीघ्र रुचि (तत्त्वश्रद्धा) उत्पन्न होती है उसे सूत्ररुचि कहते हैं।

सूत्रसम—देखो सूत्र ! ××× इति वयणादो तित्थयरवयणविणिग्गयबीजपदं सुत्तं। तेण सुत्तेण समं वट्टदि उप्पज्जदि त्ति गणहरदेवम्मि ठिदसुदणाणं सुत्तसमं। (धव. पु. ९, पृ. २५९); विभक्त्यंतभेदेन पठनं सूत्रसमं ××× इदि केवि आइरिया परूवेंति। (धव. पु. ९, पृ. २६१); जिणवयणविणिग्गयबीजपदादो अणंतत्थावगहणेण अपक्खरणिद्देसत्तणेण य पत्तसुत्तणामादो गणहरदेवेसुप्पण्णकदिअणियोगो सुत्तेण सह वुत्तीदो सुत्तसमं। (धव. पु. ९, पृ. २६८); सुत्त सुदकेवली, तेण समं सुदणाणं सुत्तसमं। अथवा सुत्तं बारहंगसद्दागमो, आयरियोवदेसेण विणा सुत्तादो चेव जं उप्पज्जदि सुदणाणं तं सुत्तसमं। (धव. पु. १४, पृ. ८)।

तीर्थंकर के मुख से निकले हुए बीजपद को सूत्र कहते हैं। उस सूत्र के साथ चूंकि वह रहता है उत्पन्न होता है, इस प्रकार गणधर देव में स्थित श्रुतज्ञान को सूत्रसम कहा जाता है। सूत्र से अभिप्राय श्रुतकेवली का है, उसके समान श्रुतज्ञान को सूत्रसम कहते हैं; अथवा सूत्र का अर्थ बारह अंगरूप शब्दागम है, आचार्य के उपदेश के विना सूत्र से ही जो श्रुतज्ञान उत्पन्न होता है वह सूत्रसम कहलाता है।

सूत्रसंश्रय—संचिन्त्येति स्थितस्थानं तपः काल गुरुं कुलम्। पृष्ट्वा श्रुतं श्रुतं नाम स्वं प्रतिक्रमणादिकम् ॥ शयनाशन-यानादौ प्रेक्ष्य वृत्तं दिनत्रयम्। निश्चित्य गुरुश्चारित्रशुद्धिं तत्सूरिसम्मतः ॥ स्वशक्तिमुत्त्वा व्याख्यादौ तद्व्याख्यातं पठेच्छ्रुतम्। स्थस्येष्टं प्रश्रयादेतत्पठनं सूत्रसंश्रयः ॥ (आचा. सा. २, ४६–४८)।

इस प्रकार आकर स्थान में स्थित हुए अभ्यागत साधु से उसके स्थान, तप, काल, गुरु, कुल, श्रुत,

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

श्रुतनाम और प्रतिक्रमण आदि के विषय में पूछ कर तीन दिन तक उसके शयन, आसन और गमनादि विषयक आचरण को देखकर गुरु उसकी चारित्र-शुद्धि का निश्चय करके आचार्य की सम्मति से श्रुत का व्याख्यान करे तथा नवागत शिष्य, साधु गुरु के द्वारा व्याख्यात श्रुत को विनयपूर्वक पढ़े। इस प्रकार के पठन का नाम सूत्रसंश्रय है।

सूनृत—१. सुष्ठु ऊन्यतेऽप्रियमात्राश्रयणं मितीक्रियते इति सून्, सून् च तद् ऋतं च सूनृतं प्रियं सत्यं च। तच्च पारुष्य-पैशून्यासभ्यत्व-चापलाविलत्व-विरलत्व-संभ्रातत्व-संदिग्धत्व-ग्राम्यत्व - रागद्वेषयुक्तत्वोपधावद्य-विकत्थनपरिहारेण माधुर्यौदार्यस्फुटत्वाभिजात्यपदार्थाभिव्याहाराऽर्हद्वचनानुसारार्थत्वार्थिजनभावग्राहकत्वदेश-कालोपपन्नत्वयतमितहितत्वैर्युक्तं वाचन-प्रच्छन-प्रश्न-व्याकरणादिरूपमिति मृषावादपरिहाररूपं सूनृतम्। (योगशा. स्वो. विव. ४–९३)। २. प्रियं पथ्यं वचस्तथ्यं सूनृतव्रतमुच्यते। तत्तथ्यमपि नो तथ्यमप्रियं चाहितं च यत्॥ (त्रि. श. पु. च. १, ३, ६२३)। ३. सत्यं प्रियं हितं चाहुः सूनृतं सूनृतव्रताः। (अन. ध. ४–४२)।

१ 'सुष्ठु ऊन्यते मितीक्रियते इति सून्' इस निरुक्ति के अनुसार 'सून्' का अर्थ परिमित होता है, सून् ऐसा जो ऋत अर्थात् प्रिय व सत्य वचन है उसे, सूनृत कहा जाता है। कठोरता, पिशुनता, असभ्यता चंचलता, आविलता (मलिनता), विरलता, भ्रान्ति, सन्दिग्धता, ग्रामीणता, राग-द्वेषयुक्तता और उपधि (कपट), अवद्य व निन्दा को छोड़कर जो मधुरता, उदारता, स्पष्टता और कुलीनता आदि का व्यवहार करते हुए जिनवचन के अनुसार वचन बोला जाता है उसे सूनृत वचन कहते हैं।

सूरि—देखो आचार्य। १. प्रव्रज्यादायकः सूरिः संयतानां निगीर्यते। (योगसा. प्रा. ८–९)। २. छत्तीसगुणसमग्गो णिच्चं आयरइ पंच आयारो। सिस्साणुग्गहकुसलो भणिओ सो सूरि परमेट्ठी॥ (भाव. दे. ३७७)।

१ संयतों को जो दीक्षा दिया करता है उसे सूरि कहा जाता है। २ जो छत्तीस गुणों मे परिपूर्ण होकर पाँच आचारों का पालन करता हुआ शिष्यों के अनुग्रह में दक्ष होता है उसे सूरि कहते हैं।

सूर्यप्रज्ञप्ति—१. सूर्यचरितप्रज्ञापनं यस्यां ग्रन्थपद्धतौ सा सूर्यप्रज्ञप्तिः। (नन्दी. हरि. वृ. पृ. ९१)। २. सूरपण्णत्ती पंचलक्ख तिण्णिसहस्सेहि ५०३००० सूरस्सायु-भोगोवभोग-परिवारिद्धि-गइ विबुस्सेह-दिणकिरणुज्जोववण्णणं कुणइ। (धव पु. १, पृ. ११०); सूर्यप्रज्ञप्तौ त्रिसहस्राधिकपंचशतसहस्रपदायां सूर्यबिम्बमार्ग-परिवारायुःप्रमाणं तत्प्रभावृद्धिह्रासकारणं सूर्यदिन-मास-वर्ष-युगायनविधानं राहुसूर्यविम्बप्रच्छाद्य-प्रच्छादकविधानं तद्गतिविशेष-ग्रहच्छाया-काल-राश्युदयविधानं च निरूप्यते। (धव. पु. ९, पृ. २०६)। ३ सूराउ-मंडल-परिवारिद्धि-पमाण-गमणायणुप्पत्तिकारणादीणि सूरसंबंधाणि सूरपण्णत्ती वण्णेदि। (जयध. १, पृ. १३२)। ४. त्रिसहस्र पंचलक्षपदपरिमाणा सूर्यविभवादिप्रतिपादिका सूर्यप्रज्ञप्तिः। (सं. श्रुतभ. टी. ९, पृ. १७४)। ५. सूर्यप्रज्ञप्तिः सूर्यस्यायुर्मण्डल-परिवार-ऋद्धि-गमनप्रमाणग्रहणादीनि वर्णयति। (गो. जी. म. प्र. व जी. प्र. ३६२)। ६. सूर्यायुर्गति-विभवनिरूपिका त्रिसहस्राधिकपंचलक्षपदप्रमाणा सूर्यप्रज्ञप्तिः। (त. वृत्ति श्रुत. १–२०)। ७. सहस्सतियं पणलक्खा पयाणि पण्णत्तियाक[क्क]स्स॥ सूरस्सायुविमाणे परिया रिद्धी य अयणपरिमाणं। तत्ताव-तमे [मग्ग] गहणं वण्णेदि वि सूरपण्णत्ती॥ (अंगप. २, ३–४, पृ. २७४)।

१ जिस ग्रन्थ प्रकरण में सूर्य के वृत्तान्त का ज्ञापन कराया जाता है उसे सूर्यप्रज्ञप्ति कहा जाता है। २ सूर्यप्रज्ञप्ति पाँच लाख तीन हजार (५०३०००) पदों के द्वारा सूर्य की आयु, भोग-उपभोग, परिवार, ऋद्धि, गति, विम्ब की ऊंचाई, दिन, किरण, और उद्योत की प्ररूपणा करती है।

सूर्यमास—१. सूर्यमासस्त्वयमवगन्तव्यः—त्रिंशद् दिनान्यर्धं च (३०$\frac{1}{2}$)। (त. भा. सिद्ध. वृ. ४, १५)। २. सार्द्धत्रिंशताऽहोरात्रैरेकः सूर्यमासः। (सूर्यप्र. मलय. वृ. १२–७५, पृ. २१९)।

१ साढ़े तीस (३०$\frac{1}{2}$) दिनों का एक सूर्यमास होता है।

सृपाटिकानाम—सृपाटिकानाम कोटिद्वयसंगते यत्रास्थिनी (सिद्ध. 'ये अस्थिनी') चर्म-स्नायु-मांसावनद्धे ('सिद्ध बद्धे') तत्सृपाटिकानाम कीर्त्यते। (त. भा. हरि. व सिद्ध. वृ. ८–१२)।

दोनों ओर संगत जिस संहनन में दोनों ओर की

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

हड्डियां चमड़ा, स्नायु और मांस से सम्बद्ध हों उसका नाम सृपाटिकासंहनन है। तत्त्वार्थवार्तिक में उसे असंप्राप्तासृपाटिकासंहनन कहा गया है। उसके लक्षण में वहां कहा गया है कि जिस संहनन में हड्डियां भीतर परस्पर में सन्धि को प्राप्त नहीं होतीं और बाहिर सिर, स्नायु और मांस से संघटित रहती हैं उसे असंप्राप्तासृपाटिका संहनन कहते हैं (८, ११, ६)।

सेतुक्षेत्र— तत्र सेतुक्षेत्रं यदरघट्टादिजलेन सिच्यते। (योगशा. स्वो. विव. ३–६५; सा. ध. स्वो. टी. ४–६४)।

जो खेत अरहट आदि के जल से सींचा जाता है उसे सेतुक्षेत्र कहते हैं।

सेनापति—सेनापतिः नरपतिनिरूपितोष्ट्र-हस्त्यश्व-रथ-पदातिसमुदायलक्षणायाः सेनायाः प्रभुः। (अनुयो. हरि. वृ. पृ. १६)।

राजा के द्वारा प्रदर्शित ऊंट, हाथी, घोड़ा, रथ और पादचारियों के समुदायरूप सेना का जो स्वामी होता है उसे सेनापति कहा जाता है।

सेवार्तसंहनन—यत्र पुनः परस्परपर्यन्तमात्र-संस्पर्शलक्षणां सेवामागतानि अस्थीनि नित्यमेव स्नेहाभ्यंगादिरूपां परिशीलनामाकांक्षति तत्सेवार्तं सहननं (एतन्निबन्धनं संहननमपि)। (प्रज्ञाप. मलय. वृ. २६३, पृ. ४७२)।

जिस संहनन में परस्पर पर्यन्त मात्र के स्पर्शरूप सेवा को प्राप्त हड्डियां सदा चिकनाहट के मर्दनरूप परिशीलना की इच्छा किया करती हैं उसे सेवार्तसंहनन कहते हैं। इसके कारणभूत नामकर्म को भी सेवार्तसंहनन कहा जाता है।

सेवीकृ—सेवीकातो णाम संपय-समये पदेसग्गं अणुदिण्णं जासु ट्ठितिसु उदीरणातो आणेउं उदयसमये दिज्जति तातो ट्ठितितो सेवीकातो भन्नई। (कर्मप्र. चू. उदय. ४)।

इस समय जो प्रदेशाग्र उदय को नहीं प्राप्त है उसको उदीरणा के वश लाकर जिन स्थितियों में दिया जाता है उन स्थितियों को सेवीका कहा जाता है।

सेव्यार्थाधिकता—देखो उपभोग-परिभोगानर्थक्य और उपभोगाधिकत्व। सेव्यस्य भोगोपभोगलक्षणस्य जनको यावानर्थस्ततोऽधिकस्य तस्य करणं भोगोपभोगानर्थक्यमित्यर्थः। (सा. ध. स्वो. टी. ५–१२)।

भोग-उपभोगरूप सेव्य पदार्थ का जितना प्रयोजन हो उससे अधिक के करने का नाम सेव्यार्थाधिकता है। यह अनर्थदण्डव्रत का एक अतिचार है। दूसरे शब्द से उसे भोगोपभोगानर्थक्य कहना चाहिए।

सोपक्रमायु— देखो उपक्रम। उपक्रम्यत इति उपक्रमः विष-वेदना-रक्तक्षय-भय-संक्लेश-शस्त्रघातोच्छ्वासनिःश्वासनिरोधैरायुषो घातः, सह उपक्रमेण वर्तत इति सोपक्रमायुः। (मूला. वृ. १२–८३)।

विष, वेदना, रक्तक्षय, भय, संक्लेश, शस्त्रघात और उच्छ्वास-निःश्वास का निरोध; इनके द्वारा जो आयु का घात होता है उसका नाम उपक्रम है। जो आयु इस उपक्रम से सहित होती है उसे सोपक्रमायु कहा जाता है।

सौक्ष्म्य— लिङ्गेनात्मानं सूचयति सूच्यतेऽसौ सूच्यतेऽनेन सूचनमात्रं वा सूक्ष्मः, सूक्ष्मस्य भावः कर्म वा सौक्ष्म्यम्। (त. वा. ५–२४)।

जिस लिंग के द्वारा अपने को सूचित करता है (कर्ता), जो सूचित किया जाता है (कर्म), जिसके द्वारा सूचित किया जाता है (करण), अथवा सूचनामात्र (भाव) का नाम सूक्ष्म है, सूक्ष्म का जो स्वभाव अथवा कर्म है उसे सौक्ष्म्य कहा जाता है।

सौख्य—किं सौख्यं सर्वसंगविरतिर्या। (प्रश्नो. र. १३)।

सुख का वास्तविक स्वरूप समस्त परिग्रह का परित्याग है।

सौजन्य—१. तत्सौजन्यं यत्र नास्ति परोद्वेगः। (नीतिवा. २७–५४, पृ. २६१)। २. हेत्वन्तरकृतोपेक्षे गुण-दोष-प्रवर्तिते। स्यातामादानहाने चेत्तद्धि सौजन्यलक्षणम्॥ (क्षत्रचू ५–१६)। ३. तथा च बादरायण —यस्य कृत्येन कृत्स्नेन सानन्दः स्याज्जनोऽखिलः। सौजन्यं तस्य तज्ज्ञेयं विपरीतमतोऽन्यथा॥ (नीतिवा. टी. २७–५४)।

१ जिस कृत्य में किसी दूसरे को उद्वेग नहीं होता उसका नाम सौजन्य है। २ अन्य कारणों की उपेक्षा करके केवल गुण के आश्रय से जो वस्तु को ग्रहण किया जाता है और दोष के निमित्त से जो उसे छोड़ा जाता है, यह सौजन्य का लक्षण है।

सौध—धौत-पादाम्भसा सिक्तं साधूनां सौधमुच्यते। (अमित. श्रा. ६–२३)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सौध—यथार्थ गृह—उसे कहा जाता है जो साधुओं के धोए गये पांवों के जल से सिंचित होता है।

सौभाग्य—१. तत्सौभाग्यं यत्प्रादानेन वशीकरणं। (नीतिवा. २७–५६, पृ. २६१)। २. तथा च गौतमः—दानहीनोऽपि वशगो जनो यस्य प्रजायते। सुभगः स परिज्ञेयो न यो दानादिनिर्भरः॥ (नीतिवा. टी. २७–५६)।

१ जिसके होने पर दान के विना भी लोगों को वश में किया जाता है उसका नाम सौभाग्य है।

सौभाग्यमुद्रा—परस्पराभिमुखौ ग्रथिताङ्गुलीकौ करौ कृत्वा तर्जनीभ्यामनामिके गृहीत्वा मध्यमे प्रसार्य तन्मध्येऽङ्गुष्ठद्वयं निक्षिपेदिति सौभाग्यमुद्रा। (निर्वाणक. पृ ३३)।

गूंथी हुई अंगुलियों से युक्त दोनों हाथों को एक दूसरे के अभिमुख करके व दोनों तर्जनी अंगुलियों के द्वारा दोनों अनामिकाओं को ग्रहण करके मध्य-अंगुलियों को फैलाते हुए उनके मध्य में दोनों अंगूठों को रखना चाहिए। इस स्थिति में सौभाग्य-मुद्रा बनती है।

सौम्य—तथा सौम्योऽक्रूराकारः। (योगशा. स्वो. विव. १–५५, पृ. १५६)।

क्रूरता के सूचक शरीर के आकार का न होना, इसका नाम सौम्य है।

सौम्या व्याख्या—क्वचित्क्वचित्स्खलितवृत्तेर्व्याख्या सौम्या। (धव. पु. ६, पृ. २५२)।

कहीं कहीं स्खलित होते हुए जो व्याख्या की जाती है उसका नाम सौम्या व्याख्या है। यह वाचना के नन्दा आदि चार भेदों में अन्तिम है।

सौषिर—देखो सुषिर। १. वंश-शंखादिनिमित्तः शौषिरः। (स. सि. ५–२४; त. वा. ५, २४, ५)। २. सुसिरो णाम वंस-संख-काहलादिजणिदो सद्दो। (धव. पु. १३, पृ. २२१)।

१ बांस (बांसुरी) व शंख आदि के निमित्त से जो शब्द होता है उसे सौषिर कहते हैं।

स्कन्ध—१. खंधं सयलसमत्थं ×××। (पंचा. का. ७५; मूला. ५–३४; ति. प. १–६५; गो. जी. ६०४)। २. स्थूलभावेन ग्रहण-निक्षेपणादिव्यापार-स्कन्धनात् स्कन्धा इति संज्ञायन्ते। (स. सि. ५-२५)। ३. खंधोऽणंतपएसो अत्थे गइओ जयम्मि छिज्जेज्जा। भिज्जेज्ज व एवइओ (एगयरो) नो छिज्जे नो य भिज्जेज्जा॥ (जीवस. ६७)। ४. स्थौल्याद् ग्रहण-निक्षेपणादिव्यापारास्कन्दनात् स्कन्धाः। स्थौल्यभावेन ग्रहण-निक्षेपणादिव्यापारस्कन्द-(न्ध-)नात् स्कन्धा इति संज्ञायन्ते। (त. वा. ५, २५, २); परिप्राप्तबन्ध-परिणामाः स्कन्धाः। ××× अनन्तानन्तपरमाणु-बन्धविशेषः स्कन्धः। (त. वा. ५, २५, १६)। ५. स्निग्धरूक्षात्मकाणूनां सङ्घातः स्कन्ध इष्यते॥ (म. पु. २४–१४६; जम्बू. च. ३–४६)। ६. अनन्तानन्तपरमाण्वारब्धोऽप्येकः स्कन्धनामपर्यायः। (पंचा. का. अमृत. वृ ७५)। ७. णिहिलावयवं च खंधा ××× । (भावसं. दे. ३०४)। ८ बद्धाः स्कन्धाः गन्ध-शब्द-सौक्ष्म-स्थौल्याकृतिस्पृशः। अन्ध-कारातपोद्योत-भेदच्छायात्मका अपि॥ कर्म काय-मनोभाषाचेष्टितोच्छ्वासदायिनः। सुख-दुःखजीवि-तव्य-मृत्यूपग्रहकारिणः॥ (योगशा. स्वो. विव. १–१६, पृ. ११३)। ९. स्कन्ध सर्वांशसम्पूर्ण भणन्ति। (गो. जी. जी. प्र. ६०४)। १०. स्थूल-त्वेन ग्रहण निक्षेपणादिव्यापारं स्कन्धन्ति गच्छंति ये ते स्कन्धाः। (त. वृत्ति श्रुत. ५–२५)।

१ जो समस्त अंशों से परिपूर्ण हो उसे स्कन्ध कहते हैं। ३ अनन्त प्रदेशों से युक्त स्कन्ध होता है जो लोक में छेदा भेदा जा सकता है। ४ जो स्थूलता के आश्रय से ग्रहण करने व रखने रूप व्यापार का कारण होता है उसे स्कन्ध कहा जाता है।

स्कन्धदेश—१. तस्स (खंदस्स) दु (ति. प. 'य') अद्धं भणंति देसोत्ति। (पंचा. का. ७५; मूला. ५–३४; ति. प. १–६५; गो. जी. ६०४)। २. तदर्धं देशः। (त. वा. ५, २५, १६)। ३. ××× तस्स य अद्धं च वुच्चदे देसो। (भावसं. दे. ३०४)।

१ विवक्षित स्कन्ध के अर्ध भाग को स्कन्धदेश कहते हैं।

स्कन्धप्रदेश—१. (खंधस्स) अद्धद्धं च पदेसो ××। (पंचा. का. ७५; मूला. ५–१३४; ति. प. १–६५; भावसं. दे. ३०४; गो. जी. ६०४)। २. अर्धार्धं प्रदेशः। (त. वा. ५, २५, १६)।

१ स्कन्ध के आधे के आधे को स्कन्धप्रदेश कहा जाता है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

स्तनदृष्टिदोष— १. यस्य कायोत्सर्गस्थस्य स्तनयोर्दृष्टिरात्मीयौ स्तनौ यः पश्यति तस्य स्तनदृष्टिनामा दोषः। (मूला. वृ. ७–१७१)। २. दंशादिवारणार्थमज्ञानाद् वा स्तने चोलपट्टकं निबध्य स्थानं स्तनदोषः। धात्रीवद् बालार्थं स्तनावुन्नमय्य स्थानं वा इत्येके। (योगशा स्वो. विव. ३–१३०)।

१ कायोत्सर्ग में स्थित रहते हुए जिसकी दृष्टि स्तनों पर रहती है — जो अपने स्तनों को देखता है, उसके स्तनदृष्टि नाम का दोष होता है। २ डांस, मच्छरों आदि के निवारण के लिए अथवा अज्ञानता से स्तनों को चोलपट्ट से बांध कर कायोत्सर्ग में स्थित होना, यह एक स्तनदोष नाम का कायोत्सर्ग का दोष है।

स्तनदोष—देखो स्तनदृष्टिदोष।

स्तनितकुमार— १. स्निग्धाः स्निग्ध-गम्भीरानुनादमहास्वनाः कृष्णा वर्धमानचिह्नाः स्तनितकुमाराः। (त. भा. ४–११)। २. स्तनन्ति शब्दं कुर्वन्ति स्तनः शब्दः संजातो वा येषां ते स्तनिताः, × × × स्तनिताश्च ते कुमाराः स्तनितकुमाराः। (त. वृत्ति श्रुत. ४–१०)।

१ जो देव स्निग्ध, गम्भीर व अनुनाद (प्रतिध्वनि) रूप महान् शब्द से संयुक्त होते हुए श्यामवर्ण व वर्धमान (स्वस्तिक) चिह्न से सहित होते हैं वे स्तनितकुमार (भवनवासी) देव कहलाते हैं।

स्तनोन्नतिदोष—देखो स्तनदोष। उन्नमय्य स्थितिर्वक्षः स्तनदावत् स्तनोन्नतिः॥ (अन. ध. ८, ११५)।

बालक को स्तनपान कराने वाली स्त्री के समान वक्षस्थल को ऊंचा उठाकर कायोत्सर्ग में स्थित होने पर स्तनोन्नति नाम का दोष होता है।

स्तब्धदोष— १. विद्यादिगर्वेणोद्धतः सन् यः करोति क्रियाकर्म तस्य स्तब्धनामा दोषः। (मूला. वृ ७, १०६)। २. स्तब्धं मदाष्टकवशीकृतस्य वन्दनम्। (योगशा. ३–१३०)। ३. × × × वन्दनायां मदोद्धृतिः। स्तब्धं × × ×॥ (अन. ध. ८, ९८)।

१ ज्ञान आदि के मद से उद्धत होकर जो कृतिकर्म को करता है उसके स्तब्ध नामक दोष उत्पन्न होता है। यह वन्दनाविषयक ३२ दोषों के अन्तर्गत है।

स्तम्भदोष— १. स्तम्भमाश्रित्य यस्तिष्ठति कायोत्सर्गेण तस्य स्तम्भदोषः, स्तम्भवत् शून्यहृदयो वा, तत्साहचर्येण स एवोच्यते। (मूला. टी. ७–१७१)। २. स्तम्भः स्तम्भाद्यवष्टभ्य × × × स्थितिः॥ (अन. ध. ८–११३)। ३. स्तम्भमवष्टभ्य स्थानं स्तम्भदोषः। (योगशा. स्वो. विव. ३–१३०)।

१ खम्भे का आश्रय लेकर जो कायोत्सर्ग से स्थित होता है उसके स्तम्भ नामक दोष होता है। अथवा जो स्तम्भ के समान शून्य हृदय होकर कायोत्सर्ग से स्थित होता है उसके उक्त दोष समझना चाहिए।

स्तव— १. उसहादिजिणवराणं णामणिरुत्ति गुणाणुकित्ति च। काऊण अच्चिदूण य तिसुद्धिपणमो थवो णेओ॥ (मूला. १–२४)। २. देविंदथयमादी तेणं तु परं थया होई॥ (व्यव. भा. ७–१८३)। ३. तीताणागद-वट्टमाणकालविसयपंचपरमेसराणं भेदमकाऊण णमो अरहंताणं णमो जिणाणमिच्चादिणमोक्कारो दव्वट्ठियणिबन्धणो थवो णाम। (धव. पु. ८, पृ. ८४); बारसंगसंधारो सयलंगविसयप्पणादो थवो णाम। × × × कदीए उवसंहारस्स सयलाणियोगद्दारेसु उवजोगो थवो णाम। (धव. पु. ९, पृ. २६३); सव्वसुदणाणविसओ उवजोगो थवो णाम। (धव. पु. १४, पृ. ९)। ४. कृत्वा गुणगणोत्कीर्तिनामव्युत्पत्तिपूजनम्। वृषभादिजिनाधीशस्तवनं स्तवनं मतम्॥ (आचा. सा. १-१५)। ५. रत्नत्रयमयं शुद्धं चेतनं चेतनात्मकम्। विधिक्तं स्तुवतो नित्यं स्तवज्ञैः स्तूयते स्तवः॥ (योगसा. प्रा. ५–४८)। ६. सयलंगेक्कंगेक्कंगहियार सवित्थरं ससंखेवं। वण्णणसत्थं थय-थुइ-धम्मकहा होइ णियमेण॥ (गो. क. ८८)। ७. स्तवः चतुर्विंशतितीर्थकरस्तुतिः। (मूला. वृ. १–२२)। ८. परतश्चतुःश्लोकादिकः स्तवः। अन्येषामाचार्याणां मतेन × × × ततः परमष्टश्लोकादिकाः स्तवाः। (व्यव. भा. मलय. वृ. ७–१८३)। ९. चतुर्विंशतिजिनानां स्तुतिः स्तवः। (भावप्रा. टी. ७७)। १०. चतुर्विंशतितीर्थकरस्तुतिरूपः स्तवः। (त. वृत्ति श्रुत. १–२०)। ११. परमोरालियदेहसम्मोसरणाण धम्मदेसस्स। वण्णणमिह तं थवणं तप्पडिबद्धं च सत्थं च॥ (अंगप. ३–१५)।

१, ४ ऋषभादि जिनेन्द्रों की नामनिरुक्ति और गुणानुवाद के साथ जो पूजा की जाती है तथा मन, वचन व काय की शुद्धिपूर्वक उन्हें प्रणाम किया

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

जाता है, इसे स्तव—चतुर्विंशतिस्तव—जानना चाहिए। २, ८ एक, दो व तीन श्लोक रूप स्तुति के आगे चौथे अथवा मतान्तर के अनुसार आठवें श्लोक को आदि लेकर स्तव जानना चाहिए, जैसे देवेन्द्रस्तव आदि। ३ भूत, भविष्यत् और वर्तमान काल विषयक पांच परमेष्ठियों में भेद न करके द्रव्यार्थिक नय के अनुसार जो 'अरहन्तों को नमस्कार हो, सिद्धों को नमस्कार हो', इत्यादि रूप से नमस्कार किया जाता है इसका नाम स्तव है। ६ जिस शास्त्र में सपूर्ण अंग का संक्षेप अथवा विस्तार से वर्णन किया जाता है उसे स्तव कहते हैं।

स्तिबुक संक्रम—१. ×××थिबुओ अणुइण्णाए उ जं उदये ॥ (कर्मप्र. सं. क. ७१)। २. उदयसरूवेण समट्ठिदीए जो संकमो सो ठिदिवुक्कसंकमो त्ति भण्णदे। (जयध.—कसायपा. पृ. ७०० टि.)। ३. पिंडपगईण जा उदयसंगया तीए अणुदयगयाओ। संकामिऊण वेयइ जं एसो थिवुगसंकामो ॥ (पंचसं. सं. क. ८०)। ४. थिवुगसंकमो वुच्चति—अणुदिण्णाणं कंमाणं दलितं उदयवति कम्मे पाडिवज्जति। जहा मणूसस्स, मणुयगतीए वेतिज्जमाणीए णरगगतितिरियगति-देवगतिकम्मदलितं अणुदिण्णं मणुजगतिए समं वेदिज्जति। (कर्मप्र. चू. सं. क. ७१)। ५. अनुदीर्णायां अनुदयप्राप्तायाः सत्कं यत्कर्मदलिकं सजातीयप्रकृतावुदयप्राप्तायां समानकालस्थितौ संक्रमयति, संक्रमय्य चानुभवति, यथा मनुजगतावुदयप्राप्तायां शेषं गतित्रयम्, एकेन्द्रियजातौ जातिचतुष्टयमित्यादि, स स्तिबुकसंक्रमः। (कर्मप्र. मलय. वृ. ७१)।

१ अनुदीर्ण प्रकृति के दलिक का जो उदयप्राप्त प्रकृति में विलय होता है उसे स्तिबुकसंक्रम कहते हैं। २ विवक्षित प्रकृति का समान स्थिति वाली अन्य प्रकृति में जो संक्रमण होता है उसका नाम स्तिबुकसंक्रम है। ३ गति, जाति आदि पिण्डप्रकृतियों में जो अन्यतम प्रकृति उदय को प्राप्त है उस समान कालस्थिति वाली अन्यतम प्रकृति में अनुदयप्राप्त अन्य प्रकृतियों को संक्रान्त कराकर जो वेदन किया जाता है उसे स्तिबुकसंक्रम कहा जाता है। जैसे उदयप्राप्त मनुष्यगति में शेष तीन नरकगति आदि का व एकेन्द्रिय जाति में शेष चार जातियों का इत्यादि।

स्तुति—देखिये स्तव। १. गुणस्तोकं सदुल्लंघ्य तद्बहुत्वकथा स्तुतिः। (स्वयम्भू. ८६)। २. याथात्म्यमुल्लंघ्य गुणोदयाख्या लोके स्तुतिः ×××। (युक्त्यनु. २)। ३. एग-दुग-तिसिलोगा कतीसु अन्नेसि होइ जा सत्त। (व्यव. भा. ७–१८३)। ४. बारसंगेसु एक्कंगोवसंघारो थुदी णाम। ××× तत्थेगणियोगद्दारुवजोगो थुदी णाम। (धव. पु. ६, पृ. २६३); एयंगविसओ एयपुव्वविसओ वा उवजोगो थुदी णाम। (धव. पु. १४, पृ. ६)। ५. स्तुतिः पुण्यगुणोत्कीर्तिः ×××। (म. पु २५, ११)। ६ स्तुतिः स्तुत्यानां सद्भूतगुणोत्कीर्तनम्। (त. भा. सिद्ध. वृ. ७–६)। ७. एकश्लोका द्विश्लोका त्रिश्लोका वा स्तुतिर्भवति। ××× अन्येषामाचार्याणां मतेन एकश्लोकादिसप्तश्लोकपर्यन्ता स्तुतिः। (व्यव. भा. मलय. वृ. ७–१८३)।

१ थोड़े से गुणों का अतिक्रमण करके जो बहुत से गुणों का निरूपण किया जाता है उसे स्तुति कहते हैं। ३, ७ एक, दो और तीन श्लोक तक स्तुति कहलाती है। ४ बारह अंगों में एक अंग के उपसंहार को स्तुति कहा जाता है। एक अंगविषयक अथवा एक पूर्वविषयक उपयोग का नाम स्तुति है।

स्तेनप्रयोग—देखो चौरप्रयोग। १. मुष्णन्तं स्वयमेव वा प्रयुङ्क्तेऽन्येन वा प्रयोजयति प्रयुक्तमनुमन्यते वा यतः स स्तेनप्रयोगः। (स. सि. ७–२७)। २. **मोषकस्य त्रिधा प्रयोजनं स्तेनप्रयोगः।** मुष्णन्तं स्वयमेव वा प्रयुंक्ते अन्येन वा प्रयोजयति, प्रयुक्तमनुमन्यते वा यतः (चा. सा, 'यः') स स्तेनप्रयोगो वेदितव्यः। (त. वा. ७, २७, १; चा सा. पृ. ६)। ३. स्तेनाः चौराः, तान् प्रयुंक्ते 'हरत यूयम्' इति हरणक्रियायां प्रेरणमनुज्ञानं वा प्रयोगः, अथवा परस्वादानोपकरणानि कर्तरी-घर्घरकादीनि। (त. भा. सिद्ध. वृ. ७–२२)। ४. कश्चित् पुमान् चौरीं करोति, अन्यस्तु कश्चित्तं चोरयन्तं स्वयं प्रेरयति मनसा वाचा कायेन, अन्येन वा केनचित्पुंसा तं चोरयन्तं प्रेरयति मनसा वाचा कायेन, स्वयमन्येन वा प्रेर्यमाणं चौरीं कुर्वन्तं अनुमन्यते मनसा वाचा कायेन, एवंविधाः सर्वेऽपि प्रकाराः स्तेनप्रयोगशब्देन लभ्यन्ते। (त. वृत्ति श्रुत. ७–२७)। ५. परस्य प्रेरणं लोभात् स्तेयं प्रति मनीषिणा। स्तेनप्रयोग इत्युक्तः स्तेयातीचारसंज्ञकः ॥ (लाटीसं.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

६–४६)।

१ जिसके आश्रय से चोरी करने वाले को स्वयं ही उसमें उद्यत करता है, अन्य से प्रेरणा कराता है, अथवा चोरी में प्रवृत्त हुए चोर की अनुमोदना करता है उसे स्तेनप्रयोग कहा जाता है। ३ चोरों को 'तुम चोरी करो' इस प्रकार चोरी के लिए प्रेरित करना अथवा अनुमोदन करना, इसका नाम स्तेनप्रयोग है। अथवा परधनहरण के जो कैंची व घर्घरक आदि उपकरण हैं उनके देने आदि को स्तेनप्रयोग जानना चाहिए। यह अचौर्याणुव्रत का एक अतिचार है।

स्तेनानीतादान—देखो तदानीतादान व तदाहृतादान।

स्तेनानुज्ञा—देखो स्तेनप्रयोग। स्तेनाश्चौरास्तेषामनुज्ञा 'हरत यूयम्' इति हरणक्रियायां प्रेरणा, अथवा स्तेनोपकरणानि कुशिका-कर्तरिका-घर्घरिकादीनि तेषामर्पणं विक्रयण वा स्तेनानुज्ञा। (योगशा. स्वो. विव. ३–६२)।

'तुम चोरी करो' इस प्रकार से चोरी की क्रिया में प्रेरित करने का नाम स्तेनानुज्ञा है। अथवा कुशिका, कैंची और घर्घरिक आदि चोरी के उपकरणों का देना, इसे स्तेनानुज्ञा कहा जाता है। यह अचौर्याणुव्रत का एक अतिचार है।

स्तेनानुबन्धी—देखो चौर्यानन्द। तेणाणुबन्धी णाम जो अहो या राईय परदव्वहरणपसत्तो जीवघाती य एस तेणाणुबंधी। (दशवै. चू. पृ. ३१)।

दिन-रात प्राणिहिंसा के कारणभूत दूसरे के द्रव्य के हरण में जो चित्त संलग्न रहता है, इसे स्तेनानुबन्धी रौद्रध्यान कहा जाता है।

स्तेनितदोष—१. स्तेनितं चौरबुद्धया यथा गुर्वादयो न जानन्ति वन्दनादिकमपवरकाभ्यन्तरं प्रविश्य वा परेषां वन्दनां चोरयित्वा यः करोति वन्दनादिकं तस्य स्तेनितदोषः। (मूला. वृ. ७–१०८)। २. स्याद्वन्दने चोरिकया गुर्वादेः स्तेनितं मलः। (अन. ध. ८–१०४)।

१ गुरु आदि नहीं जानते, इस प्रकार चोरी की बुद्धि से कोठरी के भीतर प्रविष्ट होकर अथवा दूसरों की वन्दना को चुराकर जो वन्दना आदि करता है उसके वन्दना का स्तेनितदोष होता है।

स्तेय—१. अदत्तादानं स्तेयम्। (त. सू. दि. ७-१५, श्वे. ७–१०)। २. प्रमत्तयोगाददत्तादानं यत् तत्स्तेयम्। (स. सि. ७–१५)। ३. स्तेयबुद्धया परैरदत्तस्य परिगृहीतस्य वा तृणादेर्द्रव्यजातस्यादानं स्तेयम्। (त. भा. ७–१०)। ४. आदानम् ग्रहणम्, अदत्तस्याऽऽदानम् अदत्तादानं स्तेयमित्युच्यते। (त. वा. ७–१५); ××× प्रमत्तस्य सत्यसति च परकीयद्रव्यादाने त्रेधाऽपि तदादानाद्यर्थोद्यतत्वात् स्तेयम्। (त. वा. ७, १५, ६)। ५. परपरिगृहीतस्य स्वीकरणमाक्रान्त्या चौर्येण शास्त्रप्रतिषिद्धस्य वा स्तेयम्। (त. भा. हरि. व सिद्ध. वृ. ७–१)। ६. स्तेयबुद्धया कषायादिप्रमादकलुषितधियः करणभूतया कर्तुः परिणन्तुराददानस्य स्तेयमिति। (त. भा. सिद्ध. वृ. ७–१०)। ७. प्रमत्तयोगतो यत्स्याददत्तार्थपरिग्रहः। प्रत्येयं तत्खलु स्तेयं सर्वं संक्षेपयोगतः॥ (त. सा. ४–७६)। ८. अवितीर्णस्य ग्रहणं परिग्रहस्य प्रमत्तयोगाद्यत्। तत्प्रत्येयं स्तेयं सैव च हिंसा वधस्य हेतुत्वात्॥ (पु. सि. १०२)। ९. परैरदत्तस्यादाने मनः स्तेयं ××× । (आचा. सा. ५–४२)। १०. यल्लोकैः स्वीकृतं सर्वलोकाप्रवृत्तिगोचरः तद्वस्तु अदत्तम्, तस्य ग्रहणं जिघृक्षा वा ग्रहणोपायचिंतनं च स्तेयमुच्यते। (त. वृ. श्रुत. ७–१५)।

१ विना दी हुई किसी वस्तु को ग्रहण करना, इसका नाम स्तेय है। २ कषायविशिष्ट आत्मपरिणाम के योग से जो विना दी हुई वस्तु को ग्रहण किया जाता है, इसे स्तेय कहते हैं। ३ दूसरों के द्वारा नहीं दिये गये अथवा दूसरों के द्वारा गृहीत तृण आदि द्रव्यसमूह को जो चोरी के अभिप्राय से ग्रहण किया जाता है, यह स्तेय कहलाता है।

स्तेयत्यागव्रत—देखो अचौर्याणुव्रत। ग्रामादौ वस्तु चान्यस्य पतितं विस्मृतं धृतम्। गृह्यते यन्न लोभात्तत्स्तेयत्यागमणुव्रतम्॥ (धर्मसं. श्रा. ६–५४)।

जो दूसरों की वस्तु ग्राम आदि में गिर गई है, विस्मृत है, अथवा रखी गई है उसे लोभ के वशीभूत होकर ग्रहण न करना; यह स्तेयत्याग अणुव्रत कहलाता है। यह अचौर्याणुव्रत का नामान्तर है।

स्तेयानन्द—देखो स्तेनानुबन्धी। १. प्रतीक्षया प्रमादस्य परस्वहरणं प्रति। प्रसह्य हरणं ध्यानं स्तेयानन्दमुदीरितम्॥ (ह. पु. ५६–२४)। २. स्तेयानन्दः परद्रव्यहरणे स्मृतियोजनम्। (म. पु.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

२१–५१)। ३. परविसयहरणसीलो × × ×। (कार्तिके. ४७६)। ४. स्तेयानन्दमवाप्य यत्परधनं वन्द्यादिनिन्द्येहितैरानन्दित्वमवाप्तुमुत्सुकतरं चेतश्च तैस्तद्भवेत् ॥ (आचा. सा. १०–२१)। ५. स्तेनस्य चौरस्य कर्म स्तेयं तीव्रक्रोधाद्याकुलतया तदनुबन्धवत् स्तेयानुबन्धिः। (स्थाना. अभय. वृ. २४७)। ६. परविषयहरणशीलः, परेषां विषयाः रत्न-सुवर्ण-रूप्यादि-धन-धान्य-कलत्र-वस्त्राभरणादयः तेषां हरणे चौर्यकर्मणि ग्रहणे अदत्तादाने शीलं स्वभावो यस्य स स्तेयानन्दः। (कार्तिके. टी. ४७६)। **१ परधनहरण के प्रति प्रमादी होकर हठात् उसका ग्रहण करना, इसे स्तेयानन्द रौद्रध्यान कहा गया है। ५ चोर की क्रिया का नाम स्तेय है, तीव्र क्रोधादि से व्याकुल होकर जो निरन्तर स्तेय का विचार रहता है, इसे स्तेयानुबन्धी रौद्रध्यान कहा जाता है।**

स्तेयानुबन्धी—देखो स्तेनानुबन्धी।

स्तैनिक—देखो स्तेननिन्दादोष। स्तैनिकं मम लाघवं भविष्यतीति परेभ्य आत्मानं निगूहयतो वन्दनम्। (योगशा. स्वो. विव. ३–१३०)। **मेरी लघुता प्रगट होगी, इस विचार से दूसरों से अपने को छिपाते हुए वन्दना करने पर स्तैनिक दोष होता है।**

स्तोक—१. सत्त पाणूणि से थोवे × × ×। (भगवती ६, ७, गा. २—सुत्तागमे पृ. ५०३; अनुयो. गा. १०५, पृ. १७६; जम्बूद्वी. गा. २–२, पृ. ८६; ध्यानश. हरि. वृ. ३ उद्.)। २. सत्तुस्सासो थोवं × × ×। (ति. ४–२८७; जं. दी. प. १३, ५)। ३. ते सप्त स्तोकः। (त. भा. ४–१५)। ४. पाणा य सत्त थोवा × × × ॥ (ज्योतिष्क. ६)। ५. पाणू य सत्त थोवो × × × ॥ (जीवस. १०७)। ६. × × × सप्तभिः स्तोकमुदाहरन्ति। (वरांगच. २७–४)। ७. सप्त प्राणाः स्तोकः। (त. वा. ३, ३८, ८)। ८. थोवे सत्तुस्सासा। (अनुयो चू. पृ. ५७)। ६. सत्तपाणूकालो एगो थोवो। (अनुयो. हरि. वृ. पृ. ५४)। १०. सत्त उस्सासे घेत्तूण एगो थोवो हवदि। × × × उक्तं च— × × × सत्तुस्सासो थोवो × × × ॥ (धव. पु. ३, पृ. ६५; गो. जी. ५७४)। ११. × × × सत्तूसासेहिं थोवउ लेक्खहि ॥ (म. पु. पुष्प. २–५, पृ. २२)। १२. ते (प्राणाः) सप्तसङ्ख्याकाः स्तोको नाम कालविशेषः। (त. भा. सिद्ध. वृ. ४–१५)। १३. प्राणाः सप्त पुनः स्तोकः × × ×। (ह. पु. ७–२०)। १४. सत्तुस्सासे थोओ × × ×। (भावसं. ३१३)। १५. सप्तानप्राणप्रमाणः स्तोकः। (सूर्यप्र. मलय. वृ. २०–७६, पृ. २६२)। १६. सप्तोच्छ्वासाः स्तोकः। (कार्तिके. टी. २२०)। **१ सात प्राण का एक स्तोक होता है। २ सात उच्छ्वास का एक स्तोक होता है।**

स्त्यानगृद्धि—देखो स्त्यानर्द्धि। १. स्वप्नेऽपि यया वीर्यविशेषाविर्भावः सा स्त्यानगृद्धिः। (स. सि. ८–७)। २. स्वपित्युत्थापितो भूयः स्वपत्कर्म करोति च। अबद्धं लभते किञ्चित् स्त्यानगृद्धिक्रमो मतः ॥ (वरांगच. ४–५२)। ३. **स्वप्ने यया वीर्यविशेषाविर्भावः स्त्यानगृद्धिः।** यत्सन्निधानाद्रौद्रकर्मकरणं बहुकर्मकरणं च भवति सा स्त्यानगृद्धिः। (त. वा. ८, ७, ६)। ४. स्त्यायतीति स्त्यानं स्तिमितचित्तो नातीव विकस्वरचेतन आत्मा (सिद्ध. वृ. 'बाहुलकात् कर्तरि ल्युट्') स्त्यानस्य स्वापविशेषे सति गृद्धिः आकांक्षा मांस-मोदक-दन्ताद्युदाहरणप्रसिद्धा। स्त्यानर्द्धिरिति वा पाठः, तदुदयाद्धि महाबलोऽर्द्धचक्रवर्तितुल्यबलः प्रकर्षप्राप्तो भवति, अन्यथा जघन्य-मध्यमावस्थाभाजोऽपि संहननापेक्षया महत्येयेति (सिद्ध. 'सम्भवत्येवेति') स्त्यानस्य ऋद्धिः स्त्यानर्द्धिरिति। (त. भा. हरि. व सिद्ध. वृ. ८–८)। ५. थीणगिद्धीए तिव्वोदएण उट्ठाविदो वि पुणो सोवदि, सुत्तो वि कम्मं कुणदि, सुत्तो वि झंखइ, दंते कडकडावेइ। (धव. पु. ६, पृ. ३२); जिस्से णिद्दाए उदएण जंतो वि थंभियो व णिच्चलो चिट्ठदि, ठियो वि वइसदि, वइट्ठओ वि णिवज्जदि, णिवण्णओ वि उट्ठाविदो वि ण उट्ठदि, सुत्तओ चेव पंथे वहदि कसदि लुणदि परिवादि कुणदि सा थीणगिद्धी णाम। (धव. पु. १३, पृ. ३५४)। ६. स्त्यानगृद्धिर्यया स्त्याने स्वप्ने गृद्धयति दीप्यते। आत्मा यदुदयाद्रौद्रं बहुकर्म करोति सा ॥ (ह. पु. ५८–२२६)। ७. स्वप्ने वीर्यविशेषाविर्भावः सा स्त्यानगृद्धिः × × × यदुदयादात्मा रौद्रं बहुकर्म करोति स्त्यानगृद्धिः। (मूला. वृ. १२–८८)। ८. स्त्याना पिण्डीभूता, ऋद्धिः आत्मशक्तिरूपा यस्यां स्वापावस्थायां सा स्त्यानर्द्धिः, तद्भावे हि प्रथमसंहननस्य केशवार्द्धबलसदृशी शक्तिरुपजायते। तथा च श्रूयते प्रवचने को-

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

ऽपि प्राप्तः क्षुल्लकः स्त्यानर्द्धिनिद्रासहितो द्विरदेन दिवा खलीकृतः, ततस्तस्मिन् द्विरदे बद्धाभिनिवेशो रजन्यां स्त्यानर्द्धयुदये प्रवर्तमानः समुत्थाय तद्दन्तमुसलमुत्पाट्य स्वोपाश्रयद्वारि च प्रक्षिप्य पुनः प्रसुप्तवानित्यादि । (**प्रज्ञाप. मलय. वृ. २९३, पृ. ४६७**)। ९. स्वप्ने यया वीर्यविशेषाविर्भावः सा स्त्यानगृद्धिर्दर्शनावरणकर्मविशेषः । स्त्याने स्वप्ने गृद्धयति यदुदयादात्मा रौद्रं बहुकर्म करोति । (**भ. आ. मूला. २०९४**)। १०. स्वप्ने यया वीर्यविशेषाविर्भावः सा स्त्यानगृद्धिः । स्त्याने स्वप्ने गृध्यते दीप्यते यदुदयादार्तं रौद्रं च बहु च कर्मकरणं सा स्त्यानगृद्धिः । (**गो. क. जी. प्र. ३३**) । ११. यस्यां बलविशेषप्रादुर्भावः स्वप्ने भवति सा स्त्यानगृद्धिरुच्यते । × × × स्त्याने स्वप्ने गृद्धयति दीप्यते यो निद्राविशेषः सा स्त्यानगृद्धिरुच्यते × × × यदुदयाज्जीवो बहुतरं दिवाकृत्यं रौद्रकर्म करोति सा स्त्यानगृद्धिरुच्यते । (**त. वृत्ति श्रुत. ८–७**) ।

१ जिसके द्वारा सुप्त अवस्था में भी विशेष सामर्थ्य प्रगट होता है उसे स्त्यानगृद्धि कहते हैं । ४ सोने की एक विशेष अवस्था का नाम स्त्यान और गृद्धि का अर्थ आकांक्षा है, इसमें आत्मा स्थिर चित्त वाला होता हुआ अतिशय विकसित स्वर वाला नहीं होता। इसके लिए मांस, मोदक और दन्त आदि के उदाहरण का निर्देश किया गया । यहां 'स्त्यानर्द्धि' यह पाठभेद भी प्रगट किया गया है । तदनुसार प्राणी उसके उदय में प्रगट हुई शक्ति से अर्धचक्री के समान बलवान् होता है । ५ स्त्यानगृद्धि का तीव्र उदय होने पर प्राणी उठाये जाने पर भी फिर से सो जाता है, सोता हुआ भी कार्य करता है व सन्तप्त होता हुआ विलाप करता है । ८ जिस सुप्तावस्था में आत्मशक्ति रूप ऋद्धि पिण्डीभूत होती है उसे स्त्यानर्द्धि कहा जाता है । उसके सद्भाव में प्रथम संहनन वाले के अर्धचक्री के समान शक्ति उत्पन्न होती है । यहां प्रवचनोक्त एक उदाहरण देते हुए कहा गया है कि हाथी से पीड़ित एक क्षुल्लक ने उसके प्रतीकार स्वरूप स्त्यानगृद्धि के उदय में सोते हुए उठकर व उस बलिष्ठ हाथी के दांत को उखाड़ कर अपने उपाश्रय के द्वार पर रख दिया और फिर से सो गया ।

स्त्यानर्द्धि—देखो स्त्यानगृद्धि ।

स्त्री—१. स्त्रीवेदोदयात् स्त्यायत्यस्यां गर्भ इति स्त्री ।। (**स. सि. २–५२; त. वा. २, ५२, १; मूला. वृ. १२–८७**) । २. छादयदि सयं दोसेण जदो (**धव. व गो. जी. 'दोसेण यदो'**) छादयदि परंपि दोसेण । छादणसीला णियदं तम्हा सा वण्णिया इत्थी ।। (**प्रा. पंचसं. १–१०५; धव. पु. १, पृ. ३४१ उद्.; गो. जी. २७४**) । ३. दोषैरात्मानं परं च स्तृणाति छादयतीति स्त्री । × × × अथवा पुरुषं स्तृणाति आकाङ्क्षतीति स्त्री पुरुषकाङ्क्षेत्यर्थः । (**धव. पु. १, पृ. ३४०**); स्तृणाति आच्छादयति दोषैरात्मानं परं चेति स्त्री । (**धव. पु. ६, पृ. ४६; मूला. वृ. १२–१९२**) । ४. गर्भः स्त्यायति यस्यां या दोषैश्छादयति स्वयम् । नराभिलाषिणी नित्यं या सेह स्त्री निरुच्यते ।। (**पंचसं. अमित. १–१९९**) । ५. स्त्यायति संघातीभवत्यस्यां गर्भ इति स्त्री । (**न्यायकु. ४७, पृ. ६४८**) । ६. यस्मात् कारणात् यः स्तृणाति स्वयं आत्मानं दोषैः मिथ्यादर्शनाज्ञानासंयम-क्रोध-मान-माया-लोभादिभिः छादयति संवृणोति, नयतः मृदुभाषित स्निग्धविलोकनानुकूलवर्तनादिकुशलव्यापारैः परमपि पुरुषमपि स्ववश्यं कृत्वा हिंसानृत-स्तेयाब्रह्म - परिग्रहादिपातकेन छादयति तस्मात् छादनशीला द्रव्य-भावाभ्यां महिला सा स्त्रीति वर्णिता । (**गो. जी. म. प्र. व जी. प्र. २७४**) ।

१ स्त्रीवेद के उदय से जिसमें गर्भ संघात को प्राप्त होता है वह स्त्री कहलाती है । २ जो दोष से स्वयं को तथा पर (पुरुष) को भी आच्छादित करती है उसे स्त्री कहा जाता है ।

स्त्रीकथा—तथा स्त्रीकथा स्त्रीणां नेपथ्याङ्गहार-हाव-भावादिवर्णनरूपा "कर्णाटी सुरतोपचारकुशला लाटी विदग्ध (सा. ध. 'विदग्धा') प्रिया" इत्यादिरूपा वा । (**योगशा. स्वो. ३–७९; सा. ध. स्वो. टी. ४–२२**) ।

स्त्रियों के वेषभूषा, नृत्य व हाव-भाव आदि का वर्णन करना अथवा कर्णाटक देश की स्त्री सुरत-व्यवहार में कुशल होती है, लाट देश की स्त्री चतुर व प्रिय होती है, इत्यादि प्रकार से चर्चा करना; यह स्त्रीकथा कहलाती है ।

स्त्रीपरीषहसहन—१. एकान्तेष्वाराम-भवनादिप्रदेशेषु नवयौवन-मद-विभ्रम-मदिरापानप्रमत्तासु प्रमदासु बाधमानासु कूर्मवत्संहृतेन्द्रियहृदयविकारस्य

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

ललित-स्मित-मृदुकथित-सविलासवीक्षण- प्रहसन-मद-मन्थरगमन-मन्मथशरव्यापारविफलीकरणस्य स्त्री-बाधापरिषहसहनमवगन्तव्यम् । (स. सि. ९-९)। २. वराङ्गनारूपदर्शन-स्पर्शनादिविनिवृत्तिः स्त्री-परीषहजयः । (त. वा. ९, ९, १३); एकान्ते आराम-भवनादि (चा. सा. 'भवनारामादि') प्रदेशे राग-द्वेष-यौवन-दर्प-रूप-मद-विभ्रमोन्माद- मद्यपानाऽऽवेशादिभिः प्रमदासु बाधमानासु तदक्षि-वक्त्र-भ्रूविकार-शृंगाराकार-विहार-हाव - विलास - हास-लीलाविजृंभितकटाक्षविक्षेप सुकुमार-स्निग्ध - मृदुपीनोन्नतस्तनकलश-नितान्तताम्रोदर- (चा. 'ताम्राधर') पृथुजघनरूपगुणाभरणगन्ध-माल्य-वस्त्रादीन् प्रतिनिगृहीतमनोविप्लुतेर्दर्शनस्पर्शनाभिलाषनिरुत्सु - कस्य स्निग्धमृदुविशदसुकुमाराभिधानतंत्रीवंशमिश्रा-तिमधुरगीतश्रवणनिवृत्तादरश्रोत्रस्य ससारार्णवव्य-सन-पातालावगाढदुःखोद्राऽऽवर्त्तकुटिलाध्यायिनः स्त्रै-णार्थनिवृत्तिः स्त्रीपरीषहजय इति कथ्यते । (त. वा. ९, ९, १३; चा. सा. पृ. ५१-५२)। ३. स्त्री-कटाक्षेक्षणादिभिर्योषिद्बाधा × × × सहनम् । (मूला. वृ. ५-५८) । ४. जेता चित्तभवस्त्रयस्य जगतां यासामपाङ्गेषुभिस्तार्भिर्मत्तनितम्बिनीभिरभि-तः संलोभ्यमानोऽपि यः । तत्फल्गुत्वमवेत्य नैति विकृतिं तं वर्य्यधैर्यान्दिरं (?) वन्दे स्त्र्यार्त्तिजयं जयन्तमखिलानर्थं कृतार्थं यतिम् ॥ (आचा. सा. ७-१७)। ५. रागाद्युपप्लुतमति युवतीं विचित्रां-श्चित्तं विकर्तुमनुकूलविकूलभावान् । संतन्वतीं रहसि कूर्मवदिन्द्रियाणि, संवृत्य लघ्वपवदेत गुरूक्तियुक्त्या ॥ (अन. ध. ७-७६); स्त्रीदर्शन-स्पर्शनालापाभि-लाषादिनिरुत्सुकस्य तदक्षि-वक्त्र-भ्रूविकार-रूप-गति-हासलीलाविजृम्भितपीनोन्नतस्तन - जघनोरुमूलकक्षा-नाभिनिरीक्षणादिभिरविप्लुतचेतसस्त्यक्तवंशगीतादि-श्रुतेः स्त्रीपरीषहजयः स्यादित्यर्थः । (अन. ध. स्वो. टी. ६-९६)। ६. स्त्रीदर्शन-स्पर्शनालापाभिलाषादि-निरुत्सुकस्य तदक्षि-वक्त्र-भ्रूविकार-शृंगाराकार-रूप-गति-हासलीलाविजृम्भितपीनोन्नतस्तन-जघनोरु- मूल-कक्षा-नाभिनिरीक्षणादिभिरविकृतचेतसस्त्यक्तवंश गीतादिश्रुतेः स्त्रीपरीषहजयः । (आरा. सा. टी. ४०)।

१ उद्यान व भवन आदि एकान्त स्थानों में यौवन-मद एवं मदिरापान आदि से उन्मत्त स्त्रियों के द्वारा बाधा के करने पर भी जो कछुए के समान अपनी इन्द्रियों व मन के विकार को रोककर उनके मन्द हास्य व हाव-भाव आदि रूप कामव्यापार को निरर्थक कर देता है उसके स्त्रीपरीषहसहन जानना चाहिए ।

स्त्रीभाववेद—मार्दवास्फुटत्व-बहुमदनावेश-नेत्रवि-भ्रमादिसुख-पुंस्कामतादिः स्त्रीभाववेदः । (अन. ध. स्वो. टी. ४-६४) ।

मृदुलता, अस्पष्टता, बहुत कामाभिप्राय, नेत्र, विलासादि सुख एवं पुरुष आकांक्षा आदि ये स्त्री-भाववेद के लक्षण हैं ।

स्त्रीलिंगसिद्धकेवलज्ञान—स्त्रीलिंगे वर्तमाना ये सिद्धास्तेषां केवलज्ञानं स्त्रीलिंगसिद्धकेवलज्ञानम् । (आव. नि. मलय. वृ. ७८, पृ. ८५) ।

स्त्रीलिंग में रहते हुए जो सिद्धि को प्राप्त हुए हैं उनके केवलज्ञान को स्त्रीलिंगसिद्धकेवलज्ञान कहा जाता है ।

स्त्रीवेद—देखो स्त्री व स्त्रीलिंग । १. यदुदयात्स्त्रै-णान् भावान् प्रतिपद्यते स स्त्रीवेदः । (स. सि. ८, ९)। २. यस्योदयात् स्त्रैणान् भावान् मार्दवास्फुटत्व-क्लैव्य-मदनावेश-नेत्रविभ्रमास्फालनसुख-पुंस्कामना-दीन् प्रतिपद्यते स स्त्रीवेदः । (त. वा. ८, ९, ४) । ३. स्त्रियः स्त्रीवेदोदयात्पुरुषाभिलाषः । (श्रा. प्र. टी. १८) । ४. स्त्रियं विन्दतीति स्त्रीवेदः । अथवा वेदनं वेदः, स्त्रियो वेदः स्त्रीवेदः । (धव. पु. १, पृ. ३४०-३४१); जेसिं कम्मक्खंधाणमुदएण पुरुसम्मि आकंक्खा उप्पज्जइ तेसिमित्थिवेदोत्ति सण्णा । (धव. पु. ६, पृ. ४७); इत्थिवेदोदएण इत्थिवेदो । (धव. पु. ७, पृ. ७९); जस्स कम्मस्स उदएण पुरि-साभिलासो होदि त कम्मं इत्थिवेदो णाम । (धव. पु. १३, पृ. ३६१) । ५. येषां पुद्गलस्कन्धानामुदयेन पुरुष आकांक्षोत्पद्यते तेषां स्त्रीवेद इति संज्ञा । (मूला. वृ. १२-१९२) । ६. वेद्यते इति वेदः, स्त्रियो वेदः स्त्रीवेदः, स्त्रियः पुमांसं प्रत्यभिलाष इत्यर्थः, तद्विपाकवेद्यं कर्मापि स्त्रीवेदः । (प्रज्ञाप. मलय. वृ. २९३, पृ. ४६८) । ७. यदुदयात् स्त्री-परिणामानङ्गीकरोति स स्त्रीवेदः । (त. वृत्ति श्रुत. ८-९) ।

१ जिसके उदय से जीव स्त्री सम्बन्धी भावों को प्राप्त होता है उसे स्त्रीवेद कहते हैं । ३ जिसके

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

उदय से स्त्री के पुरुष की अभिलाषा होती है वह स्त्रीवेद कहलाता है।

स्थण्डिलसम्भोगियति—१. यत्र भिक्षा कृता तत्र स्थंडिलान्वेषणं कुर्यात् कायशोधनार्थम्, संभोगयोग्यं यति संघाटकत्वेन गृह्णीयात् स्वयं वा तस्य संघाटको भवेत्। एवं स्थंडिलान्वेषणं(णे) संभोगयोग्ययतिना सह वृत्तौ च यो यत्नपरः स्थंडिलसम्भोगो यतिरित्युच्यते। (भ. आ. विजयो. ४०३)। २. थंडिलसंभोगिजदो यत्र भिक्षा कृता तत्र स्थण्डिलं प्रासुकस्थानं कायशोधनार्थमन्वेषते। समाचारात्मकः संभोगः। योग्यं यति संघाटकत्वेन गृह्णीयात्, स्वयं वा तस्य संघाटको भवेत्। एवं स्थंडिलान्वेषणे संभोगयोग्ययतिना सह वृत्तौ च यो यत्नपरः स स्थंडिलसंभोगियतिरित्युच्यते। (भ. आ. मूला. ४०३)। १ जहाँ भिक्षा की है वहाँ शरीर शुद्धि के लिए प्रासुक स्थान को खोजता है, संभोग योग्य—समान समाचार वाले—यति को संघाटक (सहायक) के रूप से ग्रहण करना चाहिए, अथवा स्वयं उसका संघाटक हो जाना चाहिए। इस प्रकार प्रासुक स्थान के खोजने और संभोग योग्य यति के साथ रहने में जो उद्यत रहता है उसे स्थण्डिलसंभोगियति कहते हैं।

स्थलगता चूलिका—१. थलगया णाम तेत्तिएहि चेव पदेहि (दोकोडि-णवलक्ख-एऊणणवुइसहस्सवेसदपदेहि) २०९८९२०० भूमिगमणकारण-मंत-तंत-तवच्छरणाणि वत्थुविज्जं भूमिसंबंधमण्णं पि सुहासुहकारणं वण्णेदि। (धव. पु. १, पृ. ११३); स्थलगतायां द्विकोटि-नवशतसहस्रैकान्नवतिसहस्रद्विशतपदायां २०९८९२०० योजनसहस्रादिगतिहेतवो विद्या-मन्त्र-तन्त्रविशेषा निरूप्यन्ते। (धव. पु. ९, पृ. २०९–१०)। २. स्थलगताप्येतावत्पद(२०९८९२००) परिमाणैव भूगमनकारण-तंत्रादिसूचिका, पृथिवीसंबन्धवास्तुविद्याप्रतिपादिका च। (सं. श्रुतभ. टी. ९, पृ. १७४)। ३. स्थलगता मेरु-कुलशैल-भूम्यादिषु प्रवेशन-शीघ्रगमनादिकारणमंत्र-तंत्र तपश्चरणादीनि वर्णयति। (गो. जी. म. प्र. व जी. प्र. ३६१–६२)। ४. स्तोककालेन बहुयोजनगमनादिहेतुभूतमंत्रतंत्रादिनिरूपिका पूर्वोक्तपदप्रमाणा स्थलगता चूलिका। (त. वृत्ति श्रुत. १–२०)। ५. मेरु-कुलसेल-भूमीपमुहेसु पवेस-सिग्घगमणादि। कारणमंतं तंतं तवचरणणिरूवया रम्मा॥ तित्तियपयमेत्ता हु थलगयसण्णामचूलिया भणिया (अंगप. ३, ३–४, पृ. ३०३)।

१ जिसमें पृथिवी पर गमन के कारणभूत मंत्र-तंत्र और तपश्चरण के साथ वास्तुविद्या एवं पृथिवी से सम्बद्ध अन्य भी शुभ-अशुभ के कारण की प्ररूपणा की जाती है उसे स्थलगता चूलिका कहा जाता है। उसका पदप्रमाण दो करोड़, नौ लाख, नवासी हजार दो सौ (२०९८९२००) है।

स्थलचर—सीह-वय-वग्घादओ थलचरा। (धव. पु. १, पृ. ९०); वृक-व्याघ्रादयः स्थलचराः। (धव. पु. १३, पृ. ३९१)।

सिंह, वृक (भेड़िया) और व्याघ्र आदि तिर्यंच जीवों को स्थल में गमन करने के कारण स्थलचर कहा जाता है।

स्थविर—१. स्थविरो वृद्धः। (योगशा. स्वो. विव. ४–९०)। २. धर्मे विषीदतां प्रोत्साहकः स्थविरः। (व्यव. भा. मलय. वृ. ३४, पृ. १३); स्थविरो जरसा वृद्धशरीरः। (व्यव. भा. मलय. वृ. ७४, पृ. ७४)।

१ स्थविर वृद्ध को कहा जाता है। २ धर्म में खेदखिन्न होने वालों को जो प्रोत्साहित किया करता है उसे स्थविर कहते हैं।

स्थविरकल्प—१. एए चेव दुवालस मत्तग अइरेगचोलपट्टो य। एसो चउद्दसविधो उवधी पुण थेरकप्पम्मि। (ओघनि. ६७१)। २. थविरकप्पो वि कहिओ अणयाराणं जिणेण सो एसो। पंचच्चेलच्चाओ अकिंचणत्तं च पडिलिहणं॥ पंचमहव्वयधरणं ठिदिभोयण एयभत्तकरपत्तो। भत्तिभरेण य दत्तं काले य अजायणे भिक्खं॥ दुविहतवे उज्जमणं छव्विहआवासएहि अणवरयं। खिदिसयणं सिरलोओ जिणवरपडिरूवपडिगहणं॥ संहणणस्स गुणेण य दुस्समकालस्स तवपहावेण। पुर-णयर-गामवासी थविरे कप्पे ठिया जाया॥ उवयरणं तं गहियं जेण ण भंगो हवेइ चरियस्स। गहियं पुत्थयदाणं जोग्गं जस्स तं तेण॥ समुदाएण विहारो धम्मस्स पहावणं ससत्तीए। भवियाण धम्मसवणं सिस्साण य पालणं गहणं॥ (भावसं. १२४–२९)।

१ पात्र व पात्रबन्ध आदि बारह प्रकार की उपधि जो जिनकल्पिकों के होती है उसमें मात्रक और

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

चोलपट्ट के सम्मिलित करने पर चौदह प्रकार की उपधि वाला स्थविरकल्प होता है। २ पाँच प्रकार के वस्त्रों का परित्याग करके दिगम्बर होना, प्रतिलेखन (पिच्छी) रखना, पाँच महाव्रतों का धारण करना, बिना याचना के योग्य समय में भक्तिपूर्वक दिए गये भोजन को खड़े रहकर हाथों के द्वारा दिन में एक ही बार ग्रहण करना, दोनों प्रकार के तप में उद्यत रहना, छह आवश्यकों का निरन्तर पालन करना, पृथिवी पर सोना, केशलोंच करना, जिनेन्द्ररूप का ग्रहण करना; दुषमा काल के प्रभाव से हीन संहनन होने के कारण पुर, नगर अथवा गांव में रहना; जिससे चारित्र भंग न हो ऐसे उपकरण को रखना, जो जिसके योग्य हो उसे पुस्तक देना, समुदाय में विहार करना, शक्ति के अनुसार धर्म की प्रभावना करना, भव्यों को धर्म सुनाना तथा शिष्यों का पालन करना; यह सब स्थविरकल्प है।

स्थान — १. उप्पत्तिहेऊ ठाणं। (धव. पु. ५, पृ. १८६); एगजीवम्मि एक्कम्हि समए जो दीसदि कम्माणुभागो तं ठाणं णाम। (धव. पु. १२, पृ. १११); समुद्रावरुद्धः व्रजः स्थानं नाम, निम्नगावरुद्धं वा। (धव. पु. १३, पृ. ३३६)। २. स्थानमवगाहनालक्षणम्। (आव. भा. मलय. वृ. २०५, पृ. ५६४)। ३. तिष्ठन्ति स्वाध्यायव्यापृता अस्मिन्निति स्थानम्। (व्यव. भा. मलय. वृ. पृ. ५४)।

प्रसंग के अनुसार स्थान के लक्षण अनेक देखे जाते हैं। यथा — १ उत्पत्ति के हेतु का नाम स्थान है। यह औदयिक भाव के प्रसंग में कहा गया है। प्रकृत स्थान की अपेक्षा उसके गति-लिंगादिरूप आठ भेद निर्दिष्ट किए गये हैं। एक जीव में एक समय में जो कर्म का अनुभाग दिखता है उसका नाम स्थान है। यह अनुभागाध्यवसानस्थान की प्ररूपणा के प्रसंग में कहा गया है। समुद्र व नदी से अवरुद्ध व्रज (गायों के स्थान) को स्थान कहा जाता है। यह मनःपर्ययज्ञान के विषय के प्रसंग में कहा गया है। २ स्थान का लक्षण अवगाहना है। यह पर्यायलोक के प्रसंग में कहा गया है। ३ स्वाध्याय में प्रवृत्त होकर जहाँ अवस्थित होते हैं उसे स्थान कहा जाता है।

स्थानक्रिया — एकपाद-समपादादिका स्थानक्रिया। (भ. आ. विजयो. व मूला. पृ. ८६)।

कायोत्सर्ग में एक पाद अथवा समपादरूप से स्थित होना, इसे स्थानक्रिया कहा जाता है।

स्थानसमुत्कीर्तन — तिष्ठत्यस्यां संख्यायामस्मिन् वा अवस्थाविशेषे प्रकृतय इति स्थानम्। ठाणं ठिदि अवट्ठाणमिदि एयट्ठो। समुक्कित्तणं परूवणमिदि उत्त होदि। ठाणस्स समुक्कित्तणा ठाणसमुक्कित्तणा। (धव. पु. ६, पृ. ७६)।

जिस संख्या में अथवा अवस्थाविशेष में कर्मप्रकृतियां रहती हैं उसका नाम स्थान है, समुत्कीर्तन का अर्थ वर्णन करना है, इस प्रकार जिस अधिकार में उक्त स्थान की प्ररूपणा की गई है उसका नाम स्थानसमुत्कीर्तना है। यह षट्खण्डागम के प्रथम खण्डस्वरूप जीवस्थान की नौ चूलिकाओं में दूसरी है।

स्थानाङ्ग — १. से किं तं ठाणे ? ठाणे णं ससमया ठाविज्जंति परसमया ठाविज्जंति ससमय-परसमया ठाविज्जंति जीवा ठाविज्जंति अजीवा ठाविज्जंति जीवाजीवा० लोगा० अलोगा० लोगालोगा ठाविज्जंति। ठाणे णं दव्व-गुण-खेत्त-काल-पज्जव-पयत्थाणं सेला सलिला य समुद्दा सूर-भवणविमाण-आगार-णदीओ। णिहिओ पुरिसज्जाया सरा य गोत्ता य जोइसंचाला ॥१॥ एक्क विहवत्तव्वयं दुविह जाव दसविहवत्तव्वयं जीवाण पोग्गलाण य लोगट्ठाइं च णं परूवणया आघविज्जंति, ठाणस्स णं परित्ता वायणा ·····से त्तं ठाणे। (समवा. १३८)। २. से किं तं ठाणे ? ठाणे णं जीवा ठाविज्जंति अजीवा ठाविज्जंति [जीवाजीवा ठाविज्जंति] ससमए ठाविज्जइ परसमए ठाविज्जइ ससमय-परसमए ठाविज्जइ लोए ठाविज्जइ अलोए ठाविज्जइ लोयालोए ठाविज्जइ। ठाणे णं टंका कूडा सेला सिहरिणो पब्भारा कुंडाइं गुहाओ आगरा दहा नईओ आघविज्जंति। ठाणे णं परित्ता वायणा ····· से तं ठाणे ॥३॥(नन्दी. सू. ८६)। ३. स्थाने अनेकाश्रयाणामर्थानां निर्णयः क्रियते। (त. वा. १, २०, १२)। ४. यत्रैकादीनि पर्यायान्तराणि वर्ण्यन्ते तत् स्थानम्। (त. भा. हरि. व सिद्ध. वृ. १–२०)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

५. ठाणं णाम अंगं बायालीसपदसहस्सेहि ४२००० एगादिएगुत्तरट्ठाणाणि वण्णेदि। तस्योदाहरणम् — एक्को चेव महप्पा सो दुवियप्पो तिलक्खणो भणिदो। चदुचंकमणाजुत्तो पंचग्गगुणप्पहाणो य ॥ छक्कापक्कमजुत्तो उवजुत्तो सत्तभंगसब्भावो। अट्ठासवो णवट्ठो जीवो दसठाणियो भणिदो॥ (पंचा. का. ७१-७२; धव. पु. १, पृ. १०० उद्.); स्थाने द्वाचत्वारिंशत्पदसहस्रे ४२००० एकाद्योत्तरक्रमेण जीवादिपदार्थानां दश स्थानानि प्ररूप्यन्ते। (धव. पु. ६ पृ. १६८)। ६. द्विचत्वारिंशत्पदसहस्रसंख्यं जीवादिद्रव्यैकाद्येकोत्तरस्थानप्रतिपादकं स्थानम् ४२०००। (सं. श्रुतभ. टी. ७, पृ. १७२)। ७. षट्द्रव्यैकाद्युत्तरस्थानव्याख्यानकारकं द्वाचत्वारिंशत्पदसहस्रप्रमाणं स्थानाङ्गम्। (त. वृत्ति श्रुत. १-२०)। ८. बादालसहस्सपदं ठाणंगं ठाणभेयसंजुत्तं। चिट्ठंति ठाणभेया एयादी जत्थ जिणदिट्ठा॥ (अंगप. १-२३, पृ. २६१)।

१ जिस अंगश्रुत में स्वसमय, परसमय, स्व परसमय, जीव, अजीव, जीव-अजीव, लोक, अलोक और लोक-अलोक; इनको यथावत् स्वरूप के प्रतिपादन के लिए स्थापित किया जाता है, जिसके द्वारा जीवादि पदार्थों का द्रव्य, गुण, क्षेत्र, काल और पर्याय के आश्रय से निरूपण किया जाता है; जहाँ पर्वत, जल (गंगा आदि नदियां), समुद्र, सूर्यविमान, भवनवासिविमान, सुवर्ण-चांदी आदि की खानें, निधियां, पुरुषप्रकार, षड्ज-ऋषभादि स्वर, गोत्र और ज्योतिषियों के संचार; इनकी व्यवस्था की गई है, तथा अध्ययन क्रम के अनुसार एक से लेकर दस प्रकार के वक्तव्य की स्थापना की जाती है उसे स्थानांग कहा जाता है। यह तीसरा अंगश्रुत है। ३ स्थानांग में अनेकाश्रयस्वरूप पदार्थों का निर्णय किया जाता है। ५ जिसमें एक से लेकर एक अधिक के क्रम से स्थानों की प्ररूपणा की जाती है उसे स्थानांग कहते हैं। जैसे—महात्मा (जीव) एक ही है, वह ज्ञान-दर्शन अथवा संसारी व मुक्त के भेद से दो प्रकार का है, उत्पाद-व्यय-ध्रौव्य-स्वरूप तीन लक्षण वाला है, चार गतियों में संक्रमण किया करता है, औपशमिकादिरूप प्रमुख पांच गुणों से युक्त हैं, चार दिशाओं के साथ ऊपर-नीचे इनके भेद से छह अपक्रमों या उपक्रमों से संयुक्त है, सात भंगों के सद्भावस्वरूप है, आठ कर्मों के आस्रव से युक्त है, नौ पदार्थों को विषय करने वाला है; पृथिवी आदि चार, प्रत्येक व साधारण वनस्पति तथा द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय, चतुरिन्द्रिय और पंचेन्द्रिय इन दस स्थानों वाला है।

स्थानान्तर—हेट्ठिमट्ठाणमुवरिमट्ठाणम्हि सोहिय रूवूणे कदे जं लद्धं तं ठाणंतरं णाम। (धव. पु. १२, पृ. ११४)।

उपरिम स्थान में से अधस्तन स्थान को कम कर देने पर जो प्राप्त हो उसका नाम स्थानान्तर है। यह लक्षण अनुभागाध्यवस्थानप्ररूपणता के प्रसंग में किया गया है।

स्थानी—स्थानम् ऊर्ध्वकायोत्सर्गः, तद्विद्यते येषां ते स्थानिनः। (प्रा. योगभ. टी. १२, पृ. २०२)।

स्थान नाम कायोत्सर्ग का है, वह जिन योगियों के है वे स्थानी कहलाते हैं।

स्थापनस्थापन—स्थापनस्थापनं यो यस्य स्थापनार्हो यथाऽऽचार्यगुणोपेत आचार्यः स्थाप्यते। (उत्तरा. चू. पृ. २४०)।

जो जिसकी स्थापना के योग्य हो उसे स्थापनस्थापन कहते हैं। जैसे—जो आचार्य के गुणों से युक्त है उसकी आचार्य के रूप में स्थापना की जाती है।

स्थापना—१. काष्ठ-पुस्त-चित्रकर्माक्षनिक्षेपादिषु सोऽयमिति स्थाप्यमाना स्थापना। (स. सि. १-५)। २. जं पुण तयत्थसुन्नं तयभिप्पाएण तारिसागारं। कीरइ व निरागारं इत्तरमियरं व सा ठवणा॥ (विशेषा. २६)। ३ आहितनामकस्य द्रव्यस्य सदसद्भावात्मना व्यवस्थापना स्थापना। (लघीय. स्वो. विव. ७४); आहितनामकस्य द्रव्यस्य सोऽयमिति संकल्पेन व्यवस्थाप्यमाना स्थापना। (लघीय. अभय. वृ. ७६, पृ. ६८)। ४ **सोऽयमित्यभिसम्बन्धत्वेन अन्यस्य व्यवस्थापनामात्रं स्थापना।** यथा परमैश्वर्यलक्षणो यः शचीपतिरिन्द्रः 'सोऽयं' इत्यन्यवस्तु प्रतिनिधीयमान स्थापना भवति। (त. वा. १, ५, २)। ५. आहिदणामस्स अण्णस्स सोयमिदि ट्ठवणं ट्ठवणा णाम। (धव. पु. १, पृ. १६); सो एसो इदि अण्णम्हि बुद्धीए अण्णारोवणं ठवणा णाम। (धव. पु. ४, पृ. ३१४); सोऽयमित्यभेदेन स्थाप्यतेऽन्योऽस्यां स्थापनयेति प्रतिनिधिः स्थापना। (धव. पु.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

१३, पृ. २०१); स्थाप्यतेऽनया निर्णीतिरूपेण अर्थ इति स्थापना। (ध. पु. १३, पृ. २४३)। ६. वस्तुनः कृतसंज्ञस्य प्रतिष्ठा स्थापना मता। सद्भावेतरभेदेन द्विधा तत्त्वाधिरोपतः॥ स्थाप्यत इति स्थापना प्रतिकृतिः, सा चाहितनामकस्येन्द्रादेर्वास्तवस्य तत्त्वाध्यारोपात् प्रतिष्ठा, सोऽयमभिसम्बन्धेनान्यस्य व्यवस्थापना, स्थापनामात्रं स्थापनेति वचनात्। (त. श्लो. १, ५, ५४, पृ. १११)। ७. सोऽयमित्यक्षकाष्ठादेः सम्बन्धेनान्यवस्तुनि। यद्व्यवस्थापनामात्रं स्थापना साभिधीयते॥ (त. सा. २–११)। ८. साकारे वा निराकारे काष्ठादौ यन्निवेशनम्। सोऽयमित्यभिधानेन स्थापना सा निगद्यते॥ (उपासका. ८२६; गो. क. जी. प्र. ५१ उद्.)। ९. स्थाप्यते इति स्थापना प्रतिकृतिः, सा च आहितनामकस्य अध्यारोपितनामकस्य, द्रव्यस्य इन्द्रादेः सोऽयमित्यभिधानेन व्ययस्थापना। (न्यायकु. ७४, पृ. ८०५)। १०. यत्सेयमित्यभेदेन सदृशेतरवस्तुषु॥ स्थापनं स्थापनं वार्हत्प्रतिकृत्यक्षतादिषु॥ (आचा. सा. ९–६)। ११. तदाकृतिशून्यं वाऽक्षनिक्षेपादि तत्स्थापना। (आव. नि. मलय. वृ. पृ. ६); स्थापना नाम द्रव्यस्याकारविशेषः। (आव. नि. मलय. वृ. ८९०, पृ. ४८७)। १२. काष्ठकर्मणि पुस्तकर्मणि लेपकर्मणि अक्षनिक्षेपे, कोऽर्थः? सारनिक्षेपे वराटकादिनिक्षेपे च सोऽयं मम गुरुरित्यादिस्थापमाना या सा स्थापना कथ्यते। (त. वृत्ति श्रुत. १–५)। १३. सोऽयं तत्समरूपे तद्बुद्धिस्थापना यथा प्रतिमा॥ (पंचाध्या. ७४३)। १४. अन्यत्र सोऽयमिति व्यवस्थापनं स्थापना। (परमा. त. १–९)।

१ काष्ठकर्म, पुस्तककर्म, चित्रकर्म और अक्षनिक्षेप आदि में जो 'वह यह है' इस प्रकार से अध्यारोप किया जाता है, इसका नाम स्थापना है। २ विवक्षित वस्तु (इन्द्र आदि) के अर्थ से रहित उसके आकारयुक्त काष्ठकर्म आदि अथवा उसके आकार से रहित अक्ष-निक्षेप जैसे सतरंज की गोटों में हाथी-घोड़ा आदि—की जो कल्पना अल्पकाल के लिए अथवा यावद्द्रव्यभावी की जाती है उसे स्थापना कहते हैं। ३ जिसके नाम का अध्यारोप किया जा चुका है ऐसे विवक्षित द्रव्य की सद्भाव (तदाकार) या असद्भाव (अतदाकार) स्वरूप से व्यवस्था की जाती है, इसे स्थापना कहा जाता है। ५ जिसके द्वारा निर्णीत रूप से अर्थ को स्थापित किया जाता है उसे स्थापना कहते हैं। यह धारणा ज्ञान का पर्यायनाम है। ११ द्रव्य के आकारविशेष का नाम स्थापना है।

स्थापना-उद्गमदोष—देखो स्थापित। साधुयाचितस्य क्षीरादेः पृथक्कृत्य स्वभाजने स्थापनं स्थापना। (योगशा. स्वो. विव. १–३८, पृ. १३३)।

साधु के द्वारा याचित दूध आदि को अलग करके अपने पात्र में स्थापित करने पर स्थापना-उद्गम-दोष होता है।

स्थापनाकर्म—१. जं तं ठवणकम्मं णाम॥ तं कट्ठकम्मेसु वा चित्तकम्मेसु वा पोत्तकम्मेसु वा लेप्पकम्मेसु वा लेणकम्मेसु वा सेलकम्मेसु वा गिहकम्मेसु वा भित्तिकम्मेसु वा दंतकम्मेसु वा भेंडकम्मेसु वा अक्खो वा वराडओ वा जे चामण्णे एवमादिया ठवणाए ठविज्जदि कम्मेत्ति तं सव्वं ठवणकम्मं णाम। (षट्ख. ५, ४, ११, १२—ध. पु. १३, पृ. ४१)। २. सरिसासरिसे दव्वे मदिणा जीवट्ठियं खु जं कम्मं। तं एदं त्ति पदिट्ठा ठवणा तं ठावणाकम्मं॥ (गो. क. ५३)।

१ काष्ठकर्म, चित्रकर्म, पोतकर्म, लेप्यकर्म, लयनकर्म, शैलकर्म, गृहकर्म, भित्तिकर्म, दन्तकर्म और भेंड कर्म तथा अक्ष, वराटक एवं और भी जो इनको आदि लेकर कर्मरूप से स्थापना द्वारा स्थापित किए जाते हैं, इस सबको स्थापनाकर्म कहा जाता है। २ सदृश अथवा विसदृश द्रव्य में जो बुद्धि से 'यह जीवस्थित कर्म है' इस प्रकार की प्रतिष्ठा या अध्यारोप किया जाता है उसे स्थापनाकर्म कहते हैं।

स्थापनाकायोत्सर्ग—पापस्थापनाद्वारेणागतातीचारशोधननिमित्तकायोत्सर्गपरिणतप्रतिबिंबता स्थापनाकायोत्सर्गः। (मूला. वृ. ७–१५१)।

पाप की स्थापना से आए हुए अतीचार को शुद्ध करने के लिए प्रतिबिम्बस्वरूप से कायोत्सर्ग में परिणत होने का नाम स्थापनाकायोत्सर्ग है।

स्थापनाकृति—जा सा ठवणकदी णाम सा कट्ठकम्मेसु वा चित्तकम्मेसु वा पोत्तकम्मेसुवा लेप्पकम्मेसु वा लेणकम्मेसु वा सेलकम्मेसु वा गिह-

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

कम्मेसु वा भित्तिकम्मेसु वा दंतकम्मेसु वा भेंडकम्मेसु वा अक्खो वा वराडओ वा जे चामण्णे एवमादिया ठवणाए ठविज्जंति कदि त्ति सा सव्वा ठवणकदी णाम। (षट्खं. ४, १, ५२—धव. पु. ९, पृ. २४८)।

काष्ठकर्म, चित्रकर्म, पोत (वस्त्र) कर्म, लेप्यकर्म, लेण (पर्वत) कर्म, शैल (पाषाण) कर्म, गृहकर्म, भित्तिकर्म, दन्तकर्म और भेंडकर्म तथा अक्ष व वराटक आदि अन्य भी जो 'कृति' इस प्रकार से स्थापना द्वारा स्थापित किये जाते हैं वह सब स्थापनाकृति कहलाती है।

स्थापनाक्षर—१. एदमिदमक्खरमिदि अभेदेण बुद्धीए जा ट्ठविदा लोहादव्वं वा तं ठवणक्खरं णाम। (धव. पु. १३, पृ. २६५)। २. पुस्तकेषु तत्तद्देशानुरूपतया लिखितसंस्थानं स्थापनाक्षरम्। (गो. जी. मं. प्र. व जी. प्र. ३३३)।

१ 'यह वह अक्षर है' इस प्रकार से बुद्धि के द्वारा अभेदरूप से जो स्थापना की जाती है उसे अथवा रेखा द्रव्य को स्थापनाक्षर कहा जाता है। २ विभिन्न देशों के अनुसार पुस्तकों में जो आकार लिखा जाता है उसका नाम स्थापनाक्षर है।

स्थापनाचतुर्विंशति—स्थापनाचतुर्विंशतिश्चतुर्विंशतेः केषांचित्स्थापना। (आव. भा. मलय. वृ. १९२, पृ. ५८९)।

किन्हीं की चतुर्विंशति के रूप से जो स्थापना की जाती है उसे स्थापनाचतुर्विंशति कहा जाता है।

स्थापनाजिन—× × × ठवणजिणा पुण जिणिंदपडिमाओ। (चैत्यव. भाष्य ५१)।

जिनेन्द्र की प्रतिमाओं को स्थापनाजिन कहा जाता है।

स्थापनाजीव—१. अक्षनिक्षेपादिषु जीव इति वा मनुष्यजीव इति वा व्यवस्थाप्यमानः स्थापनाजीवः। (स. सि. १–५; त. वृत्ति श्रुत. १–५)। २. यः काष्ठ-पुस्त-चित्रकर्माक्षनिक्षेपादिषु स्थाप्यते जीव इति स स्थापनाजीवो देवताप्रतिकृतिवदिन्द्रो रुद्रः स्कन्दो विष्णुरिति। (त. भा. १–५)। ३. एवं स्थापना जीवाकारा प्रतिकृतिः। × × × यः आकारः कराद्यवयवसन्निवेशः स स्थापनाजीवः। (त. भा. हरि. वृ. १–५)। ४. स जीवाकारो रचितः सन् स्थापनाजीवोऽभिधीयते। एतदुक्तं भवति—शरीरानुगतस्यात्मनो य आकारो दृष्टः स तत्रापि हस्तादिको दृश्यते इति कृत्वा स्थापनाजीवोऽभिधीयते। (त. भा. सिद्ध. वृ. १–५)।

१ अक्षनिक्षेप आदि में 'यह जीव है या मनुष्यजीव है' इस प्रकार से जिसकी व्यवस्था या अध्यारोप किया जाता है उसे स्थापनाजीव कहते हैं। २ काष्ठकर्म, पुस्तककर्म, चित्रकर्म और अक्षनिक्षेप आदि में इन्द्र, रुद्र, स्कन्द (कार्तिकेय) अथवा विष्णु इस प्रकार की देवता की मूर्ति के समान जो 'जीव है' इस प्रकार से स्थापित किया जाता है उसे स्थापनाजीव कहते हैं।

स्थापनाद्रव्य—१. यत् काष्ठ-पुस्त-चित्रकर्माक्षनिक्षेपादिषु स्थाप्यते द्रव्यमिति तत् स्थापनाद्रव्यम्, देवताप्रतिकृतिवदिन्द्रो रुद्रः स्कन्दो विष्णुरिति। (त. भा. १–५)। २. यत् पुनः स्थाप्यते काष्ठादिषु तत् स्थापनाद्रव्यं विशिष्टाकारमिति। (त. भा. सिद्ध. वृ. १–५)।

१ काष्ठकर्म, पुस्तकर्म, चित्रकर्म और अक्षनिक्षेप आदि में इन्द्रादि देवताओं की मूर्ति के समान 'द्रव्य है' इस प्रकार से जिसकी स्थापना की जाती है वह स्थापनाद्रव्य कहलाता है।

स्थापनानन्त—जं तं ठवणाणंतं णाम तं कट्ठकम्मेसु वा चित्तकम्मेसु वा पोत्तकम्मेसु वा लेप्पकम्मेसु वा लेणकम्मेसु वा सेलकम्मेसु वा भित्तिकम्मेसु वा गिहकम्मेसु वा भेंडकम्मेसु वा दंतकम्मेसु वा अक्खो वा वराडयो वा जे च अण्णे ठवणाए ठविदा अणंतमिदि तं सव्वं ठवणाणंत णाम। (धव. पु. ३, पृ. ११, १२)।

काष्ठकर्म, चित्रकर्म, पोतकर्म, लेप्यकर्म, लेनकर्म, शैलकर्म, भित्तिकर्म, गृहकर्म, भेण्डकर्म और दन्तकर्म तथा अक्ष व वराटक एवं अन्य भी जो 'अनन्त है' इस प्रकार से स्थापना द्वारा स्थापित किये जाते हैं, उस सबका नाम स्थापनानन्त है।

स्थापनानमस्कार—नमस्कारव्यापृतो जीवस्तस्य कृताञ्जलिपुटस्य यथाभूतेनाकारेणावस्थिता मूर्तिः स्थापनानमस्कारः। (भ. आ. विजयो. ७५३)।

जो जीव नमस्कार में प्रवृत्त होकर दोनों हाथों को जोड़कर मस्तक पर रखे हुए है उसकी उस प्रकार

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

के आकार से स्थित मूर्ति का नाम स्थापना-नमस्कार है।

स्थापनानारक—सो एसो त्ति बुद्धीए अप्पिदस्स अणप्पिदेण एयत्तं कादूण सब्भावासब्भावसरूवेण ठविदं ठवणणेरइओ। (धव. पु. ७, पृ. ३०)।

'वह (नारक) यह है' इस प्रकार बुद्धि से विवक्षित नारक का अविवक्षित के साथ अभेद करके जो तदाकार या अतदाकार रूप से स्थापना की जाती है उसे स्थापनानारक कहते हैं।

स्थापनानिर्देश—निर्देशः स्थाप्यमानः स्थापनानिर्देशः, स्थापनाया विशेषाभिधानं वा स्थापनानिर्देशो यथेयं कामदेवस्य स्थापनेति। (आव. नि. मलय. वृ. १४०)।

स्थापित किये जाने वाले निर्देश का नाम स्थापना-निर्देश है। अथवा स्थापना के विशेष कथन को स्थापनानिर्देश जानना चाहिए, जैसे यह कामदेव की स्थापना है।

स्थापनानुयोग १. ठवणाए जोऽणुओगोऽणुओग इति वा ठविज्जए जं च। जा वेह जस्स ठवणा जोग्गा ठवणाणुओगो सो॥ (विशेषा. १३६७; आव. नि. मलय. वृ. १२६ उद्.)। २. स्थापना अक्षनिक्षेपादिरूपा, तत्र योऽनुयोगं कुर्वन् स्थाप्यते सोऽनुयोगानुयोगवतोरभेदोपचारात् स्थापनानुयोगः, स्थापना चासावनुयोगश्च स्थापनानुयोगः, यदि वा स्थापनाया अनुयोगो व्याख्या स्थापनानुयोगः, अथवा यः स्थापनाया अनुकूलो योगः सम्बन्धः, किमुक्तं भवति? यस्य स्थापना स्थाप्यमाना देश-कालाद्यपेक्षया युक्ता प्रतिभासते इति, सः स्थापनानुयोगः। (आव. नि. मलय. वृ. १२६)।

२ अक्षनिक्षेपादिस्वरूप स्थापना में अनुयोग के करने वाले जिसकी स्थापना की जाती है उसे अनुयोग और अनुयोगवान् में अभेद का उपचार करने से स्थापनानुयोग कहा जाता है। अथवा स्थापना के अनुयोग (व्याख्या) को स्थापनानुयोग समझना चाहिए। अथवा स्थापना के अनुकूल जो योग (सम्बन्ध) हो उसे स्थापनानुयोग कहा जाता है। अर्थात् स्थापित की जाने वाली जिसकी स्थापना देश-काल आदि की अपेक्षा योग्य प्रतीत होती है उसे स्थापनानुयोग कहते हैं।

स्थापनापिण्ड—अक्खे वराडए वा कट्ठे पोत्थे व चित्तकम्मे वा। सब्भावमसब्भावं ठवणापिण्डं वियाणाहि॥ (ओघनि. ३३५)।

अक्ष, वराटक, काष्ठ, पुस्त अथवा चित्रकर्म इनमें सद्भाव व असद्भाव रूप स्थापनापिण्ड जानना चाहिए। अभिप्राय यह है कि यदि एक ही अक्ष आदि में पिण्ड की कल्पना की जाती है तो उसे असद्भावस्थापनापिण्ड कहा जाता है और यदि तीन आदि अक्षादिकों में पिण्ड की कल्पना की जाती है तो उसे सद्भावस्थापनापिण्ड जानना चाहिए।

स्थापनापुरुष—स्थापनापुरुषः काष्ठादिनिर्वर्तितो जिनप्रतिमादिकः। (सूत्रकृ. नि. शी. वृ. ५५, पृ. १०२-३)।

काष्ठ आदि से जिन जिनप्रतिमा आदि का निर्माण किया जाता है उन्हें स्थापनापुरुष कहा जाता है।

स्थापनापूर्वगत—सो एसो त्ति एयत्तेण संकप्पिय-दव्वं ठवणापुव्वगयं। (धव. पु. ६, पृ. २११)।

'वह (पूर्वगत) यह है' इस प्रकार अभेदरूप से जिस द्रव्य की कल्पना की जाती है उसे स्थापनापूर्वगत कहते हैं।

स्थापनाप्रकृति—जा सा ठवणपयडी णाम सा कट्ठकम्मेसु वा चित्तकम्मेसु वा पोत्तकम्मेसु वा लेप्प-कम्मेसु वा लेणकम्मेसु वा सेलकम्मेसु वा गिह-कम्मेसु वा भित्तिकम्मेसु वा दंतकम्मेसु वा भेंड-कम्मेसु वा अक्खो वा वराडओ वा जे चामण्णे ठव-णाए ठविज्जंति पगदि त्ति सा सव्वा ठवणपयडी णाम। (षट्खं. ५, ५, १०—धव. पु. १३, पृ. २०१)।

काष्ठकर्म, चित्रकर्म, पोत्तकर्म, लेप्यकर्म, लेणकर्म, शैलकर्म, गृहकर्म, भित्तिकर्म, दन्तकर्म अथवा भेंड-कर्म; इनमें तथा अक्ष, वराटक व अन्य भी जो 'प्रकृति है' इस प्रकार से स्थापना द्वारा स्थापित किए जाते हैं उस सबका नाम स्थापनाप्रकृति है।

स्थापनाप्रतिक्रमण—१. अशुभपरिणामानां विशिष्टजीवद्रव्यानुगतशरीराकारसादृश्यापेक्षया चित्रादिरूपं स्थापितं स्थापनाप्रतिक्रमणम्। (भ. आ. विजयो. ११६, पृ. २७५-७६); असंयतमिथ्यादृष्टिजीवप्रतिबिम्बपूजादिषु प्रवृत्तस्य तत्प्रतिक्रमणं स्थापनाप्रतिक्रमणम्। (भ. आ. विजयो. ४२१, पृ. ६१५)। २. सरागस्थापनाभ्यः परिणामनिवर्तनं

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

स्थापनाप्रतिक्रमणम्। ××× प्रतिक्रमणपरिणतस्य प्रतिबिम्बस्थापना स्थापनाप्रतिक्रमणम्। (मूला. वृ. ७-११५)।

१ विशिष्ट जीवद्रव्य से अनुगत शरीर के आकार की अपेक्षा से जो चित्र आदि के रूप में अशुभ परिणामों की स्थापना की जाती है उसे स्थापना-प्रतिक्रमण कहते हैं। २ सराग स्थापनाओं से परिणामों के हटाने का नाम स्थापनाप्रतिक्रमण है। प्रतिक्रमण में परिणत जीव के प्रतिबिम्ब की स्थापना को स्थापनाप्रतिक्रमण कहा जाता है।

स्थापनाप्रत्याख्यान—आप्ताभासानां प्रतिमा न पूजयिष्यामीति, योगत्रयेण त्रस-स्थावरस्थापनापीडां न करिष्यामीति प्रणिधानं मनसा स्थापनाप्रत्याख्यानम्। अथवा अर्हदादीनां स्थापनां न विनाशयिष्यामि नैवानादरं तत्र करिष्यामि इति वा। (भ. आ. विजयो. ११६, पृ. २७६)।

मैं आप्ताभासों की प्रतिमाओं की पूजा न करूंगा तथा मन-वचन-काय से त्रस व स्थावर जीवों की स्थापना को पीड़ित न करूंगा, इस प्रकार मन से चिन्तन करने का नाम स्थापनाप्रत्याख्यान है। अथवा अर्हदादिकों की स्थापना को न नष्ट करूंगा और न अनादर करूंगा, इस प्रकार के विचार का नाम स्थापना-प्रत्याख्यान है।

स्थापनाबन्ध—अण्णबंधम्मि अण्णबंधस्स सो एसो त्ति बुद्धीए ट्ठवणा ट्ठवणबंधो णाम। (धव. पु. १४, पृ. ४)।

'वह यह है' इस प्रकार की बुद्धि से जो अन्य बन्ध में अन्य बन्ध की स्थापना की जाती है उसे स्थापना-बन्ध कहा जाता है।

स्थापनाबन्धक—कट्ठ-पोत्त-लेप्पकम्मादिसु सब्भावासब्भावभेएण जे ठविदा बंधया त्ति ते ठवणबंधया णाम। (धव. पु. ७, पृ. ३)।

काष्ठकर्म, पोत्तकर्म और लेप्यकर्म आदि में सद्भाव और असद्भाव के भेद से जिन बन्धकों की स्थापना की जाती है वे स्थापनाबन्धक कहलाते हैं।

स्थापनामंगल—१. ठावणमंगलमेदं अकट्टिमाकट्टिमाणि जिणबिंबा। (ति. प. १-२०)। २. जा मंगल त्ति ठवणा विहिता सब्भावतो व असतो वा। (बृहत्क. १)। ३. ठवणमंगलं णाम आहिदणामस्स अण्णस्स सोयमिदि ठवणं ठवणा णाम। (धव. पु. १, पृ. १९)।

१ अकृत्रिम और कृत्रिम जिनप्रतिमाओं को स्थापना-मंगल माना जाता है। २ सद्भाव अथवा असद्भाव रूप से जो 'वह यह मंगल है' इस प्रकार की स्थापना की जाती है उसे स्थापनामंगल कहते हैं।

स्थापनालक्षण—स्थापनालक्षणं लकारादिवर्णानामाकारविशेषः, अथवा लक्षणानां स्वस्तिक-शङ्ख-चक्र-ध्वजादीनां यो मंगलपट्टादावक्षतादिभिर्न्यासस्तत् स्थापनालक्षणम्। (आव. नि. मलय. वृ. ७५१, पृ. ३६७)।

'लक्षण' शब्दगत लकार आदि वर्णों का अथवा स्वस्तिक, शंख, चक्र और ध्वजा आदि लक्षणों (चिह्नों) का मंगलपट्ट आदि में जो अक्षतों आदि के द्वारा निक्षेप किया जाता है उसे स्थापनालक्षण कहते हैं।

स्थापनालेश्या—सब्भावासब्भावट्ठवणाए ठविदं दव्वं ठवणलेस्सा। (धव. पु. १६, पृ. ४८४)।

सद्भाव या असद्भाव स्थापना द्वारा लेश्याके रूप में स्थापित द्रव्य को स्थापनालेश्या कहा जाता है।

स्थापनालोक—ठविदं ठाविदं चावि जं किंचि अत्थि लोगम्हि। ठवणालोगं वियाणाहि अणंत जिणदेसिदं॥ (मूला. ७-४६)।

लोक में जो कुछ भी स्थित है और स्थापित है उसे स्थापनालोक जानना चाहिए।

स्थापनाल्पबहुत्व—एदम्हादो एदस्स बहुत्तमप्पत्तं वा एदमिदि एयत्तज्झारोवेण ठविदं ठवणप्पाबहुगं। (धव. पु. ५, पृ. २४१)।

इसकी अपेक्षा यह अधिक है अथवा यह अल्प है, इस प्रकार से जो एकता के अध्यारोपपूर्वक स्थापित किया जाता है उसे स्थापनाअल्पबहुत्व कहते हैं।

स्थापनावश्यक—जण्णं कट्ठकम्मे वा पोत्थकम्मे वा चित्तकम्मे वा लेप्पकम्मे वा गंथिमे वा वेढिमे वा पूरिमे वा संघाइमे वा अक्खे वा वराडए वा एगो वा अणेगो वा सब्भावठवणा वा असब्भावठवणा वा आवस्सएत्ति ठवणा ठविज्जइ से तं ठवणावस्सयं। (अनुयो. सू. १०, पृ. १२)।

काष्ठकर्म, पुस्तकर्म अथवा पोतकर्म, चित्रकर्म, लेप्यकर्म, ग्रन्थिम, वेष्टिम, पूरिम, संघातिम, अक्ष अथवा

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

वराटक इनमें 'यह आवश्यक है' इस प्रकार से सद्भावस्थापना अथवा असद्भावस्थापना के द्वारा एक अथवा अनेक की स्थापना की जाती है उसे स्थापनावश्यक कहा जाता है। यहाँ स्थाप्यमान आवश्यक से अभेदोपचारसे आवश्यकवान् को ग्रहण किया गया है।

स्थापनावेदना—सा वेयणा एस त्ति अभेएण अज्झवसियत्थो ठवणवेदणा। (धव. पु. १०, पृ. ७)। 'वह वेदना यह है' इस प्रकार अभेद के साथ जो पदार्थ का निश्चय किया जाता है उसे स्थापनावेदना कहते हैं।

स्थापनाश्रुत—ज णं कट्ठकम्मे वा जाव ठवणा ठविज्जइ से तं ठवणासुअं। (अनुयो. सू. ३१, पृ. ३२)। काष्ठकर्म आदि में श्रुत के पठन आदि में व्यापृत एक-अनेक साधुओं आदि की जो श्रुत के रूप से स्थापना की जाती है उसे स्थापनाश्रुत कहा जाता है।

स्थापनासत्य—१. ××× ठवणा ठविदं जह देवदादि ××× । (मूला. ५-११३)। २. असत्यप्यर्थे यत्कार्यार्थं स्थापितं द्यूताक्षनिक्षेपादिषु (धव. 'द्यूताक्षादिषु', चा. व कार्ति. 'द्यूताक्षसारिका') तत् स्थापनासत्यम्। (त. वा. १, २०, १२; धव. पु. १, पृ. ११७-१८; चा. सा. पृ. २६; कार्तिके. टी. ३६८)। ३. अर्हन्निन्द्रा स्कन्द इत्येवमादयः सद्भावासद्भावस्थापनाविषयाः स्थापनासत्यम्। (भ. आ. विजयो. ११६३)। ४. आकारेणाक्ष-पुस्तादौ सता वा यदि वाऽसता। स्थापितं व्यवहारार्थं स्थापनासत्यमुच्यते॥ (ह. पु. १०-१००)। ५. धर्मोऽन्यवस्तुनः स्थाप्यतेऽन्यस्मिन्ननुरूपिणि। अन्यस्मिन् वा यया मत्या स्थापना सा तया वचः॥ सत्यं स्यात् स्थापनासत्यं प्रतिबिम्बाक्षतादिषु। चन्द्रप्रभजिनेन्द्रोऽयमित्यादि वचनं यथा॥ (आचा. सा. ५, २७ व २८)। ६. ××× स्थापने देवोक्षादिषु ××× । (अन. ध. ४-४७)। ७. स्थापनासत्यं यथा पाषाणप्रतिमादिष्वियं चक्रेश्वरी, अयमर्हन् इति तदिदमिति बुद्धिपरिग्रहणम्। (भ. आ. मूला. ११६३)। ८. अन्यत्रान्यवस्तुनः समारोपः स्थापना, तदाश्रितं मुख्यवस्तुनो नाम स्थापनासत्यम्। (गो. जी. म प्र. व जी. प्र. २२३)।

१ स्थापना में जो देवता आदि की कल्पना की जाती है—जैसे मूर्ति में ऋषभादि की, तदनुरूप वचन को स्थापनासत्य कहते हैं। २ पदार्थ के न रहते हुए भी पांसों आदि में कार्य के वश जो हाथी आदि की कल्पना करके वैसा कहा जाता है, यह स्थापनासत्य कहलाता है।

स्थापनासंक्रम—सो एसो त्ति अण्णस्स सरूवं बुद्धीए णिधत्तो ठवणसंकमो। (धव. पु. १६, पृ. ३३६)। 'वह यह है' इस प्रकार अन्य के स्वरूप को बुद्धि में स्थापित करना, यह स्थापनासंक्रम है।

स्थापनासंख्या—देखो स्थापनावश्यक। जण्णं कट्ठकम्मे वा पोत्थकम्मे वा जाव से तं ठवणसंखा। (अनुयो. सू. १४६, पृ. २३०)। काष्ठकर्म आदि में जो सद्भाव अथवा असद्भाव स्थापना के द्वारा 'यह संख्या है' इस प्रकार से अध्यारोप किया जाता है उसे स्थापनासंख्या कहते हैं।

स्थापनासंख्यात—जं तं ठवणासंखेज्जयं तं कट्ठकम्मादिसु सब्भावासब्भावट्ठवणाए ठविदं असंखेज्जमिदि। (धव. पु. ३, पृ. १२३)। काष्ठकर्म आदि में सद्भाव व असद्भाव स्वरूप से 'यह असंख्यात है' इस प्रकार से जो स्थापना की जाती है उसे स्थापनासंख्यात कहा जाता है।

स्थापनासामायिक—१. सर्वसावद्यनिवृत्तिपरिणामवता आत्मना एकीभूतं शरीरं यत्तदाकारसादृश्यात्तदेवेदमिति स्थाप्यते यच्चित्र-पुस्तादिकं तत्स्थापनासामायिकम्। (भ. आ. विजयो. ११६)। २. काश्चन स्थापनाः सुस्थिताः सुप्रमाणाः सर्वावयवसम्पूर्णाः सद्भावरूपा मनआल्हादकारिण्यः, काश्चन पुनः स्थापना दुःस्थिताः प्रमाणरहिताः सर्वावयवैरसम्पूर्णाः सद्भावरहितास्तासाम् उपरि राग-द्वेषयोरभावः स्थापनासामायिकं नाम। ××× अथवा ××× सामायिकावश्यकेन परिणतस्याकृतिमत्यनाकृतिमति च वस्तुनि गुणारोपणं स्थापनासामायिक नाम। (मूला. वृ. ७-१७)। ३. स्थापनासामायिकं मानोन्मानादिगुणमनोहरास्वितरासु च स्थापनासु राग-द्वेषनिषेधः। ××× सामायिकावश्यकपरिणतस्य तदाकारेऽतदाकारे वा वस्तुनि गुणारोपणं स्थापनासामायिकम्। (अन. ध. स्वो. टी. ८-१६)। ४. मनोज्ञामनोज्ञासु स्त्री-पुरुषाद्याकारस्थापनासु काष्ठ-लेप्य-चित्रादिप्रतिमासु राग-द्वेषनिवृत्तिः इदं सामायिकमिति स्थाप्यमानं यत्किंचिद्वस्तु वा स्थापनासामायिकम्। (गो. जी. म.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

प्र. व जी. प्र. ३६७–६८)। ५: मणुऽण्णमणुण्णासु इत्थि-पुरिसाइआयारठावणासु कट्ठ-लेव-चित्तादि-पडिमासु राय-दोसणियट्टी, इणं सामाइयमिदि ठाइज्जमाणयं किंचि वत्थु वा ठावणासामाइयं। (अंग-प. पृ. ३०५)।

१ समस्त सावद्य की निवृत्तिरूप परिणाम से युक्त आत्मा के साथ एकता को प्राप्त हुआ जो शरीर है उसके आकार की समानता से जो 'वही यह सामायिक है' इस प्रकार चित्र अथवा पुस्तक आदि में स्थापना की जाती है उसका नाम स्थापनासामायिक है। २ कुछ स्थापनाएं व्यवस्थित समुचित प्रमाण से संयुक्त, समस्त अवयवों से परिपूर्ण एवं सद्भावरूप होकर सबको अभिनन्दन करने वाली तथा इसके विपरीत कुछ योग्य प्रमाणादि से रहित होने के कारण मनको खेदजनक भी होती हैं। उनके विषय में राग-द्वेष नहीं करना, इसे स्थापनासामायिक कहते हैं।

स्थापनासिद्ध—पूर्वभावप्रज्ञापननयापेक्षया चरम-शरीरानुप्रविष्टो य आत्मा क्षीरानुप्रविष्टोदकमिव संस्थानवत्तामुपगतः, शरीरापायेऽपि तमात्मानं चरम-शरीरात् किञ्चिन्न्यूनात्मप्रदेशसमवस्थानं बुद्धावारोप्य तदेवेदमिति स्थापिता मूर्तिः स्थापनासिद्ध। (भ. आ. विजयो. १)।

पूर्वभावप्रज्ञापन नय की अपेक्षा जो आत्मा दूध में प्रविष्ट पानी के समान अन्तिम शरीर में प्रविष्ट होकर उसके आकार को प्राप्त हुआ है शरीर के विनष्ट हो जाने पर भी उक्त अन्तिम शरीर से किंचित् हीन आत्मप्रदेशों में अवस्थित उस आत्मा को बुद्धि में आरोपित करके 'वही यह है' इस प्रकार से जो मूर्ति की स्थापना की जाती है, उसे स्थापनासिद्ध कहते हैं।

स्थापनास्तव—१. चतुर्विंशतितीर्थकराणामपरिमितानां कृत्रिमाकृत्रिमस्थापनानां स्तवन चतुर्विंशति-स्थापनास्तवः। ××× अथवा ××× चतुर्विंशतितीर्थकराणां साकृत्यनाकृतिवस्तुनि गुणानारोप्य स्तवनं स्थापनास्तवः। (मूला. वृ. ७–४१)। २. कृत्रिमाकृत्रिमावर्णप्रमाणायतनादिभिः। व्यवर्ण्यन्ते जिनेन्द्रार्चा यदसौ स्थापनास्तवः॥ (अन. ध. ८–४०)।

१ चौबीस तीर्थंकरों की कृत्रिम-अकृत्रिम अपरिमित प्रतिमाओं की जो स्तुति की जाती है उसे स्थापना-स्तव कहते हैं। तदाकार अथवा अतदाकार वस्तु में जो चौबीस तीर्थंकरों के गुणों का आरोप करके उनकी स्तुति की जाती है उसे भी स्थापनास्तव कहा जाता है।।

स्थापनास्थापन—देखो स्थापनस्थापन।

स्थापनास्पर्श—देखो स्थापनाकर्म और स्थापना-कृति। १. जो सो ठवणफासो णाम सो कट्ठकम्मेसु वा चित्तकम्मेसु वा पोत्तकम्मेसु वा लेप्पकम्मेसु वा लेण्णकम्मेसु वा सेलकम्मेसु वा गिहकम्मेसु वा भित्तिकम्मेसु वा दंतकम्मेसु वा भेंडकम्मेसु वा अक्खो वा वराडओ वा जे चामण्णे एवमादिया ठवणाए ठविज्जदि फासे त्ति सो सव्वो ठवणफासो णाम। (षट्ख. ५, ३, १०—धव. पु. १३, पृ. ८-६)। २. सोयमिदि बुद्धीए अण्णदव्वेण अण्णदव्वस्स एयत्त-करणं ठवणफोसणं णाम। (धव. पु. ४, पृ. १४२)।

१ काष्ठकर्म व चित्रकर्म आदि में जो 'स्पर्श है' इस प्रकार से स्थापना के द्वारा जो अध्यारोप किया जाता है उस सबका नाम स्थापनास्पर्श है।

स्थापनीमुद्रा—देखो आवाहनीमुद्रा। इयमेव (आवाहन्येव) अधोमुखी स्थापनी। (निर्वाणक. पृ. ३२)।

अधोमुख वाली आवाहनीमुद्रा को ही स्थापनीमुद्रा कहा जाता है।

स्थापनोद्देश—यत्तु सामान्येन देवताया इयं स्थापनेत्यभिधानं स स्थापनोद्देशः। (आव. नि. मलय. वृ. १४०)।

यह सामान्य से देवता की स्थापना है, इस प्रकार जो कथन किया जाता है उसे स्थापना-उद्देश कहते हैं।

स्थापित—देखो स्थापना-उद्गम दोष। १. पागादु भायणाओ अण्णम्हि य भायणम्हि पक्खविय। सघरे व परघरे वा णिहिदं ठविदं वियाणाहि॥ (मूला. ६–११)। २. स्वार्थमेव कृतं संयतार्थमिति स्थापितम्। (भ. आ. विजयो. व मूला. २३०)। ३. स्व-गृहेऽन्यगृहे वा यत् स्थापितं पाकभाजनात्। अन्यस्मिन् भाजनेऽन्नादि निक्षिप्य स्थापितं मतम्॥ (आचा. सा. ८–२६)। ४. स्थापितं यत्संयतार्थं स्वस्थाने परस्थाने वा स्थापितम्। (व्यव. भा. मलय. वृ. ४–१६५)। ५. पाकभाजनाद् गृहीत्वा यदन्नं स्वगृहेऽन्यगृहे वा स्थापितम्। (भावप्रा. टी. ६६)।

१ पाक के लिए प्रयुक्त पात्र से देय आहार को निकालकर और अन्यपात्र में रखकर अपने ही घर

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

में अथवा दूसरे के घर में रखने पर स्थापित दोष होता है। ४ संयत के देने के लिए जो अन्न अपने स्थान में या पर के स्थान में स्थापित किया जाता है वह स्थापित उद्गमदोष से दूषित होता है।

स्थापितभोजी—देखो 'प्राभृतिका' व 'प्राभृतिका-स्थापना'। यः स्थापितकभोजी स्थापनादोषदुष्टप्राभृतिकाभोजी। (व्यव. भा. मलय. वृ. १–११६)। जो साधु स्थापित भोजन को ग्रहण करता है वह प्राभृतिका (साधु का एक भिक्षादोष) भिक्षा का भोजन करने वाला होता है।

स्थालपानक—से किं थालपाणए? जण्णं दाथालगं वा दावारगं वा वाकुंभगं वा दाकलसं वा सीयलगं उल्लगं हत्थेहिं परामुसइ न य पाणियं पियइ, से त्तं थालपाणए। (भगवती १५–२६, पृ. ३८८—खण्ड ३)।

स्वभावहीन—स्वभावहीनं यद्वस्तुनः प्रत्यक्षादिप्रसिद्धं स्वभावमतिरिच्यान्यथावचनम् । यथा—शीतोऽग्निः, मूर्तिमदाकाशमित्यादिः । (आव. नि. मलय. वृ. ८८२, पृ. ४८३) ।

वस्तु के प्रत्यक्षादि प्रमाण से सिद्ध स्वभाव को छोड़ कर अन्य प्रकार से कथन करने को स्वभावहीन कहा जाता है । जैसे—अग्नि शीतल है, आकाश मूर्तिक है, इत्यादि । यह सूत्र के ३२ दोषों में १९वां है ।

स्वभ्रपूरण—येन केनचित्प्रकारेण स्वभ्रपूरणवदुदरगर्तमनगारः पूरयति स्वादुनेतरेण वेति स्वभ्रपूरणमिष्यते । (त. वा. ९, ६, १६) ।

जिस प्रकार गड्ढे को कंकड़, पत्थर अथवा मिट्टी आदि जिस किसी भी वस्तु के द्वारा भर दिया जाता है—उसके भरने के लिए अमुक वस्तु ही होना चाहिए, ऐसी अपेक्षा नहीं रहती—उसी प्रकार साधु उदर रूप गड्ढे को निर्दोष किसी भी भोजन से पूरा करता है—वह स्वादिष्ट अथवा नीरस आदि का विचार नहीं करता । इसलिए स्वभ्र (गड्ढे) के समान भरे जाने के कारण उसके भोजन को स्वभ्रपूरण कहा जाता है ।

स्व-मनोज्ञ—स्वस्य मनोज्ञाः समानसमाचारीकतया अभिरुचिताः स्वमनोज्ञाः । (स्थाना. अभय. वृ. १७४) ।

समान समाचारी वाले होने से जो अपने लिए रुचिकर होते हैं वे स्व-मनोज्ञ कहलाते हैं ।

स्वयंबुद्ध—स्वयम् आत्मनैव सम्यग्वरबोधिप्राप्त्या बुद्धा मिथ्यात्व-निद्रापगमसम्बोधेन स्वयं सम्बुद्धाः । (ललित. वि. पृ. २०) ।

मिथ्यात्वरूप निद्रा के विनष्ट हो जाने से प्राप्त हुए

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

समीचीन बोध से जो स्वयं ही प्रबुद्ध हुए हैं उन्हें स्वयंबुद्ध कहा जाता है ।

स्वयंबुद्धसिद्ध—स्वयं बुद्धा सन्तो ये सिद्धाः ते स्वयंबोधसिद्धाः, स्वयंबुद्धा हि बाह्यप्रत्ययमन्तरेण बुध्यन्ते, उपधिस्तु स्वयंबुद्धानां पात्रादिर्द्वादशधा, स्वयंबुद्धानां पूर्वाधीतश्रुतेऽनियमः, लिङ्गप्रतिपत्तिस्तु स्वयंबुद्धानां गुरुसन्निधावपि भवति । (**योगशा. स्वो. विव.** ३–१२४) ।

जो स्वयं ही प्रबुद्ध होकर सिद्धि को प्राप्त हुए हैं वे स्वयंबुद्धसिद्ध कहलाते हैं । ये बाह्य कारण के बिना ही बोधि को प्राप्त होते हैं ।

स्वयंबुद्धसिद्धकेवलज्ञान—स्वयंबुद्धाः सन्तो ये सिद्धास्तेषां केवलज्ञानं स्वयंबुद्धसिद्धकेवलज्ञानम् । × × × स्वयंबुद्धा बाह्यप्रयत्नमन्तरेणैव बुध्यन्ते, स्वयमेव—बाह्यप्रयत्नमन्तरेणैव निजजातिस्मरणादिना बुद्धाः स्वयंबुद्धाः । (**आव. नि. मलय. वृ.७८**) ।

जो अपने जातिस्मरण आदि के द्वारा स्वयं प्रबुद्ध होकर सिद्धि को प्राप्त हुए हैं उनके केवलज्ञान को स्वयंबुद्धसिद्धकेवलज्ञान कहा जाता है ।

स्वयंभू—१. स्वयमेव भूतवानिति स्वयम्भूः । (**धव. पु. १, पृ. ११६–२०; पु. ६, पृ. २२१**) । २. सह ज्ञानत्रयेणात्र तृतीयभवभाविना । स्वयं भूतो यतोऽतस्त्वं स्वयंभूरिति भाष्यसे ॥ (**ह. पु. ८–२०७**) । ३. स्वयं परोपदेशमन्तरेण मोक्षमार्गमवबुद्ध्यानुष्ठाय चानन्तचतुष्टयरूपतया भवतीति स्वयंभूः । (**अन. ध. स्वो. टी. ८–३६**) । ४. स स्वयम्भूः स्वयं भूतं संज्ञानं यस्य केवलम् । विश्वस्य ग्राहकं नित्यं युगपद् दर्शनं तदा ॥ (**आप्तस्व. २२**) । ५. सयं भवणसीलो सयंभू । (**अंगप. २, ८६-८७**) ।

१ जो अन्य की अपेक्षा न करके स्वयं विशिष्ट ज्ञानादि को प्राप्त होता है उसे स्वयंभू कहा जाता है । यह जीव के कर्ता-भोक्ता आदि अनेक पर्याय नामों के अन्तर्गत है । २ भगवान् आदिनाथ ने अपने पूर्व तृतीय भव में तीन ज्ञानों को प्राप्त कर लिया था, उन्हीं तीन ज्ञानों के साथ वे यहां स्वयं हुए थे, इसी से इन्द्र के द्वारा प्रार्थना में उन्हें स्वयंभू कहा गया है ।

स्वर—स्वरं जीवाजीवादिकाश्रितस्वस्वरूपफलाभिधायकम् । (**समवा. अभय. वृ. २६**) ।

जो जीव-अजीव आदि के आश्रित अपने स्वरूप व फल का वर्णन करने वाला है उसे स्वर कहा जाता है । यह २६वें पापश्रुत के अन्तर्गत है ।

स्वरनिमित्त—१. णर-तिरियाण विचित्तं सद्दं सोदूण दुक्ख-सोक्खाइं । कालत्तयणिप्पण्णं जं जाणइ तं सरणिमित्तं ॥ (**ति. प. १००८**) । २. अक्षरानक्षरशुभाशुभशब्दश्रवणेनेष्टानिष्टफलाविर्भावनं महानिमित्तं स्वरम् । (**त. वा. ३, ३६, ३**) । ३. खर-पिंगलोलूव-वायस-सिव-सियाल-णर-णारीसरं सोऊण लाहालाह-सुह-दुक्ख-जीविद-मरणादीणं अवगमो सरमहाणिमित्तं णाम । (**धव. पु. ६, पृ. ७२**) । ४. नर नारी-खर-पिंगलोलूक-कपि-वायस-शिवा-शृगालादीनामक्षराऽनक्षरात्मकशुभाशुभशब्दश्रवणेनेष्टानिष्टफलाविर्भावकः स्वरः । (**चा. सा. पृ. ६४**) । ५. यं स्वरं शब्दविशेषं श्रुत्वा पुरुषस्यान्यस्य वा शुभाशुभं ज्ञायते तत्स्वरनिमित्तम् । (**मूला. वृ. ६–३०**) ।

१ मनुष्य व तिर्यंचों के विचित्र शब्दों को सुनकर तीनों कालों से सम्बन्धित दुख सुख को जान लेना, इसे स्वरनिमित्त कहा जाता है ।

स्वरमहानिमित्त—देखो स्वरनिमित्त ।

स्वरूपासिद्धहेत्वाभास—स्वरूपाभावनिश्चये स्वरूपासिद्धः । × × × यथा परिणामी शब्दः, चाक्षुषत्वात् । (**न्यायदी. पृ. १००**) ।

जिस हेतु के स्वरूप का अभाव निश्चित है उसे स्वरूपासिद्धहेत्वाभास कहा जाता है । जैसे—शब्द परिणामी है, क्योंकि वह चक्षु इन्द्रिय का विषय है । यहाँ शब्द में चाक्षुषत्व का अभाव निश्चित है, क्योंकि वह चक्षु का विषय न होकर श्रोत्र का विषय है । इसीलिए यह स्वरूपासिद्ध है ।

स्वलक्षण—१. स्वलक्षणमसंकीर्णं समानं सविकल्पकम् । समर्थं स्वगुणैरेकं सह-क्रमविवर्तिभिः ॥ (**न्यायवि. १–१२२**); अन्वयोऽन्यव्यवच्छेदो व्यतिरेकः स्वलक्षणम् । (**न्यायवि. १२६**) । २. स्वं स्वरूपं लक्षणं यस्य तत् स्वलक्षणम् । (**न्यायवि. वि. १–१२२**) ।

१ जो संकर से रहित, समान, विकल्पसहित, समर्थ और सहवर्ती व क्रमवर्ती अपने गुणों से—गुण-पर्यायोंसे—एक होता है वह स्वलक्षण कहलाता है । २ अपनास्वरूप ही जिसका लक्षण है उसे स्वलक्षण कहा जाता है ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

स्वलिङ्ग — रजोहरण-मुखवस्त्रिका-चोलपट्टकादि स्वलिङ्गम् । (त. भा. सिद्ध. वृ. १०–७)।

रजोहरण, मुखवस्त्रिका और चोलपट्टक इन्हें स्वलिङ्ग माना गया है।

स्वलिङ्गसिद्ध—स्वलिङ्गेन रजोहरणादिना द्रव्यलिङ्गेन सिद्धाः स्वलिङ्गसिद्धाः। (योगशा. स्वो. विव. ३–१२४)।

पूर्वभावप्रज्ञापनीय की अपेक्षा जो रजोहरणादि द्रव्यलिंग स्वरूप स्वलिंग से सिद्ध हुए हैं उन्हें स्वलिंगसिद्ध कहा जाता है।

स्वलिङ्गसिद्धकेवलज्ञान—स्वलिंगे रजोहरणादौ सिद्धानां केवलज्ञानं स्वलिङ्गसिद्धकेवलज्ञानम् । (आव. नि. मलय. वृ. ७८, पृ. ८५)।

जो जीव रजोहरणादिरूप स्वलिंग में सिद्ध हुए हैं उनके केवलज्ञान को स्वलिंगसिद्धकेवलज्ञान कहा जाता है।

स्वव्यवसाय—स्वोन्मुखतया प्रतिभासनं स्वस्य व्यवसायः। (परीक्षा. १–६)।

प्रमाण में जो अपने अभिमुख होकर प्रकाश होता है, यह उसका स्वव्यवसाय कहलाता है।

स्वशरीरसंस्कार—१. स्वमात्मीयम् तच्च तच्छरीरं च स्वशरीरं निजशरीरम्, तस्य संस्कारः दन्त नख-केशादिशृंगारः स्वशरीरसंस्कारः। (त. वृत्ति श्रुत. ७–७)। २. स्नेहाभ्यङ्गादिस्नानानि माल्यं सृक्-चन्दनानि च। कुर्यादत्यर्थमात्रं चेद् ब्रह्मातीचारदोषकृत्॥ स्वशरीरसंस्काराख्यो दोषोऽयं ब्रह्मचारिणः। (लाटीसं. ६, ६९–७०)।

१ दांत, नाखून और बालों आदि के शृंगार करने को स्वशरीरसंस्कार कहा जाता है। ब्रह्मचर्यव्रत की भावनाओं में इसके परित्याग का चिंतन किया जाता है। २ तेल का मर्दन करना तथा माला व चन्दन आदि सुगन्धित द्रव्य का उपयोग करना, यह सब स्वशरीरसंस्कार कहलाता है।

स्वसमय—१. जीवो चरित्त-दंसण-णाणट्ठिद तं हि ससमयं जाण। (समयप्रा. २)। २. ××× स्वरूपादप्रच्यवनात् टङ्कोत्कीर्णचित्स्वभावो जीवो नाम पदार्थः स समयः, समयत एकत्वेन युगपज्जानाति गच्छति चेति निरुक्तेः। अयं खलु यदा सकलस्वभावभासनसमर्थविद्यासमुत्पादकविवेकज्योतिरुद्गमनात् समस्तपरद्रव्यात् प्रच्युत्य दृशि-ज्ञप्तिस्वभावनियतवृत्तिरूपात्मतत्त्वैकत्वगतत्वेन वर्तते तदा दर्शन-ज्ञान-चारित्रस्थितत्वात् स्वमेकत्वेन युगपज्जानन् गच्छंश्च स्वसमय इति। (समयप्रा. अमृत. वृ. २)। ३. तस्यैवानादिमोहनीयोदयानुवृत्तिपरत्वमपास्यात्यन्तशुद्धोपयोगस्य सतः समुपात्तभावैक्यरूप्यत्वान्नियतगुण-पर्यायत्वं स्वसमयः। (पंचा. का. अमृत. वृ. १५५)।

१ जीव जब चारित्र, दर्शन और ज्ञान में स्थित होता है तब उसे स्वसमय जानना चाहिए।

स्वसमयवक्तव्यता—जम्हि सत्थम्हि ससमयो चेव वण्णिज्जदि परूविज्जदि पण्णाविज्जदि तं सत्थं ससमयवत्तव्वं, तस्स भावो ससमयवत्तव्वदा। (धव. पु. १, पृ. ८२)।

जिस शास्त्र में स्वसमय की ही प्ररूपणा की जाती है—उसका परिज्ञान कराया जाता है—उसे स्वसमयवक्तव्य कहा जाता है। इस स्वसमयवक्तव्य के स्वरूप का नाम ही स्वसमयवक्तव्यता है।

स्वस्थान—उप्पण्णपदेसो घरं गामो देसो वा सत्थाणं ××× । (धव. पु. ४, पृ. १२१)।

जिस प्रदेश—घर, ग्राम अथवा देश में उत्पन्न हुआ है—उसका नाम स्वस्थान है।

स्वस्थान-स्वस्थान—सत्थाण-सत्थाणं णाम अप्पणो उप्पण्णगणयरे रण्णे वा सयण-णिसीयण-चंकमणादिवावारजुत्तेणच्छणं। (धव. पु. ४, पृ. २६)।

जिस अपने ग्राम, नगर अथवा जंगल में उत्पन्न हुआ है वहाँ सोने, बैठने अथवा गमन करने आदि के व्यापार से युक्त होकर रहना; इसका नाम स्वस्थान-स्वस्थान है।

स्वस्थानाप्रमत्त—१. णट्ठासेसपमादो वय-गुणसीलोलिमंडिओ णाणी। अणुवसमओ अखवओ झाणवसणिलीणो हु अपमत्तो॥ (गो. जी. ४६)। २. व्रत-गुण-शीलानां पंक्तिभिरलंकृतः ज्ञानी निरन्तरदेहात्मभेदज्ञानपरिणतः, ध्याननिलीनः मोक्षहेतुधर्मध्याने निलीनः निमग्नः, बहिर्व्यापारमपश्यन्नित्यर्थः, एवंविधः अप्रमत्तसंयतो यावदनुपशमकः अक्षपकश्च-उपशमक-क्षपकश्रेणिद्वयाभिमुखो न भवति तावत्स्वस्थानाप्रमत्तः—निरतिशयाप्रमत्तः। (गो. जी. म. प्र. ४६)। ३. यो नष्टाशेषप्रमादः व्रत-गुण-शीलावलीभिर्मण्डितः सम्यग्ज्ञानोपयोगयुक्तः धर्मध्याननिलीनमनाः अप्रमत्तसंयतो यावदुपशमश्रेण्यभिमुखः क्षपक-

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

श्रेण्यभिमुखो वा चरितुं न वर्तते तावत् स खलु स्वस्थानाप्रमत्तः। (गो. जी. जी. प्र. ४६)।

१ समस्त प्रमादों से रहित तथा व्रत, गुण एवं शील से सुशोभित सम्यग्ज्ञानी अप्रमत्तगुणस्थानवर्ती जीव जब तक उपशम अथवा क्षपक श्रेणि पर आरूढ नहीं होता तब तक ध्यान में निमग्न वह स्वस्थान-अप्रमत्त कहलाता है।

स्वस्थितिकरण- तत्र मोहोदयोद्रेकाच्च्युतस्यात्मस्थितेश्चितः। भूयः संस्थापनं स्वस्य स्थितीकरणमात्मनि ॥ (लाटीसं. ४-२६७; पंचाध्या. ७६३)। मोह के तीव्र उदय के वश आत्मस्थिति से—रत्नत्रयस्वरूप मोक्षमार्ग से - भ्रष्ट जीव जो अपने को पुनः उस आत्मस्वरूप में प्रतिष्ठित करता है, इसे स्वस्थितिकरण कहते हैं। यह सम्यग्दर्शन के अंगभूत स्थितिकरण के दो भेदों में पहला है।

स्वहस्तक्रिया—१. यां परेण निर्वर्त्यां क्रियां स्वयं करोति सा स्वहस्तक्रिया। (स. सि. ६-५; त. वा. ६, ५, १०)। २. परेणैव तु निर्वर्त्या या स्वयं क्रियते क्रिया। सा स्वहस्तक्रिया बोध्या पूर्वोक्तास्रववर्धिनी ॥ (ह. पु. ५८-७४)। ३. परनिर्वर्त्यकार्यस्य स्वयं करणमत्र यत्। सा स्वहस्तक्रियाऽवद्यप्रधाना धीमतां मता ॥ (त. श्लो ६, ५, १७)। ४. स्वहस्तक्रिया अभिमानारूषितचेतसाऽन्यपुरुषप्रयत्ननिर्वृत्या या स्वहस्तेन क्रियते। (त. भा. सिद्ध. वृ. ६-६)। ५. कर्मकरादिकरणीयायाः क्रियायाः स्वयमेव करणं स्वकरणक्रिया। (त. वृत्ति श्रुत. ६-५)।

१ जो क्रिया दूसरों से कराने योग्य है उसे स्वयं करना, इसे स्वहस्तक्रिया कहते हैं। ४ अभिमान अथवा क्रोध के वश होकर अन्य पुरुष के प्रयत्न से की जाने वाली क्रिया को जब अपने हाथ से किया जाता है तब उसे स्वहस्तक्रिया कहा जाता है।

स्वहस्तपारितापनिकी—स्वहस्तेन स्वदेहस्य परदेहस्य वा परितापनं कुर्वतः स्वहस्तपरितापनिकी। (स्थानां. अभय. ६०, पृ. ४१)।

अपने हाथ से अपने ही शरीर को अथवा अन्य के शरीर को सन्तप्त करना, इसे स्वहस्तपरितापनिकी क्रिया कहा जाता है।

स्वहस्तप्राणातिपातक्रिया—स्वहस्तेन स्वप्राणान् निर्वेदादिना, परप्राणान् वा क्रोधादिना अतिपातयतः स्वहस्तप्राणातिपातक्रिया। (स्थानां. अभय. वृ. ६०, पृ. ४१)।

निर्वेद आदि के द्वारा अपने हाथ से अपने प्राणों को अथवा क्रोध आदि के द्वारा दूसरे के प्राणों के नष्ट करने को स्वहस्तप्राणातिपातक्रिया कहते हैं।

स्वाङ्गुल—देखो आत्माङ्गुल। स्वे स्वे काले मनुष्याणामङ्गुलं स्वाङ्गुलं मतम्। मीयते तेन तच्छत्र-भृङ्गार-नगरादिकम् ॥ (ह. पु. ७-४४)।

अपने अपने समय में मनुष्य का जो अंगुल होता है उसे स्वाङ्गुल या आत्माङ्गुल कहा जाता है। इससे छत्र, झारी व नगर आदि का प्रमाण किया जाता है।

स्वातिसंस्थाननाम—१. तद्विपरीत (न्यग्रोधपरिमण्डलसंस्थाननामविपरीत) सन्निदेशकर स्वातिसंस्थाननाम वल्मीकतुल्याकारम्। (त. वा. ८, ११, ८)। २. स्वातिर्वल्मीकः शाल्मलिर्वा, तस्य संस्थानमिव संस्थानं यस्य शरीरस्य तत्स्वातिशरीरसंस्थानम्, अहो विसालं उवरि सण्णमिदि जं उत्तं होदि। (धव. पु. ६, पृ. ७१); स्वातिर्वल्मीकः, स्वातिरिव शरीरसंस्थानं स्वातिशरीरसंस्थानम्। एतस्य यत् कारणं कर्म तस्याप्येवं संज्ञा, कारणे कार्योपचारात्। (धव. पु. १३, पृ. ३६८)। ३. स्वातिसंस्थानं शरीरस्य नाभेरधः कटि-जंघा-पादाद्यवयवपरमाणूनामधिकोपचयः। (मूला. वृ. १२-४६)। ४. तस्मात् (न्यग्रोधपरिमण्डलसंस्थानात्) विपरीतसंस्थानविधायकं स्वातिसंस्थानं वल्मीकापरनामधेयम्। (त. वृत्ति श्रुत. ८-११)।

१ न्यग्रोधपरिमण्डल संस्थान से विपरीत जो शरीर के अवयवों की रचना होती है उसे स्वातिसंस्थान कहते हैं। यह शरीरावयवों की रचना वल्मीक के आकार जैसी होती है। इस प्रकार की शरीराकृति जिस कर्म के उदय से होती है उसे स्वातिसंस्थाननामकर्म कहा जाता है। ३ शरीर में नाभि के नीचे कटि, जंघा और पांव आदि अवयवों में जो परमाणुओं का अधिक उपचय होता है उसे स्वातिसंस्थान कहते हैं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

स्वाधिगमहेतु—स्वाधिगमहेतुर्ज्ञानात्मकः प्रमाण-नयविकल्पः। (त. वा. १, ६, ४)।

प्रमाण और नय के विकल्परूप जो ज्ञानस्वरूप हेतु है उसे स्वाधिगमहेतु कहते हैं।

स्वाध्याय—१. ज्ञानभावनाऽऽलस्यत्यागः स्वाध्यायः। (स. सि. ९–२०)। २. **प्रज्ञातिशयप्रशस्ताध्यवसायार्थः स्वाध्यायः।** प्रज्ञातिशयः प्रशस्ताध्यवसायः प्रवचनस्थितिः संशयोच्छेदः परवादिशंकाभावः परमसंवेगः तपोवृद्धिरतिचारविशुद्धिरित्येवमाद्यर्थः स्वाध्यायोऽनुष्ठेयः। (त. वा ९, २०, ६)। ३. यत्तु खलु वाचनादेरासेवनमत्र भवति विधिपूर्वम्। धर्मकथान्तं क्रमशस्तत्स्वाध्यायो विनिर्दिष्टः॥ (षोडशक. १३–३)। ४. अंगंगबाहिरआगमवायणा-पुच्छणाणुपेहापरियट्टण-धम्मकहाओ सज्झाओ णाम। (धव. पु. १३, पृ. ६४)। ५. प्रज्ञातिशय-प्रशस्ताध्यवसायार्थं स्वाध्यायः। ××× स्वाध्यायः पंचधा प्रोक्तो वाचनादिप्रभेदतः। अन्तरङ्गश्रुतज्ञान-भावनात्मत्वतस्तु सः॥ (त. श्लो. ९, २५, १)। ६. सुष्ठु मर्यादया कालवेलापरिहारेण पौरुष्यपेक्षया वाऽऽध्यायः (योग. शा. 'ऽध्ययनं) स्वाध्यायः। (त. भा. सिद्ध. वृ. ९–२०; योगशा स्वो. विव. ४-९०)। ७. परतत्तीणिरवेक्खो दुट्ठुवियप्पाण णासणसमत्थो। तच्चविणिच्छयहेदू सज्झाओ झाणसिद्धिपरो॥ (कार्तिके. ४६१)। ८. अनुयोग-गुणस्थान-मार्गणा-स्थान-कर्मसु। अध्यात्मतत्त्वविद्यायाः पाठः स्वाध्याय उच्यते॥ (उपासका. ९१५)। ९. स्वाध्यायस्तत्त्वज्ञानस्याध्ययनमध्यापनं स्मरणं च। (चा. सा. पृ. २२); स्वस्मै योऽसौ हितोऽध्यायः स्वाध्यायः। (चा. सा. पृ. ६७)। १०. स्वस्मै योऽसौ हितोऽध्यायः स्वाध्यायो वाचनादिकः। (आचा. सा. ६–९५)। ११. स (स्वाध्यायः) हि स्वस्मै हितोऽध्यायः सम्यग्वाध्ययनं श्रुतेः॥ (अन. ध. ७–८२)। १२. शोभनो लाभ-पूजा-ख्यातिनिरपेक्षतया आध्यायः पाठः स्वाध्यायः। (सं. चारित्रभ. टी. ५, पृ. १८८)। १३. चतुर्णामनुयोगानां जिनोक्तानां यथार्थतः। अध्यापनमधीतिर्वा स्वाध्यायः कथ्यते हि सः॥ (भावसं. वाम. ५९९)। १४. स्वाध्यायोऽध्ययनं स्वस्मै जैनसूत्रस्य युक्तितः। अज्ञानप्रतिकूलत्वात्तपःस्वेष परं तपः॥ (धर्मसं. श्रा. ९, २१२)। १५. नैरन्तर्येण यः पाठः क्रियते सूरिसन्निधौ। यद्वा सामायिकी पाठः स्वाध्यायः स स्मृतो बुधैः॥ (लाटीसं. ७–८५)। १६. ज्ञानभावनायामलसत्वपरिहारः स्वाध्याय उच्यते। (त. वृत्ति श्रुत. ९–२०)। १७. स्वाध्यायः सुष्ठु पूर्वापराऽविरोधेन, अध्ययनं पठनं पाठनम् आध्यायः, सुष्ठु शोभनं आध्यायः स्वाध्यायो वा। (कार्तिके. टी. ४६१)।

१ ज्ञान की भावना में आलस्य न करना, इसका नाम स्वाध्याय है। २ धर्मकथा (धर्मोपदेश) तक जो क्रम से वाचना आदि का आराधन किया जाता है उसे स्वाध्याय कहते हैं।

स्वाध्यायकुशलता—१. स्वाध्यायं कृत्वा गव्यूतिद्वयं गत्वा गोचरक्षेत्रवसतिं गत्वा तिष्ठति, यत्र विप्रकृष्टो मार्गस्तत्र सूत्रपौरुष्यामर्थपौरुष्यां वा मंगलं कृत्वा याति, एव स्वाध्यायकुशलता। (भ. आ. विजयो. ४०३)। २. स्वाध्यायकुशलस्तु यः स्वाध्यायं कृत्वा गोचरक्षेत्रवसतिं च गत्वा तिष्ठति, यत्र विप्रकृष्टो मार्गस्तत्र सूत्रपौरुष्यामर्थपौरुष्यां [वा] मंगलं कृत्वा याति। (भ. आ. मूला. ४०३)।

१ समाधिमरण का इच्छुक निर्यापक के अन्वेषण में उद्युक्त होता हुआ दो कोस जाकर गोचरक्षेत्र-वसति आहार की सुविधाजनक स्थान में—ठहर जाता है। जहाँ मार्ग लंबा होता है वहां सूत्र-पौरुषी अथवा अर्थपौरुषी में मंगल करके जाता है। इस प्रकार से स्वाध्यायकुशलता होती है।

स्वानवकाङ्क्षा—स्वानवकाङ्क्षा जिनोक्तेषु कर्तव्यविधिषु प्रमादवशवर्तितानादरः। (त. भा. सिद्ध. वृ. ६–६)।

जिनप्ररूपित कर्तव्य अनुष्ठानों के विषय में प्रमाद के वश होकर अनादर करना, इसे स्व-अनवकांक्षा-क्रिया कहते हैं।

स्वाप—१. इन्द्रियात्ममनोमरुतां सूक्ष्मावस्था स्वापः। (नीतिवा. २५–२०, पृ. २५२)। २. स्वापः सुस्वप्नदर्शित्वावस्था। (सिद्धिवि. टी. १–२३, पृ. १००); कोऽयं स्वापो नाम? चैतन्यरहिता मिद्धदशा। (सिद्धिवि. टी. ९–११, पृ. ६१६)।

१ इन्द्रिय, आत्मा, मन और मरुत् इनकी सूक्ष्म अवस्था का नाम स्वाप है। २ सुन्दर स्वप्न को दिखलाने वाली अवस्था को स्वाप कहा जाता है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

स्वामित्व—१. स्वामित्वमाधिपत्यम् । (स. सि. १–७; त. वा. १–७; त. वृत्ति श्रुत. १–७) । २ उक्कस्सादिचदुण्णं पदाणं पाओग्गजीवपरूवणं जत्थ कीरदि तमणियोगद्दारं सामित्तं णाम । (धव. पु. १०, पृ. १६) । ३. कस्य इत्याधिपतित्वख्यापनं स्वामित्वम् । (न्यायकु. ७६, पृ. ८०२) ।

१ विवक्षित वस्तु के आधिपत्य का नाम स्वामित्व है। २ जिस अनुयोगद्वार में उत्कृष्ट, अनुत्कृष्ट, जघन्य और अजघन्य इन चार पदों के योग्य जीवों की प्ररूपणा की जाती है उसका नाम स्वामित्व अनुयोगद्वार है ।

स्वामी—धार्मिकः कुलाचाराभिजनविशुद्धः प्रतापवान् नयानुगतवृत्तिश्च स्वामी । (नीतिवा. १७–१, पृ. १८०) ।

जो धर्मात्मा, कुलाचार व अभिजन से विशुद्ध; प्रतापशाली और नीति के अनुसार प्रवृत्ति करने वाला होता है उसे स्वामी कहा जाता है ।

स्वाम्यदत्त—तत्र स्वाम्यदत्तं तृणोपल-काष्ठादिकं तत्स्वामिना यददत्तम् । (योगशा. स्वो. विव. १–२२) ।

जो तृण, पाषाण और लकड़ी आदि उसके अधिकारी के द्वारा नहीं दी गई है उसे स्वाम्यदत्त कहा जाता है ।

स्वार्थ—देखो स्वास्थ्य । स्वास्थ्यं यदात्यन्तिकमेष पुंसां स्वार्थः × × × । (स्वयम्भू. ३१) ।

पुरुषों (जीवों) की जो आत्यन्तिक स्वस्थिति है—अनन्तचतुष्टयस्वरूप आत्मा में अवस्थान है—वही उनका स्वार्थ है ।

स्वार्थश्रुत—आद्यं (भावश्रुतं) विकल्पनिरूपणरूपं स्वविप्रतिपत्तिनिराकरणफलत्वात्स्वार्थम् । (अन. ध. स्वो. टी. ३–५) ।

अपनी विप्रतिपत्ति (अज्ञानता) का निराकरण करने वाला जो विकल्प निरूपण स्वरूप ज्ञान है उसे स्वार्थश्रुत कहा जाता है ।

स्वार्थाधिगम—स्वार्थाधिगमो ज्ञानात्मको मति-श्रुतादिरूपः । (सप्तभं. पृ. १) ।

मति-श्रुतादिरूप ज्ञान को स्वार्थाधिगम कहा जाता है ।

स्वार्थानुमान—स्वयमेव निश्चितात् साधनात्साध्यज्ञानं स्वार्थानुमानम् । परोपदेशमनपेक्ष्य स्वयमेव निश्चितात्प्राक्तर्कानुभूतव्याप्तिस्मरणसहकृताद्धूमादेः साधनादुत्पन्नं पर्वतादौ धर्मिण्यग्न्यादेः साध्यस्य ज्ञानं स्वार्थानुमानमित्यर्थः । (न्यायदी. पृ. ७१–७२) ।

स्वयं ही निश्चित साधन से जो साध्य का ज्ञान होता है उसे स्वार्थानुमान कहते हैं । जैसे—किसी दूसरे के उपदेश के विना स्वयं निश्चित धूम हेतु से जो पर्वतादिमें अग्नि आदि साध्य का ज्ञान होता है उसे स्वार्थानुमान समझना चाहिए ।

स्वास्थ्य—१. दुःखहेतुकर्मणां विनष्टत्वात् स्वास्थ्यलक्षणस्य सुखस्य जीवस्य स्वाभाविकत्वात् । (धव. पु. ६, पृ. ४६१) । २. आत्मा ज्ञातृतया ज्ञानं सम्यक्त्वं चरितं हि सः । स्वस्थो दर्शन-चारित्रमोहाभ्यामनुपप्लुतः ॥ (त. सा. उपसं. ७) । ३. आत्मोत्थमात्मना साध्यमव्याबाधमनुत्तरम् । अनन्तं स्वास्थ्यमानन्दमतृष्णमपवर्गजम् ॥ (क्षत्रचू. ७–१३) ।

१ दुःख के कारणभूत कर्मों के विनष्ट हो जाने पर जो निर्बाध स्वाभाविक सुख उत्पन्न होता है वही स्वास्थ्य का लक्षण है ।

स्वेद—१. अंगैकदेशप्रच्छादकं स्वेदः । (मूला. वृ. १–३१) । २. अशुभकर्मविपाकजनितशरीरायाससमुपजातपूतिगन्धसम्बन्धवासनावासितवार्बिन्दुसन्दोहः स्वेदः । (नि. सा. वृ. ६) ।

१ शरीर के एक देश को आच्छादित करने वाले मल को (स्वेद—पसीना) कहते हैं । २ अशुभ कर्म के उदय से जो शरीर के द्वारा परिश्रम किया जाता है उससे जो दुर्गन्धित जलबिन्दुओं का प्रादुर्भाव होता है वह स्वेद कहलाता है ।

स्वोपकार—१. स्वोपकारः पुण्यसंचयः । (स. सि. ७–३८; त. वा. ७, ३८, १) । २. विशिष्टगुणसंचयलक्षणं स्वोपकारः । (त. वृत्ति श्रुत. ७-३८) ।

१ दान के आश्रय से जो दाता के पुण्य का संचय होता है वह दानजनित उसका स्वोपकार है ।

हतसमुत्पत्तिक कर्म—१. हते समुत्पत्तिर्येषां तानि हतसमुत्पत्तिकानि । (जयध.—कसायपा. पृ. १७५ टि.) । २. हते घातिते समुत्पत्तिर्यस्य तदुत्तरसमुत्पत्तिकं कर्म अणुभागसंतकम्मे वा जमुव्वरिदं जहण्णाणुभागसंतकम्मं तस्स हदसमुप्पत्तियकम्ममिदि सण्णा ॥ (जयध. अ. पृ. ३२२)। ३. हदसमुप्पत्तियकम्मेणेत्ति वुत्ते पुव्विल्लमणुभागसंतकम्मं सव्वं

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

घादिय अणंतगुणहीणं कादूण ट्ठिदेणेत्ति वुत्तं होदि। (धव. पु. १२, पृ. २६)।

१ अनुभागसत्कर्म का घात कर देने पर जिनकी उत्पत्ति होती है उन्हें हतसमुत्पत्तिककर्म कहते हैं।

हतसमुत्पत्तिक सत्कर्मस्थान—देखो हतोत्पत्तिकस्थान। जाणि अणुभागट्ठाणाणि घादादो चेव उप्पज्जंति, ण बंधादो, ताणि अणुभागसंतकम्मट्ठाणाणि भण्णंति। तेसिं चेव हदसमुप्पत्तियट्ठाणाणि त्ति विदिया सण्णा। (धव. पु १२, पृ. २१६)।

जो अनुभागस्थान घात से ही उत्पन्न होते हैं, बन्ध से उत्पन्न नहीं होते, उन्हें अनुभागसत्कर्मस्थान कहा जाता है। उनका दूसरा नाम हतसमुत्पत्तिकस्थान भी है।

हतहतिसमुत्पत्तिक सत्कर्मस्थान—देखो हतहतोत्पत्तिकस्थान। हतस्य हतिः हतहतिः, ततः समुत्पत्तिर्येषां तानि हतहतिसमुत्पत्तिकानि। (जयध.—कसायपा. पृ. १७५ टि.)।

घातित अनुभाग के घात से जिन अनुभागसत्कर्मस्थानों की उत्पत्ति होती है उन्हें हतहतिसमुत्पत्तिकस्थान कहते हैं।

हतहतोत्पत्तिकस्थान—देखो हतहतिसमुत्पत्तिकस्थान। यानि पुन स्थितिघातेन रसघातेन चान्यथाऽन्यथाभवनादनुभागस्थानानि जायन्ते तानि च हतहतोत्पत्तिकान्युच्यन्ते। हते उद्वर्तनापवर्तनाभ्यां घाते सति, भूयोऽपि हतात् स्थितिघातेन रसघातेन घातादुत्पत्तिर्येषां तानि हतहतोत्पत्तिकानि। (कर्मप्र. मलय. वृ. सत्ता. २४)।

जो अनुभागस्थान स्थिति के घात से और रस (अनुभाग) के घात से अन्य अन्य प्रकार से परिणत होते हैं उन्हें हतहतोत्पत्तिक कहा जाता है। कारण यह कि उद्वर्तना और अपवर्तना के द्वारा घात के होने पर पुनरपि स्थिति के घात और रस के घात से वे उत्पन्न होते हैं। इससे उनकी यह हतहतोत्पत्तिक संज्ञा सार्थक है।

हतोत्पत्तिकस्थान—देखो हतसमुत्पत्तिकसत्कर्मस्थान। तथा उद्वर्तनापवर्तनाकरणवशतो वृद्धि-हानिभ्यामन्यथाऽन्यथा यान्यनुभागस्थानानि वैचित्र्यभाञ्जि भवन्ति तानि हतोत्पत्तिकान्युच्यन्ते। हतात् घातात् पूर्वावस्थाविनाशरूपादुत्पत्तिर्येषां तानि हतोत्पत्तिकानि। (कर्मप्र. मलय. वृ. सत्ता. २४)।

उद्वर्तना और अपवर्तना करणों के वश होने वाली वृद्धि और हानि से अन्य अन्य प्रकार से परिणत विचित्र अनुभागस्थानों को हतोत्पत्तिक कहा जाता है। कारण यह कि वे पूर्व अवस्था के विनाशरूप हत (घात) से उत्पन्न होते हैं। इससे उनकी यह हतोत्पत्तिक संज्ञा सार्थक है।

हत्थिसुंडी—१. हत्थिसुंडी हस्तिहस्तप्रसारणमिव एकं पादं प्रसार्यासनम्। (भ. आ. विजयो. २२४)। २. हत्थिसुंडि हस्तिहस्तप्रसारणमिव एकं पादं संकोच्य तदुपरि द्वितीयं पादं प्रसार्यासनम्। (भ. आ. मूला. २२४)।

२ हाथी की सूंड के समान एक पांव को संकुचित करके व उसके ऊपर दूसरे पांव को फैलाकर स्थित होना, इसे हत्थिसुंडी कहा जाता है। यह कायक्लेश तप के अन्तर्गत आसन का एक प्रकार है।

हन्ता—हन्ता शस्त्रादिना प्राणिनां प्राणापहारकः। (योगशा. स्वो. विव. ३–२०)।

जो शस्त्र आदि के द्वारा प्राणियों के प्राणों का अपहरण किया करता है उसे हन्ता कहा जाता है।

हरि—× × × हरिः दुःखापनोदनात्। (लाटीसं. ४–१३२)।

प्राणियों के दुःखों का अपहरण करने के कारण अरहन्त को हरि कहा जाता है।

हर्ष—निर्निमित्तमन्यस्य दुःखोत्पादनेन स्वस्यार्थसंचयेन वा मनःप्रतिरञ्जनो हर्षः। (नीतिवा. ४-७); तथा च भारद्वाजः—प्रयोजनं विना दुःखं यो दत्त्वान्यस्य हृष्यति। आत्मनोऽनर्थसंदे[दो] हः स हर्षः प्रोच्यते बुधैः॥ (नीतिवा. टी. ४–७)।

जो अकारण ही दूसरे को दुःख उत्पन्न करके अथवा अपने अर्थसंचय के द्वारा मन को अनुरंजायमान किया जाता है, इसे हर्ष कहते हैं। यह राजाओं के काम-क्रोधादिरूप अन्तरंग अरिषड्वर्ग में अन्तिम है।

हस्त—१- दोण्णि विहत्थी हत्थो × × × ॥ (ति. प. १–११४)। २. द्विवितस्तिः हस्तः। (त. वा. ३, ३८, ६)। ३. × × × तद्द्वयं (वितस्तिद्वयं) हस्तः × × × ॥ (ह. पु. ७–४५)। ४. वेहि विहत्थीहिं तहा हत्थो पुण होइ णायव्वो॥ (जं. दी. प. १३–३२)। ५. चतुर्विंशत्यंगुलो हस्तः। (त. वृत्ति श्रुत. ३–३८)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

१ दो वितस्तियों—चौबीस अंगुलों—का एक हस्त होता है।

हस्तग्रहणान्तराय—१. ×××करेण वा (किंचि गहणं) जं च भूमीए ॥ (मूला. ६–८०)। २. ×××पाणिना पुनः। हस्तग्रहणमादाने मुक्तिविघ्नोऽन्तिमो मुनेः ॥ (अन. ध. ५–५८)।

१ यदि मुनि आहार के समय पृथिवी पर से हाथ के द्वारा कुछ ग्रहण करते हैं तो यह उनके लिए करग्रहण या हस्तग्रहण नामक भोजन का अन्तराय होता है। यह बत्तीस भोजनान्तरायों में अन्तिम है।

हस्तपादादिसंस्कार—१ शोभार्थं हस्त-पादादि-प्रक्षालनम् औषधविलेपनादिर्वा संस्कार आदि-शब्देन गृहीतः। (भ. आ. विजयो. ६३)। २. शोभार्थं प्रक्षालनमौषधलेपनादिकं च हस्त-पादादि-संस्कारः। (भ. आ. मूला. ६३)।

१ सुन्दरता के लिए हाथ-पांवों आदि को धोना अथवा औषध का लेपन आदि करना, यह सब हस्त-पादादिसंस्कार कहलाता है।

हंससमानशिष्य—यथा हंसः क्षीरमुदकमिश्रितमपि उदकमपहाय क्षीरमापिबति तथा शिष्योऽपि यो गुरोरनुपयोगादिसम्भवान् दोषानवधूय गुणानेव केवलानादत्ते स हंससमानः। (आव. नि. मलय. वृ. १३६, पृ. १४३)।

जिस प्रजार हंस पानी से मिश्रित दूध को उस पानी से पृथक् करके पीता है उसी प्रकार जो शिष्य गुरु के अनुपयोग आदि से सम्भव दोषों को दूर करके केवल गुणों को ही ग्रहण किया करता है वह हंस समान शिष्य कहलाता है।

हास्य—१. यस्योदयाद्धास्याविर्भावस्तद्धास्यम्। (स. सि. ८–६; त. वा. ८, ६, ४)। २. हसनं हासः, जस्स कम्मक्खंधस्स उदएण हस्सणिमित्तो जीवस्स रागो उप्पज्जइ तस्स कम्मक्खंधस्स हस्सोत्ति सण्णा। (धव. पु. ६, पृ. ४७); जस्स कम्मस्स उदएण अणेयविहो हासो समुप्पज्जदि तं कम्मं हस्सं णाम। (धव. पु. १३, पृ. ३६१)। ३. हास्यनोकषायमोहोदयात् सनिमित्तमनिमित्तं वा हसति स्मयते रङ्गावतीर्णनटवत्। (त. भा. सिद्ध. वृ. ८–१०)। ४. हसनं हासो यस्य कर्मस्कन्धस्योदयेन हास्यनिमित्तो जीवस्य राग उत्पद्यते तस्य हास इति संज्ञा। (मूला. वृ. १२–१६२)। ५. क्वचित्कदाचित्किंचित् परजनविकाररूपमवलोक्य त्वाकर्ण्य च हास्याभिधाननोकषायसमुपजनितमीषच्छुभमिश्रितमप्यशुभकर्मकारणं पुरुषमुखविकारजनितं हास्यकर्म। (नि. सा. वृ. ६२)। ६. हास्याविर्भावफलं हास्यम्। (भ. आ. मूला. २०६५)। ७. हास्यं वर्करादिस्वरूपं यदुदयादाविर्भवति तद्धास्यम्। (त. वृत्ति श्रुत. ८–६)।

१ जिस कर्म के उदय से हास्य का आविर्भाव होता है उसे हास्य नोकषाय कहते हैं। २ जिसके उदय से जीव के हास्य का कारणभूत राग उत्पन्न होता है उसका नाम हास्य है। ३ जिसके उदय से सकारण या अकारण भी प्राणी रंगभूमि में आए हुए नट के समान हँसता है उसे हास्य नोकषाय कहा जाता है।

हास्यमोहनीय—यदुदयात् सनिमित्तमनिमित्तं वा हसति स्म हासयते वा तत् हास्यमोहनीयम्। (प्रज्ञाप. मलय. वृ. २६३, पृ. ४६६)।

जिसके उदय से सनिमित्त या अनिमित्त हँसा जाता है वह हास्य मोहनीय कर्म है।

हितनोआगमद्रव्यपेज्ज—व्याध्युपशमनहेतुर्द्रव्यं हितम्। (जयध. १, पृ. २७१)।

व्याधि की उपशान्ति के कारणभूत द्रव्य का नाम हितनोआगमद्रव्यपेज्ज है।

हितप्रदानविनय—परिणामकादीनां यत् यत् यस्य भवति योग्यं तत्तु तस्य हितं सूत्रतोऽर्थतश्च ददाति। एष हितप्रदानविनयः। (व्यव. भा. मलय. वृ. १०–३१३)।

परिणामक आदिकों में जो जो जिसके योग्य है उसके लिए सूत्र से व अर्थ से उसे देना, इसे हित-प्रदानविनय कहा जाता है।

हितभाषण—मोक्षपदप्रापणप्रधानफलं हितम्। (त. वा. ६, ६, ५)।

जिस भाषण का प्रमुख फल मोक्ष पद की प्राप्ति रहता है उसे हितभाषण कहा जाता है।

हिरण्य—१. हिरण्यं रूप्यादिव्यवहारतन्त्रम्। (स. सि. ७–२६; त. वा. ७–२६)। २. हिरण्यं रूप्यताम्रादिघटितद्रव्यव्यवहारप्रवर्तनम्। (कार्तिके. टी. ३४०)।

१ जिसके आधीन रुपया आदि का व्यवहार चलता है उसे हिरण्य कहा जाता है। २ जो चांदी अथवा

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

तांबे आदि से निर्मित द्रव्य—सिक्कों आदि के द्वारा व्यवहार का प्रवर्तक होता है—वह हिरण्य कहलाता है।

हिरण्यगर्भ — हिरण्यवृष्टिरिष्टाभूद् गर्भस्थेऽपि यतस्त्वयि। हिरण्यगर्भ इत्युच्चैर्गीर्वाणैर्गीयसे ततः ॥ (ह. पु. ८–२०६)।

जब भगवान् ऋषभदेव गर्भ में स्थित हुए तभी से अभीष्ट सुवर्ण रत्नादि की वर्षा हुई, इसीलिए इन्द्रों ने उनकी स्तुति करते हुए उन्हें 'हिरण्यगर्भ' इस सार्थक नाम से सम्बोधित किया।

हिंसक—देखो हिंसा। १. रत्तो वा दुट्ठो वा मूढो वा जं पयुंजदि पओगं। हिंसा वि तत्थ जायदि तह्मा सो हिंसगो होइ ॥ ×××हिंसगो इदरो (पमत्तो) ॥ (भ. आ. विजयो. ८०१)। २. जो य पमत्तो पुरिसो तस्स य जोगं पडुच्च जे सत्ता। वावज्जंते नियमा तेसिं सो हिंसओ होइ। जे वि न वावज्जंती नियमा तेसिं पि हिंसओ सो उ। सावज्जो उ पओगेण सव्वभावओ सो जम्हा ॥ (ओघनि. ७५२–५३)। ३. पमत्तो हिंसकः ×××। (सा. ध. ४–२२)। ४. स्यात्तदव्यपरोपेऽपि हिंस्रो रागादिसंश्रितः। (अन. ध. ४–२३)।

१ राग से युक्त, द्वेष से युक्त अथवा मोह से युक्त प्राणी जो प्रयोग करता है उसमें हिंसा होती है, इसीलिए रक्त (रागी), द्विष्ट (द्वेषी) और मूढ (मोही) जीव हिंसक होता है। २ प्रमाद युक्त पुरुष के कायादि योग के आश्रय से चूंकि जीव नियम से मरण को प्राप्त होते हैं, इसीलिए वह उनका हिंसक होता है। यदि जीव नहीं भी मरते हैं तो भी वह पापयुक्त उपयोग के रहने से उनका नियम से हिंसक होता है।

हिंसा—१.अपयत्ता या चरिया सयणासण-ठाण-चंकमादीसु। समणस्स सव्वकाले हिंसा सा संततत्ति मदा ॥ मरदु व जियदु व जीवो अयदाचारस्स णिच्छिदा हिंसा। (प्रव. सा. ३, १६–१७)। २. हिंसा पुण जीववहो ×××। (पउमच. २६–३५)। ३. हिंसादो अविरमणं वहपरिणामो य होइ हिंसा हु। तम्हा पमत्तजोगे पाणव्ववरोवओ णिच्चं। (भ. आ. ८०१)। ४. प्रमत्तयोगात्प्राणव्यपरोपणं हिंसा। (त. सू. ७–१३)। ५. हिंसा णाम पाण-पाणिवियोगो। (धव. पु. १४, पृ. ८९)। ६. इन्द्रियाद्या दश प्राणाः प्राणिभ्योऽत्र प्रमादिना। यथासम्भवमेषां हि हिंसा तु व्यपरोपणम् ॥ (ह. पु. ५८–१२७)। ७. प्राणानां परस्य च द्रव्य-भावप्राणानां वियोजका इति हिंसेत्युच्यते। (भ. आ. विजयो. ८०१)। ८. यत्खलु कषाययोगात्प्राणानां द्रव्य-भावरूपाणाम्। व्यपरोपणस्य करणं सुनिश्चिता भवति सा हिंसा ॥ (पु. सि. ४३)। ९. द्रव्य-भावस्वभावानां प्राणानां व्यपरोपणम्। प्रमत्तयोगतो यत्स्यात् सा हिंसा सम्प्रकीर्तिता ॥ (त. सा. ४–७४)। १०. अतः श्रमणस्याशुद्धोपयोगाविनाभाविनी शयनासन-स्थान-चङ्क्रमणादिष्वप्रयता या चर्या सा खलु तस्य सर्वकालमेव संतानवाहिनी छेदानर्थान्तरभूता हिंसैव। (प्रव. सा. अमृत. वृ. ३–१६)। ११. ××× अपि त्विन्द्रियादिव्यापत्त्या (हिंसोच्यते)। तथा चोक्तम्—पञ्चेन्द्रियाणि त्रिविधं बलं च उच्छ्वास-निश्वासमथान्यदायुः। प्राणा दशैते भगवद्भिरुक्तास्तेषां वियोजीकरणं तु हिंसा ॥ (सूत्रकृ. सू. शी. वृ. २, ५, ७, पृ. १२२)। १२. एकेन्द्रियादयः प्राणिनः, प्रमत्तपरिणामयोगात् प्राणिप्राणव्यपरोपणं हिंसा। (चा. सा. पृ. ३८)। १३. यत्स्यात्प्रमादयोगेन प्राणिषु प्राणहापनम्। सा हिंसा ××॥ (उपासका. ३१८)। १४. तत्पर्यायविनाशे दुःखोत्पत्तिः परश्च संक्लेशः। यः सा हिंसा सद्भिर्वर्जयितव्या प्रयत्नेन ॥ प्राणी प्रमादकलितः प्राणव्यपरोपणं यदाधत्ते। सा हिंसाऽकथि दक्षैर्भव-वृक्षनिषेकजलधारा ॥ (अमित. श्रा. ६, २३, २४)। १५. प्रमादवता योगेन काय-वाङ्मनोव्यापारात्मना यत्प्राणिभ्यः प्राणानामिन्द्रियादीनां प्रच्यावनं सा हिंसा। (न्यायवि. विव. ३–४, पृ. २५६)। १६. प्रमत्तयोगात्प्राणव्यपरोपणलक्षणा हिंसा। (प्रश्नव्या. अभय. वृ. पृ. ३४२)। १७. दुःखमुत्पद्यते जन्तोर्मनः संक्लिश्यतेऽस्यते। तत्पर्यायश्च यस्यां सा हिंसा हेया प्रयत्नतः ॥ (सा. ध. ४–१३)। १८. सा हिंसा व्यपरोप्यन्ते यत् त्रस-स्थावराङ्गिनाम्। प्रमत्तयोगतः प्राणा द्रव्य-भावस्वभावकाः ॥ हिंसा रागाद्युद्भूतिः ××× ॥ (अन. ध. ४–२२ व २६)। १९. यतः प्राणमयो जीवः प्रमादात्प्राणनाशनम्। हिंसा तस्यां महद्दुःखं तस्य तद्वर्जनं ततः ॥ (धर्मसं. श्रा. ६–९)। २०. हिंसनं हिंसा प्रमत्तयोगात्प्राणव्यपरोपणम्। (त. वृत्ति श्रुत.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

७–१); ये प्राणिनां दश प्राणास्तेषां यथासंभवं व्यपरोपणं वियोगकरणं चिन्तनं व्यपरोपणाभिमुख्यं वा हिंसेत्युच्यते । (त. वृत्ति श्रुत. ७–१३) । २१. हिंसा प्रमत्तयोगद्धि यत् प्राणव्यपरोपणम् । लक्षणाल्लक्षिता सूत्रे लक्षशः पूर्वसूरिभिः ।। (लाटी-सं. ५–६०) । २२. प्राणच्छेदो हि सावद्यं सैव हिंसा प्रकीर्तिता ।। (पंचाध्या. २–७४६); हिंसा स्यात् संविदादीनां धर्माणां हिंसनाच्चितः ।। अर्थाद् रागादयो हिंसा × × × । (पंचाध्या. २, ७५३, ७५४) । २३. पञ्चस्थावरजीवानां षष्ठस्यापि त्रसस्य च । प्राणापरोपणं हिंसा षोढा सा चेति संमता ।। (जम्बू. च. १३–११६) ।

१ सोने, बैठने, खड़े होने और गमन करने आदि में जो साधु की प्रयत्न से रहित—असावधानी-पूर्वक—सदा प्रवृत्ति होती है उसे हिंसा माना गया है । कारण यह कि चाहे जीव मरे अथवा जीवित रहे, किन्तु अयत्नपूर्वक आचरण करने वाले के हिंसा निश्चित हुआ करती है । २ जीववध का नाम हिंसा है । ३ हिंसा से विरत न होना तथा वध का अभिप्राय रखना, इसे हिंसा कहा जाता है । ६, ११ प्रमाद के वश प्राणी के इन्द्रिय आदि दस प्राणों के वियोग करने को हिंसा कहते हैं । ८ कषाय के योग से जो द्रव्यरूप व भावरूप प्राणों का विनाश होता है, इसे निश्चित हिंसा समझना चाहिए ।

हिंसादान—देखो हिंस्रप्रदान । १. परशु-कृपाण-खनित्र-ज्वलनायुध-शृंगिशृंखलादीनाम् । वध-हेतूनां दानं हिंसादानं ब्रुवन्ति बुधाः ।। (रत्नक. ३–३१) । २. विष-कण्टक-शस्त्राग्नि-रज्जु-कशा-दण्डादिहिंसोपकरणप्रदानं हिंसाप्रदानम् । (स. सि. ७–२१; त. वा. ७, २१, २१) । ३. विष-कण्टक-शस्त्राग्नि-रज्जु-दण्ड-कषादिनः । दानं हिंसाप्रदानं हि हिंसोपकरणस्य वै । (ह. पु. ५८–१५१) । ४. विष-शस्त्रादिप्रदानलक्षणं हिंसाप्रदानम् । (त. श्लो. ७–२१) । ५. असि-धेनु-विष-हुताशन-लाङ्गल-करवाल-कार्मुकादीनाम् । वितरणमुपकरणानां हिंसायाः परिहरेद्यत्नात् ।। (पु. सि. १४४) । ६. विष-शस्त्राग्नि-रज्जु - कशा - दण्डादिहिंसोपकरणप्रदान हिंसाप्रदानम् । (चा. सा. पृ. १०) । ७. मज्जार-पहुदिधरणं आउहलोहादिविक्कणं जं च । लक्खा-खलादिगहणं अणत्थदंडो हवे तुरिओ ।। (कार्तिके. ३४७) । ८. हिंसोपकारिणां शस्त्रादीनां दानमिति तृतीयः (अनर्थदण्डः) । (योगशा. स्वो. विव. ३–७३) । ९. हिंसादानं विषास्त्रादिहिंसाङ्ग-स्पर्शनं त्यजेत् । पाकाद्यर्थं च नाग्न्यादि दाक्षिण्या-विषयेऽर्पयेत् ।। (सा. ध. ५–८) । १०. शस्त्र-पाश-विशालाक्षीनीलीलोहमनःशिला । चर्माद्यं नखिप-क्ष्याद्या दानं हिंसाप्रदानकम् । (धर्मसं. श्रा. ७-११)।

११. परप्राणिघातहेतूनां शुनक-मार्जार-सर्प-श्येना-दीनां विष-कुण्ठार-खड्ग-खनित्र-ज्वलन-रज्ज्वादि-बन्धन-शृंखलादीनां हिंसोपकरणानां यो विक्रयः क्रियते व्यवहारश्च क्रियते स्वयं वा संग्रहो विधीयते तत् हिंसाप्रदानमुच्यते । (त. वृत्ति श्रुत. २१) ।

१ फरसा, तलवार, गेंती-कुदाली आदि खोदने के उपकरण, आग, अस्त्र-शस्त्रादि, रस्सी, चाबुक और दण्ड (लाठी) इत्यादि जीवहिंसा के कारणभूत उपकरणों को दूसरों के लिए देना, इसे हिंसादान कहा जाता है ।

हिंसानन्दरौद्रध्यान—देखो हिंसानुबन्धी । १. हिंसायां रंजनं तीव्रं हिंसानन्दं तु नन्दितम् ।। (ह. पु. ५६–२२) । २. वध-बन्धाभिसन्धानमङ्गच्छेदोप-तापने । दण्डपारुष्यमित्यादि हिंसानन्दः स्मृतो बुधैः ।। (म. पु. २१–४५) । ३. हृते निष्पीडिते ध्वस्ते जन्तुजाते कदर्थिते । स्वेन चान्येन यो हर्षस्त-द्धिंसारौद्रमुच्यते ।। (ज्ञाना. २६–४, पृ. २६२) । ४. षड्विधे जीवमारणारम्भे कृताभिप्रायश्चतुर्थं रौद्रम् । (मूला. वृ. ५–१९९) । ५. हिंसानन्दमसातकारणगणैर्हिंसारुचिर्देहिनाम् । भेदच्छेद-विदारणासुहरणैरन्यैश्च तैर्दारुणैः । (आचा. सा. १०, २०) । ६. हिंसायां जीववधादौ जीवानां बन्धन-तर्जन-ताडन-पीडन - परदारातिक्रमणादिलक्षणायाम्, परपीडायां संरम्भ-समारम्भारम्भलक्षणायाम्, आनन्दः हर्षः, तेन युक्तः सहितः परपीडायाम् अत्यर्थं संकल्पाध्यवसानं तीव्रकषायानुरंजनम्, इदं हिंसा-नन्दाख्यं रौद्रध्यानम् । जन्तुपीडने दृष्टे श्रुते स्मृते यो हर्षः हिंसानन्दः परेषां बाधादिचिंतने हिंसानन्दः । (कार्तिके. टी. ४७५) ।

१ हिंसा में अतिशय अनुराग रखना, इसे हिंसा-नन्दरौद्रध्यान कहा जाता है । २ वध-बन्धन का अभिप्राय रखना, प्राणी के अंगों का छेदन करना,

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

उन्हें सन्ताप देना और कठोर दण्ड देना, इत्यादि हिंसानन्दरौद्रध्यान के लक्षण हैं।

हिंसानुबन्धी—देखो हिंसानन्दरौद्रध्यान। हिंसा सत्त्वानां बध-बन्धनादिभिः प्रकारैः पीडाम् अनुबध्नाति सततप्रवृत्तं करोतीत्येवशीलं यत्प्रणिधानं हिंसानुबन्धो वा यत्रास्ति तद्धिंसानुबन्धि रौद्रध्यानमिति। (स्थाना. अभय. वृ. २४७)।

बध-बन्धन आदि विविध उपायों से प्राणियों को पीडा पहुंचाने रूप हिंसा में स्वभावतः निरन्तर प्रवृत्त रहना, इसे हिंसानुबन्धी रौद्रध्यान कहते हैं। अथवा जहां भी हिंसा का सम्बन्ध रहता है उसे हिंसानुबन्धी रौद्रध्यान कहा जाता है।

हिंसाप्रदान—देखो हिंसादान।

हिंसोपकारिदान—देखो हिंसादान।

हिंस्रप्रदान—हिंस्रस्य खड्गादेः प्रदानम् अन्यस्यार्पणं निष्प्रयोजनमेवेति हिंस्रप्रदानम्। (औपपा. अभय. वृ. ४०, पृ. १०१)।

दूसरे के लिए निष्प्रयोजन हिंसाजनक खड्ग आदि का देना, इसे हिंस्रप्रदान अनर्थदण्ड कहा जाता है।

हीनदोष—१. ग्रन्थार्थ-काल-प्रमाणरहितां वन्दनां यः करोति तस्य हीनदोषः। (मूला. वसु. वृ. ७-१०६)। २. हीनं न्यूनाधिकं ×××॥ (अन. ध. ८-१०६)।

१ ग्रन्थ, अर्थ और काल प्रमाण से रहित वन्दना के करने पर हीन दोष होता है। यह वन्दना के ३२ दोषों के अन्तर्गत है।

हीनाधिकमानोन्मान—१. प्रस्थादि मानम्, तुलाद्युन्मानम्, एतेन न्यूनेनान्यस्मै देयमधिकेनात्मनो ग्राह्यमित्येवमादिकूटप्रयोगो हीनाधिकमानोन्मानम्। (स. सि. ७-२७; त. वा. ७, २७, ४; चा. सा. पृ. ६)। २. कूटप्रस्थ-तुलादिभिः क्रय-विक्रयप्रयोगो हीनाधिकमानोन्मानः। (त. वा. ७, २७, ४)। ३. न्यूनेन मानादिनाऽन्यस्मै ददाति, अधिकेनात्मनो गृह्णातीत्येवमादिकूटप्रयोगो हीनाधिकमानोन्मानमित्यर्थः। (सा. ध. स्वो. टी. ४-५०)। ४. मानं हि प्रस्थादि, उन्मानं तुलादि, तच्च हीनाधिकं हीनेनान्यस्मै ददाति अधिकेन स्वयं गृह्णातीति। (रत्न-क. टी. ३-१२)। ५. प्रस्थः चतुसेरमानम्, तत् काष्ठादिना घटितं मानमुच्यते, उन्मानं तु तुलामानम्, मानं चोन्मानं च मानोन्मानम् एताभ्यां न्यूनाभ्यां ददाति अधिकाभ्यां गृह्णाति हीनाधिकमानोन्मानमुच्यते। (त. वृत्ति श्रुत. ७-२७)। ६. क्रेतुं मानाधिकं मानं विक्रेतुं न्यूनमात्रकम्। हीनाधिकमानोन्माननामातीचारसंज्ञकः॥ (लाटीसं. ६-५४)।

प्रस्थ (एक धान्य का मापविशेष) आदि मान और तराजू आदि उन्मान कहलाते हैं। हीन मान-उन्मान के आश्रय से दूसरे को देना तथा अधिक मान उन्मान के आश्रय से दूसरे से लेना, इस प्रकार की धोखादेही का नाम हीनाधिकमानोन्मान है। यह अचौर्याणुव्रत का एक अतीचार है।

हीयमान अवधि—१. अपरोऽवधिः परिच्छिन्नोपादानसन्तत्यग्निशिखावत्सम्यग्दर्शनादिगुणहानिसंक्लेशपरिणामवृद्धियोगाद्यत्परिमाण उत्पन्नस्ततो हीयते आ अङ्गुलस्यासंख्येयभागात्। (स. सि. १-२२; त. वा. १, २२, ४)। २. किण्हपक्खचंदमंडलं व जमोहिणाणमुप्पण्णं संतं वड्ढिअवट्ठाणेहि विणा हायमाणं चेव होदूण गच्छदि जाव णिस्सेसं विणट्ठं ति तं हायमाणं णाम। (धव. पु. १३, पृ. २९३)। ३. हीयमानोऽवधिः शुद्धे हीयमानत्वतो मतः। सद्देशावधिरेवात्र हाने सद्भावसिद्धितः॥ (त. श्लो. १, २२, १४)। ४. तत्र तथाविधसामग्र्यभावतः पूर्वावस्थातो हानिमुपगच्छन् हीयमानकः। उक्तं च—हीयमाणयं पुव्वावत्थातो अहोहो हस्समाणंति। हीयमानकः पूर्वावस्थातोऽधोधो हानिमुपगच्छन्नभिधीयते। (प्रज्ञाप. मलय. वृ. ३१७, पृ ५३८-३९)। ५. यत्कृष्णपक्षचन्द्रमण्डलमिव स्वक्षयपर्यन्तं हीयते तत् हीयमानम्। (गो. जी म. प्र. व जी. प्र. ३७२)। ६. कश्चिदवधिः सम्यग्दर्शनादिगुणहान्याऽऽर्त्त-रौद्रपरिणामवृद्धिसंयोगात् यावत्परिमाण उत्पन्नस्तस्माद् हीयते अगुलस्यासंख्येयभागो यावत् नियतेन्धनसन्ततिसंलग्न वह्निज्वालावत्। (त. वृत्ति श्रुत. १-२२)।

१ उत्तरोत्तर हानि को प्राप्त होने वाली उपादान-सन्तति—इन्धन की परम्परा से—जिस प्रकार अग्नि उत्तरोत्तर हानि को प्राप्त होती है उसी प्रकार सम्यग्दर्शनादि गुणों की हानि और संक्लेश परिणाम की वृद्धि के योग से जो अवधिज्ञान जिस प्रमाण में उत्पन्न हुआ था उससे उत्तरोत्तर हानि को ही प्राप्त होता जाता है वह हीयमान अवधिज्ञान कहलाता है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

हीलितदोष—१. वचनेनाचार्यादीनां परिभवं कृत्वा यः करोति वन्दनां तस्य हीलितदोषः। (मूला. वृ. ७-१०८)। २. हीलितं हे गणिन् वाचक किं भवता वन्दितेनेत्यादिना अवजानतो वन्दनम्। (योगशा. स्वो. विव. ३-१३०)। ३. ×× ×× अन्येषामुपहासादि हेलितम्। (अन. ध. ८-१०६)।

१ जो वचन द्वारा आचार्य आदि का तिरस्कार करके वन्दना करता है उसके हीलित नाम का वन्दनादोष होता है। इसे हेलित दोष भी कहा जाता है। २ हे गणिन् वाचक, आपकी वन्दना से क्या लाभ है? इस प्रकार से अपमान करते हुए वन्दना करना, यह एक हीलित नाम का वन्दना-दोष है।

हुण्डकसंस्थान—१. सर्वाङ्गोपाङ्गानां हुण्डसंस्थितत्वात् हुण्डसंस्थाननाम। (त. वा. ८, ११, ८)। २. विसमपासाणभरियदइओ व्व विस्सदो विसमं हुंडं, हुंडस्स सरीरं हुंडसरीरं, तस्स संठाणमिव संठाणं जस्स तं हुंडशरीरसंठाणं णाम। जस्स कम्मस्सुदएण पुव्वुत्तपंचसंठाणेहिंतो वदिरित्तमण्णसंठाणमुप्पज्जइ एक्कत्तीसभेदभिण्णं तं हुंडसंठाणसण्णिदं होदि त्ति णादव्वं। (धव. पु. ६, पृ. ७२); विषमपाषाणभृतदृतिवत् समन्ततो विषमं हुण्डम्, हुण्डं च तत् शरीरसंस्थानं हुण्डशरीरसंस्थानम्। एतस्य कारणकर्मणोऽप्येषैव संज्ञा। (धव. पु. १३, पृ. ३६९)। ३. हुंडसंस्थानं सर्वशरीरावयवानां बीभत्सता परमाणूनां न्यूनाधिकता सर्वलक्षणासंपूर्णता च। (मूला. वृ. १२-४६)। ४. यत्र तु सर्वेऽप्यवयवाः प्रमाणलक्षणपरिभ्रष्टास्तद् हुण्डसंस्थानम्। (प्रज्ञाप. मलय. वृ. २६८, पृ. ४१२)। ५. अवच्छिन्नावयवं हुण्डसंस्थानं नाम। (त. वृत्ति श्रुत. ८-११)।

१ जिसके उदय से शरीर के सब अंग-उपांग विरूप (बेडौल) आकार में अवस्थित होते हैं उसे हुण्डसंस्थान नामकर्म कहते हैं। ४ जहां शरीर के सब ही अवयव प्रमाण लक्षण से रहित होते हैं उसे हुण्डसंस्थान कहते हैं।

हृदयग्राहित्व—हृदयग्राहित्वं दुर्गमस्याप्यर्थस्य परहृदयप्रवेशकरणम्। (रायप. मलय. व. पृ. १६)।

दुरवबोध भी अर्थ का दूसरे के हृदय में प्रवेश करा देना, इसका नाम हृदयग्राहित्व है। यह ३५ वचनातिशयों में १३वां है।

हेतु—१. साध्यार्थासम्भवाभावनियमनिश्चयैकलक्षणो हेतुः।(प्रमाणसं. स्वो. विव. २१)। २. अन्यथानुपपन्नत्वं हेतोरेकलक्षणम्। (सिद्धिवि. ५-२३, पृ. ३६१)। ३. हेतुः साध्याविनाभावि लिङ्गम्, अन्यथानुपपत्येकलक्षणोपलक्षितः। (धव. पु. १३, पृ. २८७)। ४. साध्याविनाभावित्वेन निश्चितो हेतुः। (परीक्षा. ३-१०)। ५. अन्यथानुपपत्तिनिर्णीतो हेतुः। (सिद्धिवि. वृ. ६-३२, पृ. ४३०)। ६. साध्ये सत्येव भवति साध्याभावे च न भवत्येवं साध्यधर्मान्वय-व्यतिरेकलक्षणो हेतुः। (आव. नि. मलय. वृ. ८६, पृ. १०१)। ७. साध्याविनाभावि-साधनवचनं हेतुः। यथा—धूमवत्त्वान्यथानुपपत्तेः इति, तथैव धूमवत्त्वोपपत्तेः इति वा। (न्यायदी. पृ. ७६)।

१ साध्य अर्थ की असम्भावना में जिसके अभाव के नियम का निश्चय होता है वह हेतु कहलाता है। ६ जो साध्य के रहते हुए ही होता है और उसके अभाव में नहीं होता है, इस प्रकार जिसका साध्य के साथ अन्वय-व्यतिरेक रहता है उसे हेतु कहा जाता है।

हेतुवाद—हिनोति गमयति परिच्छिनत्त्यर्थमात्मानं चेति प्रमाणपञ्चकं वा हेतुः, स उच्यते कथ्यते अनेनेति हेतुवादः श्रुतज्ञानम्। (धव. पु. १३, पृ. २८७)।

जो अर्थ और आत्मा का ज्ञान कराता है उसे हेतु कहा जाता है, अथवा प्रत्यक्षादि पांच प्रमाणों को हेतु समझना चाहिए। इस हेतु का जिसके द्वारा निरूपण किया जाता है उसका नाम हेतुवाद है जो श्रुतज्ञान स्वरूप है।

हेतुविचय—१. तर्कानुसारिणः पुंसः स्याद्वादप्रक्रियाश्रयात्। सन्मार्गश्रयणध्यानं यद्धेतुविचयं तु तत् ॥ (ह. पु. ५६-५०)। २. हेतुविचयमागमविप्रतिपत्तौ नय(कार्ति. 'नैगमादिनय') विशेषगुण-प्रधानभावोपनयदुर्धर्षस्याद्वादप्रति (कार्ति. 'स्याद्वादशक्तिप्रति') क्रियाऽवलम्बिनस्तर्कानुसारिरुचेः पुरुषस्य स्वसमयगुण-परसमयदोषविशेषपरि-

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

च्छेदेन यत्र गुणप्रकर्षस्तत्राभिनिवेशः श्रेयानिति स्याद्वादतीर्थंकरप्रवचने पूर्वापराविरोधहेतुपरिग्रहणसामर्थ्येन समवस्थानगुणानुचिन्तनं हेतुविचयं दशमं धर्म्यम्। (चा. सा. पृ. ९०; कार्तिके. टी. ४८२)।

१ तर्क (ऊहापोह) का आश्रय लेने वाले पुरुष के द्वारा स्याद्वादप्रक्रिया—अनेकान्तवाद के आश्रय से—समीचीन मार्ग (मोक्षमार्ग) के आश्रयण का जो विचार किया जाता है वह हेतुविचय धर्मध्यान कहलाता है। यह आध्यात्मिक धर्मध्यान के अपायविचयादि दस भेदों में अन्तिम है।

हेत्वाभास—१. अन्यथानुपपन्नत्वरहिता ये विडम्बिताः॥ हेतुत्वेन परैस्तेषां हेत्वाभासत्वमीक्ष्यते। (न्यायवि. २, १७४-७५, पृ. २१०)। २. हेतुलक्षणरहिता हेतुवदवभासमाना हेत्वाभासाः। (न्यायदी. पृ. ९९-१००)।

१ जो अन्यथानुपपन्नत्व (अविनाभाव) से रहित होते हुए दूसरे एकान्तवादियों के द्वारा हेतुरूप से कल्पित हैं वे हेत्वाभास कहलाते हैं। २ जिनमें हेतु का लक्षण तो घटित नहीं होता है, पर हेतु के समान प्रतीत होते हैं उन्हें हेत्वाभास कहा जाता है।

हेलितदोष—देखो हीलितदोष।

होता—अध्यात्माग्नौ दया-मन्त्रैः सम्यक्कर्मसमिच्चयम्। यो जुहोति स होता स्यान्न बाह्याग्निसमेधकः॥ (उपासका. ८८१)।

जो अध्यात्मरूप अग्नि में दयारूप मन्त्रों के द्वारा भलीभांति कर्मरूप हव्य सामग्री का होम करता है वह वास्तव में होता है, बाह्य अग्नि में समिधा का होम करने वाला यथार्थ में होता नहीं है।

ह्रस्व—एकमात्रो ह्रस्वः। (धव. पु. १३, पृ. २४०)।

एक मात्रा वाले वर्ण को ह्रस्व कहा जाता है।



Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

इस ग्रन्थ के संयोजक



स्व० आचार्य जुगलकिशोर जी मुख्तार

सन् १९३८ में किये गये संकल्प के फल स्वरूप आज ४० वर्ष पश्चात् यह ग्रन्थ पूर्ण होकर पाठकों के सम्मुख है। तत्त्व-जिज्ञासुओं और अनुसन्धान करने वालों के लिए यह अनमोल निधि स्व० मुख्तार साहब की एक बहुत उपयुक्त स्मारिका है।

दिगम्बर व श्वेताम्बर सभी जैन सम्प्रदायों के ४०० से अधिक प्राकृत व संस्कृत ग्रन्थों का अध्ययन करके इस प्रामाणिक पारिभाषिक शब्दकोश की रचना उस महान् व्यक्तित्व की लगन और निष्ठा का ही फल है, जिसके बिना इस अभीष्ट लक्ष्य का पूर्ण होना अशक्य था।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

स्व० मुख्तार साहब का जन्म २० दिसम्बर १८७७ को सरसावा, जिला सहारनपुर, उत्तर प्रदेश में हुआ था। सन् १९३६ में उन्होंने "वीर सेवा मन्दिर" की स्थापना की। इस संस्था के माध्यम से स्व० मुख्तार साहब ने तथा अन्य समकालीन विद्वानों ने जैन वाङ्मय के अनेक दुर्लभ, अपरिचित और अप्रकाशित ग्रन्थों की खोज की तथा प्राचीन पाण्डुलिपियों के सम्यक् परीक्षण-पर्यालोचन और सम्पादन की नींव डाली।

मुख्तार साहब ने "अनेकान्त" नाम से जिस शोध पत्र का प्रकाशन आरम्भ किया था वह 'वीर सेवा मन्दिर' के मुख-पत्र के रूप में अब भी चल रहा है। अनुसन्धान के क्षेत्र में इस पत्र ने जो शोध-सामग्री विद्वत् समाज के सामने प्रस्तुत की, उससे अनेक नये तथ्य उद्घाटित हुए और अनुसन्धान कार्य को नई दिशा-दृष्टि प्राप्त हुई।

मुख्तार साहब का सम्पूर्ण जीवन जैन-साहित्य और समाज के लिए समर्पित हुआ। मुख्तार का कार्य तो उन्होंने केवल एक अल्प काल के लिए ही किया। जैन समाज के उस पुनर्जागरण के युग में मुख्तार साहब ने समाज सुधार का बीड़ा उठाया और सामाजिक क्रान्ति को सुदृढ़ शास्त्रीय आधार दिए।

वर्षों तक मुख्तार साहब ने "जैन गजट" तथा "जैन हितैषी" के सम्पादन का कार्य किया। उनके द्वारा रचित 'मेरी भावना' तो एक ऐसी अभूतपूर्व रचना है जो जैन समाज ने स्थायी रूप से अपना ली है और उसके द्वारा आचार्य सदा-सदा जन-जन के मानस पर स्थापित रहेंगे।

ऐतिहासिक अनुसन्धान, आचार्यों का समय-निर्णय, प्राचीन पाण्डुलिपियों का सम्यक् परीक्षण तथा विश्लेषण करने की उनकी अद्भुत क्षमता थी। उनके प्रमाण अकाट्य होते थे। उनकी साहित्य सेवा अर्धशताब्दी से भी अधिक के दीर्घकाल में व्याप्त है। वे जीवन के अन्तिम क्षण तक अध्ययन और अनुसन्धान के कार्य में लगे रहे। अन्त में वह अनवरत स्वाध्यायी, प्रतिभा-सम्पन्न, बहुश्रुत, विद्वान २२ दिसम्बर, १९६८ को स्वर्गारोही हुए।

१-१-१९७९



Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org



Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org